सामाजिक अध्ययन कक्षा IX








Government of Telangana

Department of Women Development & Child Welfare - Childline Foundation

When abused in or out of school.

To save the children from dangers and problems.

CHILD LINE 1098 NIGHT & DAY

24 HOUR NATIONAL HELPLINE

When the children are denied school and compelled to work.

When the family members or relatives misbehave.

1098 (Ten...Nine...Eight) dial to free service facility.

तेलंगाणा सरकार द्वारा प्रकाशित,
पाठशाला शिक्षा विभाग



सामाजिक अध्ययन कक्षा IX

# सामाजिक अध्ययन

## कक्षा IX

FREE

Social Studies
Class - IX
(Hindi Medium)



तेलंगाणा सरकार द्वारा प्रकाशित
हैदराबाद



तेलंगाणा सरकार द्वारा मुफ्त वितरण

तेलंगाणा सरकार द्वारा मुफ्त वितरण



# Our National Flag

The Indian National Flag is the symbol of the land and people of India. Our National Flag is a tricolour panel made up of three rectangular panels or sub-panels of equal widths. The colour of the top panel is India saffron (*Kesaria*) and that of the bottom is India green. The middle panel is white, bearing at its centre the design of the Ashoka Chakra in navy blue colour with 24 equally spaced spokes. The Ashoka Chakra is visible on both sides of the Flag in the centre of the white panel. The Flag is rectangular in shape with the ratio of the length to the height (width) being 3:2.

Dr. S. Radhakrishnan explained about the National Flag in the Constituent Assembly which adopted it, "Bhagwa or the saffron colour denotes renunciation or disinterestedness. The white in the centre is light, the path of truth to guide our conduct. The green shows our relation to the soil, our relation to the plant life here on which all other life depends. The Ashoka Wheel is the wheel of the law of dharma. Truth or *satya*, dharma or virtue ought to be the controlling principles of those who work under this flag. Again, the wheel denotes motion. There is life in movement. India must move and go forward."

If done properly, there is no restriction on the display of the National Flag by common people, private organizations or educational institutions. Consistent with the dignity and honour of the Flag as detailed in the Code of India, anyone may hoist/ display the National Flag on all days and occasions, ceremonial or otherwise.

Where the practice is to fly the Flag on any public building, it must be flown on the building on all days including Sundays and holidays and, except as provided in the Code, it shall be flown from sunrise to sunset irrespective of weather conditions. The Flag may be flown on such a building at night also but this should be only on very special occasions.

The Flag must not be used as a drapery in any form except in State/ Military/ Central Paramilitary Forces funerals. In such cases also the Flag must not be lowered into the grave or burnt in the pyre. The Flag must not be draped over the hood, top, sides or back of a vehicle, train or boat. It must not be used or stored in such a manner as may damage or soil it. When the Flag is in a damaged or soiled condition, it must not be cast aside or disrespectfully disposed of but be destroyed as a whole in private, preferably by burning. The Flag must not be used as a covering for a building. Although the Flag can be used as a costume or uniform, it should not be used as undergarments or below the waist. It must not be embroidered or printed upon cushions, napkins, etc. Lettering of any kind must not be put upon the Flag. It must not be used in any form of advertisement. Showing disrespect or insult to the National Flag is a punishable offence.

The National Flag must not be flown from a single masthead simultaneously with any other flag. There must be separate mastheads for different flags. The flag mast should be in white colour. When a foreign dignitary travels in a car provided by Government, the National Flag is flown on the right side of the car and the Flag of the foreign countries on the left side of the car.

In the event of the death of the President, the Vice-President or the Prime Minister, the National Flag is half-masted throughout the country.

Over the last five decades, several people including members of the armed forces have laid down their lives to keep the tricolour flying in its full glory. We must salute and cherish our National Flag.

SCERT TELANGANA


Now your bank notes in a new design

RBI issues ₹2000 & ₹500 notes in a new series




**Distinctive features of the new ₹500 and ₹2000 notes:**

**₹2000:**

**Size:** 66mm x 166 mm | **Colour:** Magenta

**Theme:** Motif of Mangalyan depicting country's first venture into interplanetary space

**For visually impaired :**

i) Horizontal rectangle with ₹2000 in raised print on the right

ii) 7 angular bleed lines on left and right side in raised print

**₹500:**

**Size:** 66mm x 150mm | **Colour:** Stone grey

**Theme:** Indian heritage site – Red Fort

**For visually impaired :**

i) Circle with ₹500 in raised print on the right

ii) 5 angular bleed lines on left and right side in raised print

**Common features of the new ₹500 and ₹2000 notes:**

**bverse:**

- See through register in denominational numeral
- Latent image of the denominational numeral
- Denominational numeral in Devnagari
- Orientation and relative position of Mahatma Gandhi portrait changed
- Windowed security thread changes colour from green to blue when note is tilted
- Guarantee clause, Governor's signature with Promise Clause and RBI emblem shifted towards right
- Portrait and electrotype watermark

8. Number panel with numerals growing from small to big on the top left side and bottom right side
9. Denomination in numerals with Rupee symbol in colour changing ink (green to blue) on bottom right
10. Ashok pillar emblem on the right

**For visually impaired**

Intaglio or raised printing of Mahatma Gandhi portrait, Ashoka pillar emblem, bleed lines and identification mark continue

**Reverse :**

11. Year of printing of the note on left
12. Swacch Bharat logo with slogan
13. Language panel towards centre
14. Denominational numeral in Devnagari on right

New design notes in other denominations will follow

For more details visit: www.paisaboltahai.rbi.org.in

email: publicquery@rbi.org.in | Call: 022-22602201/2260294

Issued in public interest by

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

# सामाजिक अध्ययन

## कक्षा IX

## Social Studies

## Class IX

## (Hindi Medium)

**संपादक**

**श्री सी.एन. सुब्रमण्यम,**
एकलव्य, म. प्र.

**प्रो. जी. ओमकारनाथ,** अर्थशास्त्र विभाग,
हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद

**प्रो. आई. लक्ष्मी,** इतिहास विभाग,
उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद

**प्रो. कोदण्डराम,** रजनीति शास्त्र विभाग,
P.G. कॉलेज सिकिन्द्राबाद, हैद्राबाद

**प्रो. के. विजय बाबू,** इतिहास विभाग,
काकतीय विश्वविद्यालय, वरंगल

**डॉ. के. नारायण रेड्डी,** असिस्टेंट प्रोफेसर,
भूगोल विभाग, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद

**डॉ. एम. वी. श्रीनिवासन,** असिस्टेंट प्रोफेसर,
डीईएसएसएच, एनसीईआरटी, नई दिल्ली

**श्री के. सुरेश,** मंची पुस्तकम, हैदराबाद

**श्री अलेक्स. एम. जॉर्ज,**
एकलव्य, म. प्र.

**प्रो. एस. पद्मजा,** भूगोल विभाग,
उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद

**डॉ. आई. तिरुमलि,** वरिष्ठ अध्यता,
आईसीएसएसआर, नई दिल्ली

**श्री अरविंद सरदाना,** एकलव्य, भोपाल, म. प्र.

**प्रो.ए.सत्यनारायणा (सेवा निवृत),**
इतिहास विभाग, उस्मानिया विश्व विद्यालय, हैदराबाद

**डॉ. के.के.कैलाश,** राजनीति शास्त्र विभाग,
हैदराबाद केंद्रीय विश्व विद्यालय, हैदराबाद

**डॉ. सी.एस. बाल चन्द्रन,**
सांस्कृतिक भूगोल शास्त्री, बैंगलूरु

**श्री ए.सत्यनारायण रेड्डी,** निदेशक,
एस.सी.ई.आर.टी., तेलंगाणा, हैदराबाद

**डॉ. सुकन्या बोस,** परामर्शदाता,
NIPFP, नई दिल्ली

**डॉ. एन. चंद्रायुडु,** असिसटेंट प्रोफेसर,
भूगोल विभाग, एस.वी. यूनिवर्सिटी, तिरुपति

**श्रीमती चारु सिन्हा,** आइ.पी.एस,
(सलाहकार-लिंग संवेदनशीलता तथा बाल लैंगिक प्रताड़ना)
निदेशक, ACB तेलंगाणा, हैदराबाद

**पाठ्यपुस्तक विकास समिति**

**श्री ए. सत्यनारायण रेड्डी,** निदेशक,
एस.सी.ई.आर.टी., तेलंगाणा, हैदराबाद

**श्री बी. सुधाकर,** निदेशक,
सरकारी पाठ्यपुस्तक मुद्रण प्रेस, हैदराबाद

**डॉ. एन. उपेंदर रेड्डी,**
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष पाठ्यक्रम एवं पाठ्यपुस्तक विभाग
एस.सी.ई.आर.टी., हैदराबाद

**तेलंगाणा सरकार द्वारा प्रकाशित, हैदराबाद**

क़ानून का आदर करो।
अधिकार प्राप्त करो।

विद्या से आगे बढ़ो।
विनम्रता से रहो।

SCERT TELANGANA

© Government of Telangana, Hyderabad.

*First Published 2013*

*New Impressions 2014, 2015, 2017, 2018*

All rights reserved.

No part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system, or transmitted, in any form or by any means without the prior permission in writing of the publisher, nor be otherwise circulated in any form of binding or cover other than that in which it is published and without a similar condition including this condition being imposed on the subsequent purchaser.

The copy right holder of this book is the Director of School Education, Hyderabad, Telangana.
We have used some photographs which are under creative common licence. They are acknowledged at later (page viii).

This Book has been printed on 70 G.S.M. S.S. Maplitho,
Title Page 200 G.S.M. White Art Card

Free Distribution by Government of Telangana 2018-19

*Printed in India*
at the Telangana Govt. Text Book Press,
Mint Compound, Hyderabad,
Telangana.

SCERT TELANGANA

## लेखक

**डॉ. एन. चंद्रायुडु,** असिसटेंट प्रोफेसर भूगोल विभाग, एस.वी. विश्वविद्यालय, तिरुपति
**श्रीमती के.सीतामहालक्ष्मी,** प्राध्यापक, गर्वेन्मेण्ट डिग्री कालेज, राजमहेन्द्री
**श्री एम. नरसिंहा रेड्डी,** जीएचएम, जेडपीएचएस पेद्दाजंगमपल्ली, वाईएसआर कड़पा
**श्री के. सुब्रमण्यम,** प्राध्यापक सरकारी डायट, कर्नूल
**श्री टी. रविंदर,** प्राध्यापक सरकारी डायट, वरंगल
**श्री के. लक्ष्मीनारायण,** प्राध्यापक, DIET, अंगालुरू, कृष्णा
**श्री एम पापय्या,** प्राध्यापक, एस.सी.ई.आर.टी., तेलंगाणा
**डॉ. राचर्ला गणपति,** एसए, जेडपीएचएस लाडेल्ला, वरंगल
**डॉ. बी.वी.एन.स्वामी,** एसए, जीएचएस हुजुराबाद, करीमनगर
**श्री कोरिवी श्रीनिवास राव,** एसए, एमपीयूपीएस पी.आर. पल्ली, टेक्कली, श्रीकाकुलम
**श्री कासम कुमारस्वामी,** एस ए,जेडपीएचएस दौड़ेपल्ली, आदिलाबाद
**श्री जी. रत्तंगपाणि रेड्डी,** एस ए, जेडपीएचएस पोल्कमपल्ली, महबूबनगर
**श्रीमती हेमाखत्री,** हैदराबाद, IGNIS (प्रूफ रीडिंग)
**श्री अयाचितुला लक्ष्मण राव,** जीएचएस धांगरवाड़ी, करीमनगर
**श्री उन्देटी आनंद कुमार,** एस ए, जेडपीएचएस सुजातानगर, खम्मम
**श्री पी. श्रीनिवासुलु,** एस ए, जेडपीएचएस हवेली घनपुर, मेदक
**श्री पी. जगनमोहन रेड्डी,** एस ए, जेडपीएचएस पिड्चेडु, गजवेल, मेदक
**श्री ए. रविंदर,** एस ए, जीएचएस ओरस, वरंगल
**श्री ए. एम. श्रीनिवास राव,** जेडपीएचएस कोलालपुड़ी, प्रकाशम
**श्री टी. वेंकटय्या,** एस ए., जेडपीएचएस एगुवावीधि, चित्तूर
**श्री एन. सुब्रमण्यम,** एस ए, जेडपीएचएस टंगटुरु, नेल्लूर
**श्री टी.विष्णु मूर्ति,** एस ए, युपीएस, मन्नेगुड़ेम, वरंगल
**श्री एम. मरिया रानी,** एसए, एमपीयूपीएस चिलकुरनगर, रंगारेड्डी
**श्री पी.वी. कृष्णा राव,** एलएफएल हेचएम, पीएस मोहल्ला नं. सोलह, येल्लंदु, खम्मम
**श्री वी. गंगी रेड्डी,** एस ए, जेडपीएचएस कोंदुर्ग, महबूबनगर
**श्री टी. प्रभाकर रेड्डी,** एस ए, जेडपीएचएस शाहबाद, रंगारेड्डी
**श्री एन. राजपाल रेड्डी,** एस ए, जेडपीपीएसएस सेंट घनपूर, जनगाँव
**श्री एन.सी.जगन्नाथ,** जीहेचएस कुलसुमपुरा, हैदराबाद

## समन्वयक

**श्री एम. पापय्या,** प्राध्यापक, एससीईआरटी, हैदराबाद
**श्री एस विनायक,** समन्वयक, एससीईआरटी, हैदराबाद
**श्री एम. नरसिंहा रेड्डी,** जीएचएम, जेडपीएचएस पेद्दाजंगमपल्ली, वाईएसआर कड़पा
**श्री के. लक्ष्मीनारायणा,** प्राध्यापक, DIET, अंगलुरु, कृष्णा
**श्री अयाचितुला लक्ष्मण राव,** एसए,जीएचएस धांगरवाड़ी, करीमनगर
**डॉ. राचर्ला गणपति,** एसए, जेडपीएचएस लाडेल्ला, वरंगल
**श्री कासम कुमारस्वामी,**एसए, जेडपीएचएस दौड़ेपल्ली, आदिलाबाद
**श्री उन्देटी आनंद कुमार,** एसए, जेडपीएचएस सुजातानगर, खम्मम
**श्री पी.जगनमोहन रेड्डी,** एसए, जेडपीएचएस पीड़चेडु, गद्वाल, मेदक

## हिंदी अनुवाद समन्वयक

**डॉ. राजीव कुमार सिंह,**
यू.पी.एस., याडारम, मेडचल, रंगारेड्डी

## हिंदी अनुवाद संपादक

**डॉ. सुरभि तिवारी,** उप प्राचार्या,
हिंदी महाविद्यालय, नल्लाकुंटा, हैदराबाद।

**डॉ. ज्योति श्रीवास्तव,** प्रवक्ता,
हिंदी महाविद्यालय, नल्लाकुंटा, हैदराबाद।

## हिंदी अनुवाद समूह

**डॉ. राजीव कुमार सिंह,** यू.पी.एस., याडारम, मेडचल, रंगारेड्डी
**श्री सय्यद मतीन अहमद,** राज्य हिंदी संसाधक,
**डॉ. सैयद एम.एम.वजाहत,** जी.एच.एस. शंखेश्वर बाज़ार, हैदराबाद
**सुश्री के. भारती,** यू.पी.एस. मदनपल्ली, शमशाबाद, रंगारेड्डी
**श्रीमती शोभा माहेश्वरी,** एस.जी.वी.एम.हाई स्कूल, हैदराबाद
**श्रीमती गीता रानी,** आर्य कन्या विद्यालय, कोटी, हैदराबाद
**मो. सुलेमान अली,** यू.पी.एस. गाँधी पार्क, मिर्यालगुडा,नलगोंडा
**डॉ. शेख़ अब्दुल गनी,** जी.एच.एस. भुवनगिरि, नलगोंडा
**श्रीमती जी. किरण,** जी.एच.एस. डी एंड डी मलकपेट, हैदराबाद
**श्रीमती कविता,** जी.एच.एस. चादरघाट-२, हैदराबाद
**श्री सुरेश कुमार मिश्रा,** जेड.पी.एच.एस. पसुमामुला, रंगा रेड्डी
**सुश्री ऋतु भसीन,** यू.पी.एस., दोड्डि अलवाल, रंगारेड्डी
**श्रीमती अमृत कौर,** सेंट अंड्रूज स्कूल, बोयनपल्ली, सिकंदराबाद
**श्री मुकेश सिंह ठाकुर,** पत्रकार, स्वतंत्र वार्ता

## चित्रकार

**श्री कुरेल्ला श्रीनिवास,** जीएचएम,
जेडपीएचएस, कुरमेडु, नलगोंडा

**श्री बी.किशोर कुमार,** यूपीएस, वूट्कुर, नलगोंडा

**श्री पी. आंजनेयुलु,** जियोमेपर,
CESS-DCS, हैदराबाद

## लेआऊट एवं डिजाइन

**श्री कुर्रा सुरेश बाबू,**
मन मीडिया ग्राफिक्स, हैदराबाद

**श्री कन्नय्या दारा,**
एससीईआरटी, तेलंगाणा, हैदराबाद

**श्रीमती के.पावनी,**
कंप्यूटर संचालक, हैदराबाद

SCERT TELANGANA

# छात्रों के नाम पत्र

**प्रिय मित्रो!**

अपनी माध्यमिक शिक्षा शुरु करने पर बधाई। आप 9वीं विशेषाधिकार प्राप्त अध्ययन कर रहे हैं। हमारे देश के बच्चों की एक बड़ी संख्या इतनी भाग्यशाली नहीं है, कक्षा में दाखिला लेने वाले लगभग 50% बच्चे को 8वीं के बाद अपनी शिक्षा जारी रखने का प्रबंध नहीं है और वे दूसरों की काम करने, अपने घरों की देखभाल करने, आजीविका कमाने बाहर निकलता है। यह उनके लिए और हमारे लिए भी बडी हानि है जब सामाजिक समस्याओं पर चर्चा करते है, तो उनके अनुभवों औक्षर विचारों के बारे में पता नहीं चल पाएंगे। इसलिए आपके पास उनकी ओर से सोचने और सामाजिक सवालों के बारे में उनके दृष्टिकोण के बारे में अधिक जानने की जिम्मेदारी है।

आधुनिक शिक्षा के कई पहलुओं की तरह स्कूल शिक्षा, हम सभी के लिए अवसरों की नई दुनिया खोले। फिर भी केवल कुछ ही उनके लिए लाभ उठाने में सक्षम है। इसलिए हम ऐसे धन औक्षर धन के बीच गरीबी और भूख को देखते है। युवाओं के रूप में, जिन्हें उच्च शिक्षा लेने का विशेषाधिकार प्राप्त है, आपको यह पूछने की जरूरत है कि ये क्यों ऐसा हा और कैसे चीजे बदल सकती है ताकि आधुनिक जीवन का लाभ सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध हो।

यह पुस्तक ऐसे कुछ सवालों के जवाब तलाशने के लिए प्रयत्न करती है। हाल के समय में मानव समाज इतनी बडी संभावनाओं को हासिल करने के लिए धन और अधिकारों की तेजी से वृद्धि करता है, लेकिन उसी समय असमानता और निष्कासन को अंत करने में असफल रहता है।

यह पुस्तक दो भागों में विभाजित है, प्रथम भाग भूगोल व अर्थशास्त्र यह दूसरा भाग इतिहास व समाज-राजनीति जीवन। जब आप इंटरमिडियट में इन विषयों को व्यवस्थित रूप से पढ़ेंगे व इसमें मुक्य विषयों की जानकारी प्राप्त होगी। यहाँ केवल इनका परिचय मात्र है।

इस पुस्तक के अध्याय कुछ महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों का विश्लेषण करते हैं, जिससे हमें कुछ जानकारी दी है और उनके बारे में कुछ निष्कर्ष दिए है। हालांकि, कृपया याद रखे कि कोई भी अध्याय सभी पहलुओं पर ध्यान नहीं दे सकता है या आपको एक पूर्ण चित्र प्रदान कर सकता है। यह केवल पूछताछ के एक जर्जनी पर शुरु करने में आपकी सहायता करता है आपको अपने बारे में सोचने, पुस्तकालय में अधिक किताबें पढ़ने और इन विषयों के बारे में, इंटरनेट के बारे में चर्चा करने की जरूरत है और फिर पनी राय बनाकर आपको जानकारी लेने कुछ भी हासिल नहीं होगा। इसके बजाय उनके बारे में सोचने की कोशिश करे और उनके बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करे।

जब आप किसी गंभीर समस्या के बारे में जानकारी लेते हैं, तो आप विविध प्रकार की सूचनाओं से घिरा हो जाते है, इसका उपयोग कैसे किया जा सकता है, इसका उपयोग कैसे किया जा सकता है, उपयोग करने के लिए कौन-सी सही है या गलत। यह किसी भी विद्वान के सामने सब से बड़ी चुनौती है, जो उन्नत अध्ययन करता है। सब से पहले आपको स्रोत की जानकारी पर ध्यान देने की आवश्यकता है। क्या यह खरा है, जिसका दृष्टिकोण यह व्यक्त करते है। यह किस आधार से दिखाता है केवल तभी आप अपने उपयोग के बारे में किसी निष्कर्ष पर पहुँच सकते है।

पुस्तके आप को दूसरे क्या सोचते है या करते है बताते है। उनका पुस्तके आप को दूसरे क्या सोचते है या करते है समाज की समस्याओं अध्ययन करके आप को निश्चय करना है कि समाज की समस्याओं के बारे में आप क्या करते है। आपको समाज की समस्याओं के बारे में समझना है और समाज को बेहतर बनाने का प्रयत्न दोनों करना हैं। इस कार्य में यह पुस्तक आपको मदद करेगी।

– **संपादक**



SCERT TELANGANA

# पुस्तक के बारे में

यह पुस्तक  सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम तथा आपके द्वारा अध्ययन किये जा रहे समाज का हिस्सा है। जो भी हो, याद रहे कि यह पाठ्यक्रम का छोटा-सा हिस्सा है। सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम में आपके द्वारा कक्षा में विश्लेषण व साझा करने की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए **आपको** प्रश्न पूछने तथा कोई वस्तु ऐसी है, तो क्यों है, के बारे में सोचने के लिए आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए आपको और आपके मित्रों को कक्षा से बाहर बाज़ार, पंचायत या नगरपालिका कार्यालय, गाँव के खेत, मंदिर व **मस्जिद** तथा संग्रहालय जाकर पता लगाने की आवश्यकता है। आपको कई लोगों, किसानों, दुकानदारों, अधिकारीगण, पुजारी आदि से मिलकर चर्चा करनी होगी।

यह पुस्तक आपको समस्याओं के दायरे से परिचय करायेगी और स्वयं अध्ययन करने के योग्य व स्वयं परिकल्पना हेतु योग्य बनाएगी। इस पुस्तक की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें उत्तर नहीं है। वास्तव में यह पुस्तक पूर्ण रूप में नहीं है। यह पुस्तक तभी संपूर्ण कहलाएगी जब आप और आपके मित्र, अध्यापक स्वयं के प्रश्नों व अनुभवों को बिना डरे चर्चा करें और अपने कारण बताएँ। हो सकता है कि आपके मित्र आपसे सहमत न हों, किंतु पता करो कि उनका दृष्टिकोण क्या है। अंततः अपने उत्तर पर आइए। **आपको** अपने उत्तर पर अभी उतना विश्वास नहीं है। आप अपना मन बनाने के लिए बहुत प्रयास-खोजबीन करेंगे। ऐसी स्थितियों में अपने प्रश्नों की सूची ध्यान से बनाइए और अपने मित्रों, अध्यापकों अथवा बड़ों की सहायता से प्रश्न हल करें।

यह पुस्तक आपको हमारे सामाजिक जीवन के विभिन्न दृष्टिकोणों- भूमि व जनता की भिन्नता, आजीविका, नित्योपयोगी वस्तुओं की पूर्ति व प्रबंधन, सभी लोग समाज में समान क्यों नहीं है, किस तरह लोग समाज में समानता लाने का प्रयास कर रहे हैं, किस तरह लोग भिन्न-भिन्न भगवानों को भिन्न-भिन्न तरह से पूजा करते हैं, और अंत में किस तरह एक-दूसरे से संपर्क करते हैं तथा संस्कृति का निर्माण कर साझा करेंगे, के बारे में अध्ययन करने में सहायता करती है।

इन अंशों को समझने के लिए आपको भूमि, पर्वत, मैदान व नदियों व समुद्रों के बारे में समझना चाहिए; दूसरों को **समझाने** के लिए आपको सैकड़ों या हज़ारों साल पहले के बारे में जानना होगा; किंतु आप में से अधिक लोगों को बाहर जाकर अलग-अलग तरह के लोगों से मिलकर बातचीत करनी चाहिए।

जैसे ही इस पुस्तक को आप कक्षा में पढ़ेंगे, आपके सामने कई प्रश्न आयेंगे। अतः ऐसे स्थानों पर रुककर उनके उत्तर देने का प्रयास करें अथवा सुझाये गये क्रियाकलाप करें और आगे बढ़ें। पाठ को तेजी से पढ़ाकर समाप्त करना नहीं है, बल्कि प्रश्नों की चर्चा करते हुए सुझाये गये क्रियाकलाप करें।

कई पाठ परियोजना कार्य सुझाते हैं, जिन्हें करने के लिए आप कुछ दिन ले सकते हैं। इन परियोजनाओं से आपमें सामाजिक विज्ञान के पूछताछ एवं विश्लेषण तथा **प्रस्तुतीकरण** के कौशलों का विकास होता है। ये परियोजनाएँ पाठ में लिखी सामग्री को स्मरण करने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

कृपया आप याद रखें कि पाठ में जो दिया गया है उसे स्मरण न करें, बल्कि उनके बारे में सोचिए और स्वयं की अपनी विचारधारा बनाइए।

**निदेशक, एससीईआरटी,**
तेलंगाणा, हैदराबाद



तेलंगाणा सरकार द्वारा निशुल्क वितरण 2018-19

SCERT TELANGANA

# USING THIS BOOK AND NOTE TO THE TEACHER AND STUDENTS

- This book is in continuation with the National and State Curriculum Frameworks which suggested disciplinary approach to teaching needs to begin only at Secondary school level. You have traditionally taught various disciplines of Geography, History, Civics and Economics . However there were various overlaps between the concepts that were discussed under them.
- Text book is designed with the idea that social studies teachers and students need to bring it into the classroom and use it inside the classroom for learning. It is important to read the textbook in classroom and conduct discussion around it.
- **The language of the text**: Efforts have been taken to write the text of this book in child friendly manner. However there are certain terms and jargons that will need explanation and clarification. Text is often trying to give examples that may be suitable to the concept that is discussed. Each chapter has central ideas, these are often provided as subheadings. In a classroom, you may be able to cover 2 or 3 subheadings in a period roughly.
- This textbook uses different style of writing. Sometimes they are fictionalised narratives like Vasu, Arun and Shivakamini in Chapter 9. These are often fictionalised but based on facts explanation of a scenario. Or there are passages that are in the form of case studies like in section on Effects of industrial activities in Patancheru in Chapter 7. There are also texts in the tables and in the form of graphs where comparative elements are put together as in the case of Financial systems and Credit Chapter 9. Concepts are thus explained using different styles.
- **Use of in between questions and end text questions**: You will note that there are questions in between the text. Do not leave out these questions. These are integral to the teaching learning process. These questions are of different types – some of them help you in summarising, evaluating the passages that you may have read out. Or they are for collecting more information that is around the concepts discussed in the previous subheading. Do not try to dictate the answers to these questions, allow children to find the answers on their own. Allow them to have discussions amongst each other in trying to figure out the meaning of these questions and talk about possible answers.
- **There are different types of questions used in the book:**

  1) asking children to write their experiences; 2) compare their experiences with that of the examples given in the text; 3) comparing two or three different situations given in the textbooks; 4) questions that ask children to give their opinion about the situation or case study (when these opinions are asked it need not be the same for all children, allow them to express their opinion); 5) questions that are evaluating a particular situation given in the chapter.
- Teacher may adopt different strategies in using these questions in the classroom. Some questions may be written down in the note book; others may be discussed in small groups; a few may be

SCERT TELANGANA

written as individual tasks. In all situations it is important to encourage the child to write in his own words. Avoid instructing all children to write the answers in same style and structure.

- There are certain boxes in the chapters. These are often additional information on the concepts discussed in the chapter. It is important to discuss them in the classroom, and conduct the activities around.
- **Images used in the textbooks:** In traditional textbook, images in it, serve only a visual relief. However, our purpose in using images is as significant as text itself. There may be a few sketches like in Government Budget and Taxation. We use the images of leaders in various political movements. In all other occasions images are as important as the text, they are useful in explaining the concepts or are illustrative of the ideas used in the textbooks. We have also tried to use different styles of images: like photographs; line drawings; cartoons posters etc as well. These are also taken from different historical points of time. Hence just as different styles used in textbooks there is diversity in the images too.
- **Maps, tables and graphs:** Maps in these books tell us about geographic, economic, political and historical aspects. They are used to present the information in an interesting manner. You will also find the use of tables and graphs. Reading tables and graphs are essential in Social Studies. These often provide much more clarity in explaining the concepts.
- **Projects:** There are different projects suggested in the book. It may not be possible for all projects to be undertaken. It is important to remember we cannot teach all aspects of concepts merely by reading textbook. Projects thus enable children to interact with members of the society, collect new information, arrange and present them in their own manner. Making questions for an interview, planning for a visit to the bank, or creating a presentation that could include images, tabulated data or graphs based on the information they collected are also important in Social Studies skills. These encourage children to work together in groups and conduct exchange and share ideas.
- We can use content related maps, tables & graphs other than text book for practice and evaluation.
- Discussions, conducting interviews, debates and projects are given in the middle of the running lesson and after the improve your learning. To develop social consiousness, sensitivity and positive attitude among the children these are given. Hence these must be taken up.


## ACKNOWLEDGEMENT

We would like to acknowledge the contributions of Sri K. Joshi State Coordinator AP Human Rights Education, Dr. Ramani Atkuri Medical Practitioner Bhopal, Sri Velina Murari Bangalore, Smt K. Bhagya Lakshmi Manchi Pustakam Hyderabad, Prof. K.K. Kailash P.U. Chandigarh, Prof. E. Shiva Nagi Reddy Dept.of Archaeology and Museums A.P., Director State Central Library and reference section staff A.P and others who directly or indirectly participated in our workshops and contributed in improving the quality of specific chapters in the textbook. Some of the photographs used in the book are taken from flickr, wikipedia or other internet sources, under creative commons license.


SCERT TELANGANA



तेलंगाणा सरकार द्वारा निशुल्क वितरण 2018-19

## ACADEMIC STANDARDS (AS)

Time should be spent in making sure that children comprehend the passages given in text. In between questions are useful in this context. These questions are of different types that would include the aspects reasoning, cause and effect, justification, mind mapping / concept mapping, observation, analysis, thinking and imagination, reflection, interpreting etc. The key concepts have been discussed subconceptwise in every chapter with examples and also given in the form of keywords.

1) **Conceptual understanding (AS1) :** Promoting learning of basic concepts through inquiry, discussion, reflection giving examples through case studies interpreting, observation etc.

2) **Reading the text (given), understanding and interpretation (AS2) :** Occasionally there are case studies about farmers, labourers in factory, or images that are used in text which do not directly convey the concept. Time should be given for children to grasp the main ideas, interpret images etc.

3) **Information skills (AS3) :** Textbooks alone cannot cover all different aspects of social studies methodology. For example children living in an urban area can collect information regarding their elected representatives or children living in the rural area can collect information about the way irrigation / tank facilities are made available in their area. These information may not exactly match with that of the textbooks and will have to be clarified. Representing the information that they have collected through projects are also an important ability. For example if they collect information about a tank – they may decide to draw an illustration or map etc along with written material. Or represent the information collected through images or posters. Information skill includes, collection of informatic tabulation / records and analysis.

4) **Reflection on contemporary issues and questioning (AS4) :** Students need to be encouraged to compare their living conditions along with that of different regions or people from different times. There may not be a single answer to these situations of comparison. Giving reasons for certain happening process and justification of informatic and interpretative.

5) **Mapping skills (AS5) :** There are different types of maps and pictures used in the textbook. Developing ability related to maps as abstract representation of places are important. There are different stages of developing this ability, from creating a map of their classroom to understanding height, distance as represented in a map. There are illustrations, posters and photographs used in the textbook, these images often relate to the text and are not merely for visual effect. Sometimes there are activities like write a caption or read the images that are about architecture etc.

6) **Appreciation and Sensitivity (AS6) :** Our country has vast diversity in terms of language, culture, caste, religion, gender etc. Social studies does take into consideration these different aspects and encourages students to be sensitive to these differences.

SCERT TELANGANA

# विषयसूची


| क्र.सं. | विषयसूची | पृष्ठ सं. | मास |
|---|---|---|---|
| **भाग I : पृथ्वी के प्राकृतिक मंडल & अर्थ व्यवस्था** | | | |
| 1 | हमारी पृथ्वी | 1-13 | जून |
| 2 | पृथ्वी के प्राकृतिक मंडल - स्थल मंड़ल | 14-26 | जून |
| 3 | जल मंडल | 27-35 | जुलाई |
| 4 | वायु मंडल | 36-50 | जुलाई |
| 5 | जैव मंडल | 51-58 | अगस्त |
| 6 | भारत में कृषि | 59-74 | सितंबर |
| 7 | भारत में उद्योग | 75-95 | नवंबर |
| 8 | भारत में सेवा गतिविधियाँ | 96-104 | दिसंबर |
| 9 | वित्तीय प्रणाली में ऋण | 105-117 | दिसंबर |
| 10 | बढ़ती मँहगाई और जीवनयापन | 118-129 | फरवरी |
| 11 | सरकारी बजट एवं करों का क्रियानवयन | 130-142 | फरवरी |
| **भाग II : विश्व के मध्यकालीन से आधुनिक काल तक** | | | |
| 12 | यूरोप में बदलती सांस्कृतिक परंपराएँ 1300-1800 | 143-159 | जून |
| 13 | 17वीं व 18वीं एवं 19वीं शताब्दी में प्रजातांत्रिक व राष्ट्रवादी क्रांतियाँ | 160-177 | जुलाई |
| 14 | औद्योगीकरण और सामाजिक परिवर्तन | 178-188 | अगस्त |
| 15 | सामाजिक विद्रोह आंदोलन | 189-196 | अगस्त |
| 16 | लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और एशिया में उपनिवेशवाद | 197-211 | सितंबर |
| 17 | भारत में उपनिवेश वाद का प्रभाव | 212-225 | अक्तूबर |
| 18 | प्रजातंत्र का विस्तार | 226-236 | नवंबर |
| 19 | प्रजातंत्र : एक उन्नत उपाय | 237-247 | नवंबर |
| 20 | मानव अधिकार और मौलिक अधिकार | 248-260 | दिसंबर |
| 21 | महिला सुरक्षा अधिनियम | 261-269 | जनवरी |
| 22 | आपदा प्रबंधन | 270-278 | जनवरी |
| 23 | यातायात शिक्षा | 279-285 | फरवरी |
| | पुनरावृत्ति और वार्षिक परीक्षा | | मार्च |


SCERT TELANGANA



तेलंगाणा सरकार द्वारा निशुल्क वितरण 2018-19

# राष्ट्र-गान

**- रवींद्रनाथ टैगोर**

जन-गण-मन अधिनायक जय हे!
भारत भाग्य विधाता।
पंजाब, सिंधु, गुजरात, मराठा,
द्राविड़, उत्कल बंग।
विंध्य, हिमाचल, यमुना, गंगा
उच्छल जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे।
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय गाथा!
जन-गण-मंगलदायक जय हे!
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे! जय हे! जय हे!
जय, जय, जय, जय हे!

# प्रतिज्ञा

**– पैडिमर्रि वेंकट सुब्बाराव**

भारत मेरा देश है और समस्त भारतीय मेरे भाई-बहन हैं। मैं अपने देश से प्रेम करता हूँ और इससे प्राप्त विशाल एवं विविध ज्ञान-भंडार पर मुझे गर्व है। मैं सर्वदा इस देश एवं इसके ज्ञान-भंडार के अनुरूप बनने का प्रयास करूँगा। मैं अपने माता-पिता और अध्यापकों तथा समस्त गुरुजनों का आदर करूँगा और प्रत्येक व्यक्ति के प्रति नम्रतापूर्वक व्यवहार करूँगा। मैं जीव-जंतुओं से भी प्रेमपूर्वक व्यवहार करूँगा। मैं अपने देश और उसकी जनता के प्रति अपनी भक्ति की शपथ लेता हूँ। उनके मंगल एवं समृद्धि में ही मेरा सुख निहित है।

SCERT TELANGANA

अध्याय 1

# हमारी पृथ्वी




*Fig. 1.1: कार्ल सागन एक वैज्ञानिक ने इशारा किया कि यहाँ दिखाये गये पीले वृत्त के अंदर के सूक्ष्म बिंदु से मानव का सम्पूर्ण इतिहास विकसित हुआ, जो हमारा एकमात्र घर (Earty) है। यह चित्र अंतरिक्ष से लिया गया जो "Pale Blue Dot" कहलाता है।*

इस पृथ्वी पर हम, दूसरे लाखों अन्य प्राणियों, वनस्पतियों और सूक्ष्म जीवों के साथ रहते हैं। हम मानवों का इस पृथ्वी पर अस्तित्व लगभग एक लाख वर्ष पुराना है। किसी दूसरे अन्य प्राणी की तुलना में, मनुष्य, इस पृथ्वी को बेहतर रहने योग्य स्थान बनाने के लिए, अधिक प्रयत्न करते जा रहे हैं। हम अपने आपको और अपने आसपास के स्थानों को परिवर्तित करने के लिए लगातार प्रयत्नशील हैं। परिवर्तन की इस प्रक्रिया में आपस में हम लोगों के बीच और पृथ्वी के अन्य जीवों के साथ टकराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। परन्तु, इन सब से ऊपर, हमने अपनी पृथ्वी को और अपने क्रिया कलापों को समझने का प्रयत्न किया है, ताकि हम एक उचित जीवन जी सकें। लम्बे समय से, हम पृथ्वी को सभी संसाधनों के भंडार के रूप में देखते आ रहे हैं, जिसका दोहन और उपयोग हम अपनी इच्छानुसार कर सकते हैं। धीरे-धीरे हम समझने लगे हैं कि हमारी यह धारणा कितनी मिथ्याजनक है। हमारे द्वारा, बिना सोचे समझे और असावधानीपूर्ण, किया गया पृथ्वी का दोहन जंगलो, नदियों, पहाड़ों, दूसरे जीवों और यहाँ तक कि दूसरे हमारे साथी मनुष्यों के विनाश का कारण बन चुका है। परिणामस्वरूप मिट्टी पानी और वायु का विषाक्त होना, वैष्विक ऊष्मा का बढ़ना जैसी पर्यावरणीय न्यूनता (environmental criser) की स्थिति उत्पन्न हो गई है। आज हमें पृथ्वी के बारे में नवीन अवबोध को विकसित करना है। पृथ्वी अपना काम कैसे करती है, हम पृथ्वी पर क्या कर रहे हैं और एक दूसरे के प्रति हमारा व्यवहार कैसा है?

VI से VIII तक की कक्षाओं में, आपने विभिन्न समयों में, पृथ्वी के अलग-अलग भूभागों पर रहने वाले भिन्न-भिन्न जनसमुदायें के बारे में पढ़ा है कि उन्होंने पृथ्वी के पानी, मिट्टी, वनों और खनिज पदार्थों का कैसे उपयोग किया? अगले चार अध्यायों में हम पृथ्वी का उसके विभिन्न स्वरूपों के साथ जोड़ने वाली कड़ी के रूप में अध्ययन करेंगे। साथ ही यह भी देखेंगे कि पहाड़, मिट्टी, खनिज, पानी, हवा, सूर्य की ऊष्मा, वन, जीव-जन्तु और मनुष्यों का आपस में एक दूसरे के साथ व्यवहार कैसा है और ये एक दूसरे को लगातार किस प्रकार से परिवर्तित करते रहते हैं।

SCERT TELANGANA

## हमारा ब्रह्माण्ड, सूर्य और पृथ्वी

हजारों सालों के मनुष्य आकाश में दृष्टि गइए है और वहाँ चमकने वाले पिण्डों को समझने का प्रयत्न कर रहे हैं, जैसे तारे जो एक दूसरे के सन्मुख स्थिर रहते है और सूर्य, जैसे चन्द्रमा और ग्रह जो आकाश में भ्रमण करते हैं। ये पिण्ड क्या है और किस तरह से वे हमसे जुड़े हैं? वे हमें किस प्रकार प्रभावित करते हैं। कई लोगों ने आकाश में घटने वाली सभी गतिविधियों और घटनाओं पर ध्यान देते हुए, इन पिण्डों का सावधानी से अध्ययन किया और इनकी प्रकृति, क्रिया और गति का अनुमान लगाया। शुरू में लोगों ने सोचा था कि पृथ्वी स्थिर है और दूसरे पिण्ड इसके गिर्द चक्कर लगाते हैं। हजारों सालों से ये पिण्ड ऐसे ही नज़र आ रहे हैं, इसलिए लोगों ने यह भी सोचा कि ये पृथ्वी, तारे और सूर्य हमेशा से ऐसे ही हैं और किसी भी परिवर्तन के बिना हमेशा ऐसे ही बने रहेंगे। टोल्मी ने जियोसेन्ट्रीक सिद्धान्त बताया जो बिना किसी परिवर्तनी के होती है। लगभग 500 साल पहले वैज्ञानिक इस नवीन जानकारी से अवगत हुए कि-

वास्तव में पृथ्वी इस ब्रह्मण्ड के मध्य में स्थित नहीं है। पृथ्वी स्थिर नहीं है, बल्कि सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है। स्वयं सूर्य भी गति करता है। आकाश के अनगिनत तारे वास्तव में अनगिनत सूर्य हैं। कापरनिकस ने इसे सूर्य केन्द्रीत सिद्धान्त (Helio Centric System) बताया है। पिछले सौ सालों में, लोगों ने यह भी अंदाज लगाया कि तारे उत्पन्न होते हैं, बढ़ते हैं और समाप्त भी हो जाते हैं।

वैज्ञानिक इस परिणाम पर भी पहुँचे हैं कि आकाश में दिखाई देनेवाले ये तारे वास्तव में, तारों के बड़े समूह, जिसे आकाश गंगा कहते हैं, हमारे ब्राह्माण्ड में ऐसी लाखों आकाश गंगाएँ विद्यमान हैं। अब उनका यह विचार है कि स्वयं यह ब्रह्माण्ड कुछ 13.7 खरब वर्ष पूर्व एक बड़े धमाके (Big Bang) के साथ अस्तित्व में आया, साथ ही खरबों साल बाद यह समाप्त भी हो सकता है।


इस ब्रह्माण्ड से ही आकाश गंगाएँ बनी। आकाश गंगा के भीतर अनेक तारे निर्मित हुए। इन तारों के चारों ओर ग्रहों का निर्माण हुआ और ये ग्रह तारों के चारो ओर चक्कर लगाने लगे। हमारे जीवन में घटनाएँ बड़ी तेजी से घटित होती हैं, हमारे आस-पास की चीजों में प्रतिक्षण परिवर्तन होता है, परन्तु अन्तरिक्ष सम्बंधी परिवर्तन में हजारों, कभी-कभी तो लाखों साल लग जाते हैं।

आज मानव इन दूरस्थ और बहुत जटिल अन्तरिक्ष सम्बन्धी घटनाओं का पता लगा रहे हैं और उन्हें समझने का प्रयास कर रहे हैं। इन सबका अध्ययन करने के लिए अनेक अन्तरिक्ष यान अन्तरिक्ष में भेजे गये। मनुष्य चन्द्रमा पर अपने पैर रखने में सफल हो गया। अन्तरिक्ष कैप्सूल पड़ोसी ग्रह मंगल पर पहुँच चुका है और कुछ यान तो हमारे सौर परिगर के बाहर भी जा चुके हैं।

संक्षेप में हम कह सकते हैं कि, सूर्य और पृथ्वी एक विराट ब्रह्माण्ड का ही भाग हैं जो लगातार गति कर रहे है और परिवर्तनशील है। पृथ्वी और यहाँ पर जीवन इन्हीं परिवर्तनों की उपज हैं और इन्हीं से प्रभावित होते हैं।

- आपके विचार से आज लोग दूरस्थ तारों और आकाश गंगा के रहस्यों को और ब्रह्माण्ड के आरंभ के बारे में जानने को क्यों उत्सुक हैं?
- प्रारंभ में हमारी पृथ्वी को इस विराट ब्रह्माण्ड का केन्द्र बिन्दु माना गया था और मनुष्य को ईश्वर की सबसे महत्वपूर्ण सृष्टि। अब, जब कि हमें यह समझ में आ गया है कि इस विशाल ब्रह्माण्ड में हमारी स्थिति नगण्य है, हमारी प्राचीन धारणा पर इसका प्रभाव पड़ता है।
- आपके VIII वीं कक्षा की भौतिक विज्ञान की पुस्तक के अध्याय 10 ''तारे और सौर मण्डल'' से सौर मण्डल और सूर्य के गिर्द घूमने वाले ग्रहों के बारे में जानकारी एकत्रित कीजिये।

## सौरमण्डल का महत्वपूर्ण ग्रह-पृथ्वी




*चित्र -1.2 पृथ्वी की कक्षा*

सौर मण्डल के सभी ग्रहों के समान, पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है और साथ ही एक निश्चित कक्ष में सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है। सूर्य के चारों ओर जिस पथ पर पृथ्वी गति करती है, उसे कक्ष कहते हैं। यह कक्ष एक समान समतल पर होता हैं, जो कक्ष का पथ कहलाता है। यहाँ पृथ्वी, उसके कक्ष और सूर्य की स्थिति को दर्शाते हुए तीन चित्रो को देखिए। आपके विचार से कौन-सा चित्र सही है।

A. *वृत्ताकार मार्ग*

B. *लम्बा अण्डाकार मार्ग*

C. *पैमाने के अनुसार खींचा हुआ अण्डाकार मार्ग (सूर्य मध्य मे, सूर्य के ओर पथ की दूरी 1.4 से.मी. और दूसरी ओर पथ की दूरी 1.5 से.मी.)*

वास्तव में पृथ्वी की कक्षा लगभग वृत्ताकार (चित्र C के अनुसार) है। पृथ्वी के सूर्य से सबसे दूरस्थ बिन्दु (लगभग 152 मिलियन) और इसके सूर्य से निकटतम बिन्दु (लगभग 147 मिलियन) में बहुत कम अन्तर है। पृथ्वी सूर्य के चारों ओर 1,07,200 कि.मी. प्रति घंटे की तेजी से चक्कर लगाती है। इस गति से चक्कर लगाते हुए, पृथ्वी को सूर्य का एक पूरा चक्कर लगाने में 365 1/4 दिन लगता हैं। इसे हम एक वर्ष कहते हैं। कक्षा ८ में आप पढ़ चुके हैं कि सूर्य से ऊर्जा पृथ्वी के विभिन्न भागों में अलग-अलग मात्रा में प्राप्त होती है। पृथ्वी के सूर्य के चारों ओर घूमने के कारण ही ग्रीष्म एवं शीत ऋतुएँ होती हैं।

निम्न में से पृथ्वी पर ऋतु परिवर्तन के कारणों पर सही को निशान लगाइये :

- पृथ्वी का प्रतिदिन अपने अक्ष पर घूमना।
- चन्द्रमा का पृथ्वी के चारों ओर मासिक भ्रमण।
- सूर्य का अपने अक्ष पर घूमना।
- पृथ्वी का सूर्य के चारों ओर भ्रमण।
- गति करते समय पृथ्वी का अक्ष कर कक्षीय समतल से झुकाव।
- पृथ्वी की गोलाकार आकृति।
- पृथ्वी की वार्षिक गति के दौरान उसकी सूर्य से दूरी।

**पृथ्वी - शब्द**

ग्रीक शब्द इओरथ (eorthe) जिसका अर्थ मैदान, मिट्टी, सूखी भूमि होता है। (dictionary online.com)।

भारतीय भाषाओं में 'पृथ्वी' के लिए अनेक पर्याय शब्द हैं। संस्कृत में पृथ्वी के लिए भूमि, पृथ्वी, धरणी, अवनि आदि शब्द है। बहुत सी भारतीय भाषाएँ भी इन विभिन्न शब्दों का उपयोग करती हैं।

SCERT TELANGANA

## पृथ्वी का विकास

वैज्ञानिक अभी भी इस विषय पर चर्चा करते जा रहे हैं कि पृथ्वी का निर्माण कैसे हुआ? अधिकांश वैज्ञानिकों का मत है कि पृथ्वी का निर्माण लगभग साढ़े चार खरब वर्ष पूर्व हो गया। अनेक अवस्थाओं में से गुजरती हुई पृथ्वी अपने वर्तमान स्वरूप में आई है। यह लगातार चक्कर लगाते हुए धूल के कणों और बादलों की एक गेंद के रूप में आरंभ हुई और उसके बाद द्रव अवस्था को प्राप्त हुई। उस समय पृथ्वी बहुत गरम थी और आकाश से लगातार विशालकाय पत्थरों और दूसरे पदार्थों की वर्षा हो रही थी। इस तरह से पृथ्वी का आकार भी बढ़ता गया। पृथ्वी इतनी गरम थी कि वह द्रव अवस्था में थी। यदि आप किसी गाढ़े सूप को उबालते हैं। जिसमें अनेक पदार्थ हों, तो आप देखेंगे कि भारी कण द्रव में नीचे की ओर चले जाते हैं और हल्के पदार्थ ऊपरी सतह पर आ जाते हैं। ये हल्के कण ऊपरी सतह पर ठंडे होने लगते हैं और पपड़ी की एक पर्त बनाते हैं (जैसे दूध पर मलाई की पर्त). ठीक उसी प्रकार, जबकि भारी पदार्थों से पृथ्वी के पिघले हुए भीतरी भाग का (Molten Core) निर्माण हुआ, हल्के पदार्थ ऊपरी सतह पर पहुँच कर ठंडे होने लगे। धीरे-धीरे हल्के और ठंडे पदार्थों से एक पर्पटी (पपड़ी) का निर्माण हुआ जो आन्तरिक पिघले हुए भाग को ढके हुए थी।

पृथ्वी के भीतरी भाग (Interior) के लगातार ठंडे होने के साथ ही, यह सिकुड़ता गया और ऊपरी पपड़ी पर झुर्रियों जैसे उतार-चढ़ाव का निर्माण होने लगा जो कालान्तर में समुद्रों और पहाड़ों में परिवर्तित हुई।

पृथ्वी के वायुमण्डल में अनेक प्रकार की गैसें होती थीं जिनमें जलवाष्प भी होते है। इनमें से कुछ गैसे ऐसी भी थी, जिनमें, हमारा जो जीवन आज है, वह संभव नहीं हो सकता था. जीवन के लिए अनिवार्य ऑक्सीजन वायुमंडल में उपस्थित नहीं थी। सांस लेने योग्य ऑक्सीजन को बनने में कई साल लग गये।

पृथ्वी की पपड़ी पर निर्मित गड्ढे वर्षा के जल से भर गये और इस प्रकार समुद्रों की रचना हुई।

पृथ्वी के इतिहास काल की लम्बी अवधि में आधे समय तक तो पृथ्वी बंजर और निर्जीव रही। फिर समुद्रों में जीवन के लक्षण दृष्टिगोचर हुए। येही जीव हजारों लाखों सालों में विभिन्न प्रकार के पौधों, प्राणियों और मनुष्यों के रूप में विकसित हुए।

- आप का क्या विचार है कि पृथ्वी की उत्पत्ति अचानक हुई या लम्बी जटिल प्रक्रियाओं के परिणाम स्वरूप निर्मित हुई?
- कुछ लोगों का विश्वास है कि पृथ्वी पर हमारा अस्तित्व देवाधीन घटनाओं की एक श्रृंखला का परिणाम है। यदि ये घटनाएँ नहीं होती तो पृथ्वी पर जीवन ही नहीं होता। क्या आप इस बात से सहमत हैं? कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

## पृथ्वी की आंतरिक संरचना

आइये, जिस पृथ्वी पर हम रहते हैं, उसकी आंतरिक संरचना को देखे। यदि हम पृथ्वी की गहराई में झांकने की कोशिश करेंगे, तो पृथ्वी के निर्माण के प्रारंभिक दिनों से आज के रूप में हमें एक निरंतरता दिखाई देगी। सैकड़ों वर्षों की वैज्ञानिक जांच और प्राप्त आँकड़ों का विश्लेषण करने के बाद ही हम पृथ्वी के अन्तर्निहित के बारे में धारणा बनाने में सफल हुए। इसका मुख्य कारण यह है कि अत्यन्त गहन खुदाई के बाद भी हम पृथ्वी की सतह से केवल कुल किलोमीटर ही अंदर जा सके जबकि पृथ्वी की त्रिज्या या पृथ्वी के केन्द्र से दूरी 6000 किलोमीटर से भी अधिक है।

SCERT TELANGANA





*Fig. 1.3: The interior of the earth*

पृथ्वी का निर्माण तीन मुख्य पर्तों से हुआ है।

1. ***ऊपरी पर्पटी*** *(Crust)*
2. ***मोशिश*** *(Mantle)*
3. ***मूल भाग*** *(Core)*

**1. पर्पटी** *(Crust)* **:** हम पृथ्वी के बाहरी भाग पर रहतेहै जो पर्पटी कहलाती है। इस पर्पटी का निर्माण कैसे हुआ, यह आप पढ़ चुके हैं। पृथ्वी के अन्दर 30-100 कि.मी. तक का भाग पर्पटी ही है। पर्पटी की बनावट कई प्रकार चट्टानों से युक्त है।

**2. मोशिश** *(Mantle)***:** इसकी मोटाई 100 से 2,900 कि.मी. है। इस मेंटल की ऊपरी सतह लचीली होती है, जिस पर पर्पटी तैरती है। इस सतह में बहुत से रसायनिक पदार्थ पाये जाते हैं, जो सिलिकेट कहलाते हैं।

**3. कोर (मूलभाग) (Core):** कोर 2,900 से 6376 कि.मी. तक की मोटी परत है। यह सघन और भारी पदार्थों, जैसे लोहा और निक्कल की बनी होती है। इसे दो उपसतहों में बाँटा जा सकता है।

**बाहरी कोर :** 2,900 से 5,100 कि.मी. तक की बाहरी जो द्रव रूप में होती है और जिसमें लोहा और निकिल जैसे धातु पदार्थ पाये जाते हैं।

**आन्तरिक कोर :** ठोस आन्तरिक कोर जिसकी मोटाई 5,100 से 6,376 तक होती है। यह लोह पदार्थों और भारी धातु जैसे सोने से निर्मित है।

मजे की बात यह है कि मेंटल के नीचे बहुत गहराई में पाये जाने वाले पदार्थ, ज्वालामुखियों और दरारों द्वारा वेग से समुद्र की सतह पर आता है, ठंडा होता है और पृथ्वी की पपड़ी का निर्माण करता है। पृथ्वी के अनेक भूभागों में, पर्पटी के कुछ भाग में मोशिश प्रवेश कर जाता है और एक बार फिर पिघली हुई अवस्था में आ जाता है। भू पर्पटी के इस प्रकार लगातार बनने और बिगडने की प्रक्रिया इस तथ्य की व्याख्या करती है कि हमारी पृथ्वी अभी भी बहुत सक्रिय है। भू पर्पटी, जिस पर हम रह रहे है, वह अभी भी लगातार परिवर्तित होती जा रही है। पृथ्वी की गहराई में होने वाली कुछ प्रक्रियाओं के परिणाम स्वरूप, जो भूकम्प, ज्वालामुखी का फटना, भूमि का कटना और पर्वतों का ऊँचा उठना, आदि घटनाएँ होती हैं, उन्हीं के कारण पर्पटी में भी परिवर्तन होते हैं।

**क्या आप जानते हैं?**


पृथ्वी के आयतन केवल 1% पर्पटी से निर्मित है, 16% मेंटल से और 83% कोर से बना हुआ है। यदि हम पृथ्वी के आकार की एक अण्डे का आकार के बराबर कल्पना करें तो, पर्पटी के अण्डे की खोल जितनी मोटी होगी।

- हम मोशिश (मेंटल) तक जाकर उसके बारे में अध्ययन करने की आशा भी नहीं रख सकते। पर हम मेंटल से प्राप्त पदार्थों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। क्या आप बता सकते हैं कि ये पदार्थ क्या हो सकते हैं और उन्हें हम कैसे प्राप्त कर सकते हैं?




SCERT TELANGANA


## पृथ्वी की पपड़ी (पर्पटी) पर हलचल





मानवीय अनुभवों के समय रूपी पैमाने पर महाद्वीपों का आकार और स्थिति निश्चित प्रतीत होते हैं। जबकि हम लाखों-करोड़ों साल पुराने इतिहास के समय, जो अनेक घटनाओं से परिपूर्ण था, पृथ्वी कैसी थी? इस पर विचार करें तो पायेंगे कि महाद्वीप अपने स्थान से हट गये, एक दूसरे से टकराए और एक दूसरे में समा गये, फिर एक दूसरे से अलग-अलग हो गये। पहाड़ ऊपर की ओर उठे और फिर मिट्टी में मिल गये, समुद्रों का निर्माण हुआ और वे सूख भी गये, घाटियाँ निर्मित हुई और इसी प्रकार की दूसरी अन्य घटनाएँ हुईं।




20 वीं शती के प्रारंभ में, एक जर्मनी के मौसम विज्ञानी और भू-भौतिक-शास्त्री अलफर्ड वेगनर Alfered Wagener ने महाद्वापों की वर्तमान व्यवस्था और समुद्रों के Besin का वर्णन करने और उनकी आंशिक व्याख्या करने के लिए महाद्वीपों के drift का सिद्धान्त लागू किया। उसने एक बहुत ही विशाल द्वीप का होना स्वीकृत किया जिसका नाम पैनजिआ (एक यूनानी शब्द जिसका अर्थ है सम्पूर्ण भूमि) रखा। उसने स्वीकार किया कि इसका अस्तित्व 2200 लाख वर्ष पहले था और बाद में यह अनेक विशाल खंडों में टूट गया। उसका विचार था कि ये खण्ड एक दूसरे से अलग हो गये। लाखों सालों की समयावधि में कई महाद्वीप एक दूसरे से टकराते रहे। वे अभी भी भ्रमण कर रहे हैं। पेनजिआ एक काल्पनिक महाद्वीप है, जिससे वर्तमान महाद्वीप उत्पन्न हुए। ये महाद्वीप मध्यजीवीय युग (Mesozoic era) से वर्तमान समय तक महाद्वीपों के संचयन से




*चित्र- 1.4: महाद्वीपों के संचयन की विभिन्न अवस्थाएँ*

SCERT TELANGANA

उत्पन्न हुए। वागनर (Wagener) ने परिकल्पना की कि महाद्वीप पेनजीआ के टूटने पर निम्न भागों का निर्माण हुआ।

1. लौरेसिया या अंगारा लैंड (वर्तमान उत्तरी अमेरिका, ग्रीनलैण्ड और भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तर का सम्पूर्ण यूरेशिया) और
2. गोंडवाना प्रदेश - (वर्तमान दक्षिण अमेरिका, आफ्रिका, मेडागास्कर, भारत, अरेबिया, मलेशिया, ईस्ट इन्डीज़, ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका)

ये दोनों खण्डों को एक उथले अन्तर्देशीय समुद्र (inland sea) ने जिसका नाम टेथिस है, एक दूसरे से अलग किया है।

- विश्व के मान चित्र ध्यान से देखिए, क्या आपको कुछ महाद्वीप ऐसे प्रतीत होते हैं जो मानो किसी jigsaw puzzle के दो टुकड़े हों? उन महाद्वीपों के नाम दीजिए।
- ऑस्ट्रेलिया किस दिशा में गति कर रहा है?
- भारत किस दिशा में गति कर रहा है ?

पृथ्वी के गोलार्थ पर इन महाद्वीपों को वर्तमान स्थिति और आकार में पहुँचने में लाखों वर्ष लग गये। आज भी बहुत से महाद्वीप एक दूसरे को ढ़केलते हुए धीमी गति कर रहे हैं। अगले अध्याय में हम इसके बारे में विस्तार से अध्ययन करेंगे।

## पृथ्वी की ग्रिड व्यवस्था


अभी तक हमने पृथ्वी और उसकी आंतरिक संरचना के निर्माण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। अब हम यह देखेंगे कि इसे गोलार्थ और नक्शे पर कैसे दिखाया जाता है।

### विभिन्न स्थानों के अक्षांश और देशांश का पता लगाने में अटलस (मानचित्र पुस्तिका) का उपयोग

एक सुन्दर तरीके से प्रस्तुत की गई मानचित्र पुस्तिका (atlas) से या इन्टरनेट गूगल अर्थ website के द्वारा आप किसी स्थान के अक्षांश-देशांश ज्ञात कर सकते हैं। यहाँ एक उदाहरण दिया जा रहा है, कि अटलस में देखकर अक्षांश और देशांश का पता कैसे लगायें। एटलस के पिछले पन्नों में भी विभिन्न स्थानों के अक्षांश देशांश की जानकारी दी है, उसी प्रकार शब्दकोश में भी देखिए।

**उदाहरण :** हैदराबाद के लिए अक्षांश-देशांश की जानकारी प्राप्त कीजिये।

पहले की सूची में हैदराबाद नाम ढूँढिये। उसके पश्चातआपको उस स्थान के बारे में जानकारी मिल जायेगी। अटलस में दी जाने वाली सूची का नमूना इस प्रकार होता है।





मानचित्र पुस्तिका में आपको जानकारी शायद थोड़ी सी भिन्न देखने को मिले, पर ये सभी तत्व वहाँ होते हैं।

SCERT TELANGANA


अब भूकंपीय क्षेत्र स्थानों की सूची में से दूसरे स्थानों के लिए अक्षांशों और देशांशों का मान ज्ञात कीजिये। विश्व के मान चित्र में उन स्थानों को दर्शाइए। यह आपको प्रशांत महासगरीय अग्निचक्र और भूकंपीय क्षेत्रों को समझने में सहायता देगा।

गोलार्ध पर अक्षांश और देशांश देखाओं का जाल बिछा होता है। इसे ग्रिड़ कहते हैं। ग्रिड की सहायता से हम कई स्थानों का पता लगा सकते हैं, उनके बारे में बहुत कुछ जान सकते हैं, जैसे उन स्थानों में कितनी गर्मी या सर्दी होती है, उस स्थान तक पहुँचने के लिए हमें किस दिशा में जाना चाहिए और किसी भी क्षण वहाँ क्या समय हुआ होगा।


- पिछली कक्षाओं में हमने गोलार्ध के बारे में पढ़ा है। इन चित्रों में फिर से इसकी पुनरावृति करेंगे।




उत्तरी गोलार्ध



पश्चिमी गोलार्ध



दक्षिणी गोलार्ध



पूर्वी गोलार्ध

ऊपर दिये गये मानचित्रों की सहायता से निम्न तालिका पूरी कीजिए।

| गोलार्ध | खंड |
|---|---|
| उत्तरी गोलार्ध | |
| पश्चिमी गोलार्ध | |
| दक्षिणी गोलार्ध | |
| पूर्वी गोलार्ध | |


## अंक्षास रेखाएँ

पृथ्वी के ठीक मध्य से जाने वाला क्षैतिज वृत्त, जो उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव से समान दूरी पर होता है, भूमध्य रेखा कहलाती है। यह रेखा (वृत्त) पृथ्वी को दो समान भागों में बाँटती है। इस वृत्त को 0° अक्षांश का नाम दिया गया है। जैसे रेखागणित को कोणों में व्यक्त किया जाता है, अक्षांशों को भी अंश (°) मिनट (') और सेकण्ड (") में व्यक्त किया जाता है। बहुत से अटलस में आपको अक्षांशों को इस प्रकार से मिनट और सेकण्ड में व्यक्त किया हुआ देखने को नहीं मिलेगा।

भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर जाते समय कई समानान्तर वृत्त दिखाई देंगे। प्रत्येक वृत्त एक अक्षांश कहलाता है। अक्षांश को अंग्रेजी में Latitude कहते हैं, जिसकी व्युत्पत्ति लेटिन शब्द latitudo से हुई है जिसका अर्थ हैं चौड़ाई।

SCERT TELANGANA

अक्षांशों का मान 0° (भूमध्य रेखा) से 90°उत्तर(उत्तरी ध्रुव) तक और 0° से 90° द. (दक्षिणी ध्रुव) तक ही अभिव्यक्त किया जाता हैं। 0° से कम और 90° से अधिक कोई अक्षांश नहीं होता। प्रत्येक अक्षांश को उसकी दिशा उ.या.द. के साथ व्यक्त करना अनिवार्य है। भूमध्य रेखा के लिए उत्तर या दक्षिण नहीं लिखा जाता।




*चित्र. 1.5: अक्षांश रेखाएँ*

कुछ अक्षांशों को विशेष नाम दिया गया है। ये नाम सूर्य रश्मियों के पृथ्वी पर गिरने के नमूने के आधार पर दिये गये है, जिसके बारे में आपने जलवायु और सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की गति के अध्याय में पढ़ा होगा।

सभी अक्षांशों में भूमध्य रेखा सबसे बड़ी है। दूसरे अक्षांश इसके दोनों ओर हैं और ध्रुव की ओर जाते हुए धीरे-धीरे छोटे होते जाते हैं। ध्रुव पर 90°उ और 90°द वृत्त नहीं हैं। ये केवल बिन्दु हैं।

भूमध्य रेखा और उत्तरी ध्रुव के बीच का पृथ्वी का आधा भाग उत्तरी गोलार्ध कहलाता है। गोलार्ध का अर्थ है - आधा गोला। इसी तरह भूमध्य रेखा और दक्षिणी ध्रुव के बीच का पृथ्वी का आधा भाग दक्षिणी गोलार्ध कहलाता है। दोनों ध्रुवों के बीच अक्षांशों की कुल संख्या (भूमध्य रेखा को छोड़कर)180 है।

**देशांश रेखाएँ**

देशांश को अंग्रेजी में Longitudo कहते हैं, जो एक लैटिन शब्द है और उसका अर्थ है 'लम्बाई'। देशांश पूर्ण वृत्त नहीं हैं बल्कि अर्ध वृत्त हैं जो एक ध्रुव से दूसरे ध्रुव को जोड़ती हैं। प्रत्येक देशांश रेखा हर अक्षांश को काटती हैं।

जो देशांतर रेखा इंग्लैण्ड के ग्रीनविच स्थित खगोल-वेधशाला से होकर गुजरती है उसे 0° देशांश या प्रमुख देशांश या ग्रीनविच देशांश कहते हैं।

ग्रीनीच को 'Greenwich' लिखा जाता है लेकिन इसका उच्चारण ग्रीनीच किया जाता है।


बहुत से देशों ने प्रयत्न किया, कि जो देशान्तर रेखा उनके अपने राष्ट्र से गुजरती है, उसे 0° देशांश माना जाय, पर इंग्लैण्ड ने निर्णय किया कि जो देशांतर रेखा ग्रीनविच से होकर गुजरती है, वही 0° देशांश होगी। उस समय इंग्लैण्ड का शासन था, इसलिए सभी देशों ने उसके निर्णय को अन्ततः मान लिया।

देशान्तर रेखाओं की संख्या 360 है। हम इन्हें दो समूहों में व्यवस्थित कर सकते हैं। 0° - 180° पूर्वी देशांतर रेखाएँ जो पूर्व की ओर जाती हैं, और 0° से 180° पश्चमी देशांतर रेखाएँ जो पश्चिम की ओर जाती हैं। 0° और 180° देशांतर रेखा के लिए कोई दिशा संकेत नहीं है। दूसरी देशांतर रेखाओं के साथ दिशा बताना अनिवार्य है। जैसे 28°पू, 28° पूर्वी देशांतर के लिए और 127° पश्चिमी देशांतर के लिए प्रत्येक देशांश को अक्षांश के समान ही मिनट (') और सेकण्ड (") में बाँटा जाता है।

0° देशांश (180°) देशान्तर के सन्मुख देशान्तर रेखा को विपरीत देशांश (anti-meridian) कहते हैं।

पूर्वी देशान्तर रेखाओं से पूर्वी गोलार्ध का निर्माण होता है और पश्चिमी देशान्तर रेखाएँ पश्चिमी गोलार्ध बनाती हैं।

इतना सब जान लेने के बाद यह भी याद रखिये कि अक्षांश और देशांश केवल काल्पनिक रेखाएँ हैं।




*चित्र. 1.6: देशांतर*

## देशांश और समय

$1^0$ देशांश को पार करने के लिए सूर्य की स्थिति बदलने में 4 मिनट का समय लगता है। इसका अर्थ यह है कि प्रत्येक देशांश पर समय अलग-अलग होता है। एक उदाहरण देखिएः जब सूर्य 10° पूर्व देशांश पर, बिल्कुल सर के ऊपर होता है, उस समय स्थानीय समय के अनुसार दोपहर के 12 बजते हैं। परन्तु $9^0$ पू.

**अन्य नाम**

अक्षांश को समानान्तर रेखाएँ भी कहते हैं। क्योंकि वे एक दूसरे के समानान्तर होती है। साधारण सी बात है, देशांतर को भूमध्य रेखा भी कहते है। भूमध्य रेखा को अंग्रेजी में meridian कहते है। Meridian शब्द लैटिन के meridianus से बना है। जिसका अर्थ है दोपहर (noon) यह वह समय है जब सूर्य सीधा हमारे सर के ऊपर होता है। इसीलिए देशांतर समय से संबंधित है।

SCERT TELANGANA

(antimeridian) पर दिन के 11.56 और $11^0$ पू. (post meridian) पर दोपहर के 12.04 होते हैं। तो यह स्पष्ट हो गया कि सूर्य ही समय सम्बन्धी भ्रम पैदा कर सकता है।

इसलिए पृथ्वी को 24 काल क्षेत्रों में बाँटा गया है जो ग्रीनविच देशांतर रेखा से प्रारंभ होकर पूर्व और पश्चिम को स्थित होते हैं। प्रत्येक काल भू कटिबंध के बीच की चौड़ाई 15° देशांश होती है। इसका तात्पर्य यह है कि एक भू कटिबंध से दूसरे काल भूकटिबंध के बीच समय का अंतर 1 घंटा होता है (15° देशांश x 4 मिनट। देशांश = 60 मिनट) जैसे-जैसे आप ग्रीनविच से पूर्व की ओर जाते हैं, समय बढ़ता जाता है और जैसे-जैसे ग्रीनविच रेखा से पश्चिम की ओर बढ़ते हैं, समय घटता जाता है।

जब 0° देशांश पर सोमवार को दोपहर के 12 बजते हैं तब उसके विपरीत देशांश (anti-meridian) पर रात के 12 बजते हैं। 180° के बिल्कुल पश्चिम में मंगलवार तभी प्रारंभ होता है जबकि पूर्व में सोमवार उसी समय समाप्त होने वाला होता है।

### समय और यात्रा

आप जानते हैं कि पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमती है साथ ही देशांश रेखायें काल्पनिक हैं। अतः आपके पूर्व से पश्चिम की ओर या पश्चिम से पूर्व की ओर जाने में लगने वाले समय में अंतर होता है। जब आप पूर्व से पश्चिम की ओर यात्रा करते हैं तो आपको हर एक देशान्तर रेखा को पार करने में 4 मिनट कम लगते हैं जब आप पश्चिम से पूर्व की ओर यात्रा करते हैं, तो हर देशान्तर रेखा के लिए 4 मिनट का समय अधिक लगता है। इन्हें EGA (East Gain Add) (पूर्वी लाभ) WLS (West Lost Subtract) (पश्चिमी हानि) कहा जाता है।

ध्यान दीजिये कि यदि आप गणना किए गये काल भू कटिबंधों की सीमाओं के साथ चलते हैं तो पायेंगे कि कुछ देशों में एक घंटे से भी कम समय के एक से अधिक काल भू कटिबंध हैं। उदाहरण के लिए भारत में एक घंटे के दो काल भू कटिबंध हैं। इसका तात्पर्य यह है कि भारत के पश्चिमी और पूर्वी भागों के समय में एक घंटे का अंतर होता है, सुदूर उत्तर पूर्वी भागों में यह अन्तर और अधिक होता है। यह तथ्य जितना जटिल है, उतना ही उसका उपयोग नगण्य है।

इन परिस्थितियों में, कुछ देशों ने उनके राष्ट्र से में गुजरने वाली किसी एक देशान्तर रेखा के समय को चुन लिया और उसी समय को सम्पूर्ण देश के लिए प्रामाणिक समय मान कर उसका पालन किया। इसे मानक समय कहते हैं। प्रत्येक राष्ट्र अपने समय भू कटिबंध को अपना नाम देता है। भारत के लिए यह भारतीय प्रामाणिक समय था (IST) और पाकिस्तान के लिए पाकिस्तान प्रामाणिक समय।

इससे यह लाभ होता है कि भारत के किसी भी भाग में एक ही समय होता है जैसे मुम्बई में सुबह के 4 बजे हैं तो इम्फाल में भी सुबह के 4 ही बजे होंगे। कई देशों में जिनमें से अधिक संख्या में देशान्तर रेखाएँ गुजरती हैं, समय की गणना कुछ ज्यादा ही जटिल है। ऐसे देश अपने देश को कई काल-भूकटि सुविधाजनक काल भूकटिबंधों में बाँट सकते हैं जिनमें निकटतम दो कटिबंधों के बीच समय का अंतर एक घंटे का हो।

### क्या आप जानते है?

एक स्थान से दूसरे स्थान पर समय के भ्रम को दूर करने के लिए $82^0 30'$ पूर्वी देशांतर को भारत का प्रामाणिक देशांतर (standard meridian) माना गया है और भारतीय प्रामाणिक समय (IST) माना जाता है। ग्रीनविच और IST में 5½ घंटे का अंतर होता है।

SCERT TELANGANA

- अपने अटलस का उपयोग करके बताइये कि निम्न देशों में कितने काल भू-कटिबंध हैं ? संयुक्तराष्ट्र अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, रशिया (रूस), जापान, जिम्बाब्वे और चिली।
- सुनीता हैद्राबाद के एक काल सेन्टर में काम करती है। उसके ग्राहक (clients) अमेरिका में रहते हैं, जिनकी कम्प्यूटर सम्बन्धी समस्याओं का वह समाधान करती है। वह सदेव रात के समय ही काम करती है। ऐसा क्यों? भौगोलिक ज्ञान के आधार पर पता लगाइये।

  जब ग्रीनविच (0°) में दोपहर के 12 बजे हों तो निम्न स्थानों का स्थानीय समय क्या होगा?

  (a) मुम्बई (73° पूर्व)  (b) शिकागो (87°30' पश्चिम)  (c) सिडनी (151° पूर्व)

## मुख्य शब्द

1. बिग बैंग  2. ग्रिड  3.गोंड़वाना  4. प्राईम रेखांश (ल्यूरेशिया)  5.समय क्षेत्र  6. प्रामाणिक समय

## शिक्षा में सुधार

1. अटलस में भारत का नक्शा देखकर निम्न स्थानों के अक्षांश और देशांशों का पता लगाइये : ($AS_5$)

   अक्षांश  देशांश

   कन्या कुमारी ________ और _______

   इम्फाल ________ और _____________

   जैसलमेर ______________ और _________

   पुणे _______________ और _______________

   पटना _______________ और __________________
2. उन शब्दों को पहचानिये जो अक्षांश और देशांश से मेल खाते हैं (समानान्तर रेखाएँ, ऊर्ध्वाधर रेखाएँ, क्षैतिज रेखाएँ) ($AS_1$)
3. अगले पृष्ठ में समय भू कटिबंध दुनिया का मानचित्र देखिये। ($AS_5$)

   a) यदि आप नई दिल्ली से पेरिस की ओर सफर कर रहे हैं तो आप किस समय क्षेत्र की ओर जा रहे है? _______


   b) यदि आप हैदराबाद से टोकियो की ओर सफर कर रहे है, तो आप किस समय क्षेत्र की ओर जा रहे है? ___________
4. पृथ्वी की रचना और उसके ढांचे का अध्ययन करना कठिन क्यों है ? ($AS_1$)
5. 'पृथ्वी की आंतरिक संरचना' शीर्षक वाला अनुच्छेद पढिए और प्रश्न का उत्तर लिखिए। ($AS_2$) आप यह कैसे कह सकते है कि पृथ्वी अब भी अत्यधिक क्रियाशील है?
6. ग्रिड़ क्या है और वह हमारी कैसे सहायता करता है? ($AS_1$)
7. निम्न में अंतर बताइए। ($AS_1$)

   अ) स्थानीय और प्रामाणिक समय  आ) भूमध्य रेखा और प्राईम रेखांश
8. यदि प्रत्येक राज्य अपने स्थानीय समय का पालन करेगा तो कौनसी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती है? ($AS_4$)
9. अपने शिक्षक की सहायता से दिये गये देशों के प्राईम देशांतर का पता लगाइए। ($AS_5$)

   १) नेपाल  २) पाकिस्तान  ३) बँगलादेश  ४) इंग्लैण्ड  ५) मलेशिया  ६) जापान
10. पृथ्वी की सुरक्षा पर एक विचारोत्तेजक पोस्टर तैयार कीजिए। ($AS_6$)

SCERT TELANGANA

# विश्व समय क्षेत्र (World - Time Zones)



अध्याय

2

# पृथ्वी के प्राकृतिक मंडल
# स्थल मंडल

भू वैज्ञानिक अर्थात जो लोग पृथ्वी का अध्ययन करते हैं, प्रायः पृथ्वी के तीन-चार प्रदेशों के बारे में बातें करते हैं। ये वो क्षेत्र है, जिनमें कुछ सामान्य लक्षण पाये जाते हैं । ये हैं - 1. स्थल मंडल (लीथोस्पियर), 2. जल मंडल (हाइड्रोस्फियर), 3. वायु मंडल (अट्मास्फियर), 4. जीव मंडल (बायोस्फियर)

इन प्रदेशों के बारे में आप पिछली कक्षाओं में पढ़ चुके है, पर यहाँ हम इन प्रदेशों की बड़ी विशेषताओं के देखेंगे । साथ ही यह भी देखेंगे कि ये प्रदेश आपस में किस प्रकार से जुड़े है और मनुष्य का इनके साथ कैसा व्यवहार है।

**1. लिथोस्पियर: (स्थल मंडल)** यह ठोस पर्पटी (पपड़ी) या पृथ्वी का ऊपरी कठोर भाग है। यह भाग चट्टानों और खनिजों से बना हुआ है और मिट्टी के एक ठोस पर्त से ढका हुआ है। लीथोस्पियर एक ग्रीक शब्द है, लीथो (Litho) का अर्थ है पत्थर या चट्टान और स्फियर (sphaira) का अर्थ है मंडल या गोला ) जैसा आपको ग्लोब में दिखाई देता है, यह भाग वैसा चिकना नहीं होता । इस प्रदेश में ऊँचे-ऊँचे पहाड, ऊँचे पठार, निचले मैदान, गहरी घाटियाँ और पानी से भरी गहरी तलहटियाँ पाई जाती है। लिथोस्पियर के इन रुपों को हवा और पानी ने आकार प्रदान किया है। इस पपड़ी का एक छोटा सा अंश धूल के कण आदि के रूप में वायु में भी मिला हुआ होता है। जब सूर्य की किरणों के कारण लिथोस्पियर गरम हो जाता है या ठंडा हो जाता है, यह हवा और पानी को भी प्रभावित करता है। हम और दूसरे जीव पृथ्वी के इस भाग में रहते हैं । हम इस पर पपड़ी पर पाई जाने वाली चट्टानों, मिट्टी और अन्य पदार्थों का अनेक प्रकार से उपयोग करते हैं ।

**2. हाईड्रोस्पियर:(जल मंडल)** पृथ्वी का जल वाला प्रदेश हाइड्रोस्पियर कहलाता है (यह ग्रीक शब्द हुडर (hudor) से लिया गया है। जिसका अर्थ है पानी) पानी के विभिन्न स्रोतों से मिल कर पृथ्वी का यह प्रदेश बना हुआ है, जिनमें नदियाँ, झीलें, समुद्र, महासागर आदि शामिल है। भूमि के अंदर गहराई में चट्टानों के बीच में पानी का कुछ भाग पाया जाता है, जिसे भू जल या खनिज (मिनरल) जल भी कहते हैं।

**3. अट्मॉस्फियर:(वायुमंडल)** हवा की एक पतली पर्त जो पृथ्वी को घेरे हुए है, उसे ही अट्मास्फियर या वायुमंडल कहते हैं । अट्मास्फियर दो शब्दों से मिल कर बना है। ग्रीक शब्द एट्मस (atmos) यानि जल वाष्प स्फियर यानि गोला या मंडल । वायुमंडल अनेक गैसों से मिलकर बना है जैसे आक्सीजन, नाईट्रोजन, कार्बन डाई आक्साईड, जल वाष्प आदि, साथ ही धूल के कण भी ।

- आपने खनिज पदार्थ जैसे बेराईट या कोयले के खनन के बारे में पढा है, आपके अनुसार यह खनन लिथोस्पियर, हाईड्रोस्पियर और बायोस्फियर को किस प्रकार से प्रभावित करता है?
- मनुष्य रोगों के निदान के लिए प्रतिजैवक दवाईयाँ लेते हैं। आपके अनुसार यह लिथोस्फियर, बायोस्फियर और हाईड्रोस्फियर को किस प्रकार प्रभावित करता है।
- आपने देखा कि वैज्ञानिक शब्दावली में बहुत से यूनानी लैटिन शब्दों का प्रयोग होता है, आप बताईये ऐसा क्यों होता है? सोचिए और अपने शिक्षक के साथ चर्चा कीजिए।

SCERT TELANGANA

**4. बायोस्फियर:(जैवमंडल)** सभी जीवों, जिनमें वे जीवाणु भी शामिल है, जो वायुमंडल की ऊँचाई में या समुद्र की गहराई में पाये जाते है, से मिलकर बायोस्फियर बना है। (यह एक ग्रीक शब्द बायोस (Bios) से बना है, जिसका अर्थ है जीवन) जैसा कि आप समझ सकते हैं कि जीवन के लिए ऊपर बताये गये सभी तीनों प्रदेशों अर्थात भूमि, जल और वायु की आवश्यकता है।

अब आप समझ सकते हैं कि पृथ्वी के इन प्राकृतिक मंडलों का एक दूसरे के साथ बहुत गहरा संबंध है और ये एक दूसरे को प्रभावित भी करते हैं। अब हम पृथ्वी के पहले प्राकृतिक मंडल का विस्तार से अध्ययन करेंगे। शेष का अगले अध्यायों में अध्ययन करेंगे।

## लिथोस्फियर

आपके वचिार में निम्न में से किस प्रकार के प्रश्नों के उत्तर इस खंड में दिए जा सकते है ? दी गयी सूची में उन पर निशान लगाइए।

- ज्वालामुखी और भूकंप के कारण क्या है ?
- पर्वतों के अस्तित्व का क्या कारण है?
- नदियों के साथ घाटियाँ और दर्रे क्यों होते हैं ?
- वर्षा कैसे होती हैं?
- हवाएँ कैसे चलती हैं?
- डेल्टा कैसे बनते हैं ?

### भू आकृतियाँ

पृथ्वी के जिस भू भाग पर हम रहते हैं उसे लिथोस्फियर कहते हैं । आपने पिछले अध्याय में पढा कि पृथ्वी के पर्पटी खुरदरी और ऊबड-खाबड है । गहरी तलहटी का स्थान अब महासागरों ने ले लिया है और फिर महाद्वीप बने। भूगोलशास्त्री इसे भू आकृतियों का पहला वर्ग या भू पर्पटी का महासागरों और महाद्वीपों में प्रारंभिक वर्गीकरण कहते है।

दिए हुए संसार के मान चित्र में महाद्वीपों के नाम लिख कर भूरे रंग भरिए और महासागरों का नाम लिखकर नीला रंग भरकर प्रदर्शित कीजिए ।



*मानचित्र 1: विश्व मानचित्र- महाद्वीप और महासागर*

महाद्वीपों की सतह भी समतल नही है, उसमें समतल निचली भूमि, पठार और ऊँचे पहाड़ भी है । ये (पहाड़, महाद्वीप, पठार) एक तरह से पृथ्वी के अंदर होने वाली आंतरिक प्रक्रियाओं का परिणाम है । भूगर्भ शास्त्रीय इन भौगोलिक स्वरुपों को जैसे पहाड़, मैदान और पठार को भू आकार का द्वितीय वर्ग कहते हैं ।




SCERT TELANGANA

## ज़िग ज़ॉ पहेली और गतिमान प्लेटें

पिछले पाठ में हमने देखा कि कैसे बहुत से महाद्वीप जिग जा पहेली के टुकड़ों जैसे लगते थे, कैसे वैज्ञानिकों को समझ में आया कि शुरु में शायद सारे महाद्वीप एक दूसरे से मिले हुए थे, और कैसे वे टूट गये और धीरे-धीरे अलग-अलग दिशाओं की ओर गति करते हुए अपनी वर्तमान स्थितियों को पहुँच गये । अनेको सालों तक ध्यान पूर्वक अध्ययन करने के बाद भूगर्भ शास्त्रियों ने यह निष्कर्ष निकाला कि सभी महाद्वीप और महासागर भी वास्तव में विशाल चट्टानी आधार पर टिके हैं, जिन्हें प्लेट कहते है। पृथ्वी पर लगभग 7 बड़ी प्लेटें है और अनेकों छोटी । (बडी प्लेट अफ्रिकी, उत्तरी अमेरिकी, दक्षिण अमेरिकी, इंडो-आस्ट्रेलिया, अर्टकांटिक, प्रशांत और यूरेशियाई। छोटी प्लेटों में नजका (Nazca) और अरबी प्लेटें है।) इन प्लेटों की खास बात क्या हैं? ये प्लेटें वास्तव में मोशिश में तैरती है। उन्हें लगातार धक्का दिया जाता है, इसलिए ये धीरे-धीरे गति करती रहती है । इनकी गति इतनी धीमी होती है कि हम इस गति का अनुभव भी नहीं कर पाते । इस गति का यह परिणाम होता है कि एक प्लेट अपने पास की दूसरी प्लेट को धक्का देती है। जहाँ दो प्लेटें आपस में मिलती है और एक दूसरे को धक्का देती है, वहाँ उनमें से प्रत्येक के द्वारा दूसरी पर बहुत सा दबाव डाला जाता है। एक प्टेल नीचे की ओर मेंटल में धकेल दी जाती है, जबकि दूसरी प्लेट ऊपर की ओर धकेल दी जाती है, इससे पर्वत श्रृंखला का निर्माण होता है। प्लेटों की इस गति को प्लेट टेक्टोनिक्स (tectonics) कहते है । इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप भूकंप होते है। अब प्रश्न यह है कि प्लेटों को धक्का क्यों दिया जा रहा है और कौन उन्हें धक्का देता हैं ?

> **क्या आप जानते हैं ?**
>
> टेक्टोनिक्स को यूनानी शब्द टेक्टोन से लिया गया है, जिसका अर्थ है, बढ़ई या भवन निर्माण करने वाला है । इसका संबंध संस्कृत शब्द तक्षन से भी है, जिसका अर्थ भी बढई है।





*मानचित्र 2: विश्व प्लेट का मानचित्र*

**समुद्री तल पर प्रसार:** भूगर्भशास्त्रियों ने समुद्र के नीचे पर्पटी का अध्ययन करते समय यह खोज निकाला कि कुछ समुद्रों जैसे प्रशांत महासागर के नीचे मध्य समुद्री ढालू टीले है। ये मेंटल के ऊपर की ओर उठते हुए लावा से बनाये जाते है। इन ढालू, टीले के फटने से नये समुद्री तल का निर्माण होता है, जो बसाल्ट चट्टान (एक प्रकार की भूरी चट्टान) का बना होता है। यह ढालू के किनारे फैल जाती है। यह नयी पर्पटी महासागर तल को चौड़ा करती हुई। ढालू से दूर खींची चली जाती है। इसके कारण समुद्री-तर-प्रसार होता है। इस प्रकार मध्य समुद्री ढालू तल में इस पृथ्वी ग्रह में बनी हुई नवनतम पर्पटी पाई जाती है।




SCERT TELANGANA





*अवस्था-1 formation of rift valley*

*पारम्परिक धाराओं के दबाव में उत्पन्न महाद्वीपीय दरारें*



*अवस्था-2 ancient ocean*


*पपड़ी के फटे हिस्से दरार घाटी अवसाद रूप में बदलती हुई*



Mid-ocean ridge - older ocean

*अवस्था-3*

*महासागर जब अवसाद लेते है तो मेग्मा दरारे बढ़ती रहती है।*



*अवस्था -4 वर्तमान महासागर*

*चित्र 2.1: समुद्र तल प्रसार*

**हाशिये पर तमाशा:** प्लेटों की हाशिए या उनकी सीमाएं जहाँ प्लटे आकर मिलती हैं, वहाँ बड़ी भूगर्भीय क्रियाएं होती है। हमने देखा कि कैसे नई पपर्टी का निर्माण होता है और यह नई पपडी ढालू टीले के किनारे की और फैलती है। इस तरह समुद्री तल में प्रसार बनता है। इसी प्रकार प्लेटों के दूसरे किनारे पर जहाँ एक प्लेट दूसरे से मिलती है, अक्सर अंदर की ओर जाने वाली प्लेट स्थिर प्लेट के नीचे दब जाती है। वास्तव में अंदर आने वाली प्लेट पृथ्वी के मेंटल में प्रवेश करती हैं और मेंटल की गर्मी के कारण पिघल जाती है। इस प्रकार नीचे मेंटल (मोशिश) में जाती हुई प्लेट अपने साथ बाकि प्लेटो को खींचती है। फिर यह महासागर ढालू के समीप नवीन निर्मित समुद्री धरातल को खींचती है। उदाहरण के लिए भारतीय प्लेट (जिस पर भारत का दक्षिणी पठार सवारी कर रहा है) यूरेशियन प्लेट को धक्का देती है और उसके नीचे जहाँ हिमालय पर्वत है, वहाँ चली जाती है। कल्पना करो कि एक सुदूर भविष्य में वह भूमि जिस पर आप खड़े हैं, वह हिमालय के नीचे चली जाएगी और पिघले हुए मेंटल से जा मिलेगी । वास्तव में भारतीय प्लेट के यूरेशियन प्लेट को धक्का देने की प्रक्रिया से ही हिमालय पर्वत समूह बने थे। (वैसे ही जैसे आप टेबल पर एक कपड़ा बिछाते हैं और उसे एक ओर

- हिमालय, एन्डीज और रॉकीज पर्वतों की स्थिति निर्धारित कीजिए। कारण बताइये कि इन पर्वतों का निर्माण उन स्थानों पर क्यों हुआ ? कारण समझाइए।
- क्या पृथ्वी की सभी चट्टाने मध्य सागर ढालू से बनी है?
- भूगर्भ शास्त्रियों को समुद्री प्राणियों के अस्थिपंजर हिमालय पर्वतों पर मिले। आप क्या सोचते हैं कि ये अस्थिपंजर हिमालय पर कैसे पहुँचे होंगे ?
- आप क्या सोचते हैं कि हम इन बडे-बडे परिवर्तनों का पृथ्वी के ऊपर क्यों नही अनुभव करते ? क्या इसलिए कि उन परिवर्तनों का हम पर प्रभाव नही पड़ता ? क्या आपको लगता है कि ये परिवर्तन हमें प्रभावित करते हैं?


SCERT TELANGANA

ढ़केलते हैं। कपड़े पर पहाड़ जैसी तहें बन जाती है और यह मुड़ जाता है।) हाल ही में नेपाल एवं पाकिस्तान में भूकंप आए जब भारतीय प्लेट यूरेशियन प्लेट को दबा दिया। प्लेट की बहुत सी सीमाएँ ज्वालामुखीय विस्फोट और भूकंप के लक्षणों से युक्त होती हैं। ये ही वे क्षेत्र हैं, जहाँ बहुत अधिक भूकम्प होते है।

## धीमी गति और अचानक गति

ऊपर के खण्ड में हमने देखा कि स्थल मंडल में दो प्रकार के परिवर्तन होते हैं। बहुत धीमी गतियाँ जिनसे पपडी का निर्माण होता है, महाद्वीपीय प्लेटों में गति होती है और वे वापस मेंटल में लौटती हैं, यह पहले प्रकार का परिवर्तन है, जो धीमी गति से होता है। दूसरा अचानक ज्वालामुखी का फटना और भूकम्प का आना है। यह एकाएक परिवर्तन है जो विनाशकारी होता है, इससे जान माल का बहुत नुकसान होता है। इनसे भू आकृतियों में भी परिवर्तन होता है।

**ज्वालामुखी:** ज्वालामुखी का चित्र देखिए, पृथ्वी की धरातल पर ज्वालामुखी वे स्थान है, जहाँ पृथ्वी के मेंटल से पिघला हुआ पदार्थ बहुत तेज गति से पृथ्वी की सतह के ऊपर आ जाता है। इस पिघले हुए पदार्थ के साथ जलवाष्प, धुआँ और अनेक गैसें भी पृथ्वी की गहराई से बाहर आती हैं। धुआँ, राख और धूल के कण वायुमंडल में फैल जाते जबकि पिघले हुए पदार्थ ठंडे होकर सख्त चट्टान बन जाते हैं, जिसे आग्नेय चट्टान कहते हैं । ज्वालामुखी के फटने से लावा बाहर आ जाता है।




*चित्र. 2.2: ज्वालामुखी*

उसका कुछ भाग भूमि के ऊपर तक नहीं पहुँच पाता। वह पृथ्वी की धरातल के नीचे ही ठंडा होकर चट्टान बन जाता है। इन्हें अर्न्तवेधी भू आकृति कहते है। ये सामान्य रुप से पुरानी चट्टानीं से ढँके रहते है और इन पुरानी चट्टानों के उठने



*चित्र. 2.3: स्ट्राम्बोली ज्वालामुखी (पृथ्वी का सबसे अधिक क्रियाशील ज्वालामुखीय भूमध्यसागरीय समुद्र का प्रकाश घर)*

**संसार के महत्वपूर्ण ज्वालामुखी**

| | |
|---|---|
| स्ट्राम्बोली | - सिसली |
| माऊँटपेली | - वेस्टईंडीज |
| माउँटवेसुविअस | - इटली |
| फुजीयामा | - जापान |
| कोटोपैक्सी | - इक्वेडोर |
| मेयान | - फिलीपीन्स |
| बैरन, नारकोन्डम | - भारत |
| किलिमन्जारो | - तंजानिया |

SCERT TELANGANA

पर ही दिखाई देते हैं। लावा का एक हिस्सा जो पृथ्वी की सतह के ऊपर आता है, बाहृयवेधी भू आकृति बनाता है। सम्पूर्ण लावा ज्वालामुखी से ही नहीं निकले हुए - लावा का कुछ भाग पृथ्वी सतह पर स्थित दरारों में से भी बाहर आता है और उसके चारों ओर फैल जाता है। उदाहरण के लिए इस प्रकार लावा का बहाव दक्षिण में हुआ, जिससे विशाल लावा का पठार बना ।

- ज्वालामुखी के फटने से होने वाले नुकसान काल्पनिक जानकारी दीजिए।

## द पेसिफिक रिंग ऑफ फायर

सैकड़ों वर्षो से भूगोल शास्त्रियो ने ध्यान दिया कि बहुत अधिक संख्या में भूकंप और ज्वालामुखीय गतिविधियाँ प्रशांत महासागर के घेरे अर्थात प्रशांत महासागर की तलहटी के किनारे पर (चारों ओर के घेरे) पर होती है। संसार के सभी क्रियाशील ज्वालामुखियों के तीन चैथाई ज्वालामुखी इसी प्रशांत सागरीय घेरे में स्थित है । प्लेट टेक्टोनिक्स का सिद्धांत इस व्यवस्था की व्याख्या करता है। प्लेट सीमाएं प्रशांत महासागर की तलहटी के चारो ओर पूरे स्थान में पाई जाती है। इन्हीं प्लेट सीमाओं के चारो ओर ज्वालामुखी और भूकम्प होते हैं। इसी कारण इसका नाम पेसिफिक रिंग ऑफ फायर पड गया ।




*मानचित्र 3: द पेसिफिक रिंग ऑफ फायर*

## आंतरिक और बाहृय प्रक्रियाएँ

हमने देखा कि पृथ्वी के अंदर होने वाली प्रक्रियाओं के कारण पहाड़ और चट्टाने ऊपर उठती है। बाहरी शक्तियाँ जैसे हवा और पानी, पृथ्वी की सतह को बड़ी तीव्रता से पहुँचाने में लगी हुई है। ये रचनात्मक और विध्वंसक शक्तियाँ ही पृथ्वी पर वर्तमान समय में दिखने वाली विभिन्न भू आकृतियों को जन्म देती है। ये बाहरी प्रक्रियाएँ एक ओर तो पहाड़ों और चट्टानों की सतह का अपक्षय करती है, फिर इस क्षरा जनित पहाड़ों और चट्टानों के कणों को अपने साथ बहाकर या उड़ा कर ले जाती है और निचली भूमि में या तलहटी में जमा करती है। इस प्रकार एक स्थान पर अपक्षय होने से और दूसरे स्थान पर जमा होने से पृथ्वी की सतह का सामान्य रुप से समतलीकरण होता गया है।

इस प्रकार बनी हुई भू आकृतियों को भूगोलवत्ता तृतीय स्तर की भू आकृतियाँ कहते है। इन आकृतियों में वक्र पर्वत, घाटियाँ, डेल्टा रेतीले टीले जैसी आकृतियाँ शामिल है। अपक्षयन, अपरदन, परिवहन, और निक्षेप जैसे अभिक्रियाएं उपर्युक्त भू आकृतियों के निर्माण के लिए मुख्य रुप से जिम्मेदार हैं ।

यह प्रक्रिया अनाच्छादन कहलाती है। अनाच्छादित सतत प्रक्रिया है। जो आज हम निचली भूमि देख रहे हैं,वहाँ कभी पर्वत और पठार थे । इस अनाच्छादन प्रक्रिया के कारण भू आकृतियों में लगातार परिवर्तन होता रहता है। परन्तु परिवर्तन की यह प्रक्रिया बहुत धीमी होती है। पर्वतों, पठारों और मैदानों की संरचना जिस प्रक्रिया के कारण लगातार बदलती रहती है, उसे अपरदन चक्र या भू आकृतिक चक्र कहते हैं ।

## हवा और पानी पृथ्वी की सतह को कैसे रुपांतरित करते हैं?

पहले खंड में हमने पढा कि पृथ्वी के मोशिश में से बाहर आये हुए पिघले पदार्थों से चट्टानों का निर्माण हुआ। लाखों सालो में इन चट्टानों ने घाटियाँ, ढीली मिट्टी के मैदानों, पहाड़ों के भीतर नदी की घाटियों और पठारों आदि का रुप लिया । अब देखें, यह कैसे हुआ ?

वास्तव में कठोर वास्तविक चट्टान पहले अनेक छोटे टुकड़ों में विभाजित हो गई । ये टुकड़े मूल चट्टान से अलग हो गये और निचली सतहों की ओर जाकर वहाँ जमा हो गये । संपूर्ण प्रक्रिया निम्न चार अवस्थाओं में पूर्ण होती है।

i) **अपक्षयन:** अपक्षयन वायुमंडलीय शक्तियों या मौसमी शक्तियों द्वारा चट्टानों के क्रमिक विभाजन की प्रक्रिया है से जब चट्टाने गर्म होती है तो फैलती है और ठंडी होने पर संकुचित होती हैं। यह प्रक्रिया प्रतिदिन दिन और रात के समय और प्रति वर्ष गर्मियों और सर्दियों में चलती रहती है। पृथ्वी की सतह पर चट्टान सिकुड़ती है और फैलती है और फिर सिकुड़ती है। परिणामस्वरूप भंजनशील होकर चट्टान टूटने लगती है । पानी और हवा की नमी भी इस प्रक्रिया में सहायक होते है। पानी चट्टानों में उपस्थित रसायनों से क्रिया करके उन्हें और कमजोर बना देता है। वह प्रक्रिया जिसके द्वारा चट्टाने कमजोर होकर टूटने लगती है, अपक्षयन कहलाती है। एक बडी टूटी हुई चट्टान को ध्यान से देखें । आप पायेगें कि चट्टान के भीतरी भाग का रंग बाहरी सतह के रंग से भिन्न है । अपक्षयन के कारण चट्टान की बाहरी सतह का रंग परिवर्तित हो गया । आप यह भी पायेंगे कि भीतरी सतह की तुलना में ऊपरी सतह को काटना भी आसान होता है।

- आपके अनुसार चट्टानों का बाहरी भाग से आंतरिक भाग अधिक कठोर क्यों होता हैं?

ii) **अपरदन:** बहते पानी में या बहती वायु में बहुत शक्ति होती है । ये धीरे-धीरे चट्टानों का और मिट्टी के आवरण का अपक्षय कर सकते हैं और उसे हटा सकते हैं । पानी अपने विभिन्न रुपों से जैसे वर्षा, नदी, भूमिगत बहता पानी, समुद्र की लहरे या हिमनद आदि से चट्टानों के अपक्षयन का कार्य करता है। इसी तरह वायु भी अपने विभिन्न रुपों जैसे शांत हवा, प्रचंड हवा और तूफानी हवा से इस कार्य में भाग लेती है। इन गतिशील कारको के द्वारा पृथ्वी की सतह का अपक्षयन करके उसे दूर हटा देना ही अपरदन कहलाता है।

iii) **परिवहन:** अपरदन के बाद जो छोटी चट्टाने कंकड, बारिक मिट्टी, आदि रुपों में पदार्थ प्राप्त होते हैं । वे हवा या पानी के द्वारा बहा कर या उड़ा कर ले जाये जाते है इसे ही परिवहन कहते हैं । हवा, नदियाँ और समुद्र की लहरें भी चट्टानों और मिट्टी को काट कर दूर तक बहा ले जाती है। कभी-कभी तो सैकड़ों किलोमीटर दूर तक पहुँचा देती हैं ।

iv) **निक्षेप:** जब हवा की गति धीमी हो जाती है या पानी का बहाव धीमा पड़ जाता है, तो इनमें इतनी शकि त नहीं रहती कि वे पत्थर के टुकड़ों या मिट्टी को और आगे बहा कर ले जाय, इसलिए ये पदार्थ वहीं जमा हो जाते हैं । इस जमा हुए मलबे से मैदान और नदियों के तल बनते है। वास्तव में मलबे का अधिकांश भाग नदियों द्वारा समुद्र में बहाकर ले जाया जाता है। समुद्र तल में ये पदार्थ एक परत दूसरी परत के रूप में जमा होते जाते हैं और कालान्तर में चट्टान का रुप ले लेते हैं, जिसे अवसादी चट्टान कहते हैं ।



SCERT TELANGANA

ये चारों ही प्रक्रियाएँ पृथ्वी के विभिन्न भागों में एक साथ ही घटती रहती है। ये प्रक्रियाएँ पृथ्वी के ढाल, चट्टानों की संरचना, स्थानीय जलवायु और मनुष्यों के हस्तक्षेप पर निर्भर करती है।

## पानी के कार्य

क्या आप गणना कर सकते हैं कि एक नदी अपने उद्गम से अंत तक कितनी यात्रा करती है और अनुमान लगा सकते हैं कि कैसे यह चट्टानों के अपरदन से उत्पन्न पदार्थों को एक स्थान से बहाकर ले जाती है और दूसरे स्थान पर निक्षेप करती है?



*चित्र. 2.4: V आकार की घाटी*

नदी का कार्य उसके स्रोत से ही शुरु हो जाता है अर्थात ऊँचे पहाडों से । जब यह ऊपर से ढलान की ओर उतरती है । इसका बहाव बड़ा तेज होता है। यह पहाड़ों पर दबाव डालकर इसे ऊर्ध्वाधर काटती है। इससे घाटियों का निर्माण होता है। ये घाटियाँ ऊपर चौड़ी और तली में सँकरी होती है। सामान्यतः इसे वी (V) आकार की घाटी कहा जाता है। इस स्थिति में पानी का बहाव इतना शक्तिशाली होता है कि यह बडी और भारी चट्टानों को भी हटा सकता है।



*चित्र. 2.5: ग्रैंड केनयान*

**क्या आप जानते हैं ?**

संसार का सबसे बडा केनयान कोलोरोडो नदी पर है। यह ग्रैंड केनयान 466 कि.मी. लम्बा है।इसकी गहराई 1.6 कि.मी. है और चौड़ाई 188 मी.से 29 कि.मी. है।

- जार्ज बाँध बनाने के लिए उपयुक्त होते हैं।क्या आप इसका कारण बता सकते हैं?

कुछ परिस्थितियों में जब चट्टाने बहुत कठोर होती है, नदी चट्टान को काट कर संकरी घाटी का निर्माण करती है, किनारों का ढलान इतना अधिक होता है जार्जस (Gorges) का निर्माण होता है । आँध्र प्रदेश में गोदावरी पर बना बायसन जार्ज और कश्मीर में सिंधु जार्ज इसके उदाहरण हैं । एक अन्य महत्वपूर्ण अपरदन केनयान है। केनयान भी जार्ज जैसे ही गहरे होते हैं। जार्ज की चौड़ाई ऊपर और नीचे एक समान होती है, जबकि केनयान ऊपर चौड़ा और तल में सँकरा होता है।




*चित्र. 2.6: इण्डस जार्ज*

पहाड़ी प्रदेशों में जल प्रपात घाटी में बहुत अधिक होते हैं। जहाँ ढलान बिना किसी नियम के बदलते रहते हैं। पानी ऊपर से बड़ी तेजी से गिरता है, नीचे स्थित चट्टान को उखाड देता है और छोटे से तालाब (Plunge Pool) का निर्माण करता है।

जब नदी मैदानों में प्रवेश करती है, भूमि का ढलान भी कम हो जाता है और नदी का बहाव भी कम हो जाता है। अब इसमें भारी कणों को बहाकर ले जाने की क्षमता नही होती, इसलिए इन कणों को अपने तट पर जमा कर देती है। कभी-कभी जब नदी में बाढ आती है तब इसमें ताकत होती है और यह मिट्टी को काटती है और जब बाढ कम हो जाती है तो इस मिट्टी को यह जमा कर देती है। इस तरह विशाल पुल मैदान बनते हैं। जैसे गंगा का मैदान या कृष्णा गोदावरी मैदानों का निर्माण हुआ। जब बाढ का पानी दुबारा आता है तब तक मिट्टी के निक्षेप के कारण नदी का तट बहुत ऊँचा हो जाता है। तब बाढ का पानी अपना रास्ता बदलकर नया मार्ग बनाता है। इस तरह नदी मैदानों में लगातार अपना मार्ग बदलती रहती है। अपने पूरे मैदान में नदी अक्सर हल्के घुमावदार (सर्पाकार मोड) बनाती है । जैसा चित्र 2.8 में इन घुमावदार रास्ते के दोनों किनारों पर निक्षेप के कारण इसके दोनों किनारे एक दूसरे के बहुत पास आ जाते हैं। कालान्तर में यह घेरा सा बना लेते हैं और नदी से अलग हो जाते हैं। यह घेरा अलग होकर वृषभ की ग्रीवा के आकार की झील बनाता है। जब नदी समुद्र तक पहुँचती है, इसमे अभी भी कुछ सूक्ष्म कण विद्यमान होते है, जिन्हें नदी ने कही भी रास्ते में नही छोड़ा ।

इन कणों को नदी अपने मुँह के पास जमा कर देती है।




*चित्र 2.7: बाढ के मैदान का निर्माण*

इस प्रकार जमा की हुई मिट्टी से ही नदी का मुहाना बनता है, तो त्रिभुजाकार होता । डेल्टा शब्द की उत्पत्ति ग्रीक वर्ण डेल्टा ($\Delta$) से हुई है।

- झरने किस प्रकार से उपयोगी होते हैं ?व्याख्या कीजिए।
- हमारे प्रदेश के जल प्रपातों (झरनों) की जानकारी इकट्ठा कीजिए।
- जल प्रपात के कुछ चित्र जमा कीजिए।

**क्या आप जानते हैं ?**

1. संसार का सबसे ऊँचा जलप्रपात एंजेल फाल है, इसकी ऊँचाई 979 मी. है और यह वेनेजुएला की चुरू नदी पर है ।
2. दक्षिण आफ्रिका के टुगेला नदी पर जलप्रपात दूसरे नंबर पर है। इस टुगेला फाल की ऊँचाई 947 मी. है।
3. भारत का सबसे ऊँचा जलप्रपात कर्नाटक में वराही नदी पर स्थित कूंचिकल जलापात है। यह 455 मी. उँचा है।




*चित्र 2.8: सर्पाकार रास्ता.*

SCERT TELANGANA

- पहाड़ों पर और मैदानों में नदी के कार्यों की तुलना कीजिए.। दोनो प्रकार के कार्यों में समानताएँ और विभिन्नताएँ बताईए ।
- बाढ के मैदानो में रहना पहाड़ों की तुलना में कैसे सुविधाजनक और लाभदायक है?
- बाढ के मैदानों में रहने से क्या खतरे है?
- बाढ के मैदानों में या पहाड़ों में रहने वालो के जीवन के बारे में जानकारी एकत्रित कीजिए ।


## हिमनद का कार्य

**क्या आप जानते हैं ?**

संसार का सबसे बडा डेल्टा सुंदरबन है। यह गंगा और ब्रहमपुत्र के मुख पर है। गोदावरी और कृष्णा नदी मिलकर हमारे प्रदेश में दो बड़े डेल्टे बनाती है। भारत के मानचित्र में ढूँढिए।

हिमालय और आल्पस जैसे बहुत ठंडे प्रदेशों में बहुत बर्फ गिरती है। वहाँ वर्षा के स्थान पर हिम वर्षा होती है। यह हिम जमा होकर कठोर हो जाती है और बर्फ बनती हैं। जब अधिक बर्फ जमा होती है। तब यह नीचे की ओर बहती हुई गर्म स्थानों तक पहुँच जाती है। वहाँ पहुँच कर यह बर्फ पिघलती है और एक नदी का उद्भव होता है। गंगा का उद्भव हिमालय में गंगोत्री हिमनद से इसी प्रकार हुआ। बर्फ की चट्टानों का (बर्फ की नदी का) धीमा बहाव ही ग्लेशियर कहलाता है। पानी के बहाव के विपरित बर्फ का बहाव बहुत धीमा होता है। इसकी गति एक दिन में एक सेंटीमीटर या कुछ अधिक होती है। इनका गति का मूल कारण गुरुत्व बल है।

ग्लेशियर 'तोड़ने' को प्रक्रिया से घटते हैं। ग्लेशियर अपने ऊपर चट्टान के टुकडों को उठाकर उनका परिवहन करता है। इस तरह यह चट्टान का अपरदन करता है। ये चट्टान के टुकड़े और बहते हुए बर्फ के टुकड़े मिलकर रेत पेपर का कार्य करते हैं। जैसे रेत पेपर लकड़ी के ऊपर के सूक्ष्म कणों को घिसकर अलग करता, उसी तरह ग्लेसिरयर चट्टान को घिसकर खुरदरी चट्टान का अपरदन करता है। इन तोड़ने (plucking) और घिसने (abrasion) की प्रक्रियाओं के फलस्वरूप यू आकार की घाटी का निर्माण होता है।


चित्र. 2.9: ग्लेशियर (हिमनद)

ग्लेशियर का पिघलना

जैसे ही ग्लेशियर पिघलता है और पानी बनता है। इसमें बडी चट्टानों को बहाकर ले जाने की ताकत नहीं होती । इन्हें वह बडे खुरदरे पत्थरों के रुप में पीछे छोड़ देता है। छोटे कण और कंकड रेत आदि को हिमनद अपने साथ लाता है। हिमनद ये सारा मलबा जो कठोर मिट्टी कहलाता है पर्वत ढाल घाटियों मैदानों से प्राप्त करता है। कठोर मिट्टी जिसे हिमनदी अपने साथ नहीं ले जा सकती है, हिमनदी के ही भिन्न-भिन्न स्थलों पर जमा की जाती है। यह जमी हुई मिट्टी तलछट कहलाती है।

CERT TELANGANA

## लहरों का काम

समुद्री गुफा समुद्री चाप



टाल समुद्र तटीय पहाडी

*चित्र. 2.10: समुद्री तट की भू आकृतियाँ*

समुद्री लहरों द्वारा अपरदन और निक्षेप से तटीय भू आकृतियों का निर्माण होता है। समुद्र की लहरे लगातार चट्टानों से टकराती रहती है, जिसके कारण कालान्तर में उन पर दरारे बन जाती है। धीरे-धीरे खोखली गुफाएँ चट्टानों पर बनती जाती है। ये गुफाएँ आकार में बढती जाती है और गुफा की केवल छत ही बाकी रह जाती है । इस तरह समुद्री चाप (Sea Arches) का निर्माण होता है। अपरदन और अधिक होने से छत भी टूट जाती है और केवल दीवारें रह जाती हैं । इन दीवार जैसी आकृतियों को टाल (Stacks) कहते हैं ।

ढालू चट्टानी तट जो समुद्री जल से ऊपर उर्ध्वाधर ऊपर उठता है समुद्री चट्टान कहलाता है। समुद्री चट्टानों का और अपक्षय होने से अंतरीप और खाड़ी बनती है। अंतरीप मुख्यभूमि से काटी हुई आकृति होती है जो समुद्र के अंदर होती है। खाडी समुद्री सीमा के साथ बनी हुई चौडे मुँह की गुफा होती है। समुद्री लहरों से जो तलछट जमा होता है उसी से समुद्री तट का निर्माण होता है।

## हवा का कार्य

पिछले खंड में हमने पढ़ा है कि स्थल मंडल पर पानी की क्या प्रतिक्रिया होती है। इस खंड में हम वायुमंडल में परिवर्तन मुख्य रुप से पवन की क्रिया को देखेंगे । गर्म मरुस्थलों में हवा एक प्रमुख कारक है। संसार का $1/5^{th}$ वां भाग मरुस्थलों से निर्मित है। इनमें से कुछ चट्टानी होते हैं। दूसरे पत्थरों से भरे होते हैं तो कुछ रेतीले होते हैं। तेज हवाएँ जो बड़ी चट्टानों से टकराती है, अपने साथ रेत और मिट्टी के कण उडा कर ले जाती है। ये भी रेत पेपर के समान कार्य करती है और कठोर चट्टानों का अपरदन करती है। हवा के प्रभाव से मरुस्थलों में बडे सुंदर अपरदनीय और निक्षेपण लक्षण उत्पन्न होते है।



*चित्र. 2.11: कुकुरमुत्ता चट्टान*

**कुकुरमुत्ता चट्टान:** हवाएँ चट्टान के निचले भाग का ऊपरी भाग की अपेक्षा अधिक अपरदन करती है। इसलिए ऐसी चट्टाने नीचे संकरी और शीर्ष पर चौड़ी होकर कुकुरमुत्ता (मशरुम) जैसी दिखती है। ऐसी चट्टान कुकुरमुत्ता चट्टान कहलाती है।



*चित्र. 2.12: इन्सेलबर्ग*

**इन्सेलबर्ग:** बिना किसी निश्चित रुप रेखा के भूमि से ऊपर उठी हुई एक दूसरे से पृथक पहाड़ियों को इंसेलबर्ग या द्वीप पर्वत कहते है। इन पहाड़ियों के पार्श्व एकदम ढालू होते हैं और शीर्ष कुछ-कुछ गोलाकार ।

SCERT TELANGANA

**रेत के टीले:** अपक्षयन और हवा के सतत क्रियाशीलता के कारण मरुस्थलों में रेत के ढेर जमा हो जाता है। इनसे रेत के टीलों का निर्माण होता है। ये रेत की अस्थिर पहाड़ियाँ होती है और तेज हवा से बिखर जाती है। रेत के बिखरने और फिर से जमा होने से कई प्रकार की आकृतियाँ बनती जाती हैं ।

बारीक धुल के कण जो मरुस्थल की सीमा के परे उड़ा कर ले जाये जाते हैं, वे समीप की भूमि पर जमा कर दिये जाते हैं । साधारणतया यह मिट्टी पीले रंग की होती है। और बहुत ही उपजाऊ होती है। इस भू मिट्टी को 'लोअस' कहते हैं। यह मिट्टी चिकनी, उपजाऊ चूने से युक्त और अत्यधिक रंध्र पूर्ण होती है। इस मिट्टी के जमाव के कारण बने मैदानों को लोअस मैदान कहते हैं।



*चित्र. 2.13: सहारा मरुस्थलों में स्थित विभिन्न प्रकार के रेतीले टीले*

- लोअस मैदान की डेल्टा से तुलना करने पर आपको दोनों में क्या समानताएं और विभिन्नताएं दिखायी देती हैं ?

## वनस्पतियों और मनुष्यों की क्रिया

इस खंड में हम स्थलमंडल पर जीव मंडल का प्रभाव देखेंगे। आपके अनुसार वनस्पति जैसे पेड़, पौधे और घास चट्टान पर क्या प्रभाव डालते हैं? वनस्पतियाँ भी चट्टानों के अपक्षयन में भाग लेती है। वनस्पतियों की जड़े चट्टानों की बारीक दरारों या उसके छेदों में प्रवेश करती है और चट्टानों को नष्ट करती है। वनस्पतियाँ पानी और नमी को भी चट्टानों के भीतर प्रवेश करने में सहायता करती है। यह पानी भी चट्टानों को क्षति पहुँचाता है। इसके विपरित मिट्टी में उगे हुए पौधों और उगी हुई घॉस मिट्टी के अनावरण को और हवा और पानी द्वारा उसे बहा कर ले जाने को रोकते हैं।

- अपनी कक्षा में चर्चा कीजिए कि निम्न क्रिया कलापों का स्थल मंडल पर क्या प्रभाव पड़ता है।
  1.खनन 2.ईट और सीमेंट से नगर निर्माण 3.कृषि 4.बाँध

औद्योगिक क्रांति के बाद पृथ्वी की पपड़ी जिस पर हम रहते है के रुपांतरण में मनुष्यों की बडी भूमिका रही है।



SCERT TELANGANA

## मुख्य शब्द

1. प्लेट टेक्टोनिक्स
2. आग्नेय चट्टान
3. अवसादी चट्टान
4. लोएस मैदान
5. 'U' आकार की घाटी

## शिक्षा में सुधार

1. स्थल मंडल के संदर्भ में बेजोड़ को पहचानिए और कारण बताइए। बेयसन जार्ज, ग्रैंड केनयन, ओज़ोन, थार मरुस्थल। ($AS_1$)
2. स्थल मंडल का निर्माण कैसे होता है? ($AS_1$)
3. महाद्वीपीय प्लेटों का निर्माण कैसे होता है और अन्ततः वे कैसे नष्ट होती हैं। ($AS_1$)
4. नदियों के कार्य के कारण बनने वाली भू आकृतियों की सूची बनाईए। ($AS_1$)
5. नीचे दर्शाये गये अनुसार एक तालिका बनाकर जानकारी भरिए। आपके विचार में पृथ्वी के बाहरी परिवर्तनों के संदर्भ में समानताएँ और विषमताओं की व्याख्या करते हुए एक अनुच्छेद लिखिए। (यदि पृष्ठ में जानकारी उपलब्ध न हो तो स्तंभ खाली छोड़ दीजिए।) ($AS_3$)

| | वायु | जल | ग्लेशियर |
|---|---|---|---|
| भू आकृति | | | |
| प्रक्रिया | | | |

6. आपके आसपास हिमनद क्यों नही पाई जाती ? ($AS_1$)
7. तट कैसे बनते है? कुछ समुद्र तटों के नाम लिखो। ($AS_1$)
8. मनुष्य की जीवन शैली मरुस्थलों के विस्तार के लिए किस प्रकार उत्तरदायी है? ($AS_4$)
9. नीचे दी गई सारिणी में भू-आकृति का वर्ग लिखें। ($AS_1$)

| क्र.सं. | भू आकृति | भू आकृति का वर्ग |
|---|---|---|
| 1 | हिमालय पर्वत | II वर्ग भू आकृति |
| 2 | प्रशांत महासागर | |
| 3 | एशिया महाद्वीप | |
| 4 | बाइसन जार्ज | |
| 5 | जॉग जलप्रपात | |
| 6 | राकी पर्वत | |
| 7 | हिंद महासागर | |
| 8 | द ग्रेट रिफ्ट घाटी | |

10. मानचित्र 2 अवलोकन करके विश्व प्लेट का मानचित्र उतारिए। ($AS_5$)
11. पृष्ठ संख्या 20 पर 'अपरदन' शीर्षक वाला अनुच्छेद पढ़िए और उस पर टिप्पणी कीजिए। ($AS_2$)

## परियोजना

समाचार पत्र या पत्रिकाओं से भूकंप और ज्वालामुखी संबंधी लेख और समाचार जमा कीजिए। इससे संबंधित चित्रों की फाईल बनाइए कि ये केसै आते है और मानव जीवन को कैसे प्रभावित करते हैं।

SCERT TELANGANA

अध्याय 3

# जलमंडल

कई हजारों और उससे भी अधिक वर्षो से धरती पर वर्षा हो रही है। आपने कभी सोचा कि समुद्र और महासमुद्रों का जल कभी भी क्यो नही सूखा? जल के सभी स्रोतों के पृथ्वी पर पहुँचने वाला जल का 1% से भी कम मनुष्य को उपयोग मे आता है। तब क्या यह जल सभी मानव जाति की आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है? इस सभी प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए आपको जलचक्र के बारे में जानना होगा ।

## जल चक्र

जल एक चक्रीय स्रोत है । इसका उपयोग और पुनः उपयोग भी किया जा सकता है। जल महासमुद्रों से भूमि और फिर भूमि से महासमुद्रों में चक्रीय रुप से आता-जाता रहता है। जल चक्र करोडों वर्षो से कार्य कर रहा है और पृथ्वी पर जीवन उसी पर निर्भर करता है।

जल के विविध रूप अर्थात द्रव, ठोस और गैस के रुप में संचार होना ही जल चक्र है। यह पानी का महासमुद्रों, वातावरण, भू-सतह, भूमिगत सतह और सभी जीवों के मध्य जल के निरंतर विनिमय को दर्शाता है ।

कभी-कभी जल चक्र को इस प्रकार दर्शाते हैं :

RF = RO + ET

जहाँ RF (Rainfall) का अर्थ सभी प्रकार के जलपात RO का अर्थ वर्षा के जल का बहना और ET का अर्थ जल का वाष्पीकरण है ।

जल चक्र की छः दशाएं हैं

- वाष्पीकरण
- परिवहन
- घनीकरण
- जलपात
- भू सतह पर जल प्रवाह
- भू गर्भ जल

**वाष्पीकरण :** वाष्पीकरण के द्वारा जल भू -सतह से वातावरण को पहुँचाया जाता है। वाष्पीकरण वह प्रक्रिया है जिस के द्वारा जल का द्रव रुप से गैस मे परिवर्तन किया जाता है। सूर्य की ऊष्मा के द्वारा पृथ्वी की सतह पर स्थित जल का वाष्पीकरण होता है। भूमि, झीलों, नदियों और महासमुद्र इस प्रक्रिया दूवारा बहुत सा जलवाष्प वातावरण में भेजते हैं और पेड़-पौधें भी प्रस्वादन (transpiration) के दूवारा बहुत सा पानी वायु में भेजते हैं।

**परिवहन:** वातावरण में जल की गति विशेष रुप से महासमुद्रों, से भूमि पर बादल के रुप में होती है। ऊपरी वायु संचारण, सतही संचरण जैसे भूमिगत और समुद्री हवाओं या अन्य क्रियाओं से बादल एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं ।

**घनीकरण:** परिवहित जल कण गाढ़े होकर सूक्ष्म बूँद और बादल बनाते हैं ।

SCERT TELANGANA





*Fig. 3.1:* **जल चक्र** *(Hydrological cycle)*

**जलपात :** वातावरण से पृथ्वी की सतह तक जल परिवहन करने वाली प्राथमिक प्रक्रिया जलपात (participation) है। जब बादल भूमि के ऊपर ठंडी वायु के संपर्क में आते हैं तो वर्षा के रूप में जलपात होता है। हिम जल वृष्टि के द्वारा जल भूमि (या समुद्र) में वापस आता है।

**भू-सतह पर जल-प्रवाह :** भूमि पर वापस आया अधिकतर जल, जल प्रवाह के रूप में पहाड़ों से नीचे बह जाता है। इससे कुछ जल भूमि में रम कर भूमिगत जल की मात्रा बढ़ाता है और शेषनदियों के बहने के कारण पुनः महासागरों में चला जाता है जहाँ से वह वाष्प बना था।

**भूमिगत जल :** विशेष परिस्थितियों में, भूमिगत जल ऊपर की ओर बह कर कुँओं में जमा हो जाता है। भूमिगत जल का प्रवाह भू-सतह पर जल-प्रवाह से धीमा होता है।

जल-चक्र महासागर, वातावरण और भूमि के बीच जल संचरण की साधारण प्रक्रिया नहीं है। इसके भीतर कई उप-चक्र काम कर रहे हैं।

## जल स्रोत

97.2169% जल नमकीन है और केवल 2.7831% जल ताज़ा है। ताजे पानी (68.7%) का एक बड़ा भाग बर्फ के रूप है और अंटार्कटकि, आर्कटिक और पर्वतीय क्षेत्र में स्थानी हिम आवरण के रूप में हैं। ताजे पानी का विशाल भाग (69.56% ) अन्टार्कटिका, आर्कटिक एवं पर्वतीय क्षेत्र में बर्फ से ढँका हुआ है। 30.1% ताजा पानी भू संतत पर स्थित है। केवल 0.34% ताजे पानी

| जलाशय | कुल जल प्रतिशत |
|---|---|
| महासागर | 97.2169 % |
| हिमआच्छाप एवं हिमनद | 2.15 % |
| भूगर्भ जल | 0.61 % |
| झील | 0.0089 % |
| मिट्टी की नमी | 0.008 % |
| वायुमंड्ल | 0.001 % |
| नदियाँ | 0.0001 % |
| जैवम | 0.00001 % |

का भाग झीलों, कृत्रिम जलाशयों और नदियों में जमा है, जहाँ से यह हमारी आवश्यकताओं के लिए आसानी से प्राप्त किया जा सकता है और जल पारितन्त्र के लिए भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

## महासागर

महाद्वीप और महासागर पृथ्वी के ऊपर प्रथम श्रेणी के भू-स्वरूप है। जल के विशाल भाग को महासागर कहते हैं । भूगोल शास्त्रियों ने पृथ्वी के महासागरीय भाग को पाँच महासागरों में बाँटा हैं। वे हैं प्रशांत महासागर, अटलांटिक महासागर, हिंद महासागर, दक्षिण महासागर, (अंटार्कटिक महासागर) और आर्कटिक महासागर।

साधारणतया ''समुद्र'' शब्द का प्रयोग महासागर के पर्याय के रूप में किया जाता है, किन्तु यदि सच कहा जाय तो आंशिक या पूर्ण रुप से एक ओर भूमि वाले खारे जल का भाग समुद्र है।

विविध खंडों, द्वीप समूहों व अन्य मापदंडों के आधार पर महासागरों का विभाजन किया गया है। अधिक जानकारी के लिए नीचे दी गयी तालिका देखिए । ध्यान दीजिए कि यह तालिका महासागरों के आकार के अवरोही क्रम में है ।

| क्रम | महासागर | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1 | प्रशांत महासागर | एशिया और ओशनीया (आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पापुआ, न्यू गाइना को मिलाकर ) को अमेरिका से अलग करता है। |
| 2 | अटलांटिक महासागर | अमेरिका को यूरोप और अफ्रीका से अलग करता है। |
| 3 | हिंद महासागर | दक्षिण एशिया के किनारे को स्पर्श करता है और अफ्रीका और आस्ट्रेलिया को अलग करता है। |
| 4 | अंटार्कटिक महासागर (दक्षिण महासागर) | कभी-कभी यह प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागर का विस्तार समझा जाता है। अंटार्कटिक को घेरता है। |
| 5 | आर्कटिक महासागर | कभी-कभी अटलांटिक का समुद्र समझा जाता था जो आर्कटिक के बडे भाग को घेरता है और उत्तर अमेरिका और यूरेशिया को स्पर्श करता है। |

**क्या आप जानते हैं?**

करोड़ो वर्ष पहले महासागर आपस में मिले हुए थे। इसे एक ही महासागर पांथाल्सा के नाम से जानते हैं ।

औपचारिक महासागरीय अन्वेषण ब्रिटिश अभियान चैलेंजर से आरंभ हुआ, जो संसार का प्रथम सफल समुद्र गर्भ अभियान था ।

## महासागर के भाग


महासागर के तल कई प्रकार से भू सतह के समान है। वहाँ पर अधोसमुद्रीय किनारे, पठार केनयान और घाट हैं । महासागर के तल को सामान्यतः चार परतों में बाँटा जाता है।

**1) महाद्वीपीय भू-तल:** महाद्वीपीय भू-तल जिसकी गहराई 200 मी. के करीब है । महासागर का लगभग 7.6% भाग घेरती है। यह भूमि और समुद्र के बीच का सीमाप्रांत है। उच्चतम महाद्वीपीय भू-तल आर्कटिक महासागर साईबेरिया भू-तल है जो चौड़ाई में 1,500 कि.मी. तक फैला हुआ है।

SCERT TELANGANA

महाद्वीपीय भू-तल बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि :

- इस क्षेत्र में मत्स्य सम्पति अधिक है।
- कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस यहाँ अधिक पायी जाती है।
- यहाँ बंदरगाह बनाना संभव है।




*चित्र 3.2: महासागरीय तल*

**2) महाद्वीपीय ढलान:** महाद्वीपीय ढलान 200 मी. से 3,000 मी. गहराई तक है। इसके अनेक स्वरूप है? यह महासगरीय क्षेत्र का 15% भाग है। महासागरीय ढलान सीमा महाद्वीपों को दर्शाती है। इस क्षेत्र में अधोसमुद्रीय केनयान देखे जाते हैं। ये हिमनद और नदियों की अपरदन प्रक्रिया से बनते हैं।

**3) समुद्र की गहराई में स्थित मैदान (या) अबीसल मैदान:** समुद्र की गहराई में स्थित मैदान महासागरीय तल के ढलाऊ क्षेत्र हैं । यह संसार के अत्यंत समतल और चिकने क्षेत्र हैं । इसकी गहराई 3000-6000 मी. के बीच है। यह महासागरीय क्षेत्र का 76.2% भाग है।

**4) महासागरीय गहराई (या) खाई:** यह बडी संकरी खाईयाँ 6,000 मी.गहराई तक है। हमारी आशा के विपरीत अत्यंत गहरी खाईयाँ महासागर के बीच में स्थित नही है। ये महाद्वीप के अधिक समीप थी। इसी कारण से प्लेट गति के अध्ययन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अब तक 57 खाईयाँ खोजी गई हैं ।

**क्या आप जानते हैं ?**

आइसोबात समुद्र तल पर सतह के नीचे समान लंबवत दूरी पर बिन्दुओं को जोड़ने वाली एक रेखा है । कभी-कभी गहरे समुद्री, पर्वतीय रुपरेखा की ओर संकेत करती है।

**क्या आप बड़ी महासागरीय खाईयों को जानते हैं ?**

| क्र.सं. | खाई का नाम | महासागर | गहराई (मी. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | चैलेंजर या मरियाना | प्रशांत महासागर | 11,022 |
| 2 | प्यूरटॉरिका या नेवस | अटलांटिक महासागर | 10,475 |
| 3 | जावा | हिंद महा सागर | 7,450 |




SCERT TELANGANA

## महासागर का खारापन

क्या आपने कभी बिना नमक का खाना खाया है ? क्या आदिमानव ने अपने भोजन में नमक का उपयोग किया था? नमक का उपयोग केवल स्वाद के लिए किया जाता है या कुछ अन्य कारणों से ? क्या आपके गाँव में टैंक का पानी खारा है? फिर महासागर का जल खारा क्यों है? क्या आप जानते हैं नमक के विरोध का आधार बनाए के आधार पर महात्मा गाँधी ने नागरिक अवज्ञा आंदोलन (या) दांडी यात्रा चलायी जो बडे स्वतंत्रता आंदोलनों में से एक है?

क्या आपको कभी आश्चर्य हुआ कि क्यों महासागर ताजे जल के बदले खारे जल से भरे हैं? नमक कहाँ से आता है और क्या यह वही नमक है जो आप खाने की मेज पर पाते हो ? महासागर का अधिकतर नमक भूमि से आता है। लाखों वर्षों तक वर्षा, नदी, और तालाब का पानी सोडियम क्लोराईड वाले पहाडों, पत्थरों से बहकर उसे समुद्र में ले जाता है। आप सोडियम क्लोराईड को उसके साधारण नाम नमक से जानते होंगे। महासागर में कुछ नमक समुद्री ज्वालामुखी और जल उष्ण वेंट से आता है। जब महासागर की सतह से जल वाष्प बनकर उड़ता है तब नमक शेष रह जाता है। लाखो वर्षों के पश्चात महासागर में ध्यान देने योग्य खारा स्वाद विकसित हो जाता है।




*चित्र. 3.3: पानी का खारापन*

समुद्री जल में घुले हुए नमक की कुल मात्रा को परिभाषित करने के लिए खारापन शब्द का उपयोग किया गया है। 1,000 ग्रा. समुद्र के जल में घुले नमक की मात्रा के रुप में इसकी गणना की जाती है। यह प्रायः प्रति हजार के भाग (0%) या प.प.ट या PPT के रूप में दर्शाया जाता है। सामान्य शब्दों में समुद्र का औसतन खारापन 35% है। पानी के 1,000 भाग में नमक का लगभग 35 भाग। सभी समुद्री जल में बडी मात्रा में घुली हुई खनिज सामग्री होती है, जिससे 77.8% सोडियम क्लोरायड या साधारण नमक होता हैं।

**क्या आप जानते हैं?**

नदी के जल में 2%0 सोडियम क्लोरायड होता है।

SCERT TELANGANA

**महासागर के खारेपन को प्रभावित करने वाले तत्व निम्न है :**

1. वाष्पीकरण और जलपात।
2. तटीय क्षेत्रों में सतही खारापन नदियों से ताजे जल के बहाव ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ के जमने और पिघलने की प्रक्रिया से प्रभावित होता है।
3. हवाएँ भी अन्य क्षेत्रों को जल के परिवहन के द्वारा।
4. महासागरीय तरंगे।

**क्या आप जानते हैं ?**

| जलाशयों में अधिकतम खारापन | जलाशयों में न्यूनतम खारापन |
|---|---|
| 1) डॉन जॉन पोंड - अंटार्टिका – 440‰ | 1) बाल्टीक समुद्र– 10‰ |
| 2) रेटबा झील - सेनेगल– 400‰ | 2) हड्सन की खाडी– 3-15‰ |
| 3) वान्डा झील - अंटार्टिका – 350‰ | |

(Source : worldatlas.com)

**इसोलाईनः** महासागर में खारेपन की समान मात्रा वाले बिंदुओं को जोड़ने वाली रेखा हैं ।

- बाल्टीक समुद्र में खारेपन की न्यूनता के कारण बताइए ।

## महासागरीय तापमान

भूमि से तुलना करने पर महासागर के तापमान में अधिक परिवर्तन नही होता है। लेकिन यह कम परिवर्तन महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। उदा. भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून की क्रियाशीलता ‘El-Nino’, ‘La Nina’ के द्वारा प्रभावित होती है। यह प्रभाव प्रशांत महासागर में तापमान के परिवर्तन के कारण होता है। महासागरीय तापमान, पर अक्षांशें, हवाओं, महासागरीय तरंगों, भूमि का असमान वितरण और जलवायु में परिवर्तन का प्रभाव होता है।

**क्या आप जानते हैं ?**

अधिकतम तापमान इंग्लैंड समुद्र में रिकार्ड किया गया है। लाल समुद्र का तापमान अत्यधिक होता है, अर्थात 38$^0$C

सामान्यतः महासागर में तापमान – 2$^0$C से 29$^0$C के बीच रहता है।

**तापमान का लंबवत वितरणः** जैसे-जैसे हम महासागर की गहराई में आगे बढेंगे तापमान पहले कि.मी. में तेजी से घटता रहता है और फिर 5 कि.मी. की गहराई तक नियमित कमी आती है। इससे नीचे, तापमान 2$^0$C तक नियमित होता है।

## महासागरीय तरंगे

एक स्पस्ट दिशा में बडी दूरी तक प्रवाहित होने वाली जलसमूह की सामान्य गति को महासागर तरंगे कहते है। महासागरीय तरंगे कभी-कभी महासागरीय नदियाँ कहलाती है। तापमान के आधार पर महासागरीय तरंगों को शीत तरंगों और उष्ण तरंगों में वर्गीकृत किया जा सकता है। साधारणः ऊष्ण तरंगें ध्रूवों की ओर बहती है, शीत तरंगे भूमध्य रेखा की ओर बहती है।



SCERT TELANGANA

महासागरीय तरंग जो तीव्र गति से प्रवाहित होती है उसे धारा तथा मंदगति से प्रवाहित होती है उसे ड्रिफ्ट कहलाती है। महासागरीय धाराएँ निम्न कारणों से होती है।

**1. अपकेन्द्री शक्ति:** अपकेन्द्री शक्ति ध्रुवों की अपेक्षा भूमध्य रेखा पर अधिक होती है क्योंकि परिभ्रमण के समय बडे वृत्त भूमध्य रेखा से टकराते हैं । इस शक्ति में परिवर्तन भूमध्यरेखीय जल को ध्रूवों की ओर प्रवाहित करता है।

**2. हवाओं का प्रभाव:** हवा और हवा की गति में दबाव के कारण तरंगों की सैद्धांतिक दिशा में परिवर्तन होता है। हवाओं के धीरे-धीरे और लगातार घर्षण के कारण जल हवा की दिशा में बहता है । इस प्रकार प्रति घंटा 50 मील की गति से चलने वाली हवा से प्रति घंटे 0.75 मील की गति वाली तरंगे उत्पन्न होती है।

**3. वर्षापात का प्रभाव:** भूमध्य रेखीय क्षेत्र में अधिकतम वर्षा होती है अर्थात समुद्री स्तर ऊँचा होता है । इसके कारण जल भूमध्य रेखा के उत्तर और दक्षिण में बहता है।

**4. सौर ऊर्जा का प्रभाव:** सौर ऊर्जा के गर्म होने के कारण पानी फैलता है, जिसके कारण भूमध्य रेखा के समक्ष महासागरीय जल मध्य अक्षांश से लगभग 8 से.मी. ऊँचा होता है। जिसके कारण बहुत थोड़ा परिवर्तन होता है और पानी ढलान से नीचे बहने लगता है।

खारापन, घनत्व में अंतर बर्फ का पिघलना भी महासागरीय तरंगों को प्रभावित करता है।

## महासागर एक स्त्रोत के रूप में

पृथ्वी पर अधिकतर जीवन जल के नीचे है। मानव ने अभी भी महासागरों के भीतर स्थित सभी प्रकार के जीवन को नहीं पहचाना है। प्राचीनकाल से मनुष्य अपने खाने और जीवनयापन के लिए महासागरों पर निर्भर है। महासागर पर्याप्त मात्रा में खाने के स्त्रोत जैसे मछली और नमक उपलब्ध कराते हैं। हम अपने उद्योगों और मकानों के लिए मिट्टी और कंकड आदि का उपयोग भी करते हैं। मनुष्य इनसे क्लोरिन, फ्लोरिन, आयोडीन आदि खनिज़ भी निकालता है। महा- सागरीय तरंगों का उपयोग बिजली उत्पादन के लिए किया जाता है। महासागरीय सतह का खनन तेल के लिए किया जाता है। महासागर हमें कीमती पत्थर (Gems) और मोती भी उपलब्ध कराते हैं। शताब्दियों से हमने अपनी सभ्यता का विरुद्ध इनके किनारे किया और इन पर यात्रा करते हुए एक-दूसरे से व्यापार किया।



*चित्र. 3.4: मुंबई के पास पेट्रोलियम ड्रिलिंग*

फिर भी आज, महासागर हमारे शोषण का शिकार बन गये हैं। व्हेल जैसी कई बड़ी मछलियाँ अदृश्य हो रही हैं। महासागर, प्लास्टिक और कई अन्य विषैले व्यर्थ पदार्थों को फेंकने के मैदान बन गये हैं।

## क्या आप जानते हैं ?

| Access of Pure Water | |
|---|---|
| 69.56% | बर्फ और हिम |
| 30.10% | भूगर्भीय जल |
| 0.34% | नदिया, झील और कृत्रिम जलाशय |
| **100.0%** | कुल |

## मुख्य शब्द

1. धारा (स्ट्रीम)
2. बहाव (ड्रिफ्ट)
3. महासागरीय तरंगे
4. प्रस्वादन

## शिक्षा में सुधार

1. विषम को पहचानिए और अपने विकल्प के लिए स्पष्ट कीजिए। ($AS_1$)

(i) अ) वाष्पीकरण आ) धनीकरण इ) खारापन ई) वर्षापात का प्रभाव

(ii) अ) टेक्टॉनिक्स आ) अपकेन्द्री शक्ति इ) सौर ऊर्जा ई) वर्षापात का प्रभाव


2. गलत कथन को सही कीजिए। ($AS_1$)
   अ) महासागर खाई महाद्वीपों के समीप देखी जा सकती है।
   आ) महासागर के भाग (Relief features of the oceans) मैदानों के समान हैं।
   इ) समुद्रों का अधिकतम नमक शताब्दियों से जमीन से समुद्र में बहकर आया हुआ है।
   ई) गोलार्ध में सभी स्थानों पर महासागर का तापमान एक समान होता है।
3. क्या आपके विचार में नीला ग्रह (Blue Planet) का वर्णन एकदम सही है? किसी एक प्रकार का वर्णन कीजिए जिसमें आपके कार्य का प्रभाव महासागर पर पड़ता है। ($AS_1$)
4. महासागरों के खारेपन में अंतर क्यों होता है? ($AS_1$)
5. किस प्रकार मानव जीवन महासागरों पर निर्भर है? ($AS_6$)
6. पृष्ठ सूंख्या (35) पर दिये गये मानचित्र 1 का अवलोकन कीजिए और कुछ शीत तथा कुछ उष्ण तरंगों के नाम लिखिए। ($AS_5$)
7. पृष्ठ संख्या 33 पर 'महासागर एक स्त्रोत के रूप में' अनुच्छेद पढ़िए और उस पर टिप्पणी कीजिए।($AS_2$)

## परियोजना

प्रशांत, अटलांटिक और हिन्द महासागर में पायी जाने वाली तरंगों की एक सूची बनाईए ।
विभिन्न महासागरों में शीत और उष्ण तरंगों को पहचानिए । तालिका भरिए।

| प्रशांत महासागर | | अटलांटिक महासागर | | हिन्द महासागर | |
|---|---|---|---|---|---|
| ऊष्ण तरंगे | शीत तरंगे | ऊष्ण तरंगे | शीत तरंगे | ऊष्ण तरंग | शीत तरंगे |
| | | | | | |

SCERT TELANGANA




Map 1: Ocean currents

अध्याय

4

# वायुमंडल

पिछले अध्याय में आपने पृथ्वी के स्थल मंडल और जलमंडल के बारे में पढा है। इस अध्याय में हम वायुमंडल के बारे में पढेंगे ।

हम आक्सीजन श्वास के द्वारा भीतर लेते है। प्राणी जगत इसके बिना जीवित नहीं रह सकते। जब हम श्वास छोडते हैं तो कार्बन डाई-आक्साईड छोडते हैं। लेकिन वातावरण अन्य कारणों से भी जीवन संभव बनाता है। उदाहरण के लिए यह सूर्य की हानिकारक किरणो को हम तक पहुँचने से रोकता है। हरे पौधे प्रकाश संश्लेषण की क्रिया के लिए कार्बन डाई आक्साईड भीतर लेते हैं तथा सूर्य प्रकाश और पानी का उपयोग करते हैं। हम उनसे स्वादिष्ट फल, सब्जियाँ धान्य आदि प्राप्त करते हैं। इनसे हमें प्रोटीन, कार्बोहाईड्रेट, शक्कर, वसा खनिज और अन्य पौष्टिक पदार्थ मिलते हैं जो हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। ये वातावरणीय हवाएं ही हैं जो जीवन के लिए आवश्यक है। ये वातावरणीय हवाएँ ही हैं जो महासागर का जल वर्षा के रूप में महाद्वीपों तक पहुँचाती हैं ।

इसके बिना कई पत्थर नष्ट नही होते इसका अर्थ यह है कि हमारे पास कई प्रकार की मिट्टी नही हो सकती थी। और हम विभिन्न प्रकार की फसलें उत्पन्न नहीं कर सकते थे।

हम वायुमंडल की सहायता के बिना ठंडी मानसूनी वर्षा का आनंद नही ले सकते थे, सुन्दर फूलों की सुगंध और संगीत की आवाज नही सुन सकते थे। हम सुंदर पतंगे नही उडा सकते थे । पक्षी आकाश में नही उड़ सकते थे । झंडे लहरा नही सकते थे ।

यह आश्चर्यजनक और सुंदर कहलाने वाला वायुमंडल क्या है?



*चित्र. 4.1: पृथ्वी से 322 कि.मी. ऊँचाई के लिए लिया गया पृथ्वी का चित्र । वातावरण पृथ्वी और काले रंगों के अंतरिक्ष के मध्य पतला नीला पट्टा है।*



SCERT TELANGANA

वायुमंडल पृथ्वी के चारों ओर गैसों का एक समुद्र है। एक अर्थ में हम सब गैसों के समुद्र में तैर रहे हैं (ठीक वैसे ही जैसे मछलियाँ समुद्र के जल में तैरती है) जब हम पृथ्वी के आकार की तुलना करते हैं तो वायुमंडल पृथ्वी के चारों ओर एक पतली चादर है। वायुमंडल लगभग 1,000 कि.मी. मोटा है। सं.रा.सं. की अंतरिक्ष एजेंसी राष्ट्रीय वैमानिक और अंतरिक्ष प्रशासन (नासा) ने यह विवरण दिया है । यदि पृथ्वी एक बास्केट बाल के आकार की है तो वायुमंडल उसके चारों ओर लिपटी एक पतली प्लास्टिक की परत है।

- यदि वायु में जलवाष्प नहीं होते तो क्या होता ?
- सर्दियों में हमारी त्वचा अधिक शुष्क हो जाती है।क्यों ?

गैसों से बने होने के कारण वायुमंडल गैसों के सभी गुणों को दर्शाता है- यह संकुचित होती है और फैलती है और इसका कोई आकार नही होता। (जैसे आप साइकिल की ट्यूब में हवा भरते है उसी तरह एक छोटी सी जगह में अधिक से अधिक गैस भरी जा सकती है- यह गैस का संकुचन कहलाता है) वायुमंडल में कई गैसे हैं । लेकिन आक्सीजन (आयतन में लगभग 21% ) और नाईट्रोजन (आयतन में लगभग 78%) अधिक है अन्य गैसे जैसे आर्गन, नियान, कार्बन डाई आक्साईड (आयतन में लगभग 0.03% ), मेथेन, अमोनिया ओजोन आदि।

संपूर्ण वायुमंडल में जल वाष्प आयतन के अनुसार लगभग 0.4% है। लेकिन इसमें से अधिकतर सतह के समीप है। (पृथ्वी के अंदर 6 कि.मी. के भीतर) जी हाँ जलवाष्प गैस ही है! नहीं, जो बादल आप आकाश में देखते हैं वह जल वाष्प नही, वे जल की बूँदें हैं।

इन गैसों के अलावा वायुमंडल में धूल के कण भी होते हैं । ये (कण सुक्ष्म) पार्टीक्यूलेट्स कहलाते हैं। पार्टीक्यूलेट्ट प्राकृतिक प्रक्रिया से उत्पन्न होते हैं (उदाहरण के लिए मरुस्थलों में धूल भरी आंधी और वन में प्राकृतिक आग) और मनुष्य के क्रिया कलापों से (उदाहरण के लिए वनों को जलाना, पेट्रोलियम जलाना और औद्योगिक उत्सर्जन आदि ।)

क्या ये वायुमंडलीय परिस्थितियों को बदल सकते हैं जो पृथ्वी पर जीवन के लिए लाभदायक है? क्या आपने कभी सुंदर कांतिमय नारंगी सूर्योदय का सूर्यास्त होते देखा है? यह कांतिमय रंग वायुमंडल में स्थित कण के कारण होता है। और यह वर्षा जिसमें आपको खेलना पसंद है? ओले जो आपको इकट्ठे करना और खाना पसंद है, पार्टिकुलेट्स यह भी संभव करते हैं । पार्टीकुलेट्स तापमान और वर्षा के प्रकार में परिवर्तन के द्वारा समस्याएँ भी खडी करते हैं। उदाहरण के लिए इससे लोगों को श्वास लेने में कठिनाई होती है। ये पत्तों पर जम जाते हैं और पौधों के लिए श्वास लेना और प्रकाश संश्लेषण करना कठिन कर देते हैं।

- एक सूची बनाकर बताईए कि किस प्रकार वायुमंडल में स्थित पार्टीकुलेट्स हमारे लिए लाभदायक और हानिकारक होते हैं ।
- वायुमंडल हमारे लिए महत्वपूर्ण क्यों है?
- क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि चन्द्रमा के ऊपर जीवन संभव क्यों नही है?

## वायुमंडल की रचना

जैसे पृथ्वी का भीतरी क्षेत्र परतों के क्रम में है ठीक वैसे ही वायुमंडल भी भिन्न संघटनों वाली विभिन्न परतों से बना है। क्या आप परतों की कल्पना कर सकते हैं । हवा के समान अत्यधिक फैले हुए वातावरण

SCERT TELANGANA


की संरचना का अध्ययन करना आसान काम नही है। वायु गुब्बारे उपग्रहों के द्वारा वैज्ञानिक इसके बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं ।रासायनिक संघटनों के आधार पर वायुमंडल को दो मुख्य परतों में विभाजित किया गया है।

1) समरुपी आवरण (होमोस्पीयर)    2) बहुरुपी आवरण (हेटिरोस्पीयर)

**समरुपी आवरण:** समरूपी आवरण को विस्तार 90 कि.मी. ऊँचाई तक है। इसमें तीन परते होती हैं। ट्रोपोस्पीयर, स्ट्रेटोस्पीयर, मेसोस्पीयर । इसकी प्रमुखता नाइट्रोजन, आक्सीजन, आर्गन और कार्बन डाई आक्साईड आदि गैसों के मिश्रण की एकरुपता है।

**बहुरुपी आवरण:** वातावरण में 90 कि.मी. ऊपर की परत बहुरुपी आवरण कहलाती है। चुँकि इसमें बहुरुपी मिश्रण होता है इसीलिए इसका नाम बहुरुपी आवरण पडा है। इसमें दो आवरण होते हैं। थर्मोस्पीयर और एक्सोस्पीयर ।

वायुमंडल में भिन्न-भिन्न घनत्व और तापमान वाली विभिन्न परते हैं। इस आधार पर वायुमंडल को विभिन्न परतों में बाँटा गया है।




*चित्र. 4.2: वातावरण की रचना*

**ट्रोपोस्पीयर :** ट्रोपोस्पीयर वातावरण की सबसे निचली परत है। इसकी औसतन ऊँचाई 13 कि.मी. है और इसका विस्तार ध्रूवों के निकट 8 कि.मी. की ऊँचाई और भूमध्यरेखा के ऊपर लगभग 18 कि.मी. होता है । भूमध्य रेखा पर ट्रोपोस्पीयर की मोटाई अत्यधिक होती है क्योंकि उष्णता प्रबल संबहन तरंगों द्वारा बहुत ऊँचाई तक पहुँचती है।



SCERT TELANGANA

इसमें वायुमंडल की कुल गैसीय समुह की लगभग 75% गैस होती है और संभावत्य संपूर्ण आर्द्रता और धूल के कण भी संपूर्ण मौसम के अंश इस आवरण में ही होते हैं । जैसे-जैसे हम ऊपर की ओर बढते हैं इस परत का तापमान घटता जाता है जो सामान्य पतन दर कहलाती है। घनीकरण, वाष्पीकरण, वर्षापात, वर्षा चक्रवात आदि इसी परत में होते हैं ।

**स्ट्रेटोपीयर:** इस परत का विस्तार 50 कि.मी. की ऊँचाई तक होता है. यह परत बादलों से स्वतंत्र और मौसम से संबंधित होती है। और जेट ईजन चलाने के लिए स्थिति को उपयुक्त बनाती है। स्ट्रेटोस्पीयर की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें ओजोन परत होती है, जब ऊँचाई में विकास होता है तब तापमान भी बढता है।

**मेसोस्पीयर :** इसका विस्तार 80 कि.मी. की ऊँचाई तक होता है । अंतरिक्ष से इस परत में प्रवेश करते ही उल्का जल जाते है। जेसे-जैसे ऊँचाई की ओर बढते है वैसे-वैसे तापमान कम होता जाता है।

**थर्मोस्पीयर:** इसका विस्तार 400 कि.मी. तक होता है। थर्मोस्पीयर में ऊँचाई के बढने के साथ तापमान तेजी से बढता है। इसमें आयान नाम के विद्युत कण होते हैं। इन आंयानो के द्वारा पृथ्वी से भेजी गयी रेडियों तरंगे फिर से पृथ्वी पर प्रतिबिम्बित होती है। यह आईनोस्पीयर भी कहलाता हैं।.

- किस परत में जीवन उपलब्ध है?
- हमें किस परत के बारे में सबसे कम जानकारी प्राप्त हैं?
- कौन सा क्षेत्र जेट ईंजन के उडान के लिए उचित है? क्यों?

**एक्सोस्पीयर:** यह वायुमंडल की सबसे ऊपरी परत है । यह उच्चतम परतहै और इसके बारे में बहुत कम जानकारी है।

## दबाव पट्टी और ग्रहीय पवन

**वायु दबाव:** हमारे चारो ओर व्याप्त वायु में गैस के अणु (बहुत छोटे अणु) होते हैं। ये अणु एक दूसरे को या उनके रास्ते में आने वाली अन्य वस्तुओं को निरंतर ढकेलते रहते हैं। किसी वस्तु पर इस प्रकार के संगठित धक्के को वायु दबाव कहते है। अर्थात वायु का दबाव किसी वस्तु के ऊपर से ही नही बल्कि नीचे और अन्य दिशाओ से भी होता है यदि उस भाग को वायु के समक्ष कर दिया जाए।

यदि अधिक अणु उपस्थित हो तो वायु का दबाव बढता है। ऐसा अधिकतर पृथ्वी की सतह पर होता है, क्योंकि पृथ्वी अपनी गुरुत्वाकर्षण शक्ति के कारण अधिकतम वायु के अणुओं को अपनी सतह पर खींचती है।

जब वायु गर्म हो जाती है तो इसमें परिवर्तन होता है। जब गैस के अणु गर्म हो जाते है (प्रायः पृथ्वी की सतह के गर्म होने के कारण) उन्हें अधिक ऊर्जा प्राप्त होती है तेजी से घुमना आरंभ कर देते हैं। अर्थात दबाव में बढोत्तरी हुई क्योंकि वे वस्तु को अधिक ढकेल रहे थे। इस प्रकार शक्तिशाली अणु ऊपर की ओर उडने लगते हैं। याद रखिए उनके पास पृथ्वी की आकर्षण शक्ति को रोकने की शक्ति होती है। जब अधिक अणु वातावरण में अधिक ऊँचाई तक पहुँच जाते हैं तब पृथ्वी के समीप के स्थानों पर ये कम होते हैं । अर्थात ढकेलना और दबाव कम होता है।



SCERT TELANGANA

इसलिए भूगोलवेत्ता कहते है कि जब गर्मी होती है तब दबाव कम हो जाता है और जब सर्दी होती है तब दबाव बढ जाता है। साधारण रुप से कहा जाय तो यदि एक बढता है तो दूसरा घटता है। इसे विरोधी संबंध कहते हैं।

जब गर्म हवा ऊपर उठती है तब वह पृथ्वी की सतह से प्राप्त शक्ति (उष्णता के रुप में) को खोना आरंभ कर देती है। जब ऊर्जा कम हो जाती है, अणु की गति धीनी हो जाती है, वे धीमे का एक दूसरे के समीप पहुँच जाते है। वायु ठंडा और सघन हो जाती है। सघन वायु गुरुत्वावर्षण के कारण वापस पृथ्वी की सतह पर गिरने लगती है। उनके पॉस अब उनका सामना करने की शक्ति नहीं होती। जहाँ यह ठंडा वायु नीचे आती है वायु का दबाव बढ जाता है।

इसी से अंत नहीं होता । जब पृथ्वी का कोई भाग गर्म होता है तो दबाव कम कर देता है, इसका यह अर्थ होता है कि अधिक खाली जगह है और कम अणु । अब जहाँ दबाव अधिक होता है वहाँ की वायु रिक्त स्थान की ओर बढती है। यह उनके लिए कठिन नही होता क्योंकि उन्हें केवल पृथ्वी की सतह के साथ सरकना होता है और इसलिए गुरुत्वाकर्षण केबिल्कुल निकट जाने की आवश्यकता नही होती। इसी कारण हम कहते हैं कि वायु उच्च दबाव वाले क्षेत्र से निम्न दबाव वाले क्षेत्र की ओर बहती है।

## दबाव पट्टी

पृथ्वी की सतह समान रुप से गर्म नही होती । समुद्र से भूमि शीघ्र गर्म होती है। भूमि के भीतर की भूमि समुद्र के समीप की भूमि से शीघ्र गर्म होती है। इसलिए भूमि के ऊपर की वायु बहुत जल्दी गर्म होती है। पानी को गर्म होने में अधिक समय लगता है। इसीलिए पानी के ऊपर की वायु बहुत धीमें गर्म होती है।

फिर भी ठंडी होने के विषय में दोनों की तुलना करने में भूमि जल्दी ठंडी होती है और पानी धीरे ठंडा होता है। अर्थात गर्म होना और ठंडा होना विभिन्न स्थानों में भिन्न होताहै। इसलिए एक स्थान के दूसरे स्थान के दबाव में भी परिवर्तन होता है।

इतना ही नही । आपने अंक्षाशों और मौसमों के बीच संबंध का अध्ययन किया है। आपने सीखा कि अत्यधिक मात्रा में सौर विकिरण प्राप्त करने वाले उष्णकटिबंधीय अक्षांश कम सौर विकीरण प्राप्त करने वाले समशीतोष्ण या ध्रुवीय अक्षांसों से अधिक गर्म होते हैं। अर्थात उष्ण मंडल शेष संसार से अधिक गर्म है। इसलिए तापमान में परिवर्तन के साथ संसार के चारों ओर दबाव में भी परिवर्तन होता है।


जैसे पानी उच्च स्थान से निम्न स्थान की ओर और उष्णता गर्म वस्तु से ठंडी वस्तु की ओर जाती है वायु उच्च दबाव वाले स्थानों से निम्न दबाव वाले स्थानों की ओर बहती है। वास्तव में हम यह कह सकते हैं कि वायु उच्च दबाव वाले स्थानों से निम्न दबाव वाले स्थानों की ओर बहती है। जब वायु इस प्रकार बहती है तो हम उसे पवन कहते हैं ।

यदि धीमी गति से चलती है तो हम आरामदायी अनुभव करते हैं तो हम इसे समीर कहते हैं। यदि अकस्मात तेज हवा चलती है तो उसे प्रबल वायु कहते हैं। यदि यह बहुत तेज चलती है और चारों ओर स्थित वस्तुओं को उडा कर ले जाती है तो उसे तूफानी हवाएँ कहते हैं। आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों में अत्यधिक उच्च वेग से चलनेवाली चक्रवात हवाएँ होती हैं।

संपूर्ण संसार में हवाएँ चलती है। भूमध्य रेखा पर उच्च तापमान वायुमंडल को गर्म कर देता है और गर्म हवा ऊपर उठ कर भूमध्य रेखा के चारों ओर पृथ्वी की सतह पर न्यून दबाव बनाती है। यह न्यून दबाव पट्टी (यह पृथ्वी के चारो ओर पट्टी के समान है) भूमध्य रेखीय न्यून दबाव पट्टी या अंर्त उष्णकटिबंधीय संगम मंडल (ITCZ) कहलाती है। जैसे यह वायु ऊपर उठती है यह ठंडी होकर नीचे आने लगती है। लेकिन यह उसी रास्ते से वापस नही आती जिस रास्ते से यह ऊपर गयी थी। जैसे ही वायु वातावरण की ऊपरी ऊँचाई तक पहुँचती है वह भूमध्य रेखीय क्षेत्र से दूर उत्तरी और दक्षिणी गोलार्धो की ओर फैल जाती है। जब वह फैलती है तो यह नीचे भी आने लगती है- यह ठंडी और सघन होती है और वापस पृथ्वी पर आने लगती है यह जहाँ से नीचे आती है वहाँ हम उच्च दबाव पाते है और यह उप उष्णकटिबंधीय उच्च दबाव पट्टी कहलाता है।

नीचे आती हुई वायु पृथ्वी की सतह से टकराकर दो भागों में बँट जाती है। एक भाग फिर से भूमध्यरेखीय निम्न दबाव क्षेत्र की ओर जाता है। वहाँ पहुँचते ही वह फिर से गर्म होकर ऊपर उठती है। इस प्रकार वायु का भूमध्यरेखीय चक्र चलता रहता है।

दूसरा भाग आगे के उच्च अक्षांश की ओर जाता है जहाँ दबाव कम होता है। केवल संदर्भ के लिए इन हवाओं को ए (याद रखिए ए इन हवाओं का शासकीय नाम नहीं है, हम इसका उपयोग केवल सुविधा के लिए कर रहे हैं )





*चित्र. 4.3: दबाव पट्टी और ग्रहीय हवाएँ*



SCERT TELANGANA

उत्तरी ध्रुव और दक्षिणी ध्रुव के क्षेत्रों की हवाएँ इतनी शीत होती है कि वहाँ की हवाएँ आर्कटिक वृत (उत्तर में) और अंटार्कटिक वृत्त (दक्षिण में) (उप ध्रूवीय दबाव पट्टी) से उच्च दबाव (ध्रूवीय उच्च दबाव) में होती है। इसीलिए ध्रुवीय हवाएँ इन निम्न दबाव वाले क्षेत्रों की ओर बहती है। वहाँ वे ए हवाओं से मिलती है।




*चित्र. 4.4: कोरियोलिस प्रभाव दर्शाता चित्र*

साधारणतः हम यह आशा करते हैं कि हवाएँ उत्तर से दक्षिण की ओर या दक्षिण से उत्तर की ओर समशीतोष्ण मंडल से उष्णकटिबंधीय मंडल की ओर सीधी बहती है। (याद रखिए समशीतोष्ण मंडल भूमध्यरेखा के दक्षिण और उत्तर दोनो ओर होता है।) लेकिन वास्तव में हवाएँ कुछ दायी ओर (पूर्व की ओर) उत्तरी गोलार्ध में बहती है और बाँयी ओर (पश्चिमी की ओर) दक्षिणी गोलार्ध में बहती है। यह पृथ्वी के अपनी स्वयं की धुरी पर घूर्णन के कारण होता है। यह प्रभाव कोरियोलिस प्रभाव कहलाता है। यह प्रभाव भूमध्यरेखा के समीप 0 और ध्रुवों के समीप अत्यधिक होता है।

इसी कारण संसार के चारों ओर वातावरण का परिसंचरण चलता रहता है। संसार में मौसम और जलवायु के प्रकार में हवाएँ महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इतिहास में भी यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । उदाहरण केलिए वास्कोडिगामा मे अपने जहाज को चलाने के लिए हवाओं का उपयोग कर भारत तक पहुँचने का समुद्री मार्ग ढूँढा। इसी के कारण वह बडी मात्रा में काली मिर्च, दालचीनी आदि पुर्तगाल भेजकर व्यापार कर सका। इस प्रकार गोवा पर पुर्तगाल के शासन की स्थापना में भी इन हवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

याद रखिए, हवाओं के स्वरूप में कई छोटी स्थानीय भिन्नताएँ भी है।

## हवाओं का वर्गीकरण

हवा की गति, उनकी विशेषताओं, उनकी दिशाओं और उनके प्रवाह के प्रकार के आधार पर हवाओं को तीन प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है।

A. ग्रहीय हवाएँ -ग्रह पर वर्ष भर संपूर्ण रुप से रहती है।

B. मौसमी हवाएँ - ये एक क्षेत्र या मौसम तक सीमित रहती है।

C. स्थानीय हवाएँ-स्थानीय होती हैं ।

**ग्रहीय हवाएँ:** संसारी दबाव पट्टियों के उपर निरंतर नियमित बहने वाली हवाएँ ग्रहीय हवाएँ कहलाती है। ये तीन प्रकार की होती है। व्यापारी हवाएँ, पश्चिमी हवाएँ और ध्रुवीय हवाएँ । व्यापारी हवाएँ उष्णकटिबंध, पश्चिमी हवाएँ समशीतोष्ण कटिबंध और ध्रवीय हवाएँ ध्रुवीय पट्टी में होती है। व्यापारी हवाएँ पूर्वी हवाएँ होती है अर्थात पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है। ये उत्तरी गोलार्ध में उत्तर पूर्वी व्यापारी हवाएँ और दक्षिणी गोलार्ध में दक्षिण पूर्वी व्यापारी हवाएँ कहलाती है । इसके विपरित पश्चिमी हवाएँ पश्चिम से पूर्व की ओर बहती है। इसीलिए ये पश्चिमी हवाएँ कहलाती है। ये उत्तरी गोलार्ध में दक्षिण पश्चिमी और दक्षिणी गोलार्ध में उत्तर पश्चिमी कहलाती है। ध्रुवीय क्षेत्रो में पूर्वी हवाएँ भी बहती है।

**ग्रहीय हवाओं का प्रभाव:** आपने देखा होगा कि वातावरण के उपर शिलावरण और जलावरण के प्रभाव के कारण ही दबाव और पवन इस पर दिखाई देते हैं। संसार में उष्णता और नमी पहुँचाने में ये हवाएँ महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसीलिए संसार के कोई भी भाग में जीवन को नुकसान पहुँचाने उतनी अधिक गर्मी या सर्दी नही होती । (चंद्रमा के समान) यदि वातावरण न होता तो उष्ण मंडल में दिन में असहनीय गर्मी नही होती और ध्रुवीय क्षेत्र में रात में असहनीय सर्दी नही होती । फिर भी ये हवाएँ उष्णता और नमी के समान रुप से वितरित नहीं करती । इसी के कारण पृथ्वी के कुछ भागों में गर्मी होती है और कुछ भागों में सर्दी तथा कुछ भागों में बहुत वर्षा और कुछ तो मरुस्थल है।

**मौसमी हवाएँ:** भारत में वर्षा मुख्य रुप से मौसमी हवाओं के कारण होती है। देश के सभी साधन मानसून से संबंधित होती हैं। मानसून शब्द अरबी शब्द 'मौसम' से बना है।

मानसून का अस्तित्व समुद्र और भूमि के शीतल होने पर निर्भर करता है। कम उष्णीय क्षेत्र के दबाव पश्चिमी भारत पर बनते हैं। जबकि दक्षिण पूर्व व्यापारी भूमध्य रेखा पर विकसित होते है। कोरियोलिस प्रभाव के परिणाम स्वरुप प्रायः द्वीपीय भारत और आस-पास के देशों पर दक्षिण-पश्चिम मानसून निर्मित होते हैं । सर्दियों में दबाव पट्टी विपरीत हो जाती है अर्थात उत्तर पूर्वी व्यापारी हवाएँ भूमध्य रेखा पार कर लेती हैं। कोरियोलिस प्रभाव के परिणाम स्वरूप उत्तर, उत्तर-पूर्वी, आस्ट्रेलिया में उत्तर-पश्चिमी मानसून बनते हैं।


**स्थानीय हवाएँ:** स्थानीय हवाएँ तापमान और दबाव में स्थानीय परिवर्तन के कारण बहती है और बहुत छोटे क्षेत्र को प्रभावित करती है। स्थानीय गर्म हवाएँ उस क्षेत्र के तापमान को बढाती है। स्थानीय शीत हवाएँ कभी-कभी प्रभावित क्षेत्र के तापमान को फ्रिजिंग प्वाईंट (तापमान) से भी नीचे ला देती है।

SCERT TELANGANA

ये स्थानीय हवाएँ ट्रोपोस्पीयर की निचली परत में बहती हैं। ये हवाएँ निचले वातावरण के गर्म होने या ठंडे होने के द्वारा स्थानीय दबाव वर्ग (दबाव परिवर्तन) को स्थापित करती है।

## स्थानीय गर्म हवाएँ:

**1. चिनुक:** संयुक्त राष्ट्र संघ, कनाडा और उत्तरी अमेरिका के भागों में पथरीले पर्वतों से बहने वाली ये हवाएँ चिनुक कहलाती हैं। कई लोगों का विश्वास है कि चिनुक शब्द का अर्थ बर्फ खाने वाले




*चित्र. 4.5: चिनूक*

है दरअसल यह अमेरिका की जनजाति (चिनुक) का नाम है। ये लोग उस क्षेत्र में रहते हैं जहाँ ये हवाएँ देखी गयी है। ये सर्दियों में घाँस के मैदानों को बर्फ रहित रखते हैं। इसी तरह की यूरोप में बहने वाली हवाएँ फोएन (Foehn) कहलाती है। ये एल्प के उत्तरी ढलान के साथ-साथ बहती है। यह बर्फ को पिघला कर मौसम को सुहावना बनाती है और अंगूर के जल्दी पकने में सहायक होती हैं।

**2. लू:** ये उत्तरी भारत के मैदानों में मई और जून के महीनों में पश्चिम से पूर्व की ओर बहने वाली गर्म और शुष्क हवाएँ हैं । उच्च तापमान के कारण इससे लोगों को लू लग जाती है।

अरेबिया मरुस्थल में सीम्मन, जापान में योमा, न्यूजीलैंड में नार वेस्टर गर्म हवाओं के कुछ अन्य उदाहरण हैं ।

## स्थानीय शीत हवाएँ

1. मिस्ट्रलः अल्प से फ्रांस के ऊपर से होती हुई भूमध्य सागर की ओर बहने वाली मिस्ट्रल हवाएँ स्थानीय हवाओं में सबसे अधिक प्रसिद्ध है। ये रोम घाटी से निकलती है। ये बहुत ही ठंडी और शुष्क हवाएँ है।
2. प्यूना:- ये एंडीस क्षेत्र की स्थानीय शीत हवाएँ हैं ।
3. पंपेरो:- ये दक्षिणी अमेरिका के पम्पास क्षेत्र में बहुत तेज बहने वाली शीत ध्रूवीय हवाएँ है।

SCERT TELANGANA

## मौसम और जलवायु

आपने सुना होगा कि खराब मौसम के कारण क्रिकेट मैच स्थगित हो गया है। वर्षा या अत्यधिक उष्णता के कारण मौसम ठीक नही है, कहकर आपने भी अपना खेल स्थगित किया होगा ।

आपने लोगों को यह कहते सुना होगा कि इस वर्ष मानसून समय पर है। फलों के दाम जब उनका मौसम नही होता तब बढ जाते हैं,लेकिन जब उनका मौसम होता है तब दाम घट जाते हैं। आपने यह भी सुना होगा- उत्तरी भारत की जलवायु मेरे लिए अनुकूल नहीं है।

भूगोल में मौसम और जलवायु ये दो शब्द बहुत महत्वपूर्ण सिद्धांत है। ये कई प्रकार से हमारे जीवन को प्रभावित करते है और कई लोग उलझन में पड जाते हैं और जब उन्हें जलवायु कहना होता है तब मौसम शब्द का उपयोग करते हैं और ठीक इसके विपरित जब मौसम शब्द का उपयोग करना होता है तब जलवायु शब्द का उपयोग करते हैं। इस भाग के अंत तक आप इन दो शब्दो में अंतरजान पायेंगे।

यह गैसो का मिश्रण है और कण जिसे हम वायुमंडल कहते हैं स्थिर नहीं होता। यह अत्यंत गतिशील होता है, यह सभी दिशाओं में ऊपर, नीचे और सभी जगहों में घुमता रहता है । ऐसा करते समय उसके लक्षणों में परिवर्तन होता है। यह गर्म या ठंडा, नम या सूखा आदि हो सकता है।

जब हम कम समय के लिए (प्रायः लगभग 10 दिन) वातावरण की स्थिति का वर्णन करते हैं तो हम किसी स्थान के मौसम का वर्णन कर रहे हैं। मौसम प्रतिदिन बदल सकता है, एक दिन में भी।

जलवायु लंबें समय तक स्थानों की औसत वातावरणीय स्थिति का वर्णन है। जलवायु वर्णन दशकों के वातावरणीय आंकडों और उनके औसत पर निर्भर करता है। जलवायु का वर्णन यह बताता है कि वर्ष के दिये गये समय में क्या स्थिति होगी, लेकिन विशेष दिनो की नहीं ।

हम वातावरण का वर्णन कैसे करते हैं? हम (a) तापमान (b) दबाव (c) हवा (d)आर्द्रता, और(e) हिमपात का मापन करते हैं। ये मौसम के तत्व कहलाते हैं। जैसे आप देखेंगे हम इनका उपयोग जलवायु का वर्णन करने के लिए भी करते हैं। इसीलिए ये जलवायु के भी तत्व हैं। आपने अभी ऊपर दबावों और हवाओ के बारे में पढा है। चलिए अब अन्य तत्वों पर नजर डालेंगे।

**तापमान:** कक्षा VIII में आपने वायुमंडल के तापमान के बारे में पढा है। वहाँ आपने पणाजी, शिमला और दिल्ली के तापमानों की तुलना की। आपने यह भी सीखा है कि शिमला, पानाजी और दिल्ली अधिक ऊँचाई पर होने के कारण उनका तापमान कम होता है। पृथ्वी की सतह पर आप जैसे-जैसे ऊँचाई की ओर बढ़ेगें तापमान कम होता जाएगा ।

## आर्द्रता और वर्षापात

इस भाग में हम यह जानेंगे कि वायुमंडल में जल चक्र किस प्रकार कार्य करता है। आपने जलमंडल और वातावरण का आपस में संबंध जान लिया है। वातावरण में जलवाष्प एक बहुत ही महत्वपूर्ण तत्व है। अधिकतर स्थानों पर वातावरण मे जलवाष्प की मात्रा में समयानुसार और मौसम की परिस्थिति के अनुसार परिवर्तन आता रहता है। सर्दियों में कई स्थानों मे यह शुष्क और सर्द होता है। ऐसे स्थानों में

हमारी त्वचा में खुजली होती है, सूख जाती है तथा फट जाती है । आपको भी अपनी त्वचा का फटे होने का अनुभव हुआ होगा जिसके लिए आपने लिप बाम, वेसलीन या किसी प्रकार के तेल का उपयोग किया होगा।

यह जलवाष्प ही है जो उच्च तापमान के साथ मिलकर आपको अत्यधिक गर्मी और पसीने मे तर-बतर का अनुभव होता है। जब ऐसा होता है तब हम कहते है कि बहुत नमी है या आर्द्रता अधिक है। लेकिन सभी स्थानों में ऐसा नहीं होता। कुछ स्थान अत्यधिक सूखे होते है। वातावरण में नमी (जलवाष्प) जल समूहों से वाष्पीकरण के द्वारा और पेड़ पौधों से जलवाष्प के उडने के कारण आती है। आर्द्रता वायु में जलवाष्प की मात्रा है। उच्च आर्द्रता में हमारा पसीना ठंडा नही होता क्योंकि वह वाष्प बन कर उड नही सकता निम्न आर्द्रता में हमे अधिक प्यास लगती है।

**क्या आप जानते हैं?**

हैग्रोमीटर एक यंत्र है जिससे वायु के जलवाष्प की मात्रा (आर्द्रता) मापी जाती है।

आपने जिसके बारे में पहले पढा है उन कणों को याद रखिए । याद कीजिए कि वे वर्षा में किस प्रकार सहायता करते हैं ।

हम आर्द्रता को प्रत्यक्ष नही, बल्कि सापेक्षित आर्द्रता की धारणा का उपयोग कर दर्शाते हैं। सापेक्षित आर्द्रता दो वस्तुओं के बीच का अनुपात है।

1. दिये गये तापमान और दबाव पर हवा द्वारा संभाले जाने वाले उच्चतम जलवाष्प और
2. एक समय में उसके द्वारा संभाली जाने वाली जलवाष्प की वास्तविक मात्रा ।

उदाहरण के लिए 20°C तापमान पर प्रति घन मीटर वायु में 80 ग्राम जलवाष्प होता है। यदि वास्तविक उपस्थित जलवाष्प केवल 40 ग्रा. है तो सापेक्षित आर्द्रता 50% है। तापमान में कमी और जलवाष्प में अधिकता के साथ सापेक्षित आर्द्रता बढती है। तापमान में अधिकता और जलवाष्प में कमी से संबंधित आर्द्रता कम होती है। संतृप्त स्तर पर पहुँचने वाला तापमान ओस बिंदु कहलाता है। क्या आपने ओस की बूँदे देखी है। वह कहाँ पायी जाती है? यदि वायुमंडल में 100% सापेक्षित आर्द्रता होती है, तो यह संतृप्ति स्तर के नाम से जाना जाता है।

## घनीकरण

घनीकरण वाष्पीकरण का विरोधी रूप है, क्योंकि इसमें जल वाष्प जल की बूँदों या बर्फ के टुकड़ों में परिवर्तित होते हैं। जव सापेक्षित आर्द्रता 100 प्रतिशत तक पहुँच जाती है, वायुमंडल में उपस्थित जल वाष्प ठंडे होकर पानी की बूँदां में परिवर्तित हो जाते हैं। उदाहरण के लिए जब प्रति घन मीटर वायु में 20°C तापमान पर 49 ग्राम जलबाष्प होती है और 10°C पर ठंडी होकर यह संतृप्ति स्तर पर केवल 40 ग्रा. जलबाष्प तक संभाल सकती है। शेष 9 ग्रा. जलबाष्प ठंडे हो जाते हैं। जब वायुमंडल में ठोस कण होते है तभी घनीकरण की क्रिया हो सकती है। संपर्क सतह पर भी घनीकरण हो सकता है। उदाहरण के लिए क्या आपने देखा है कि ठंडा पानी एक ग्लास में भरने से क्या होता है? ग्लास के बाहरी ओर

घनीकरण की क्रिया होती है,क्योंकि हवा में उपस्थित नमी ठंडी सतह के साथ संपर्क में आती है। जब जलवाष्प पौधों जैसी सतह पर ठंडे होते हैं तब हमें ओस प्राप्त होती है।

धूल के कण वातावरण में स्थित जलवाष्प से जल के अणुओं को आकर्षित करते हैं। इसके कारण वाष्प का पानी की बूँदों के रुप में घनीकरण (घनीकरण का अर्थ है गाढा होना) होता है। इस प्रकार की लाखों बूदे मिलकर विभिन्न प्रकार के बादलों के रुप में दिखाई देती है। यदि वे बादल ठंडे हो तो उसमें बर्फ के टुकडे भी हो सकते हैं। बादलों को उनके आकार और ऊँचाई जहाँ वे बसते है के आधार पर विभिन्न प्रकारों में बाँटा गया है। उदा. (अधिक ऊँचे स्तर पर) सिररस बादल, (मध्य स्तर पर होने वाले) क्यूम्यूलस और (निम्न स्तर पर) स्ट्रेटस, (वर्षा वाले लंबवत बादल) निम्बस कहलाते हैं ।

घनीकरण के कारण पानी की बूँदे भारी होकर वर्षा, बर्फ ओले के आकार में भूमि पर गिरते हैं। इसे अंग्रेजी में प्रीसोपीटेशन कहते है (लैटिन प्रेसीपीटेशन का अर्थ है शीघ्र धरती पर गिरना) यदि ये बूँदे पृथ्वी की सतह के एक दम समीप आकर जम जाती है। ये बूँदे हल्की हो जाती है और हमे कोहरा दिखायी देता है।

## घनीकरण के प्रकार

वर्षा हिमपात का सबसे सामान्य प्रकार है। घनीकरण जब घनीकरण बिन्दू से न्यून तापमान पर पहुँचता है तब जलवाष्प सीधे बर्फ के टुकडों में बदल जाता हैं। ये बर्फ के चूर्ण या बारीक टुकड़ों के रूप में पृथ्वी पर गिरते हैं। इस प्रकार के वर्षापात को हिमपात कहते हैं । हिमपात गिरना मध्य और उच्च अक्षांसों और पर्वतीय क्षेत्रों में सामान्य है।

पृथ्वी की सतह के पास ठंडी परत से जब वर्षा होती है, पानी की बूँदे जम कर बर्फ में परिवर्तित हो जाती है और पृथ्वी पर गिरती है। इस प्रकार के वर्षापात को स्लीट कहते हैं ।

जब वायुमंडल में तेज लंबवत तरंगे होती है तब निम्न तापमान पर उच्च अक्षांस वाले स्थान पर घनीकरण की क्रिया होती है। बर्फ के टुकडों का आकार क्रमशः बढने लगता है लेकिन ऊपर उठती हुई हवाओं के कारण ये भूमि पर नहीं गिरते।अंत में बर्फ के टुकडे आकार में कुछ सें.मी. बडे हो जाते है और ठोस टुकडों के रुप में भूमि पर गिरते हैं। इस प्रकार का घनीकरण ओला वृष्टि कहलाता है। ओला वृष्टि फसल और इमारतों को हानि पहुँचाता है।


## वर्षा के प्रकार

स्रोत के आधार पर वर्षा को तीन भागों में विभाजित किया गया है।

1) संवाहक वर्षा
2) ओरोग्राफिक वर्षा
3) चक्रवातीय वर्षा

SCERT TELANGANA


**संवाहक वर्षा:** जब गर्भ भूमि पर नम हवा आसपास की वायु से गर्म हो जाती है तब इस प्रकार की वर्षा होती है और वह बलपूर्वक ऊपर उठती, फैलती, ठंडी होती है और अपनी कुछ नमी भी देती है। संवाहक वर्षा सामान्य रुप से अक्षांसों वाले स्थानो में और गर्मी के दिनों में महाद्वीपों के आंतरिक स्थानों में होती है और प्रायः दिन के सबसे गर्म समय के बाद तेज बौछार के रुप में होती है। कभी-कभी इसके साथ बादल की गडगडाहट और बिजली भी चमकती है।




*चित्र. 4.6: संवाहक वर्षा*

**ओरोग्राफिक वर्षा:** इसे कभी-कभी ओरोजनिक वर्षा भी कहते हैं। यह ग्रीक भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ है पर्वत । जब रास्ते में पर्वत या अन्य रुकावट आने के कारण नम वायु ऊपर उठती है तब यह वर्षा होती है। इसी कारण पर्वतीय श्रृंखलाओं मे वायु की दिशा से भारी वर्षापात होता है और वायु की विपरित दिशा में जहाँ वायु नीचे की ओर बहती है, कम वर्षा होती है। इस प्रकार की स्थिति अधिकतर भारत के पश्चिमी तट पर होती है।

अरब सागर से बहने वाली नम वायु पश्चिमी घाट की रुकावट के कारण ऊपर को उठती है तथा फैलकर ठंडी होती हुई वर्षा के रुप में गिरती है। पश्चिमी घाट के दूसरी ओर नीचे की ओर बहती हुई वायु नमीहीन होती है और इसी कारण दक्षिणी पठार के मध्य भाग में वर्षा नही होती । इसी कारण यह क्षेत्र सूखा होता है और वर्षा आच्छादित क्षेत्र के नाम से जाना जाता है।




*चित्र. 4.7: ओरोग्राफिक वर्षा*

**चक्रवातीय वर्षा:** इस प्रकार की वर्षा चक्रवात या डिप्रेशन से संबंधित है। तूफान दो प्रकार के होते हैं । उष्णकटिबंधीय तुफान और समशीतोष्ण तुफान । तुफान का अंग्रेजी शब्द साईक्लोन ग्रीक भाषा के काइक्लोन शब्द से लिया गया है। जिसका अर्थ है घुमता हुआ ।

यह उष्ण प्रांत में उत्पन्न गर्म गोलाकर रुप में घूमने वाले उष्णकटिबंधीय तुफान है। इसका व्यास बहुत छोटा (कुछ सौ किलोमीटर) होता है। लगभग वृत्तीय आकार में और न्यूनतम सतही दबाव (900 एम.बी से कम) होता है। अधिकतम 33मी./सें. वेग से बहने वाली हवा को सहन कर सकता है। गर्म समुद्री सतह ($26^{o}$ C से $27^{o}$C) पर विकसित होकर भूमि की ओर बढती है। चक्रवात की गति के कारण वायु ऊपर की ओर उठती है। इस प्रकार उठी हुई वायु के कारण भारी वर्षा होती है। शीत, शुष्क और सधन हवाएँ गर्म, नम और हल्की हवाओं के साथ मिलने से समसीतोष्ण चक्रवात उत्पन्न होते हैं। गर्म हवाएँ हल्की होने के कारण सघन शीत हवाओं के द्ववारा ऊपर उठायी जाती है जिसके परिणाम स्वरूप वर्षा होती है।



*चित्र. 4.8: चक्रवातीय वर्षा*

**भूमंडल पर वर्षा :**

1. भूमध्य रेखा के अक्षांश 10° और 30° दक्षिण और उत्तर पर व्यापारी हवाओं के कारण, पूर्वी क्षेत्रों में वर्षा अधिक होती है और पश्चिमी क्षेत्रों में कम होती है।
2. भूमध्य रेखा के अक्षांश 40° और 60° दक्षिण और उत्तर पर पश्चिमाभिमुख हवाओं के कारण पश्चिमी क्षेत्रों में वर्षा अधिक होती है और पूर्वी क्षेत्रों में कम होती है।
3. भूमध्य रेखा के पास विशेष कर कम दबाव वाले क्षेत्रों में, अधिक दबाव वाले क्षेत्रों की तुलना में अधिक वर्षा होती है।
4. महाद्वीपों की तुलना में महासागरों पर अधिक वर्षा होती है।

## मुख्य शब्द

1. संवाहक तरंगें
2. अंतर उष्णकटिबंधीय अभिमुख क्षेत्र
3. कोरिओलिस प्रभाव

## शिक्षा में सुधार

1. वायुमंडल के संघटकों के बारे में बताइए। ($AS_1$)
2. वायुमंडल की संरचना की चर्चा चित्र देखकर कीजिए। ($AS_1$)
3. ऋतु और मौसम में अंतर स्पष्ट कीजिए। ($AS_1$)
4. व्यापारी हवाओं और पर्वतीय हवाओं की वर्षा की तुलना कीजिए। ($AS_1$)
5. विश्व में होनेवाली वर्षा के वितरण के बारे में बताइए। ($AS_1$)
6. ऋतु परिवर्तन का मानव जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है? ($AS_4$)
7. सापेक्षित आर्द्रता के बारे में बताइए। ($AS_1$)
8. ऊँचाई के क्रम में वाष्पीकरण में कमी कैसे होती जाती है? ($AS_1$)
9. कोरियोलिस प्रभाव क्या है? उसके प्रभाव के बारे में बताइए। ($AS_1$)
10. इन स्थानीय हवाओं को विश्व मानचित्र में पहचानिए। ($AS_5$)
    a) चिनूक   b) लू   c) सिमून   d) योमा
    e) नार्वेस्टर   f) मिस्ट्राल   g) पुना   h) पंपेरा
11. पृष्ठ संख्या 43 पर 'ग्रहीय हवाओं के प्रभाव' शीर्षक वासा अनुच्छेद पढ़िए और उस पर टिप्पणी लिखिए। ($AS_2$)

## परियोजना कार्य

1. 'मौसम' शब्द को समझने के लिए मौसम संबंधी सूचनाएँ समाचार पत्र, टीवी, रेडियो, आदि एकत्र कीजिए।
2. जुलाई से दिसंबर तक के समाचार पत्र एकत्रित कीजिए और देश के विभिन्न भागों में अत्यधिक वर्षा से संबंधित समाचार नोट कीजिए।



SCERT TELANGANA

अध्याय

5

# जैव मंडल

## जैव मंडल

पृथ्वी एक अनोखा ग्रह है। उस पर संपन्न जीवन है। इसके अनगिनत रुपों सूक्ष्म जीवाणु महान बरगद और अन्य पेड जानवरों में जैसे हाथी, बाघ, नीली व्हेल और अर्थात मनुष्य जीवन निवास करता है। यह तथ्य है कि पृथ्वी हवा पानी और मध्यम तापमान का संयोजन है। सूर्य की धूरी के कारण यह औसतन तापमान शक्य हो गया है। हमने पहले पाठ में देखा है कि जीवन तीन क्षेत्रो में विच्छेदित है, स्थल मंडल, वायुमंडल और जलमंडल । कई भूगोल शास्त्रों के अनुसार जीवन अपने आप में अलग क्षेत्र हैं जिन्हें जीव मंडल कहा जाता है।

जीवन के सभी रुपों में भूमि हवा और इसके चारों ओर के पानी और सूर्य के प्रकाश से साथ अभिन्न संबंध है। वे उनकी जीविका को आकर्षित करने के लिए और बदले में उन्हें महत्वपूर्ण ढंग से प्रभावित करते हैं .

जीवन के विभिन्न रुप न केवल तीनों मंडलों के लिए संबंधित है बल्कि आपस में संबंधित है। वे आहार श्रृंखला का हिस्सा है- एक प्रकार का जीवन दूसरे प्रकार के लिए खाना बन जाता है। जीवन के कई प्रकार सहजीवी भी है जो एक दूसरों के साथ आवश्यक पदार्थों का आदान-प्रदान करते हैं। आइए कुछ उदाहरणों पर विचार करेंगे ।

- क्या आप कह सकते है कि कैसे पौधे हवा और पानी पर निर्भर रहते हैं और बदले में वे दोनों को प्रभावित कर सकते हैं।
- मच्छरों और तितलियों की तरह कीडे चट्टानों और मिट्टी पर कैसे निर्भर रह सकते हैं? वे बदले में उन्हें कैसे प्रभावित करते हैं ?

प्राथमिक खाद्य उत्पादन वे पौधे हैं जो सूर्य प्रकाश की मदद से खाद्य उत्पादन करते हैं। पौधे स्वयं मिट्टी, विशेषकर अन्य पौधों और जानवरों के क्षय से बने जैविक घटकों से महत्वपूर्ण पोषक प्राप्त करते हैं। वे जीवाणु दूवारा मिट्टी में संग्रहित नाइट्रोजन पर भी निर्भर करते हैं। पौधों द्वारा उत्पादित खाद्य जानवरों द्वारा खाया जाता है। आमतौर पर शाकाहारी कहलाते हैं। जैसे हिरण, मवेशी, बकरियाँ, हाथी आदि। अन्य जानवर जैसे कुत्ता, बिल्ली, मछली, पक्षी, शेर आदि शाकाहारी जानवरों का माँस खाते हैं और इस प्रकार परोक्ष रुप से पौधों पर निर्भर रहते हैं। जीवाणु और कवक मृत पेडों और जानवरों के टुकडे करते हैं और उन्हें जैविक घटकों के रूप में परिवर्तित करते हैं, जिससे पौधों में विकास होता है। इस प्रकार जीवन का चक्र चलते रहता हैं।

इस क्षेत्र में किसी भी रुकावट को 'पर्यावरणीय त्रासदी' कहा जाता है। उदाहरण के लिए यदि एक विशेष प्रजाति को विशेष प्रकार की वनस्पति को खाने से रोका जाय तो उसका परिणाम यह होगा

SCERT TELANGANA

कि वह वनस्पति अनियंत्रित बढ सकती है। यह इतनी बढ सकती है कि अन्य पौधों के क्षेत्र में अतिक्रमण कर सकती है और उन्हें बढने से रोक सकती है।

रुकावट का एक और उदाहरण हवा या पानी या मिट्टी में जहरीले पदार्थ के मिश्रण का होगा।

कई कारखाने रसायन और धातुओं का उपयोग करते हैं। उन्हें तालाबों और नदियों में प्रवाहित करते हैं। इस कारण इस तरह के रसायनों के स्तर में बडी वृद्धि होती है। पानी में रसायनों और पारा जैसे धातुओं को सूक्ष्म जीवाणु ग्रहण करते है और बदले में बड़ी संख्या में मछलियाँ का भोजन बन जाते हैं। जब मनुष्य इन मछलियों को खाते हैं तब वे भी पारे की परिमाण को ग्रहण करते हैं , जो कि मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

**एक और उदाहरण:** गिद्ध मृत पशु या शव को खाते हैं । आमतौर पर गाँवों या कस्बों में मृत पशु खाते हुए कुछ बीस साल पहले दिखायी देते थे। हालांकि लोगों ने महसूस किया कि गिद्ध लगभग गायब हो गये है और बहुत कम दिखायी दे रहे हैं । जाँच पड़ताल से सुझाव आया है कि किसान ने एक विशेष प्रकार के रसायन डिक्लोफेनेक से पशुओं का इलाज शुरु कर दिया । जब मवेशी मरते हैं तब उनके मांस में इस रसायन का स्राव होता है। जब उनके माँस का गिद्धों द्वारा सेवन किया जाता है तब वह रसायन उनके वृक में पहुँचकर एक सप्ताह के भीतर उनकी मृत्यु हो जाती है, इस तरह गिद्ध लुप्त हो रहे हैं।

पृथ्वी के सभी जीवित और अजीवित चीजें किसी न किसी प्रकार से एक दूसरे से जुडे हुए है। जब परिवर्तन एक को प्रभावित करता है तो उसी प्रकार सभी को भी प्रभावित करता है।

## प्राकृतिक वनस्पति

सामान्यतः प्राकृतिक वनस्पति तीन बडी श्रेणियों में वर्गीकृत की जाती है। पर्याप्त वर्षा और धूप के क्षेत्रों में वन, मध्यम वर्षा के क्षेत्रों में घाँस और शुष्क क्षेत्रों में झाडियाँ । बहुत ही ठंडे क्षेत्रों में झाडियाँ काई और शैवाल से मिलकर टुंड्रा वनस्पति पायी जाती है। हम इनके बारे में सविस्तार पढेंगे ।

आपको याद होगा कि आपने पिछली कक्षा में पढा होगा कि वहाँ के वन के विभिन्न प्रकार वहाँ की जलवायु के आधार पर है ।

### उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन

इन वनों को उष्ण कटिबंधीय वर्षा वन कहा जाता है। ये घने वनों के निकट भूमध्य रेखा और उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में पाये जाते हैं। ये क्षेत्र गरम होते है और साल भर भारी वर्षा होती है। यहाँ कोई विशेष शुष्क मौसम नही होता है। पेड के पत्ते पूरी तरह से नहीं झडते हैं। इसी कारण इनको सदाबहार कहा जाता है। वृक्षों से घने मंडप दिन में भी सूर्य प्रकाश को



*चित्र 5.1: उष्कटिबंधीय सदाबहारवन*



*चित्र. 5.2: उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन*

वनों के अंदर घुसने की अनुमति नही देते। साधारणतः सख्त लकडी के पेड जैसे शीशम, आबनूस, महोगनी आदि होते हैं ।

### उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन


उष्ट कटिबंधीय पर्णपाती मानसून भारत के बडे हिस्से में, उत्तरी आस्ट्रेलिया और मध्य अमेरिका में बडे पैमाने पर पाये जाते हैं। इन क्षेत्रों में मौसम के कारण परिवर्तन होता है। उष्ण जलवायु में पेड से पत्ते गिरकर पानी को नियंत्रित रखते हैं। साल, सागवान, नीम और शीशम के सख्त पेड इन वनों में पाये जाते हैं। सख्त वृक्ष की लकडी फर्नीचर, परिवहन और निर्माण सामग्री आदि बनाने के लिए अत्यंत उपयोगी है। इन क्षेत्रों में सामान्यतः बाघ, शेर, हाथी, लंगूर और बंदर होते हैं।

### शीतोष्ण सदाबहार वन

शीतोष्ण सदाबहार वन मध्य अक्षांश तटीय क्षेत्रों में स्थित है। (चित्र 5.3) ये सामान्यतः महाद्वीपों के पूर्वी ओर पाये जाते है, उदाहरण के लिए दक्षिण पूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिणी चीन और दक्षिण पूर्वी ब्राजील। यहाँ बलूत (oak), चीड़ (pine), नीलगिरी (eucalyptus) आदि कठोर और मुलायम दोनों प्रकार की लकड़ी वाले पेड़ पाये जाते हैं।



*चित्र. 5.3: समशीतोष्ण सदाबहार वन*



*चित्र. 5.4: शीतोष्ण पर्णपाती वन*

### शीतोष्ण पर्णपाती वन

यदि हम उच्च अक्षांस की ओर जाते हैं तो शीतोष्ण पर्णपाती वन (चित्र 5.4) अधिक पाये जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के उत्तरी पूर्वी हिस्सों में, चीन, न्यूजीलैंड, चीली एवं पश्चिमी यूरोप के तटीय क्षेत्र में पाये जाते हैं। शुष्क जलवायु के समय उनके पत्ते झड जाते हैं। प्रायः यहाँ बलूत, अश, जंगली व भोज आदि वृक्ष होते हैं। हिरन, लोमडी, भेडिया ये पशु प्रायः दिखायी देते है और कई प्रकार के पक्षी भी पाये जाते हैं।

## भूमध्य वनस्पति

आपने पढा होगा कि अधिक पूर्वी और उत्तरी महाद्वीप के किनारे समशीतोष्ण सदाबहार और पतझड वृक्षों से आच्छादित होते हैं। पश्चिमी और दक्षिणी पश्चिमी महाद्वीप के किनारे विभिन्न होते हैं, वहाँ भूमध्य वनस्पति होती हैं। भूमध्य वृक्ष मोटी छाल और मोम के आवरण की पत्तियों की सहायता से जो इनकी जल वाष्पीकरण कम करने में सहायता करते है। स्वयों को शुष्क ग्रीष्मकाल के अनुकूल बनाते हैं। इस कारण ये अपने नाम की तरह यूरोप, अफ्रिका और एशिया के भूमध्यसागर के समुद्र के सभी क्षेत्रों में अधिकतर पायी जाती है। इस प्रकार की वनस्पतियाँ वास्तविक संयुक्त राष्ट्र संघ के कैलिफोर्नियाँ, दक्षिण पश्चिमी अफ्रिका, दक्षिणी पश्चिमी, दक्षिण अमेरिका और दक्षिण पश्चिमी आस्ट्रेलिया के भूमध्य क्षेत्र के बाहर पाये जाते हैं। ये क्षेत्र गर्म शुष्क गरमी और हलकी बरसात सर्दियों के लिए चिन्हित हो गये हैं। आमतौर पर यहाँ खट्टे फल जैसे संतरे, अंजीर, जैतून, अंगूर की खेती की जाती है। क्योंकि यहाँ के लोग प्राकृतिक वनस्पति हटाकर उन्हें जो चाहिए उसकी ही खेती करते हैं। यहाँ ज्यादा वन्य जीवन नहीं है।



*चित्र. 5.5: भूमध्य वनस्पति*


## शंकुधारी वन

उच्च अक्षांशों में (50° – 70°) उत्तरी गोलार्ध में शानदार शंकुधारी वन (चित्र.5.6) पाये जाते हैं। इन्हें टैगा भी कहा जाता है। ये वन अधिक ऊँचाई में भी दिखायी देते हैं। ये पेड़ हिमालयों में बहुतायत पाये जाते है। ये लंबें, नरम लकड़ी के सदाबहार पेड़ है। ये लकड़ियाँ लुगदी बनाने के लिए बहुत उपयोगी होती है, जो कागज निर्माण और अखबारी कागज बनाने में उपयोग में लाया जाता है। दियासलाई की डीबिया और बक्से का आवरण भी इस नरम लकड़ी से बनाया जाता है। इन वनों में चीर, चीड़ (पाईन), देवदार (सीडर) ये महत्वपूर्ण प्रकार के पेड़ होते हैं। आमतौर पर यहाँ सिल्वर फाक्स,ऊदबिलाव, सफेद भालू जैसे जानवर पाये जाते हैं।



*चित्र. 5.6: शंकुधारी वन*

- अपने परिवेश में चारो ओर देखिए और कठोर लकड़ी और नरम लकड़ी से बनी चीजें ढूँढिएँ ।
- अपने क्षेत्र के कुछ पेडों के नाम पता कीजिए



*चित्र. 5.7: उष्ण कटिबंधीय घाँस भूमि*



*चित्र. 5.8: शीतोष्ण घाँस के मैदान*

## घाँस के मैदान

**उष्ण कटिबंधीय घाँस भूमि:** ये भूमध्य रेखा की दोनों ओर कटिबंधों तक बढती है। (चित्र 5.7) यह वनस्पति कम व मध्यम वर्षा वाले वर्षा की कम मात्रा के मध्यम क्षेत्रों में बढती है। यह वनस्पति बहुत लंबी 3 से 4 मीटर ऊँचाई में बढती है। उदाहरण के लिए इस प्रकार की वनस्पति अफ्रीका के सवाना घाँस के मैदान। उष्ण कटिबंधीय घाँस के मैदान में ज़ेबरा, जिराफ़, हिरण, तेंदुएँ, आदि जानवर अधिक है।

**शीतोष्ण घाँस के मैदान:** ये मध्य अक्षांशीय क्षेत्र में और महाद्वीपो के आंतरिक भाग में पाये जाते हैं। (चित्र 5.8) प्रायः यहाँ घाँस छोटी और पौष्टिक होती है। जंगली भैस, बिसन्स एन्टीलेपस समशीतोष्ण क्षेत्र में सामान्य है। ये यूरेशिया में स्टेप्पीस के नाम से जाने जाते है।

**कांटेदार झाड़ियाँ:** ये सूखे रेगिस्तान क्षेत्र में पाये जाते हैं। उष्ण कटिबंधीय रेगिस्तान महाद्वीप के पश्चिमी किनारों पर स्थित है। अल्प वर्षा के कारण और चिलचिलाती गर्मी के कारण वनस्पति आच्छादन दुर्लभ होता है।

**टुँड्रा वनस्पति (अवधिवाले ग्रीष्मकाल) :** यदि आप ध्रुवीय क्षेत्र में पहुँचे तो आपको बहुत अधिक ठंडा जगह मिलेगी । प्राकृतिक वनस्पतियों का विकास यहाँ बहुत सीमित होता है। केवल शैवाल, काई और बहुत छोटी झाडियाँ यहाँ पायी जाती हैं। यह बहुत कम गर्मी के समय बढते है। इस वनस्पति के प्रकार को टुंड्रा कहा जाता है। यह वनस्पति यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका के ध्रुवीय क्षेत्रों में पाये जाते हैं। जानवरों की मोटी खाल और मोटी त्वचा होती है, जिससे वे अपने आप को ठंडी जल वायु की परिस्थितियों में बचाते हैं। सील, वालरसेस, (मस्क आक्सन) आर्कटिक उल्लु, ध्रुवीय भालु और (स्जो फॉक्स) यहाँ पायी जाती है।

SCERT TELANGANA

## मानव समाज और पर्यावरण

अनंतकाल से मानव समाज पर्यावरण से पारस्परिक क्रिया कर रहा है और इस प्रक्रिया में वह इसे बदल रहा है। शिकारी और संग्रहक शिकार करने, वे कंद व फल इकट्ठा करने के लिए, पत्थर के औजार और लकड़ी से बने उपकरणों का उपयोग करते हैं। उन्होंने लकड़ियों और घाँस के द्वारा आग जलाना सीखकर उसका उपयोग सीखा जिसका उपयोग ऊर्जा के प्रथम स्त्रोत के रूप में लिया पर्यावरण को बदलने के लिए मनुष्य के प्रयास की कहानी शुरू हुई। अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए और उनमें बदलाव लाने की योग्यता प्राप्त करने के लिए मनुष्य ने पर्यावरण की प्रकृति की छानबीन शुरू की। प्राकृतिक जगत के साथ पारस्परिक क्रिया के लिए पर्यावरण का ज्ञान मनुष्य के जीवन का आवश्यक अंग है।

जब मनुष्य ने कृषि और पशुपालन का अभ्यास शुरु किया तब उन्होंने अपने पर्यावरण को भी और अधिक बदलना शुरु कर दिया । शहरों के निर्माण और कांस्य और लोहे जैसे धातुओं के उपयोग करने से मनुष्य का पर्यावरण के साथ पारस्परिक क्रिया में बदलाव आया । बहुत समय पहले ही लोगों ने जल संग्रहण के लिए टैंक, खेतों में पानी पहुँचाने के लिए नहरों और नदियों और छोटी नदियों (streams) पर बाँध बनाना भी आरंभ कर दिया था।

लोगों नें दूर के स्थानों को जोडने के सडकों का निर्माण और समुद्र , महासागरों को पार करने के लिए जहाज और नावो का भी निर्माण किया । इस प्रकार मानव समाज ने खुद को हर महाद्वीप पर (अंटाटिक को छोड़कर) ही नही बल्कि समुद्र और महासागरों में भी स्थापित किया ।

धीरे-धीरे मानव की आबादी इतनी बढ गयी कि मनुष्य पृथ्वी पर प्रमुख प्रजाति बन गयी ।

10,000 ई.पू. के दौरान, जिस समय खेती करना प्रारंभ कर दिया था तब मनुष्य की कुल आबादी लगभग 40 लाख भी और 1750 में यह 50 करोड़ तक पहुँच गयी । 1800 में 100 करोड़ 1950 में 250 करोड़ और 2010 के दौरान 700 करोड़ तक पहुँच गयी। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 2100 में जनसंख्या 1000 करोड़ तक पहुँच जायेगी । जनसंख्या में ऐसी वृद्धि से पृथ्वी के साथ-साथ संसाधनों पर बहुत दबाव पड़ता है। इसका मतलब यह है कि मानव की आवश्यकता के अनुरूप लगभग पूरी पृथ्वी को पुनःआकार दिया जाय। पृथ्वी की सतह के पुनःआकार की प्रक्रिया को औद्योगिक क्रांति और उपनिवेश की प्रक्रिया से बड़ी सहायता मिली। औद्योगिक गतिविधि को अधिक कच्ची सामग्री की आवश्यकता होती है और औद्योगिक देशों ने कच्चे माल और ऊर्जा के स्रोतों की खोज पूरे विश्व भर में आरंभ कर दी । उन्होंने विश्व में खोज की और सभी संभव संसाधनों की सूची बनाकर उन्होंने गहरे कुओं को खोदा

- चर्चा करें कि जब मनुष्य कृषि और पशुओं का पालन शूरू किया तब अपने चारों ओर भूमि, जल, पौधे और जानवरों को कैसे प्रभावित करते हैं ?
- किस प्रकार के ऊर्जा स्रोतों का उन्होंने इस्तेमाल किया और उन्होंने उसे कैसे प्राप्त हुआ ?
- क्या आप कह सकते हैं कि शहरों के निर्माण के कारण उनके आस पास को भूमि और पानी में क्या बदलाव आ सकते हैं?
- तुम्हें क्या लगता है कि किस तरह ये परिदृश्य और जल चक्र प्रभावित करते हैं ?

SCERT TELANGANA

और पता किया कि नीचे क्या है। और ऊपर वायुमंडल में क्या है इसकी भी खोज की। जल्द ही पृथ्वी पर व्यवस्थित खनन, वनों को काटने, कारखाने और खेतों और सड़कों के निर्माण किया जायेगा। राष्ट्रों ने इन स्रोतों पर नियंत्रण पाने के लिए एक दूसरे के साथ संघर्ष आरंभ किया।

ऐसी तीव्र मानव औद्योगिक गतिविधि का हमारे चारो ओर हवा, पानी और जमीन पर गहरा प्रभाव पडा है। इनमें से कुछ विषयों के बारे में जानने का प्रयास करेगे।

## उद्योग, प्रदूषक और अवशिष्ट

आधुनिक उद्योग-धंधों और परिवहन प्रणाली ने विशाल रूप में ऊर्जा का उपयोग किया जो मुख्य रूप से कोयला और पेट्रोलियम (लाखों वर्ष पूर्व भूमि के भीतर दफनाए गए जंगलों के अवशेष - जीवाश्म इंधन कहलाते हैं) से प्राप्त की जाती थी। जीवाश्म ईंधन के जलाने से बड़ी मात्रा में कार्बन-डाई-ऑक्साइड और अन्य रासायनिक गैसें जैसे नाइट्रोजन आक्साइड, सल्फर डाई आक्साइड, वोलाटिल ऑरगेनिक कंपाउंड तथा भारी धातुएँ आदि निकलती है। ये सल्फ्यूरिक, कार्बोनिक और नाइट्रिक अम्ल छोड़ते है जिसके कारण 'आम्ल वर्षा' होती है। वर्षा के जल में एसिड या आम्ल की वृद्धि को बढ़ाकर वर्षा के साथ वायुमंडल के आम्लिक कणों के मिलने से आम्ल वर्षा होती है।

### क्योटो प्रोटोकॉल

वैश्विक तपन से माँ पृथ्वी के संरक्षण के लिए जापान के क्योटा शहर में दिसंबर 1997 को संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा एक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिन देशों ने इसमें भाग लिया उन्होंने ग्रीन हाऊस के प्रभाव को समझा और एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये जो क्योटो प्रोटोकाल कहलाता है। इसका मुख्य उद्येश्य है ग्रीन हाऊस गैसों 5.2% तक लाना है। इस घोषणा के अनुसार इस लक्ष्य को 2008-2012 के बीच प्राप्त किया जाना चाहिए ।

जीवाश्म ईंधन जलने के अतिरिक्त आधुनिक उद्योग ठोस, तरल और गैसीय रूप में अपशिष्ट छोडते हैं। जिससे हवा, पानी (दोनों सतहों का पानी जैसे नदियाँ और कुओं का भूजल) और मिट्टी दूषित होते हैं।

इस तरह से प्रदूषण का संचयी प्रभाव धीरे-धीरे अपने पर्यावरण को विषैला बनाता है। एक महत्वपूर्ण प्रभाव विश्व भर की जलवायु में परिवर्तन है जिसे 'वैश्विक तापन' भी कहते हैं। इसके बारे में हम IX कक्षा की जीव विज्ञान की पुस्तक के X अध्याय में विस्तार से पढ़ेंगे।

## संसाधनों की कमी

औद्योगिकरण, जनसंख्या में तीव्र वृद्धि और शहरीकरण के कारण प्राकृतिक संसाधनों जैसे- खनिज़, वन, मिट्टी, जलवायु आदि का अभूतपूर्व शोषण हुआ है। इसके साथ-साथ अरबों वर्षों से पृथ्वी में संग्रहित ऊर्जा के स्त्रोतों (कोयला, पेट्रोलियम आदि) का भी। जिसके परिणामस्वरूप वनों की कटाई, खनिज, तेल और भूमिगत जल की मात्रा में कमी आयी है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जीवन की वर्तमान पद्धति 'स्थायी' नहीं है। यदि हम इतनी बड़ी मात्रा में प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करेंगे तो हमारे बच्चों और उनके बच्चों के लिए कुछ भी शेष नहीं बचेगा।

पृथ्वी पर सभी जीव पर्यावरण पर निर्भर रहते हैं और उन्हें पर्यावरण के अनुसार चलना चाहिए। लेकिन, अपने मनोरंजन और विकास के लिए मानव प्रकृति को नष्ट कर रहा है। मनुष्य के द्वारा अपनायी गयी वाणिज्यिक गतिविधियाँ पृथ्वी के प्रत्येक जीव व प्रत्येक पदार्थ को प्रभावित कर रही हैं।



SCERT TELANGANA

यदि यह ऐसा ही चलता रहा तो केवल जानवरों के लिए ही नहीं बल्कि मनुष्य के स्वयं के लिए भी यह खतरनाक है।

## मुख्य शब्द

1. खाद्य श्रृंखला
2. कठोर लकडी के वृक्ष
3. अम्ल वर्षा
4. पर्यावरणीय त्रासदी
5. टुड्रा

## क्या आप जानते हैं ?

- अपशिष्ट का लगभग 13-15 टन प्रति दिन कोलेरू झील के आसपास के कस्बों और गाँवों में सीवेज का पानी जाता है।
- एक अध्ययन से पता चला है कि सेलफोन टॉवर से निकलने वाले विकिरण (Radiation) मधुमक्खी के जीवन को प्रभावित कर रहा है। इससे न केवल शहद की कमी हो रही है बल्कि पराग संक्रमण जैव वैविधता और कृषि उत्पादन में भी कम आ रही है।

## शिक्षा में सुधार

1. जीवन अपने आप में 'जैव मंडल' नामक एक अलग मंडल का निर्माण करता है। समझाइए। ($AS_1$)
2. आधुनिक काल में पर्यावरणीय त्रासदी क्यों आयी ? इसके प्रभाव बताइए । ($AS_4$)
3. प्राकृतिक वनस्पति उस स्थान के जलवायु पर निर्भर होती है। उनके अस्तित्व के आधार पर विभिन्न प्रकार के वनों और जलवायु परिस्थितियों के बारे में लिखिए । ($AS_1$)
4. प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा हम कैसे कर सकते हैं। ($AS_6$)
5. अध्याय पढ़िए और तालिका पूरी कीजिए। ($AS_3$)

| क्र.सं. | वन का प्रकार | इन देशों में फैला हुआ है | उगने वाले पेड़ | पशु |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

6. विश्व के मानचित्र में निम्न देशों को दर्शाइए। ($AS_5$)
   अ) न्यूज़ीलैण्ड आ) ब्राजील इ) ऑस्ट्रेलिया ई) उत्तरी अमेरिका उ) चीन ऊ) भारत
7. 'संसाधन की कमी' शीर्षक वाला अनुच्छेद पढ़िए और उस पर टिप्पणी कीजिए। ($AS_2$)

**चर्चा :** पशुओ/पक्षियों के विलोप के संदर्भ में जानकारी एकत्रित कीजिए। इस तालिका की पूर्ति कीजिए और कक्षा में चर्चा कीजिए।

| क्र. सं. | पशु/पक्षी का नाम | विलोप | विलोप हो रहे हैं | विलोप के कारण | परिणाम | निवारण के उपाय/ हमारे उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

## परियोजना

किसी समीप के औद्योगिक प्रतिष्ठान को जाइए और परिसर से निकलने वाले विभिन्नि प्रकार के धुएँ, रसायन और ठोस व्यर्थ का निरीक्षण करें इनसे पौधों और जानवरों पर क्या प्रभाव पड़ रहा है इनकी जानकारी आस-पास के निवासियों से प्राप्त कीजिए। संग्रहति जानकारी के आधार पर रिपोर्ट तैयार कीजिए और कक्षा में प्रदर्शित कीजिए।

SCERT TELANGANA

अध्याय

6

# कृषि विकास

## कृषि के प्रकार

हमारे देश में कृषि अति प्राचीन आर्थिक क्रिया कलाप है। पिछले कई वर्षों से वातावरणीय प्रभाव तकनीकी जानकारी एवं सामाजिक सांस्कृतिक पद्धतियो के कारण बुआई के प्रकारों में परिवर्तन आया है। वर्तमान में भारत के विभिन्न भागों में निम्न कृषि पद्धतियों का प्रचलन है।

**जीविका कृषि-** यह दो प्रकार की होती है साधारण जीविका कृषि एवं उद्देश्यपूर्ण विस्तृत कृषि ।

**1. साधारण जीविका कृषि:** यंत्रो जैसे फावड़ा, सब्बल और कुल्हाडी की सहायता से परिवार समुदाय श्रम द्वारा भमि के छोटे-छोटे टुकड़ों पर की जाने वाली कृषि है। इस प्रकार की कृषि मानसून, मिट्टी की उर्वरा शक्ति और फसलों को उगाने के लिए जलवायु परिस्थिति पर आधारित होती है। यह काटने और जलाने की पद्धति वाली कृषि (बदलाव कृषि) है। आपने इसके बारे में पिछली कक्षाओं मे पढा होगा।



*चित्र. 6.1 भूमि को कृषि योग्य बनाना*

**2. उद्देश्यपूर्ण जीविका कृषि:** यह अत्यधिक जनसंख्या वाले क्षेत्रों में की जाती है। यह अधिक उत्पादन के लिए बड़ी मात्रा में जीव रसायन और सिंचाई का उपयोग किये जाने वाली अथक श्रम वाली खेती है।

- क्या आप कुछ ऐसे भारत के कुछ ऐसे प्रान्तों के नाम बता सकते हैं। जहाँ काटने और जलने वाली कृषि पद्धतियों को अपनाया गया है।

**वाणिज्य कृषि:** इस कृषि पद्धति की यह प्रमुख विशेषता होती है कि इसमें आधुनिक तत्वों जैसे एचवाईवी बीजों, रसायन, खाद, कीटनाशक दवाईयों एवं औषधियों का प्रयोग अत्यधिक उत्पादन के लिए किया जाता है। कृषि के वाणिज्यीकरण का स्तर एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में भिन्न होता है। उदाहरण के लिए हरियाणा और पंजाब में चावल वाणिज्य फसल है। लेकिन ओड़िशा में यह जीविका फसल है। बागवानी भी एक प्रकार की वाणिज्य खेती है। इस प्रकार

की कृषि में विस्तृत क्षेत्र में एक ही फसल उगाई जाती है। भारत में चाय, काफी, रबड़, गन्ना केले आदि महत्वपूर्ण बागवानी फसलें हैं।

- कुछ फसलों के उदाहरण दीजिए जो किसी क्षेत्र में वाणिज्य फसल हैं और कही पर जीविका कृषि हैं।

## फसलें उगाने की ऋतुएँ

कृषि फसले ऋतुओं और प्राकृतिक संसाधन जैसे मिट्टी, पानी, धूप आदि पर निर्भर करती है। तापमान एवं आद्रता स्थिति भी महत्वपूर्ण होती हैं। जल एवं अन्य तत्वों की उपलब्धता को ध्यान में न रखते हुए। कुछ फसलें केवल उन्हीं ऋतुओं में उगाई जाती है। इसलिए किसी भी क्षेत्र में विभिन्न ऋतुओं में विभिन्न फसलें उगाई जा सकती है।

भारत में फसलों की तीन ऋतुएँ हैं - रबी, खरीफ एवं जयाद ।

रबी की फसल की बुआई शीत ऋतु में अक्टूबर से दिसम्बर तक और कटाई ग्रीष्म ऋतु में अप्रैल से जून तक की जाती है।

कुछ रबी महत्वपूर्ण फसलें गेहूँ, बार्ली, मटर, दाले और राई है। पश्चिमी शीतोष्ण चक्रवातों के कारण शीत महीनों में आर्द्रता की उपलब्धता के कारण इन फसलों के विकास में सहायता मिलती है। पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान के कुछ भाग में हरित क्रान्ति की सफलता में रबी फसलों के विकास में महत्वपूर्ण तत्व है।

मानसून के आरंभ में खरीफ की फसले देश के विभिन्न भागों में उगायी जाती है और सितम्बर से अक्टूबर में काटी जाती है। इस ऋतु की महत्वपूर्ण फसलें धान, मक्का, जवार, बाजरा, तुअर दाल, मूँगदाल, उड़ददाल उड़द, कपास, पटसन, मूँगफली और सोयाबीन है।

रबी और खरीफ के बीच में थोडे समय के लिए ग्रीष्म ऋतु में एक फसल होती है, जिसे हमदानी मौसम (Zaid) कहते हैं। हमदानी में फसलें जैसे तरबूज, खरबूज, ककड़ी, सब्जियाँ और चारा फसलें उगाई जाती हैं।




Look at the map of major paddy producing states at the end of the chapter and shade them.

## मुख्य फसलें

देश के विभिन्न भागो में मिट्टी, जलवायु और खेती पद्धतियों के विभिन्नता के आधार पर खाद्यान्न एवं अखाद्यान्न फसलें उगाई जाती है। भारत में मुख्य फसलें चावल, गेहूँ, मोटा धान, दालें, चाय, काफी, गन्ना, तेल, बीज, कपास और पटसन आदि है।

SCERT TELANGANA

**धानः** भारत के अधिकतर लोगों की मुख्य खाद्यान्न धान है। चीन के पश्चात हमारा देश विश्व में दूसरा धान उत्पादक देश है। यह खरीफ की फसल है, अत्यधिक तापमान (25°C से अधिक) और वार्षिक वर्षा 100 से.मी. उच्च आर्द्रता की आवश्यकता होती है। कम वर्षा वाले क्षेत्रों में सिंचाई की सहायता से यह फसल उगाई जाती है। धान का भारत के उत्तर एवं उत्तर पूर्वी मैदानी भाग, तटीय क्षेत्रों तथा डेल्टाई क्षेत्र में अधिक उत्पादन किया जाता हैं । नहर सिंचाई तथा ट्यूबबेल के विकास द्वारा कम वर्षा वाले क्षेत्र जैसे पंजाब, हरियाणा एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान के भागों में भी चावल उगाना संभव हो पाया है।

**गेहूँः** यह दूसरी अत्यधिक खाद्यान्न फसल है। यह देश के उत्तरी एवं उत्तर पश्चिमी भाग की महत्वपूर्ण फसल है। यह रबी की फसल है। इसे बोने के समय शीत ऋतु एवं पकने के समय सूर्य के प्रकाश की आवश्यकता होती है। वार्षिक वर्षा 50 से75 से.मी. आवश्यक होती है। देश में दो महत्पूर्ण गेहूँ उत्पादक क्षेत्र हैं - उत्तर पश्चिम में गंगा सतलज मैदान और दक्खन की काली मिट्टी वाला क्षेत्र। अत्यधिक गेहूं उत्पादक प्रदेश- पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के भाग हैं ।

**अधिक उपज देने वाली किस्में**

नई कृषि तकनीकी में HYV के बीज एवं खाद महत्वपूर्ण स्तर रखते है। जब खाद एवं जल का उपयोग किया जाता है तो HYV बीज उचित ढंग से विकसित होते है। उनमें अन्न के अधिक दाने एवं काड़िया (ड़ंठल) की भागों में कम होते है। कम समय में तैयार होना तथा एक ही वर्ष में अधिक बार उपयोग करना भी संभव है। यह पद्धति पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा आन्ध्र प्रदेश एवं तमिलनाडु के कुछ भागों में मूल रूप से लागु की गई। HYV बीजों के लिए अधिक जल की आवश्यकता होती है तथा यह पहले से सिंचित होती है। नए प्रकार का गेहूँ पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा चावल तेलंगाना, आन्ध्र प्रदेश और तमिलनाडु में अधिक उगाया गया।

**मकईः** यह ऐसी फसल है जिसका उपयोग खाद्यान्न एवं चारवाहे दोनों के लिए किया जाता है। इस खरीफ की फसल को 21°C से 27°C तापमान की आवश्यकता होती है और प्राचीन अल्युवियल मिट्टी में उगाई जाती हैं। कुछ प्रदेशों में बिहार में रबी के मौसम में भी उगाई जाती है। कुछ आधुनिक पदार्थों जैसे एचवाईवी बीज, खाद, सिंचाई आदि की सहायता से मक्का के अधिक उत्पादन में मदद मिलती है। अत्यधिक मक्का उत्पादक प्रदेश कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, बिहार,आन्ध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश हैं ।

**मोटा धानः** जवार, बाजरा और रागी भारत में महत्वपूर्ण फसलें हैं । जबकि यह निम्न स्तरीय खाद्यान्न कहलाते हैं। यह अधिक पौष्टिक मूल्य रखते हैं। उदाहरण के लिए रागी में लोहा, कैल्शियम अन्य पौष्टिकताएँ और रेशे होते हैं। क्षेत्र एवं उत्पादन के अनुसार जवार तीसरी महत्वपूर्ण खाद्यान्न फसल है। यह वर्षा पर निर्भर रहनेवाली मुख्यतः आर्द्र क्षेत्रों में उगनेवाली फसल है जिसमें सिंचाई की आवश्यकता कम ही होती है। महाराष्ट्र जवार का सबसे अधिक उत्पादक क्षेत्र है, तत्पश्चात कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश तथा मध्य प्रदेश है। बाजारा रेतीली मिट्टी तथा गहरी काली मिट्टी में अधिक होता है। राजस्थान में सबसे अधिक बाजरा उत्पन्न होता है तथा बाद में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र गुजरात एवं हरियाणा में उत्पादित होता है। रागी शुष्क क्षेत्रों की फसल है जो लाल, काली, रेतीली, चिकनी व हल्की गहरी काली मिट्टी में उगती है। सबसे अधिक कर्नाटक में तथा बाद में तमिलनाडु में उगती है।

**दालें :** विश्व में भारत सबसे अधिक दाल उत्पादक एवं उपभोक्ता देश है। शाकाहारी भोजन में यह प्रोटीन युक्त आहार है। भारत में अत्यधिक तुअर दाल, उडद दाल, मुंग दाल, मसूर, मटर, और चना

होता है।दालों के लिए कम आर्द्रता चाहिए और शुष्क स्थितियों में भी जीवित रह सकती है। क्षीमीदार फसलें होने के कारण यह अरहर को छोडकर सभी फसले हवा से नाइट्रोजन करके मिट्टी की उर्वरकता को बनाये रखने में सहायक होती है। इसीलिए अन्य फसलों के साथ इन्हें भी उगाया जाता है। भारत में दालों का उत्पादन मुख्यतः मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र एवं कर्नाटक में है।

- इनमें में कौनसी खरीफ मौसम और रबी मौसम उगने वाली दाले है।

## अनाज के अतिरिक्त खाद्यान्न फसलें

**गन्नाः** यह उष्ण रेखीय एवं उप उष्ण रेखीय फसल है। यह उष्ण एवं आर्द्रता जलवायु में 21°C से 27°C तापमान तथा वार्षिक वर्षा 75 से.मी.100 से.मी. वाले क्षेत्र में अधिक उगता है। निम्न वर्षा वाले भागों में सिंचाई की आवश्यकता होती है। विभिन्न प्रकार की मिट्टी में उगाया जा सकता है और बुआई से लेकर कटाई तक के लिए शारीरिक श्रम की आवश्यकता है। ब्राजिल के बाद भारत ही दूसरा अत्यधिक गन्ना उत्पादक देश है। यह शक्कर, गुड, खांडसारी एवं मोलासेस का मुख्य स्त्रोत होता है। अत्यधिक गन्ना उत्पादक प्रदेश उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाणा, आन्ध्र प्रदेश, बिहार, पंजाब और हरियाणा हैं।

**तेल बीजः** विश्व में भारत अत्यधिक तेल बीज उत्पादक देश है। कुल कृषि क्षेत्र के लगभग १२ प्रतिशत क्षेत्र पर विभिन्न तेलबीज उगाये जाते हैं। इनमें से अधिक खाने में उपयोग होता है तथा भोजन बनाने को माध्यम के रूप में उपयोग होता है। साबुन, श्रृँगार प्रसाधन वस्तुएँ एवं आइन्टमेन्ट बनाने के लिए इसका उपयोग कच्चे माल के रुप में उपयोग किया जाता है।

मूँगफली खरीफ की फसल है और तेल बीजों में से आधे से अधिक भाग का उत्पादन भारत में होता है। तेलंगाना, आन्ध्र प्रदेश में सबसे अधिक तत्पश्चात तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात और महाराष्ट्र में उत्पादन होता है। अलसी एवं राई रबी की फसल है। उत्तर में सीसम (तिलहन) खरीफ की फसल तथा दक्षिण भारत में रबी की फसल है। सरसों के बीज दोनो रबी और खरीफ की फसले दोनों रूप में उगाये जाते हैं।

**चाय :** बागवानी कृषि में चाय की फसल उत्तम उदाहरण है। यह एक महत्वपूर्ण पेय फसल है,जिसको अंग्रेजों ने भारत में प्रचलित किया था। आज चाय के अधिक बागों के मालिक भारतीय हैं। चाय के पौधे उष्ण एवं उप उष्ण जलवायु वाले क्षेत्र की अत्यधिक उपजाऊ ह्यूमस और जैविक पदार्थ एवं सूखी मिट्टी में उगते हैं। चाय की झाड़ियों को संपूर्ण वर्ष उष्ण एवं नम तथा बिना पाले वाला मौसम चाहिए । चाय की पत्तियाँ वर्ष भर धीमी-धीमी छीटें वाली वर्षा में अच्छी उगती हैं। चाय श्रमिकों पर निर्भर उद्योग है। इसे कुशल मजदूरों की



*चित्र 6.2 चाय की फसल*



SCERT TELANGANA

पर्याप्त मात्रा में आवश्यकता होती है। चाय की ताज़गी बचाने के लिए चायपती के निर्माण की प्रक्रिया चाय बागों में ही की जाती थी। अत्यधिक चाय उत्पादक प्रदेश आसोम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल है। विश्व में भारत चाय का अत्यधिक उत्पादन वाला देश के साथ-साथ अत्यधिक निर्यातक देश है।

**कॉफी:** विश्व उत्पादन का 4 प्रतिशत कॉफी का उत्पादन भारत करता है। विश्व में भारतीय कॉफी की गुणवत्ता प्रसिद्ध है। यमन से लाई हुई अरबिका प्रकार का उत्पादन भारत में किया जा रहा है। सारे विश्व में इसकी अत्यधिक माँग है। इसकी खेती मुख्यतः बाबा बुदान की पहाडियों पर आरंभ की गई और आज भी कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु की नीलगिरी की पहाडियों में प्रचलित है।



*चित्र 6.3 कॉफी की फसल*

**बागवानी फसलें:** विश्व में भारत फल और सब्जियो के उत्पादन में अग्रणी उत्पादक है। उष्ण कटिबंधक एवं भूमध्य रेखीय फल जैसे महाराष्ट्र, तेलंगाना, आन्ध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के आम, नागपूर और चेरापूँजी (मेघालय) के संतरे, केरल मिजोरम, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के केले, उत्तर प्रदेश और बिहार के लीची एवं अमरुद, मेघालय के अनानास, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के अंगूर तक जम्मू कश्मीर एवं हिमाचल प्रदेश के सेब, आडू, अखरोट की विश्व में अत्यधिक माँग है ।

विश्व की सब्जियों का लगभग 1/6 भाग का उत्पादन भारत करता है। मटर, फूलगोभी, प्याज, पत्ता गोभी, टमाटर, बैंगन और आलू का महत्वपूर्ण उत्पादक देश है।

## अखाद्यान्न कृषि

**रबड़:** यह भूमध्य रेखीय फसल है, परन्तु विशेष परिस्थितियों में उष्ण कटिबंधीय एवं उप उष्ण क्षेत्रों में भी उगाया जाता है। इसके लिए 200 से.मी. से अधिक वर्षा तथा 25°C से अधिक तापमान और नम आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है। रबड महत्वपूर्ण औद्योगिक कच्चा माल है। यह मुख्यतः केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक एवं अंडमान निकोबार द्वीप तथा मेघालय के गारों पहाडियो में होता है। विश्व में प्राकृतिक रबड़ उत्पादन में भारत का स्थान अग्रणी है।

**रेशेवाली फसल:** कपास, पटसन, जूट, और प्राकृतिक रेशम प्रमुख चार रेशेवाली फसले भारत में उगाई जाती है। पहली दो भूमि में फसल के रुप में प्राप्त होती है तथा बाद की विशेषकर मलबेरी के हरे पत्तो पर रहने वाले रेशम के कीडों से प्राप्त होती हैं। रेशम वस्त्र उत्पादन के लिए रेशम के कीड़ों के पालन को सेरीकल्चर कहते है ।

**कपास:** कपास के पौधों के बारे में भारत को वास्तविक घर माना जाता है। कपास सूती कपडा उद्योग का एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। विश्व में भारत कपास उत्पादन में तीसरा बडा देश है। कपास मुख्यतः दक्कन पठार की काली मिट्टी वाले शुष्क भाग मे उगता है। इसके लिए उच्च तापमान, हल्की वर्षा या सिंचाई 210 दिन पाला मुक्त और चमकीले सूर्य प्रकाश की आवश्यकता होती है। यह खरीफ



SCERT TELANGANA

की फसल है और पकने के लिए 6 से 8 महीने की आवश्यकता होती है। अत्यधिक कपास उत्पादन प्रदेश- महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडू, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश है।

**जूट:** यह स्वर्ण तंतु है। बाढ वाले मैदानों की उपजाऊ शुष्क मिट्टी में जहाँ प्रतिवर्ष मिट्टी नयी मिट्टी होती है, जूट अत्यधिक उत्पादित होता है। बढनेके समय फसल बढ़ने की अवस्था में उच्च तापमान की आवश्यकता होती है। पश्चिम बंगाल, बिहार और आसोम ओडिसा और मेघालय। मुख्य जूट उत्पादक राज्य हैं। इसका उपयोग बारदान, चटाई, रस्सी, यार्न, शतरंजी और अन्य हस्तकला के नमूने बनाने के लिए किया जाता है। उच्च कीमत के कारण संशलिष्ट तंतु तथा पैकिंग सामान या नायलोन के समक्ष बाजार में इसकी कीमत कम हो गई है। फिर भी आजकल जैवमित्र जूट उगाया जा रहा है।

## क्रिया कलाप

1. निम्न तालिका में कुछ फसलों एवं उनके महत्वपूर्ण प्रदेश जो अधिक उत्पादन करते हैं, के बारे में जानकारी दी जा रही है। अटलस को देखिए तथा अपने शिक्षक से चर्चा करके उनकी सहायता से तालिका पूरा कीजिए।
2. प्रत्येक फसल के लिए विशेष की चिन्ह का प्रयोग (•,○, ◆,■) भारत के राजनैतिक मानचित्र में कीजिए और कारणों पर चर्चा कीजिए की क्यों इन विशेष फसलों का अत्यधिक उत्पादन इन्हीं प्रदेशों में होता है।

| क्र.सं. | फसलें | 2014-15 में उच्च प्रदेश और उत्पादन में कुल अन्न का योगदान (% में) | प्राकृतिक एवं अन्य तत्व जो अत्यधिक उत्पादन के कारण |
|---|---|---|---|
| 1 | धान | पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, तेलंगाणा व आन्ध्र प्रदेश, पंजाब, ओड़िशा | |
| 2 | गेहूँ | उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा | |
| 3 | मोटा धान तथा अन्य अनाज | राजस्थान, कर्नाटक, तेलंगाणा व आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश | |
| 4 | मक्का | तेलंगाणा व आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, बिहार, तमिलनाडु | |
| 5 | दालें | मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाणा व आन्ध्र प्रदेश | |
| 6 | गन्ना | उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, बिहार | |
| 7 | तिलहन | गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाणा व आन्ध्र प्रदेश | |
| 8 | कपास | गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाणा व आन्ध्र प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटका | |


## कृषि का महत्व

इस भाग में संपूर्ण देश के लिए सभी दृष्टियों को ध्यान में रखते हुए कृषि को देखेंगे। हम इसमें स्वतन्त्रता के पश्चात से आज तक तथा आज हम जिन समस्याओं का सामना कर रहे है, उसके संदर्भ में पढेंगे।

एक देश की खाद्यान्न सुरक्षा देश की कृषि पर निर्भर करती है। उद्योगों के लिए आवश्यक विभिन्न कच्ची सामग्री खेतों में उगायी जाती है। गेहूँ और धान तथा अन्य खाद्यान्न किसानों द्वारा उगाये जाते हैं। करोडों लोगों के लिए खेती रोजी-रोटी का मुख्य साधन भी है। कृषि लोगों के एक बडे भाग को रोजगार देती है।

भारत में आधे से अधिक कृषि और उसमें संबंधित कार्य करते हैं । पुरुषों और महिलाओं में, महिलाएँ ही है जिन्हें कृषि में व्यवसाय के अधिक अवसर मिलते हैं । कामकाजी महिलाओं में लगभग 70 प्रतिशत महिलाएँ कृषि का कार्य करती है।

*1961-2001 (%)* में कृषक और कृषि मजदूर




खेती में दो प्रकार के लोग व्यस्त हैं - कृषि मजदूर और उगाने वाले किसान। कृषक वे किसान होते हैं जिनके पास भूमि होती है और वे दूसरों की भूमि भी खेती के लिए उपयोग में लेते हैं। कृषि मजदूर भूमिहीन मजदूर होते हैं जो दूसरों की भूमि पर कार्य करते हैं।

चूँकि समय के साथ जनसंख्या भी बढती है, हम सही संख्या देखेंगे, कृषि क्षेत्र में कार्य करने वालो की संख्या 1951 में 97 लाख से बढकर 2001 मे 234 लाख हो गई । अर्थात ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने वाले कृषि मजदूरों की संख्या बढ गई है, जिससे यह वास्तविकता व्यक्त होती है कि उनके पास कृषि के लिए या तो बहुत कम भूमि है या फिर भूमि ही नही है। उनके लिए व्यवसाय के कौन से अवसर उपलब्ध है? यह एक गंभीर समस्या है।

- ऊपर युक्त स्तंभ आरेख पूरा कीजिए और 1981 और 2001 में क्रमशः कृषकों और कृषि मजदूरों के प्रतिशत का पता लगाइए।
- अपने क्षेत्र के उदाहरणों का उपयोग करते हुए स्वरोजगार व काम की खोज करने वालों के बीच अंतर की चर्चा कीजिए।
- क्या आप इस बात के सहमत हैं कि जो परिवार पहले कृषक थे वे अब कृषि मजदूर बन रहें हैं? चर्चा कीजिए।

SCERT TELANGANA

## भारतीय किसान अधिकतर छोटे भू स्वामी होते हैं

भारतीय किसान की एक मुख्य विशेषता छोटा भू-स्वामीकरण है। अधिकतर किसान भूमि के छोटे -टुकडे पर कार्य करते हैं। दी गयी तालिका देखिए।

**तालिका 1 : भारत में 2010-11 में किसानों की संख्या और उनके अधीन भूमि**

| भूमि का प्रकार और किसानों द्वारा संभाली जानेवाली भूमि | | किसानों की संख्या | | कितनी भूमि पर कार्य करते हैं? | | भूमि का औसत जो उनके द्वारा काम में ली जाती है । (एकड़) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संख्या (लाख) | % | लाख में भूमि एकड़ | % | |
| न्यूनतम | 2.5 एकड तक | 924 | ? | 875 | ? | ? |
| छोटे | 2.6 से 5 एकड | 247 | ? | 868 | ? | ? |
| अर्धमध्यम | 5.1 से 10 एकड | 138 | 10.0 | 927 | ? | 6.7 |
| मध्यम | 10.1 से 25 एकड | 59 | 4.3 | 833 | ? | 14.1 |
| बहुत बडे | 25 एकड़ से अधिक | 10 | ? | 429 | ? | ? |
| **कुल** | | **1378** | **100.00** | **3932** | **?** | **?** |

- नीचे दिये गए अनुच्छेद की व्याख्या पूरी कीजिए और तालिका में आँकडे भरिए ।

अधिकतर किसान केवल भूमि के छोटे टुकडों पर कार्य करते है। एक भारतीय आंशिक किसान के पास खेती के लिए केवल लगभग ..... एकड़ भूमि होती है। 924 लाख किसान है अर्थात पूरे किसानो का ....% आंशिक किसान है। यदि हम छोटे और आंशिक किसानो की संख्या जोड देगें तो यह पूरे किसानों का .......% होगा। फिर भी यद्यपि प्रतिशत के आधार पर आंशिक और बडे किसान संख्या में कम है लेकिन वास्तविक रूप से यह बडी संख्या होगा ..... लाख किसान इस ग्रुप में जोड़े जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी प्रभावशाली आवाज़ होती है। यह बड़े और मध्यम किसान मिलकर .........% भूमि संभालते है। उदाहरण के लिए प्रत्येक बडे किसान औसतन ...... एकड़ भूमि संभालते हैं । इसकी तुलना एक आंशिक किसान की आय जो औसतन .... भूमि संभालता है। भूमि के वितरण में यह असमानता उन अवसरो की असमानता की व्याख्या करता है जो उनके द्वारा अनुभव की गयी है और गरीबी और बढने के अवसरों का जिनका सामना उन्होंने किया है ।

- आपके विचार में सक्षम खेती के लिए न्यूनतम कितनी भूमि की आवश्यकता होती है। जो एक किसान को अच्छी कमाई दे सकती है। उपर दी गयी तालिका में कितने किसान सक्षम खेती कर रहे हैं ।
- किसानों के केवल एक छोटे भाग की आवाज ही प्रभावशाली क्यों है?

## कृषि उत्पादन प्राकृतिक कारकों पर निर्भर है

कृषि फसल मौसमों और प्राकृतिक संसाधनों जैसे मिट्टी और पानी तथा खेती के लिए सूर्य के प्रकाश पर निर्भर करती है । तापमान और वर्षा की परिस्थितियाँ महत्वपूर्ण है । कुछ फसलें पानी और अन्य आदानो की उपलब्दता के बावजूद केवल विशेष मौसम में उगायी जाती है। इसलिए किसी भी क्षेत्र में विभिन्न मौसमों मे विभिन्न फसले उगायी जाती है। आप जब विभिन्न मौसमों मे खाद्य, फल या सब्जियों के 'बाजार' जाते हैं तब आप इन भिन्नताओं को जान सकते हैं ।

SCERT TELANGANA

देश के विभिन्न क्षेत्रों की प्राकृतिक स्थिति में कई भिन्नताएँ होती है। जमींदारी और भूमि जब्त अधिनियम के उन्मूलन आदि।

भूमि सुधार के साथ-साथ भारतीय सरकार में अन्य मुद्दों में बदलाव के लिए भी कदम उठाये । इसे तीन स्थितियों मे देख सकते हैं – 1950-1965, 1966-1990 और 1991 से पूर्व । प्रत्येक स्थिति भारतीय कृषि के विभिन्न फलिकाओं को दर्शाती है।

## पहली स्थिति - सिंचाई का विकास और बाँध बनाना (1950-1965)

1950 और 1965 के बीच भारतीय सरकार ने सिंचाई और बिजली प्रोजेक्ट में अत्यधिक निवेश किया । यह संभावना की जा रही थी कि उससे अन्न उत्पादन बढेगा और अन्न की कमी की समस्या हल होगी । सिंचाई और बिजली उत्पादन के लिए बडे बाँध जैसे भाखरा- नांगल (हिमाचल प्रदेश), दामोदर घाटी (पश्चिमी बंगाल), हीराकुंड (ओड़िशा) नागार्जुन सागर (तेलंगाणा और आँध्र प्रदेश) गाँधी सागर (मध्य प्रदेश), आदि बनाये गये ।

कृषिगत भूमि और सिंचाई भूमि दानों में बढोत्तरी हुई और फसल उत्पादन बढा । इस स्थिति के लिए सरकार ने किसानों को सहकारी संस्था बनाने के लिए प्रेरित किया और किसानों को तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए कृषि विकास अधिकारियों की नियुक्ति की । समुदाय विकास कार्यक्रम के द्वारा मंडल या ब्लाक स्तर पर मुख्य रूप से छोटे किसानों के लिए विभिन्न कदम उठाये गये ।

फिर भी हमारे यहाँ इन सभी विकास के बावजूद अन्न की कमी बनी रही ।

1962-65 में भारत ने दो युद्ध लडे और उन युद्धों पर सरकार ने काफी खर्च किया 1965 और 1966 में कम वर्षा हुई और अकाल वर्ष घोषित किए गए । इससे खाद्यान्न के उत्पादन में कमी आयी और सरकार को खाद्यान्न आयात करने के लिए बाध्य किया ।

- ऊपर दिये गये बाँधों की स्थिति का पता लगाने के लिए भारत के एटलस का उपयोग कीजिए और उसे भारत के मानचित्र में अंकित कीजिए और उन नदियों के नाम भी लिखिए जिन पर ये बाँध बनाये गये हैं।

अन्न की आवश्यकता के लिए विदेशों पर निर्भर करने की इस स्थिति से भारतीय नेता चिंतित हो गये । भारतीय सरकार ने कृषि से संबंधित पॉलिसी को बदलना आरंभ किया और उसे हरित क्रांति कहा गया ।

## दूसरी स्थिति (1966-1990) – हरित क्रांति और उसका विस्तार

सरकार ने भारतीय मिट्टी के लिए एक नये तरह के बीज प्रस्तुत किये जिसका अविष्कार भारत के विभिन्न कृषि अनुसंधान संस्थाओं में और अन्य देशों से किया गया था । यह कृषि विकास की दूसरी स्थिति दर्शाता है। ये नये बीज उच्च उत्पादन प्रकार के नाम से जाने जाते हैं। इसके, साथ-साथ केमिकल फर्टिलाईजर, मशीन जैसे ट्रैक्टर तथा सिंचाई सुविधाएँ का उपयोग हुआ। आधुनिक खेती के लिए आवश्यक कच्चा माल जैसे बीज फर्टिलाईजर और कीटनाशक मशीन आदि खरीदरने के लिए किसानो को कर्ज उपलब्ध करवाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रो मे विभिन्न सहकारी बैंक खोले गये ।

## शुष्क भूमि खेती

भारत मे कुल कृषि योग्य भूमि का कम से कम 40% भाग पर सिंचाई होती है। यह प्रतिशत अधिकतम 55% बढ सकता है। शेष 45% की सिंचाई आसानी से नही हो सकती है । यह कठिन और खर्चीला था । इसलिए ऐसे क्षेत्रों मे वर्षा पर ही निर्भर रहते थे। ये हमारे देश में शुष्क भूमि वाले क्षेत्र थे।

इस क्षेत्र में उगने वाली कुछ मुख्य फसलें है ज्वार, बाजरा. मूँगफली, रागी, कपास, सोयाबीन, तुवर और दाल आदि ।

सूखी भूमि कुछ निश्चित फसलों के लिए उपयुक्त है । उदाहरण के लिए संपूर्ण देश में उगायी जाने वाली दाल को 84% यहाँ उगया जाता है ।फिर भी दालों का उत्पादन नही बढ रहा है और वह बहुत ज्यादा महंगी होती जा रही हैं ।

ऐसे सूखे क्षेत्रों में उत्पादन बढाने के लिए क्या करना चाहिए ? सिंचित भूमि पर एचवाईवी की खेती की अपेक्षा सूखी भूमि पर खेती करना विभिन्न चुनौतियाँ थी । क्षेत्र द्वारा प्राप्त की जाने वाला वर्षा का संरक्षण पहला कदम था । ऐसे कई तरीके थे जिससे लोग वर्षा के पानी को तेज बहने से रोक सकते थे, जिससे वह भूमि में सोख हो सके और जमीन के पानी का पुनःसंचय कर सके ? यह जल संभर योजनाओं जैसे : बंडिग, चेक बाँध बनाना अैर टैंक के द्वारा किया जाता है। रसायनिक सामग्री मिलाकर मिट्टी की उर्वरकता बढाने की आवश्यकता है।

- सबसे पहले किन क्षेत्रों मे नये तरीके से खेती करने के तरीके अपनाये गये? संपूर्ण देश को क्यो सम्मिलित नही किया गया ।
- सूखी भूमि क्षेत्रों में विभिन्न तरीकों की आवश्यकता क्यों है?

दाल, तुअर दाल, जवार, रागी ,सोयाबीन और मूँगफली, कपास उगाने वाले किसानों को भी सहायता की आवश्यकता है । उन्हें विभिन्न क्षेत्रों के लिए उपयुक्त नये प्रकार के बीजों,एक ही जमीन पर मिली जुली फसले उगाने का ज्ञान, सामान खरीदने के लिए लोन, इन फसलों के लिए सहायक दरे आदि की आवश्यकता हो सकती है। अब सूखी भूमि वाले क्षेत्रों में भी एचवाईवी के द्वारा खेती की जा रही है।


## हरित क्रांति का प्रभाव

### उत्पादन में बढोत्तरी

देश के बडे शहरों में एचवाईवी के विस्तार से और कमी से देश में फसल उत्पादन में महत्वपूर्ण बढोत्तरी हुई है। भारत खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बन गया ।

खाद्यान्न उत्पादन में बढोत्तरी के कारण दूसरे देशों से खाद्यान्न आयात करने की आवश्यकता नही रही । निम्न चित्र देखिए । आज भारत के आयात का केवल तीन प्रतिशत ही खाद्य सामग्री है। (स्तम्भ आरेख देखिए पिछले पाँच दशकों में खाद्यान्न उत्पादन चार गुणा बढकर 1950-51 से 2014-15 में 253 मिलियन टन हो गया ।

सरकार के द्वारा एफसीआई में बडी मात्रा मे खाद्यान्न बनाया गया जिसे अभाव के समय उपयोग में ला सकते है और देश में अकाल और बाढ की स्थिति से बचा जा सकता है। प्राप्त खाद्यान्न को आवश्यकता वाले क्षेत्रों में पहुँचाने के लिए उपयोग मे लाया जा सकता है। 1967 में सरकार के पास




कुल खाद्यान्न केवल 19 लाख टन था । 2010-11 वर्ष तक बढकर 220 लाख टन भारत में कुल खाद्यान्न उत्पादन का लगभग एक से दसवाँ भाग हो गया ।

हरित क्रांति ने किसानों का उच्च स्तरीय खाद्यान्न के उत्पादन में सहायता की और उसी भूमि अखाद्यान्न फसले उगाने में सहायता की । कृषि के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि में अधिक बढोत्तरी नहीं हुई थी।1960 मे किसान एक एकड कृषि योग्य भूीम पर चाहे धान हो या गेहूँ औसतन केवल 287 किलोग्राम खाद्यान्न ही उत्पन्न कर सकता था। आज वही किसान एक एकड़ कृषि योग्य भूमि पर लगभग 800 किलोग्राम खाद्यान्न उत्पन्न कर सकता है ।

- अन्न भंडार में बढोत्तरी अकाल और बाढ की स्थिति से बचने में कैसे सहायक होते हैं ?
- इतने वर्षों में किसान किस प्रकार उसी भूमि पर अधिक खाद्यान्न उत्पन्न कर सके।
- किस वर्ष में खाद्यान्न की पैदावार अधिक बढी? इसके संभावित क्या कारण हो सकते हैं ।


## पर्यावरणीय प्रभाव

हरित क्रांति के कारण कई पर्यावरणीय असंतुलन हुए। पहले बताये गये अनुसार, इसका प्रारंभ सबसे पहुँचे उत्तरी राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ भागों में हुआ। हम कुछ पर्यावरणीय समस्याओं का अध्ययन करेंगे जिनका सामना इन स्थानों ने किया है।

### जल समस्या

इन राज्यों के अधिकतर किसान चावल और गेहुँ की HYV दुवारा खेती करते के जिसके लिए पर्याप्त जल की आवश्यकता थी। इन राज्यों में सिंचाई का मुख्य स्त्रोत ट्यूबवैल है, जो भूमिगत जल निकालती है। जैसे-जैसे वर्ष बीतते गये और ट्यूबवैल की संख्या बढ़ती गयी, भूमिगत जल का स्तर तेजी से गिरता गया। भूमिगत जल का स्तर तब तक ही सामान्य बना रहता है जब तक कि उसका उपयोग संचय किये गये जल से कम होता है। भूमिगत जल का संचय एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और यह प्रतिवर्ष वर्षा या नहरों, जलधाराओं और नदियों के बहाव से होती है। इन स्त्रोतों का जल मिट्टी की विभिन्न परतों से बहती हुई भूमिगत जल के रूप में जमा हो जाती है। समस्या का आरंभ तब होता है जब भूमिगत जल के पुनः संचरण से अधिक ट्यूबवैल आदि के दुवारा भूमिगत जल का उपयोग होता है। दूसरे शब्दों में भूमिगत जल में एकत्रित होने से अधिक उपयोग किया गया जल अधिक हो, जिसके कारण किसी क्षेत्र के भूमिगत जल का स्तर कम हो जाता है। भूमिगत जल के स्तर में कमी का अर्थ है भविष्य में उपयोग के लिए कम भूमिगत जल का उपलब्ध होना। इसीलिए भविष्य के लिए जल सुरक्षा आवश्यक है।

भूमिगत जल के स्तर के कम होने की यह समस्या पंजाब के 12 में से 10 और हरियाणा के 12 में से 9 जिलों में है। विशेषज्ञों को भय है कि पिछले तीन दशकों से पर्यावरणीय क्षति के कारण पंजाब में कृषि खतरे में पड सकती है।




## उर्वरकता समस्याएँ

खाद और वनस्पतिक खाद में ह्यूमस मिट्टी और जीवाणु होते है। जैसे-जैसे ये सड़ते हैं खनिज़ छोड़ते हैं। रासायनिक उर्वरक खनिज़ (प्रायः नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम) प्रदान करते है जो पानी में घुल जाते हैं और पेड़-पौधों को शीघ्र प्राप्त होते है, लेकिन मिट्टी में अधिक समय तक नहीं रख सकते। वे मिट्टी से निकलकर भूमिगत, नदियों और झीलों को प्रदूषित करते है। रासायनिक उर्वरक (साथ ही कीटनाशक) मिट्टी में रहने वाले जीवाणु तथा अन्य जीवों को भी नष्ट कर देते हैं। इसका यह अर्थ है कि कुछ समय पश्चात लगातार उपयोग से मिट्टी की उर्वरकता कम होती जाती है। जीवाणुओं के बिना मिट्टी अधिक से अधिक रासायनिक उर्वरक के नियम वृद्धि पर निर्भर होती जाती है। जीवाणुओं के द्वारा उत्पन्न होने वाले विभिन्न पोषक तत्व भी कम हो जाते हैं। इस प्रकार कई क्षेत्रों में, हरित क्रांति के परिणाम स्वरूप वास्तव में मिट्टी की उर्वरकता समाप्त हो जाती है और किसानों पर अधिक बोझ भी पड़ता है।

**उर्वरक मिट्टी क्या हैं?**

मिट्टी को उर्वरक रखने के लिए पेड़-पौधों की जड़ को पर्याप्त मात्रा में जल, खनिज और वायु उपलब्ध कराने पड़ते हैं। ऐसा करने के लिए सही संरचना और सही संघटन का होना आवश्यक है। मिट्टी खनिज कण (जो पत्थरों के टूटने से बनते हैं) और जैविक घटकों (जो जीवित जीवाणुओं से बनते हैं) के मिश्रण से बनती है। जड़ तक पहुँचाने के लिए, खनिज़ को जल में घोलना आवश्यक है।

वातावरणीय संसाधन जैसे भूमि की उर्वरता और भूमिगत जल कई-कई वर्षों से मजबूत है। यदि एक बार नष्ट हो जाए तो फिर से संचय करना कठिन हो जाता है। HYV के बीजो अधिक उपयोग के कारण वातावरणीय असंतुलन का क्षेत्रों को सामना करना पड़ रहा है। कृषि मुख्यतः प्राकृतिक स्त्रोतो पर निर्भर रहते है, उसी कारण भविष्य में कृषि के लिए वातावरण की सुरक्षा हम कैसे कर सकते है? यह कठिन प्रश्न है वर्तमान में यह चर्चा का विषय बन गया।

## तीसरा स्तर (1990 से अब तक) – सुधार के बाद कृषि

जैसा हमने देखा है 1967 से1991 अंतराल में भारतीय किसान अपने उत्पादन देश के बाजार में ही बेचते थे और सरकार को एफसीआई के द्वारा और लोग भी अन्न खरीदने के लिए देश के आन्तरिक बाजार पर ही निर्भर रहते थे । कृषि उत्पादन में विदेशी व्यापार स्वीकार्य नही था। अधिकतर कृषि उत्पादों, विशेषकर खाद्यान्न का निर्यात प्रतिबंधित था। आयात की भी आज्ञा नही थी। कमी के समय में केवल सरकार को आयात करने का अधिकार था।

- हरित क्रांति के समय सरकार ने भारतीय किसानों को खाद्यान्न निर्यात करने की अनुमति क्यों नही दी ?
- क्यों सरकार ने निर्यात/आयात पर प्रतिबंध लगाया? इस नीति ने भारतीय किसानों की किस प्रकार सहायता की ।

हमने यह भी देखा कि सरकार किसानों को सस्ती कृषि सामग्री प्रदान कर और कृषि उत्पादनों को न्यूनतम सहायक मूल्य में खरीदनें का प्रस्ताव रख कर सहायता कर रही है। ।इसीलिए भारतीय किसान देश में स्थित बाजारों के लिए ही उत्पादन करता था और खेती से उचित आय प्राप्त करने के लिए सरकारी सहायता पर निर्भर रहते थे ।

## कृषि उत्पादन में विदेशी व्यापार

पहले बताये गये अनुसार 1991 से पहले से ही सरकार कृषि में संरक्षित कदम उठा रही है। भारत मे कृषि पद्धति में महत्वपूर्ण परिवर्तन आये हैं । गत कई वर्षो में कृषि उत्पादन भारत से निर्यात और आयात किये गये हैं।

कृषि व्यवसाय नीति में बदलाव केवल भारत में ही नही हुए हैं । एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के कई विकासशील देशों ने नीतियो में समान बदलाव लाए हैं । क्योंकि विकसित देश उन पर विदेशी व्यापार की मंजूरी देने का दबाव डाल रहे थे। ये विकसित देश अपने अतिरिक्त कृषि उत्पाद कम आमदनी वाले देशों को बेचना चाहते थे, जिनके पास बडी संख्या में खरीददार थे ।

विदेशी व्यापार की नीति में बदलाव के साथ ही अब कई फसलों का व्यापार भी किया जा सकता है। उदाहरण के लिए अब किसान सब्जियाँ और फल, शक्कर और गुड आदि का निर्यात कर सकते हैं। वैसे ही कपास, रबड, दाल, तिलहन स्वतंत्र रूप से आयात किये जा सकते हैं फिर भी किसान खाद्यान्न निर्यात नही कर सके । चूँकि खाद्यान्न अत्यधिक महत्वपूर्ण खाद्यवस्तु है भारतीय सरकार खाद्यान्न में व्यापार की आज्ञा देने में सचेत थी । यदि सरकार चाहे तो यह कर सकती है।

### जैविक कृषि - ओडिशा के एक किसान का अनुभव

हरित क्रांति के दुष्प्रभाव से बचने के लिए, भारत के किसानों ने खेती के विभिन्न तरीकों के अपनाना आरंभ किया। आइए एक उदाहरण देखते हैं। 80 वर्षीय नटवर भाई ओडिशा के कटक जिले में निआली के समीप नरिशु गाँव के रहने वाले थे। ये एक सेवानिवृत्त अध्यापक थे, जो पिछले दशक या उससे भी अधिक समय से जैविक कृषि कर रहे थे और भारत की जनता को अन्न प्रदान करने की शपथ ली थी। उसका कहना था कि उसके द्वारा की गयी खेती से 20 क्विंटल प्रति एकड़ तक अन्न आता है। उच्च-पैदावार (high-yielding) कहलाने वाली खेती से भी अधिक जो उसके आस-पास के किसान रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक का उपयोग करने के पश्चात पाते थे। उसके मुख्य निवेश गोबर, आवश्यकता पड़ने पर कभी-कभी कीटनाशक और पारिवारिक श्रम होने के कारण वह अपनी फसल पर बहुत ही कम खर्च करता था। पहले नटवर भाई एक आधुनिक किसान थे। एक दिन जब उसने एक श्रमिक को कार्बोफ्यूरान (एक अत्यधिक विषैला कीटनाशक) छिड़कते समय लड़खड़ाकर गिरते हुए देखा तो वह डर गया। श्रमिक को इलाज के लिए ले जाया गया। वह तो बच गया लेकिन नयी ीकृषि के प्रति नटवरभाई का विश्वास खत्म हो गया। विशेषतः श्रमिक के यह कहने के बाद कि - मैं साँस नहीं ले सकता था, मेरा सिर चकरा रहा था, और फिर अपने खेत के पिट में कार्बोफ्यूरान के बचे हुए स्टॉक को गाड़ने के पश्चात नटवर भाई ने मरे हुए घोंघो, साँपों, और मेंढकों को पानी में तैरते पाया जो पहले उस पिट के आस-पास जमा थे। तभी मेरे मन में विचार आया कि केंचुओं और जीवाणुओं का क्या हाल हुआ होगा, जो मेरे विचार में मिट्टी को जीवित रखते हैं।

नटवर भाई कार्बनिक निवेश की ओर बढ़े, लेकिन कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये उच्च पैदावार (High-Yielding) किस्मों के साथ। अपने बेटे राजेन्द्र की सलाह के अनुसार पारंपारिक किस्मों की खेती आरंभ की। लेकिन ऐसी पारंपरागत किस्मों की खेती आजकल कम ही होती है। इससे बड़ी समस्या उत्पन्न हुई।

1999 में उसने धान के बीजों की पारंपारिक किस्मों को खोजने की अपनी यात्रा आरंभ की। उसने ओडिशा और उसके बाहर लगभग 5000 कि.मी. का सफर किया। उसने पिछड़ी कही जाने वाली परंपरागत प्रकार के बीज एकत्रित

SCERT TELANGANA

किये। उसने उन सभी के नाम विशेषता और उत्पादकता आदि को लिखते हुए सभी की खेती करने का प्रयत्न किया।
स्रोत : आशीष कोठारी के 'एक नया चावल प्रति दिन' (A New Rice Every Day) से लिया हुआ। द हिन्दू, दिसंबर 9, 2012.

- क्या कार्बनिक खेती सभी के लिए पर्याप्त अन्न उत्पन्न करती है?
- कार्बनिक खेती विशेषतः छोटे और अत्यल्प किसानों के लिए किस प्रकार उपयुक्त है? चर्चा कीजिए।

विकसित देश लगातार भारत पर लगातार दबाव ड़ाल रहे कि उनके देश उत्पादिक वस्तुओं को आयात करे।

विदेशी व्यापार किसानों की आय में उतार-चढ़ाव लाता है। कुछ वर्षों एवं कुछ फसलों से किसानों को निर्यात करने पर लाभ होता है। अगले वर्ष सस्ते आयात के कारण एवं कृषि उत्पाद के कीमत में गिरावट के कारण हानि भी होती है। लघु कृषक जिनके पास धन का संग्रह कम होता है वह इसे सहन नही कर पाते। वे कर्ज में डूब जाते है और अधिक निर्धन बन जाते है। कृषि उत्पाद के संदर्भ में सरकार को बहुत सतर्क रहना होगा।

## सरकार कुछ धान खरीद कर संचित करती है। क्यों?

फसल की कटाई के समय बहुत सारा अनाज बाजार में आता है। इस समय किसान के समक्ष एक समस्या यह होती है कि इस समय धान का मूल्य कम होता है। अर्थात किसान धान इतनी अधिक कीमत पर नहीं बेच सकता कि वह अपना ऋण चुका सके और खेती के नये तरीकों का उपयोग निरंतर कर सके। उन्हें उन व्यापारियों से बचाने की आवश्यकता है, जो धान को कम कीमत पर खरीदने की कोशिश करते है।

इसीलिए सरकार ने न्यूनतम सहायक मूल्य (MSP) को निर्धारित करने का निश्चय किया है। न्यूनतम सहायक मूल्य वह मूल्य है जिस पर किसान चाहे तो अपना धान सरकार को बेच सकते है। सरकार ने न्यूनतम सहायक मूल्य का निर्धारण इस लिए किया ताकि किसानों को उत्पादन का खर्च पूरा होने के पश्चात कुछ लाभ मिल सके। न्यूनतम सहायक मूल्य के कारण किसान अपना धान व्यापारियों को कम मूल्य पर बेचने के लिए बाध्य नहीं होता।

सरकार द्वारा भारतीय खाद्यान्न विभाग (FCI) किसान से खाद्यान्न खरीदने और संचय करने के लिए बनाया गया। यह अन्न का भंडार रखती है और राशन की दुकानों तथा अन्य सरकारी योजनाओं (उदाः पाठशालाओं में मध्याह्न भोजन) को अन्न की आपूर्ति करती है।

## मुख्य शब्द


| | | |
|---|---|---|
| 1. रासायनिक उर्वरक | 2. हरित क्रांति | 3. जैविक सामग्री |
| 4. शुष्क भूमि कृषि | 5. आधुनिक खेती के तरीके | 6. विदेशी व्यापार नीति |

## शिक्षा में सुधार

1. एक महत्वपूर्ण पेय फसल का नाम बताइए और उसके लिए आवश्यक भौगोलिक परिस्थितियों को स्पष्ट कीजिए। ($AS_1$)
2. कृषि के अंतर्गत भूमि दिन-ब-दिन कम होती जा रही है। क्या आप इसके परिणामों की कल्पना कर सकते हैं? ($AS_4$)
3. भारत के मानचित्र पर, बाजरा उत्पादन क्षेत्रों को दर्शाइए। ($AS_5$)

SCERT TELANGANA

4. न्यूनतम सहायक मूल्य (MSP) क्या है? आपके क्षेत्र में इसे कैसे लागु किया गया है? ($AS_4$)
5. हरित क्रांति के समर्थन के लिए भारतीय सरकार द्वारा अपनाये गये सभी तरीकों की व्याख्या कीजिए। ($AS_1$)
6. आपके विचार में क्या भारत सरकार को खाद्यान्न उत्पादन में आत्म-निर्भर होना जरूरी है? चर्चा कीजिए। ($AS_6$)
7. शुष्क भूमि कृषि अन्य क्षेत्रों में कृषि से किस प्रकार भिन्न है? ($AS_1$)
8. क्या आप पेय जल में कीटनाशक के पाये जाने वाली घटना को पुनःस्मरण कर सकते हैं? यह कीटनाशकों के उपयोग से किस प्रकार संबंधित है? चर्चा कीजिए। ($AS_4$)
9. नवीन कृषि पद्धतियों के रासायनिक उर्वरकों का उपयोग क्यों किया जाता है? उर्वरकों का उपयोग किस प्रकार मिट्टी की उर्वरता कम कर सकता है? मिट्टी को समृद्ध बनाने के अन्य तरीकों क्या हैं? ($AS_1$)
10. हरित क्रांति के परिणामस्वरूप किस प्रकार किसानों को कुछ स्थानों में अल्पावधि के लिए लाभ किंतु लंबी अवधि के लिए हानि हुई? ($AS_1$)
11. विदेशी व्यापार से किसानों की आय पर क्या प्रभाव पड़ा? ($AS_1$)
12. पिछली कक्षाओं में हमने भू-विभाजन के संबंध में पढ़ा है। निम्न लिखित चित्र इस विचार को किस प्रकार दर्शाता है? भारतीय कृषि के संदर्भ में इनके बारे में एक अनुच्छेद लिखिए। ($AS_1$)



13. पृष्ठ संख्या 70 पर 'खाद समस्या' शीर्षक के अंतर्गत दिया गया अनुच्छेद पढ़िए और उस पर टिप्पणी कीजिए। ($AS_2$)
14. पृष्ठ संख्या 74 पर दिये गए मानचित्र का अवलोकन कीजिए और भारत के प्राकृतिक मानचित्र पर धान उत्पादन करने वाले राज्यों को दर्शाइए। ($AS_5$)

**चर्चा :**

क्या आपके विचार में खेती करने वाले किसान प्रसन्न हैं? यदि नहीं, तो कारण क्या है? कृषि को प्रभावित करने वाले कारक कौन-से हैं?

**वाद-विवाद :**


क्या कृषि में कार्बनिक या रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग करना चाहिए? बढ़ती जनसंख्या को ध्यान में रखकर कक्षाकक्ष में वाद-विवाद का संचालन कीजिए।

## परियोजना

आपके क्षेत्र में कौनसी फसल उगायी जाती है? इनमें से कौन-सी एच.वाई.वी. बीजों से उगायी जाती है और कौन-सी पारंपारिक बीजों से उगायी जाती है? निम्न लिखित बिंदुओं के आधार पर एच.वाई.वी. बीजों और पारंपरिक बीजों में तुलना कीजिए।

(a) फसल की अवधि (b) कितनी बार सिंचाई की गयी (c) उत्पादन
(d) उर्वरक (e) बीमारियाँ (f) कीटनाशक

मानचित्र - 1 *Paddy producing states in India*




SCERT TELANGANA

अध्याय

7

# भारत में उद्योग

## भाग - I

### फैक्ट्रियों की स्थापना के लिए आधारभूत आवश्यकताएँ

देश के विकास के लिए उद्योग एक आवश्यक भाग है। आप कक्षा आठ में पढे गये विभिन्न प्रकार की निर्माण प्रक्रियायों का स्मरण कर सकते हैं। कागज उद्योग की कहानी एक उदाहरण थी, किस प्रकार कारखाने कार्य करते है और घर में छोटे-छोटे शेड में या एक बडे कारखाने में निर्माण प्रक्रियाओं के बारे में आपने देखा होगा। इस अध्याय में हम उद्योगों के महत्व के बारे में, इतने वर्षों में भारत औद्योगिक रुप से कैसे विकसित हुआ और उद्योगों को स्थापित करने में सरकार की भूमिका, के बारे में पढेंगे।

दीर्घ काल से भारत की मुख्य औद्योगिक क्रिया हस्तकला विशेषकर कपडों की बुनाई से संबंधित थी। उपनिवेशीक शासन के अंतर्गत कुछ उद्योगों को छोडकर भारत औद्योगिक आधार पर पूर्ण रूप से विकसित नही हो सका। उसमें विस्तृत रूप से समान तैयार करने की क्षमता नही थी। अधिकतर औद्योगिक उत्पादन निर्यात करने पडते थे।1947 के पश्चात भारत ने देश में औद्योगिक क्रियाओं को विकसित करने के लिए कई कदम उठाए। इस उपाय के पीछे एक महत्वपूर्ण अभियान यह था कि अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आत्म निर्भर बनना और देश को औद्योगिक रुप से विकसित करना।

कारखानों के लिए मशीनो की आवश्यकता होती है। मान लीजिए कपडा बनाने वाला एक आधुनिक कारखाना हैंडलूम के बदले बिजली पर चलने वाले करघे का उपयोग करता है। कम समय में करघे से अत्यधिक कपड़े का उत्पादन होता है। ठीक उसी तरह सीमेंट कार, खाने का तेल आदि तैयार करने के लिए सम्मिश्रत मशीने हैं। इन मशीनों को चलाने के लिए फैक्टरियों को एक शक्ति के स्रोत की आवश्यकता होती है, जो सामान्यतः बिजली है। अर्थात फैक्टरी को चलाने के लिए मशीन और बिजली की आवश्यकता होती है।

इसके अतिरिक्त, सभी फैक्टरियों को कच्चे माल की आवश्यकता होती है जिससे सामान तैयार किया जा सके। उदाहरण के लिए साइकिल बनाने के लिए स्टील की आवश्यकता होती है। कुछ फैक्टरियाँ है जो लोहे और कोयले से स्टील तैयार करती है। अन्य फैक्टरिया इन शीटों का स्टील ट्यूब के निर्माण में करती है। अंत में साइकिल फैक्टरी साइकिल के लिए स्टील फ्रेम बनाने के लिए इस स्टील ट्यूबों को उपयोग करती है। ध्यान दीजिए की स्टील के लिए आधारभूत स्रोत लोहा और कोयला कच्चा माल है। ऊपर दिये गये उदाहरण के अनुसार खनिज और धातु आधारभूत स्रोत है जिससे फैक्टरी के द्वारा आवश्यक कच्चा माल तैयार किया जाता है।

फैक्टरियों में कई वस्तुओं का उत्पादन होता है जिनका उपयोग अन्य फैक्टरियों द्वारा किया जाता है। लोगों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से उपयोग में लायी जाने वाली उपभोक्ता वस्तुएँ हमें प्राप्त होने से पहले कई फैक्टरियों द्वारा उत्पादन की श्रृंखला के ये माध्यमिक चरण हैं।

कच्चा माल फैक्टरियों को लाने और वहाँ के तैयार माल भेजने के लिए यातायात के साधन की आवश्यकता होती है। ट्रक, रेलगाडी और जहाज यातायात के विभिन्न साधन है। इसके लिए आपको कुछ

SCERT TELANGANA

आवश्यक सुविधाओं की आवश्यकता होती है। जैसे एक सडक की व्यवस्था जो अच्छी स्थिती मे हो और बडी संख्या में देश के शहरों और गाँवों को जोडती है, रेल के द्वारा सामग्री को ट्रांसपोर्ट करने की व्यवस्था, बंदरगाह जो बडी संख्या में जहाज रख सकते है और उनमें सामान चढा और उतार भी सकते हैं ।

इसलिए औद्योगिकरण के लिए अर्थात बडी संख्या में विभिन्न फैक्टरियों के विकास से लिए हमारी कुछ आधारभूत आवश्यकताएँ जैसे मशीन, बिजली, खनिज अैर धातु तथा यातायात सुविधाएं हैं ।


इन जरूरी सामान जैसे मशीन, बिजली, खनिज और धातु तथा यातायात सुविधाओं को प्रदान करने वाली फैक्टरियाँ आधारभूत उद्‌योग हैं। आधारभूत उद्योग आवश्यक वस्तुओं का उत्पादन करते हैं जो विभिन्न बडी फैक्टरियों का आधार बनने में सहायक हो सकते हैं ।

- क्या आप फैक्टरियों के द्वारा अन्य फैक्टरियो के लिए तैयार किये गये सामान की एक सूची तैयार कर सकते हैं?
- विभिन्न फैक्टरियो द्वारा बडी संख्या मे तैयार किये गये सामान के लिए लोहा आधारभूत आवश्यकता है। आपके द्वारा आस-पास देखे गये उदाहरण के द्वारा इसकी व्याख्या कीजिए ।
- क्या आपने फैक्टरी में उपयोग आने वाली मशीन देखी है?उपयोग में आने वाली विभिन्न प्रकार की मशीनों का एक कोलेज बनाइए ।
- बडी संख्या में उत्पादनों के लिए पेट्रोलियम किस प्रकार एक आधारभूत आवश्यकता है?
- आधारभूत शब्द से क्या तात्पर्य है चर्चा कीजिए । उद्योगों के लिए आधारभूत आवश्यकताएँ क्या हैं?
- स्वतंत्रता के समय क्या उद्देश्य थे जो औद्योगिकता के द्वारा प्राप्त करना चाहते थे ?

## औद्योगिक स्थिति

औद्योगिक स्थापन स्वाभाविक जटिल होता है। यह कच्चे माल, श्रम, पूंजी, ऊर्जा और बाज़ार आदि की उपलब्धता के दूवारा प्रभावित होते है। इन सभी कारकों का एक स्थान पर उपलब्ध होना बहुत कम ही संभव हो पाता है। साथी, निर्माण की क्रिया, ऐसे स्थान पर होना चाहिए जहाँ औद्योगिक स्थापन के सभी कारक उपलब्ध हो या कम कीमत पर उनकी व्यवसथा की जा सके। औद्योगिक स्थापन के आरंभ का अनुसरण शहरीकरण हैं। कभी-कभी उद्‌योग नगरों के समीप या नगरों में स्थापित होते हैं। इसीलिए औद्योगीकरण और शहरीकरण साथ ही साथ होता है। नगर बाज़ार उपलब्ध कराते हैं और बैंकिंग, बीमा, परिवहन, श्रम और आर्थिक परामर्श आदि भी उपलब्ध कराते हैं। एग्लोमरेशन (Aggolomeration) अर्थव्यवस्था के नाम से जाने-जाने वाले शहरी केंद्रों के द्वारा प्रदान किये गये लाभों का उपयोग उठाने के लिए कई उद्योग एक साथ सामने आते है। क्रमशः, एक बड़ा उद्योग एग्लोमरेशन बन जाता है। स्वतंत्रता की उत्तर अवस्था में मुंबई, कलकत्ता, चेन्नई आदि स्थानों में समुद्र पार व्यापार की दृष्टि से शहरों में कई निर्माण इकाईयों की स्थापना हुई।

SCERT TELANGANA




## क्रिया

- चाय पैकेट एवं टूथ पेस्ट के कागज (wrappers) जमा कीजिए। उन्हें ध्यान से पढ़िए और निम्न प्रश्नों से जोड़ने का प्रयास कीजिए।

  ............ कृषि आधारित उद्योग के उत्पादन का रूप माना जाता है।

- टूथ पेस्ट ................ और ................. का कच्चा माल अन्य कारखानों में उत्पादन होता है। वह उद्योग कहलाता है। जबकि टूथ पेस्ट उपभोकता वस्तु है और जो उद्योग इस प्रकार के उत्पाद बनाते है वे उपभोक्ता वस्तु उद्योग कहलाते है।


- उद्योगों का स्वामित्व किसी एक व्यक्ति या व्यक्तियों के समुह जैसे ............ (चाय पेकेट के लिए) और ........... (टूथ पेस्ट) । इस प्रकार के उद्योग निजी क्षेत्र के उद्योग कहलाते है। जहाँ सरकारी स्वामित्व होता है वे सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग कहलाते है। सार्वजनिक क्षेत्र के दो उदाहरण .......... और ............. है।

- कुछ उद्योगों का स्वामित्व अधिक संख्या में लोगों द्वारा होता है जो कच्चा माल वितरित करते है (दूध/गन्ना) या श्रामिकों के दल का श्रम उन्हें चलाने के लिए स्त्रोत प्रदान करते है। ये उद्योग सहकारी उद्योग कहलाते है।

## कृषि पर आधारित उद्योग

कृषि उत्पादों पर आधारित उद्योग, कृषि आधारित उद्योग कहलाते हैं।

**कपड़ा उद्योग :** भारतीय अर्थ व्यवस्था में कपड़ा उद्योग महत्वपूर्ण भूमि का निभाता है क्योंकि औद्योगिक उत्पादन में (14 per cent), रोजगार उत्पादन में (प्रत्यक्ष रूप से 35 मिलियन, द्वितीय विशाल कृषि के पश्चात) और विदेशी विनिमय पाने में (लगभग 24.6 per cent) इसका योगदान है और GDP में इसका योगदान 4 प्रतिशत है। ये देश का ऐसा अकेला उद्योग है जो आत्मनिर्भर है और उपयोगिता कडी में पूर्ण है अर्थात कच्चे माल से उच्चतम कीमतवाले उत्पादों तक।





*Value addition in the textile industry*

SCERT TELANGANA

**सूती कपडे :** प्राचीन भारत में, सूती कपड़ों का उत्पादन हथकरघा कताई और हथकरघा बुनाई तकनीक के दुवारा होता था। अठाहरवीं शताब्दी के पश्चात पावर लूम का उपयोग होने लगा। उपनिवेशी काल में हमारा पारंपारिक उद्‌योग बहुत पिछड़ गया क्योंकि वे इंग्लैण्ड के मिल में बने कपड़े से स्पर्था नहीं कर सकते थे।

आज लगभग सोलह सौ सूती और मानव निर्मित रेशे से बने कपड़े की मिले हमारे देश में है। इनमें से लगभग अस्सी प्रतिशत निजीक्षेत्र में और शेष सार्वजनिक और सहकारी क्षेत्र में है। इसके अतिरिक्त चार से दस लूम (Loom) वाली कई हज़ार छोटी फैक्टरियाँ है।

प्रारंभिक वर्षों में सूती कपड़ा उद्योग महाराष्ट्र और गुजरात के सूती कपड़ा बेल्ट में स्थापित किया गया। कच्चा सूत, बाज़ार और परिवहन की उपलब्धता के साथ बंदरगाह की सुविधा, श्रम, नम मौसम आदि ने भी इसके स्थापन में सहयोग दिया। इस उद्योग का कृषि से बहुत नजदीकी संबंध है और किसानों को कताई, बुनाई, रंगाई, रूपकार, पोकिंग, सिलाई में संलग्न कर्मचारियों को जीविका उपलब्ध कराता है। माँग बढ़ाते हुए उद्योग रसायन एवं रंग, कारखानों गोदाम, पेकिंग का सामान, मिल स्टोर्स पेकेजिंग




SCERT TELANGANA

- 1854 में पहली कपड़ा मिल मुम्बई में सफलता पूर्वक स्थापित की गई।
- जब दो विश्व में युद्ध यूरोप में हुए तब भारत ब्रिटिश का उपनिवेश थे। उस समय यु.के. में कपड़े की मांग अधिक थी। इसीलिए उन्होंने कपड़ा मिल को प्रोत्साहन दिया।

मेटिरियल और इंजनियरिंग कार्य जैसे कई उद्योगों को सहयता प्रदान करता है। पेकिंग सामान और इंजीनियर कार्य।

जब बुनाई का कार्य महाराष्ट्र, गजुरात और तमिलनाडु के केन्द्रीकरण भूमिका में विकसित होने पर सूती, रेशम, जारी, कढ़ाई आदि में पारम्परिक आकृतियों को स्थान मिला। कताई में भारत में विश्वस्तरीय उत्पादन होता था, परन्तु बुनाई में निम्न स्तर का धागा उपयोग में लाने के कारण उसकी गुणवत्ता उच्च स्तर की नहीं होती थी। बुनाई का कार्य हैण्डलूम, पावरलूम और कारखानों में होता था।

- क्यों महात्मा गाँधी ने कताई और खादी बनाने पर जोर दिया?

हथकरघा द्वारा सादी उत्पादन ने कई बुनकरों के घरों में कुटीर उद्योग दुवारा रोजगार प्रदान किया। भारत ने जापान को भी सूत निर्यात किया। भारत से अन्य देशों ने भी जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका, इंग्लैण्ड, रूस, फ्रान्स, पूर्वी यूरोपीय देशों, नेपाल, सिंगापूर, श्रीलंका और आफ्रीकी देशों ने कपड़ा आयात किया।

**पटसन :** बांगला देश के पश्चात भारत विश्व में कच्चा पटसन और जूट निर्मित वस्तुओं के उत्पादन में द्वितीय स्थान पर निर्यात में अग्रणी है। भारत में लगभग 70 पटसन की मिले है। इनमें से अधिकांश कारखाने हुगली नदी के किनारे 98 कि.मी. लम्बे तथा 3 कि.मी. चौडा पश्चिम बंगाल में स्थित है।

हुगली घाटी में स्थित होने के प्रमुख तत्व है - पटसन उत्पादन क्षेत्र, सस्ता जल परिवहन, कच्चा माल लाने ले जाने के लिए रेलमार्ग, सड़कमार्ग की उत्तम परिवहन सुविधा, कच्चा पटसन प्रक्रिया के लिए जलापूर्ति, पश्चिम बंगाल एवं उससे जुड़े राज्य बिहार, ओड़िशा, उत्तर प्रदेश आदि से सस्ते मजदूर की प्राप्ति। कोलकत्ता जो एक बड़ा शहरी केन्द्र है, बैंक, इन्शुरेन्स और बन्दरगाह की सुविधाएँ उपलब्ध कराता हैं।

**क्या आप जानते है?**

सबसे पहली पटसन मिल 1859 में रिशरा में स्थापित की गई। 1947 में विभाजन के पश्चात, भारत में पटसन के कारखाने तो थे, परन्तु पटसन उत्पादन का तीन चौथाई भाग बंग्लादेश (पूर्वी पाकिस्तान) में चला गया।

पटसन उद्योग प्रत्यक्ष रूप में 2.61 लाख कर्मचारियों को रोजगार दिया तथा अन्य 40 लाख छोटे और मार्जिनल कृषक जो पटसन एवं मेस्ता कृषि क्षेत्र कार्य उत्पादन में व्यस्त थे, को काम दिया। अन्य कई लोग भी इस कार्य से जुड़े थे।

अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में संशलिस्ट वस्तुओं के कारण कड़ी प्रतियोगिता की चुनौती का सामना कारखानों को करना पड़ा और अन्य देश जैसे बंग्लादेश, ब्राजिल, फिलीपाईन्स, मिश्र और थाईलैण्ड भी प्रतियोगी देश बन कर उभरे। सरकारी योजना के अनुसार पटसन की माँग अत्यधिक बढ़ गई क्योंकि सभी पेकिंगों के लिए उसका उपयोग अनिवार्य हो गया। विभिन्न तरीकों से जूट उत्पादन की माँग का बढ़ाने के लिए तरीके अपनाएँ गए। 2005 में नेशनल जूट

SCERT TELANGANA

योजना के द्वारा जूट उत्पादन में वृद्धि, गुणवत्ता में विकास, जूट किसानों को दिये गये धन का आश्वासन और प्रत्येक एकड़ को उपयोग, आदि पर बल दिया गया। संयुक्त राज्य अमेरिका, केनेडा, रशिया, यु.ए.ई. देश, इंग्लैम्ड और आस्ट्रेलिया प्रमुख बाजार है। पर्यावरण विकास को विकसित करने के लिए जूट उत्पादकों के लिए एक बार फिर से जैविक पदार्थों के उपयोग द्वारा एक मार्ग सुझाया है।

**शक्कर उद्योग :** भारत शक्कर उत्पादन में विश्व में द्वितीय स्थान पर हैं, पर गुड़ एवं खाण्ड़सारी उत्पादन में प्रथम स्थान पर स्थित है। (कच्चा माल इन कारखानों में उपयोग कर और इसकी गुणवत्ता को निम्न करना) वर्तमान में भारत में 460 कारखाने उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडू, तेलंगाना और आन्ध्र प्रदेश और गुजरात के साथ पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश में स्थित है। 60 प्रतिशत कारखानें उत्तर प्रदेश और बिहार में है। यह प्राकृतिक रूप से ऋतीय कारखाने होने के कारण कापरेटिव क्षेत्र में है। क्या आप इसे समझा सकते है कि ऐसा क्यों हैं?

- कहाँ पर गुड़ एवं शक्कर के कारखाने स्थाप्ति किए जा सकते है?


वर्तमान वर्षों में कारखानों को परिवर्तित करने की परम्परा मुख्यतः दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों, विशेषतः महाराष्ट्र में। यह इसीलिए क्योंकि केन उत्पादन में यहाँ शक्कर की मात्रा अधिक होती है। कटाई-छटाई के लिए शीत मौसम की अधिकता अनिवार्य है। इन राज्यों में कापोरेटिव अधिक सफल हुए है।

कारखानें के ऋतीय प्रकृति में बहु चुनौतियाँ यह है, प्राचीन एवं उत्पादन की अयोग्य प्रक्रियाएँ, कारखानों को केन पहुँचाने में परिवहन में विलम्ब और अधिक से अधिक बस्तों का उपयोग।

## खनिज आधारित उद्योग

जो कारखाने खनिज एवं धातुओं का उपयोग कच्चे माल के रूप में करते है वे खनिज आधारित उद्योग कहलाते है। इस स्तर में आने वाले उद्योग के नाम क्या आप बता सकते है।

भौगोलिक स्वरूप के अनुसार भारतीय उपमहाद्वीप में विशाल स्तर पर खनिज स्थित है। लौह एवं इस्पात कारखानों के लिए अनिवार्य कच्चा माल मुख्य रूप से प्रयाद्वीप भारत में स्थित है।




इसी कारण लौह-इस्पात प्लाटन्स भी उन्हीं स्थानों पर लगाए जाते है जहाँ खनिज होते है। उर्जा कारखानों के लिए अनिवार्य होते है जो समान रूप से कारखाने चलाने में आवश्यक होते है। कोयला, पेट्रोलियम, गैस आदि भी उन्हीं क्षेत्रों मे उपलब्ध होना अनिवार्य होता है ताकि कारखाने अधिक मात्रा में लगाए जा सके।

**लोह एवं इस्पात कारखाने :** भारी उद्योग, माध्यमिक एवं लघु उद्योग मशीनों पर आधारित होने के कारण लौह एवं इस्पात उद्योग मूल भूत उद्योग है। विभिन्न प्रकार की

SCERT TELANGANA

इंजीनीयरिंग वस्तुएँ, निर्माण सामान, सुरक्षा, चिकित्सा, दूरभाष्य, वैज्ञानिक यंत्र और उपभोक्ता वस्तुओं के लिए इस्पात अनिवार्य है।

देश के विकास में इस्पात का उत्पादन एवं उपभोग की उन वस्तुओं की सूची तैयार कीजिए जिसमें इस्पात का उपयोग होता है। लौह एवं इस्पात उद्योग भारी उद्योग कहलाता है क्योंकि इसमें उपयोगी कच्चा एवं तैयार माल वजनदार एवं अधिक मात्रा में होता है, परिवहन भी मंहगाँ होता है। कच्चा लौहा, कोयला और चूने के पत्थर का अनुपात 4 : 2 : 1 होता है। इस्पात को कठोर बनाने के लिए थोड़ी मात्रा में मैगनीज का भी उपयोग किया जाता है। किस क्षेत्र में अधिकतर इस्पात कारखाने लगाए जाने चाहिए? याद रविवार कि तैयार माल भी बाजारों एवं उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के लिए उत्तम परिवहन सुविधा का जाल अनिवार्य है।

आज भारत 32.8 मिलियन टन इस्पात का उत्पादन करता है, विश्व में कच्चा इस्पात उत्पादन में नवें स्थान पर स्थित है। इस्पात के अत्यधिक उत्पादन के बावजूद भी प्रति वर्ष उसका उपयोग केवल 32 किलो प्रति व्यक्ति ही होता है।


- भारत में इस्पात का उपयोग प्रति व्यक्ति इतना कम क्यों है?

**अल्युमिनियम घुलनशील :** भारत में धातुपरक दूसरा बड़ा उद्योग अल्युमिनियम घुलनशील है। यह हल्का होता है, जंग की मात्रा नहीं होती है, उष्णता को ग्रहण करता है, अन्य धातुओं के मिश्रण से कठोर बन जाता है। इसका उपयोग हवाई जहाज, बर्तन और वायर बनाने के लिए किया जाता है। इससे कई कारखानों में इस्पात, ताबॉ, जस्ता, जिंक आदि के स्थान में उपयोगी होने के कारण प्रसिद्धि प्राप्त की है।

देश में आठ अल्युमिनियम स्मेलटिंग प्लान्टस ओड़िशा (नल्को और बल्को), पश्चिम बंगाल, केरल, उत्तर प्रदेश, छतीसगढ़, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में स्थित है। 2004 में भारत में 600 मिलियन टन अल्युमिनियम का उत्पादन किया।

बाक्साइट जो वजनदार, गहरे लाल रंग की चट्टान होती है, का उपयोग किया जाता है। कारखाने के पास सस्ते दामों में कच्चे माल की प्राप्ति तथा निरन्तर विद्युत का वितरण, ये दो प्राथमिक तत्व है जो महत्वपूर्ण है।

**रसायन उद्योग :** भारत में रसायन उद्योग तीव्र विकसित एवं विभाजित है। यह लगभग जी.डी.पी. में तीन प्रतिशत योगदान देता है। यह एशिया में तीसरा बडा उद्योग है तथा उसके आकार के अनुरूप विश्व में इसे बारहवाँ स्थान




SCERT TELANGANA

प्राप्त है। यह लघु एवं विशाल उद्योगो में उपयोगी होता है। प्राकृतिक एवं कृतिम क्षेत्रों में तीव्र वृद्धि हुई है। कृत्रिम रसायन में सल्फरिक अम्ल (खाद उत्पादन में उपयोगी, संशलिष्ट कपड़े, प्लास्टिक, चिपकाने के लिए उपयोगी, रंग, रंगना आदि) न्यूट्रिक अम्ल, अल्कालिस, सोड़ा अंश (काँच, साबुन और डिटरजेन्ट, कागज, बनाने में उपयोगी) और कपड़े धोने का सोड़ा होता है। यह कारखाने सारे देश में फैले हुए है। आप ऐसा क्यों सोचते हैं?

प्राकृतिक रसायन में पेट्रो रसायन जो संशलिष्ट कपडा, संशलिष्ट रबड़, प्साल्टिक, रंगने के पदार्थ, मादक तत्व एवं औषधियों में पाए जाते है। प्राकृतिक रसायन कारखाने तेल शुदि्धकरण या पेट्रोरसायन कारखानों के पास लगाए जाते है।

यह रसायन उद्योग स्वयं उपभोगी होते है। मूल रसायन का उपयोग अन्य रसायन में उपयोगी हो जाता है। बाद में यह अन्य कारखानों में उपयोगी होता है, कृषि या बाजार में उपभोक्ता के द्वारा उपयोग में लाया जाता है। जिन उत्पादनों के बारे में आप जानते है, उनकी सूची बनाइए।

**खाद उद्योग :** खाद उद्योग मुख्यतया नाइट्रोजन खाद (यूरिया), फास्फेट खाद और अमोनियम फास्फेट (DAP) और मिश्रित खाद जो नाइट्रोजन (N), फास्फेट (P), और पोटेश (K) का मिश्रण है वहाँ स्थापित किए जाते है। तीसरा - पोटेश का पूर्ण रूप से आयात किया जाता है क्योंकि यहाँ हमें यह किसी भी रूप में उपलब्ध नहीं होता। भारत नाइट्रोजनिक खाद उत्पादन में अग्रणी है। यहाँ 57 खाद युनिटूस जिसमें नाइट्रोजनिक और मिश्रित नाइट्रोजनिक खाद के, यूरिया के 29 और अमोनियम सल्फेट उप उत्पादन तथा 10 सार्वजनिक क्षेत्र और गुजरात के हजिरा में एक सहकारी समिति जो फर्टिलाइजर कार्पोरेशन आफ इण्डिया के नाम से स्थापित है।

हरित क्रान्ति के पश्चात, देश के अन्य भागों में कारखानों का विस्तार हुआ। गुजरात, तमिलनाडू, उत्तर प्रदेश, पंजाब, केरल ने आधे भाग रसायन उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**सिमेन्ट उद्योग :** निर्माण प्रक्रिया जैसे इमारते, मकान, कारखाने, पुल, सड़क, वायु मार्ग, बाँध और अन्य व्यवसायिक संस्थाओं में सिमेन्ट अनिवार्य है। इस उद्योग में अधिक मात्रा में तथा भारी कच्चा माल जैसे चूने के पत्थर, सिलिका, अलुमिना और जिप्सम की आवश्यकता होती है। रेल परिवहन के अतिरिक्त बिजली एवं कोयले की आवश्यकता होती है।

1904 में चेन्नई में प्रथम सिमेन्ट कारखाना स्थापित किया गया। स्वतन्त्रता के पश्चात इसमें विस्तार हुआ। मूल्य नियंत्रण और 1989 से वितरण तथा अन्य सुधार योजनाओं ने सिमेन्ट उद्योग को विकसित किया। नई तकनीकी, और उत्पादन में वृदि्ध हुई। आज 128 विशाल उद्योग तथा 332 लघु सिमेन्ट कारखाने भारत में है।

- Where would it be economically viable to set up the cement manufacturing units?
- The industry has strategically located plants in Gujarat that have suitable access to the market in the Gulf countries. Find out where the plants are located in other states of India. Find their names.

SCERT TELANGANA


पूर्वी एशिया, मध्य पूर्व, आफ्रिका और दक्षिण एशिया में अधिक माँग होने के कारण इसकी गुणवत्ता में भी वृद्धि हुई। यह उद्योग उत्पादन एवं निर्यात में उचित भूमिका निभा रहा है। इस उद्योग की स्थिरता के लिए माँग एवं वितरण को ध्यान में रखते हुए प्रयास किए जा रहे है।

## परिवहन उद्योग

स्वचालित परिवहन लोगो और माल को तीव्र गति से गंतव्य स्थान पर पहुँचाते है। ट्रक, बस, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर, ती पहिया और बहु उपयोगी वाहन भारत के अनेक भागों में निर्मित किए जाते है। उदारवादी के पश्चात नये एवं प्रतियोगी नमूनों के कारण वाहनों की माँग अधिक होने लगी और इसे स्थिर बनाए रखने के प्रयास भी स्वस्थता की निशानी है। इससे यात्री कार, दो पहिया और तीन पहिया वाहन अधिक है। 15 वर्षों में इसने ऊँची छलांग मारी है। विदेशी विनिमय द्वारा नई तकनीकी में और संगठित उद्योग में वैश्वीकरण के कारण प्रगति हुई है। आज वर्तमान में 15 यात्रीकार और बहु उपयोगी वाहन, 9 व्यवसायिक वाहन, 14 दो पहिया वाहन के उत्पादन कर्त्ता है। यह कारखाने दिल्ली, गोरेगाँव, मुम्बई, पुणे, चेन्नई, कोलकत्ता, लखनऊ, इन्दौर, हैदराबाद, जमशेदपूर और बेंगलूरू में स्थित है।

## सूचना तकनीकी एवं वैद्युतिक कारखाने

विद्युत उपकरण कारखाने ट्रान्समीटर से टेलिविजन दूरभाष्य, सेल फोन, पेजर, टेलीफोन एक्सचेन्ज, राड़र, कम्प्यूटर और कई अन्य उपकरण दूरसंचार उद्योग के लिए उपयोगी है। बेंगलुरू को भारत की विद्युत राजधानी कहा जाता है। अन्य विद्युत उपकरण निर्माता राज्य मुम्बई, दिल्ली, हैदराबाद, पुणे, चेन्नई, कोलकत्ता, लखनऊ और कोयमबतूर है। 18 साफ्टवेयर तकनीकी पार्कस एकल विंडो सेवा और उच्च डाटा संचार की सुविधा कुशल साफ्टवेयर प्रदान कर रहे है। इसका महत्वपूर्ण प्रभाव रोजगार क्षेत्र में हुआ है। 31 मार्च 2005 तक आई.टी. कम्पनियों ने लगभग एक मिलियन लोगों को रोजगार दिया। अगले 3 से 4 वर्षों में इसमें आठ गुणा वृद्धि की आशा की गई। यह प्रोत्साहन की बात है कि इस क्षेत्र में 30 प्रतिशत महिलाएँ कार्यरत है। यह उद्योग विदेशी मुद्रा अर्जन में पिछले दो से तीन वर्षों से आगे है क्योंकि यह तीव्र प्रगति व्यवसाय प्रक्रिया (बी.पी.ओ) क्षेत्र है। भारत में आई.टी. कारखानों के लिए हार्डवेयर एवं साफ्टवेयर प्रगति में निरंतरता देखी गई है।



Look at the Map of Major Software Technology parks on page 104 and shade them.

SCERT TELANGANA

इस विभाग में हम विभिन्न प्रकार के विशाल उद्योग, उसके भौगोलिक वितरण और स्थानीय कारणों की जानकारी प्राप्त करेंगे। कैसे भूमि, वायु और जल प्रदूषण से पृथ्वी दूषित हो ही रही है।

इस निम्न तालिका में रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। कुछ उद्योगों के लिए आप अपने अध्यापक से चर्चा कीजिए।

| उद्योग | वर्तमान में स्थित उन राज्यों के नाम | उन क्षेत्रों में ही क्यों लगाए गए है? |
|---|---|---|
| रसायन उद्योग | | |
| खाद उद्योग | | |
| सिमेन्ट उद्योग | | |
| आटोमोबाईल उद्योग | | |

SCERT TELANGANA

## PART - II

## सरकारी और औद्योगिक विकास- प्रारंभिक वर्ष

भारत में कुछ बडी फैक्टरियाँ सरकार के द्वारा चलायी जाती है और अन्य निजी कंपनियों के द्वारा। भारतीय संसद के द्वारा निश्चित की गयी नीति के कारण सरकार और निजी उद्योगपतियों के द्वारा चलाये गये इस प्रकार के उद्योगों का अस्तित्व सामने आया ।

इस प्रकार की व्यवस्था इस बात को ध्यान मे रख कर की गयी कि उस समय भारत में बडे उद्योगों को स्थापित करने के लिए बडी मात्रा में पूँजी की आवश्यकता थी । जैसे कि हमने ऊपर देखा है बडी संख्या में उद्योग स्थापित करने के लिए कुछ आधारभूत आदानों को उपलब्ध करना जरूरी था। इसीलिए यह निश्चय किया गया कि सरकार आधारभूत सामानों के उद्योगो में निवेश कर सकती है, और उससे निजी उद्योगपतियों को अपने उद्योग के विस्तार में सहायता मिलेगी । आधारभूत उद्योगों को केवल अधिक पूँजी की ही आवश्यकता नही होती बल्कि उसे स्थापित करने में अधिक समय भी लगता है। निजी उद्योग वर्ग या परिवार इस प्रकार के उद्योगां में निवेस करने के लिए तैयार नही थे। उदाहरण के लिए बिजली के उत्पादन -पॉवर प्लांट स्थापित करने के लिए पाँच से दस वर्ष लग सकते हैं । सरकार को यह उत्तरदायित्व लेना चाहिए ।

उसी प्रकार सरकार ने सड़क निर्माण, यातायात सुविधाएँ जैसे रेलमार्ग, सडक मार्ग, वायु मार्ग आदि का रख रखाव, जल की आपूर्ति , गैस उत्पादन, तेल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादन आदि निर्माण कार्य उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व भी लिया है।

सरकार ने कई प्रतिबंध भी लगाए ताकि छोटे उत्पादको को सहायता मिल सके । कई औद्योगिक क्रियाएं केवलल छोटे उत्पादकों के लिए ही अनुमति दी गयी थी । उदाहरण के लिए एक विशेष प्रकार के कपडे का उत्पादन हैंडलूम तक ही सीमित था। कई हस्त कला उत्पादन और छोटे स्तर पर निर्मित

वस्तुएं जो लोग अपने घरों या कारखानों में कर सकते थे उन्हें फैक्टरियों में उत्पादन करने की अनुमति नही थी।


सरकार ने कानून बनाये थे कि बडी फैक्टरियों के मालिक फैक्टरी स्थापित करने के पहले लाइसेंस प्राप्त करें। ऐसा इसलिए किया गया ताकि सही योजना और सहयोग प्राप्त हो। सरकार यह सावधानी भी रखती थी कि विशेष सामानों का उत्पादन एक औद्योगिक वर्ग के काबू में न हो । ऐसी स्थिति में यह संभावना रहती है कि फैक्टरी के मालिक स्पर्धा न रहने पर अपनी वस्तुओं के लिए अधिक मूल्य ले सकते हैं । सरकार ने फैक्टरियों के द्वारा उत्पादन की गयी वस्तुओं की मात्रा नियमित कर दी थी। कुछ वस्तुओं के लिए विक्रय मूल्य भी निर्धारित कर दिया था ।

## आने वाली समस्याएँ

वर्षो के बीत जाने पर इनमें से कई औद्योगिक नीतियाँ उद्योग के विकास मे बाधा बन गयी थी। जो औद्योगिक इकाई स्थापित करना चाहते है, उन्हें कई कार्यवाहियाँ करनी पडती थी और सरकारी कार्यालय से स्वीकृति प्राप्त करने के लिए कई वर्षों तक प्रतीक्षा करनी पडती थी । कई प्रशासनिक बाधाएँ भी थी जैसे अर्जी कार्यवाही में देरी, जिससे रिश्वतखोरी जैसे दुराचार को बढावा मिला।

लाइसेंस प्रणाली के दुरुपयोग के भी कई मामले सामने आये । हमेशा सक्षम उत्पादकों को ही लाइसेंस नही दिये जाते थे। राजनैतिक संबंध रखने वाले और आर्थिक रुप से सक्षम व्यक्तियों के पक्ष में चयन होता था । इसी कारण बडे और प्रतिभाशाली व्यक्ति एक से अधिक लाइसेंस प्राप्त कर लेते थे। इनमें से कुछ एकदम भिन्न और असंबंधित उत्पादन होते थे । उदाहरण के लिए एक कपडा का निर्माता सीमेंट का लाइसेंस प्राप्त करने के बाद सीमेंट उत्पादन के क्षेत्र में विशेष दक्षता नही होने पर भी एक सीमेंट फैक्टरी खोल सकता है। 1970 और 1980 के मध्य भारत में कई औद्योगिक परिवारो में लगभग सभी मुख्य औद्योगिक वस्तुओं का लाइसेंस था और केवल कुछ नये लोग ही औद्योगिक उत्पादन के क्षेत्र में आ सके ।

इन सबने नये उत्पादकों को निराश किया जो औद्योगिक उत्पादन में पूंजी निवेश करने को जोखिम उठाने के लिए तैयार थे और जो उपलब्ध नयी तकनीक से काम कर सकते थे ।



*Write an imaginary dialogue between the big factory and the potter's wheel in the context of industrilation.*



SCERT TELANGANA

जब सरकार ने कुछ वस्तुओ के मूल्य को नियंत्रित किया, इन वस्तुओं के उत्पादकों को महसूस हुआ कि अधिक वस्तुओं के उत्पादन से कोई लाभ नही है। मूल्य के नियंत्रण के कारण वस्तुऒं का अभाव हो गया। उदाहरण के लिए किसी व्यक्ति को एक स्कूटर खरीदनें के पहले बुक करना पडता था और फिर वास्तविक रुप से प्राप्त करने के लिए कई वर्ष प्रतीक्षा करना पडता था। हमेशा बाजार मे उपलब्ध स्कूटरों से अधिक की मांग रहती थी। महत्वपूर्ण आधारभूत वस्तुएँ जैसे कोयला और सीमेट में भी इसी प्राकर की कमी सामान्य थी, जिसके कारण अन्य वस्तुओं के उत्पादन में भी बहुत देरी हो रही थी। इस कमी का कारण भारतीय उद्योगों पर नियंत्रण की सरकारी नीति बताया गया मुख्य रूप से लाइसेंस नीति। उद्योगपतियों ने शिकायत की कि इन उद्योगों पर नियंत्रण हटाये जाने पर ही उत्पादन बढ सकता है और अभाव को हटाया जा सकता है।

छोटे उत्पादको के लिए किये गये सुरक्षा के उपाय से थोडी सफलता मिली क्योंकि बडे उत्पादन भी छोटे उत्पादको द्वारा की जाने वाली वस्तुओं का उत्पादन गुप्त रूप से कर रहे थे। भारतीय उद्योग की एक और सामान्य समस्या उसके कुछ उत्पादनों के गुण में कमी थी। उदाहरण के लिए भारत में उत्पादन होने वाली सबके अच्छी कार की तुलना में संसार में निर्मित कई ऐसी कार है जो गुणवत्ता की दृष्टि से अच्छी है और सस्ती भी है। हल्की गुणवत्ता का एक कारण भारतीय उद्योग मे उत्पादको के मध्य प्रतिस्पर्धा की कमी थी। निजी उत्पादकों के द्वारा चलाये जाने वाले उद्योगों में भी सरकारी नियंत्रण के कारण प्रतिस्पर्धा सीमित थी। नयी फैक्टरियों को खोलने और नयी मशीनों को खरीदने पर नियंत्रण था। मशीने और कच्चे माल के साथ-साथ औद्योगिक वस्तुओं के आयात और निर्यात पर नियंत्रण था। निजी निर्माताओं इस प्रकार के कार्यों के लिए सरकारी मंजूरी लाइसेंस की आवश्यकता होती थी। महत्वपूर्ण औद्योगिक वस्तुओं के मूल्य सरकार द्वारा निश्चिक किये गये थे और उत्पादकों को उस मूल्य पर ही विक्रय करना पडता था। कई लोगों का विचार था कि सरकारी नियंत्रण के कारण भारतीय उद्योग का आधुनिकीकरण तेजी से नही हो रहा है और वस्तुओं के उत्पादन में अधिक व्यय हो रहा है और तकनीकी विकास नही हो रहा है।

सरकारी उद्योगों के मामले में सरकार उन उद्योगों को चलाने के लिए प्रति वर्ष निश्चित राशि प्रदान करती है. और यह आशा की जाती है कि भविष्य में यह उद्योग स्वतंत्र बन जायेंगे। सरकार के लिए आय बढाएंगे। फिर भी सरकार द्वारा चालित कई फैक्टरियों के लिए यह दूसरा तरीका था- इन्हें निरंतर सरकारी सहायता की आवश्यकता थी और इसे चलाने में हमेशा नियमित रुप से गतिरोध होता था। उनका कार्य आशा से बहुत कम था।

## उद्योगों के लिए नई नीति

1990 मे देश ने पहले से व्याप्त औद्योगिक नीतियो पर पुनः दृष्टि डालनी शुरू की। एक नयी औद्योगिक नीति घोषित की गयी। कई कार्य जो प्रारंभ में केवल सरकार तक सीमित थे, निजी उद्योगों को भी मंजूरी नही दी गयी।

सरकार ने कानून में ढील भी दी थी ताकि फैक्टरियों मे बनायी गयी उपभोक्ता वस्तुएं अन्य देशों से भी आयात की जा सके। भारत में औद्योगिक कार्यों विशेषकर नये उद्योगों को बढावा देने के लिए कई सरकारी नियम सरल किये गये।

सरकारी औद्योगिक कंपनियों की क्षमता बढाने के लिए सरकार ने उनमें से कुछ को बेच दिया।



SCERT TELANGANA


इन कंपनियों को चलाने के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध आर्थिक सहायता भी कम कर दी गयी। इन कंपनियों को सरकार के हस्तक्षेप के बिना स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की सहमति थी।


अन्य देशों के निजी या सरकारी कंपनियों को भारत मे फैक्टरी स्थापित करने का बढावा दिया गया ताकि नयी तकनीकी सार्वजनिक बन सके और अधिक वस्तुएँ देश के बाहर बाजार में निर्यात की जा सके।

## औद्योगीकरण नीतियो का प्रभाव

**औद्योगिक इकाइयों की संख्या में बढोत्तरी हुई। रोजगार बढे लेकिन आशा से कम और कम भुगतान वाले थे।** आज भारत नें लगभग 2 लाख बडी फैक्टरियाँ जो सुव्यवस्थित निर्माण इकाई के नाम से भी जानी जाती है और लगभग 3 करोड छोटी (अव्यवस्थित भी कहलाती है) निर्माण इकाई कार्य कर रही है। ये औद्योगिक इकाईयाँ बडी और छोटी दोनों आज भारत के 460 मिलियन कर्मचारियों के लगभग 1/5 को रोजगार प्रदान करती है।

निम्न वृत्त चित्र को देखिए। ये उस समय के कुल कर्मचारियों के तीन प्रकार की आर्थिक गतिविधियो में रोजगार के प्रतिशत को दर्शाती है।




नयी नीतियों को आरंभ करने के सत्र के पश्चात औद्योगिक विकास का एक महत्वपूर्ण बिन्दु यह था कि फैक्टरी में बनी वस्तुओ के उत्पादन के लिए बडे उद्योग स्थापित होने के कारण छोटे फर्म की भूमिका कम हो गई है।


भारत में औद्योगिक नीति का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य औद्योगिक गतिविधियों में रोजगार के अवसर बढाना भी था। फैक्टरियों में लोगों के काम करने का अनुपात भी बढ गया जो एक देश के आर्थिक विकास का द्योतक है। भारत में उद्योगो को सुव्यवस्थित करने के लिए कई कानून बनाये गये ताकि कर्मचारियों को बेहतर वेतन उपलब्ध कराया जा सके, काम की जगह पर कर्मचारियों को सुरक्षा उपलब्ध करायी जा सके और स्वास्थ्य और चिकित्सा की सुविधाएँ प्रदान की जा सके। ऐसे प्रयत्न किये जा रहे है कि अधिक से अधिक उद्योग स्थापित किये जाये और अधिकतम कर्मचारी अच्छी आय पा सके। ऐसा भारत में नही हुआ। भारत की स्वतंत्रता के छः दशको के बाद भी आशा के अनुरूप भारत के कर्मचारियों के रोजगार का अनुपात आशानुरूप नही बढा। बडी संख्या के कर्मचारियो छोटे औद्योगिक वर्ग में काम कर रहे थे जो सामान्यतः बहुत कम वेतन देते थे और कर्मचारियों के सुरक्षात्मक स्थिति और चिकित्सा सुविधा की उपेक्षा कर रहे थे।


आशा के विपरीत बडे उद्योगों में तकनीकि का ज्ञान रखने वाले कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाने लगी। अधिक से अधिक मशीनीकरण होने लगा। जिसके कारण बडी फैक्टरियों में अतिरिक्त रोजगार नहीं के बराबर हो गया।

- तीन प्रकार की आर्थिक गतिविधियों के रोजगार में क्या अंतर है, जो आपने इन वृत्त चित्रो के द्वारा जाना है।
- उद्योगों के द्वारा रोजगार में बदलाव का क्या प्रतिशत है।
- अपने अध्यापक से चर्चा कीजिए क्या हम उद्योगों के द्वारा रोजगार में बडे बदलाव की आशा करते है, जो अभी तक नही हुआ है।


## वर्षो में फैक्टरियो पर आधारित वस्तुओं का उत्पादन बढा है।


भारतीय नेताओं के विचार से आधारभूत उद्योग स्थापित करना भारत के औद्योगिकरण के लिए पहला कदम हैं। उद्योगों की स्थापना के परिणामस्वरूप उत्पादन में विकास हुआ। निम्नलिखित चार्ट को देखिए।




SCERT TELANGANA




पिछले छः दशकों मे केवल कोयला, स्टील, और अन्य महत्वपूर्ण कच्ची सामग्री के उत्पादन में ही असाधारण बढोत्तरी नही हुई है। इसका परिणाम कई अन्य अंतःकालीन और उत्पादन वस्तुओं पर भी पडा। निम्न तालिका देखिए जो भारत में उत्पादित असंख्य विभिन्न यातायात की गाडियाँ, पंप सेट दर्शाती है। आप देखेंगे कि प्रत्येक वस्तु विभिन्न उद्येश्य की पूर्ति करती है। चार अलग-अलग आरेख बनाइए और इनमें से प्रत्येक वस्तु के उत्पादन की बढोत्तरी के संभावित प्रभाव की कक्षा में चर्चा कीजिए ।

**तालिका 3: यातायात गाडियों और पंपों का उत्पादन 1950-2011**

| वर्ष | व्यवसायिक गाडियाँ (मिलियन) | मोटर साइकिल (मिलियन) | पंप (प्राप्त की गई ऊर्जा) (मिलियन) | ट्रैक्टर (मिलियन) |
|---|---|---|---|---|
| 1950-51 | 9 | - | 35 | - |
| 1960-61 | 28 | 1 | 105 | - |
| 1970-71 | 41 | 97 | 259 | - |
| 1980-81 | 72 | 447 | 431 | 71 |
| 1990-91 | 146 | 1843 | 19 | 142 |
| 2000-01 | 152 | 3756 | 482 | 284 |
| 2010-11 | 753 | 10527 | 3139 | 465 |

1. क्या आप वस्तुओं के उत्पादन में बढोत्तरी के कुछ उदाहरण बता सकते है् जिनका उपयोग विभिन्न फैक्टरियों के द्वारा कई उत्पादनों के निर्माण में किया जाता है।
2. पिछले 30 वर्षों में कप्रडे के निर्माण में कितनी बढोत्तरी हुई है? अपने मोहल्ले के लोगों से चर्चा कीजिए।
3. सीमेंट और स्टील के उत्पादन को दर्शाता चार्ट देखिए और 80-81 से वर्तमान समय तक की बढोत्तरी को दर्शाती एक तालिका बनाइए। इस उत्पादन की बढोत्तरी के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव की चर्चा कीजिए ।

## वातावरणीय समस्याओ में बढोत्तरी और प्रदूषण

उद्योगों में उत्पादन की प्रक्रिया मे बिजली और विभिन्न रसायनो का उपयोग होता है। उत्पादन के समय ये उद्योग बहुत सी सामग्री बाहर निकालते है। इससे औद्योगिक स्थान पर प्रदूषण फैलता है। ऐसी ही एक घटना का वर्णन बक्से में किया गया है। इस प्रकार की जानकारी नवी कक्षा की जीव विज्ञान पुस्तक के दसवें अध्याय में दी गई है।





SCERT TELANGANA

## मुख्य शब्द

1. उपनिवेशीय शासन
2. उपभोक्ता वस्तुएँ
3. आधारभूत सुविधाएँ
4. आधारभूत वस्तु उद्योग
5. आत्म सामर्थ्यता
6. प्रति व्यक्ति उपभोग
7. उदारीकरण

## शिक्षा में सुधार

1. सरकार ने आधार भूत उत्पाद उद्योगों की स्थापना की जिम्मेदारी क्यों ली होगी? ($AS_1$)
2. कारखानों को विशेष क्षेत्रों में क्यों स्थापित किया गया ? ($AS_1$)
3. आधार भूत उत्पाद कारखाने क्या हैं? वे उपभोक्ता सामग्री कारखानों से किस प्रकार भिन्न हैं? ($AS_1$)
4. उन नगरीय व उपनगरीय क्षेत्रों के नाम बताइए जिनके पास के क्षेत्र में खनिज पाये जाते हैं? यहाँ कौन-कौन से कारखाने लगाये जा सकते हैं? ($AS_3$)

| क्रम सं. | खनीज/ स्रोत | नगर/क्षेत्र जहाँ स्रोत उपलब्ध हैं। | इन क्षेत्रों में स्थापित कर किये जा सकने वाले कारखाने |
|---|---|---|---|
| 1 | कच्चा लोहा | | |
| 2 | कोयला | | |
| 3 | जूट | | |
| 4 | कच्चा तेल | | |
| 5 | प्राकृतिक गैस | | |
| 6 | वन | | |
| 7 | मैगनीज | | |
| 8 | बाक्साइट | | |

5. 1990 सरकार ने कई ऐसे क्षेत्रों में निजी कारखानों को अनुमति दे दी जो पहले केवल सरकार तक ही सीमित थे। क्यों? ($AS_1$)
6. कारखानों के विकास का रोजगार उत्पादन और सरकारी आमदनी पर किस प्रकार प्रभाव पड़ता है? ($AS_1$)
7. औद्योगिक क्रियाकलाप पर्यावरण की समस्या को बढ़ाते हैं? चर्चा कीजिए। ($AS_4$)
8. पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए कुछ नारे लिखिए। ($AS_6$)
9. पृष्ठ संख्या 83 पर 3 अनुच्छेद पढ़िए और टिप्पणी लिखिए। ($AS_2$)
10. पृष्ठ संख्या 95 पर दिये गये मानचित्र का अवलोकन कीजिए और भारत के प्राकृतिक मानचित्र में लोहा और स्टील के कारखानों को दर्शाइए। ($AS_5$)

## परियोजना

आपके क्षेत्र की एक कृषि-आधारित तथा एक खनिज आधारित फैक्टरी का चयन कीजिए।

(i) वे कौनसे कच्चे माल का उपयोग करते हैं?

(ii) उत्पादन की प्रक्रिया के अन्य निवेश क्या है, जिसमें परिवहन मूल्य शामिल है?

(iii) क्या ये फैक्टरियाँ पर्यावरणीय मानदंडों का पालन करती हैं?

SCERT TELANGANA


INDIA
TEXTILE INDUSTRIES
68°E
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96°E
36°N
32°
28°
24°
20°
16°
12°
8°N
PAKISTAN
CHINA
(TIBET)
NEPAL
BHUTAN
BANGLADESH
MYANMAR
Tropic of Cancer
ARABIAN SEA
BAY OF BENGAL
INDIAN OCEAN
SRI LANKA
LAKSHADWEEP (INDIA)
ANDAMAN & NICOBAR ISLANDS (INDIA)
Baramula
Srinagar
Anantnag
Amritsar
Ludhiana
Panipat
Moradabad
Gurgaon
Bikaner
Agra
Shahjahanpur
Jaipur
Kanpur
Gwalior
Varanasi
Mirzapur
Ahmedabad
Ujjain
Jamnagar
Dewas
Rajkot
Indore
Porbandar
Vadodara
Murshidabad
Bankura
Haora
Hugli
Surat
Jalgaon
Wardha
Aurangabad
Mumbai
Pune
Belgaon
Bangalore
Kolar
Mysore
Chennai
Coimbatore
Madurai
COTTON TEXTILE
WOOLLEN TEXTILE
SILK TEXTILE
0
200
400
600 km
72°E
76°
84°
88°
92°E




SCERT TELANGANA



INDIA
COAL FIELDS AND COAL MINES.
68°E
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96°E
36°N
32°
28°
24°
20°
16°
12°
8°N
CHINA
(TIBET)
NEPAL
BHUTAN
BANGLADESH
MYANMAR
Tropic of Cancer
Auraiya
Singarauli
Bokaro
Raniganj
Jharia
Korba
Talcher
Singareni
Neyveli
BAY OF
BENGAL
Coal Fields
Coal Mines
LAKSHADWEEP
(INDIA)
ANDAMAN & NICOBAR ISLANDS
(INDIA)
INDIAN
OCEAN
SRI
LANKA




SCERT TELANGANA

अध्याय
8

# भारत में सेवा गतिविधियाँ

पहले अध्याय में आपने भारत के दो महत्वपूर्ण उपयोगी कामों कृषि एवं उद्योग के बारे में पढा होगा। सेवा संबंधी गतिविधियाँ दूसरे प्रमुख क्षेत्र से संबंधित है। सेवा कार्य क्या है? भारत में सेवा कार्य कैसे होता है? वे देश के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं ?

**सेवा कार्य क्या होता है?**

1. सरोजनी एक अस्पताल में डाक्टर है। वह रोगियों की जाँच करती है। दवाइयाँ देकर उनके उपचार पर ध्यान देती है। उन्हें इसके लिए क्या मिलता है? धन लाभ तो उसे नही होता पर वह रोगी के स्वास्थ्य लाभ में मदद करती है।
2. सौन्दर्या किराणा बेचती है। उसके घर के आगे के भाग में ही दुकान लगाई गई है। वह अपने बच्चों को स्कूल भेजकर दुकान खोलती है और रात को बंद करती है। उसका पति कस्बे से थोक माल लाता है। वह व्यापारी के रूप में सेवाएँ उपलब्ध कराती है या उपभोक्ताओं तक उत्पादों को पहुँचाती है।
3. रमेश एक कंपनी में लेखाकार है। वह खातों का परीक्षा करता है, भुगतानों और प्रति की जाँच करता है और उसके खातों एव बिलों का हिसाब भी करना पडता है। खातों का निरीक्षण करना एक ऐसी सेवा है जो सभी व्यापार संस्थाओ के लिए आवश्यक है।
4. संपत के पास एक छोटी कार है। वह रोज सुबह मछली बाजार जाता है। वहाँ की बहुत सी स्त्रियाँ मछली बाजार में मछली खरीदकर अपने मोहल्ले के लिए संपंत की वैन में जाती है। वह मछलियों को बाजार में उठाकर ले आने के लिए दाम लेता है।

रमेश सौन्दर्या, सरोजिनी तथा संपंत ये चारों सेवा कार्यो से जुडे हैं। इनके कार्य किसानों, खेतिहर मजदूरों या श्रमिकों से अलग है।

ये लोग धान या कपडे की तरह कोई दिखाई देने वाली वस्तु का उत्पादन नही करते। फिर भी ये व्यापार और व्यक्तियों को विशेष सेवाएं प्रदान करते हैं। यह किसी वस्तु के उत्पादन करने से भिन्न कार्य है। सेवा का अर्थ यहाँ स्नेह या भक्ति से काम करना अथवा बिना पैसे लिए काम करना नही है। उपरोक्त सभी लोग इन सेवाओं द्वारा रूपये कमाते हैं।यही जीविका का साधन है।

SCERT TELANGANA

कृषि और उद्योग में सेवाओं की आवश्यकता है। अगर धान और सब्जियों को ले जाने के लिए बैलगाडी ट्रक और बसें नही होगी तो क्या होगा ? अगर फैक्ट्रियों से शहर कस्बों की दूकानों तक सीमेंट की बोरियों को ले जाने के लिए बैलगाडी नही होगी तो लोग इमारते कैसे बनवायेगें ? अगर ये माल बाजार तक पहुँच भी जाता है तो उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के लिए लोगों की आवश्यकता पडेगी । इसका अर्थ है कि व्यापार संबंधी में कार्य भी सेवा कायों का महत्वपूर्ण अंग है।

सेवा कार्य कृषि या उद्योंगो की तरह किसी उत्पाद या वस्तु का निर्माण नही किया जाता । वे कृषि और व्यापार के लिए विशेष कार्य करते हैं और लोगों की आवश्यकतानुसार उन्हें सेवाएँ देते हैं । उदाहरण के लिए व्यवसायिक संस्थाओं एवं लोगों को बैंकिंग तथा वित्त संबंधी सेवाओं की आवश्यकता है। आपने इसके संबंध में पढा होगा । इसी प्रकार सैल फोन इंटरनेट तथा अन्य दूरसंचार संबंधी सेवाएँ देन वाले लोग भी होते हैं ।

इन सेवाओं का वर्गीकरण आठ भागों में किया गया है। नीचे की तालिका में इनके विषय में कुछ वर्णन किया गया है। कुछ छोड दिये गये है। आप अपनी अध्यापिका से चर्चा करने के बाद इसे पूरा कीजिए। इस प्रकार है।

1. **शिक्षा संस्थान :** स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, तकनीकि संस्थाएँ इस वर्ग में आती है। अध्यापक, प्रशासनिक अधिकारी और उनके कार्य इस सेवा में आते हैं ।
2. **स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संबंधी सेवाएँ** (अपनी अध्यापिका से चर्चा करने के बाद लिखें )

   ______________________________

3. **व्यापार :** थोक एवं खुरदूरा में बेचने के कार्य जो हम अपने आस-पास देखते हैं । (अपनी अध्यापिका से चर्चा करने के बाद लिखें ) ______________
4. **लोक प्रशासन :** गाँवों व कस्बों की पंचायतों तथा राज्य सरकार व केन्द्रीय सरकार के कार्य इसके अंतर्गत आते हैं। उदाहरणार्थ पुलिस स्टेशन में काम करने वाले लोग सरकारी विभागों के कर्मचारी जैसे ग्रामीण प्रशासनिक अधिकारी , राजस्व अधिकारी, तहसीलदार , जिलाअधिकारी, कोर्ट में काम करने वाले व्यक्ति, सहायक, लिपिक, लेखाकर, चपरासी, ड्राइवर, इत्यादि ।
5. **रक्षा संबंधी :** वे लोग जो जलसेना, थलसेना और वायु सेना में कार्यरत है।
6. **वित्तीय कार्य :** बैंक तथा (अपनी अध्यापिका से चर्चा के बाद लिखें ) ______________
7. **व्यक्तिगत सेवाएँ :** घरेलू काम करने वाले धोबी, सफाई कर्मचारी, नाई, ब्यूटी पार्लर, दर्जी, फोटो और वीडियो स्टूडियों इसके अंतर्गत आते हैं ।

SCERT TELANGANA

**8. अन्य कार्य :** सूचना व मनोरंजन क्षेत्र में काम करने वाले फिल्म निर्माता, धारावाहिक निर्माता, संचार माध्यमों में काम करने वाले तथा विज्ञापन निर्माता भी इन सेवाओं के अंतर्गत आते हैं ।

## सेवा क्षेत्र का महत्व व चुनौतियाँ

भारत जैसे विकासशील देश में विकास संबंधी कार्य बहुत से प्रतिष्ठानों पर आधारित होते हैं । जिसमें आधारभूत सेवाएं एवं अन्य सम्मिलित है। विकास करने के लिए इन सेवाओं का महत्व जानना आवश्यक है। डाक व संचार आफिस खोलना, पुलिस स्टेशन, न्यायालय, ग्राम प्रशासनिक कार्यालय, नगरपालिकाए रेलवे परिवहन बसे, वायु परिवहन, बैंक खोलना, बीमा कंपनियाँ, स्टाक एक्सचेंज जैसे वित्ती संस्थान चलाना ,अस्पताल, शिक्षा संस्थान चलाना, तथा अन्य सामाजिक सेवाएं इसके कुछ उदाहरण हैं । ये सेवाएँ लोगों की प्राथमिक आवश्यकताएं पूरी करती है और उनके जीवन स्तर का विकास करती है। सेवा कार्यों के द्वारा शहरों के बहुत से लोगों का रोजगार मिलता है। शहरों के 100 में 65 लोग इन्हीं सेवाओं पर आधारित है।

आपने पिछले पाठ में दो जीविका संबंधी तालिकाओं को देखा होगा । भारत को सभी नौकरियों में से एक चौथाई नौकरियाँ इन्हीं सेवाओं से मिलती है। सेवा संबंधी नौकरियां कैसे बढ रही है। इस कारण लोगों की परिस्थितियों में सुधार हो सकता है। जब लोग अधिक आय प्राप्त करेंगे तो उनके व्यय करने का तरीका भी बदलाव लाने में समर्थ होता है। वे सेवा संबंधी कार्यो पर खर्च करने में प्रवृत्त हो जाते हैं। जैसे शिक्षा, मनोरंजन या पर्यटन पर खर्च करना सेवा क्षेत्र के महत्व के बढने का कारणों पर प्रकाश डालते हैं ।

## बदलती हुई तकनीक तथा सेवाओं का निर्यात

लगातार बदलती हुई तकनीक, सेवा क्षेत्र को प्रेरणा देती है। 1990 के प्रारंभ में संचार तकनीक में आश्चर्यजनक परिवर्तन आया ।व्यवसाय में बाह्य स्रोत से सेवाएँ लेने के कारण युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ गए है। बी.पी.ओ यहाँ पर लोगों को नौकरी देती है और संचार माध्यमों को उपयोग करके पूरे विश्व में अपनी सेवाएँ देती है। अनेक सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियाँ प्रशिक्षित इंजीनियरों की सेवाएँ लेकर पूरे विश्व की कंपनियों को विशेष साफ्टवेयर सेवाएँ प्रदान करती हैं। उन्हें विदेशों से परियोजनाएँ मिलती हैं ।



काल सेंटर

मनोरंजन व्यवसाय में प्रिंट मीडिया व केबिल टेलीविजन चैनलों से रोजगार के अवसर मिलते हैं। अधिकांश शहरों

SCERT TELANGANA

व कस्बों में इंटरनेट कैफे तथा टेलीफोन बूथ होना सामान्य सी बात हो गयी है। शहरों में फास्ट फूड की दुकानो से खाना महत्वपूर्ण हो गया है। विज्ञापन उद्योग के कारण भी रोजगार के अवसर बढे हैं । बैंकिंग तथा बीमा क्षेत्र में कई नई गतिविधियाँ बढी है। यह तकनीक में परिवर्तन के कारण संभव हो सका है।

इन सबके के लिए न केवल अत्याधुनिक उपकरणों जैसे कंम्प्यूटर की आवश्यकता होती है बल्कि थोडे उच्च प्रशिक्षित कर्मचारियों की सेवाएँ भी लेनी पडती है। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि सेवा क्षेत्रों में उत्पादन मशीनों और उपकरणों का प्रयोग अधिक और उच्च प्रशिक्षित की सेवाओं का उपयोग कम करते हैं । इसलिए सर्विस सेंटर जैसे प्रगति कर रहे है, उससे निरुद्योग कम करने में कोई सहायता शायद नही मिल सकती।

साथ के चित्र को देंखें । इसमें बैंगलोर का काल सेंटर दिखाया गया है। अगर लंदन का निवासी अपने बैंक खाते या अस्पताल संबंधी सूचना प्राप्त करना चाहता है तो वह ऐसे काल सेंटर जो भारत के किसी शहर में स्थित है, से प्राप्त कर सकता है।

जंबोसाफ्ट नामक हैदराबाद की साफ्टवेयर कंपनी में कार्यरत एक इंजीनियर (फोटो या हाथ से बनाया चित्र) हैं राज विशेष इंजीनियरिंग के पद पर तीन साल से काम कर रहा है । मेरी कंपनी में 120 कर्मचारी है और उसकी बिक्री 50 करोड के लगभग है। सात साल पहले यह कंपनी चार मित्रों ने शुरू की थी। हमारे सहकर्मी अधिकतर विदेश जाकर विभिन्न सेवाएँ तथा परामर्श प्रदान करते हैं । मुझे अच्छा वेतन मिलता है। पर काम भी कई घंटों तक करना पडता है।

## सेवा क्षेत्रों का अन्य बाहरी स्रोतों से सेवाएँ लेना


तकनीकि परिवर्तन और अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के कारण की उद्योगों ने उनकी मुख्य गतिविधियों को सेवा की ओर मोड दिया है। वे उसे स्वयं नही करते परन्तु बाहर से करवाते हैं । उदाहरण के लिए, थोडे समय पहले कोई कंपनी सुरक्षा कर्मचारियों की सेवाएँ प्रदान करती तो उन्हें ही लोगों की भरती करनी पडती थी और कंपनी के वेतन भुगतान रजिस्टर से ही उनका वेतन देना पडता था। आजकल सामाजिक सुरक्षा दायित्व के कारण व खर्च कम करने के लिए बहुत से उद्योग सुरक्षा एजेंसियों से ये सेवाएँ लेते हैं । बहुत सी उत्पादन कंपनियां शोध और विकास संबंधी लेखा संबंधी, उपभोक्ता संबंधी, तथा लोक संबंधी सेवाएँ भी बाहरी स्रोतों से लेती हैं।

## बेरोजगारी के कम वेतन क्षेत्र की नौकरी करना

बहुत से उद्योगों जैसे वस्त्र उद्योग व अन्य उद्योगों के बंद हो जाने के कारण इन फैक्ट्रियों के कर्मचारियों को छोटे विक्रेताओं के रूप में रिक्शा चालकों की तरह या अन्य कम आय वाले कामों को करना पड रहा है । इस बदलाव के कारण शहरों में भी बेरोजगारी बढ गई है। गाँव के लोग शहरों में आकर रोजगार ढूँढते हैं पर यहाँ भी अवसर नही मिलता। इसलिए वे लोग या तो कृषि क्षेत्र में वापस चले जाते हैं अथवा कोई छोटा काम करके अपनी जीविका चलाते हैं ।

SCERT TELANGANA

मैं असीम हूँ, दस वर्ष पहले इस शहर में आया था। दिन में मैं रिक्शा चलाता हूँ और रात में सडक पर रहता हूँ। रिक्शा के मालिक को रोज किराए देना पडता है। मुझे रिक्शा चलाने से नियमित आय नही होती। कभी 150 रूपये या कभी केवल 50-70 रूपये ही मिल पाते हैं । आजकल प्रतिस्पर्धा बढे रही है और रिक्शाओं की संख्या में भी अधिकता आ रही है।



- निम्नलिखित तालिका में 1991 से 2010 तक विभिन्न उद्योगों में नियुक्त कर्मचारियों की संख्या का विवरण (लाखों में ) तालिका को सावधानी से पढें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।

| सेवा विभाग क्रियाएँ | सरकारी नौकरी | | निजी कार्य | |
|---|---|---|---|---|
| | 1991 | 2010 | 1991 | 2010 |
| थोक और खुदरा व्यापार | 1.5 | 1.7 | 3 | 5.1 |
| परिवहन भंडारन एवं संचार | 30.3 | 25.3 | 0.5 | 1.7 |
| वित्त, बीमा तथा भूमि भवन बिक्री इत्यादि | 11.9 | 14.1 | 2.5 | 15.5 |
| समुदाय सामाजिक तथा व्यक्तिगत सेवाएँ | 92.3 | 90.5 | 14.9 | 21.4 |

- 2010 में किस सेवा मे सबसे अधिक रोजगार दिये थें?
- गत वर्षो से सरकारी नौकरियों में कमी हुई या बढत? इस काल में किस प्रकार की नौकरियाँ उत्पन्न हुई।
- निजी सेवा क्षेत्रों में लोगों को कैसी नौकरियाँ प्राप्त होती थी ।
- क्या सरकारी नौकरियों और निजी नियोक्ता द्वारा दी गई नौकरियाँ में काई अंतर है? चर्चा करें।

## सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी नौकरियों में तनाव

आजकल सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना नौजवानों का सपना बन गया है। ये नौकरियां भले ही बहुत सा वेतन देती है पर साथ ही तनाव का कारण भी बन जाती है। आई.टी. व्यवसायी का निम्नलिखित वक्तव्य पढें ।

आई.टी. के कारण मेरी जीवन शैली में सुधार आया है। कालेज में मेरे पास केवल दो पैंट और दो कमीजें थी, अब मेरे पास अनगिनत है। मैं अब अच्छे कपडे खरीदता हूँ और उसके लिए मुझे अब सोचना नही पडता है। निश्चित रूप से साफ्टेयर में नौकरी करने के कारण मेरे जीवन में सुविधाएं आयी हैं । इसके



SCERT TELANGANA

कारण मेरे भाई बहन ठीक से पढ नही पाए, मैं इस समस्या को सुलझा सका हूँ, इसकी मुझे खुशी है। मगर ये जीवन तनावपूर्ण और मशीनी है। यहाँ जीवन में सामाजिकता नही है। मेरे शहर में पडोसी मेरे रिश्तेदार मेरे आस-पास ही होते थे। वहाँ अपने दिल की बात हमेशा किसी ने किसी से कह सकते थे पर यहाँ पर ऐसा नही है।

## वर्तमान वांछित नौकरी

आजकल सेवा कार्य संबंधी विस्तार के बारे में विवाद उभरा है, जिसे समझना आवश्यक है। नीचे दिए गए दो विभिन्न मामलों के विवरण को पढे और प्रश्नों का उत्तर दें ।

### केस अध्ययन 1 : खुदरा व्यापार में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

2012 में सरकार ने विदेशी पूँजी निवेश के लिए सामान बेचने की अनुमति दे दी है कि लोग इस नीति का समर्थन कर रहे हैं और कई इसके खिलाफ है। उदाहरण के लिए बडी खुदरा फर्मो से अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्राप्त एक विद्वान का तर्क है कि खुदरा क्षेत्र में एफ.डी.आई कई कारणों से अवावश्यक है। प्रारंभ में छोटे किसानो को बडे विदेशी सुपर मार्केट को सीधे बेचना अच्छा लग सकता है पर ये विदेशी निवेश कंपनी कभी भी अपनी बडी मात्रा में खरीदने की शक्ति का लाभ उठाकर किसानो का निम्नतम दरों पर बेचने को विवश कर सकती है। लगभग 20 से 40 प्रतिशत कृषि संबंधी वस्तुएँ भंडारन की सुविधा के अभाव में नष्ट हो जाती है। किसानों के जीवन स्तर के संबंध में देखा जाए तो यह बहुत बडा हानि है। अगर सरकार भंडारन की सुविधाओं को दे तो इस हानि को कम किया जा सकता है। सुपर मार्केट्र्य भंडारण की सुविधाओं में निवेश करके अनाज के विनाश को कम कर सकते है फिर भी यह दो कारणों से नही हो सकता । अनाज के विनाश को बढा चढा कर बताया जाता है तथा बडे खुदरा व्यापारियों नें भंडारन सुविधाओं में उतना निवेश नही किया जितना करना था, छोटे खुदरा के पुराने व्यापारियों को निकाल बाहर करेंगे इसके कारण बाजार शक्ति इन गिने चुने लोगों के हाथ में चली जाएगी।

जो इसका समर्थन करते हैं उनका कहना है कि खुदरा में एफ. डी.आई. के आने से लाभ और हानि दोनो होंगे पर कुल अर्जित लाभ, हानि से अधिक होगा । इसके अतिरिक्त थोडे समय बाद हानि भुगतने वाले को भी लाभ होगा । इस पर विवेचन किया गया कि बडे और मध्यम किसानों को प्रारंभ में सबसे अधिक लाभ होगा । पर छोटे किसानों व भूमिहीन मजदूरों को हानि उठानी पडेगी । फिर भी बडे सुपर मार्केट्र द्वारा खरीदने पर खेती संबंधी उत्पादनो की मांग बढेगी और इसके कृषि संबंधी उपज भी बढेगी ।इसके कारण श्रमिकों की माँग बढ सकती है।दीर्घकाल में इससे कृषि संबंधी मजदूरी में वृद्धी होगी ।

कक्षा 6 की सामाजिक ज्ञान में पढा हुआ पाठ तुम्हें याद होगा कि किस तरह से धान के थोक व्यापारियों द्वारा किसानों का शोषण होता है। विदेशी खुदरा व्यापारी महाजनों के मुकाबले कम सूद लेकर किसानों से संबंध जोडकर इसमें प्रवेश कर सकते हैं । ऐसा किसानों के लिए बहुत लाभदायक नही पर कम हानिकारक होगा । भंडारन की सुविधाओं के कारण एम.एम.सी अधिक उत्पादो को खरीद सकती है, इससे किसानों को अधिक लाभ होगा ।

- आप क्या सोचते हैं? क्या आपको लगता है कि सरकार इस विषय पर कुछ कदम उठायेगी।



SCERT TELANGANA

**केस अध्ययन 2 : हाल ही की रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत कुशल मानव स्त्रोत की अत्यंत कमी का सामना कर रहा है?**

स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत लगभग 64 लाख कुशल सेवा व्यवसायिकों की कमी का सामना कर रहा है। उत्तर प्रदेश अकेलमे 10 लाख स्वास्थ्य रक्षा व्यावसायिकों की कमी है। 2011 में भारत में डाक्टरों का घनत्व 10,000 की जनसंख्या के लिए 6 तथा नर्सों और दाईयों (प्रसाविका) का प्रति 10,000 व्यक्तियों के लिए 13 था। भारत में डॉक्टर और जनसंख्या का अनुपात 0.5 : 1000 है। इसकी तुलना में थाईलैण्ड में 0.3, श्रीलंका में 0.4, चीन में 1.6, U.K. में 5.4 और U.S. में 5.5 में।

लगभग 20 लाख दंत-सहायता संबंधी शिल्प विज्ञानी, 18 लाख पुनर्वास-संबंधित श्रमबल, 9 लाख विविध स्वास्थ्य कर्मचारियों और 9 लाख शल्य-चिकित्सा और असंवेदनता-संबंधी व्यावसायिकों की कमी है। 2.4 लाख चिकित्सा शिल्पविज्ञानियों, 2 लाख शल्यक और तकनीकी हस्तक्षेप संबंधी स्वास्थ्य व्यावसायिकों, 1.3 लाख नेत्र-संबंधी कर्मचारियों, 62,000 चिकित्सा प्रयोगशाला कर्मचारियों की भी कमी है।

विभिन्न स्वास्थ्य व्यावसायिकों की कमी के परिणाम स्वरूप सम्पूर्ण भारत में चिकित्सा और नर्सिंग कॉलेज, नर्सिंग और ANM (सहायक नर्स और दाई) स्कूल और संबद्ध स्वास्थ्य संस्थाओं में सभी प्रकार के स्वास्थ्य कर्मचारियों का अनियमित वितरण हुआ है। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में भी राज्यों में बड़ी विषमता पायी गयी है। व्यावसायिक कालेजों और स्कूलों के अनियमित वितरण के कारण उत्पादन क्षमता और शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता दोनों में असंतुलन उत्पन्न हुआ है। जिसके कारण अल्प स्वास्थ्य परिणाम दृष्टिगोचर हुए हैं। संबद्ध स्वास्थ्य वायवसायिकों या पराचिकित्साकर्मी जिस नाम से वे आज जाने जाते हैं, वे, कमसेवा प्राप्त क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा कर परिवर्तन के नेता बन सकते हैं।

- विदेशी कंपनियों द्वारा भारत में खुदरा दुकाने लगाने पर आपका क्या विचार है। वे भारत में रोजगार के अवसर पैद कर सकते हैं .
- किसी खुदरा दुकानदार से बात करें। विदेशी खुदरा दुकानों के बारे में इनकी राय ले और उसे कक्षा में चर्चा करें ।
- विदेशी कंपनियों को भारत में खुदरा दुकाने खोलने की अनुमति से होने वाले लाभ और हानी की दो खानों वाली एक तालिका बनाइए।

  भारत में और चिकित्सा संस्थाओं की स्थापना की आश्यकता क्यों हैं?

  आपके विचार में किसे नयी चिकित्सा संस्थापकों की स्थापना करनी चाहिए? सरकारी या निजी क्षेत्रों को ? क्यों?

इस पाठ में हमने सेवा कार्य तथा देश के आर्थिक विकास में उसके योगदान पर प्रकाश डाला है। भारत में लोगों से उद्योगों व सेवा कार्यों में स्थानांतरण की आवश्यकता है। इसका अर्थ है कि पर्याप्त मात्रा में नौकरियाँ उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। अनेक फैक्ट्रियों का निर्माण तथा सड़क अस्पताल, शिक्षण संस्थाएं जैसी मूलभूत सुविधाओं को भी स्थापित करना चाहिए। हमें अधिक अच्छी सडके यातायात के भिन्न साधनो, भंडारण सुविधाओं, ऋण सुविधाओं की आवश्यकता है। प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए कई औद्योगिक कार्यकलाप सेवा कार्यों पर आधारित हो रहे हैं। भारत में नई अर्थशास्त्रीय नीतियाँ भी सेवा कार्यों के विस्तार पर बल दे रही है।



SCERT TELANGANA

## मुख्य शब्द

1. कॉल सेंटर
2. सेवा गतिविधियाँ
3. बाहरी स्रोत
4. सूचना तकनीक
5. आर्थिक विकास
6. खुदरा व्यापार

## शिक्षा में सुधार

1. सेवा गतिविधियों का क्या अर्थ है? ($AS_1$)
2. पाँच सेवागतिविधियों के नाम लिखे और बताए कि वे क्यों कृषि या उद्योगों क्षेत्र में नही आते ? ($AS_1$)
3. सेवा गतिविधियाँ देश के सर्वांगीण विकास में कैसे मदद कर सकते हैं? ($AS_1$)
4. कृषि व उद्योग कार्य किस तरह से सेवाओं से संबंधित है? ($AS_1$)
5. क्या 'सेवा क्षेत्र का विकास चिरस्थायी है और भारत को एक अमीर देश बना सकता है।' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? स्पष्ट कीजिए। ($AS_2$)
6. सेवा क्षेत्र की गतिविधियाँ क्यों बहुत महत्वपूर्ण है? ($AS_1$)
7. सेवा कार्य कृषि और उद्योग के विकास के बिना एक सीमा से आगे नही बढ सकते। समझाइए । ($AS_1$)
8. भारत में शिक्षित बेरोजगारी सेवा क्षेत्र द्वारा किस तरह से कम की जा सकती है? ($AS_1$)
9. क्या आपके इलाके में बाहर से आये मजदूर रहते हैं? उनके दूवारा पता लगाइए कि उन्होंने अपना क्षेत्र क्यों छोड़ा? ($AS_4$)
10. इस अध्याय का नौवाँ अवतरण (पैरा) (उद्योग में व्यस्त जन) पढ़िए और निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए। कृषि और उद्‌योग के लिए किस प्रकार की सेवा गतिविधियों की आवश्यकता होती है? ($AS_2$)
11. पृष्ठ संख्या 104 पर दिये गये मानचित्र का अवलोकन कीजिए। भारत के प्राकृतिक मानचित्र में देश के सॉफ्टवेयर तकनीकी पार्कों को दशाईए। ($AS_5$)

## परियोजना

काम करने वाले किन्हीं सात व्यक्तियों से बात कीज़िए और वे किस क्षेत्र के अंतर्गत काम कर रहे हैं इसका पता लगाइे। उनके कार्य के बारे में एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए या एक पोस्टर तैयार कीजिए। उनके रहने के स्थान और उनके कार्य के बीच आप क्या संबंध देखते हैं?

| क्र.सं. | व्यक्ति का नाम | कार्य का प्रकार | वर्गीकरण का आधार कृषि/ उद्योग/ सेवाएँ |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |
| 5 | | | |
| 6 | | | |
| 7 | | | |

वर्गीकरण के कारण बताइए।



SCERT TELANGANA


INDIA
SOFTWARE TECHNOLOGY PARKS
68°E
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96°E
36°N
32°
28°
24°
20°
16°
12°
8°N
72°E
76°
84°
88°
92°E
PAKISTAN
CHINA
(TIBET)
NEPAL
BHUTAN
BANGLADESH
MYANMAR
Tropic of Cancer
ARABIAN SEA
BAY OF BENGAL
INDIAN
OCEAN
SRI LANKA
LAKSHADWEEP (INDIA)
ANDAMAN & NICOBAR ISLANDS (INDIA)
Srinagar
Mohali
Noida
Jaipur
Gandhinagar
Indore
Guwahati
Kolkata
Bhubaneshwar
Mumbai
Pune
Vishakhapatnam
Hyderabad
Amaravati
Bangalore
Chennai
Mysore
Thiruvananthapuram

अध्याय 9

# वित्तीय प्रणाली में ऋण

आपने कक्षा आठवीं में बैंकों के विभिन्न खातों के बारे में पढ़ा होगा। आप जानते ही होंगे कि लोग मित्रों, सगे-संबंधियों, गिरवी की दुकानों, बैंकों आदि से धन उधार लेते रहते हैं। कृषि मजदूर अपने मालिकों से उधार लेते हैं तथा बाजार की तुलना कम वेतन पर काम करते हैं। विभिन्न प्रकार की ऋण व्यवस्थाएँ देश की वित्तीय प्रणाली में महत्वपूर्ण घटक के रूप में पात्र निभाते हैं। इस अध्याय में हम वित्तीय प्रणाली की विभिन्न पहलुओं के बारे में जानेंगे।

## धन के रूप में बैंक में जमाराशि

धन के आधुनिक पत्रों में मुद्रा, कागजी नोट, सिक्के तथा बैंक जमा से युक्त होते हैं। यह आप आठवीं कक्षा में पढ़ चुके हैं।

बैंक जमाराशि स्वीकार करता है तथा उसके लिए ब्याज भी देती है। इस तरह लोगों का धन सुरक्षित रहता है व ब्याज भी मिलता है। लोग अपनी आवश्यकता के अनुसार धन निकाल सकते हैं। जैसे कि बैंक में जमा राशि माँग के अनुसार लिया जाता है इसीलिए इसे माँग जमाराशि कहते हैं।

माँग जमाराशि एक दिलचस्प सुविधा देती है। यह सुविधा जो कि आवश्यक धन देता है। आपने पढ़ा होगा कि किस तरह राशि का, बिना चेक या इलेक्ट्रानिक माध्यम से नकद भुगतान किया जाता है। यानि राशि को नगद रूप में ले सकते हैं और भुगतान चेक के द्वारा कर सकते हैं। यह जमा राशि को एक तरह से मुद्रा नोट के रूप में बनाता है। जैसे कि माँग जमाराशि ज्यादातर भुगतान के रूप में स्वीकार किये जाते हैं, जो कि आधुनिक अर्थव्यवस्था में मुद्रा का निर्माण करती हैं।

यहाँ पर आपको बैंक की पात्रता को महत्वपूर्ण रूप से याद रखना होगा। किंतु बैंकों के लिए जमा के विरुद्ध कोई माँग जमाराशि और ना ही चेक द्वारा भुगतान होता है। धन के आधुनिक रूपों - मुद्रा तथा जमा दोनों आधुनिक बैंकिंग व्यवस्था के काम करने में एक-दूसरे से जुड़े होते हैं।


- जमा माँग राशि को क्यों धन के रूप में देखा जाता है?
- बैंक में जमा राशि भी सरकार द्वारा आश्वस्त क्यों की जानी चाहिए? जानकारी प्राप्त करें।
- क्या आप सोचते हैं कि बैंक में जमा नियत अवधि जमाराशि क्या सरल रूप में धन के रूप में काम करता है? चर्चा कीजिए।

यह पूरी व्यवस्था सरकार के भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पर्यवेक्षित होती है, अतः नगदी के रूप में या चेक के द्वारा राशि निकालने हेतु बैंकों द्वारा किया गया वादा पूरा करने में भारतीय रिजर्व बैंक निगरानी करता है। सरकार को यह ध्यान रखना चाहिए कि लोग बैंकों में माँग जमाराशि के रूप में रखे रुपयों पर या

SCERT TELANGANA

निश्चित जमाराशि पर विश्वास करते हैं, जो कि उनके उपयोग के लिए उपलब्ध तथा सभी द्वारा स्वीकार्य होता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस व्यवस्था के लिए दिशा-निर्देश जारी किये हैं और इसे आचरण लाने हेतु ध्यान भी देती है, जिससे कि लोगों का विश्वास बना रहे। उसी तरह सरकार को चाहिए कि नोट और सिक्कों की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में हो जिससे कि लोगों को मुद्रा विनियोग में किसी तरह की समस्या न आये।

## बैंक की ऋण क्रियाएँ




*चित्र 9.1 : सार्वजनिक बैंक - धन का वृताकार प्रवाह*

लोगों द्वारा स्वीकार्य जमाराशि का बैंक क्या करती होगी? इसकी एक दिलचस्प कार्य व्यवस्था होती है। बैंक उनकी जमाराशि का एक छोटा सा भाग अपने पास रखता है। उदाहरण के लिए, भारत के बैंकों में लगभग पंद्रह प्रतिशत जमा राशि के रूप में होता है। यह राशि उन लोगों के लिए होती है जो बैंक से रुपये लेने आते हैं अथवा उस दिन देय होता है। अतः उस दिन केवल उसके कुछ ही जमाकर्ता आते हैं जिन्हें धन की आवश्यकता पड़ती है, बैंक ऐसे लोगों के लिए राशि का प्रबंधन करता है। इस तरह दुनिया भर में बैंकिंग की प्रक्रिया प्रारंभ हुई, जो अपने माँग के अनुसार नगदी देते हैं, इसके लिए रुपये के रूप में थोड़ा भाग अपने पास रखता है।

बैंक जमाराशि का बड़ा भाग ऋण देने के लिए उपयोग में लाता है। कई आर्थिक गतिविधियों के लिए ऋण की बड़ी माँग होती है। इसके बारे हम आगे के खंडों में पढ़ेंगे। बैंक जमाराशि का लोगों की ऋण आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए करता है। इस तरह बैंक अधिक राशि (जमाकर्ता) और आवश्यकता राशि (ऋणकर्ता) वाले लोगों के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है। बैंक ऋण के लिए अधिक ब्याज दर वसूलता है जबकि जमाराशि पर कम ब्याज देता है। ऋणकर्ता और जमाकर्ता से लिये और दिये जाने वाले ब्याज के बीच जो अंतर होता है वही बैंक की आय का प्राथमिक या प्रधान स्रोत होता है।

- यदि सभी जमाकर्ता एक ही समय अपने धन की माँग करते हैं, तो क्या होगा?
- किसी व्यक्ति से बात कीजिए जिसने बैंक से ऋण लिया है। ऋण लेने का क्या उद्देश्य था और किस तरह वह बैंक को पहुँचे।
- किसी एक बैंक प्रबंधक का साक्षात्कार लीजिए। पता लगाइए कि उन्होंने कौनसे विभिन्न प्रकार के ऋण दिये हैं? ऐसी कौन-सी गतिविधियाँ है जिसके लिए वे ऋण नहीं देते हैं?
- बैंक के अतिरिक्त लोग गृह समाज कंपनियों, डाकघर योजनाएँ आदि में भी धन जमा करते हैं। इस तरह जमा किया गया धन बैंक से कैसे भिन्न होता है? कक्षा में चर्चा कीजिए।

## लोगों को ऋण की आवश्यकता क्यों पड़ती है?

पहले की तुलना में लोगों की ऋण आवश्यकताएँ बढ़ गयी हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए पहले ज्यादातर सामग्री स्वयं कृषकों द्वारा ही आपूर्ति की जाती थी। वे खेत को जोतने के लिए अपने ही बैलों का उपयोग करते थे। परिवार के सदस्य खेत में बीज रोपने तथा खाद डालने का काम करते थे। किंतु कृषि की नई पद्धति में धन की आवश्यकता पड़ती है। बीज, खाद, कीटनाशक दवाइयाँ खरीदने तथा हल जोतने, रोपने, फसल काटने के लिए भाड़े पर मजदूरों की आवश्यकता पड़ती है।

बाजार में ग्राहक सामग्रियों तथा वित्त प्रबंधन के बढ़ जाने के कारण विभिन्न तरह के ऋण प्रबंधन भी बढ़ गये हैं। हम कई तरह की सामग्री जैसे - आवश्यक खाद्य अनाज से लेकर बर्तन, गृह उपकरण तथा फर्नीचर आदि अब तो ऋण पर प्राप्त कर सकते हैं। इन सामग्रियों के निर्माता तथा बेचनेवाले नियमित मासिक आय तथा बैंक में खाताधारक जो मासिक किश्तों में सामग्री खरीद सकते हैं, को अपनी सामग्री को खरीदने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप रु. 20,000 का टी.वी. खरीदते हैं तो प्रारंभ में रु. 5,000 देकर शेष राशि एक या दो वर्ष प्रति माह की किश्त पर अदा कर सकते हैं। लोग तो अपनी आवश्यकताओं जैसे पाठशाला, कॉलेज व स्वास्थ्य सेवाओं के भुगतान के लिए भी ऋण लेते हैं। अधिकतर लोगों को स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए ही ऋण लेना पड़ता है।

जैसे कि व्यापार और वाणिज्य बढ़ते जा रहे हैं वैसे ही ऋण की आवश्यकता भी बढ़ती जा रही है। विभिन्न स्रोतों से ऋण आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए समुचित भाग वित्त रूप में प्रबंधन हेतु उपलब्ध होता है। इसका विचार यह है कि जो ऋण के रूप में भुगतान करते हैं, उस पर ब्याज कमाया जा सके। यह कैसे काम करता है? चलिए हम नीचे दिये कुछ उदाहरणों से इसकी जाँच करते हैं।

## दो भिन्न ऋण दृष्टव्य

दो महीने बाद त्यौहार का समय था। जूता निर्माता अलि को शहर के बड़े व्यापारी से एक ऐसा ऑर्डर आया जहाँ पर उसे एक महीने के भीतर 3,000 जोड़ी जूते बनाकर देने थे। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए अलि ने जूते सीने और चिपकाने के लिए कुछ और मजदूरों को भाड़े पर काम करने के लिए बुलाया। उसे कच्चा माल खरीदने की आवश्यकता पड़ी। इसके लिए उसने दो स्रोतों से ऋण लिया। पहले तो उसने चमड़ा आपूर्तिकर्ता से चमड़ा आपूर्ति करने बाद में राशि अदा करने के बारे में कहा। दूसरा, उस व्यापारी से जिसने जूते बनाने का ऑर्डर दिया था, के पास से 1000 जूतों की राशि अग्रिम राशि के रूप में प्राप्त की, जिसके लिए उसने महीने के अंत तक जूते का ऑर्डर पूरा करने का वचन दिया।

महीने के अंत में, अलि ने अपने वचन के अनुसार ऑर्डर पूरा किया, खूब लाभ कमाया, तथा जिनके पास से उधार लिया था उन्हें लौटा दिया।

रोजमर्रा की गतिविधियों में रुपयों का लेन-देन चलता रहता है। ऋण एक तरह का समझौता है, जो देने और लेने वाले के बीच होता है। देने वाला धन, सामग्री, सेवाओं के रूप में लेने वाले को देता है तथा उससे भविष्य में लौटाने का वचन लेता है। अलि ने भविष्य में भुगतान करने संबंधी वचन को निभाने हेतु उत्पादन के लिए राशि उधार लिया। ऐसा ऋण उसके लिए उत्पादन हेतु लगने वाले खर्चों, उत्पादन की समाप्ति आदि में काम आया, जिसके बदले में उसे खूब लाभ प्राप्त हुआ। अतः ऐसी परिस्थिति में ऋण महत्वपूर्ण और सकारात्मक पात्र निभाता है।

स्वप्ना, जो एक साधारण किसान है, वह अपनी 3 एकड़ की भूमि में मूँगफली की फसल उगाती है। वह ऋणदाता के पास से फसल की उगाई के लिए ऋण लेती है। वह आशा करती है कि फसल से वह अपना ऋण चुका सकेगी। इस बीच कीटों के आक्रमण से फसल खराब हो जाती है। फिर भी स्वप्ना ने अपनी फसल को बचाने के लिए महंगे कीटनाशक दवाइयों का प्रयोग किया, इसका कोई लाभ नहीं हुआ। वह ऋणदाता को ऋण चुकाने में विफल हुई, जिससे उसका ऋण बढ़ गया। साल-दर-साल वह ऋण बढ़ता ही गया। अगले वर्ष उसने नयी फसल के लिए नये सिरे से ऋण लिया। फसल औसत होने के कारण वह अधिक कमाई नहीं कर पायी, जिससे पुराना ऋण चुकाने में अधिक सहायता नहीं मिली। वह ऋण के चंगुल में बुरी तरह फँस चुकी थी। उसे उस ऋण को चुकाने के लिए अपनी भूमि का थोड़ा भाग बेचना पड़ा।

ग्रामीण क्षेत्रों में, मुख्य रूप से फसल उत्पादन के लिए ऋण की माँग अधिक होती है। फसल उत्पादन में कई खर्चे शामिल होते हैं, जैसे- बीज की खरीदी, खाद, कीटनाशक दवाईयाँ, पानी, बिजली, उपकरणों की मरम्मत आदि। इन सबके लिए उनके पास केवल तीन से चार महीने का समय होता है जहाँ वे इन सामग्रियों को खरीदते हैं और फसल बेचते हैं। किसान सामान्यतः फसल की बुआई से पहले ऋण लेते हैं और कटाई के बाद उसे चुकाते हैं। ऋण का भुगतान मुख्य रूप से खेती की आय पर ही निर्भर करता है।

स्वप्ना के दृष्टव्य में, फसल खराब होने के कारण उसके लिए ऋण चुकाना

- नीचे दी गयी तालिका की पूर्ति कीजिए:

| | अलिशा | स्वप्ना |
|---|---|---|
| उन्हें ऋण की आवश्यकता क्यों पड़ी? | | |
| इसमें खतरा क्या था? | | |
| परिणाम क्या निकला? | | |

- कल्पना कीजिए यदि अलिशा को इसी तरह व्यापारियों से ऑर्डर मिलते रहेंगे, तो अगले छह वर्षों के बाद उसकी स्थिति क्या होगी?
- ऐसी कौनसी परिस्थितियाँ थीं जो स्वप्ना की स्थिति को जोखिम में ढकेल दिया? निम्न लिखित अंशों पर चर्चा कीजिए: कीटनाशक दवाइयाँ, ऋणदाताओं की भूमिका तथा वातावरण।

SCERT TELANGANA

असंभव हो गया। इसे चुकाने के लिए उसे अपनी भूमि का थोड़ा भाग बेचना पड़ा। यहाँ पर ऋण, स्वप्ना की आय को बढ़ाने की जगह पर उसकी स्थिति और दूभर कर दिया। इसे ऋण-जाल का उदाहरम कह सकते हैं। यहाँ ऋण ने कर्ज लेने वाले को ऐसी स्थिति में ढकेल दिया जहाँ उसके लिए भरपाई करना बड़ा समस्याप्रद लगने लगा।

एक स्थिति में ऋण लोगों को उनकी आय बढ़ाने में सहायता करता है, तो उसकी पूर्व स्थिति की तुलना में उसे बेहतर बनाता है। एक अन्य परिस्थिति में, केवल फसल नष्ट होने के कारण, ऋण ने उसे ऋण-जाल में फंसा दिया। इस ऋण को चुकाने के लिए उसे भूमि का थोड़ा भाग बेचना पड़ा। वह तो अपनी पूर्व स्थिति से भी और बदतर हो गयी। चाहे ऋण उपयोगी हो न हो, यह तो स्थिति के खतरे पर निर्भर करता है। अतः ऋण नष्ट की स्थिति में सहायता की आवश्यकता होती है।


- लोगों को उपभोग तथा सामाजिक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भी ऋण की आवश्यकता पड़ती है। शादियों में दोनों- वर-वधू के परिवार वालों को बड़ा खर्चा उठाना पड़ता है। क्या आप बता सकते हैं कि आप के प्रांत में और किन कारणों से ऋण लेते हैं? अपने माता-पिता तथा अध्यापकों से पता लगाकर कक्षा में चर्चा कीजिए।

## ऋण की शर्तें

प्रत्येक ऋण समझौता एक विशिष्ट ब्याज दर से निर्धारित होता है, जिसमें उधार लेने वाले को उधार देने वाले को ब्याज के साथ मूल राशि लौटानी पड़ती है। इसके अतिरिक्त, उधार देने वाला उधार के बदले में संपार्श्विक (सुरक्षा) की माँग कर सकता है। यदि ऋणकर्ता ब्याज लौटाने में विफल होता है, तो उसे उसकी संपार्श्विक संपत्ति को बेचकर अपने उधार की भरपाई करने का पूरा अधिकार होता है। संपत्ति जैसे जमीन के कागजात, बैंक में बचत, पशुधन उधार लेने हेतु कुछ संपार्श्विक सामग्री है।

**संपार्श्विक**

संपार्श्विक एक ऐसी संपत्ति होती है, जो ऋणकर्ता की स्वयं की होती है (जैसे भूमि, भवन, वाहन, पशुधन, बैंक में बचत) जिसका वह उपयोग ऋणदाता के पास ऋण भुगतान के आश्वासन के रूप में रखता है, जब तक कि ऋण अदा न हो जाए।



*चित्र 9.2 संपार्श्विक के रूप में अचल और चल संपत्ति*

SCERT TELANGANA

शिवकामी, एक अध्यापिका है, जिन्होंने घर खरीदने के लिए बैंक से 5 लाख रुपये ऋण लिए हैं। ऋण पर वार्षिक ब्याज 12 प्रतिशत है, जो कि दस वर्षों में मासिक भुगतान में चुकाना है। उन्होंने ऋण लेने से पूर्व बैंक में अपने रोजगार वेतन संबंधी जानकारी जमा करनी पड़ी। बैंक ने नये घर से संबंधी संपार्श्विक संपत्ति को अपने पास रख लिया, जो कि कुल ऋण की ब्याज की अदायगी पर लौटायी जाएगी।

- क्यों ऋणदाता ऋण देते समय संपार्श्विक संपत्ति की माँग करते हैं?
- किस तरह संपार्श्विक संपत्ति निर्धन लोगों को ऋण लेने में प्रभावित करता है?
- कोष्टक में दिये गये सही विकल्प की सहायता से नीचे दिये गये रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:

  ऋण लेते समय ऋणकर्ता सरल ऋण की शर्तें चाहता है। इसका अर्थ यह है.............(कम/अधिक)ब्याज दर, ............(सरल / जटिल) पुनः भुगतान की परिस्थितियाँ ..........(कम / अधिक) संपार्श्विक तथा प्रलेखन आवश्यकता।

ब्याज दर, संपार्श्विक संपत्ति तथा प्रलेखन पूर्ति, पुनर्भुगतान का विधान आदि को मिलाकर ऋण की शर्तें कहते हैं। ऋण की शर्तें ऋणदाता और ऋणकर्ता के स्वभाव पर निर्भर करता है।अगले खंड में ऐसे उदाहरण बताये जायेंगे जहाँ ऋण की शर्तें भिन्न-भिन्न ऋण प्रबंधन पर निर्भर करती हैं।

## ऋण प्रबंधन के प्रकार: एक गाँव का उदाहरण

वासु एक साधारण-सा किसान है, जिसे अपनी 1.5 एकड़ भूमि की बुआई के लिए ऋण की आवश्यकता है। पिछले कुछ वर्षों से वह व्यावसायिक व्यापारी से प्रति माह 3 प्रतिशत की दर से यानि एक वर्ष में 36 प्रतिशत के दर से ऋण लेता था। खेती के समय व्यापारी ऋण देता था, जो कि फसल की कटाई के बाद वसूल कर लेता था।

ऋण पर ब्याज के अलावा, व्यापारी किसान से फसल को उसी को बेचने का वचन भी ले लेता था। इस तरह व्यापारी अपनी राशि का भुगतान करने का प्रबंध कर लेता था। इतना ही नहीं कटाई के बाद फसल की कीमत कम होने के कारण वह किसान के पास से कम दाम पर फसल खरीदकर बाद में जब फसल की कीमत बढ़ जाती तो उसे अधिक कीमत पर बेच देता है।

अरुण एक किसान है और उसके पास सात एकड़ भूमि है। वह उन लोगों में से एक है, जिसे खेती के लिए बैंक से ऋण प्राप्त होता है। ऋण पर ब्याज की दर है दस प्रतिशत प्रतिवर्ष और वह तीन वर्षों के भीतर कभी भी अदा कर सकता है। अरुण ने यह योजना बनायी कि फसल की समाप्ति के बाद उसे बेचकर ऋण का भुगतान करे। वह शेष आलू की फसल को नजदीकी गोदाम या शहर में रखने तथा ऐसा करने से प्राप्त शीतकक्ष गोदाम रसीद से पुनः ऋण प्राप्त करने की योजना बनाता है। बैंक उसे यह सुविधा इसलिए देती है क्योंकि वह उस बैंक से ऋण ले चुका है।

SCERT TELANGANA

- उक्त उदाहरणों के लिए ऋण के विभिन्न स्रोतों की सूची बनाइए।
- उक्त अनुच्छेद में ऋण के भिन्न-भिन्न उपयोगों को रेखांकित कीजिए।
- क्या हर कोई सस्ते दामों पर ऋण प्राप्त कर सकता है? ऐसे कौन से लोग हो सकते हैं?
- सही विकल्प पर चिहृन लगाइए:

(अ) सालों बाद, रमा का ऋण
- बढ़ेगा
- उतना ही रहेगा
- कम होगा

(ब) अरुण उन कुछ लोगों में से एक है जिसने बैंक से ऋण लिया है। इसका एक कारण यह है
- वह शिक्षित व्यक्ति है।
- बैंक संपार्श्विक संपत्ति की मांग करता है, जो हर कोई उपलब्ध नहीं करा सकता।
- बैंक द्वारा लिया जाने वाले ब्याज दर के समान ही व्यापारी भी ब्याज दर लेते हैं।
- बैंक ऋण प्राप्त करने के लिए किसी प्रलेखन कार्य की आवश्यकता नहीं होती है।

- आपके प्रांत के कुछ लोगों से बात करके पता लगाइए कि वे ऋण प्रबंधन किस तरह करते हैं। अपनी बातचीत दर्ज कीजिए। क्या उनके ऋण लेने की शर्तों में कोई अंतर है?

रमा एक कृषि मजदूर है, जो पास के एक खेत में काम करता है। सालभर में ऐसे कई महीने आते हैं जहाँ उसके पास कोई काम नहीं होता, और दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ऋण की आवश्यकता पड़ती है। आकस्मिक बीमारी या पारिवारिक अवसरों की पूर्ति के लिए भी ऋण मिलता है। रमा को अपने मालिक, जमींदार पर ऋण के लिए निर्भर रहना पड़ता था। जमींदार प्रतिमाह पाँच प्रतिशत ब्याज लेता था। रमा इस ब्याज को उसके पास काम करके चुकाती थी। रमा को अधिकांश अवसरों पर पुराना ऋण चुकाने से पूर्व नया ऋण लेना पड़ता था। वर्तमान में वह जमींदार के पास रु. 5,000 उधार है। जमींदार उसके साथ अच्छा व्यवहार नहीं करता, फिर भी वह उसके पास ही काम करती है। रमा हमें बताती है कि उसके पास ऋण देनेवाले दो ही स्रोत हैं- जमींदार-मालिक।


- नीचे दी गयी तालिका में शिवकामी, अरुण, रमा और वसा से संबंधित जानकारी की पूर्ति कीजिए।

| **विवरण** | **शिवकामी** | **अरुण** | **रमा** | **वासु** |
|---|---|---|---|---|
| ऋण राशि (रुपयों में) | | | | |
| ऋण की अवधि | | | | |
| आवश्यक प्रलेख | | | | |
| ब्याज दर | | | | |
| पुनः भुगतान का तरीका | | | | |
| संपार्श्विक संपत्ति | | | | |

SCERT TELANGANA

## भारत में ऋण के औपचारिक और अनौपचारिक स्रोत

उक्त उदाहरणों से हमें पता चलता है कि लोग विभिन्न स्रोतों से ऋण प्राप्त करते हैं। विभिन्न प्रकार के ऋणों को सरलता से औपचारिक और अनौपचारिक ऋणों में बाँट सकते हैं। औपचारिक ऋणों में बैंक तथा सहकारी समितियाँ आते हैं। अनौपचारिक ऋणों में ऋणदाता, व्यापारी, मालिक, सगे-संबंधी तथा मित्र आदि आते हैं। पाई चार्ट में आप विभिन्न प्रकार के ऋण स्रोतों को देख सकते हैं, जहाँ से भारत के ग्रामीण लोग ऋण लेते हैं। ग्रामीण लोगों को हर सौ रुपये की आवश्यकता में से पच्चीस रुपये बैंकों से प्राप्त होते हैं। बैंकों के अलावा, ग्रामीणों के लिए ऋण का प्रधान स्रोत सहकारी समितियाँ हैं। सहकारी समितियाँ कई प्रकार की होती हैं, जैसे- कृषक समितियाँ, जुलाहा समितियाँ आदि। आपने यह भी ध्यान दिया होगा कि इन क्षेत्रों में अनौपचारिक ऋण भी एक प्रमुख प्रदाता हैं।




*चित्र 9.3 : वर्ष 2003 में भारत में ग्रामीण लोगों का ऋण स्रोत स्रोत*

SCERT TELANGANA

चित्र 9.3 में दिया गया आंकड़ा देखिए। नीचे दी गयी तालिका की पूर्ति कीजिए। सन् 1961 से क्या हो रहा है, के बारे में चर्चा कीजिए।

| ऋण संगठन | ऋण का स्रोत (% में) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **1961** | **1971** | **1981** | **2003** |
| सहकारी तथा वाणिज्य बैंक | 10.3 | 24.4 | 58.6 | ? |
| सरकारी तथा अन्य औपचारिक स्रोत | 5.5 | 7.3 | 4.6 | ? |
| औपचारिक संगठनों का कुल | ? | ? | ? | ? |
| ऋणदाता या साहूकार | 62.0 | 36.1 | 16.1 | ? |
| व्यापारी | 7.2 | 8.4 | 3.1 | ? |
| जमींदार | 7.6 | 8.6 | 4.0 | ? |
| संबंधी और मित्र | 6.4 | 13.1 | 11.2 | ? |
| अन्य स्रोत | 0.8 | 2.1 | 2.4 | ? |
| अनौपचारिक संगठनों का कुल | ? | ? | ? | ? |
| कुल प्रतिशत | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 |

**नयी पहल**

अब भारतीय रिजर्व बैंक ने ग्रामीण लोगों की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए नयी पहल शुरु की है। सभी बैंकों को चाहिए कि वे ग्रामीण खाते तथा व्यापारिक संवाददाताओं को सुविधा उपलब्ध करायें। इन संवाददाताओं को चाहिए कि वे ग्रामीण लोगों को बैंक में खाते खोलने के लिए प्रोत्साहित करें, जिससे कि वे बैंकों में अपनी शेष राशि जमा कर सकें और आगे जाकर ऋण की सुविधा प्राप्त कर सकें। इन सुविधाकर्ताओं को चाहिए कि वे ग्रामीणों को स्थानीय बैंक की शाखा से जोड़ सकें। इलेक्ट्रॉनिक पहचान सुविधा के माध्यम से बैंक के खाते खोलने चाहिए।

**आधार एनेबेल्ड़ पेयमेन्ट पद्धति (AEPS)**

- राष्ट्रीय भुगतान भारतीय समिति ने बैंक को एक नई भुगतान सेवा उपलब्ध कराई (NPCI) वित्तीय संस्थाएँ ऑन लाईन UIDAI आधार नंबर के द्वारा प्रामाणिक स्तर पर व्यावसायिक संवाददाता केन्द्र से संपर्क कर सकता है।
- ग्राहक को उस बैंक से आधार नम्बर जोड़ना पड़ता है जो AEPS सेवा प्रदान करती है।
- ग्राहक एक ही समय में BCs पर सुक्ष्म ATMs से चार सेवाएँ प्राप्त कर सकते है:-
  a. नकद निकासी
  b. नकद जमा
  c. संतुलित जानकारी
  d. राशि अन्य स्थान पर पहुँचाना

भारतीय रिजर्व बैंक यह देखती है कि बैंक न केवल लाभ बनाने वाले व्यापारों तथा उद्‌योगों को ऋण दें, बल्कि सामान्य किसान, लघु उद्‌योग, छोटे ऋणकर्ता आदि को भी दें। पिछले कुछ समय से, भारतीय रिजर्व बैंक के अतिरिक्त राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ग्रामीण भारत में ऋण देता है।

पिछले कुछ वर्षों से व्यावसायिक ऋण अधिक दिये जा रहे हैं, बावजूद इसके किसानों एक खंड ऐसा भी है जिनकी पहुँच में बैंक ऋण नहीं है। यदि आप कृषि संबंधी अध्याय का ध्यान करें तो पता चलेगा कि भारत में 2011 तक 14 करोड़ किसान थे। इसमें से केवल 5.3 करोड़ किसानों के ही व्यावसायिक ऋण खाते हैं। इसका मतलब है कि दो-तिहाई किसानों तक बैंक ऋणों की सुविधा उपलब्ध नहीं है। लगभग 9 करोड़ किसानों को अनौपचारिक ऋणों पर निर्भर रहना पड़ता है, जैसे कि ऋणदाता और व्यापारी। वे उच्च ब्याज दर वसूल करते हैं, जैसा कि आपने इससे पूर्व के उदाहरणों में देखा है।

## औपचारिक और अनौपचारिक ऋण : किसे क्या प्राप्त होता है?

अनौपचारिक क्षेत्र में ऋणदाताओं द्‌वारा दिये जाने वाले ऋण संबंधी गतिविधियों का निरीक्षण करने और चलाने वाले कोई संगठन नहीं हैं। ऋणदाता किसी भी ब्याज दर से ऋण दे सकते हैं।

भारत में औपचारिक और अनौपचारिक ऋण प्रदाताओं में बहुत अंतर हैं। जहाँ औपचारिक ऋणदाता सरकार, विशेषकर भारतीय रिजर्व बैंक द्‌वारा बनाये गये नियमों का पालन करते हैं, और अपने ग्राहकों को भी उन नियमों का पालन करने के लिए कहते हैं। अनौपचारिक ऋणदाता वैसे किसी नियम का पालन नहीं करते, और वे अपने नियमों को ही लागू करते हैं। औपचारिक ऋणदाताओं को सरकार की कुछ अपेक्षाओं का पालन करना पड़ता है, जबकि अनौपचारिक ऋणदाताओं को इन नियमों का पालन नहीं करना पड़ता। जब ऋणकर्ता शर्तों के अनुसार ऋण चुकाने में विफल हो जाता है, तो औपचारिक बैंकों के पास



SCERT TELANGANA

अनौपचारिक ढंग से ऋण वसूल करने का अधिकार नहीं होता। जबकि अनौपचारिक ऋणदाता अपने ऋण की वसूली के लिए अवैध और गैर-कानूनी तरीकों का उपयोग कर अपने ऋण की वसूली करते हैं, जिससे कभी-कभी ऐसी घटनाएँ ऋणकर्ता को आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर देती है

औपचारिक ऋणदाताओं की तुलना में अधिकतर अनौपचारिक ऋणदाता उच्च ब्याज दर पर ऋण वसूलते हैं। इसका अर्थ है अनौपचारिक ऋण का ऋणकर्ता अधिक ब्याज देता है। हालांकि कई राज्यों में लोगों को अनौपचारिक ऋणों से बचाने के लिए कई सरकारों ने कानून बनाये हैं, जैसे कि ऋणदाताओं का अधिक ब्याज दर से बचाना आदि। किंतु इसे प्रभावी रूप से लागू करना आवश्यक है।

ऋण पर अधिक दर का मतलब है कि आय का बड़ा स्रोत उसके भुगतान में लगाना है। अतः ऋणकर्ता के पास उसके उपयोग के लिए आय का थोड़ा-सा हिस्सा शेष बचता था। कुछ संदर्भों में, ऋण का ब्याज ऋणकर्ता की आय से भी अधिक होता था, इसका अर्थ है कि ऋणकर्ता को अपनी आय से भी अधिक ब्याज उसे चुकाना होगा। यह उसके ऋण को और अधिक बढ़ा देता था। इतना ही नहीं जो लोग नया व्यापार आरंभ करने की इच्छा रखते हैं, अधिक ब्याज दर के कारण ऐसा करने से चूक जाते हैं।

इन कारणों से, बैंक तथा समितियों को चाहिए कि वे अधिक ऋण दें। इसका परिणाम यह होगा कि आय में वृद्धि होगी और लोग भी कई प्रकार की आवश्यकताओं के लिए भी सस्ते दामों पर ऋण प्राप्त कर सकते हैं। वे फसल उगा सकते हैं, व्यापार कर सकते हैं, लघु उद्योग आदि स्थापित कर सकते हैं। वे नये उद्योग या व्यापारिक गतिविधियों में व्यस्त हो सकते हैं। देश के विकास के लिए सभी को सस्ते दामों पर ऋण प्राप्त होना जरूरी है।

धनी लोग औपचारिक ऋणदाताओं से सस्ते ऋणों का लाभ उठा रहे हैं, जबकि निर्धन लोग ऋणों के लिए अनौपचारिक स्रोतों को अधिक ब्याज अदा कर रहे हैं।

- नीचे दी गयी तालिका यह दर्शाती है कि किस तरह शहरी परिवार 2003 (प्रतिशत में)में दो स्रोतों से ऋण लेते हैं। तालिका ध्यान से पढ़कर अनुच्छेद के रिक्त स्थान भरिए।

| **घरेलु ऋणकर्ता का विवरण** | **ऋण** | **ऋण** | **ऋण** |
|---|---|---|---|
| गरीब परिवार | 15 | 85 | 100 |
| कुछ संपत्तियों वाले परिवार | 47 | 53 | 100 |
| संपन्न परिवार | 72 | 28 | 100 |
| धनी परिवार | 90 | 10 | 100 |

उक्त तालिका शहरी क्षेत्रो के लोगों द्वारा औपचारिक और अनौपचारिक स्रोतों से लिए जा रहे ऋणों को दर्शा रहा है। इसमें निर्धन और धनी दोनों वर्ग के लोग सम्मिलित हैं। आप देख सकते हैं कि ........प्रतिशत ऋण की आवश्यकता गरीब परिवार को औपचारिक स्रोतों से पूरी होती है। औपचारिक स्रोतों का ऋण खाता केवल ......प्रतिशत है। धनी परिवारों के साथ तुलना कीजिए। आपने क्या पाया? केवल.......प्रतिशत ऋण ही अनौपचारिक स्रोतों से हैं, जबकि..........प्रतिशत ही औपचारिक स्रोतों से है। आप इसी तरह का नमूना ग्रामीण क्षेत्रों में पायेंगे।

यह सब हमें क्या सुझाते हैं? पहला, औपचारिक क्षेत्र केवल ग्रामीण क्षेत्र के आधे हिस्से तक ही पहुँचा है। शेष ऋण अनौपचारिक स्रोतों पर निर्भर है। अधिकतर अनौपचारिक ऋण अधिक ब्याज पर दिये जाते



SCERT TELANGANA

- औपचारिक और अनौपचारिक स्रोतों के ऋणों के मध्य क्या अंतर हैं?
- सभी के लिए समुचित दर ऋण उपलब्ध होना क्यों जरूरी है?
- जिस तरह भारतीय रिजर्व बैंक ऋण गतिविधियों पर निगरानी करता है, क्या उसी तरह अनौपचारिक ऋणदाताओं पर निगरानी की आवश्यकता है? क्यों यह कार्य कठिन होगा?
- क्या आपको लगता है कि औपचारिक क्षेत्र का कम हिस्सा गरीब लोगों को मिलने के कारण ही आंध्र प्रदेश के किसानों में कुंठा का कारण है? चर्चा कीजिए।

हैं, ऋणकर्ता के आय को थोड़ी मात्रा में ही बढ़ा पाते हैं। अतः यह जरूरी है कि बैंक तथा सहकारी समितियाँ अपना विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों तक करें, जिससे अनौपचारिक स्रोतों पर निर्भरता कम हो सके।

दूसरा, जब तक औपचारिक ऋणों का क्षेत्र बढ़ेगा तब यह भी आवश्यक है कि सभी को यह ऋण प्राप्त हो। अब तक तो यही देखा गया है कि औपचारिक ऋण केवल धनी लोगों तक ही सीमित है, जबकि निर्धन लोगों को अनौपचारिक स्रोतों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। अतः यह जरूरी है कि औपचारिक ऋण का वितरण समान रूप से होना चाहिए, जिससे कि निर्धन को कम ब्याज दर ऋण का लाभ प्राप्त हो सके।

## निर्धनों के लिए स्वयं सहायता समूह

इससे पूर्व के खंड में आपने देखा कि किस तरह निर्धन लोग ऋणों के लिए अनौपचारिक स्रोतों पर निर्भर रहते हैं। बैंकों से ऋण लेना बड़ा कठिन है, जबकि अनौपचारिक स्रोतों से ऋण लेना बहुत सरल है।

बैंक से ऋण लेने के लिए सही कागजात और संपार्श्विक होने चाहिए। संपार्श्विक की कमी एक ऐसा बड़ा कारण है जिसके कारण निर्धनों को बैंकों से ऋण नहीं मिल पाता। बैंकों को संपार्श्विक के अंतर्गत कुछ संपत्ति को अपने पास रखना होता है। अनौपचारिक ऋणदाता जैसे कि धन देने वाला ऋणदाता, ऋणकर्ता को व्यक्तिगत रूप से जानता है, इसलिए वह उसे बिना किसी संपार्श्विक के आसानी से ऋण दे देता है। ऋणकर्ता को आवश्यकता पड़ती है तो वे पूर्व ऋण चुकाये बिना भी नया ऋण ले सकते हैं। हालांकि ऋणदाता इसके लिए भारी ब्याज वसूल करता है और उत्पादन को कम कीमत पर खरीदता है या श्रम करने के लिए विवश करता है।

वर्तमान समय में सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओ (NGOs) ने गरीबों की स्थिति में सुधार लाने के लिए नई योजनाएँ लागु की। इसके अंतर्गत ग्रामीण लोगों को, विशेषकर महिलाओं को, छोटे स्वयं सहायता समूह (Self Help Groups (SHGs)) में संगठित कर उनकी बचत को जमा करने का विचार किया गया। साधारणतया एक एसएचजी में 15-20 सदस्य होते हैं, जो कि पास-पड़ोस के होते हैं। वे रु. 25 से रु. 100 या उससे अधिक यानि अपनी क्षमता योग्य बचत करते हैं। सदस्य अपनी आवश्यकता अनुसार ऋण लेते हैं। समूह इसके लिए ब्याज राशि वसूल करता है, किंतु यह ब्याज ऋण दाता या साहूकारों की तुलना में कम होता है।

यदि समूह बचत करने में नियमित हो जाता है, तो एक या दो वर्षों के बाद समूह के सदस्य बैंक से ऋण प्राप्त करने हेतु योग्य हो जाते हैं। इस तरह से समूह को बैंक से जोड़ने के कारण सभी सदस्यों को ऋण लेने की सुविधा प्राप्त होती है। बैंक द्वारा मंजूर किया जाने वाला ऋण समूह के नाम पर होता है, और इस ऋण को समूह द्वारा पुनः लौटाना पड़ता है। सदस्यों में विश्वास और दबाव इस कार्य को संभव कर दिखाता



SCERT TELANGANA

है। बचत तथा ऋण गतिविधियों से संबंधित निर्णय समूह के सदस्य लेते हैं। समूह ही ऋण की शर्तें निर्धारित करता है। इतना ही समूह के सभी सदस्य संयुक्त रूप से ऋण भुगतान के लिए जिम्मेदार होते हैं। यदि समूह का कोई सदस्य ऋण का भुगतान नहीं करता तो उसके विरुद्ध समूह के शेष सदस्य कड़े कदम उठाते हैं। इसी कारण बैंक इन निर्धन महिलाओं के एसएचजी को ऋण देते हैं, जबकि वे (एसएचजी) इसके लिए कोई संपार्श्विक संपत्ति भी नहीं देते।

संपार्श्विक सामान्यतः बैंकों द्वारा रखा जाता है, जो कि आवश्यक नहीं है। इन ऋणों का उद्देश्य समूह के सदस्यों को स्व-रोजगार के अवसर दिलाना है। उदाहरण के लिए सदस्य ऋण लेकर ऋणग्रस्त भूमि को मुक्त कराते हैं, मूल राशि की आवश्यकता (जैसेः बीज, खाद, कच्ची सामग्री जैसे बाँस तथा कपड़ा आदि।) जैसे गृह सामग्री, संपत्ति जैसे कपड़ा सीने का यंत्र, हथकरघा, पशु आदि के लिए उपयोग में लाते हैं।

ज्यादातर, एसएचजी ग्रामीण और शहरी निर्धनों के संगठन रूपी खंडों का निर्माण कर रहे हैं। न केवल महिलाएँ वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं, बल्कि नियमित बैठकों से समूह को एक ऐसा मंच मिल रहा है जहाँ वे सामाजिक मुद्दों जैसे- स्वास्थ्य, पोषण, पारिवारिक हिंसा आदि पर भी चर्चा कर रहे हैं।

- बैंक द्वारा एसएचजी सदस्य को दिये जाने वाले ऋण और व्यक्तिगत रूप से दिये जाने वाले ऋण कैसे भिन्न है?
- कुछ एसएचजी अपने सदस्यों को ऋण पर अधिक ब्याज वसूलते हैं? क्या यह न्यायसंगत है? चर्चा कीजिए।
- पता लगाइएः एसएचजी सदस्यों के संघ का क्या दायित्व है?

## वित्तीय साक्षरता

वित्तीय साक्षरता एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें किसी को वित्तीय मामलों से संबंधित ज्ञान से ओत-प्रोत किया जाता है। वित्तीय साक्षरता में दिलचस्पी दिखाने से किसी भी व्यक्ति को बेहतर वित्तीय योजना, वित्तीय लक्ष्य को प्राप्त करने तथा धांधलियों व ऋण-जाल से दूर रहता है। इसका लक्ष्य बचत की आदत, वित्तीय सेवाओं के प्रभावी अमल को समझने, तथा बेहतर धन प्रबंधन की ओर अग्रसर करना है। आगे, वित्तीय साक्षरता वित्तीय सेवाओं के लिए सरल मार्ग बनाता है।

वित्तीय साक्षरता सामग्री कई विषयों जैसे - विश्वसनीय बैंक नोट, रिजर्व बैंक की जानकारी, कैसे भारतीय रिजर्व बैंक सामान्य लोगों के जीवन को स्पर्श करती है, ऐसी चेतावनी जो विदेशों से एसएमएस या ई-मेल के माध्यम से जानकारी देकर भारी भरकम राशि देने का लालच देते हैं, अंतरजाल (इन्टरनेट) पर बैंक संबंधी जानकारी देने संबंधी चेतावनी, बैंकों से उपलब्ध होने वाली ऋण सामग्री का विवरण, बैंकों में क्यों जमा करे?, कार्यप्रणाली के प्रति शिकायत करने, सरकार के विरुद्ध बैंकिंग योजना संबंधी शिकायत करने, गैर-मान्यता प्राप्त अथवा गैर-लाइसेंसधारी बैंकों में धन जमा करने के विरुद्ध चेतावनी, जमा बीमा (क्या मेरी जमा राशि बैंक में सुरक्षित है?, जमा बीमा क्या है तथा ऋण आश्वासन निगम) आदि के बारे में सचेत करती है। वित्तीय साक्षरता जानकारी संबंधी करपत्र भारतीय रिजर्व बैंक तथा अन्य बैंकों द्वारा तैयार किये जाते हैं। इतना ही नहीं भारतीय रिजर्व बैंक ने स्कूली बच्चों के लाभार्थ के लिए वित्तीय साक्षरता से संबंधित कॉमिक्स भी तैयार की है। 'राजु एंड दि मनी ट्री,' 'मनीकुमार एंड मॉनिटरी पॉलिसी' आदि कुछ ऐसे कॉमिक्स के नाम हैं, जिन्हें सीधे भारतीय रिजर्व

SCERT TELANGANA

बैंक की उक्त दर्शायी गयी वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। उक्त के अतिरिक्त, ग्रामीण, शहरी और दूरस्थ क्षेत्रों के अशिक्षित लोगों के लिए राज्य स्तर बैंकर्स समिति (एसएलबीसी), आंध्र प्रदेश द्वारा एक श्रव्य सीडी बनायी गयी है, जिसमें बैंक में जमा बचत के बारे में बताया गया है।

वित्तीय साक्षरता एक महत्वपूर्ण साधन है, जो वित्तीय समावेश, उपभोगकर्ता संरक्षण तथा अंततः वित्तीय स्थिरता के लिए उपयोगी है। वित्तीय समावेश तथा वित्तीय साक्षरता को सामान्य लोगों के द्वारा समझे जाने की आवश्यकता है, जिससे औपचारिक वित्तीय संस्थाओं द्वारा दिये जा रहे उत्पादन व सेवाओं का पूरा लाभ उठाया जा सकता है। भारत में, वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता अत्यंत आवश्यक है, जहाँ बड़ी संख्या में वित्तीय व्यवस्था को समझने में असमर्थ है। पिछले कुछ वर्षों से वित्तीय साक्षरता का अपने आप में विशेष महत्व बखता है, जैसे कि वित्तीय बाजार समझने में काफी जटिल हो गये हैं और सामान्य व्यक्ति किसी भी निर्णय को लेने में तकलीफ महसूस कर रहा है। हमारे देश में अधिक प्रतिशत में लोग बचत करते हैं, अतः वित्तीय साक्षरता बचत के सही इस्तेमाल में विशेष पात्र निभा सकती है तथा हर व्यक्ति को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप वित्तीय लक्ष्य को प्राप्त करने की योग्यता का विकास कर सकती है।

## मुख्य शब्द

1. मांग जमाराशि
2. आर्थिक गतिविधियाँ
3. सहकारी समितियाँ
4. वाणिज्य बैंक
5. ऋण के अनौपचारिक स्रोत

## शिक्षा में सुधार

1. अधिकांश निर्धन लोग अपनी ऋण आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अनौपचारिक स्रोतों पर निर्भर रहते हैं? धनवान लोग ऐसे अनौपचारिक स्रोतों पर कम ही निर्भर रहत हैं? क्या आप इससे सहमत हैं? पृष्ठ संख्या 114 में दी गयी जानकारी का उपयोग करते हुए अपने उत्तर का समर्थन कीजिए। ($AS_3$)
2. ऋण पर उच्च ब्याज दर कैसे हानिकारक होते हैं? ($AS_1$)
3. निर्धन लोगों के लिए एसएचजी की स्थापना के पीछे उद्देश्य था? वर्णन कीजिए।($AS_4$)
4. किसी बैंक कर्मचारी से बात कीजिए और पता लगाइए कि शहर के लोग प्रायः किस प्रयोजन से ऋण लेते हैं? ($AS_4$)
5. एसएचजी के माध्यम से और प्रत्यक्ष रूप से बैंक ऋण लेने में क्या अंतर है? ($AS_1$)
6. 'निर्धनों के लिए स्वयं सहायता समूह' शीर्षक के अंतर्गत दिया गया तीसरा अनुच्छेद पढ़िए और बताइए कि आपके प्रांत में एसएचजी किस तरह काम कर रहे हैं? ($AS_2$)
7. किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बैंक द्वारा कौन-सी सेवाएँ प्रदान की गयी है? ($AS_6$)

## परियोजना

आपके प्रांत में क्या ऐसी कोई घटना घटी है, जहाँ किसानों ने आत्महत्या की है? यदि हाँ, तो कारणों का पता लगाइए तथा इससे संबंधित समाचार पत्रों की कतरने जोड़कर रपट बनाइए और कक्षाकक्ष में चर्चा कीजिए।

अध्याय

10

# बढती मँहगाई और जीवन यापन

आपने लोगों को बढती महंगाई तथा कीमतो के साथ उनकी बढती परेशानियों के बारे में बाते करते सुना होगा लोग बढती हुई कीमतों को लेकर उत्तेजित और चिंतित क्यों रहते हैं। क्या सभी वस्तुओं की कीमतों में बदलाव होता है या कुछ वस्तुओं के ? क्या इसका प्रभाव सभी पर समान रूप से होता है? ऐसे ही कुछ विचारणीय विषयों की चर्चा इस पाठ में हुई है।

## परिवार बजट

आपके माता-पिता खेतों में , भवन निर्माण कार्य, सब्जियाँ या अन्य सामग्री बेचकर, दुकानों फैक्ट्री या दफ्तरों में काम करके अपनी आमदनी कमाते हैं। वे इसी आमदनी से घरेलू जरूरतों की आपूर्ति करते हैं। कभी-कभी उन्हें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए उधार भी लेना पडता है। उनके पास घर चलाने की योजना होती है। वे इसी योजना द्वारा अपनी आमदनी के अनुरूप व्यय करते हैं। आमदनी का इस्तेमाल व्यय ही परिवार बजट कहलाता है।

हर परिवार बजट बनाता है - जो लिखित या मौखिक हो सकता है। आईए, हम सब्जी मंडी में सब्जी बेचने वाले परिवार का बजट देखें।

**जनवरी 2013 के लिए सुब्बम्मा का बजट**

| प्राप्ति | | व्यय | |
|---|---|---|---|
| माह की कमाई | Rs. 10,000 | खाने का खर्च | रु. 3000 |
| रिश्तेदारों से उधार ली गई राशि | Rs. 2,500 | घर का किराया | रु. 2000 |
| | | स्कूल फीस | रु. 1500 |
| | | डाक्टर की फीस और दवाइयाँ | रु. 2500 |
| | | बस और आटो का खर्च | रु1500 |
| | | बिजली, फोन, तथा अन्य खर्च | रु. 2000 |
| **कुल प्राप्ति** | **Rs. 12,500** | **कुल खर्च** | **रु.12,500** |

दी गई सारणी में बाई ओर सुब्बम्मा की प्राप्त राशि और दाई ओर उसके खर्च का विवरण है। उसका व्यय रु.12,500 जो उसकी आमदनी रु.10,000 से अधिक है। इसलिए उसे अपनी लडकी की बीमारी में खर्च हुए अतिरिक्त व्यय के लिए अपने रिश्तेदारों से (रु.2500), उधार लेने पडे ।इसी प्रकार हजारों परिवार अपनी आमदनी और खर्च के अनुरूप अपना बजट बनाते हैं ।



SCERT TELANGANA

## किस तरह कीमतों में बदलाव परिवार बजट पर असर करता है।

आईए हम फिर से सुब्बम्मा के परिवार का बजट देखेंगे । मान लीजिए अगर उसके मकान मालिक ने घर का किराया रु. 2500 कर दिया और उसी समय बस के किराये और पेट्रोल की कीमत में बढोत्तरी हो गई तो उसके परिवार को केवल यातायात के लिए रु.2000 प्रतिमाह खर्च करने होंगे ।नयी कीमतो के चलते अब उसका जीवन यापन भी रु.1000 बढ जायेगा । अगर इनकी आमदनी में बढोत्तरी न हुई तो इनका परिवार कैसे प्रबंध कर सकेगा ? उसके पास अगर कोई बचत राशि है तो वह उसका उपयोग कर सकेगा । अगर नही तो उसे लाचार होकर अपने मित्रों या रिश्तेदारों से कर्ज लेना पडेगा और ब्याज के साथ उसकी भरपाई करनी होगी ।

मान लीजिए अगर सुब्बम्मा अपने किसी घनिष्ट रिश्तेदार से कर्ज लेगा तो उसे ब्याज नही चुकाना पडेगा लेकिन वह महाजन साहूकार से ऋण लेगा तो उसे उसका ब्याज भी चुकाना होगा। अगर वह 3/100 या 3% प्रतिमाह हो तो रु.75 ब्याज के हर महीने जोडे जायेंगे। अगर सुब्बम्मा का परिवार इस कर्ज को छः महीनों के बाद चुकायेगा तो उन्हें रु.2500 के अतिरिक्त रु.450 देने होंगे कुल 2950 होंगे।

अपने बजट को व्यवस्थित करने के लिए ये यातायात खरीदारी तथा फोन के बिल पर नियंत्रण रखते हुए अपनी आमदनी और व्यय का प्रबंध कर सकते हैं। कई वस्तुओं के उपभोग में कमी करने के कारण उनका जीवन स्तर घटने लगेगा । इसका कारण जीवन यापन में बढोत्तरी है । स्थिर आमदनी वाले जैसे पेंशन पाने वाले दैनिक रोजी कमाने वाले, शारीरिक श्रम करने वाले मजदूर, फेरी वाले, छोटे उद्यमों के कर्मचारी लगातार बढती हुई महंगाई के उपरांत अधिक प्रभावित होते हैं । जिसे मुद्रा स्थति कहते हैं। मुद्रास्थति के दौरान इनकी आमदनी में कोई बदलाव नही होता । इसी कारणवश इन्हें बलपूर्वक अपनी उपभोक्ता में कटौती करनी पडती है। निम्न जीवन स्तर होने के कारण मुद्रास्थति भी इनकी उपभोगता को घटाती है, जिससे यह गरीबी में ढकेले जाते हैं ।

लोग हमेशा बढती हुई महंगाई के कारण चिंतित रहते हैं क्योंकि बढती कीमतें उपभोग पर असर करती है । बढते पेट्रोल के दाम, बस या आटो रिक्शा के किराया, सब्जी, दूध और अन्य सामग्रियों के दाम,डाक्टर की फीस आदि के कारण अधिक कीमत चुकानी पडती है। स्थिर आमदनी वाले लोग महंगाई के चलते पहले जितनी वस्तुएं भी नही खरीद पाते, उन्हें अपने साधन एवं वस्तुओं की कटौती करनी पडती है। इससे उनका जीवन स्तर प्रभावित होता है। सुखी जीवन जीने के लिए उपायेग में लायी गयी वस्तुओं तथा सेवाओं द्वारा ही जीवन स्तर निर्धारित किया जाता है।

जीवन स्तर एक परिवार से दूसरे परिवार का, व्यवसाय का, आमदनी का, और देश का भिन्न होगा। उदाहरण के लिए अमेरिका जैसे देश में किसी व्यक्ति के पास मोटरकार, टी.वी. या मोबाईल फोन को होना उनका उच्च जीवन स्तर नही माना जाएगा । लेकिन भारत जैसे देश में ये चीजें किसी व्यक्ति या परिवार के पास हो तो इनका जीवन स्तर उच्च माना जाएगा । बढती कीमतों में हर कोई प्रभावित होता है। कुछ वर्गों में बढती कीमतों के दरों को क्षतिपूरक किया जाता है।

SCERT TELANGANA

- कल शिक्षक दिवस है। आपके सहपाठी ने आपको चाकलेट तथा बिस्कुट खरीदने के लिए रु.200 देकर बाजार भेजा। एक चाकलेट के पैक्ट का दाम रु. 60 है और बिस्कुट का दाम रु.20 अगर आप दो चाकलेट पैकट खरीदेंगे तो कितने बिस्कुट पैकट खरीद सकते हैं। आपको कितने रूपये देने होंगे।

- जब आप अपनी कक्षा में लौटेगो तो आपके मित्र तथा सहपाठी आपसे पूछेंगे कि इतने कम पैकेट क्म/ क्यों खरीदे ? उनके दाम बताने पर वे आश्चर्य चकित हो जायेगे। उनमें से कोई यह भी कह सकता है कि पिछले साल हमने चाकलेट के लिए रु.30 और बिस्कुट के लिए रु.10 दिये थे।

- पिछले एक सप्ताह में क्या हुआ ? दोनों की कीमत बढ गई और उसी रु.200 में आपने थोडी सामग्री खरीदी।

- मान लीजिए अगर आपके अध्यापक ने बिस्कुट और चाकलेट दोनों के 5 पैकेट इस वर्ष भी खरीदने के लिए कहे तो आपको कितना खर्च करना पडेगा।

  - 5 पैकेट चाकलेट के लिए= रु..________________
  - 5 पैकेट बिस्कुट के लिए= रु..________________
  - आप कुल कितने पैसे देंगे= रु.________________
  - पिछले वर्ष की तुलना मे आपको और कितना अधिक देना होगा ?

- निर्धारित वस्तुओं और सेवाओं को पैसे के द्वारा खरीदना धन की क्रय क्षमता कहलाता है। मुद्रा स्थिति के दौरान आय तथा क्रय क्षमता घट जाती है। उपरोक्त उदाहरण के अनुसार पिछले वर्ष रु.200 पाँच वस्तुओं के लिए दिये गए। लेकिन आज इन्ही वस्तुओं की खरीददारी के लिए आपको अधिक धनराशि चुकानी होगी या आपको कम वस्तुएं खरीदनी होगी। जैसे :

- पिछले वर्ष रु. 200 = 5 पैकेट चाकलेट + 5 पैकेट बिस्कुट

- इस वर्ष रु..200 = 2 पैकेट चाकलेट+ 4 पैकेट बिस्कुट

- दूसरे शब्दों में क्रय शक्ति रु.200 का मूल्य घटा क्योकि कीमतों में बढोत्तरी के कारण दोनों वस्तुएं उन्हीं रुपयों में कम खरीदनी होगी।

SCERT TELANGANA

■ केन्द्र और राज्य सरकारी कार्यालयो में कुछ संस्थाओ में लोगो को दैनिक भत्ता नामक अधिक भुगतान मिलता है। जब कीमतों में निश्चित प्रतिशत की बढोत्तरी होती है तो उनका वेतन भी बढ जाता है, क्योंकि सरकार द्वारा मिलने वाला उनका दैनिक भत्ता भी बढ जाता है तथा मुद्रास्थिति के साथ-साथ उनकी आय भी बढेगी ।

■ कारोबार गतिविधियाँ करने वाले लोग बिक्री के समान की कीमते बढाकर उच्च जीवन स्तर पुनः प्राप्त करते हैं । उदाहरण के लिए अगर चीनी का दाम बढता है तो मिठाई वाले और चाय वाले मिठाई और चाय का दाम बढा देगें ।

■ सेवा करने वाले लोग जैसे ड्राई क्लीनर्ज़, नाई, वकील या डाक्टर भी कीमतों के बढने पर अपना शुल्क बढा देते हैं । वह अपने ग्राहकों, मुवक्किलों या रोगियों से अधिक फीस लेते हैं।

■ निगमित कंपनियों में काम करने वाले, अत्याधुनिक धनी और संपन्न व्यक्ति कीमतों में बढोत्तरी से प्रभावित नही होते ।

जरूरी वस्तुओं की कीमतो की बढौत्तरी में हर कर्मचारी को क्षतिपूर्ति प्राप्त नहीं होती दृष्टांत खेतीहर मजदूर, निर्माण कार्य में लगे मजदूर, फैक्टरी कर्मचारी कीमतों के बढने पर वेतन बढाने के मांग करते हैं । कभी-कभी अधिक वेतन के लिए विवश किया जाता है। ऐसे समय पर सरकार हस्तक्षेप करती है और मालिकों तथा कर्मचारियों से बातचीत करके इनके बीच समझौता कराते हुए वेतन निर्धारित करती है। कीमत में जरूरी बदलाव और मालिकों द्वारा कर्मचारियों की नियुक्ति और वेतन निर्धारित करने के लिए सरकार ही बहुत सारे व्यवसायों की नित्यकालिक समय पर पुनरावृत्ति करती है।

## मुद्रास्थिति को कैसे मापा जाता है?

इससे पहले भी हमने यह बताया है कि वस्तुओं की कीमत में लगातार बढोत्तरी मुद्रास्थिति कहलाती है। आपने यह ध्यान दिया होगा कि कुछ कीमतों में बढोत्तरी के कारण कुछ कीमते घट जाती है। उदाहरण के लिए मोबाईल फोन के दाम लगातार घटते जा रहे हैं । तो क्या हम समग्र रूप से यह कह पायेंगे कि देश में मुद्रास्थिति है या नहीं ?

मान लीजिए यदि माचिस के दाम बढते हैं तो क्या इससे आपका जीवन यापन स्तर घटेगा। इसकी तुलना आप बढे हुए मकान के किराये, चावल के दाम और पेट्रोल के दाम से कीजिए । मान लीजिए और काम्पैक्ट डिस्क जो कम्प्यूटर के प्रयोग में लाई जाती है के दाम बढेंगे तो क्या इसका प्रभाव एक

शारीरिक श्रम करने वाले मजदूर के बजट को प्रभावित करेगी या अगर किसी औद्योगिक मशीन की कीमत बढेगी तो अप्रत्यक्ष रुप से यह बहुत सारे लोगों के बजट पर कैसे असर करेगी ?

कुछ वस्तुओं या सेवाओं के नाम लिजिए जो नियमित रूप से आपके परिवार में लायी जाती है। उनकी पिछली वर्ष और आज की कीमत पता कीजिए। इनमें क्या अंतर है? आप अपने शिक्षक या माता-पिता की सहायता भी ले सकते हैं।

| | वस्तुएँ/सेवाएँ | पिछले वर्ष मूल्य | इस वर्ष मूल्य | अंतर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |

## मूल्य अनुक्रमणिका सूचकांक

मूल्य अनुक्रमणिका के संदर्भ में कीमत में बदलाव का मापन सांख्यिकी उपकरण की सहायता से किया जाता है। किसी एक वस्तु की कीमत में बदलाव सभी वस्तुओं या सेवाओं को प्रभावित नहीं करती है, तो हम समग्र रूप से कीमतों में बदलाव का मापन कैसे करे? मूल्य अनुक्रमणिका सूचकांक का प्रयोग एक तरीका है, जो इस तरह निर्मित किया जाता है।

पहले वर्ष की सभी वस्तुओं और सेवाओं की औसत कीमत जो आधार वर्ष के रूप में निर्धारित की जाती है। उसे 100 संख्या दी जाती है। यदि सभी सेवाओं एवं वस्तुओं के दाम पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत बढ जाए तो अगले वर्ष के मूल्य सूचकांक में वह 125 प्रतिशत होगा। अगर अगले वर्ष सभी वस्तुओं की कीमत पिछले वर्ष कीमत में 20 प्रतिशत बढती है तो मूल्य सूचकांक का टिकाव होगा। 150 (20% of 125 + 125 = 150).

मजदूर इसे एक उदाहरण से समझें। नीचे दी गयी सारणी सरकारी संस्थाओं द्वारा चुकाये गये चावल और कपास की कीमतो को दर्शाता है। इसे ध्यान से पढिए और प्रश्नों के जवाब दीजिए।

**वर्ष 2005-2011Œ चावल और कपास की कीमत (प्रति क्विंटनल पर)**

| फसल | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-2010 | 2010-2011 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चावल | रु.. 600 | रु.. 610 | रु.. 775 | रु.. 880 | रु.. 980 | रु.. 1030 |
| कपास | रु..1980 | रु. 1990 | रु.. 2030 | रु.. 3000 | रु.3000 | रु.. 3000 |

(i) वर्ष 2005-06 का आधार वर्ष के रूप में लेकर चावल और कपास के अनुक्रमणिका सूचकांक की गणना कीजिए।

(ii) चावल और कपास की अनुक्रमणिका सूचकांक दर्शाती एक रेखाचित्र बनाइए। वर्षों को X अक्ष पर लिखो। साल दर साल रेखा कैसे ऊपर की ओर बढती है इसकी चर्चा कीजिए।

SCERT TELANGANA

समय से परे समुच्चय वस्तुओं के योग में बदलाव क्रमानुसार सूचकांक दर्शाते हैं। इन्ही वस्तुओं के योग की तुलना एक वर्ष में करते हैं और अगले वर्ष भी । इस प्रकार मूल्य अनुक्रमणिका सूचकांक एक कालांश से दूसरे कालांश में हुई समुच्चय वस्तुओं की कीमतों के बदलाव प्रतिशत को दर्शाता है।दृष्टांत केलिए इस माह और इस वर्ष के परिवार बजट की तुलना हम पिछले वर्ष और पिछले माह से कर सकते हैं । दोनों वर्षों की कीमतों में अंतर यह दर्शातेहैं कि कितने प्रतिशत एक वर्ष में कीमते बढी हैं ।

दो स्थानों की कीमत के स्तर की भी तुलना की जा सकती है। हम तेलंगाणा के कीमत स्तर की तुलना कर्नाटक या महाराष्ट्र जैसे राज्यों से भी कर सकते हैं ।

अर्थव्यवस्था में हजारों वस्तुओं और सेवाएँ है इसीलिए हमें अनुक्रमणिक सूचकांक में किन वस्तुों को सम्मिलित किया जाए इसका चयन करना होगा ।

उपभोक्ता समूह पर आधारित मूल्य अनुक्रमणिका सूचकांक विभिन्न प्रकार के होते हैं जैसे : थोक मूल्य अनुक्रमणिका, उपभोक्ता मूल्य अनुक्रमणिका, थोक मूल्य अनुक्रमणिका मे सभी वस्तुएँ (पूँजीगत वस्तुएं और उपभोक्ता वस्तुएँ) तथा थोक वस्तुओं की कीमतों में बदलाव सम्मिलित होता है। उपभोक्त अनुक्रमणिकता केवल खुदरा मूल्य के बदलाव का ही मापन करता है। भारत में सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के उपभोक्ता अनुक्रमणिकता सूचकांक प्रकाशित किए जाते हैं जैसे :

a) औद्योगिक कर्मचारियों के उपभोक्ता अनुक्रमणिकता सूचकांक

b) शहरी गैर हस्तकला कर्मचारियों के उपभोक्ता अनुक्रमणिकता सूचकांक

c) कृषि मजदूरों के उपभोक्ता अनुक्रमणिकता सूचकांक

इतने अधिक सीपीआई का प्रमुख कारण है कि समान वस्तुओं के समुह का उपभोग कई परिवारों द्वारा नही किया जाता । उदाहरण के लिए शहर एवं नगर के औद्योगिक श्रमिक द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुए ग्रामीण कृषक मजदूर से भिन्न होती है । शारीरिक श्रम न करने वाले या नियोक्ता या कार्यालय, बैंक या आईठी कंपनी में काम करने वाले कृषक श्रमिक से भिन्न वस्तुओं का उपभोग करते हैं ।

भारत में CPI (थोक मूल्य सूचकांक) पर मुद्रा स्थिति मापा जाती है। कई CPI का उपयोग सरकारी कर्मचारी को दिए जाने वाले DA के अंकन में या भारतीय सरकारी कानून के अनुसार भारत में निर्धनों की संख्या का अंकन कर प्रचलित उजरत दरों की घोषणा की जाती है। खाद्यान्न वस्तुओं का सी.पी.आई मापन खाद्यान्न महँगाई कहलता है।

## CPI की रचना कैसे की जाए ?

चलिए एक साधारण सीपीआई की रचना उन वस्तुओं से करेगें जो आप खरेलू उपभोग के लिए काम में लेते हैं ।

तालिका-3 को लेंगे । उन सभी वस्तुओं की कीमतो को लिखिए जिन्हें आपके अभिभावक पिछले महीने खरीद कर लाए थे । चलिए मान ले कि उन्होंने इतनी ही कीमत की वस्तुएँ इस महीने भी खरीदी है। परन्तु इस महीने कीमते बढ गई तो वही वस्तुएँ अब अधिक कीमती हो गई ।

इस तालिका में हमने चार वस्तुएं ली है और उनकी कीमत वजन भी है, जिसे हमने खरीदा है। दूसरे और तीसरे कालम में हम पिछले महीने की संख्या बता रहे हैं। अब हम वजन से उस कीमत को गुणा



SCERT TELANGANA

करेंगे, प्रत्येक वस्तु पर जो हमने खर्च की है। चौथे कालम में हमने सभी खर्चों को योग किया है।

**उपभोक्ता मूल्य सूचकांक**

यह एक सीपीआई की रचना का उदाहरण है। चलिए हम यह मानते हैं कि आपके परिवार ने चावल, प्याज, दाल और गैस सिलेंडर खरीदा है।

| 1 | 2 | 3 | 4=2x3 | 5 | 6 | 7=5x6 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वस्तुएँ/सेवाएँ | पिछले महीने कीमत ₹ | पिछले नहीने मात्रा | पिछले महीने की कीमत | इस महीने की कीमत | इस महीने का मात्रा | इस महीने का खर्च |
| 1. चावल प्रति कि.ग्रा. | ₹ 30 | 25 कि.ग्रा. | ₹ 750 | ₹ 40 | 25 कि.ग्रा. | ₹ 1000 |
| 2. प्याज प्रति कि.ग्रा. | ₹ 10 | 5 कि.ग्रा. | ₹ 50 | ₹ 20 | 5 कि.ग्रा. | ₹ 100 |
| 3. दाल प्रति कि.ग्रा. | ₹ 75 | 4 कि.ग्रा. | ₹ 300 | ₹ 85 | 4 कि.ग्रा. | ₹ 340 |
| 4. गैस सिलेंडर | ₹ 400 | 1 | ₹ 400 | ₹ 410 | 1 | ₹ 410 |
| **कुल खर्च** | | | **₹ 1500** | **कुल खर्च** | | **₹ 1850** |

उसी प्रकार पाँचवे कालम में हम इस महीने उन्ही वस्तुओं की कीमत बता रहे हैं । कालम छः में इस महीने खरीदी गयी वस्तुओं का वजन बता रहे हैं। पिछले महीने की वस्तुओं की कीमत के साथ इन वस्तुओं का वजन भी रखा जाय । कालम सात में फिर से उन वस्तुओं की कीमत को वस्तुओं से गुणा कर दिखा रहें हैं । इस तरह कालम सात में हमें इन महीनें में खरीदी गई चार वस्तुओं का खर्च है।

तालिका 3 मे आपने क्या देखा? आपके परिवार ने पिछले महीने चार वस्तुएं ₹1500 में खरीदी। लेकिन वही चार वस्तुएं इस महीने ₹1850 में खरीदी क्योंकि सभी वस्तुओं की कीमत बढ गई है। पिछले महीने की तुलना में ₹350 की मूल्य वृद्धि हुई है। प्रतिशत के अनुसार 350/1500 *100=23.3%.

दूसरे शब्दों में जिस परिवार में पिछले महीने ₹100 खर्च किए थे अब इस महीने 123 खर्च किए। सामान उपभोक्ता परिवारों के बजट पर समान रूप से प्रभाव डालता है। उन्हें 23% मूल्य वृद्धि का सामना करना पडता है। सीपीआई भी इसी आधार पर मापा जाता है, जो कि परिवार के बजट पर प्रभाव डालता है। आपके जीविका मूल्य में वृद्धि को यह व्यय दर्शाता है।

यदि औसतन इन चार वस्तुओं की कीमत ₹100 पिछले महीने थी जो कि इस महीने ₹123.3 बढ गई है। इसका यह अर्थ हुआ कि इन चार वस्तुओं के मूल्य वृद्धि में 23.3% की वृद्धि हुई ।

वास्तव में आर्थिक क्षेत्र में हजारों वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन होता है और उनकी कीमतें बढती हैं । सरकार इसका मूल्यांकन जो मूल्य वृद्धि समय अंतराल में करती है -अधिकतर प्रति माह या प्रति सप्ताह करती है।


SCERT TELANGANA

## खाद्यान्न मुद्रा स्फीति

2009 से सरकार ने एक नए सूचकांक की स्थापना की है । एफपीआई (Food Price Index) (खाद्यान्न मूल्य सूचकांक) यह सूचकांक भोज्य पदार्थों की कीमतों की वृद्धि को दर्शाता है जो खाद्यान्न मुद्रा स्थिति कहलाता है। एफपीआई में चावल, गेहू, दाले, सब्जियाँ, शक्कर, दूध, अंडे, मांस, मछली और भोजन बनाने की अन्य वस्तुओं जैसे खाद्य तेल के थोक व्यापार मूल्य को सम्मिलित किया जाता है। 2011-12 में खाद्य तेल के कीमतों में ऊँची वृद्धि देखी गई । उस वर्ष लगभाग 50 प्रतिशत कच्चा पामलेत, सूर्यमूखी, सोयाबीन तेल और रिफाइन्ड पामोलिन भारत में विदेशों से आयात किया गया । जब इन वस्तुओं की कीमत में वृद्धि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हो गई जिन देशों से हमने आयात किया था । भारतीय उपभोक्ता को भी उच्च कीमत देनी पडी। मूल्य वृद्धि पर सरकार को नियंत्रण रखना चाहिए । इस पर कई अन्वेषण अध्ययन का आयोजन किया गया है। यह भी देखा गया है कि लोगों के खान-पान में भी परिवर्तन आ गया है। हाल ही में सब्जियाँ, अंडे, मांस और मछली का उपयोग बोझ हो गया है। जब कभी वस्तुओं का अभाव हो जाता है तो मांग के बढते ही वस्तु की कीमत भी बढ जाती है। लोग उन्हें अधिक कीमत पर भी खरीदना चाहते हैं। यह उनके नियमित आहार का अंश बन गया है।

## वर्तमान में मूल्य वृद्धि

2009-12 मौलिक वस्तुओ की कीमतों में वृद्धि हुई है । निम्न चित्र को देख कर आप जान सकते है। चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर उत्तर दीजिए।




1. यदि एक परिवार 20 रु. प्रति कि.ग्रा. की दर से वर्ष 2005-06 में चावल खरीदता है तो उसे अब 2011 में कितने में खरीदना पड रहा होगा ?
2. किस वर्ष में दालों की कीमत में नियमित वृद्धि हुई है?
3. कपास की कीमत में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है?
4. कौन सी वस्तु कम या अधिक स्थिर रही है?

SCERT TELANGANA

आप इस बारे में जानते ही हैं कि अधिकतर पेट्रोल, डीजल और केरोसीन पेट्रोलियम पदार्थों से बनाया जाता है, जो कि अन्य देशों से आयात किया जाता है। भारत में धातु एवं रसायन की कीमतों में वृद्धि के साथ ही कच्चे पेट्रोलियम की कीमत में भी वृद्धि हो जाती है। दीर्घ समय के बाद वस्तु एवं सेवा के मूल्यों में साधारण वृद्धि को मुद्रा स्थिति कहते हैं। भारत में इन उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन के कच्चे माल के मूल्यों में वृद्धि उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि पर प्रभाव डालती है।

## मूल्य निर्धारण में सरकार की पात्रता

जब सामान्य मुद्रा स्थिति होती है तो थोक मूल्यों में तीव्र वृद्धि होती है जो कि उद्योगपतियो को अधिक प्रभावित करती है । यदि खाद्यान्न मुद्रा स्थिति में वृद्धि हो जाए तो साधारण मनुष्य के जीवन मे इसका प्रभाव अधिक होता है। ऊँची मुद्रा स्थिति के समय केवल निम्न आय वाले या निर्धारित आय वाले ही प्रभावित नही होते और अधिक गरीब नही बनते । अन्य लोग अपनी पूँजी का नियोजन भूमि सोना या अन्य उत्पादित वस्तुओं की खरीदनें में करते हैं। लोगों को लगात है कि उनकी मुद्रा की कीमत दिन ब दिन घटती जा रही है।

यह भी माना जाता है कि आधुनिकता एवं समन्वय के आधार पर वस्तुओं की कीमत में वृद्धि होना देश के लिए हितकारी है। यदि वस्तु की कीमत प्रति वर्ष 2-3 प्रतिशत तक बढती है तो यह अच्छे देश की निशानी है,क्यों ? यदि उत्पादन कर्ता अपने जीवन स्तर को विकसित करना चाहते हैं तो उनके उत्पादों की कीमतों में वृद्धि करेंगे । उत्पादन की कीमतो में वृद्धि करता है और अंत में कीमत में । अंत में उपभोक्ता को अधिक कीमत चुकानी पडती है। मूल्य वृद्धि का लाभ श्रमिक को होता है जो उन वस्तुओं को बनाते हैं, यह देश के लिए अच्छा माना जाता है।

उसी समय व्यापारी का मुख्य उद्देश्य अधिक लाभ कमाने का होता है तो वह गैर कानूनी ढंग से मौलिक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि कर देते हैं। यदि श्रमिकों के वेतन में वृद्धि न की जाए जो स्वयं ही उपभोक ता होते हैं, वे वस्तुओं को नही खरीद सकते । जब यह वस्तुएं आवश्यक बन जाती है जैसे- गेहूँ, चावल, दूध आदि तो उनके लिए समस्या उत्पन्न हो जाती है।

यह आवश्यक हो जाता है कि व्यापारियों का निर्धारण किया जाय और उन पर पैनी दृष्टि रखी जाय। इस दिशा में सरकार प्राथमिक कदम उठा रही है। आप कृषि के अध्याय को याद कीजिए जिसमे आपने सीखा कि कैसे सरकार के द्वारा किसानों को धान और गेहूँ उगाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। यह योजना केवल किसानो की ही सहायता नही करती बल्कि बाजार में धान, गेहूँ के मूल्य निर्धारण मे भी उपयोगी है। उसी समय केन्द्रीय एवं प्रादेशिक दोनों स्तरों पर गन्ने की कीमत का निर्धारण सरकार करती है और सहकारी शक्कर मिलों में शक्कर तैयार करवाती है। यह एक प्रकार से बाजार में गन्ने की कीमत को निर्धारित करता है।

आपने कक्षा आठ में सार्वजनिक वितरण व्यवस्था के बारे में पढा था। यह सरकार को महत्वपूर्ण क्रिया कलाप है जो न केवल गरीब लोगों को खाद्यान्न सुरक्षा का विश्वास दिलाती है बल्कि मौलिक वस्तुओं की कीमतों को भी नियंत्रित करती है। पीडीएस के अंतर्गत सरकार मौलिक वस्तुएँ जैसे गेहूं, चावल,

शक्कर, खाद्य तेल एवं केरोसीन के वितरण के लिए उत्तरदायी होते हैं । यह योजना प्रादेशिक सरकार द्वारा लगभग 4.5 लाख उचित दरों की दुकानों की सहायता से लागू करती है। पीडीएस (PDS) द्वारा बेची जाने वाली वस्तुओं की कीमत बाजारी मूल्यों से कम होती है । भारत सरकार सहायक मूल्यों या छूट दर चुकाया जाता है। न केवल इन दूकानों से गरीबों को कम कीमत पर वस्तुएँ प्राप्त होती है बल्कि यह पद्धति बाजार में बढने वाली कीमतों को नियंत्रित करती है।

संचय को रोकने के लिए और मौलिक वस्तुओं को उचित दरों में रखना और उनकी उपलब्धता सरकार मूल्यों को निर्धारित करती है और व्यापारियों को उन्हीं कीमतों पर बाजार में बेचने पर विवश करती है। जो इन कीमतों का पालन नही करता है सरकार विभिन्न कानूनों द्वारा उन्हें दंड देती है। उदारहरण - केरोसीन, डीजल, एलपीजी, सीएनजी, और पीएनजी जैसी वस्तुओं पर आंशिक या पूर्णतः छूट कर, सरकार देती है।

जब कभी मूल्यों में वृद्धि हो जाती है तो भारतीय रिजर्व बैंक जो कि भारत में सभी बैंकें की बैंक है, आर्थिकता पर मुद्रा बहाव को कम कर देती है। यह अन्य बैंकों दूारा होता है। बैंकों से कम या अधिक या जमाकर्ता को धनराशि कम या ज्यादा निकालेने की अनुमति दी जाती है। भारतीय रिजर्व बैंक अन्य बैंकों की सहायता से जमाकर्ताओं को ब्याज प्रदान करना या उनसे प्राप्त करने पर नियंत्रण करती है। ब्याज दर पर नियंत्रण कर उस धन को देश के पतन में वितरित करती है। धन की कमी से संपूर्ण देश में पतन उत्पन्न करती है। परिणाम यह होता है कि व्यक्ति कम उपभोग करेगा जो वस्तुओं की मांग में कमी को उत्पन्न करता है और दाम भी कम हो जाते हैं । आरबीआई के द्वारा उठायें गये कदम के प्रभाव को जानने में अभी समय शेष है । जब कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि होती है तो आरबीआई (RBI) के लिए कठिनाई हो जाती है।

जब सरकार मुद्रा बहाव में कमी का निर्णय लेती है, यह उच्च आय वालों पर और उपभोक्ता वस्तुओं पर कर की मात्रा बढा दी जाती है। यहाँ सरकार का यह उद्येश्य होता है कि लोगों की खरीदी योग्यता में कमी लाए । जब व्यक्ति के पास खर्च करने के लिए कम धन होगा तो उनका उपभोग भी कम हो जायेगा जो कि मूल्यों में पतन लाता है ।

मौलिक वस्तुओ की कीमतों को नियंत्रित करने में आयात -निर्यात योजना का भी सरकार उपयोग करती है। उदाहरण के लिए यदि खाद्यान्न वस्तुओ की कीमतों में वृद्धि होती है तो उन वस्तुओं के निर्यात पर रोक लगा दी जाती है या उसकी मात्रा कम कर दी जाती है। जब किसी वस्तु की कमी हो जाती है तो सरकार अन्य देशों से मंगवाती है और सरकारी संस्थाओं जैसे राष्ट्रीय कृषि सहकारी बाजारी भारत संघ लिमिटेड (National Agricultural Cooperative Marketing Federation of India Ltd (NAFED)) और अन्य सहकारी समितियों के द्वारा बाजारी कीमतों से कम में वितरित करती है। जब कभी व्यापारी वस्तुओं का संचय कर कमी पैदा करते हैं तो सरकार वैधानिक तकनीक का उपयोग भी कर सकती है।



SCERT TELANGANA

## मुख्य शब्द

1. जीवन स्तर
2. मुद्रास्फीति
3. उपभोक्ता दर सूची
4. थोक दर सूची
5. प्रबंधन दर व्यवस्था

## शिक्षा में सुधार

1. कीमतों को नियमित करने की आवश्यकता क्यों है? ($AS_1$)
2. किसी विक्रेता या उत्पादक दुवारा कीमत कैसे तय की जाती है? ($AS_1$)
3. जीवनमूल्य और जीवन स्तर में भेद स्पष्ट कीजिए। ($AS_1$)
4. मँहगाई बढ़ने का सर्वाधिक प्रभाव किस पर पड़ता है? और क्यों? ($AS_4$)
5. जब मुद्रास्फीति बढ़ती है तो सर्वाधिक लाभ किसको होता है? ($AS_4$)
6. थोक दर सूची किस प्रकार उपभोक्ता दर सूची से भिन्न होती है? ($AS_1$)
7. आहार मुद्रास्फीति, उपभोक्ता दर सूची से किस प्रकार भिन्न होती है? ($AS_1$)
8. CPI के उपयोग के बारे में लिखिए। ($AS_1$)
9. CPI मापन में किन पाँच मुद्दों को ध्यान में रखा जाता है? ($AS_1$)
10. इस अध्याय का छठा अध्याय पढ़िए और 'सरकार की दाम नियंत्रण में भूमिका' के बारे में पढ़िए और प्रश्न का उत्तर दीजिए । ($AS_2$)

    APM किस प्रकार सरकारी आय को प्रभावित करता है?
11. अपने घर में उपयोग की जाने वाली कोई पाँच वस्तुओं का लीजिए और इन पाँच वस्तुओं/सेवाओं के आधार पर उपभोक्ता दर सूचकांक तैयार कीजिए। ($AS_3$)

| 1 | 2 | 3 | 4= 2 x 3 | 5 | 6 | 7 =5 x 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सामग्री | पिछले माह दाम | पिछले माह खर्च | इस माह दर | इस माह खर्च | इस माह खपत | खर्च |
| 1. | Rs. | | Rs. | Rs. | | Rs. |
| 2. | Rs. | | Rs. | Rs. | | Rs. |
| 3. | Rs. | | Rs. | Rs. | | Rs. |
| 4. | Rs. | | Rs. | Rs. | | Rs. |
| 5. | Rs. | | Rs. | Rs. | | Rs. |
| कुल खर्च | | | | **Rs.** | कुल खर्च | **Rs.** |
| CPI:________________% | | | | | | |
| पिछले माह से इस माह में क्या परिवर्तन हुए? ____________ | | | | | | |

SCERT TELANGANA

12. सही या गलत लिखिए। ($AS_1$)

(a) मुद्रास्फीति जीवन स्तर को बढ़ाती है [ ]

(b) रुपये के मूल्य की कीमत खरीदने की क्षमता के परिवर्तन में दिखाई देती है। [ ]

(c) जीवन यापन में परिवर्तन का निवृत्ति वेतनभोगी जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता [ ]

(d) केंद्र सरकार के कर्मचारियों को मुद्रास्फीति की क्षतिपूर्ति तनख्वाह में मँहगाई भत्ता (DA) में वृद्धि से होती है। [ ]

(e) WPI केवल उपभोक्ता सामग्री में दर परिवर्तन को मापता है। [ ]

13. निम्न तालिका कारखानों के थोक भाव को दर्शाती है। इसके लिए एक आरेख खींचिए और इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। ($AS_3$)

(a) किसका दाम साल भर बढ़ता रहा?

(b) सूती कपड़े और खाद का दाम धीरे-धीरे बढ़ने का क्या कारण है?

| वर्ष | कोयला | सूती कपड़ा | खाद | सीमेंट | इस्पात |
|---|---|---|---|---|---|
| 2005-06 | 118 | 99 | 102 | 102 | 100 |
| 2006-07 | 118 | 97 | 104 | 119 | 105 |
| 2007-08 | 122 | 99 | 106 | 138 | 119 |
| 2008-09 | 151 | 103 | 107 | 139 | 137 |
| 2009-10 | 156 | 107 | 108 | 149 | 124 |
| 2010-11 | 165 | 115 | 117 | 151 | 136 |

14. अपने सुझाव दर्शाते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उचित देखरेख के लिए अपने तहसीलदार को एक पत्र लिखिए। ($AS_6$)

SCERT TELANGANA

अध्याय
11

# सरकारी बजट एवं करों का क्रियान्वयन

## सरकार की भूमिका

अधिकतर आधुनिक समाज में सरकार कई भयंकर कार्यों के लिए उत्तरदायी है। इसके अंतर्गत कई पारंपरिक कार्यो जैसे देश की सुरक्षा और आंतरिक कानून एवं नियम का प्रबंध करना आदि सम्मिलित होते हैं।

इसके अतिरिक्त सरकार पर विद्यालयों, महाविद्यालय, पुस्तकालय, स्वास्थ्य केन्द्र, अस्पताल, डाक घर एवं विभिन्न अन्य संस्थाओ की स्थापना एवं उन्हें चलाने की जिम्मेदारी होती है। सरकार द्वारा जन परिवहन व्यवस्था एवं सडक मार्ग एवं रेलमार्ग की रुपरेखा एवं मरम्मत की जाती है। जल निकासी मार्ग विद्युत के संबंध में सरकार की सक्रीय पात्रता की अनिवार्यता है। स्वास्थ्य सुविधा और निकासी, विद्युत जन यातायात, विद्यालय एवं महाविद्यालय जैसी सुविधाएँ जन सुविधाएँ कहलाती है।

जन सुविधाओं की प्रमुख विशेषता यह होती है कि एक बार इसे लागू किया जाय तो कई लोगो को इससे लाभ प्राप्त होता है। आप कक्षा आठवीं में इस संबंध में पढ चुके हैं । उदाहरण के लिए गाँव का एक विद्यालय कई बच्चो को शिक्षित कर सकता है। उसी प्रकार बिजली का वितरण भी कई लोगों के लिए उपयोगी होती है। जैसे किसान खेती की सिंचाई के लिए पंपसेट चला सकता है। कारखाने, कार्यालय, दुकाने और बाजार भी बिजली पर ही निर्धारित होती है। विद्यार्थियों को पढने में आसानी होती है और कई लोग चाहे गाँव या शहर में रहते हो एक या दूसरे रुप में लाभ प्राप्त करते हैं । यह जन सुविधाएँ सभी के लिए उनके सामर्थ्य कीमत पर उपलब्ध करवाई जाए । सरकार पर इसकी जिम्मेदारी होती है। यह वह स्वयं भी कर सकती है या किसी से करवा भी सकती है।

जन सुविधाओं के अतिरिक्त सरकार पर जनता की सुरक्षा का उत्तरदायित्व होता है। आपने कार्य करने के अधिकार एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी अधिनियम (मनरेगा) (MGNREGA) के बारे में पढा है। अधिनियम के अनुसार सरकार का यह भी उत्तरदायित्व होता है कि श्रमिकों को शारीरिक श्रम एवं वेतन के आधार पर काम दिया जाता है और इसके लिए सरकार को पूँजी उपलब्ध करवानी पडती है। पीडीएस (जन वितरण सेवा) दुकानो पर उचित दरो पर खाद्यान्न का प्रबन्ध करना और इसका भार सरकार को उठाना चाहिए । जैसा कि हमने देखा कि गरीबों को खाद्यान्न सुरक्षा कठिन है।

अतीत में भी भारतीय सरकार भारी उद्योगों जैसे विशाल इंजीनियरिंग विद्युतीकरण, इस्पात का उत्पादन, तेल निकालना, एवं शुद्धीकरण क्रिया आदि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके बिना औद्योगीकरण कठिन हो जाता है। इसके बारे में 7 वें अध्याय में मूलभूत उद्योगों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करोगे ।

**औद्योगीकरण**

क्षेत्र या देश में उद्योगों को विकसित करना।



SCERT TELANGANA

- आपके शहर, नगर, गाँव में सरकार कौन सी भूमिका निभा रही है? चर्चा कीजिए।
- आपके क्षेत्र में सरकारी व्यय की सूची समाचार पत्र की सहायता से एकत्रित कर सूची बनाइए।
- क्या आप जानते हैं कि जन सुविधाओं और अन्य कार्यों के लिए सरकार कहाँ से धन प्राप्त करती है?

**छूट कर - सहायक दर**

यह कुछ महत्वपूर्ण वस्तुएँ जैसे उर्वरक खाद्यान्न, डीज़ल और अन्य महत्वपूर्ण वस्तुओं की कीमत कम करने के लिए सरकार दूवारा चुकाया जाने वाला मुल्य है। जिससे कीमत कम की जा सके और सभी उसको वहन कर सके।

ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई योजनाओं एवं कृषि विस्तार कार्य के लिए पूँजी नियोजन का निर्माण करना कठिन होता है। सरकार किसानों को कारखानों से कम कीमत में खाद उपलब्ध कराने में सहायता प्रदान करती है। सरकार कारखानों से समझौता करके किसानों के लिए उनके सामर्थ्य के अनुसार खाद प्राप्त करने मे भी सहायता करती है। सरकार द्वारा कारखानों को जो धन चुकाया जाता है रसायन एवं खाद्य प्राप्त करने में वह उसकी छूट दर कहलाती है। यदि यह न हो तो कारखाने द्वारा अधिक मूल्य निर्धारित किया जाता है। इसी प्रकार सरकार कई अन्य उत्पादों की कीमत कम कीमत पर उपलब्ध करवाती है। मुख्य रुप से यह सुविधा आवश्यकता वालों के लिए होती है। इस संदर्भ मं गैस तेल की कीमत में छूट, राशन की दूकानो पर खाद्यान्न, गैस सिलेंडर आदि की उपलब्धता भी होती है। इन दिनों छूट दर किस प्रकार प्रभावकारी होती है। उस पर कई चर्चाएँ आयोजित की गई है। क्या यह जनता के लिए लाभदायक है। इन्हें प्राप्त करने के क्या अन्य मार्ग है? इस अध्याय में आप इन सभी के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे ।




*Fig 11.1 : Circular flow - Public and Banks/ deposits and loans*


इन विभिन्न भूमिकाओं को निभाने के लिए सरकार के पास कोष होना चाहिए । यह अनिवार्य धन सरकारी कार्यों के लिए विभिन्न प्रकार के जनता पर कर लगा कर प्राप्त किया जाता है। अगले विभाग में विभिन्न प्रकार के कर जो सरकार प्राप्त करती है उसके विषय में पढेंगे । करों को प्राप्त करना ही सरकारी आय कहलाता है। सरकारी व्यय के लिए यह सरकारी आय भी आवश्यक होती है। संसद में वित्त मंत्री के द्वारा वार्षिक बजट प्रस्तुत किया जाता है, जिसमें आगामी वर्ष के विभिन्न कार्यक्रमों पर अनुमानित सरकारी व्यय की झलक प्रस्तुत की जाती है। इसमें यह भी बताया जाता है कि सरकारी व्यय के लिए किस प्रकार विभिन्न करों के माध्यम से धन प्राप्त किया जाएगा । इसी प्रकार प्रदेश के लिए प्रादेशिक विधान सभा में बजट प्रस्तुत किया जाता है।

## सरकारी व्यय

अब हम देखेंगे कि भारतीय सरकार के वास्तविक व्यय क्या है और वह इस पर कितना खर्च करती है। 2011-12 मे सरकार ने लगभग रु.23,00,000 crores (23 लाख करोड). धन राशि खर्च की थी। इसका अर्थ है अत्यधिक धन राशि की आवश्यकता। लगभग सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था में चौथाई खर्च करती है। अन्य तीन चौथाई धन राशि व्यय निजी क्षेत्र, घरेलु उत्पाद जैसे खाद्यान्न, शिक्षा, यात्रा, कपडा, निवास, मनोरंजन आदि तथा रचनात्मक या सेवाओं का व्यापार कच्चा माल, मशीन, अन्य उत्पादनों, पारिश्रामिक कर्मचारियो को वेतन विक्रय, बाजार और व्यापार चलाने में अन्य व्यय पूरा करते हैं।

*सरकारी व्यय*

(केन्द्र एवं राज्य), 2011-12




यह पाई चार्ट भारतीय सरकार द्वारा विभिन्न व्ययों के अनुपात की झलक प्रस्तुत करता है। यह वर्ष 2011-12 अर्थात 1 अप्रैल 2011-31 मार्च 2012 तक का। यहाँ सरकार का अर्थ है केन्द्रीय एवं प्रादेशिक सरकार। वर्ष 2011-12, 12% व्यय शिक्षा, कला एवं संस्कृति पर खर्च किया गया। इसमें दोनों कार्य जैसे पारिश्रामिक एवं विद्यालय भवन का निर्माण में लागत, नए कम्प्यूटर एवं पुस्तकों का क्रय व्यय आदि।

उसी प्रकार कुल व्यय में से 4% स्वास्थ्य एवं स्वच्छता 4% ग्रामीण विकास और अन्य पर व्यय किया जाता है।

जब आप इस चार्ट को देखेंगे तो आप गौर करेगें कि विकास कार्य व्यय के अतिरिक्त अन्य व्यय भी है। जैसे प्रशासन, पेंशन, ब्याज एवं सुरक्षा आदि। प्रत्यक्ष रुप से विकास नही करता, परन्तु यह आवश्यक होता है। विभिन्न विभागों, कार्यक्रमों एवं प्रादेशिक संस्थाओं के संचालन (विधान मंडल, कार्यपालिका एवं प्रादेशिक संस्थाओं के संचालन (विधान मंडल, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका) प्रशासन में व्यय आदि। सरकार उन सरकारी सेवानिवृत्त नियोक्ता को भी पेंशन देती है। तब ब्याज भुगतान पर भी व्यय होता है। प्रति वर्ष भारतीय सरकार को व्यय के लिए धन उधार लेना पडता है। उस पर ब्याज भी देना पडता है।

सरकार स्वास्थ्य की अपेक्षा सुरक्षा पर कितना खर्चकरती है यह जनता की आवाज एवं सरकारी योजनाओं की प्राथमिकता पर निर्भर करता है। प्रतिवर्ष बजट के समय और जब एक बार बजट प्रस्तुत

SCERT TELANGANA

होते ही संचार विभाग के लिए यह विषय ध्यान का केन्द्र बन जाता है। जबकि सरकारी व्यय पर सरकार निर्णय करती है। सरकार एवं कारखाने समुह किसान समुदाय एवं सामाजिक सभ्य नेता आदि के बीच संवाद होता है। समुदाय जनता की आवाज एवं दृष्टिकोण माँग आदि को प्रस्तुत करते हैं और उसी समय सरकार के सामने अपनी अस्वीकृति भी प्रस्तुत करते हैं । इस प्रकार जनता के अत्यधिक दबाव के कारण सामाजिक क्षेत्र जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्यान्न क्षेत्र में छूट प्राप्त की है।

वैधानिक नियंत्रण के द्वारा बजट के विषय में सरकार पर भी दृष्टि रखी जाती है। संसद को बजट प्रस्तुत करने एवं लागू किएजाने से पहले कई चर्चाओं का आयोजन करना पडता है और सरकारी व्यय पर स्वीकृति प्राप्त करनी पडती है। संसद सरकार को व्यय के लिए धन प्राप्त करने की अनुमति देती है। उसी प्रकार संसद द्वारा कानून पारित किए जाने के बाद ही कोई भी कर लगाया जा सकता है। इसीलिए संवैधानिक आवश्यकता के अनुसार जनता के प्रतिनिधि बजट निर्माण चर्चा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।

- उपरोक्त जानकारी के आधार पर खाद्यान्न छूट दर पर सरकारी व्यय का योग कीजिए । क्यों और किसलिए इतना धन खर्च किया गया, चर्चा कीजिए।
- आपके अध्यापक की सहायता से विभाग-1मे सरकार के व्यय में भूमिका पर चर्चा कीजिए ।
- 1947-48 वर्ष में स्वतंत्र भारत का बजट रु.197 करोड था । उससे अब तक बजट में विकास के क्या कारण थे ?
- आप ऐसा क्यों सोचते है कि सरकारी बजट पर संसद को क्यो अधिकार प्राप्त है?
- सरकार द्वारा निरंतर उपाय खाद पर छूट दर दी गई है। इसका अर्थ है सरकार खाद पर नियंत्रण नही कर पा रही है। किसानों को उच्च बाजारी मूल्यों में खाद खरीदनी पडती है। आज सरकार को खाद उत्पादक कारखानों को हानि का भुगतान करना पडता है। एक बार यदि खाद पर से छूट दर हटा दी जाय दो यह सरकारी बजट में महत्वपूर्ण व्यय बन जाता है। कुछ यह भी चर्चाएँ होती है, कि छोटे किसानों के लिए यह योजना लाभकारी नही है, बल्कि केवल बडे किसान इसका लाभ उठाते हैं ।

  कल्पना कीजिए कि आप एक किसान है जो खेतों में खाद का उपयोग कर रहे हैं और आपको ऐसा विश्वास है कि एक किसान के लिए खाद छूट दर आवश्यक है। आप अपने विचार पर कैसे विवाद करेंगे? वित्त मंत्री को एक पत्र लिखिए ।

## कर

सरकारी आय का प्रमुख स्रोत कर है। सरकार विभिन्न प्रकार के कर प्राप्त करती है। आपने शायद कुछ के बारे मे सुना होगा जैसे वैट, (करों का मूल्यांकन) सेवा कर, निर्यात कर, आयकर, संपत्ति कर, आयात कर आदि । करों को प्रमुख रुप से दो भागों में विभाजित किया जाता है। प्रत्यक्ष कर एवं अप्रत्यक्ष कर।



SCERT TELANGANA


## अप्रत्यक्ष कर

अप्रत्यक्ष कर वस्तुओं एवं सेवाओं पर लगाया जाता है। आपने देखा होगा एमआरपी (अत्यधिक फुटकर कीमत) के साथ ही सभी करों के साथ लिखा होता है। इसका अर्थ है कर के साथ उसकी कीमत लिखी होती है। उसी प्रकार सेवाएँ जैसे दूर संचार (टेलीफोन) और मोबाईल फोन सेवा में उपभोक्ता कर से साथ भुगतान करता है।

कुछ उदाहरणो की सहायता से जानेंगे कि कर कैसे लगाया जाता है?

उत्पाद कर कारखानों मे उत्पादित वस्तुओं पर लगाया जाता है। कारखानों में वस्तुओं के बनने के पहले ही उन पर कर लगाया जाता है। वस्तुओं के उत्पादन पर बिक्री कर देना पडता है। उत्पादन के अनुसार कारखाने का मालिक या प्रबन्धक सरकार को कर देता है।

उत्पाद कर कारखानों द्वारा ही लगाया जाता है। परन्तु वास्तविक रुप से कर का बोझ वस्तु के मालिक उस वस्तु में कर की धनराशि को जोड कर ही वस्तु को बेचते हैं। एक टी.वी. को बनाने के लिए रु.10,000 लगते हैं। कंपनी ने सरकार को रु. 1200 बिक्री कर दिया है। जब टी.वी. को बेचा जाता है तो उसमें वह कर की राशि भी जोड दी जाती है और उपभोक्ता को उस कर का भार उठाना पडता है।




जब वस्तु की कीमत मे सभी कर राशि को जोड दिया जाता है तो वस्तु की कीमत बढ जाती है। उदाहरण के लिए एक साइकिल बनाने के लिए स्टील पाईप की आवश्यकता होती है। इस्पात बनाने के लिए लोहे और कोयले की आवश्यकता होती है। यदि लोहें पर उत्पाद कर लगा दिया जाय तो यह साइकिल पर भी प्रभाव डालेगा । लोहे से बनी सभी वस्तुओं पर उसका प्रभाव होता है। इस्पात बनाने के लिए लोहे का उपयोग होता है, इसीलिए इस्पात से बनने वाली सभी वस्तुओं की कीमत बढ जाएगी । इस प्रकार लोहे पर कर की बढोत्तरी पर दूर तक यह प्रभाव डालता है।

इस प्रकार विभिन्न कारखानों में उत्पादित मध्यम चरण वाली वस्तुओ पर कच्चे माल पर लगाए जाने वाले कर पर श्रृंखला रुपी प्रभाव होता है और सभी वस्तुएँ एक या दूसरे प्रकार से इससे जुडी होती है। उन सभी पर इसका प्रभाव होता है।

- पेट्रोल, डीजल आदि का उपयोग वाहन, मोटर पंप, जनरेटर आदि में होता है। यदि डीजल और पेट्रोल पर कर बढा दिया जाय तो क्या होगा ?

उत्पादन के पश्चात वस्तु श्रृंखला के समान विक्रेता (थोक व्यापारी,वितरण कर्ता, फुटकर व्यापारी) के पास जाती है। जब उत्पादन कर वस्तुओं के उत्पादन परलगाया जाता है तो वस्तु

SCERT TELANGANA

के विक्रय के समय बिक्री कर लगाया जाता है। अगली बार आप जब वस्तु खरीदोगे तो उचित रसीद पर आप वैट देखेंगे। आपके बिल पर वैट प्रभाव डालता है। फुटकर को इसे सरकार को चुकाना पडता है। आयात कर के समान फुटकर व्यापारी उपभोक्ता पर बिक्री कर लगाता है,जिससे उपभोक्ता को ऊँचे दाम चुकाने पडते हैं ।

चलो टी.वी. के पहले दिए गए उदाहरण को ही देखते हैं कि किस प्रकार कर कीमत में जोडा जाता है। सभी आँकडे रु.के रुप में है।

| | |
|---|---|
| निर्माण कर्ता के लाभ के साथ वस्तु की कीमत | 10,000 |
| क्रय कर (उत्पादर कर) | 1,200 |
| यातायात, गोदाम | 1,000 |
| फुटकर व्यापारी का लाभ | 1,000 |
| बिक्री कर | 1,650 |
| उपभोक्ता के लिए कीमत | 14,850 |

- टी.वी. के उदाहरण में किस अनुपात मे उपभोक्ता ने टी.वी. की कीमत में करचुकाया है?
- कर दिखाने वाले कुछ बिलों को जमा कीजिए। वस्तुओ पर लगाए जाने वाले करों की सूची तैयार कीजिए। आपके अध्यापक की सहायता से सेवाओं पर लगाए गए करों की सूची तैयार कीजिए । देखिए कि क्या अन्य प्रकार के कर भी जोडे गये है ं।
- यदि दो व्यक्ति एक ही प्रकार की वस्तु का निर्माण कर रहे है और उनमें से एक कर देने से छूट जाता है तो क्या यह उचित है? क्यों?
- यहि लोहे पर अधिक कर बढा दिये जाए, कैसे अन्य वस्तुओं पर उसका प्रभाव होता है? कुछ उदाहरण दीजिए ।

लाभ के रूप में अनुपात तथा एक वस्तु से दूसरी वस्तु में यह कर अलग-अलग होता है। उसी प्रकार एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में भी अलग होता है। याद रखने वाली महत्वपूर्ण बात यह है कि कीमत पर करों का तत्व प्रभाव डालता है। उसी प्रकार अधिकतर सेवाओं पर कर लगाया जाता है।, जिससे वस्तु की अंतिम कीमत में कर जोड दिया जाता है। सेवाओं पर लगाया जाने वाला कर सेवा कर कहलाता है। कुछ सामान्य सेवा कर के उदाहरण हैं। - स्पीड पोस्ट, टेलीफोन, मोबाईल, संचार, होटल, रेल यात्रा मे एसी श्रेणी या प्रथम दर्जा आदि ।

वस्तुओं पर लगाया जाने वाला एक बडा कर आयात कर है, यह किसी दूसरे देश से वस्तु के मंगवाने पर लगाया जाता है । उदाहरण के लिए एक व्यक्ति अपनी विदेश यात्रा से लौट रहा है और वह विदेश से एक कैमरा लाता है । देश में हवाई अड्डे पर उसे आयात कर देना पडता है। कई कारखानों में मशीन और कच्चा माल विदेशों से मंगवाना पडता है । इन सभी वस्तुओं पर भी आयात कर देना पडता है।

## अप्रत्यक्ष कर-वैट

- तारा, साईराम कम्प्यूटर से अपने विद्यालय के लिए दो हार्ट डिस्क लाती है। वैट के पहले बेचने की कीमत रु.5,000 थी । 5% की दर से उसमें वैट जोडा गया । वैट के जोडने के पश्चात वस्तु की कीमत में रु..250 जोडे गए । अर्थात वस्तु की बिक्री कीमत रु.5250 हो गयी ।



SCERT TELANGANA

- सजदा ने अपने घर के लिए इन्वर्टर खरीदा। दुकानदार ने सजदा के रसीद दी जिसमे यह लिखा था-
- जब प्रीति ने एलपीजी सिलेंडर की कीमत अदा की तो पाया कि रसीद में वैट के पास शून्य लिखा है। दिल्ली में LPG पर वैट नही लगाया जाता ।

| वस्तुएँ | कीमत (रु. में) |
|---|---|
| बैटरी | 9,165 |
| 12.5% की दर से वैट | 1,146 |
| कुल | 10,311 |

पिछले दशको से वस्तुओं पर लगने वाले कर को वैट में परिवर्तित कर दिया गया है। इसका अर्थ है कर में मूल्य जोडना । यह उत्पादन एवं विक्रय कर दोनों में जोडा गया है। चलिए इसके अर्थ को समझने के लिए निम्न उदाहरण को पढते हैं।

मान लीजिए कि एक बिस्कुट निर्माणकर्ता है। वह नियमित रुप से एक विश्वसनीय व्यक्ति से उत्पादन के लिए कच्चा माल खरीदती है। जिससे वह खरीदती है वह उसे रसीद देता है, जिसमें लिखा होता है।

| | वस्तु की कीमत | कर | कुल योग |
|---|---|---|---|
| कच्चा माल जैसे गेहूँ, आटा शक्कर आदि. | रु. 90 | 10 | रु. 100 |
| | | | |
| | | | |

अब वह बिस्कुट रु.450 में बनाती है। इसमें सभी दाम जोड दिए जाते हैं जैसे वस्तु की कीमत, श्रमिक एवं कर्मचारी का वेतन, कार्यालय एवं कारखाने का किराया आदि । वह रु.50 स्वयं के लाभ के लिए जोडती है। वह विक्रेता को बिस्कुट बेचती है। याद रखिए कि उत्पादन कर्ता को अपने उत्पादों को बेचने पर कर देना पडता है । मान लीजिए कि 10% की दर पर देना है । अब कितना कर उसे देना पडेगा?

प्राचीन व्यवस्था में सरकार को बिस्कुट उत्पादनकर्ता को रु.50 (अर्थात 500 रु.10% ) देना पडता था। इस प्रकार सरकार कुल रु. 10 + 50 कर के रुप में लेती थी । रु. 10 वितरण कर्ता (विक्रेता) को देना पडता था जो कि रसीद में वह लिखती थी ।

वैट पद्धति के अंतर्गत अब उत्पादनकर्ता केवल कर के रूप में वैट देता है। अंतिम कीमत रु.500 है। आंतरिक स्तर पर रु.100 (कच्चा माल) उत्पादन पर देना पडता है। वस्तु की कीमत में अंतर होता है। जो कि रु. 400 की थी । 10% की दर से उसे रु.40 कर देना पडता है। इस पद्धति में सरकार संपूर्ण तौर पर रु.10+ 40 =50 कर के रुप मे वसूल करती है।

आपने देखा कि उत्पादनकर्ता को वैट पद्धति के अंतर्गत कम कर देना पडता है, उत्पादन के वितरण पर उसे कर नही देना पडता है। कारखानों में उत्पादन होने वाली वस्तुएँ एक लंबी श्रृंखला से जुडी होती है और विभिन्न कारखानों मे उत्पादित वस्तुओं पर निर्भर करती है। इस कारण मध्यस्थ वस्तु पर वैट फिर से नही लगाया जाता । इस प्रकार इस पद्धति में वस्तु पर कुल कर कम हो जाता है और वस्तु की कीमत भी कम हो जाती है।

SCERT TELANGANA

- वैट कर (Value added tax) के बारे में आपका क्या अभिप्राय है? चर्चा कीजिए।
- रिक्त स्थान भरो : तारा, साजिदा और प्रीती के द्वारा की गयी खरीदी वस्तुओं पर ............... कर दर को दर्शाती है। (समान, भिन्न)
क्या आपको बता सकते हैं, ऐसा क्यों है?

वैट का एक और लाभ है। सभी उत्पादनकर्ता एवं व्यापारी को अपने क्रय एव विक्रय के वास्तविक रिकार्ड को रखना पडता है। सभी को उसका सही रिकार्ड के लिए वस्तुओं की खरीदी पर रसीद मांगना जरूरी है। इसी के आधार पर वे बता सकते हैं कि उन्होंने पहले ही कर चुका दिया है। कर विभाग (कर निरीक्षक) आसानी से विक्रेता और क्रयकर्ता के हिसाब को मिला कर देख सकता है। कर न देना, जो कि सानान्य है, अब कठिन हो जाता है।

## प्रत्यक्ष कर

हम वस्तु एवं सेवा के खरीदने, उपयोग पर कर देते हैं । हमने देखा कि कैसे उत्पादनकर्ता या व्यापारी वस्तु की अंतिम कीमत में कर जोडते हैं जो कि उपभोक्ता को चुकाना पडता है। जैसे कि उत्पादन एवं विक्रय के समय वस्तुएँ कई स्तरों से गुजरती है। प्रत्येक स्तर पर सरकार को कर देना पडता है. कैसे भी उपभोक्ता को ही कुल कर चुकाना पडता है। इसीलिए वस्तुओं एवं सेवाओं पर लगने वाला कर अप्रत्यक्ष कर कहलाता है। उपभोक्ता इसे अप्रत्यक्ष रुप से अदा करता है।

इसके साथ-साथा ऐसे कई कर होते हैं जे व्यक्ति पर सीधे लगाए जाते हैं जैसे व्यक्तिगत आय या व्यापार या कंपनी से लाभ प्राप्त करने पर । यह कर सरकार को व्यक्तिगत रुप से चुकाना पडता है, इसीलिए इन्हें प्रत्यक्ष कर कहते हैं ।

दो महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष कर हैं - आय कर एवं निगम कर

कंपनी जो व्यापार व कारखाने चलाती है, उन्हें कर देना पडता है । कंपनी या व्यापारो को अपने उत्पादनों एवं सेवाओं पर बेचने पर धन प्राप्त होता है। सभी खर्चो (कच्चा माल, वेतन आदि) को निकालने के बाद शेष धन कंपनी का लाभ कहलाता है। इस लाभ पर कंपनी को नियमानुसार कर देना पडता है।

आयकर व्यक्ति के व्यक्तिगत आय पर लगाया जाता है। विभिन्न स्रोतों से व्यक्तिगत आय प्राप्त होती है । जैसे भत्ता, वेतन, पेंशन, आदि । व्यक्ति बैंक में रखे धन पर भी आय प्राप्त कर सकता है। व्यक्ति को अपनी व्यक्तिगत संपत्ति से किराया भी मिल सकता है। जैसे घर का किराया । इन सभी को आय कहते हैं, जिस पर उन्हें कर देना पडता है। आय कर निर्धारित आय से अधिक आय पर ही लगाया जाता है । अर्जित आय पर प्रतिशत के अनुसार कर लगाया जाता है। जो अधिक आय कमाता है उसे कर के रुप में अधिक राशि देना पडता है।

SCERT TELANGANA

## आय पर न्यायसंगत रूप से कर प्राप्त करना क्या है ?

1. आप सोचते होंगे कि सभी को समान कर देना उपयुक्त है। तीन व्यक्तियों का अवलोकन कीजिए।

| व्यक्ति | कार्य | प्रति माह में आय (रुपये में ) | प्रति माह कर की मात्रा (रुपये में ) |
|---|---|---|---|
| ज्योति | प्रतिदिन भत्ता प्राप्तकर्ता | 1500 | 50 |
| आसिफ | विद्यालय शिक्षक | 8000 | 50 |
| नितेश | व्यापारी | 30,000 | 50 |

क्या यह वास्तविक रुप से तीनों व्यक्तियों द्वारा समान रुप से धन दिया जाना उचित है? ज्योति जो कि अपने बच्चों को संपूर्ण भोजन भी उपलब्ध नही करा पाती वह कर के रूप में रु.50 अदा करे ।

2. आप सोचते होंगे कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी आय से कुछ प्रतिशत कर के रुप में प्रदान करे। मान लीजिए यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी आमदनी को 10% अदा करे तो कुल कितना प्रत्येक व्यक्ति को देना होगा।

| व्यक्ति | प्रति माह की आय (रुपये में ) | प्रति माह कर की मात्रा (रुपये में ) |
|---|---|---|
| ज्योति | 1500 | |
| आसिफ | 8000 | |
| नितेश | 30,000 | |

क्या यह उचित है? अभी भी ज्योति के पास जीने के लिए संतोषजनक धन नही है। आसिफ के पास मकान की मरम्मत के लिए पैसा नही है। लेकिन नितेश के पास अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद भी बहुत धन होता है, यदि वह अपनी आमदनी पर 20% भी दे तो उसके पास बचता है।

3. करों को और न्यायसंगत बनाने के लिए आप कहेंगे कि एक निर्धारित धन राशि जैसे रु. 7000 आय के पश्चात कर देना चाहिए। आप यह भी कह सकते हैं धनी व्यक्ति अपनी आमदनी का अधिक अनुपात कर के रूप में अदा करे । उदाहरण के लिए -

| यदि आपकी आय | आप इतना कर दें |
|---|---|
| 7000 से कम | 0% |
| 7001 से 15000 | 10% |
| 15,001 से 25,000 | 20% |
| 25,000 से अधिक | 30% |

प्रत्येक व्यक्ति को कितना कर देना चाहिए बताइए -

| व्यक्ति | प्रति माह की आय (रुपये में ) | प्रति माह कर की मात्रा (रुपये में ) |
|---|---|---|
| ज्योति | 1000 | |
| आसिफ | 6000 | |
| नितेश | 20,000 | |

क्या यह उचित है?



SCERT TELANGANA

## करों में उचित व्यवस्था

समाज के अंकुश के अनुसार हमे किस प्रकार करों को निर्धारित करना चाहिए । यह उस पर निर्भर करता है। अधिकतर समाज यह अनुभव करता है कि कुछ लोगों के पास लाखों रूपया होता है और कुछ के पास खाने के लिए भोजन भी न हो यह उचित व्यवस्था नही है। सरकार को चाहिए कि धनी लोगोंसे अधिक कर प्राप्त करे और निर्धन पर कर न लगाया जाय या तो बहुत ही कम हो। जो कर वसूल किए जाते हैं वह गरीबों की स्थिति में सुधार लाने अर्थात उन्हें उचित अवसर एवं उचित जीवन स्तर प्राप्त करने में सहायक होते हैं। ध्यान दीजिए की यदि गरीबों की आय बढेगी तो कर अधिक वसूल किए जाएंगे।

ज्योति, आसिफ और नितेश के उदाहरण के अनुसार विश्व के कई देशों में सरकार उच्च आय वालों से उच्चा मात्रा मे कर प्राप्त करती है। आय कर नियम के अनुसार जिस व्यक्ति की आय अधिक होती है उसे अधिक कर अदा करना पडता है। जिनकी आमदनी अधिक न हो तो केवल कम कर ही अदा न करें, बल्कि अपनी आय का लघु अंश ही कर के रूप में अदा करें । आपने पिछले विभाग में पढा है कि हमारे देश में प्रत्यक्ष कर लगाए जाते हैं, बल्कि अप्रत्यक्ष कर जैसे वस्तुओं और सेवाओं पर लगने वाले कर से अधिक आय प्राप्त होती है। चाहे गरीब हो या अमीर, सभी को समान कर वस्तुओं के क्रय पर देना पडता है। गरीबों को चुभन का अनुभव होता है।

वस्तुओं एवं सेवाओं पर कर लागने पर गरीबों और अमीरों के बीच अंतर करना कठिन हो जाता है। कुछ वस्तुओं पर अधिक कर लगा कर उन्हें अलग किया जा सकता है। उदाहरण के लिए धान, दाले, सब्जियाँ, कपडा, केरोसीन, खाद्य तेल, खाद्य गैस आदि अत्यधिक आवश्यक वस्तुएँ है। गरीब हो या अमीर सभी इन वस्तुओं को खरीदते हैं, परन्तु गरीब अपनी अधिक आमदनी इन्हीं वस्तुओं को खरीदनें में खर्च करता है। कुछ ऐसी वस्तुएँ एवं सेवाएँ होती है, जिन्हें केवल अमीर ही खरीद सकता है जैसे कार, लैपटाप, एअर कंडीशन, होटलों में भोजन करना आदि । यह सब आलीशान चीजे गरीबों को प्राप्त करने में कठिनाई होती है। अमीर और गरीब में अंतर करने के लिए कर आवश्यक वस्तुओ पर नहीं बल्कि कीमती आरामदायी वस्तुओं पर लगाना चाहिए । (याद रखिए कि जो वस्तुएँ आज आरामदायी कहलाती है, वही आय बढने पर आवश्यक भी बन जाती है।)

समस्या यह है कि यह आरामदायी वस्तुएँ अधिक लोग नही खरीद सक्ते इसलिए उन पर कर लगाने से सरकार की आय में अधिक अंतर नहीं आता ।

यहाँ एक और समर्थन प्रस्तुत किया गया है कि सरकार को वस्तुओं और सेवाओ पर कर लगाते समय इस बात पर ध्यान देना आवश्यक होता है। कई वस्तुएँ ऐसी होती है जिसका व्यक्ति सीधे उपयोग नही करता, जैसे-डीजल, इस्पात, अल्युमिनियम, मशीन, ट्रक,ट्रक के पहिए आदि। इन वस्तुओं का उपयोग अन्य वस्तुओ के लाने ले जाने या बनाने के लिए किया जाता है। आप कल्पना कर सकते है कि कई ऐसे स्थानो उद्योग, कारखाने एवं व्यापारों में इनका उपयोग होता है। उपभोक्ता से इन्हें सीधे नही खरीदा जा सकता ।

हमने देखा कि डीजल, इस्पात आदि वस्तुओं पर कर में वृद्धि करने पर इनसे तैयार की जाने वाली वस्तुओं में यह धन जोड़ दिया जाता है। गरीब व्यक्ति जो खाद्यान्न या कपडा खरीदता है उसे डीजल या इस्पात पर भी कर देना पडता है। जब इन वस्तुओं पर कर लगाया जाता है तो अन्य वस्तुओं की कीमते अधिक हो जाती है। हमने कई बार व्यक्तियो को कहते सुना है-

*पेट्रोल और डीजल की कीमतो में वृद्धि से सभी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होती है। फल, सब्जियाँ, दाले और अन्य खाद्यान्न वस्तुएँ भी महंगी हो जाती है।*

इसी कारण सभी के लिए प्रति वर्ष यह प्रश्न समस्या उत्पन्न करता है कि कौन सा कर अधिक बढाया जाए ? वस्तुओ पर कर आसानी से प्राप्त किया जा सकता है, केवल आरामदायी वस्तुओं को छोडकर करो वाली वस्तुएँ गरीबों पर अधिक प्रभाव डालती है। करों का क्रियान्वयन एवं प्राप्त करना व्यक्ति के जीवन पर अधिक प्रभाव डालता है। आय पर लगाया जाने वाला कर अमीरों पर अधिक बोझ बनता है जो कि वास्तविक रुप से उचित है। परन्तु केवल आय कर से प्राप्त धन राशि सरकरी व्यय के लिए संतोषजनक नही होती। बजट में ये सारी बातें महत्वपूर्ण होती है। इसीलिए बजट का समय सभी के लिए विशेष महत्वपूर्ण होता है।

## कर प्राप्ति एवं करों में चोरी

सरकार विभिन्न करों के माध्यम से आय प्राप्त करती हैं । यह निर्णय लेना पडता है कि किस कर से कितना धन प्राप्त किया जाए । इसके लिए इसे मान्यता दी जाती है कि कितने व्यक्ति कर देने वाले है, क्या यह कर आसानी से प्राप्त किया जा सकता है, अमीरों एवं गरीबों पर इसका क्या प्रभाव पडता है? इससे संबंधित प्रश्न यह होता है कि क्या व्यक्ति कर दे रहे है या उससे बच रहें हैं।

- सरकार द्वारा दिये गये की करो के बारे मे हमने पढा है ।दी गई सूचना के आधार पर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए । आय कर 12%; निगम कर: 24%; आयात कर: 10%; निर्यात कर: 16%; सेवा कर: 5%; बिक्री कर: 23%; अन्य अप्रत्यक्ष कर:10%.

सरकार द्वारा प्राप्त कर

| कर | योग कर का प्रतिशत |
|---|---|
| प्रत्यक्ष कर | 36% |
| | |
| | |
| अप्रत्यक्ष कर | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| **करो का योग** | 100% |

किस प्रकार के कर सरकारी आय में अधिक प्रचलित है?

2. कान्ति की वार्षिक आय रु.1,75,000 है उसे प्रतिवर्ष रु. 3000 आय कर देना पडता है। कमलेश की वार्षिक आय रु. 3,00,000 है और उसे रु.5,500 आय कर देना पडता है।

- कौन अधिक आय कर देता है?
- किसे अपनी आमदनी का अधिकांश भाग कर के रुप में देना पडता है?
- इस स्थिति मे उच्च आय वाला व्यक्ति ________ (कम/ अधिक/ समान) आमदनी का भाग कर के रुप में देता है।

आप जानते हैं कि हमारे देश में कई लोग कृषि पर निर्भर करते हैं। उनमें से कई छोटे एवं मध्यम वर्ग के किसान होते है। कुछ किसान बडे और उच्च आय वाले होते हैं। कैसे भी कृषि आय करों से मुक्त होती है। उसी प्रकार देश में कई व्यक्ति व्यापार, दुकान या परिश्रम से बहुत कम आमदनी प्राप्त करते

SCERT TELANGANA

हैं। उनकी आय निर्धारित आय कर राशि के कम होती है। इस प्रकार कुल व्यक्तियों द्वारा दी जाने वाली कर राशि अत्यधिक कम होती है।

विशालतम जनसंख्या में से बहुत कम प्रतिशत मे से विभिन्न वर्गों के व्यक्तियों से कर प्राप्त किया जाता है। उदाहरण के लिए 1997 में 114 लाख व्यक्तियों को आय कर के अधीन घोषित किया गया। वे लोग देश के विभिन्न स्थानों में रहते है। कर प्राप्त करना कोई आसान कार्य नही है। इसके रास्ते में कई बाधाएँ आती है। कई लोग अपनी पूरी आमदनी नही बताते जो कि उनकी वास्तविक आय होती है। उस आय जो छिपा कर रखा जाता है, जो काला धन कहलाती है।

कई कारखाने के मालिक, साहुकार, व्यापारी जो निजी व्यापार करते हैं, आसानी से कम आमदनी बताते हैं। जिन्हें मासिक वेतन मिलता है, उसकी आमदनी को आसानी से जाना जा सकता है। परन्तु कई वेतन भोगी व्यक्तियों की विभिन्न प्रकार की आय भी होती है, जो वे छिपा कर रखते हैं। वैसे लोग चाहे वे श्रमिक,अधिकारी, मंत्री या क्लर्क ही क्यों न हो अपनी वास्तविक आमदनी नही बताते है। क्योंकि कृषि पर कर न होने के कारण कई अपनी आय भूमि से दिखाते है और करों से बचना चाहते हैं।

इस प्रकार कई करों की चोरी करने वाले और काली कमाई वाले हैं, जिस पर कि कर दिया जाना चाहिए परन्तु उसे जोडा नही जाता । इन काले धन वालों को पकडने आय कर विभाग अधिकारी व्यक्तियों के स्थानों पर छापे मारते हैं। यह भी प्रयास किया जाता है कि करों के भुगतान की प्रक्रिया सरल हो ताकि वे स्वयं इसे अदा कर सके। इन सबके बावजूद भी कई लोग कर नही देते हैं या कम अदा करते हैं ।

दूसरी ओर वस्तुओं पर कर आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। क्योकि इसे कम स्थानों से प्राप्त करना पडता है, निर्यात कर कारखानों से आयात कर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों एवं बंदरगाहों से तथा बिक्री कर व्यापारी एवं दुकानदारों से प्राप्त किए जाते हैं। व्यक्तिगक्त रुप से जो आय कर प्राप्त किया जाता है उसकी तुलना में सरकार कारखाने या दुकान का हिसाब रखने में सरलता का अनुभव करती है।

इसके बावजूद भी यहाँ कुछ ऐसे भी होते हैं जो वास्तविक उत्पादन से कम उत्पादन दिखाते हैं। बिक्री कर की चोरी विस्तृत क्षेत्र में की जाती है। कुछ व्यापारी सही रसीद नही देते या अपने रिकार्ड में उसे नही लिखते और वास्तविक बिक्री से कम दिखाते हैं। हमने इस अध्याय में वैट के बारे में पढा है जो कि वस्तुओं और सेवाओं पर लगने वाले करो की चोरी को कम करता है।

## मुख्य शब्द

1. वार्षिक बजट
2. काला धन
3. वैट कर
4. निगम कर
5. प्रत्यक्ष कर
6. अप्रत्यक्ष कर
7. आय कर



SCERT TELANGANA

## शिक्षा में सुधार

1. सरकार को बजट की क्यो आवश्यकता है? बजट में करों की चर्चा क्यों होती है? ($AS_1$)
2. आय कर एवं उत्पाद कर मे क्या अंतर है?($AS_1$)
3. आपको इस्पात,दियासलाई, घड़ियाँ, कपड़े, लोहे, आदि पर कर चुकाना पड़ता है। इनमें से किसी पर भी करो में वृद्धि का प्रभाव अन्य उपभोक्त वस्तुओं पर होता है - क्यों ?($AS_1$)
4. साधारण भोज्य पदार्थ, जैसे धान, दाले, तेल आदि का उपयोग सभी करते है। फिर ऐसा क्यों कहा जाता है कि इन पर लगाया जाने वाला कर गरीबों को अधिक प्रभावित करता है। ($AS_4$)
5. आय पर कर या वस्तुओं पर कर। दोनों में से कौन सा कर धनी लोगों को और कौन सा गरीब लोगों को अधिक प्रभावित करता है। कारण बताइए। ($AS_1$)
6. वस्तुओं पर लगने वाले करों की चोरी को वैट कैसे कम करता है? ($AS_1$)
7. उत्पाद कर और आयात कर में क्या अंतर होता है? ($AS_1$)
8. बसों के किराए में वृद्धि के कारणों का पता लगाइए। ($AS_4$)
9. प्रत्यक्ष कर का गद्यांश पढिए (आय कर केवल उन्हीं पर लगाया जाता है......) और उत्तर दीजिए :
   उच्च आय वाले अधिक कर का भुगतान क्यों करें ? ($AS_2$)
10. हमारी अर्थ व्यवस्था पर काले धन का क्या प्रभाव पड़ता है? ($AS_6$)

## परियोजना

कुछ साबुन, पेस्ट, दवाइयों की पन्नियाँ या दैनिक उपयोग वस्तुओं की पन्नियाँ जमा कीजिए। जिन पर एमआरपी लिखा हो। उस पर लिखे दाम और बेची जाने वाली कीमत पर चर्चा कीजिए। फुटकर व्यापारी के लाभ पर बातचीत कीजिए ।

SCERT TELANGANA

# अध्याय 12

# यूरोप में बदलती सांस्कृतिक परंपराएँ 1300-1800

आपने VII कक्षा में यूरोप के बारे में पढ़ा है। यूरोप के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं को याद करे का प्रयत्न कीजिए। यूरोप का मानचित्र देखिए और उसमें तुर्क, ग्रीस, इटली, स्पेन, जर्मनी, फ्रांस, हालैण्ड, ब्रिटेन आदि दर्शाइए।

इस अध्याय में हम महत्वपूर्ण सांस्कृतिक परिवर्तन के बारे में पढ़ेंगे जो चौदहवीं और सोलहवीं शताब्दी के बीच यूरोप में ही नहीं बल्कि संसार के अन्य भागों जैसे तुर्क, ईरान, भारत और उत्तरी आफ्रीका में हुए थे। 'संस्कृति' शब्द साहित्य, संगीत, नृत्य, चित्रकारी, शिल्पकला, वास्तुकला, धार्मिक विश्वासों और साथ ही विज्ञान जैसी मानव क्रियाओं के पहलुओं से संबंधित है।

- सिनेमा, इमारतों, धार्मिक विश्वासों, संगीत आदि कुछ पहलुओं में होने वाले परिवर्तनों के बारे में कक्षा में चर्चा कीजिए। आप अपने चारों ओर क्या परिवर्तन अनुभव कर रहे हैं? इन परिवर्तनों के क्या कारण हैं?

सभी कालों में संस्कृति निरंतर बदलती आ रही है। आज भी, आप हमारे सांस्कृतिक जीवन में तीव्र बदलाव का अनुभव कर सकते हैं।

ऊपर बताये अनुसार संस्कृति निरंतर परिवर्तित हो रही है। फिर भी चौदहवीं और सोलहवीं शताब्दी, अर्थात 1300 और 1600 CE के बीच होने वाले परिवर्तनों में कुछ विशेषताएँ है। सबसे पहले विभिन्न देशों के लोग अन्य देशों के लोगों से सीखने के लिए आतुर थे। दूसरे वे उस प्राचीन साहित्य की ओर वापस जाने लगे जिसे नयी बातें सीखने के चक्कर में लोग भूल रहे थे। साथ ही, वे यह समझ गये थे कि प्रत्येक मनुष्य खास और महत्वपूर्ण है और विश्व में उसका अपना तरीका है। कला के क्षेत्र में चित्रकारी और शिल्पकला के नये तरीके का विकास हुआ जो लोगों के क्षणिक मिज़ाज और भावनाओं को आकर्षित कर लोग, प्रकृति और आस-पास के वास्तविक वातावरण का विस्तारपूर्वक वर्णन करने का प्रयत्न किया। ये उस समय होने वाले कुछ नये विकास थे। ये परिवर्तन महत्वपूर्ण थे क्योंकि नयी संस्कृति ने लोगों को नये प्रकार से सोचने का विश्वास दिलाया जिसे हम आधुनिक सोच कहते हैं।

**यूरोपीय इतिहास के काल**

| | | |
|---|---|---|
| 400 CE तक | - | प्राचीन काल |
| 400 CE से 1300 CE | - | मध्य काल |
| 1300 से 1800 CE | - | पूर्व आधुनिक काल |
| 1800 से आज तक | - | आधुनिक काल |

ऊपर दर्शाये गये वर्ष करीब-करीब है। विभिन्न इतिहासज्ञ, विभिन्न वर्गीकरणों का उपयोग कर सकते हैं।


## प्राचीन और मध्यकाल में यूरोप

लगभग 400 CE के प्राचीन काल तक यूरोप पर रोम साम्राज्य का नियंत्रण था। यूरोप के अधिक भाग तुर्क और मिश्र पर लंबे समय तक रोमन साम्राज्य का नियंत्रण था। इस काल में वहाँ रोम और अलेग्जेंडरिया जैसे कई बड़े शहर थे। युनान के दूवारा



SCERT TELANGANA

जो संस्कृति विकसित हुई उन्होंने उसे आगे बढ़ाया। चित्रकला, मूर्तिकला,भवन निर्माण के साथ साहित्य, दर्शन और युनान और रोम के विज्ञान असाधारण रूप से समृद्ध थे। आपने महान विचारक सोक्रेट, प्लेटो और अरस्तू और ग्रीक के गणितज्ञ यूक्लिड और पैथोगोरस के बारे में सुना होगा। उन्होंने अपने चारों ओर के मनुष्यों, समाज और विश्व के बारे में सावधानीपूर्वक अध्ययन किया और उसे और अधिक समझने का प्रयत्न किया।



*Socrates Marble Roman artwork 1st century – A great Greek thinker who encouraged the youth to question everything and examine everything logically.*

रोमनों ने भारत जैसे सुदूर देशों के साथ व्यापार किया। वास्तव में हमे भारत के प्राचीन शहरों में बड़ी संख्या में रोमन सिक्के भी प्राप्त हुए हैं। उन्होंने अधिक स्तर तक हमारी कला को भी प्रभावित किया है, विशेषतः उत्तर पूर्वी भारत में ग्रीक और रोमन समाज गुलामों - ऐसे लोग जिन्हें युद्ध के पकड़ा जाता था और खरीददार को बेचा जाता था, के शोषण पर आधारित था। वे खेतों, खानों और घरों में कार्य करते थे। रोमन साम्राज्य के स्वतंत्र नागरिक जिनके पास पर्याप्त अधिकार थे सीनेट के चुनाव में वोट देते थे।

फिर भी, 400 CE के पश्चात रोमन साम्राज्य का पतन हो गया। 400 CE से 1300 CE के बीच का काल मध्य काल कहलाता है। इस काल में पश्चिमी यूरोप में कोई बड़े साम्राज्य नहीं थे। बड़े शहरों का भी पतन हो गया था और अधिकांश लोग गाँवों में रहने लगे थे। वाणिज्य के दशा भी दयनीय थी। संपूर्ण व्यवस्था में राजनैतिक अधिकार बड़े जमींदारों (जो युद्ध - भूपति) के हाथ में होती थी, जो गाँव वालों और किसानों पर अधिकार चलाते थे। सामंतवाद में किसानों का दर्जा सबसे नीचा था। उन्हें सर्फ (Serfs) कहा जाता था जिसका अर्थ है खेतिहर मजदूर । ये अपने अधिपति के बंधक होते थे, उनकी भूमि पर खेती करते थे, उनकी कार्यशाला में काम करते थे, साथ ही उनकी ओर से युद्ध भी करते थे। उनके अपने खेत भी होते थे, जिसमें भी वे काम करके अपने परिवार का पालन पोषण करते थे । शासक निरंतर एक दूसरे के साथ युद्ध में रत रहते थे। इसके कारण किसानों में असुरक्षा की भावना होती थी और वे संरक्षण के लिए भूपतियों पर निर्भर रहते थे। छोटे शासक बड़े शासकों को अपनी सेवाएँ प्रदान करते थे जो उन्हें संकट के समय संरक्षण का अश्वासन देते थे। इस प्रकार निर्भरता और अधिकार के बंधन द्वारा सभी लोग एक दूसरे से जुड़े हुए थे।



*Coat of arms/emblem of the Pope which was dominant during medival period*

लगभग 100 CE के समय - प्रथम शताब्दी में ईसाई धर्म ऊभर कर आया। रोमन साम्राज्य द्वारा अपनाये गये प्राचीन धर्म का स्थान हडप कर यूरोप का प्रभावशाली धर्म बन गया। रोमन कैथोलिक चर्च लोगों के धर्म और संस्कृति पर काबू करने लगा था और लोगों को रोम साम्राज्य की संस्कृति से दूर करने का प्रयत्न कर रहा था। चर्च लोगों को स्वयं के बारे में सोचने के लिए निरुत्साहित कर रहा था और उन्हें

- सुकरात, अरस्तू, पैथोगोरस आदि यूनान के कुछ महान विचारकों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का प्रयत्न कीजिए। आपके विचार में चर्च ऐसा क्यों चाहते थे कि लोग अपने बारे में न जान पायें?
- मध्यकाल में गुलामी में गिरावट आ गयी थी किंतु फिर भी लोगों को अपनी पसंद का कार्य करने की स्वतंत्रता नहीं थी ....... क्या आप इसका कारण बता सकते हैं?
- आपने कक्षा VIII में जमींदारी प्रथा और हैदराबाद राज्य की वेट्टी (Vetti) के बारे में पढ़ा है। इसकी तुलना युरोप में 'दासवृत्ति' (Serfdom) से कीजिए।

पादरी की बातों पर विश्वास करने पर ज़ोर दे रहा था। यूरोप में जैसे-जैसे सामंतवाद बलशाली बनता गया, प्राचीनकाल की महान सांस्कृतिक उपलब्धियाँ धीरे-धीरे धूमिल पड़ गयी और फिर विलीन हो गयी। बगैर कोई प्रश्न उठाये लोग इसाई मान्यताओं को अपनाने लगे। चर्च उन्हें भौतिक संस्कार और मानव के बारे में सोचने के लिए निरूत्साहित कर रहे थे। इसके बदले वे इन्हें स्वर्ग, महात्माओं और भगवान के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित कर रहे थे।

## मध्यकालीन एशिया

मज़े की बात है कि, अधिकतर एशिया में सब कुछ भिन्न था। अरेबिया, पर्शिया, इराक और उत्तरी अफ्रीका में इस्लाम धर्म फैल रहा था और नयी राजनैतिक शक्तियाँ दिखलायी दी। भारत में अनेक शहरों के साथ-साथ कई छोटे साम्राज्य प्रकट हुए थे। तेरहवीं शताब्दी के आरंभ में उत्तरी भारत में तुर्की शासन की स्थापना हुई। इन सब का अर्थ यह है कि शासक, सैनिक, व्यापारी, विद्वान, धार्मिक लोग, कलाकार, शिल्पी, आदि नयी चीजों को सीखने और नयी चीजों बनाने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान जा रहे थे। वास्तव में यह एशिया का सीखने और सृजनात्मकता का महाकाल था।

अरबों ने अपने साम्राज्य की स्थापना ऐसे क्षेत्र में की थी जो चीन, भारत, ईरान, आफ्रीका और यूरोप जैसे कई महान संस्कृतियों का विच्छेदन था। वे इन सभी स्थानों से पुस्तकें और विचार लेकर आये और फिर उनका अनुवाद अरबी भाषा में किया तथा उसमें नये अंश जोड़े। उन्होंने अत्यंत दूरस्थ देशों जैसे इटली, भारत और चीन के साथ व्यापार किया। उन्होंने महाद्वीपों में निरंतर सामान भेजने की प्रणाली का विकास किया। उन्होंने बड़े क्षेत्रों पर अपना आधिपत्य स्थापित किया और केन्द्रीय राजनैतिक व प्रशासनिक प्रणाली का विकास किया। उनके विद्वानों ने भारत, चीन और यूरोप की प्राचीन पुस्तकों का उपयोग कर विज्ञान, दर्शन, गणित और धर्म का अध्ययन किया।

1550 में तुर्क, ईरान एवं भारत में तीन महान साम्राज्य उभरे-तुर्क में ओटोमान, ईरान में सफ़ाविद तथा भारत में मुगल। इसी पृष्ठ भूमि में सांस्कृतिक बदलाव भी यूरोप में शुरु हुआ ।

## प्रारंभिक आधुनिक काल

1300 ई.पू. के पश्चात यूरोप में स्थितियों में बदलाव आना आरंभ हो गया। किसानों ने दासवृत्ति, जमींदारों के आधिपत्य और चर्च के वर्चस्व का विरोध करना और उसके विरुद्ध संघर्ष करना आरंभ कर दिया। उदाहरण के लिए 1381 में इंग्लैण्ड में किसानों की बड़ी क्रांति हुई जिसने किसानों के दासत्व को समाप्त कर दिया। ऐसे ही आंदोलन अन्य देशों में भी होने लगे। शासकों और चर्च का लोगों पर नियंत्रण धीरे-धीरे कम होने लगा और लोग स्वतंत्रता का आनंद उठाने लगे। यूरोपीय देशों और चीन, अरब, भारत और मिश्र के बीच दूरस्थ व्यापार फिर से आरंभ होने लगे।

यूरोपीय देशों में इटली प्रथम था जिसे शहरीकरण और व्यापार से लाभ हुआ था। कई नए शहरों व नगरों का उदय हुआ जहाँ व्यापारी और शिल्पकार रहते थे। इनमें से कई नगर राजनैतिक रूप से स्वतंत्र

SCERT TELANGANA

थे और नगरपालिकाओं द्वारा शासित थे। इनमें से दो - फ्लोरेंस और विनस गणराज्य (रिपब्लिक) थे तथा कई अन्य नगर पर राजकुमारों का शासन था।

वेनिस इटली के शानदार शहरों में से एक था और दूसरा था जिनेवा। ये यूरोप के दूसरे भागों से भिन्न थे क्योंकि चर्च और शक्तिशाली सामंतवादी शासक यहाँ राजनैतिक रूप से प्रभावशाली नहीं थे। धनी व्यापारियों और महाजनों ने भी शहर का शासन चलाने में सक्रिय रूप से भाग लिया और इससे नागरिकता की भावना का निर्माण हुआ। लोगों को इस प्रकार के शहर के नागरिक होने में गर्व महसूस हुआ।

बड़ी संख्या में विद्वान, कलाकार और शिल्पकार इन नये उभरते नगरों से रोजगार और संरक्षण की खोज में आये। इन शहरों के नये अमीर लोग कला और निर्माण के संरक्षक के रूप में नाम कमाना चाहते थे। एक बात यह भी थी कि, इनमें से कुछ महत्वपूर्ण संरक्षक चर्च के शक्तिशाली सदस्य जैसे- पोप, कार्डिनल और बिशप थे।

व्यापारी, शिल्पकारों, विद्वानों और कलाकारों ने दूर-दूर तक यात्रा की ओर उनमें से कई दूरस्थ स्थानों जैसे मिश्र, तुर्क और पर्शिया में रहे। उन्होंने वस्तुओं और विचारों का आदान-प्रदान किया और वहाँ की संस्कृति से बहुत कुछ सीखा। इस प्रकार, सभी देशों में नये विचार लाने में सफल हुए।

- आपके विचार में व्यापारी शहरों के विकास में किस प्रकार सहायक हुए?
- क्या आपके विचार में गाँवों की अपेक्षा शहरों में अधिक, जानकारी प्राप्त करने और नये प्रयत्न करने की संभावना अधिक है?
- क्या आपने दूरस्थ प्रदेश के लोगों को अपने आस-पास के स्थानों में रहते देखा है? वे किस प्रकार एक स्थान से दूसरे स्थान विचारों को पहुँचाने में सहायक होते है? चर्चा करते हुए उदाहरण दीजिए।

## मानवतावाद

1300 के आस-पास या उससे भी पहले यूरोप के विद्वानों में प्राचीन लैटिन और यूनानी साहित्य पढ़ने के लिए एक नया आंदोलन आरंभ हो गया था। ये विज्ञान, व्यापार, नगरीकरण और नये राज्यों के उद्‌भव व रोजगार के लिए नये अवसरों के कारण उत्पन्न नयी चुनौतियों से प्रेरित थे। इन्होंने प्राचीन लैटिन साहित्य का अध्ययन किया और अनुभव किया कि इससे लोगो को सही और प्रभावपूर्ण भाषा का उपयोग करने और व्यवस्थित ढंग से सोचने में मदद मिलेगी। यूनानी या रोमन साहित्य तथा कला से संबंधित किताबों, मुख्य रूप से व्याकरण, तार्किक, काव्य, दर्शन और इतिहास से संबंधित किताबों का अध्ययन 'मानवतावाद' या 'मानवदावादी अध्ययन' कहलाता था। पैट्रार्च को इटली का आरंभिक मानवतावादी माना जाता है। वह अपने देश के लोगों की त्रुटिपूर्ण भाषा से असंतुष्ट था और उसने लिखने के सही ढंग का पता लगाने के लिए रोमन साहित्य तथा कला से संबंधित प्राचीन किताबों का अध्ययन आरंभ कर दिया। धीरे-धीरे उसे विश्वास होने लगा कि ये पुस्तकें केवल भाषा के सही उपयोग को जानने के लिए ही नहीं बल्कि संसार को समझने व सोचने के लिए, मस्तिष्क को प्रशिक्षित करने के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। 1453 CE में ओटोमन सुल्तान मेहमद II ने कॉसटेंटीनोपल शहर पर विजय प्राप्त की। इस शहर में बड़ी संख्या में प्राचीन ग्रीक पुस्तकें और उनका अध्ययन करने वाले विद्वान मौजुद थे। तुर्कों ने उनका अनुवाद अरबी और तुर्की भाषा में करवाया। इनमें से कई लोग पुस्तकों के साथ इटली चले गये।



SCERT TELANGANA

प्लूटो, अरस्तू, आदि की प्राचीन ग्रीक पुस्तकों का अध्ययन अब मानवतावादी अध्ययन का महत्पूर्ण अंग बन गया है।

मानवतावादी समझ गये थे कि इस प्रकार का अध्ययन युवाओं को वैचारिक क्षमता और अनुवाद पत्र लेखन, भाषण तैयार करना, न्यायालय में केस की सुनवायी, व्यापार में सौदा करने, कूटनीति जैसे व्यावहारिक कौशलों दोनों में सक्षम बनाता है। शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए मुद्रण की नयी तकनीकी का प्रकाशन एवं प्राचीन पुस्तकों की उपलब्ध करवाया। गौर करने वाली बात यह है कि मानवतावादियों ने प्राचीन शास्त्रीय भाषा जैसे ग्रीक या लैटिन में लेखन को बढ़ावा न देकर इटली, अंग्रेजी और फ्लेमीश आदि आम लोगों द्‌वारा बोली जाने वाली भाषा में ही लिखा। मानवतावादी अध्ययन प्राचीन काल के अध्ययन से किस प्रकार भिन्न था। प्राचीन काल मे अध्यापन अधिकतर धार्मिक बातों पर महत्व देता था और विद्‌वान चर्च के विरुद्ध अपने विचार व्यक्त करने से डरते थे। अब अध्यापन मानव से संबंधित बातों, उनके जीवन और प्रेम, उनके विचारों, उनकी राजनैतिक प्रणाली और आर्थिक जीवन पर प्रकाश डालता है। प्राथः विद्वान, यहाँ तक कि वे विद्वान भी जो चर्च पर निर्भर थे, चर्च के विरुद्ध लिखने लगे। उदाहरण के लिए वेल्ला नामक एक लैटिन विद्वान ने चर्च के कुछ दस्तावेजों को पढ़ा जो कॉंस्टेटाइन के शासक द्‌वारा कुछ शक्तियाँ प्रदान करने का दावा करते थे। उसने यह साबित कर दिया कि चर्च ने अपना स्तर बढ़ाने के लिए जालसाज़ी की है। नैदरलैण्ड के एक मानवतावादी इरासमस ने मूल ग्रीक भाषा की बाईबल के नयी घोषणा जैसे प्राचीन ग्रीक इकाईयों के लेखों का अध्ययन किया और चर्च द्‌वारा बाईबल के अनुवाद में की गयी त्रुटियों की ओर संकेत किया। उसने चर्च की कुछ मान्यताओं की आलोचना की तथा कहा कि ये अंधविश्वासों पर आधारित हैं।

एक अन्य विद्‌वान मैचिवेली, जिसकी पुस्तक 'द प्रिंस' (1513CE) ने उस समय की यथार्थ राजनीति का अध्ययन किया और आचार या नैतिकता से बिना किस प्रकार संपूर्ण शक्ति प्राप्त की जाय इसकी सलाह शासकों को दी। इस प्रकार हम देखते हैं कि भाषा और विचारों को अधिक प्रभावशील और सुसंस्कृत बनाने के लिए प्राचीन साहित्य के अध्ययन के साथ मानवतावाद का आरंभ हुआ लेकिन धीरे-धीरे यह मानव के वास्तविक संसार के अध्ययन की ओर मुड़ गया और चर्च का विरोध करने लगा। इसका अंतिम प्रभाव न केवल उदारवादी शिक्षा को बढ़ावा देना था बल्कि विद्‌वानों और बुद्धिजीवियों को स्वायत्तता भी प्रदान करना था।

- मानवतावादी कौन थे और वे क्या सीखाते थे?

## कलाकार और वास्तविकतावाद

मानवतावाद का प्रभाव कला और स्थापत्य पर भी पड़ा। दृश्य कलाओं और चित्रकला और शिल्पकला के क्षेत्र में कलाकारों ने प्राचीन ग्रीक और रोमन कला और स्थापत्य का अध्ययन किया और उनसे प्रेरणा प्राप्त की। उन्होंने कई शताब्दियों पूर्व पुरुषो और महिलाओ के 'एकदम सही' आकार वाली मूर्तियों की प्रशंसा की। इटली के मूर्तिकार इस परंपरा को चालू रखना चाहते थे। उन्होंने ईरानी और चीनी कला और शैली का भी अध्ययन किया। वे उनके द्‌वारा उपयोग में लाये गये रंगों की शोभा से अत्यंत प्रभावित हुए और वे उस रंग बनाने के सामान का आयात करने के लिए आतुर थे। उन्हें अपने आसपास की प्रकृति, लोगों और स्थानों का अवलोकन करने और उसे यथार्थ रूप में अपनी चित्रकारी और मूर्तिकला में दर्शाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके लिए उन्होंने वैज्ञानिकों के कार्यों की सहायता ली। हड्डियों की संरचना का अध्ययन करने के लिए कलाकार चिकित्सा विद्यालय की प्रयोगशाला गये।



SCERT TELANGANA

पडुआ विश्वविद्यालय में चिकित्सा का एक बेल्जियम प्रोफेसर, एंड्रिस वैसिलियस (1514-64) मानव शरीर की चीर फाड़ करने वाला प्रथम व्यक्ति था। यह आधुनिक शरीर विज्ञान का आरंभिक काल था। लियोनार्डो दा विंस जैसे कई कलाकारों ने मानव शरीर रचनाशास्त्र का अध्ययन किया ताकि वे चित्रों और मूर्तियों को वास्तविक रूप दे सकें।

"कला" तो प्रकृति के अंदर छुपी है, जो इसे बाहर निकाल सकता है, उसी के पास यह होती है.............आपकी कला का रूप जीवन से जितनी अच्छी तरह से जुड़ा होगा, उतनी ही बेहतर यह दिखाई देगा। कोई भी मनुष्य केवल अपनी कल्पना से सुंदर चित्र नहीं बना सकता, जब तक वह जीवन में उसका प्रतिरूप ग्रहण करके उसे अपने मस्तिष्क में अच्छी तरह से बैठा नहीं लेता **--अल्ब्रेक्ट ड्यूरर (1471-1528)**



*ड्यूरेर द्वारा बनाया गया यह चित्र (जुडे हुए हाथ) हमें सोलहवीं शताब्दी का ज्ञान कराता हैं। वे लोग पक्के धार्मिक थे, पर साथ ही उनमें मनुष्य की योग्यता पर विश्वास था कि वह पूर्णता को प्राप्त कर सकता है और संसार और ब्रह्मांड के रहस्यों को खोल सकता है।*

चित्रकारों को यह समझ में आया कि रेखागणित के ज्ञान से परिप्रेक्ष्य को समझने में उन्हें सहायता मिलती है। उन्हें यह भी समझ में आ गया कि प्रकाश के परिवर्तन की प्रकृति को समझ कर, उनके चित्रों ने त्रि-आयामी रूप प्राप्त किया है।


चित्रकारी के लिए ऑयल पेंट के उपयोग ने चित्रकारी में रंगों को शोभा प्रदान की। कई चित्रों में वेशभूषा के रंग और ड़िजाइन में चीन और ईरानी कला के प्रभाव के प्रमाण दिखायी पड़े हैं। इस प्रकार नये विषय जैसे शरीर विज्ञान, रेखागणित, भौतिक शास्त्र साथ ही सुंदरता को पहचानने का ज्ञान आदि की सहायता से 'वास्तविकता वाद' नामक एक नये प्रकार की इटालियन कला का विकास हुआ। वास्तविकतावाद उन्नीसवीं शताब्दी तक चलता रहा।



चित्र. *12. 1: माइकिल एंजिलों द्वारा बनाई गई मूर्ति द पीटा मे मेरी द्वारा ईसा के शरीर को अपने गोद में लिया हुआ दर्शाता*

इस प्रकार पुनर्जागरण कला सामंतवादी समय में चर्च के द्वारा प्रचारित धार्मिक कला से अत्यधिक भिन्न थी। धार्मिक कला धार्मिक विषयों पर बल देती

*परिप्रेक्ष्य :* एक चित्र पर विभिन्न वस्तुओं को प्रदर्शित करने का तरीका जिससे व्यक्ति चित्र की गहराई को महसूस कर सके। ऐसा आगे की वस्तुओं को बड़ा और पीछे की वस्तुओं को छोटा दर्शा कर किया जाता है।



मोनालिसा

लियोनार्डो दि विन्सी (1452-1519) की वनस्पति शास्त्र और शरीर विज्ञानसे लेकर गणित और कला सभी में बहुमुखी रूचियाँ थी। उसने मोनालिसा और द लास्टसपर की चित्रकारी। उसका सपना था कि वह पक्षियों की तरह उड़ सके। उसने अपने जीवन के अनेक वर्ष उड़ते हुए पक्षियों का निरीक्षण करने में बिताए और एक उड़ने वाली मशीन का नमूना तैयार किया। वह अपने हस्ताक्षर 'लियोनार्डो द विंसी, प्रयोग का शिष्य' के नाम से करता था।

थी और अपने कुछ आदर्शों के अनुसार लोगों और वस्तुओं को चित्रित करता था। कला को आसपास की वास्तविकता की अपेक्षा काल्पनिकता को प्रदर्शित करना पड़ता था। प्रदर्शित करना पड़ता था। अब पुनर्जागरण के कलाकारों ने अपने आसपास के विषयों, ग्रीक और रोमन साहित्य से, अनुभवों का प्रदर्शन, मानव के अधिकार और बल को चित्रित करना आरंभ किया। अचरज की बात यह थी कि चर्च ने भी इस नयी कला को प्रोत्साहित किया। पोंप और चर्च के दूसरे अधिकारियों ने अपने लिए चित्र बनवाने के लिए चर्च का नक्शा और विशाल विद्यालय बनवाने के लिए माइकेल एंजिलो और रफेल जैसे महान कलाकारों को बुलवाया। कलाकारों ने पोप और बिशप के लिए चर्च और स्मारक भी बनाये और मख्य गिरजाघर और चर्चों का नमूना भी तैयार किया तथा उनकी दीवारों को चित्रकारी से भर दिया जो आज उत्तम चित्रकारी में से एक मानी जाती है।

लेकिन पुनर्जागरण काल के कलाकारों ने गरीबों के जीवन और उनके दुःखों के प्रति कम रूचि दिखायी। दूसरी ओर वे अमीर, शक्तिशाली और सफल लोगों की अपनी कला द्वारा दर्शाने में रुचि रखते थे।

- कलाकारों के लिए वस्तु को उसी प्रकार चित्रित करना आवश्यक है, जैसी वे हैं। अर्थात असलियत में कारण बताइए।

  क्या आपने किसी प्रसिद्ध कलाकार की चित्रकारी देखी है? यदि हाँ, तो इसके बारे में अपने सहपाठियों से बातचीत कीजिए। वास्तविकता क्या थी? इससे आपके मस्तिष्क पर क्या प्रभाव पड़ा?
- आप ऐसा क्यों सोचते है कि पोप और पादरियों ने नई कला को प्रोत्साहित किया?

## वास्तुकला

हमने पहले पढ़ा है कि यूरोप की समृद्ध संस्कृति और कला सामंतवाद के विकास के साथ धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही थी। लेकिन पंद्रहवीं शताब्दी में रोम शहर को एक शानदार नवजीवन मिला । पोप ने रोम के इतिहास का अध्ययन करने के लिए लोगों को सक्रिय प्रोत्साहन दिया गया । भवन निर्माताओं ने पुरानी रोमन इमारतों के खंडहरों का अध्यनन किया ताकि प्राचीन रोमन शैली को पुनर्जीवित कर सके। प्राचीन रोमन वास्तुकला मे भवनों मे ऊँचे स्तंभों, मेहराबों और गुंबदों का उपयोग होता था। इससे वास्तुकला में एक नयी शैली का पुनर्जन्म हुआ। पोप, धनी व्यापारियों और शिष्टजनों ने ऐसे शिल्पकारों को जो शास्त्रीय वास्तुकला (classical architecture) से परिचित थे, नियुक्त किया । कलाकारों और शिल्पकारों को इमारतों को चित्रकारी, शिल्प और नक्काशी से सजाने के लिए भी कहा गया। एक और स्मरणीय परिवर्तन यह आया कि कलाकारों को उनके व्यक्तिगत नामों से जाना जाने लगा न कि किसी समूह या समाज के सदस्यों के रूप में, जैसा कि पहले होता था ।

कुछ व्यक्ति वास्तुकला, चित्रकाल और शिल्पकला में समान रूप से निपुण थे । सबसे प्रभावशाली उदाहरण माइकल एंजिलों (1475-1564) है। उसकी सबसे प्रशंसनीय कृति पोप के लिए सिस्टीन चैपल

SCERT TELANGANA



*चित्र. 12.2: रोम का सेंटपीटर  स्क्येर और सभागृह । इस चर्च और उसके सामने के दरबार हाल का नमूने को कलाकारों ने तैयार किया जिनमें माइकल अंजोलो और बर्नीनी शामिल है । इसमें प्राचीन रोम के कई वास्तुकला संबंधित विचारों का उपयोग हुआ है।*

(sistinechapel) की छत पर बनायी गयी चित्रकारी और 'द पीटा' नाम की मूर्ति तथा सेंट पीटर्स चर्च का गुम्बद इसकी अमर कृतियाँ हैं। ये सभी रोम में हैं।

- सोलहवीं शताब्दी के इटली के कलाकारों की कला में व्याप्त विभिन्न वैज्ञानिक तथ्यों का वर्णन करो।
- अपनी चित्रकारी और मूर्तिकला में वास्तविकता लाने के लिए कलाकार क्या प्रयत्न करते थे?

## छापाखाना

यदि दूसरे देश के लोग महान कलाकारों की चित्रकारी, मूर्तियाँ या भवनों को देखना चाहते थे तो उन्हें इटली की यात्रा करनी पड़ती थी। पर जहाँ तक लिखित कार्य का प्रश्न है, इटली में जो कुछ भी इटली में लिखा गया वह दूसरे देशों में पहुँचा। सोलहवीं शताब्दी की महानतम क्रांति - छपाई की तकनीक में प्रवीणता के कारण हुई।



*जोहेन्सवर्ग गुटनवर्ग*

पहले लेख और पुस्तकें केवल कुछ हस्तलिखित प्रतियों के रूप में ही पायी जाती थीं। सर्वप्रथम चीन के लोगों ने कागज बनाने और ठप्पे से छापने की तकनीक को विकसित किया। 1455 में, जर्मनी के जोहेन्स गुटन बर्ग (1400-1458) ने चलायमान छापाखाना बनाया। जितने समय में केवल एक प्रतिलिपि लिखी जा सकती थी उतने समय में उसने बाईबल की १५० प्रतियाँ छापी। इन नई तकनीक ने बुद्धिजीवियों के संसार को परिवर्तित कर दिया। छपी हुई पुस्तकें उपलब्ध होने के कारण उन्हें खीरदना संभव हो गया। छात्रों को शिक्षकों के व्याख्यापनों पर ही निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं रही। पहले से अधिक तेजी से विचार, आशय और सूचनाएँ पहुँचने लगी। नये विचारों का प्रवर्तन करने वाली पुस्तकें शीघ्रता से सैकड़ों पाठकों के पास पहुँच गयी। अपने लिए स्वयं की पुस्तक खरीदना संभव होने के कारण प्रत्येक व्यक्ति के लिए पुस्तके पढ़ना संभव हो गया। इससे लोगों में पढ़ने की आदत का

- लगभग इस समय तक भारत में छापाखाना नही था। कल्पना कीजिए कि कृष्णदेव राय ने एक पुस्तक लिखी। आपके विचार से यह भारत के विभिन्न भागों के विद्वानों तक किस रुप में पहुँची होगी ?
- आपके अनुसार छापने की तकनीक और छापेखाने के निर्माण की राजाओं और पुजारियों पर क्या प्रतिक्रिया हुई होगी ? क्या उन्होंने इसका स्वागत किया होगा या वे इसको लेकर चिंतित हो गये ?

- पुनर्जागरण को एक नया युग माना गया, क्योंकि लोगों से लगा कि सुख-सुविधाएँ जमा करना और आनंद उठाना तो कोई अनुचित नहीं है। अपने स्वार्थ के लिए कुछ करना उचित है। यह धार्मिक शिक्षाओं के विरुद्ध था। जिसमें यह बताया जाता था कि मनुष्य को निस्वार्थी होना चाहिए और धन तथा सुविधाओं से दूर रहना चाहिए।

विकास हुआ। छपी हुई पुस्तकों के कारण इटली की मानवतावादी संस्कृति पंद्रहवीं शती के अंत तक उत्तरी और पश्चिमी यूरोप में फैल गयी।

## स्त्रियों की लालसा

वैयक्तिकता और नागरिकता के नये आदर्श स्त्रियों से अछूते रहे। सार्वजनिक जीवन पर शिष्ट परिवारों के पुरुषों का ही अधिकार था अपने परिवार में वे निर्णायक थे । वे अपने लड़कों को इसलिए पढाते थे ताकि आगे चलकर परिवार के व्यापार या सार्वजनिक जीवन में उनका स्थान लेंगे । कभी-कभी वे अपने छोटे बेटों को चर्च भेज देते थे। यद्‌यपि स्त्रियों को दहेज मे मिला रुपया घर के व्यापार में लगाया जाता था लेकिन स्त्रियों को पति के व्यापार में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं था। अक्सर शादियाँ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के लिए ही की जाती थी । यदि कन्याओं के लिए पर्याप्त दहेज की व्यवस्था न हो पाये तो उन्हें धार्मिक संस्था भेज दिया जाता था ताकि वे वहाँ नन (तपस्विनी) के समान जीवन जी सकें । स्पष्ट है कि स्त्रियों की सार्वजनिक भूमिका सीमित थी। उनका कार्य घर की देखभाल करना ही था।


*इसाबेल्ला द इस्टे*

व्यापारियों के परिवार में स्त्रियों का दर्जा कुछ भिन्न था । दुकान चलाने के लिए दुकानदार अक्सर अपनी पत्नियों की सहायता लेते थे । व्यापारियों और महाजनों के परिवार में स्त्रियाँ घर के पुरुषों की अनुपस्थिति में व्यापार का काम संभालती थी । किसी व्यापारी की असामयिक मृत्यु हो जाने पर उसकी पत्नी को सार्वजनिक जीवन में भाग लेना पड़ता था, जबकि शिष्ट परिवार में ऐसी प्रथा नही थी ।

कुछ स्त्रियाँ बौद्धिक रूप से बहुत रचनात्मक थी और मानवतावादी शिक्षा के महत्व को समझती थीं। विनेटियन लेखिका कसान्द्रा फेडेल (1464-1558) ने लिखा था ‘‘साहित्य का अध्ययन न तो किसी स्त्री को पुरस्कार का आश्वासन देता है और न ही किसी को सम्मान का वचन । फिर भी हर स्त्री को इसे (साहित्य की शिक्षा को) अपनाना होगा ।’’ वह उन मुट्‌ठी भर स्त्रियों में से एक थी जिसने इस बात पर प्रश्न चिह्न लगाया कि स्त्रियों में मानवतावादी विद्वान के गुणों को प्राप्त करने की क्षमता नहीं होती। फेडेल ने ग्रीक और लेटिन भाषा में प्रवीणता प्राप्त की थी और उन्हें पेडुआ विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया था ।

फेडेल के लेखों से हमें उस समय की शिक्षा की सामान्य मान्यताओं का पता चलता है। वह वेनेटा की उन अनेक लेखिकाओं में से एक थी, जिन्होंने ऐसे प्रजातंत्र की आलोचना की - जिसमें स्वतंत्रता की परिभाषा बहुत सीमित अर्थ में है जो स्त्रियों की तुलना में पुरुषों की आकांक्षाओं का पक्ष लेती थी।

दूसरी स्मरणीय महिला मार्चेसा ऑफ मान्टुआ कि इसाबेल्ला डी इस्ते (1474-1539) थी। उसने अपने पति की अनुपस्थिति में एक छोटे राज्य, मांटुआ पर शासन किया था। उसका दरबार बौद्धिक प्रतिभा के लिए प्रसिद्ध था। स्त्रियों द्वारा लिखे गये लेखों से उनके विश्वासों का पता चला कि यदि पुरुष प्रधान जगत में अपनी पहचान बनाना चाहती हैं तो उनके पास आर्थिक शक्ति, संपत्ति और शिक्षा का होना नितांत आवश्यक है।

- आपके विचार में ग्रीक और रोमन पुस्तकें पढ़ने से उस समय की महिलाओं को किस प्रकार लाभ पहुँचा?

## ईसाई धर्म में वाद विवाद (सुधार)

आप पहले पढ चुके हैं कि मध्यकाल में लोगों के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन पर कैथोलिक चर्च के प्रभुत्व था। चर्च चाहते थे कि सभी ईसाई उनके सदस्य रहें, उसकी सहायता करें और उसके आदेशों को मानें। यह इस्लाम और हिन्दू जैसे अन्य धर्मों से भिन्न था जहाँ ऐसा कोई औपचारिक संगठन नहीं था। यह विश्वास किया जाता था कि सभी शासक चर्च के अधीन रहें और उसके आदेशों को कार्यान्वित करें। इस प्रकार लोगों को अपने स्वयं के धर्म को मानने की स्वतंत्रता प्रदान करने का तो प्रश्न ही नहीं उठता या यहाँ तक कि ईसाई धर्म को अपने तरीके से मानने की भी स्वतंत्रता नहीं थी। यह आदेश भी दिया गया कि सभी ईसाईयों को सात महत्वपूर्ण धर्मकार्य या परम संस्कार क्रियान्वित करना आवश्यक है और यह केवल चर्च के पादरी के दुवारा ही किया जा सकता है। दूसरे शब्दों में पादरी की मध्यस्थता के बिना कोई भी धार्मिक जीवन व्यतीत नहीं कर सकता था।

पंद्रहवीं शताब्दी और सोलहवीं शताब्दी के आरंभ में उत्तरी यूरोप के विश्वविद्यालयों में अनेक विद्वानो और चर्च के सदस्य भी मानवतावादी विचारों की ओर आकर्षित हुए। इरासमस जैसे मानवतावादियों ने ईसाईयों को धर्म का पालन उसी प्रकार करने के लिए कहा जैसे उनके धर्म के प्राचीन ग्रंथों में लिखा गया था। उन्होंने लोगों को अनावश्यक क्रियाकलापों को रोकने के लिए कहा जो उनकी आलोचना के अनुसार सरल धर्म में बाद में जोड़े गये हैं। मनुष्य के प्रति उनका स्वतंत्र और मौलिक दृष्टिकोण था जो स्वयं सोच विचार कर सकते थे। तत्पश्चात दार्शनिक भी पुनः इसी तथ्य से प्रेरित हुए कि मनुष्य को ईश्वर ने बताया है और साथ ही उस 'यहाँ और अभी' से प्रेरित होकर अपनी इच्छानुसार जीवन जीने की पूर्ण स्वतंत्रता दी है। इंग्लैण्ड के ईसाई मानवतावादी थॉमस मोरे (1478-1535) और हालैंड के इरासमस (1466-1536) ने यह जान लिया था कि चर्च धनलोलुपता का केन्द्र बन चुका है। मानवतावादियों ने स्थानीय भाषाओं में बाईबल का अनुवाद किया और उन्हें बड़ी संख्या में छपवाया ताकि अधिक से अधिक लोग इसे पढ़ सकें और यह जान लें कि चर्च के कई दावे बाईबल पर आधारित नहीं हैं।


हाल्विन इरासमस

मानवतावादियों के दुवारा चर्च की इस आलोचना को सामान्य लोगों और यहाँ तक कि राजा का भी समर्थन प्राप्त हुआ। सामान्य लोग धर्म के नाम पर चर्च की बलपूर्वक वसूली से बोझ का अनुभव कर रहे थे। अधिकतर देशों में, लोगों को अपनी आय का दसवाँ भाग टीथ (tithe) या योगदान के रूप में चर्च को देना पड़ता था। साथ ही विभिन्न देशों के राजाओं को धन की बड़ी राशि पोप को भेजनी पड़ती थी।

पादरियों ने लोगों से 'क्षमापत्रों' को बेचकर धन प्राप्त करने का नया तरीका निकाल लिया था। क्षमापत्र वे दस्तावेज है जो खरीददार को उसके दूवारा किये गये पापों के बोझ से मुक्त करता है।

आरंभिक कालों में भी चर्च के अधिकारियों और उनसे घनिष्ट संबंध रखने वाले सामंतवादी शासकों के विरुद्ध कई विद्रोह किये गये। उन्होंने पूजा के सरल तरीके और पादरियों और सामंतवादी शासकों को हटाने की माँग की। ये आंदोलन तो समाप्त हो गये, लेकिन उनका प्रभाव लोगों पर बना रहा।

शक्तिशाली साम्राज्य की स्थापना करने वाले नये राजाओं ने भी बिशप के राजनैतिक हस्तक्षेप और पोप के नियंत्रण पर नाराजगी जतानी आरंभ कर दी।

1517CE में एक युवा जर्मन सन्यासी मार्टिन लूथर (1483-1546 CE) ने कैथलिक चर्च के विरोध में एक अभियान शुरु किया। उसने इस विचार का भी विरोध किया कि चर्च के दूवारा बेचे जाने वाले 'क्षमापत्रों' को खरीदने से मनुष्य पापों से छुटकारा पा सकता है। उसने यह तर्क भी प्रस्तुत किया कि व्यक्ति को ईश्वर से संपर्क स्थापित करने के लिए पादरी की आवश्यकता नहीं है। उसने अपने अनुयायियों से ईश्वर पर पूर्ण विश्वास रखने के लिए कहा। उसने सिखाया कि मनुष्य को पापों से छुटकारा बाहरी पूजा-पाठ से नहीं बल्कि ईश्वर की कृपा से आंतरिक शुद्धि के दूवारा मिलता है। उसने यह भी सिखाया कि ईश्वर में विश्वास संसार में सही जीवन व्यतीत करने और स्वर्ग में प्रवेश करने के लिए मार्गदर्शन कर सकता है। छापाखानों के दूवारा वह अधिक लोगों तक पहुँच सका। प्रतिक्रिया में पोप ने 1520 CE में लूथर को चर्च से बाहर निकाल दिया। लेकिन कई जर्मनी के कई राजकुमारों ने लूथर का समर्थन किया और उसके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गयी।

*16 वीं और 17 वीं शती - महत्वपूर्ण रचनाएँ / घटनाएँ*

| | |
|---|---|
| थामस मूर के यूरोपिया का प्रकाशन | 1516 |
| मार्टिन लूथर ने 95 शोध ग्रंथ लिखे | 1517 |
| लूथर ने बाईबिल का जर्मनी में अनुवाद किया | 1522 |
| कृषकों का उत्थान | 1525 |
| एंड्रियस वेसालियस की शरीर रचना पर पुस्तक | 1543 |
| ईग्लैंड में आंग्ल चर्च की स्थापनी जिसके प्रमुख राजा या महारानी होते थे। | 1559 |
| गेरहर मरकेटर ने पृथ्वी का बेलनाकार नक्शा बनाया | 1569 |
| पोप ग्रेगरी XIII ने ग्रेगेरियन कलेंडर प्रारंभ किया। | 1582 |
| विलियन ने रक्त परिवहन में हृदय को महत्व बताया। | 1628 |
| पेरिस विज्ञान अकादमी की स्थापनी हुई। | 1673 |
| आईजक न्यूटन ने गणित के सिद्धांत प्रकाशित किय। | 1687 |

चर्च के विरुद्ध आंदोलन होने के कारण यह प्रोटेस्टेंट धर्म सुधार आंदोलन कहलाया। जर्मनी और स्वीट्जरलैंड के चर्चों ने पोप और कैथोलिक चर्च के अपने संबंध तोड़ दिये। स्वीट्जरलैण्ड में अल्रिच विंगली (1484-1531 CE) ने और तत्पश्चात जॉन काल्विन ने लूथर के विचारों को लोकप्रिय किया। धर्म सुधारक नगरों में बड़े लोकप्रिय थे। नगरों के व्यापारियों ने भी इनका समर्थन किया।

जर्मनी के अन्य सुधार आंदोलन जैसे अनाबेपटिस्ट और भी महत्वपूर्ण थे। उन्होंने मोक्ष और अन्य सभी सामाजिक उत्पीड़न के अंत दोनों को मिलाया। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने सभी को समान बनाया है। इसीलिए लोगों को कर चुकाना की आवश्यकता नहीं है और अपने पादरी चुनने का अधिकार है। यह बात सामंतवाद से पीड़ित किसानों को जाँच गई। इन्होंने यह भी तर्क रखा कि वयस्क होने पर लोगों को अपनी मर्जी से चर्च में भर्ती होने की स्वतंत्रता हो और बच्चों को उनके माता-पिता

SCERT TELANGANA

के धर्म को मानने के लिए ज़बरदस्ती न की जाय। उन्होंने विभिन्न धार्मिक मान्यताओं के लिए सहिष्णुता और लोगों को अपने मनपसंद धर्म को चुनने की स्वतंत्रता की माँग की। उस समय के शासक यह सहन नहीं कर सके और उन्होंने बड़ी निर्दयता से अनाबेपटिस्ट का दमन किया। पावन रोमन साम्राज्य के चार्ल्स V ने 30 हजार अनाबेपटिस्ट को जीवित जला दिया।

सुधारकों की सबसे बडी उपलब्धि बाईबल का लोगों की प्रचलित भाषाओं में अनुवाद करवाया। उन्होंने बडी संख्या में बाईबल छपवाई और सभी लोगों के लिए उपलब्ध करवाना था । प्रारंभ में बाईबल केवल लेटिन भाषा मे ही उपलब्ध थी, जिसे सामान्य लोग नहीं समझ सकते थे ।

सुधारवादी विचार जर्मनी, हालैंड, फ्रांस और इंग्लैंड में भी प्रसिद्ध हुआ। इन सभी देशों में विभिन्न आस्था या इसाई धर्म की नयी आस्था के साथ लोग अग्रसर हुए। इस प्रकार कैथलिक चर्च का एकाधिकार एकदम समाप्त हो गया।

कैथोलिक चर्च पर भी इन विचारों का प्रभाव पड़ा। उसने स्वयं को अंदर से सुधारना आरंभ किया। स्पेन और इटली में चर्च के अधिकारियों ने सरल जीवन और गरीबों की सेवा पर बल दिया। स्पेन में इग्नेश्स लोयोला ने कैथोलिकवाद को सुधारने और प्रोटेस्टवाद के विरोध में 1540 CE में एक संस्था 'सोसाइटी ऑफ जीसस' की स्थापना की। इसके अनुयायी जूसेट कहलाते थे, जिनका कार्य गरीबों की सेवा करना और अन्य संस्कृतियों के बारे में अपने ज्ञान का विस्तार करना था।

- वे कौन सी बातें थी, जिनके बल पर प्रोटेस्टेंट लोगों ने कैथोलिक चर्च की स्थापना की ?
- क्या आपको भारत के भक्ति आंदोलन और प्रोटेस्टेंट आंदोलन में कोई समानता दिखाई देती है? क्या आपको दोनों मे कोई विभिन्नता दिखाई देती है?
- क्या आपके विचार में धार्मिक विषय वस्तु केवल सामान्य लोगों को समझ में आने वाली भाषा में ही होनी चाहिए? अपना तर्क प्रस्तुत कीजिए।

## आधुनिक विज्ञान का प्रारंभ

मध्ययुग में लोगों ने पुरानी पीढ़ी से मिले ज्ञान को बिना कोई प्रश्न किये आदेश के रूप में स्वीकार कर लिया। कई लोग जो संसार में जी रहे हैं उसके बारे में खोजबीन करने में रुचि नहीं रखते थे। कुछ जो रूचि रखते थे उन्होंने जादू और अंधविश्वास के अजीव मिश्रण का उपयोग किया। किंतु रोजन बेकन सत्य का गंभीर खोजी था। उसने धातु और रसायनों से कई प्रयोग किये और शायद उसके पास एक अपरिष्कृत सूक्ष्मदर्शी भी था। उसने उस सिद्धांतों की ओर काम किया जो उस समय हुई खोजों की प्रायोगिक उपयोगिता की ओर संकेत करते थे। जिसमें वाष्पचालित पोत, स्वचलित वाहन और हवाईजहाज शामिल है। बैकन के प्रयत्नों के बावजूद भी वास्तविक वैज्ञानिक प्रवृत्ति पुनर्जागरण के काफी समय बाद भी विकसित नहीं हुई थी।



*माईकल एंजिलो के द्वारा बनायी गयी डेविड की मूर्ति इस प्रकार की मूर्ति का नमूना बनाने के लिए मानव शरीर का विस्तृत ज्ञान होना आवश्यक है।*



*चित्र. 12.3: टेलिस्कोप की सहायता से अपने ब्रह्माण्ड के सिद्धांत की व्याख्या करता गेलिलियों*

रोजर बेकन के काफी साल बाद पोलेंड के ज्योतिषी, निकोलस कोपरर्निकस (1473-1543), ने वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग किया । उसने एक वेधशाला बनायी जहाँ से वह धैर्य के साथ तारों और ग्रहों की गतिविधि का अध्यापन करता था। उसने निष्कर्ष निकाला कि मिश्र के भूगोलशास्त्री टालेमी दूवारा प्रतिपादित ब्रह्मांड का प्राचीन सिद्धांत गलत है। टालेमी के अनुसार पृथ्वी ब्रह्मांड का केन्द्र है और तारे, सूर्य और ग्रह उसके चारों ओर घूमते हैं। चर्च ने भी टालेमी के दृष्टिकोण को अपनाया क्योंकि उसका विश्वास था कि ब्रह्माण्ड की रचना ईश्वर ने मनुष्य के लिए की है। इसीलिए पृथ्वी ब्रह्माण्ड का केंद्र है। कोपरनिकस का सिद्धांत इस विचार के विरुद्ध था। उसने तर्क रखा कि सूर्य केन्द्र में है और पृथ्वी तथा अन्य ग्रह उसके चारों ओर घूमते हैं। यह चर्च की शिक्षाओं के विरूद्ध था। ऐसा प्रतीत होता है कि मनुष्य से उसकी गरिमा छीन ली गयी थी क्योंकि अब वह ब्रह्माण्ड के केन्द्र में नहीं था जो उसके लिए बनाया गया था।

इटली के एक प्रतिभवान वैज्ञानिक गैलिलियो (1562-1642 CE) ने एक दूरदर्शी यंत्र का निर्माण किया, जिससे उसके लिए पचास मील दूर जहाज को इतना स्पष्ट देखना संभव हो गया मानो वह केवल पाँच मील दूर हो। इस यंत्र से खगोलशास्त्र के अध्ययन में भी सहायता मिली। गैलिलियों एक लोकप्रिय प्रतिभावान व्याख्याता तथा लेखक था। कोपर्निकस के सिद्धांतों की चर्चा करते हुए उसने श्रोताओं से कहा कि कैसे उसने स्वयं बृहस्पति के चंद्रमाओं और ग्रहों को अपने अक्ष पर घूमते हुए देखा है। उसे चर्च के दरबार में उपस्थित होने का आदेश मिला जहाँ उसे अपनी सारी शिक्षाओं को वापस लेने के लिए बाध्य किया गया। ऐसा न करने पर उसे लंबे समय तक जेल की यातना सहनी पड़ती थी। यह कहा जाता है कि जब गैलिलियों कोर्ट से बाहर आया तो वह बड़बड़ा रहा था 'लेकिन पृथ्वी तो घूम रही है।' गैलिलियों ने पेंडुलम के कुछ नियम भी खोजे जिनसे अधिक परिशुद्ध घड़ियाँ बनाना संभव हो सके। पीसा की झुकी हुई मीनार (Leaning Tower of Pisa) का प्रयोग करके उसने सिद्ध किया कि भारी और हल्की वस्तुएँ समान गति से पृथ्वी पर गिरती हैं।

- पुनर्जागरण काल के वैज्ञानिक कौन थे, और उनमें से प्रत्येक की विज्ञान को क्या देन है?

## समुद्री मार्गो की खोज

इसी काल में यूरोपीय लोगों ने भूगोल के अपने सीमित ज्ञान का विस्तार किया। इसके कई कारण थे। चुंबकीय कम्पास और एस्ट्रोलेब का आविष्कार हो चुका था। ये यंत्र नाविकों को यह बताने में सहायक थे कि वे कहाँ और किस दिशा में जा रहे हैं? समुद्र के अधिक अनुकूल बनाने के लिए जहाजों में सुधार

किया गया। अधिक विचारशील नाविकों को यह संदेह हुआ कि यदि वे समुद्र में अधिक दूरी तक गये तो पृथ्वी के छोर से नीचे गिर जायेंगे। उनके मार्गदर्शख के लिए अच्छे नक्शे भी बनाये गये। 1453 में कांसटैंटीनोपल तुर्कों के हाथ में चला गया और ओटोमन राजाओं ने पश्चिम और पूर्व के बीच व्यापार पर नये कर लगाये। भारत जैसे पूर्वी देशों के पहुँचाने के लिए यूरोपीय व्यापारियों ने नये मार्गों की खोज करनी आरंभ कर दी। इन परिस्थितियों ने नये समुद्री मार्ग की खोज के लिए भूगोल के प्रति रुचि, उत्सुकता को भी उत्तेजित किया।

स्पेन और पुर्तगाल के कुशल नाविकों ने भौगोलिक खोजों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुर्तगाल के एक नाविक हेनरी ने अफ्रीका के पश्चिमी तट तक एक समुद्री मार्ग की खोज की। अंत में पुर्तगाल के एक सुयोग्य नाविक बारथो लोम्यू डियाज़, समुद्री यात्रा करता हुआ सुदुर अफ्रीका के दक्षिणी बिंदु उत्तमासा अंतरीप (Cape of Good Hope) तक पहुँच गया। 1498 ई. में वास्को-डि-गामा अफ्रीका से होता हुआ कालीकट पहुँचा। विशाल अफ्रीकी महाद्वीप के चारों ओर यात्रा करने के पश्चात अंत में भारत पहुँच ही गया।

क्रिस्टोफर कोलम्बस ने पूर्व की ओर नये मार्ग की खोज करने का निश्चय किया। उसका विश्वास था कि एशिया का पूर्वी किनारा अन्ध महासागर (Atlantic) की ओर है, इसीलिए वह अपने तीन जहाजों के साथ निकल पड़ा। एक लंबी खतरनाक समुद्री यात्रा के बाद 12 अक्तूबर 1492 CE को कोलंबस एक द्वीप पर पहुँचा। उसने सोचा कि वह पूर्वी भारत पहुँच गया है इसीलिए उसने वहाँ के निवासियों को भारतीय कहा। इटली के एक नाविक अमेरिगो वेस्पुसी ने कोलंबस का अनुसरण किया। उसने प्रमाणित किया कि कोलंबस के दूवारा खोजा गया स्थान एशिया नहीं बल्कि एक नया महाद्वीप है, जो अमेरिगो के नाम पर अमेरिका पुकारा जाने लगा।

स्पेन के एक नाविक फर्डिनेंड मैगलेन ने स्पेन के राजा चालर्स-I दूवारा दी गयी आर्थिक सहायता से पूरे संसार का चक्कर लगाया। उसने अन्ध महासागर पार किया, दक्षिणी अमेरिका के दक्षिणी छोर का चक्कर लगाया और जलडमरूमध्य (Straits) से होता हुआ प्रशांत महासागर पहुँचा और पिलीपिंस द्वीप समूह पर उतर गया। यह यात्रा समुद्री मार्गों की खोज के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना थी।

## भारत और पुनर्जागरण

जब पुनर्जागरण, मानवतावाद और सुधार आंदोलन सारे यूरोप में व्यापक रूप से फैले थे, भारत में भी अत्यधिक सांस्कृतिक परिवर्तन हो रहे थे। यह मुगलों, विजयनगर और बहमनी राजाओं के शासन का काल था। जैसे कि विजयनगर की मुगल लघु चित्रकारी और दीवार चित्रकारी में देखा गया है। यह चित्रकारी की शैली के सुधार का काल था। महत्वाकांक्षी जन वस्तुकला के इस काल में, राजाओं ने विशाल मंदिर, मस्जिद, किले और महलों आदि का निर्माण करवाया। विभिन्न स्रोतों से कलाकारों ने कला सीखी। उदाहरण के लिए भारतीय कलाकारों ने अधिकतर चित्रकारी ईरानी

- दिये गये मानचित्र-2 का अध्ययन कीजिए और समुद्री मार्गों के खोजों की सूची बनाइए।

SCERT TELANGANA




*Map 1: Geographical explorations.*

चित्रकारों से सीखी और पुनर्जागरण के कलाकारों से भी, जिनकी चित्रकारी की प्रतियाँ भारत पहुँची। साथ ही उन्होंने प्राचीन भारतीय चित्रकारों के द्वारा की जाने वाली परंपरागत ताड़ के पत्तों पर चित्रकारी, चमकीलें रंग के उपयोग द्वारा लिखी गयी। पांडुलिपियों का प्रचार भी किया। इसी प्रकार वास्तुकला में हम विजयनगर और मुगल इमारतों दोनों में मिश्रित शैली को देखते हैं। धार्मिक रूप से भी यह कबीर, रैदास, तुकाराम, मीरा आदि महान सुधारकों का समय था। वे न केवल रूढ़िवादी विचारों के विरोध में थे बल्कि भक्ति एवं सेवा द्वारा सीधे ईश्वर तक पहुँचने के मार्ग बताये। उन्होंने अपने कार्यों को प्रसिद्ध भाषाओं में लिखा। जबकि भारत ने छापे खाने का उपयोग नहीं किया और वैज्ञानिक आन्दोलन नही देखा गया। क्या आप समझते है कि यह अन्तर भारत में भविष्य विकास निर्माण के लिए आवस्यक हैं।

## मुख्य शब्द

1. सामंतवाद
2. बंधुआ मजदूर
3. पुनर्जागरण
4. मानवतावाद
5. वास्तविकतावाद
6. धर्म सुधार
7. प्रोटेस्टैण्ड


## शिक्षा में सुधार

1. नीचे दी गई सूची के अनुसार पुनर्जागरण के समय हुए परिवर्तनों के लिए एक वाक्य या वाक्यांश लिखिए। ($AS_1$)
   a. मानवतावादी ____________ से____________ तक
   b. पुस्तकें ____________ से____________ तक
   c. चित्रकला____________ से____________ तक
   d. मनुष्य ____________ से ____________ तक
   e. महिलाएँ ____________ से____________ तक
2. बाईबल के छपने से परमेश्वर और चर्च संबंधी विचार किस प्रकार प्रभावित हुए? ($AS_1$)
3. रोमन और यूनानी संस्कृति के किन तथ्यों का चौंदहवीं और पंद्रहवी शताब्दी में पुनरूत्थान किया गया? ($AS_1$)
4. इटली के शहर मानवतावाद का अनुभव करने वाले प्रथम शहर क्यों माने जाते हैं? ($AS_1$)
5. मानवतावादी विचारधारा की क्या विशेषताएँ थीं? ($AS_1$)
6. 'मुद्रित पुस्तकें हमारे जीवन पर हावी हो रही हैं।' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? कारण बताइए।($AS_4$)
7. सत्रहवी शताब्दी के यूरोपियों को संसार किस प्रकार भिन्न दिखायी देता था? ($AS_1$)
8. पुनर्जागरण वास्तुकला की अद्भूत विशेषताएँ बताइए और कारण बताइए। ($AS_6$)
9. पृष्ठ संख्या 157 पर दिये गये मानचित्र-2 का अवलोकन कीजिए और संसार के बाहृय मानचित्र (outline map) पर भौगोलिक खोजें दर्शाइए। ($AS_5$)



SCERT TELANGANA

10. निम्न लिखित स्तंभ आरेख पुस्तकों के उत्पादन में वृद्धि दर्शाता है। आप उसके बारे में क्या कह सकते हैं? ($AS_3$)




## परियोजना कार्य

1. गेलिलियों और पादरी (जो यह नहीं मानता था कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर धूम रही है) के बीच वादविवाद पर एक नाटक तैयार कीजिए।
2. छापेखानों में तैयार की गयी वस्तुओं का विभिन्न प्रकार से किस प्रकार उपयोग किस जाता है, इसका अध्ययन कर एक विस्तृत रिपोर्ट बनाइए।

अध्याय 13

# 17वीं, 18वीं एवं 19वीं शताब्दी में प्रजातांत्रिक व राष्ट्रवादी क्रांतियाँ

आज हम प्रजातांत्रिक सरकार के विचार के आदी हो गये हैं, जिसमें सभी व्यक्तियों को मौलिक अधिकार प्राप्त है तथा न्याय के समक्ष सभी समान है। किन्तु, आरंभिक कालों में इस प्रकार का प्रजातंत्र नहीं था। राजाओं और सामंतों के द्वारा देशों पर शासन किया जाता था जो अपनी इच्छा से कानून बनाते थे और समाज उच्च और निम्न वर्ग में बँटा हुआ था, प्रत्येक के अपने अधिकार और दायित्व थे। इन अध्याय में हम पढ़ेंगे की प्रजातांत्रिक राजनैतिक प्रणाली का निर्माण करने और सामाजिक समानता को पाने के लिए किस प्रकार लोगों ने संघर्ष किया।

- यदि हम राजाओं के द्वारा शासित किये जाते तो हमारा जीवन किस प्रकार भिन्न होता?
- यदि सभी लोग कानून के समक्ष एक समान नहीं होते तो क्या होता - और किसी को विशेष अधिकार दिया जाता जैसे अन्य लोगों की हत्या करने का?

17 वीं शताबब्दी के प्रारंभ में यूरोप के अन्य देशों के समान इंग्लैंड टूडर वंश द्वारा शासित था। उस समय रोमन कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप होते थे। परन्तु टूडर शासकों ने पोप की सत्ता को स्वीकार करने से मना कर दिया। वे सोचते है कि इंग्लेण्ड़ पोप और रोमन कैथेलिक चर्च से स्वतन्त्र रहे। पोप और रोमन कैथोलिक चर्च से शीघ्र ही संसद और राजा के मध्य मतभेद सामने आने लगे कि राज्य में कौन सर्वोच्च शक्ति रखता है। अब हम यह देखेंगे कि किस प्रकार इस टकराव ने ब्रिटेन में लोकतांत्रिक शासन का मार्ग प्रशस्त किया ।

## इंगलैण्ड - गृह युद्‌ध और यशस्वी क्रांति


*चार्ल्स -I*

टूडर वंश के अंतिम रानी की मृत्योपरांत 1603 में स्टूवर्ड राजवंश के जेम्स प्रथम इंग्लैण्ड़ राजा बना। राजा को नए कर लगाने के लिए या नये कानून बनाने के लिये संसद की अनुमति लेना अनिवार्य था। वह संसद के किये गये प्रश्नों को स्वीकार नहीं करता था। उसका विश्वास था कि राजा को पूर्ण शक्ति ईश्वर द्वारा प्राप्त है तथा राजा दैविय अधिकारों द्वारा शासित है इसलिए राजा संसद द्वारा नियंत्रित नहीं किया जा सकता है।

उसके पश्चात चार्ल्स प्रथम राजपद पर आसीन हुआ जिसने संसद भंग कर दी थी और 11 वर्षों तक संसद के बिना शासन किया । 1640 में युद्ध लड़ने के लिए विशेष अनुदान प्राप्त करने के लिए उसे ससंद को बुलाना पड़ा । यह संसद जो लंबे समय तक 20 वर्ष अर्थात 1640 से 1660 तक सत्र में रही (और जिसे लॉग पार्लियामेंट कहा गया) ने राजा और उसके मंत्रियों की स्वेच्छाचारिता को नियंत्रिण करने का निश्चय किया। दीर्घ संसद

ने चार्ल्स प्रथम के मंत्रियो और अधिकारियों को दंडित किया । इसने राजा द्वारा गठित विशेष न्यायालयों को समाप्त कर दिया । चार्ल्स प्रथम ने संसद के मध्य चल रहे मतभेदों का लाभ उठाया और अपने विरोधियों को बंदी बनाने का प्रयास किया । संसदीय दल और राजा के दल के समर्थकां के मध्य गृह युद्ध छिड गया, जो जॉ 5 वर्षों तक चला। अंततः चार्ल्स प्रथम पराजित हो गया और 1649 में उसे दंड दिया गया तथा इंग्लैंड में गणतंत्र की स्थापना हुई ।


गणतंत्रीय शासन का यह अनुभव अधिक समय तक स्थिर नही रह सका और 1688 में संसद द्वारा ऑरेंज के विलियम तथा उसकी पत्नी मेरि (चार्ल्स प्रथम की पोती) को इंग्लैंड की सत्ता संभालने के लिए आमंत्रित किया गया । नयी व्यवस्था के अंतर्गत मंत्रियों को संसद के प्रति उत्तरदायी ठहराया गया और राजा की शक्तियों को सीमित कर दिया गया । इस प्रकार संसद की सर्वोच्चता स्थापित की गयी और लोकतंत्र के लिए मार्ग प्रशस्त किया गया । नये घटनाक्रम के साथ राजा की शक्ति दैवीय अधिकार के स्थान पर संसद द्वारा सुनिश्चित की थी । सर्वोच्च शक्ति संसद को हस्तांतरित कर दी गयी। रक्त की एक भी बूंद बहाये बिना और पिस्तौल की एक भी गोली चलाये बिना परिवर्तन कर दिया गया । यही कारण है कि इस नवीन परिवर्तन को गौरवपूर्ण अथवा रक्त विहीन क्रांति (Bloodless Revolution) के रुप में जाना जाता है ।

क्रान्ति के पश्चाद संसद के चुनावों में केवल वही लोग मतदान कर सकते थे जिनके पास भूमि और संपत्ति थी । धीरे-धीरे जनसंख्या के विभिन्न वर्गों तक मताधिकार का विस्तार किया गया और 1928 तक सभी व्यवस्कों को यह अधिकार प्रदान किया गया। इंग्लैंड में इस प्रकार विभिन्न चरणों में संसदात्मक व्यवस्था का विकास हुआ।

## अमेरिका की स्वतंत्रता (1774-1789)

1492 CE में कोलम्बस द्वारा अमेरिका की खोज के पश्चात् उत्तरी अमेरिका के पूर्वी तट पर इंग्लैंड एवं अन्य यूरोपीय देशों ने 18 शताब्दी के मध्य तक अपने उपनिवेश स्थापित कर लिये। तेरह (13) राज्य इंग्लैंड के उपनिवेश बन गये इन पर अधिकतर उन लोगों का राज्य था जो इंग्लैंड से मुक्त होना चाहते थे। वे अमेरिका में बस गये जहाँ उन्होंने कृषि कार्य, लघु उद्योग आरंभ किये। अंग्रेजी संसद ने अमेरिकी उपनिवेशी राज्यों के लिए कानून बना कर उन पर बल प्रयोग किया। परंतु उस राज्य के लोगों ने संसद के लिये मतदान नहीं किया।

1750 तक अमेरीकी उपनिवेशों में छोटे और मध्यम वर्ग के किसान निवास करते थे। जो भूमि के मालिक थे और उस पर खेती भी करते थे। यहाँ पर बड़ी संख्या में शिल्पी और व्यापारी भी थे। किन्तु इन उपनिवेशों में यूरोप और भारत के समान कोई शक्तिशाली जमींदार या राजकुमार नहीं थे। इसीलिए लोगों में एक प्रकार की समानता थी। साथ ही इन उपनिवेशों में एक भी विशिष्ट धर्म नहीं था। हालाँकि अधिकतर लोग ईसाई थे, किंतु वे भिन्न संप्रदाय से संबंधित थे और प्रत्येक संप्रदाय का अपना चर्च था। अर्थात पादरी को यूरोप की तरह अधिकार और सामाजिक पद प्राप्त नहीं था। कई विशिष्ट अमेरीकी लोगों ने सामाजिक समानता से प्रेरित होकर अमेरिका में इसे प्रबल किया। टॉम पैन और थॉमस जेफ्परसन जैसे लोगों ने राजनैतिक समानता और सभी लोगों के विचारों की स्वतंत्रता के प्रचार में सक्रिय रूप से भाग लिया।


*थॉमस जैफर्सन*

SCERT TELANGANA

ब्रिटिश संसद प्रायः अंग्रेज व्यापारियों और फैक्ट्री के पक्ष में कानून पारित करती थी। अमेरिकी उपनिवेशों ने नारा चलाया कि बिना प्रतिनिधित्व के कोई कर नही । 1774, में जियोर्जिया को छोड़ कर सभी उपनिवेशों ने विरोध स्वरुप फिलोडोल्फिया में कांग्रेस की बैठक रखी थी । राजा जोर्ज तृतीय से उन्होंने अनुरोध किया कि उपनिवेशों को उनके अधिकार वापस लौटाये जाये । राजा द्वारा उपनिवेशों का शोषण किये जाने के विरोध के फलस्वरुप ब्रिटेन और अमेरिका के सैनिकों के मध्य सैन्य टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गयी ।

द्वितीय कांग्रेस ने भी शांतिपूर्ण ढंग से विवाद को सुलझाने का प्रयास जा किया। उन्होंने राजा से अपील की कि उनकी अनुमति के बिना उपनिवेशों पर कर नहीं लगाये जाये। उन्होंने जार्ज वाशिंगटन को उपनिवेशीय सेना के सेनापति के रूप में नियुक्त किया । राजा ने इसे विद्रोह माना और अप्रैल 1775 में युद्ध की घोषणा कर दी। अंततः अक्तूबर 1781 में फ्रांस से प्राप्त सैन्य सहायता के बल पर अमेरिका वासियों ने युद्ध में विजय प्राप्त की। फ्रान्स ने अमेरिका की सहायता अपने उपनिवेशीय विरोधी इंग्लैण्ड की शत्रुता के कारण की। स्वतंत्रता के लिए युद्ध का अंत 1783 की पैरिस संधि पर हस्ताक्षर के साथ हुआ। इस संधि में ब्रिटेन ने इन (13) उपनिवेशो की स्वतंत्रता को मान्यता प्रदान कर दी थी ।

## अमेरिका की स्वतन्त्रता की घोषणा

फिलेडोल्फिया में तीसरी कांग्रेस ने 4 जुलाई 1776 को स्वतंत्रता की घोषणा को स्वीकृति प्रदान की । घोषणा के लेखक थोमस जेफर्सन थे। स्वतंत्रता की उद्घोषणा नें यह घोषित किया गया कि सभी मनुष्य समान है और सृष्टिकर्ता ने जन्म से ही उन्हें कुछ निश्चित अधिकार प्रदान किये हैं जिन्हें छीना नहीं जा सकता। इनमें जीवन, मुक्ति और आनंद के लिए प्रयास सम्मिलित है। 1789 में संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय सरकार ने गणतंत्र संविधान को अंगीकार किया। संयुक्त राज्य अमेरिका पर राजाओं का नहीं बल्कि लोगों के दूवारा चुने गये प्रतिनिधियों का शासन रहेगा।

*गणराज्य* : जहाँ राज्य का अध्यक्ष लोकतांत्रिक प्रक्रिया से निर्वाचित राष्ट्रपति होता है। सम्राट नही होता। *कांग्रेस* : प्रतिनिधियों या समूह के सदस्यों के बीच चर्चा के लिए एक औपचारिक सभा या सभाओं की श्रृँखला।

- अंग्रेजी और अमेरिकी क्रान्ति के परिणामों की तुलना कीजिए ।
- आपको लगता है कि थॉमस जेफरसन दूवारा प्रस्तावित अधिकार वर्तमान पीढ़ी के लिए आवश्यक है? चर्चा कीजिए।

## फ्रांस की क्रांति

1774 CE में लूईस XVI ने फ्रांस की राजगद्दी. पर आसीन हुआ था । नये राजा के रुप में राज्यारोहण के साथ उसे ज्ञात हुआ कि कोष खाली है। लंबे समय तक चले युद्ध नें फ्रांस के वित्तीय स्रोतों को बहा दिया था। वर्साइल्स के विशालतम महल के भीतर खर्चीले न्यायालय के रखरखाव ने व्यय भार को और अधिक बढा दिया था।लूईस XVI के शासन काल में फ्रांस ने सामान्य शत्रु ब्रिटेन से तेरह उपनिवेशों को स्वतंत्रता दिलाने में अमेरिका को सहायता प्रदान की थी। युद्ध ने वित्तीय संकट में वृद्धि




SCERT TELANGANA

कर दी थी। सेना का रखरखाव, सरकारी कार्यालयों और विश्वविद्यालयों के संचालन जैसे दिन-प्रतिदिन के खर्चों को पूर्ण करने के लिए राजा को करों में वृद्धि करनी पडी थी । वित्त स्थिति को मजबूत करने के लिए ये माध्यम पर्याप्त नही थे ।

## सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियाँ

अठारहवीं शताब्दी में फ्रांस का समाज तीन आर्थिक वर्गों में विभाजित था। पहला वर्ग पादरियों का था। दूसरा सामंत वर्ग और तीसरे वर्ग में व्यापारी, वकील, किसान, श्रमिक और नौकरों आदि समाज के शेष विभाग के सभी लोग सम्मिलित थे।




*राज्यों की संस्था ध्यान रहे कि तीसरे वर्ग में कुछ अधिक धनी और कुछ बहुत गरीब हैं।*

संपूर्ण जनसंख्या के 90 प्रतिशत लोग किसान या जिनमें से बहुत कम के पास खेती लायक भूमि थी। 60 भूमि के मालिक कुलीन जन चर्च और तृतीय वर्ग के धनिक सदस्य थे । प्रथम दो वर्गों के सदस्य पादरी और कुलीन जन्म से विशेष सुविधाओं का लाभ उठाते थे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि राज्यों को कर न देने की छूट थी। संभ्रांत लोग सामंती विशेषाधिकार का लाभ प्राप्त कर रहे थे। इसमें सामन्तीय शुल्क या जिसे वे किसानों से खींचते थे। शुल्क अदा न करने की स्थिति में किसानों से मालिकों के घर में, खेतों में, सेना में और सड़क निर्माण में कार्य लिया जाता था और उन्हें सेवा कार्य के लिए बाध्य किया जाता था ।


चर्च द्वारा भी खेतीहर मजदूर और किसानों से कृषि उत्पादन का दशवांश धर्मशुल्क के रूप में वसूल किया जाता था जिसे थाइथस कहा गया है। तृतीय वर्ग के सभी सदस्यों को राज्य को कर देना अनिवार्य था। इसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दो प्रकार के कर थे। प्रत्यक्ष कर टैली कहलाये जाते थे और अप्रत्यक्ष कर नमक अथवा तंबाकू आदि प्रतिदिन उपयोग में लायी जाने वाली वस्तुओं पर अप्रत्यक्ष कर लगाया जाता था। राज्य की वित्तीय गतिविधियों का भार कर के माध्यम से तीसरे वर्ग द्वारा वहन किया जाता था । इसके साथ ही, उन वर्षों में अच्छी फसल न होने की स्थिति में गरीबों की समस्याएँ दुगनी हो जाती थी।

*लीवर्स (Livres)* - फ्रांस की मुद्रा की इकाई, 1794 में बंद हो गयी।
*पादरीवर्ग (Clergy)* - चर्च में विशेष कार्य के लिए रखे गये लोगों का समूह।
*सामंतवर्ग (Nobility)* - कुलीन और दफ्तरशाही वर्ग
*थाइथस (Tithes)* - चर्च के द्वारा लगाया गया एक कर, जिसमें कृषि उत्पाद का 1/10 भाग सम्मिलित था।
टैली *(Taille)* - राज्य को प्रत्यक्ष रूप से चुकाया जाने वाला कर

SCERT TELANGANA

## उभरता मध्यम वर्ग - विशेष सुविधाओं का अंत की संभावना पर विचार

अठारहवीं शताब्दी नये उभरते सामाजिक वर्ग का साक्षी या जिसे सामूहिक रुप से मध्यमवर्ग कहा गया। समुद्र पार व्यापार द्वारा साधनों के विस्तार वस्तुओं के उत्पादन जैसे ऊनी और रेशमी वस्त्रों के निर्माण द्वारा उन्होने संपत्ति अर्जित की। तृतीय आर्थिक वर्ग के व्यापारी और उत्पादको के साथ-साथ अधिवक्ता अथवा प्रशासनिक अधिकारी गण भी सम्मिलित थे। जान लॉक, जीन जेक्यूस और रुसों जैसे दार्शनिकों ने एक समाज की कल्पना की का चित्र खींचा जो स्वतंत्रता समान कानून और सभी के समान अवसर पर आधारित हो। अपनी पुस्तक टू ट्रीटीज ऑफ गवर्नमेंट नें लॉक ने राजा के दैवीय और असीम अधिकार के सिद्धांत का खंडन किया। रुसों ने इसी विचार का प्रचार करते हुए ऐसी शासन व्यवस्था का प्रस्ताव रखा जो जनता और उसके प्रतिनिधियों के मध्य सामाजिक समझौते पर आधारित हो। स्पिरिट ऑफ लॉ में माण्टेस्क्यू ने सरकार के भीतर व्यवस्थापिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के मध्य शक्ति पृथक्करण का सिद्धांत प्रस्तुत किया। स्वतंत्रता की घोषणा के पश्चात यूएसए में इसी पद्धति पर आधारित सरकार का निर्माण किया गया। तेरह उपनिवेषों द्वारा ब्रिटेन से अमेरिका का संविधान तथा इसमें सुनिश्चित व्यक्ति के अधिकार फ्रांस में राजनीतिक चिंतकों के लिए महत्वपूर्ण उदाहरण रहा।



*चित्र 13.1: 5 मई 1789 का वर्सलीज के स्टेट जनरल का प्रारंभ महोत्सव*

## क्रांति का उद्‌घोष


5 मई 1789 को लुईस XVI ने नये करां के प्रस्ताव का पारित कराने के लिए एक साथ साधारण समूह की सभा को बुलवाया था। प्रथम और द्वितीय प्रत्येक समूहों द्वारा क्रमशः 300 प्रतिनिधियाँ भेजे गए। जो दोनों ओर एक दूसरे के आमने सामने पंक्तिबद्ध बैठे। तीसरे समूह के 600 सदस्यों को पीछे खड़े रहना पडा था। तीसरे समूह का प्रतिनिधित्व वे लोग कर रहे थे जो अधिक संपन्न और शिक्षित थे। किसान मिस्त्री और महिलाओं को सभा (एसेम्बली) मे आने की अनुमति नही थी। तथापि उनकी समस्याओं, शिकायतो और मांगों को 40,000 पत्रों में सूचीबद्ध किया गया था, जिन्हें प्रतिनिधि अपने साथ ले गये थे।

पूर्व में इस्टेट जनरल में मतदान व्यवस्था का संचालन इस सिद्ांत पर आधारित था कि प्रत्येक समूह इस्टेट को एक मत देने का अधिकार होगा। इस बार भी लुईस XVI इसी पद्धति को जारी

रखने के लिए अपने निश्चय पर डटा हुआ था। परन्तु तृतीय समूह के सदस्यों नें मांग रखी कि एसेंबली द्वारा एकीकृत रुप से मतदान कराये जायेंगे, जहँ प्रत्येक सदस्य को एक मत प्राप्त होगा। यह उन लोकतांत्रिक सिद्धांतों में से था जिसका उल्लेख रुसो जैसे दार्शनिक ने अपनी पुस्तक 'द सोशल कॉन्ट्रेक्ट' में किया था। राजा द्वारा इस प्रस्ताव को अस्वीकार किये जाने पर तृतीय समूह के सदस्य विरोध स्वरुप एसेम्बली से बाहर चले गये ।

## टेनिस कोर्ट की प्रतिज्ञा

तृतीय समूह के प्रतिनिधि स्वयं को संपूर्ण फ्रांसिसी राष्ट्र के प्रवक्ता के रुप में देख रहे थे । 20 जून को वे वार्सी के मैदान में स्थित भीतरी टेनिस कोर्ट के हाल में एकत्रित हुए। उन्होंने स्वयं को राष्ट्र सभा घोषित किया और प्रतिज्ञा ली कि वे तब तक अलग नही होंगे जब तक फ्रांस के लिए ऐसे संविधान का प्रारुप तैयार नही कर लेते, जो राजा की शक्तियों को सीमित करता हो ।



*चित्र. 13.2: टेनीस कोर्ट शपथ*

*यह जेकब लुईस डेविड ने बनाया जिसे वहाँ की राष्ट्रीय सभा में लटकाया गया है।*


राष्ट्रीय सभा जहाँ वर्साय में संविधान का प्रारुप तैयार करने में जुटी हुई थी वहाँ शेष फ्रांस क्षोभ से उबल रहा था। कड़ी सर्दी का अर्थ था खराब खेती । ब्रेड के दाम बढ गये थे। रोटी सेकने वालो ने स्थिति का लाभ उठाते हुए जमाखोरी करते हुए आपूर्ति रोक दी । बेकरी के समय लंबी पंक्ति में घंटों ठहरे रहने के कारण महिलाओं का सब्र टूट गया । और उन्होंने दुकानों पर धावा बोल दिया । इसी समय राजा ने सैनिक टुकड़ियों को पेरिस में प्रवेश करने का आदेश दे दिया । 14 जुलाई को विद्रोही भीड़ ने बेसिल पर धावा बोल दिया और उसे नष्ट कर दिया । जिसे घृणास्पद जेलखाने के रुप में देखा जाता था जो निरंकुश राजतंत्र का प्रतिनिधित्व करता था। उस दिन को फ्रान्स का राष्ट्रीय दिवस माना गया।

विद्रोही प्रजा की शक्ति देखते हुई लुईस XVI ने राष्ट्रीय सभा को मान्यता प्रदान कर दी थी । उसने संविधान द्वारा नियंत्रित शक्ति के सिद्धांत को स्वीकार किया । 4 अगस्त 1789 की रात्रि सभा ने यह पारित आज्ञा पत्र जारी किया कि कर संबंधी सामंति व्यवस्था का अंत किया जाता है। धर्म समुदाय के सदस्यों पर भी दबाव डाला गया कि वे विशेषाधिकार का लाभ नही उठायेंगे । धार्मिक शुल्क थाइथस समाप्त कर दिया गया और चर्च भूमि को नियंत्रण में ले लिया गया ।

## फ्रांस में संवैधानिक राजतंत्र

1791 में राष्ट्रीय सभा ने संविधान का प्रारुप तैयार कर लिया था । इसका उद्येश्य राजा की शक्तियों को सीमित करना था। शक्तियों के एक व्यक्ति के हाथ में केन्द्रित करने के स्थान पर उन्हें विभिन्न संस्थाओं के मध्य विभाजित कर दिया गया था। ये संस्थाएँ व्यवस्थापिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका थी । इस व्यवस्था ने फ्रांस को संवैधानिक राजतंत्र का स्वरुप प्रदान कर दिया था । लेकिन सभी नागरिकों को मत देने का अधिकार नहीं था। केवल सक्रीय नागरिक ही मत दे सकते थे। 25 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष जो 3 दिवसीय मजदूरी के बराबर कर देते थे। सक्रीय नागरिक ने उन प्रतिनिधियो के लिए मत दिया जो सभा के सदस्यों का चुनाव करते थे।

सर्वप्रथम मतदाता और उसके पश्चात सभा की सदस्यता के लिए अनिवार्य यही थी पुरुष करदाता को सर्वोच्च खांचे अथवा श्रेणी मे आता हो। संविधान का प्रारंभ व्यक्ति और नागरिक के अधिकारों की घोषणा से किया गया है। जीवन का अधिकार, भाषण का स्वतंत्रता, विचार प्रकट करने की स्वतंत्रता, कानून के समक्ष समानता जैसे अधिकारों को प्राकृतिक और अहरणीय अधिकार के रुप में स्थापित किया गया । इसका तात्पर्य यह था कि ये मनुष्य के जन्मसिद्ध अधिकार है और इन्हें छीना नही जा सकता है। राज्य का दायित्व है कि वह नागरिकों के प्राकृतिक अधिकारों की रक्षा करे।



## पुरूष और नागरिक के अधिकार संबंधी योजना




1. प्रत्येक व्यक्ति जन्म से स्वतंत्र है और समान अधिकार रखता है।
2. प्रत्येक राजनीतिक संस्था का लक्ष्य है कि वह व्यक्ति के प्राकृतिक और अहरणीय (जिन्हें छीना नही जा सकता)अधिकारों की रक्षा करें।
3. सम्प्रभुता के सभी स्रोत राष्ट्र मे निहित है। कोई समूह अथवा व्यक्ति ऐसी सत्ता का उपयोग नही कर सकता जो जनता से प्राप्त न हुई हो ।
4. स्वतंत्रता कुछ भी कर सकने की शक्ति से युक्त है इस शर्त पर कि इससे किसी को कष्ट न पहुँचे ।
5. कानून को उन गतिविधियों का निषेध करने का अधिकार है जो समाज के लिए हानिकारक है।
6. कानून सामान्य इच्छा की अभिव्यक्ति है। सभी नागरिकों कठो इसके निर्माण में व्यक्तिगत रुप से अथवा अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से भाग लेने का अधिकार है. सभी नागरिक कानून के समक्ष समान है।
7. किसी भी व्यक्ति को उस समय तक अपराधी नही माना जा सकता, बंदी अथवा रोका नही जा सकता जब तक कानून के समक्ष अपराध सिद्ध न हुआ हो ।
8. प्रत्येक नागरिक को बोलने,लिखने और प्रकाशन का अधिकार है। कानून के समक्ष स्वतंत्रताओं का दूरुपयोग को दोषी पयो जाने पर उसे अपने कृत्य का उत्तरदायित्व लेना पडेगा ।
9. जन बल और प्रशासनिक व्यय को पूर्ण करने के लिए सामान्य कर अनिवार्य है। नागरिकों के साधनों के अनुपात में सभी पर समान रुप से मूल्य निर्धारित किया जायेगा ।
10. संपत्ति क्योंकि पवित्र और अनुलंघनीय अधिकार है इससे तब तक किसी को भी वंचित नही किया जा सकता जब तक कानून के तहत सार्वजनिक आवश्यकता के लिए नियंत्रण में लेना अनिवार्य न हो, ऐसी स्थिति में अग्रिम रुप से हानि की उचित पूर्ति की जानी चाहिए ।

(सूचना : महत्वपूर्ण अधिकारों का उल्लेख किया गया है।)

### विद्रोह का क्रम

राष्ट्रीय सभा द्वारा किए गए परिवर्तन से विद्रोहीयों को सन्तोष नहीं था। वे राष्ट्रीय सभा का विरोध करना चाहते थे। लोग राजनैतिक क्लब में एकत्रित होने लगे तथा सरकारी योजनाएँ एवं कार्यों पर अपनी प्रतिक्रिया पर चर्चा करने लगे। इन क्लबों में सबसे सफल था जेकोबिन्स जिसका नाम पेरिस के सेंटजेकोब कान्वेन्ट पर रखा गया था । समाज के कम धनिक वर्ग के लोग जेकोबिन क्लब के सदस्य थे । छोटे दुकानदार, भवन निर्माता, मोची, पेस्ट्री बनाने वाला, घडी साज, छपाई करने वाला, इनके साथ-साथ नौकर, दिहाडी पर काम करने वाले मजदूर भी इसके सदस्य थे ।

1792 के ग्रीष्म काल में जेकोबिन ने बडी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों के लिए बडी संख्या में बीमा योजना बनायी जो महंगी होती खाद्य वस्तुओं और अनावश्यक वस्तु की आपूर्ति  घटाने के कारण

SCERT TELANGANA

आक्रोश से भरे हुए थे। 10 अगस्त की सुबह प्रातःउन्होने ट्यूलेरीज के महल पर धावा बोल दिया। राजा के अंग रक्षकों को निर्मम ढंग से कुचल दिया। राजा को कई घंटों तक बंधक बना कर रखा इसके पश्चात परिषद ने शाही परिवार को कारागार में डालने संबंधी प्रस्ताव पर मतदान किया। इसी दौरान चुनाव हुए और उसी समय से संपत्ति की शर्त को हटाते हुए 21 वर्ष और उससे अधिक की आयु के सभी पुरुषों के लिए मताधिकार की घोषणा कर दी गयी। नव निर्वाचित परिषद का नाम कान्वेन्शन रखा गया। 21 सितम्बर 1792 को राजशाही का अंत हो गया तथा फ्रांस को गणतंत्र घोषित कर दिया गया। 1793 में लुईस तथा रानी मेरी एन्टोनिटि को देश के साथ विश्वासघात करने के आरोप में न्यायालय (कोर्ट) द्वारा मृत्युदंड दे दिया गया।

## आतंक का शासन

1793 से1794 तक का काल आतंक के शासन का काल माना जाता है। रोबेसपाइटे ने कठोर नियंत्रण और दंड की नीति अपनाई। उन्हें बंदी बना कर कारागार में डाल देता था और क्रांतिकारी ड्रिब्यूनल के माध्यम से उन पर मुकदमा चलाता था। वे संभ्रात एवं कार्यकारी, अन्य राजनैतिक दलों के सदस्य, स्वयं के दल के सदस्यों के लिए भी यही दंड़ निर्धारित था। यदि न्यायालय उन्हें अपराधी मानते तो उन्हें ग्लूयोटीन कहाँ जाता था। रोनेसपाइरे सरकार ने दैनिक वेतन और मूल्य पर अधिकतम कटौती अंकुश सबंधी कानून जारी किया मीट और ब्रेड पर सीमा लगा दी। किसानों पर दबाव डाला गया कि वे सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर अनाज शहरों में ले जाकर बेचें। सर्वाधिक महंगे सफेद आटे के प्रयोग पर रोक लगा दी गई। सभी नागरिकों को अनिवार्य रुप से भूसा युक्त ब्रेड का सेवन करना पड़ता था जो कष्टप्रद था। सभी चर्च बंद कर दिये गये। और उनके भवनो को बेरेक्स या कार्यालयों में बदल दिया गया। अंततः जुलाई 1794 मे न्यायालय के समक्ष उसे अपराधी घोषित किया गया। उसे बंदी बना लिया गया तथा दूसरे दिन उसे ग्लूयोटीन यंत्र के पास भेज दिया गया।



चित्र. 13.3: ग्लूयोटीन

## महिलाएँ और फ्रांसीसी क्रांति

फ्रांस के समाज में जितने भी महत्वपूर्ण परिवर्तन आये उनसे जुडी सभी गतिविधियों में महिलाएँ प्रारंभ से ही सक्रीय रुप से भाग लेती आई थी। अपने हितों पर चर्चा करने और आवाज उठाने के उद्देश्य से महिलाओं ने अपना पृथक राजनीतिक क्लब और समाचार पत्र प्रारंभ किया। उनकी प्रमुख मांगों में से एक पुरुषों के समान महिलाओं को राजनीतिक अधिकार था। 1791 के संविधान से महिलाएं निराश थी जिसमें उनकी स्थिति कमतर आंकी गई थी। उन्हें निष्क्रीय नागरिक माना जाता था।



SCERT TELANGANA

*फ्रान्स की क्रान्ति की रूपरेखा*

| घटना | वर्ष |
| --- | --- |
| फ्रान्स ने अमेरिकी उपनिवेशों की सहायता ब्रिटेन के विरुद्ध की | 1781 |
| एस्टेट्स जनरल की नए करो के लागू के लिए की गई सभा | 1789 |
| मानव अधिकारों की घोषणा | 1791 |
| आतंक का शासन | 1793-94 |
| नेपोलियन का मंत्री रूप में शासन | 1799-1805 |
| नेपोलियन एक शासक के रूप में | 1806-1815 |
| वियाना कांग्रेस (सम्मेलन) | 1815 |
| फ्रांस एक गणतंत्र | 1871 |
| जर्मनी का एकीकरण | 1871 |
| इटली का एकीकरण | 1871 |

विश्व के कई देशों ने मत देने के अधिकार एवं समान वेतन के लिए महिलाओं द्वारा किया गया विद्रोह लगभग 200 वर्षों तक शताब्दी के अन्त तक मत के अधिकार की माँग अन्तर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंच गई। फ्रान्स की महिलाओं की राजनैतिक गतिविधियों ने विश्व की अन्य कई महिलाओं को प्रभावित किया। 1946 में महिलाओं को अन्त में मत देने का अधिकार प्राप्त किया।

SCERT TELANGANA

## तानाशाही शासन - नेपोलियन की सत्ता

राष्ट्रीय कान्वेशन ने संविधान के प्रारूप को रूप दिया । जिसने तानाशाही को रास्ता दिया, पाँच सदस्य वाली विधान परिषद् को शासन अधिकार प्राप्त हुये जो आयोग्य, भ्रष्ट और एकता विहिन थे इसने जनता में अपनी लोकप्रियता देश का राजकोष रिक्त हुआ मुद्रा का मूल्य पूर्णतः अवमूल्यित हुआ बेरोजगारी में वृद्धि हुयी जनता विभिन्न राजनीतिक विचारों में भ्रमित हुयी वो ऐसे नेता की तलाश में थी। जो क्रांति की रक्षा व देश का नेतृत्व करे। उनकी आशाएँ नेपोलियन बनापार्ट में नज़र आयी। जो फ्रांस की जीत की श्रृंखला का नेता था। अततः नेपोलियन ने एबीसियस के मदद से सत्ता शक्ति को प्राप्त

किया। उसने सरकार की रचना की और पाँच वर्ष 1799-1804 तक प्रथम कौंसिल शासन किया तत्पश्चात् उसने स्वयं को फ्रांस का शासक घोषित किया व अगले दस वर्ष (1805-1815) तक शासन किया।



*चित्र. 13.4: नेपोलियन बोनापार्ट*

फ्रांस क्रांति के कारण जो राजनीतिक व संवैधानिक परिवर्तन आये तथा शासन जो राजतंत्र से फ्रांस जनता तक गया वह दुबारा नेपोलियन के शासन के रूप में तानाशाही में बदल गया। जब नेपोलियन 1815 में वाटरलू के युद्ध में पराजित हुआ। पुनः शासनतंत्र का परिशीलन हुआ इन शासन विधियों के मध्य जनता में स्वतंत्रता, समानता व बंधुत्व के भाव प्रेरित होते रहे और यह आदर्श फ्रांस के राजनीतिक आंदोलन तथा यूरोपीय देशों को प्रेरणा देते रहे।

फ्रांस साम्राज्य ने नेपोलियन के शासन में ऊँचाई को छुआ उसने आस्ट्रीया, प्रशिया को पराजित किया तथा स्पेन व पुर्तगाल पर भी कब्ज़ा किया इन विजयों ने नेपोलियन को एक सम्राट के रूप में 1810 तक स्थापित कर दिया। इंग्लैंड और तुर्की साम्राज्य को छोड़कर लगभग संपूर्ण यूरोप पर नेपोलियन का नियंत्रण स्थापित हुआ। समस्त साम्राज्यवादी शक्तियाँ इंग्लैंड के नेतृत्व में नेपोलियन के विरुद्ध एकत्र हुयी और कई प्रयासों के पश्चात यह मित्र समूह 1815 में वाटरलू के युद्ध में नेपोलियन को परास्त कर पाये।

उसी वर्ष वियानी कांग्रेस ने यूरोप के राजनीतिक रूप को आस्ट्रीया के प्रधानमंत्री के चेयरमेनशीप में बदल दिया। राजतंत्र कई राज्यों में पुनःस्थापित हुआ। लुईस (18) XVIII फ्रांस के राजा बने उसके बाद चार्ल्स X ने कुलीन व विशिष्ट वर्ग को विशेष अधिकार प्रदान किये उसने प्रेस की स्वतंत्रता और जनता साधारण सभा की स्वतंत्रता और अधिकार छीन लिये जिसने 1830 के विद्रोह को हवा दी तथा लुईस फिलिप जो चार्ल्स X का करीबी रश्तेदार था उसे राजा घोषित किया गया पर वह जनूमत के अनुसार परिवर्तन लाने में असफल रहा षडयंत्रकारियों के वश में वह जनता का साथ न दे पाया और विरोध हिंसात्मक बन गया।1848 में हुये विद्रोह के कारण लुईस फिलिप फ्रांस चले गये और विद्रोहियों ने दुबारा फ्रांस में गणतंत्र की घोषणा की। परंतु 1848 में पुनः नेपोलियन III ने राजतंत्र की स्थापना की। अंततः 1871 में लियोन गम्बाटे के नेतृत्व में फ्रांस ने तीसरी बार पुनः गणतंत्र का रूप पाया ।




*Map 1: Europe after the Congress of Vianna - 1815.*

## जर्मनी का एकीकरण

19 वीं शताब्दी तक जर्मनी कई छोटे 2 स्वतंत्र राज्यों में विभाजित था जो कभी पवित्र रोमन साम्राज्य का अंग था। 1606 में नेपोलियन बोनापार्ट ने 39 राज्यों को मिलाकर रिआन संघ का निर्माम किया तथा पहली बार इतने राज्य एक सिंहासन के अंतर्गत आये जिससे राष्ट्रवादी विचारों ने जर्मन में विस्तार पाया। उदारवादीयों, व्यापारियों तथा राष्ट्रवादियों ने एक राष्ट्रीयता को जाना उन्होंने एक देश का स्वप्न देखा परंतु वियाना कांग्रेस तथा नेपोलियन के पतन के पश्चात् यह राज्य पुनः विघटित हो गये परंतु व्यापारी संघ जो लो विरियन ने ऐसे व्यापारिक नियम बनाये जिसने जर्मन में एकता की भावना बढ़ाई। इन आर्थिक संगठनों ने राजनीतिक एकता व जर्मनी एकीकरण के लिये प्रथम सोपान का कार्य किया।

- आपके विचार में क्या नेपोलियन की विजयों ने इन राज्यों में राष्ट्रीयता की भावना के विकास में सहयोग दिया?

SCERT TELANGANA

प्रशिया जर्मन साम्राज्य का बडा हिस्सा था। उस समय राजा विलियम प्रथम तथा कुलपति बिस्मार्क ने मिलकर जर्मन के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी विस्मार्क लोहा और रक्त की नीति को मानता था। उसने अनिवार्य सैनिक शिक्षा को लागू किया। तीन युद्धों में विषय के उपरांत आस्ट्रीया अकेला पड गया। फ्रांस तथा हालैंड ने मिलकर उसे परास्त किया।



*चित्र. 13.5: बिस्मार्क*

## डेनमार्क के साथ युद्ध

बिस्मार्क ने डेनमार्क से युद्ध का प्रथम अवसर तब पाया जब उसने हाल्स्टिन और शोल्मविंग के रूप में प्रशियन जनता में राष्ट्रवाद को विकसित किया जर्मन जनता इन पूर्वी राज्यों को अपने देश में शामिल करना चाहती थी। फिर भी वे राज्य 400 साल तक अपनी स्वतंत्रता कायम रखने में सक्षम रहे ।

बिस्मार्क ने आस्ट्रीया व प्रशिया के सहयोग से डेनमार्क को पराजित किया तथा अगस्त 1865 में आस्ट्रीया पर अधिकार हाल्स्टिन को व प्रशिया पर अधिकार शेल्जविग को दिया गया ।

## आस्ट्रीया प्रशिया युद्ध

बिस्मार्क ने अब कुशलता पूर्वक आस्ट्रीया व प्रशिया के मध्य युद्ध के लिये कार्य किया । वह पर्शिया को युद्ध में विजय दिलाना चाहता था ताकि वह आस्ट्रीया को अकेला कर सके । उसने इस लिये रूस से दोस्ती की तथा फ्रांस (नेपोलियन) को प्रशिया व आस्ट्रीया युद्ध में निष्पक्ष रहने का निवेदन किया तथा उसे फ्रांस का रियान तक विस्तार करने के लिए सहायता का वादा किया । बिस्मार्क, युद्ध में यदि पर्शिया विजयी होता है तो वेनिका को इटली को प्रदान करने का वादा करते हुए इटली का सहयोग भी प्राप्त किया ।

आस्ट्रीया ने जब जर्मन समझौता के आदार पर शेल्जविग और हालस्टिन का प्रश्न उठाया तो बिस्मार्क ने इसे विश्वास तोडने के समान माना और प्रशिया की सेना ने हालस्टिन की ओर कूच किया।




*Map 2: Unification of Germany (1866-1871)*

आस्ट्रीया ने इसे प्रशिया को आक्रमक रूप माना तथा संघीय शक्तियों को प्रशिया के विरोध में सेना भेजने को कहा 3 जुलाई 1866 CE में आस्ट्रीया प्रशिया के द्वारा परास्त हुआ। आस्ट्रीया पीछे हटा, आस्ट्रीया ने 150,000 के करीब सैनिक ईटली के निकठ वेनिका में भोजे सेना के विभाजन के कारण आस्ट्रीया सडोवा (Sadova) में परास्त हुआ प्रशियन सेना ने वियाना की ओर कूच किया। हालस्टिन, शेल्जविग, हेनओवर, हेंस केसल, हेंस डॉम स्ट्रे और फ्रेकफूट शहर प्रशिया द्वारा संयोजित हुए ये यह सब उत्तर जर्मन संघ के भाग थे।

दक्षिण राज्य बावेरिया, बडन, वर्टबर्ग, हँसी-डर्म स्ट्रेट अपनी स्वतंत्रता बनाये रखे। यह राज्य नेपोलियन III फ्रांस से भयभीत थे जो रियान पर कब्जा चाहता था।

## फ्रांस प्रशियन युद्ध

फ्रांस के शासक नेपोलियन तृतिय ने अपनी स्थिति को कमजोर पाया वह आस्ट्रीया व प्रशिया के युद्ध का लाभ न उठा सका । अपनी स्थिति में सुधार लाने के लिये नेपोलियन ने बिस्मार्क से आस्ट्रीया-प्रशिया युद्ध के समय अपनी निष्पक्षता के लिये क्षतिपूर्ति की माँग की। बिस्मार्क रियान पर नेपोलियन-III के विस्तार पर सहायता के पक्ष में था परंतु क्षतिपूर्ति देने के पक्ष में न था। नेपोलियन तृतिय के पास युद्ध के अतिरिक्त और चारा न था। बिस्मार्क भी फ्रांस से युद्ध चाहता था। क्योंकि उसे लगता था कि फ्रांस

SCERT TELANGANA

जर्मन के एकीकरण को स्वीकार नहीं कर पा रहा है । अतः दोनो फ्रांस और जर्मन युद्ध के लिये तैयार थे युद्ध का तत्कालिन कारण बना स्पेन का उत्तराधिकार ।

1863 में स्पेन की जनता अपने शासक इस्बेला से परेशान होकर उन्होंने राज्य का सिंहासन लियोपोल्ड को पेश किया, जो प्रशिया के राजा के रिश्तेदार थे। फ्रांस ने इसका विरोध किया तब लियोपोल्ड ने सिंहासन को अस्वीकारा । किंतु नेपोलियन-III इससे संतुष्ट न हुआ, और उसने प्रशिया के राजा, से यह आशावादन चाहा, कि वह स्पेन के उत्तराधिकार मामले में निष्पक्ष रहे, परंतु प्रशियन राजा ने इस मत को नहीं स्वीकारा और यह सारी वार्ता बिस्मार्क को तार द्वारा प्रेषित कर दी। बिस्मार्क जो उस समय बर्लिन में था उसने वार के संदेश को ऐसे भ्रमित रूप में पेश किया जिससे फ्रांस व प्रशिया में युद्ध अनिवार्य हो गया। यह युद्ध लगातार छः माह तक चला, प्रशिया ने फ्रांस के नेपोलियन तृतिय को बुरी तरह से पराजित किया, लगभग एक लाख सैनिकों सहित उसे आत्म सर्मपण करना पड़ा।

विजेता प्रशिया ने फ्रांस की राजधानी पेरिस तक सेना सहित मार्च किया और संयुक्त जर्मनी के शासक के रूप में विलियम प्रथम को आरुढ़ किया। फ्रांकफुट संधि द्वारा युद्ध का अंत हुआ, और संयुक्त जर्मनी को 1871 में इसके द्वारा मान्यता प्राप्त हुयी ।

- बिस्मार्क ने किस कूट नीति का पालन किया उसमें क्या वह विजयी हुआ?

## इटली का एकीकरण

जर्मनी की तरह ही इटली भी राजनैतिक रुप से अनेक भागों में बटा हुआ था। इटली वासी कई राज्य वंशों में एवं बहु राष्ट्रीय हेब्सबर्ग में फैले हुए थे। 19वीं शताब्दी के मध्य तक इटली सात राज्यों में विभाजित था। जिनमें से केवल एक राज्य सार्डिनिया - पेडमंट इटली के राज्यवंशियों द्वारा शासित था।

उत्तरी भाग आस्ट्रियन - हेब्सबर्ग के अधीन था। केन्द्र पोप के अधीन एवं दक्षिण क्षेत्र स्पेन के बोर्बन राजाओं के अधीन था। इटली भाषा भी प्रचलित नहीं थी।

1830 के समय जोसेफ मेजिनी ने इटली को गणतंत्र बनाने का प्रयास किया। उन्होंने एक गुप्त संगठन ''यंग इटली'' बनाया। 1831 और 1848 कि क्रांतियों की असफलता के कारण सारा भार  सार्डिनिया - पेडमंट के शासक विक्टर इमान्युवल द्वितीय पर आ गिरा। यह एकीकरण केवल युद्ध द्वारा संभव था। इन क्षेत्रों के शासक को इटली एकीकरण में राजनैतिक एवं आर्थिक प्रगति दिखाई दी।

प्रधानमंत्री कवूर (Cavour) जिन्होंने इटली के भागों को एकीकृत करने के लिए आंदोलन किये थे, वे न क्रांतिकारी थे और न ही एक प्रजातांत्रिक। उन्होंने इटली के संगठन में अपना योगदान दिया। दूसरे धनि एवं शिक्षित बुद्धिजीवी इटालियनों कि तरह इटली से अधिक फ्रेंच भाषा बोलते थे।



SCERT TELANGANA




*Map 3: Italitan States before Unification 1858 CE.*

SCERT TELANGANA

कवूर के प्रयत्नों से सार्डिनिया - पेडमंट ने 1859 में आस्ट्रिया की सेना को पराजित करदिया। इस युद्ध में सैनिकों के अतिरिक्त गारीबल्डी के नेतृत्व में हथियारों से युक्त कई युवा शामिल हुए। जो लालशर्ट (Redshirts) कहलाये। 1860 में उन्होंने दक्षिण इटली और दो सिसिलयों के साम्राज्य में प्रवेशकर किसानों का समर्थन प्राप्त किया और वहाँ के स्पेनिश राजाओं को भगा दिया । 1870 के प्रॉको-प्रशिया युद्ध में रोम से फ्रॉन्स ने अपने सैनिकों को हटाया, विक्टर इमान्युयल-II ने रोम पर कब्जा करके इटली का एकीकरण किया । 1871 में विक्टर-इमान्युयल ने अपने आप को एकीकृत इटली का शासक घोषित किया ।

## मुख्य शब्द

| | | |
|---|---|---|
| 1. गौरवपूर्ण क्रांति | 2. दैवीय अधिकार | 3. उदारतावाद |
| 4. राजतंत्र | 5. राष्ट्रवाद | 6. भाई चारा |
| 7. तानाशाही | 8. प्राकृतवाद (Romanticism) | 9. निर्देशिका |

## शिक्षा में सुधार

1. देश का नाम कथन के संदर्भ के अनुसार पहचानिए। (इंग्लैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस) ($AS_1$)
   - क्रांति जहाँ संसद की स्थापना हुई
   - जहाँ राजा के कुछ अधिकार क्रांति के बाद भी बने रहे
   - वह देश जो लोकतंत्र के लिये एक दूसरे से युद्ध करते रहे
   - अधिकार बिल अपनाया गया
   - राजाओं के अधिकार में किसानों द्वारा कटौती
   - आदमी और नागरिक के अधिकारों की घोषणा को अपनाया गया ।
2. सामाजिक चिंतकों के प्रमुख विचारों को बताइए जो नयी सरकार की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण थे। उन्हें किस प्रकार प्रसिद्धि मिली? ($AS_1$)
3. फ्रांस की क्रांति के बारे में बताइए। उसके क्या कारण थे? ($AS_1$)
4. क्या आप मानते हैं की विश्व अधिकार का संदेश विरोधों से घिरा हुआ था? समझाइए। ($AS_2$)
5. अमेरिकी उपनिवेशों में यह नारा क्यों बुलंद हुआ? - बिना प्रतिनिधि, कोई कर नहीं (No Taxation without Representation) ($AS_1$)
6. फ्रांस की क्रांति में महिलाओं की भूमिका से आप क्या समझते है? ($AS_6$)
7. पृष्ठ संख्या 168 पर 'आतंक का शासन' शीर्षक के अंतर्गत दिया गया अनुच्छेद पढ़िए और टिप्पणी लिखिए। ($AS_2$)
8. जर्मनी के एकीकरण की विस्तार पूर्वक जानकारी दीजिए। ($AS_2$)
9. यूरोप के मानचित्र में इंग्लैंड, फ्रांस, प्रशिया, स्पेन, ऑस्ट्रिया आदि देशों को पहचानिए। ($AS_5$)

## परियोजना कार्य

उन लोगों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कीजिए जिन्होंने अमेरिका और फ्रांस की क्रांति में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उनमें से आप किससे अधिक प्रभावित हुये क्यों? एक अनुच्छेद लिखिए ।


SCERT TELANGANA

अध्याय

14

# औद्योगीकरण और सामाजिक परिवर्तन

1780 और 1850 के बीच ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था और उद्योग में बहुत परिवर्तन हुए। यह चरण 'प्रथम औद्योगिक क्रांति' के रूप में जाना जाता है। 'औद्योगिक क्रांति' - इस पद का प्रयोग यूरोपीय विद्वानों, जार्ज माइकेलेट ने फ्रांस और फ्रेडरिक एंजेल्स ने जर्मनी में किया था। इस पद का प्रयोग सबसे पहली बार अंग्रेजी में, दार्शनिक और अर्थशास्त्री, अर्नाल्ड टॉयन्बी (१८५२-८३) ने १७६० से १८२० के बीच, ब्रिटिश औद्योगिक विकास में होने वाले परिवर्तनों के वर्णन के लिए किया था। ब्रिटेन में इस क्रांति का व्यापक प्रभाव पड़ा। तत्पश्चात् ऐसी ही अन्य क्रांतियाँ यूरोपीय देशों और यु.यस.ए. में हुई। इन परिवर्तनों का बहुत बड़ा प्रभाव इन देशों के समाज और अर्थव्यवस्था के साथ-साथ शेष विश्व पर भी पड़ने वाला था। देश की ऐतिहासिक सामाजिक और भौगोलिक विशेषताओं के आधार पर विभिन्न देशों के औद्योगीकरण, एक दूसरे से अलग थे। यह अध्याय ब्रिटेन की कपास और लोहा उद्योग के कुछ प्रमुख परिवर्तनों को दर्शाता हैं।



*चित्र. 14.1: आद्योगिक क्रांति के समय लंदन के उद्योग*

ब्रिटेन में औद्योगिक विकास के प्रारंभिक चरण में नई मशीनरी और प्रोद्योगिकी की खोज हुई। हस्तशिल्प और हथकरघा उद्योगों की तुलना में माल का उत्पादन बडे स्तर पर संभव हुआ । ब्रिटेन के उद्योगों में भाप का एक नई शक्ति के स्रोत का उपयोग किया जाने लगा । भाप की शक्ति के उपयोग ने ज़हाज और रेल जैसे परिवहन के माध्यमों को तेज़ बना दिया। बहुत से अन्वेषकों ने और व्यापारियों जिन्होंने इन परिवर्तनों को लाया न तो वे व्यक्तिगत रुप से अमीर थे और न ही भौतिकी या रसायन विज्ञान जैसे बुनियादी विज्ञान में शिक्षित थे ।

SCERT TELANGANA

औद्योगिकरण से कुछ लोगों को अधिक से अधिक समृद्धि प्राप्त हुई । लेकिन प्रारंभिक चरणों में यह गरीब और काम करने वाले लाखों लोगों से जुडा हुआ था जिसमें महिलाएँ और बच्चे भी शामिल थे । कई विरोधों के पश्चात सरकार को काम की स्थिति में सुधार लाने के लिए कानून बनाने के लिए मजबूर किया गया था ।

- औद्योगिक क्रांति के समय महिलाओं और बच्चों को किन कठिनाईयों का सामना करना पडा?

## ब्रिटेन क्यों ?

आधुनिक औद्योगिकरण का अनुभव करने में ब्रिटेन सबसे पहला देश है, क्योंकि सत्रहवीं सदी से यह राजनीति में स्थिर था। इंगलैण्ड, वेलस और स्कॉटलैण्ड, राजतंत्र के अधीन एकीकृत थे। अनुकूल परिस्थितियों और पूर्व आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धियों के कारण इंग्लैंड में उद्योगों की स्थापना का उत्कर्ष हुआ । यह बदलाव अन्य देशों में बाद में अनुभव किया गया।

ब्रिटेन में सामान्य वातावरण रहने के कारण जो कपास उद्योग के लिए अनुकूल है यहाँ था । यहाँ पानी और विद्युत का अभाव नहीं था । इंग्लैंड में कच्चे माल की कमी नही थी। कोयला और लौहा बहुतायत में आस-पास में उपलब्ध थे। अन्य युरोपियन देशों की तुलना में कोयला क्षेत्र बड़े और महत्वपूर्ण बंदरगाह के पास थे। इसलिए जल मार्ग से यातायात करने के लिए सुविधाजनक था।




*मानचित्र 1: ब्रिटेन इंग्लैंड लोहा इंड्रस्ट्री*

फिशर तारीफ करता है कि "लोहा, कोयला और वस्त्रों के आधार पर ब्रिटेन ने एक प्रकार की सभ्यता बनाई जिसकी पूरी दुनिया ने नकल की''।

इंगलैण्ड में धन अधिक था और कई उद्‌योगों के लिए उसे पूँजी जुटाने की समस्या भी नहीं थी। सत्रहवीं शताब्दी के प्रारंभ से ब्रिटेन अपने व्यवसायिक गतिविधियों के लिए अन्य देशों में जाना जाता था और दूसरे देशों से व्यापार में उसने भारी मुनाफा अर्जित किया ।

लेकिन धन के मात्र उपलब्धता का कोई फायदा नही है। जब तक कि इसे सही तरीके से निवेश न किया जाय। बैंक आफ इग्लैंड ने पूँजी के उपयोग में तीव्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लंदन मनी मार्केट, जाईंट स्टॉक बैंक, ज्वाईंट स्टॉक कार्पोरेशन से आर्थिक उन्नति सहज और सरल बनी ।

नवस्थापित कारखानों और उद्योगों में बडे पैमाने पर उत्पादन बाहर ले जाने के लिए बडी संख्या में विभिन्न स्रोतों से मजदूर लंदन में उपलब्ध थे। ब्रिटेन की आबादी भी बढ रही थी। कृषि की पुरानी और

SCERT TELANGANA

लाभहीन प्रणाली उन्नत विधियों अर्थात् वैज्ञानिक चक्र से कृषि को बदल दिया। इससे भोजन की आपूर्ति में वृद्धि हुई और फलस्वरुप जनसंख्या में भी अठारहवीं शताब्दी में कुछ यूरोपीयन महाद्वीप के श्रमजीवी इंग्लैंड में आ बसे। क्रांतिकारी आंदोलन के कारण पुरानी कृषि पढ़ति समाप्त हो गयी। लोग जो पहले किसान थे अब वे उद्‌योगों में काम कर रहे थे।

अठारहवीं शताब्दी में समुद्री व्यापार के लिए ब्रिटेन तैयार था। बंदरगाह अच्छी संख्या में उपलब्ध थे। सड़को और नहरों के निर्माण से अंतर्देशीय यातायात में सुधार और आधुनिकीकरण किया गया।

यह उल्लेखनीय है कि कुछ स्काटलैण्ड़ और अंग्रेजी लोगों ने उत्पादन प्रतिक्रिया में काम में आनेवाली मशीनों की खोज की और इस प्रकार देश का आर्थिक जीवन बदलने लगा। उपर्युक्त सभी कारणों से इंग्लैण्ड औद्योगिक उत्पादन में अग्रणी बन गया। इंग्लैण्ड को अब 'विश्व की कार्यशाला' (Workshop of the World) के रूप में देखा जाने लगा।

- अठारहवीं सदी में ब्रिटेन और दुनिया के अन्य भागों में विकास के बारे में चर्चा करे जिसने ब्रिटिश औद्योगिकरण को प्रोत्साहित किया ।

## कोयला और लोहा

मशीनीकरण के लिए प्रमुख सामग्री कोयला और लोहा की पर्याप्त उपलब्धि से इंग्लैंड भाग्यशाली था। वैसे ही अन्य खनिज ताँबा, शीसा और टीन भी उद्योग मे उपयोग होने वाले अन्य खनिज भी सरलता से उपलब्ध थे । हालांकि अठारहवीं सदी के पहले लौहे का उपयोग आसानी से प्राप्त नहीं था। गलाने की प्रक्रिया द्वारा लौह अयस्क से लोहा शुद्ध तरल धातु के रुप में प्राप्त किया जाता था। सदियों से कोयला (जली हुई लकड़ी से बना) इस प्रक्रिया के लिए इस्तेमाल किया गया था। उसमें कई समस्याएँ थी : क्योंकि भंगुर (दुर्बल) होने के कारण कोयले का परिवहन लंबी दूरी तक नहीं किया जा सकता था। दूसराः इसकी अशुद्‌धता के कारण कम गुणवत्ता वाले लोहे का उत्पादन हुआ। तीसरा : कोयले की आपूर्ति कम थी क्योंकि लकड़ी के लिए वनों को काटा जाता था। जो उच्च तापमान उत्पन्न नहीं कर सकते थे।



*Fig. 14.2: The Cast Iron Bridge near Coalbrookdale, designed by the third Darby.*

इस समस्या का समाधान लौहविद परिवार के प्रापस्फायर के डरबिज ने किया। जिन्हें परिवार के तीन पीढ़ियों में दादा, पिता और पुत्र, इब्राहिम डरबी कहा जाता है ने धातु कर्म उद्योग में क्रांति उत्पन्न कर दी। इब्राहिम डर्बी द्वारा (1677-

1717) द्वारा 1709 में एक अविष्कार किया गया। कोक जो कोयले से सल्फर और अशुद्धियों के दूर करने के द्वारा प्राप्त किया था उसका उपयोग लोहा पिघलने वाली भट्टी में किया । कोक उच्च तापमान उत्पन्न कर सकता है। इस अविष्कार के कारण अब भट्टियों को लकड़ी से बने कोयलो पर निर्भर नही रहना पड़ा। इस लोह भट्टी में पिघला हुआ लोहा पहले की तुलना में बेहतर और विशाल ढलाई के काम का था।

कई खोजों दूवारा इस प्रक्रिया को परिष्कृत किया गया। दूसरे डर्बी (1711-68) ने कच्चे लोहे से अच्छा लोहा (जो कम भंगुर था) तैयार किया। हेनरी कोर्ट (1740-1823) ने एक - भट्टी (जिसमें पिघले लोहे की अशुद्धि को दूर किया जाता था) और रोलिंग मील (Rolling Mill) को तैयार किया। जिसका उपयोग शुद्ध लोहे को सलाखे बनाने में करते थे। इससे कई प्रकार के लौह उत्पाद का उत्पादन संभव हुआ। लोहा टिकाऊ होता है, इसीलिए मशीनों और रोजमर्रा की चीज़ों के लिए यह लकड़ी से अच्छा था। लकड़ी जल जाती है या टूट जाती है, इसीलिए इस की तुलना में लोहे के भौतिक और रासायनिक गुणों को नियंत्रित किया गया। उत्कृष्ट कुकिंग कोयला और उच्च स्तर के लौह अयस्क के एक ही जगह होने के कारण ब्रिटेन भाग्यशाली था तथा यह जगह बंदरगाह के करीब थी। पाँच कोयला क्षेत्र तटीय क्षेत्र में थे जो सीधे अपने उत्पाद को जहाज से पहुँचा सकते थे । इसके परिणाम स्वरूप जहाज निर्माण और शीपिंग व्यापार में वृद्धि हुई ।

ब्रिटेन लौह उद्योग में उत्पादन क्षमता 1800-1830 के बीच में चार गुना बढी और इसके उत्पाद यूरोप में सबसे सस्ते थे। 1820 मे एक टन लोहा गलाने के लिए 8 टन कोयले की आवश्यकता थी लेकिन 1850 से केवल 2 टन का उपयोग कर उत्पादन किया जा सकता था। 1848 में दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में ब्रिटेन लोहा ज्यादा गला रहा था ।

- उच्च गुणवत्ता वाला इस्पात और लोहा औद्योगिकरण के लिए आवश्यक क्यों है? कक्षा में चर्चा कीजिए।
- आपको क्यों लगता है कि लौह अयस्क और कोयले के खनन को समान महत्व दिया गया है?
- आपको क्यों लगता है कि पहले औद्योगिक केंद्र लोहा और कोयले के खानों के पास ही स्थित होते थे?

## कपास कताई और बुनाई

ब्रिटेन में हमेशा ऊन और सन से (लिनेन) कपड़ा बुनते थे। सत्रहवीं सदी से भारत देश से बडी कीमत देकर सूती कपड़ों की गाँठों का आयात किया गया । ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत के कुछ हिस्सों में राजनैतिक नियंत्रण स्थापित किया ने कपड़े के साथ कच्चे कपास का आयात शुरू किया। इंगलैण्ड में ही इस कच्चे कपास से कताई और बुनाई दूवारा कपड़ा बनाया जाता था।

अठारहवीं सदी तक कताई इतनी धीमी और श्रमसाध्य थी कि एक यार्न की आपूर्ति करने के लिए 10 बुनकरो को व्यस्त रखने की आवश्यकता थी । इसलिए बुनकरों को यार्न प्राप्त करने के लिए इंतजार करना पडता था। जब कि स्पीनरों को दिन भर काम करना पड़ता था। लेकिन तकनीकी अविष्कारों की सफलतापूर्वक श्रृंखला से कच्चे कपास की कताई इससे

- वस्त्र उद्योगों की क्रांति मे कौन से दो अविष्कार हैं, लिखिए ।



SCERT TELANGANA




*मानचित्र 2: ब्रिटेन में कपास उद्योग*

धागा बनाने और यार्न से कपड़ा बुनने के समय में कमी आई। ये उद्योग कारखानों की महिलाओं और बच्चों पर निर्भर थे। इसीलिए इसे यह और भी अधिक कुशल बनाने के उद्देश्य से उत्पादन को धीरे-धीरे स्पीनरों और बुनकरों के घरों से कारखानों में स्थानांतरित कर दिया गया।

कई मायनो में 1780 से कपास उद्योग ब्रिटेन औद्योगिकरण का प्रतीक बना। इस उद्योग की दो विशेषताएँ भी जो अन्य उद्योगों में भी देखी गयी थी। कच्चे कपास को आयात किया जाता था और तैयार कपडे को निर्यात किया जाता था। ब्रिटेन का कच्चे कपास के स्त्रोतों के साथ-साथ, जहाँ वे कपड़ा बेचते थे, उन बाज़ारों पर नियंत्रण था। इससे उपनिवेशों पर नियंत्रण करने में मदद मिली।

## वाष्प शक्ति

वाष्प शक्ति प्रथम खनन उद्योगों में इस्तेमाल की गयी था। कोयला और धातु की मांग के बढने के कारण उन्हें प्राप्त करने का प्रयास खानों में गहरी खुदाई तेज हो गयी। खानों में बाढ एक गंभीर समस्या थी और वाष्प ईंजन का उपयोग खानों से पानी निकालने के लिए किया गया। लेकिन तकनीकी अभी भी बड़े पैमाने के लिए उपयोगी नहीं थी।

(1736-1819), जेम्स वॉट ने नये वाष्प इंजन का आविष्कार किया। इस खोज ने वाष्प ईंजन को मात्र पंप से 'प्रमुख यंत्र' में बदल दिया। इसने कारखानों में उर्जा प्रदान करने के लिए वाष्प ईंजन को सक्षम बनाया। जिसे मैथ्यु बोल्टन, जो (1728- 1809) अमीर निर्माता थे, उनकी मदद से वैट ने 1775 बर्मिंग हेम में सोरो फाँउंड्री बनाई । इस ढलाई घर से वैट के वाष्प ईंजन के अधिक संख्या में उत्पादन किया । अठारहवीं शताब्दी के अंत तक वैट्स के वाष्प ईंजन ने हैड्रोलिक बिजली की जगह लेना शुरु किया । 1840 में सभी ब्रिटीश वाष्प ईंजन से सभी यूरोपीय उर्जाओं से 70 प्रतिशत से अधिक शक्ति उत्पन्न होती थी ।




*Fig. 14.3: James Watt Steam Engine.*

SCERT TELANGANA

## यातायात परिवहन

औद्योगीकरण में विकास के कारण कच्ची सामग्री और निर्मित उत्पादों के लिए परिवहन की आवश्यकता हुई। इसीलिए इंग्लैण्ड में सड़कों में सुधार किया गया और नहरें खुदवाई गई। मैकएडम ने पक्की या पक्की सड़क बनाने की विधि बतलायी ।

शहरों में कोयला परिवहन के लिए शुरु में नहरे बनायी गयी । कोयले की भारी माँग और वजन से सड़क परिवहन से नहरों द्वारा तुलना में अधिक धीमा और महंगा था। औद्योगिक ऊर्जा तथा शहरों के घरों में प्रकाश व्यवस्था यंत्र के उपयोग के लिए कोयले की मांग में लगातार वृद्धि हुई । जेम्स ब्रिन्डले (1716-72) ने इंग्लैंड की पहली नहर वोर्सलो नहर (1761) का निर्माण किया। इस नहर का वोर्सलो (मैनचेस्टर के निकट) के कोयले के भंडार से कोयला शहर ले जाना ही प्रमुख उद्देश्य था। नहर पूरी होने के बाद कोयले की कीमत आधी हो गयी । 1830 सदी तक हजारों किलोमीटर के नहरें बनायी गयी और इसका वस्तुओं के सस्ते परिवहन के लिए इस्तेमाल किया गया । ये ज्यादातर जमीन मालिकों द्वारा उनकी संपत्तियों के मूल्य बढाने के लिए बनायी गयी।

1814 में स्टीफेनसन राकेट, पहला भाप इंजन बनाया गया। रेलवे परिवहन का यह एक नया साधन उभर कर आया था जो सामग्री और यात्रियों को पूरे वर्ष भर सस्ते और तेजी से ले जाने के लिए उपलब्ध था । 1760 के दशक के साथ दो अविष्कार हुए जिसमें लकड़ी की पटरी की जगह लोहे की पटरी का इस्तेमाल शुरु हुआ और भाप इंजन की उर्जा ।

रेलवे के अविष्कार ने औद्योगिकरण की प्रक्रिया को दूसरे चरण पहुँचाया । पहली रेल लाईन 1825 में स्टाकटान और डार्लिगटन ये दो शहरों से जोडी गई जिसने 9 कि.मी. की दूरी को दो घंटों में 5 मीटर प्रति घंटा (15 मील प्रति घंटा) की गति से पूरा किया । 1830 में अगली रेलवे लाईन से लिवरपुल और मैनचेस्टर को जोड़ा गया । बीस साल के भीतर रेल की आम गति 30 से 50 मील प्रति घंटे की हो गयी।

1830 में नहर के उपयोग में कई समस्याएँ आयी । बड़े जहाजों के कारण नहरों पर गति धीमी हो गयी थी। दूसरा ठंड, बाढ और सूखे की वजह से नहरों का उपयोग सीमित हो गया था।

### अन्वेषक कौन थे ?

जिन व्यक्तियों के द्वारा ये परिवर्तन हुए उनके बारे में पढ़ना बहुत दिलचस्प है। उनमें से कुछ प्रशिक्षित वैज्ञानिक थे। उन्नीसवीं सदी और यहाँ तक कि ऊपरलिखित प्रायोगिक आविष्कारों के समय तक भी मूल विज्ञानशास्त्र जैसे भौतिक शास्त्र और रसायन शास्त्र की शिक्षा बहुत सीमित थी। क्योंकि इन खोजों के लिए भौतिक शास्त्र और रसायन शास्त्र के नियमों के ज्ञान की आवश्यकता नहीं थी, इसीलिए ये बुद्धिमान सहज विचारकों और प्रयोगकर्ताओं द्वारा ही किये गये। उन्हें इंग्लैण्ड की कुछ विशेषताओं से मदद मिली। ये विशेषताएँ अन्य देशों में नहीं थी। 1760 से 1800 के बीच इंग्लैण्ड में वैज्ञानिक समाज पत्रिका दर्जनों वैज्ञानिक पत्रिकाएँ और पत्र प्रकाशित हुए। छोटे शहरों में भी ज्ञान पिपासा व्यापक रूप से बड़ रही थी। यह पिपासा जो अठारहवीं सदी तक कई गुना बढ़ गयी, को कला समाज (1754 में स्थापित) की गतिविधियों, यात्रा व्याख्यानों और कॉफी हाउसों के माध्यम से पूरा किया गया था।

अधिकांश अविष्कार दृढ़ संकल्प, रुचि, जिज्ञासा, भाग्य से हुए न कि वैज्ञानिक ज्ञान के प्रयोग से। कपास उद्योग में कुछ अन्वेषक जैसे जॉन के और जेम्स हरग्रीव्स बुनाई और बढईगिरी से परिचित थे। तथापि रिचर्ड आर्कराईट एक नाई और विग निर्माता थे। सम्युअल क्राम्पटन, तकनीकी रुप से कुशल नहीं था। एडमंड कार्टराईट ने साहित्य, औषधि और कृषि का अध्ययन किया था और यांत्रिकी के बारे में कम जानता था। क्योंकि प्रारंभ से एक पादरी बनना चाहता था।

इसके विपरीत भाप इंजन के क्षेत्र में थॉमस सावरी एक सेनाधिकारी, थॉमस न्यूकोमेन-एक लुहार और ताला साज और जेम्स वैट इन सभी का यांत्रिकी झुकाव के कारण अपनी खोजों के प्रति कुछ ज्ञान था। सड़क बनाने वाला जॉन मेटकाफ जिसने सड़कों का व्यक्तिगत रुप से सर्वेक्षण किया और योजनाएँ बनायी, वह अंधा था। नहर खुदाई करने वाला जेम्स ब्राईडले लगभग अनपढ़ था। अपनी कमजोर वर्तनी के कारण वह नेविगेशन शब्द कभी लिख नहीं पाया। लेकिन जबरदस्त सारण शक्ति, कल्पना और एकाग्रता की शक्तियाँ थी।

## परिवर्तित जीवन

इन वर्षों में प्रतिभाशाली व्यक्तियों के लिए विज्ञान और प्राद्योगिकी में क्रांतिकारी परिवर्तन लाना संभव था । इसी तरह अमीर लोग जो जोखिम लेना चाहते थे और मुनाफा कमाना चाहते थे ने उद्योगों में पैसा निवेश किया । ज्यादातार मामलों में पैसा दुगुना हुआ । वस्तु, आय, सेवाएँ, ज्ञान और उत्पादन क्षमता की धन के रूप में आश्चर्यकारक वृद्धि हुई । इसी समय वहाँ बडे पैमाने पर नकारात्मक मानव लागत थी। परिवार टूट रहे थे, शहरों में जीवन स्तर गिर रहा था और कारखानों में लोगों को भयावट परिस्थितियों में काम करना पड़ रहा था।

1750 में, इंग्लैण्ड में केवल दो शहर थे जिनकी जनसंख्या 50,000 से अधिक थी। किंतु 1850 तक 50,000 से अधिक आबादी वाले ऐसे 29 शहर हो गये थे। तेजी से बढ़ती शहरी आबादी के लिए पर्याप्त आवास, स्वच्छता या साफ पानी का पर्याप्त प्रबंध नहीं था। नये लोगों को मलिन भीड-भाड़ की



*चित्र. 14.4: (A) कोल ब्रुकडेल, बढईयों की कतार 1783 में कंपनी द्वारा बनाये गए मजदूरों के घर (B) डर्विंस के घर 1835 विलियम वेस्टवूड ने बनाया चित्रकारी*

बस्तियों में कारखानों के करीब शहरी केंद्रीय क्षेत्रों में रहने के लिए मजबूर किया गया। उपनगरों में जहाँ हवा शुद्ध थी और पीने के लिए स्वच्छ पानी था वहाँ अपने अमीर लोग घरों का स्थानांतरण कर इस स्थिति से भाग निकले ।

## श्रमिक वर्ग

1842 में एक सर्वेक्षण से पता चला है कि श्रमिको की औसत आयु शहर में किसी भी अन्य सामाजिक समूह की तुलना में कम थी । यह बार्मिंघन में 15, मैनचेस्टर में 17 और डर्बी में 21 साल की थी। गाँव की तुलना में नए औद्योगिक शहरों में अधिक लोग मारे गये वो भी कम उम्र के थे, गाँवों की तुलना में आधे बच्चे पाँच साल की उम्र से ज्यादा जीवित रहने में विफल रहें । शहर में आबादी बढने का कारण, न तो परिवार में बच्चों के जन्म दर में वृद्धि था और न ही वहाँ पर पहले से रहने वाले परिवार थे, बल्कि इसका कारण आप्रवासन था।

मुख्य रुप से मृत्यु का कारण प्रदूषित पानी के द्वारा उत्पन्न हुए हैजा, टाईफायड, कॉलरा या प्रदूषित हवा की वजह में उत्पन्न तपेदिक था । 31,000 से अधिक लोगों की मृत्यु 1832 में हैजा के प्रकोप से हुई । उन्नीसवीं सदी के अंत तक जीवन के इस खतरनाक परिस्थितियों के विषय में नगर निगम अधिकारी लापरवाह थे। इन बीमारियों को समझना और निवारण करने का औषधीय ज्ञान लोगों के पास नहीं था।

## महिलाएँ, बच्चे और औद्योगीकरण

औद्योगिक क्रांति ने बच्चो और महिलाओं के काम में महत्वपूर्ण परिवर्तन किये । ग्रामीण क्षेत्र में, बच्चे घर या खेत में काम, माता-पिता या रिश्तेदार की देखरेख में करते थे ।वे नौकरियाँ दिन के दौरान या मौसम के बीच बदल लेते थे। इसी तरह गाँवों में महिलाएँ कृषि कार्य में सक्रिय रुप से शामिल थी। वे पशुपालन करती थी, ज्वलन लकड़ी एकत्रित करती थी और अपने घरों में चरखों पर कताई करती थी ।

कारखानों में उन्हें बिना विराम के कई घण्टों तक काम करना पड़ता था। सख्त अनुशासन और दंड के अंतर्गत उन्हें एक ही प्रकार का काम करना पड़ता था। स्त्रियों और बच्चों को कमाना पुरुषों के कम वेतन के पूरक के लिए आवश्यक था । मशीनरी के प्रसार से मजदूरों की आवश्यकता कम हुई । उद्‌योगपति महिला और बच्चों को पुरूष मजदूरों की तुलना में अधिक प्रधानता देते थे क्योंकि वे आसानी से असुविधा जनक स्थिति और पुरुषों की तुलना में काम वेतन केलिए काम करने सहमत हो जाते हैं ।

लंकाशायर और यार्कशायर के सूती उद्योगों में बडी संख्या में महिलाएँ एवं बच्चे कार्यरत थे। महिलाएँ रेशम, दुर्बल फीता बनाने और बुनाई उद्योगों में मुख्य श्रमिक थी और बच्चों के साथ बर्मिंघन धातु उद्योगों में काम करती थी। कपास कताई जेनी की मशीनरी का ढाँचा बाल श्रमिकों के छोटे हाथ और कद को ध्यान में रखते हुए बनाया गया । बच्चे अक्सर कपड़ा कारखानों में कार्यरत थे क्योंकि वे



*चित्र 14.5 : बीरमीन्घम की गिल्ट बटन फैक्ट्री में महिला। 1850 में मज़दूरों का 2/3 भाग महिलाओं और बच्चों का था। काम के बराबर घंटों के लिए हुए पुरुषों को 25 शिलिंग, प्रत्येक महिला को 7 शिलिंग और प्रत्येक बच्चे को एक शिलिंग दिये जाते थे।*

मशीनरी के छोटी सी छोटी सी जगह के बीच से आना-जाना कर सकते थे। काम के लंबे घंटों, रविवार को मशीन की सफाई के कारण उनको ताजी हवा, नहऱ्ीं मिलती थी। व्यायाम की अनुमति नहीं थी। इस काम से बच्चों के बाल या हाथ मशीनों में आ जाते थे। कुछ बच्चों की मृत्यु थकावट के कारण मशीनों पर गिरने से हुई।

कोयला खानों में काम करना भी खतरनाक था जैसे कि छत गिरना, विस्फोट होना और जख्मी होना यह सब आम बाते थी। कोयला खानों के मालिक बच्चों का इस्तेमाल गहरे और संकीर्ण मार्ग जहाँ वयस्क नहीं जा सकते वहाँ से कोयला निकालने के लिए करते थे । छोटे बच्चे गाड़ियों के लिए दरवाजा खोलने और बंद करने का काम करते थे। कोयला वाहक का काम भारी वजन पीठ पर लेकर जाना था।

भविष्य में कारखानों के काम के लिए बाल श्रमिकों का महत्वपूर्ण प्रशिक्षण हो ऐसा कारखानों के प्रबंधकों ने माना । ब्रिटिश कारखानों के रिकार्ड से यह पता चलता है कि आधे से ज्यादा फैक्टरी कर्मचारियों ने अपना काम दस वर्ष की आयु से कम उम्र में शुरु किया और 28 प्रतिशत ने तब शुरू किया जब वे 14 वर्ष के थे ।

महिलाओं को अपनी नौकरी में आत्मसम्मान और वित्तीय स्वतंत्रता मिली । लेकिन उन्हें काम के संदर्भ में अपमान भी सहना पड़ा। बच्चों को जन्म से पहले और बचपन में खो देना और औद्योगिक क्षेत्र के काम के लिए शहरी मलिन बस्तियों में रहना पड़ता था ।

- महिला और बच्चों के जीवन में औद्योगीकरण के दो प्रमुख प्रभावों का उल्लेख कीजिए।.

## जर्मनी और फ्रांस में औद्योगीकरण

हालांकि अठारहवीं सदी के प्रारंभ में इंग्लैंड में औद्योगिकरण शुरु हुआ किंतु फिर भी जर्मनी और फ्रांस में औद्योगिक उत्पादन 1850 और 1870 तक मुख्य नहीं था । आपको याद होगा कि जर्मनी का एकीकरण 1870 तक नहीं हुआ था और फ्रांस क्रांति और युद्धों के उथल पुथल के दौर से गुजर रहा था। ब्रिटेन की जो व्यापक कालोनियाँ थी उसके विपरीत जर्मनी और फ्रांस में उपनिवेशों और औपनिवेशिक संसाधनों का अभाव था । उन्हें इन त्रुटियों की भरपाई करनी थी।

दोनों देशों में रेलवे की शुरुआत से 1830 में औद्योगीकरण को बढावा मिला। रेलवे ने व्यापार संचार और आर्थिक विकास को प्रेरित किया। 1850 से जर्मनी के विभिन्न राज्यों ने रेलों का निर्माण ब्रिटेन से आधा और फ्रांस से दुगुना किया ।

- ब्रिटिश कस्बों और गाँवों पर प्रारंभिक औद्योगीकरण के प्रभाव की स्थिति की चर्चा करें और भारत में ऐसी स्थिति की तुलना कीजिए ।

विकसित इस्पात उद्‌योग की स्थापना के लिए प्रशिया ने अपने समृद्‌ध कोयला क्षेत्रों (सिलेसिया और रिनलैंड-रूर) तथा लौह भंडारों (बोहेमिया) को नष्ट उठाया। अल्फ्रैड क्रुप्प ने 1810 में एस्सन में लघु लौह ढलाई कारखाने की स्थापना की। 1870 ई. तक क्रुप्प ऑफ एस्सन अपने रेल इंजनों और आयुध उत्पादनों के कारण विशाल कंपनी में बदल गया। हज़ारों श्रमिकों को रोज़गार देकर उसने क्रुप्प परिवार को सौभाग्यशाली बनाया। 1866 ई. में वर्नर सिमनूस ने इलेक्ट्रो डायनेमो का आविष्कार किया। उसके इस आविष्कार ने नये विद्युत उद्योग की नींव डाली। जर्मनी विश्व में इसका नेतृत्व कर रहा था। 1870 में फ्रांस की हार और 1871 में जर्मनी एकीकरण ने औद्योगीकरण को और आगे बढ़ाया। राजनैतिक तौर पर नव एकीकृत जर्मनी अब फ्रांस से हथियाये गये लोरेन के समृद्‌ध लौह-क्षेत्रों का शोषण कर सकता था।

### बाल श्रमिकों की स्थिति

बाल श्रमिकों की भयानक स्थिति के बारे में 1816 में ब्रिटिश संसद की एक समिति द्वारा एकत्रित किये गये साक्षी के रुप में कहा गया । निम्नलिखित जानकारी कपास मिल में प्रशिक्षिकों के समय के एक मास्टर से एकत्रित की गयी थी। उसे अपने कारखानों मे बाल श्रमिकों की स्थिति पर समिति दूवारा सवाल पूछा गया ।

'किस उम्र में उन्हें लिया जाता था?'

'लंदन से आने वाले 8 या 10 से 15 साल के थे.'

'प्रशिक्षार्थी की अवधि क्या थी ?'

'एक- और २०.'

'काम के घंटे क्या थे?'

'सुबह पाँच बजे से रात के आठ बजे तक.'

'दिन में पन्द्रह घंटे नियमित काम के घंटे थे?'

'हाँ.'

'जब मिल की मरम्मत या कपास की कमी से काम बंद होता था तो बाद में बच्चों से क्या उस समय का काम पुनः करवाया जाता था?'

'हाँ.'

'बच्चे बैठकर या खड़े होकर काम करते थे?

'खड़े होकर.'

'पूरे समय तक?'

'हाँ'

'क्या मिल में बैठने का स्थान था?'

'नहीं, मैं ने उन्हें मिल के फर्श पर बैठते पाया उसके बाद वे बिस्तर में होते थे.'

'मशीन की वजह से क्या कोई बच्चे घायल हुए?'

'बहुत बार.'

जर्मन सरकार ने सडकों और रेलवे के निर्माण और खानों के विकास उदयोगों के लिए बाज़ारों की स्थापना कर ज़र्मनी में औद्योगीकरण को प्रोत्साहित किया। जर्मन सेना को भारी मात्रा में हथियार और गोला बारुद की आवश्यकता थी और बहुत से अग्रणी उद्योगपतियों ने आयुध उद्योगों पर ध्यान केंद्रित किया। सरकार ने भी श्रमिक वर्ग आंदोलन पर नियंत्रण किया और कर्मचारियों के लिए सामाजिक लाभ और बीमा प्रदान किया। इससे कारखानों के मालिक और मजदूरों पर नियंत्रण करने और कम भुगतान करने के लिए सक्षम हो गये ।

- जर्मनी और फ्रांस के औद्योगिकरण की तुलना कीजिए। उनमें समानताओं और विषमताओं को पहचानिए ।
- फ्रांस औद्योगिक विकास में पिछड़ा क्यों था?
- इंग्लैण्ड और फ्रांस को औद्योगीकरण में पछाड़ने में जर्मनी को किन कारकों ने सहयोग दिया?

ब्रिटेन और अमेरिका द्वारा हासिल की गयी तकनीकी लाभस्थिति जर्मन उद्योग को भी सीधी मिली जो अन्य देशों ने एक लंबे समय के साथ विकसित की थी । इसके लिए उन्हें भारी पूँजी के निवेश की आवश्यकता थी जो उन्हें बडे बैंकों से प्राप्त हुई। इस प्रकार जर्मन उद्योग केंद्रीय ईकाई के रुप में विकसित हुआ। यहाँ तक कि आकार और क्षेत्र में ब्रिटिश उद्योगों को इसने पार किया ।

प्रांरभ में कई प्रमुख क्षेत्रों में जर्मन उद्योग को ब्रिटेन के नेतृत्व के साथ चलना पड़ा । जैसे सूती वस्त्र और मशीन निर्माण आदि में । जल्द ही जर्मनी ने लोहा, इस्पात, रासायनिक और बिजली के उद्योग में नयी पीढी के उद्योग विकसित किये और ब्रिटेन को इन क्षेत्रों में पछाड़ दिया। बीसवीं सदी के प्रारंभ में जर्मनी ने शक्तिशाली औद्योगिक आधार तैयार किया और ब्रिटेन की औद्योगिक शक्ति को चुनौती दी। ब्रिटेन अभी भी अधिक कोयले का उत्पादन करता था। लेकिन जर्मनी इस्पात का उत्पादन अधिक करता था। जर्मनी की इस स्थिति से ब्रिटेन और फ्रांस को चिंता हुई । क्योंकि इस उत्पादन का जर्मनी सैन्य और नव सेना शक्ति का निर्माण करने के लिए उपयोग कर रहा था।

**क्रूप परिवार**

क्रूप परिवार ने जो स्थापित किया उससे दुनिया में सबसे बडा शस्त्र कारखाना बन गया । पहले कारखाने क्षेत्र को बंदूक निर्माण मे विशेषता प्राप्त थी और 1887 में यहाँ से छियालिस अलग-अलग देशों को हथियारों की आपूर्ति की ।

क्रूप कारखानों मे प्रथम विश्व युद्ध के समय जर्मन सैनिकों के लिए बंदूके बनायी ।

क्रूप्पस ने जर्मन के 1933 आम चुनाव में हिटलर का समर्थन किया । नाज़ियों ने जर्मनी के पडोसी देशों पर कब्जा कर लिया । अल्फ्रेड क्रूप को अधिक कारखाने बनाने के लिए नयी जमीन प्राप्त हुई । इन कारखानों में नाजी बंदी शिविरों से गुलाम श्रमिकों का इस्तेमाल किया गया।

इसके विपरित फ्रांस में औद्योगीकरण धीमी गति से हुआ । यहाँ तक कि उन्नीसवीं सदी तक बहुतांश लोग छोटे-छोटे भूखंडों पर खेती करते थे । उन्हें उद्योगों की शहरों में स्थापना करने के बजाय वो काम मजदूरों को उनके घर पर देने से लाभ अधिक मिलता था। इस तरह ग्रामीण घरेलु उत्पादन में 1850 के बाद गिरावट आई, जिसके परिमाणस्वरुप लोगों के आर्थिक स्थिति में पतन हुआ।

## मुख्य शब्द

1. औद्योगीकरण
2. औद्योगिक क्रान्ति
3. भाप शक्ति
4. जल शक्ति

## शिक्षा में सुधार

1. औद्योगिक क्रांति के संदर्भ में इनके बारे में दो-दो वाक्य लिखिए। ($AS_1$)
   a) प्रौद्योगिकी (तकनीकी)
   b) वित्तपोषण और धन (वित्तियता और धन)
   c) कृषि क्रांति
   d) यातायात व्यवस्था
2. औद्योगिक क्रांति के समय आविष्कारों के योगदान के बारे में आप क्या विशेष बता सकते हैं? ($AS_1$)
3. विविध वर्ग की ब्रिटिश महिलाओं पर औद्योगिक क्रांति का क्या प्रभाव पड़ा? ($AS_1$)
4. नहर और रेल यातायात संबंधी उपयोगिता के बारे में बताइए। ($AS_1$)
5. उन स्थानों को मानचित्र में अंकित कीजिए जहाँ पर इंग्लैंड में औद्योगिक क्रांति के समय कपड़ा और इस्पात के कारखाने थे। ($AS_5$)
6. ओद्योगिक क्रांति के समय आविष्कारों की सूची तैयार करो। ($AS_3$)
7. 'श्रमिक' नामक शीर्षक वाला अंश पढ़कर, टिप्पणी कीजिए। ($AS_2$)

## परियोजना

आर्थिक क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति का क्या प्रभाव पड़ा? इस पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए और अपनी कक्षा में प्रदर्शित कीजिए।

SCERT TELANGANA

अध्याय

15

# सामाजिक विद्रोह आंदोलन

आधुनिक राष्ट्रीय राज्यों के उदय और औद्योगीकरण ने मानव जीवन में परिवर्तन लाया। इस परिवर्तन ने मनुष्य को दो मूल रूपों में प्रभावित किया जैसे- एक तो मनुष्य अपनी आवश्यकताएँ, मान या गौरव तथा अधिकारों के प्रति जागरुक बने, दूसरी तरफ उन्होंने उत्पादन, कार्य, परिवार, आस-पड़ोसी और वातावरण को पहचाना। अधिकांश व्यक्ति विशेष रूप से जो गरीब, कलाकार, किसान या उद्योग धंधों में कार्य करने वाले थे, उनका उद्देश्य सुरक्षित और सम्मानपूर्ण जीवनयापन करना था। ऐसे कई हजार मजदूरों को कारखानों अपने उच्च अधिकारियों के दयाहीन तथा अमानवीय व्यवहार को सहन कर-कर काम करना पड़ता था। ऐसे मजदूरों को यह भी जानकारी नहीं थी कि वे किन शर्तों के अधीन कार्य कर रहे हैं? या वे किस वस्तु का उत्पादन कर रहे हैं? इसके अलावा उन्हें इतनी कम मजदूरी मिलता था जिसके कारण सभी काम करने वाले लोगों में असंतोष उत्पन्न हो रहा था। यह असंतोष की परिस्थितियाँ उस समय और भी असहनीय हो गई जब कारखाने के मालिकों ने उनके वेतन में कटौती कर दी तथा श्रमिकों को काम से निकाल दिया, या श्रमिकों पर काम का बोझ अधिक कर दिया।


*चित्र 15.1: लंदन के गरीबों के मकानों की गली*

औद्योगीकरण के प्रारंभिक काल में नये राजनीतिक विचार और विचारधाराएँ भी विकसित हो रही थीं, जो इस प्रक्रिया को अत्यधिक प्रभावित कर रही थीं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण ''फ्रांस की राज्य क्रांति (1789-94)'' जिसने पूरे विश्व में स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे (आपसी बंधुत्व) की भावनाओं को विकसित किया। फ्रांस में 1790 में फ्रेंच संसदीय सभाओं का गठन किया गया, जिसने युद्ध से उत्पन्न हुई सभी कठिनाइयों का समाधान ढूँढ़ने की कोशिश की, कीमतों को नियंत्रित किया जिससे रोटी की समस्या का समाधान हो सका।

औद्योगीकरण की प्रक्रिया ने कलाकार तथा बौद्धिक वर्ग को अत्यधिक प्रभावित किया। इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि ग्रामीण जीवन मूल्य जो कृषि, हस्तशिल्प और सामुदायिक जीवन से संबंधित थे, वे खो गये। मानवीय भावनाओं की अपेक्षा 'विज्ञान और तकनीकी' क्षेत्र पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित किया गया। औद्योगीकरण की प्रक्रिया का पर ऐसा लोगों के मस्तिष्क जो गहरा था। इनमें से कुछ मनुष्यों ने सामाजिक इतिहास और अर्थशास्त्र को पढ़ना और समझना प्रारंभ किया, ताकि वे 'औद्योगीकरण की चुनौतियाँ' का सामना करने में सक्षम हो सके। कुछ लोगों ने अपने आपको अन्य माध्यमों की तरफ प्रेरित किया, जो कला साहित्य की प्रगति से संबंधित थे।

औद्योगीकरण ने कई ऐसे सामाजिकवर्गों को लगातार विकसित किया, जो 'समाज विकास' में महत्वपूर्ण सक्रिय भूमिका निभाना चाहते थे। इन प्रक्रियाओं ने जहाँ एक तरफ औद्योगीक 'पूँजीपति वर्ग' और 'जमींदार' या भूमि मालिकों के प्रभाव को अधिक बढ़ाया, वहीं दूसरी तरफ 'कार्यकारी वर्गों' को संगठित कर आंदोलन करने के लिए प्रेरित किया। इन सभी वर्गों ने आपस में मिलकर यह महसूस किया कि यदि वे सब एकता के आधार पर संगठित होकर कार्य करेंगे तो पूरे देश की 'आर्थिक व्यवस्था' में वांछित परिवर्तन लाने में सफल हो सकेंगे। सभी वर्ग 'फ्रांस की राज्य क्रांति' एवं समाजवाद से अत्यधिक प्रभावित थे। इसी प्रकार अभी तक महिलाएँ जिनकी दिनचर्या केवल घर की चारदीवारी तक सीमित थी अब वे भी अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर 'समान जीवन स्तर' की मांग करने लगी । वे भी सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक सांस्कृतिक जीवन में समान अवसर चाहती थी। अब महिलाओं ने भी समान स्तर पाने अनेक सामाजिक आंदोलनों में भाग लिया जैसे समाजवाद, प्रजातांत्रिक राष्ट्रवाद।

इस अध्याय में हमने यह देखा कि विकास के इन कार्यक्रमों ने आधुनिक विश्व और विशेषकर भारत जैसे देश को कहाँ तक प्रभावित किया है।

- आप यह कैसे कह सकते हैं कि स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व' के विचारों ने आंदोलन और विद्रोह को प्रेरित किया?
- क्या आप यह सोचते हैं कि 21वीं शताब्दी के मनुष्यों ने इन तीनों आदर्शों को प्राप्त किया है?
- क्या आपके आसपास ऐसे सामाजिक आंदोलन होते रहते हैं जो क्रांति के आदर्शों से प्रभावित होते हों।

## इंग्लैंड में मज़दूरों का प्रारंभिक आंदोलन

इंग्लैंड के कारखानों में मजदूरों के काम करने की परिस्थितियाँ दिन-प्रतिदिन असहनीय होती जा रही थीं। मजदूरवर्ग ने 'मत देने को अधिकार' की माँग की । सरकार ने इसे दबाने की कोशिश की । उन्होंने नए कानून बनाकर विद्रोह करने का अधिकार छीन लिया ।

1792 से 1815 तक फ्रांस, इंग्लैंड से युद्ध में रत रहा । इंग्लैंड और यूरोप की व्यापारिक परिस्थितियाँ बिगड़ चुकी। कारखाने बंद हो गए । जैसे- बेरोजगारी, खाद्य पदार्थ, रोटी की कीमत बड गई। मजदूरों के वेतन में कटौती था। 1795 में ब्रिटेन की संसद ने 'दो संयुक्त अधिनियम' पारित किये जो नाजायज थे जिसके अनुसार 'यदि इंग्लैंड के लोग भाषण, लेख, के द्वारा राजा के विरोध में संविधान और सरकार का उल्लंघन माना। 'सरकार ने उन सभी सार्वजनिक बैठकों पर भी रोक लगा दी जिसमें 50 या उससे अधिक संख्या में लोग एकत्रित होंगे।' फिर भी बहुत समय से चले आ रहे भ्रष्टाचार के प्रति आंदोलन होते रहे। सरकार ने एक नये नियम की शुरुआत की जिसे 'राजतंत्र और संसद के विशेष मताधिकार' का नाम दिया गया। इसमें संसद सदस्य, भूमालिक (जमींदार), उत्पादककर्ता और व्यवसायिकवर्गों को सम्मिलित किया गया। इन सबने मिलकर 'मजदूर और कामकाजी वर्ग' को मताधिकार दिये जाने का विरोध किया।

- आप क्यों समझते हैं कि भूपतियों कार्ननियामों की समर्थन किया और मजदूरों के विरोधी थे?अब भारत में भी कृषकों द्वारा उत्पादित किये जाने वाले सस्ते व्यवसायिक पदार्थों के कारण सस्ते कृषि उत्पादों का आयात बंद हो गया रहे हैं, क्या आप को लगता है कि इस प्रकार यह आयात भारत में गरीब लोगों के लिए उपयोगी साबित हुए?

इन सब वर्गों ने मिलकर गुस्से और तनाव में शहरों एवं कारखानों में पहुँचे । 1790 के लगभग पूरे देश में खाद्‍य पदार्थों और ब्रेड के लिए आंदोलन विकसित हो चुके थे। ब्रेड यहाँ के निवासियों की मूल खाद्‍य वस्तु थी। इसकी कीमतों ने आगे जाकर लोगों के जीवन स्तर पर नियंत्रण किया । युद्ध के समय सर्वाधिक दयनीय वर्ष के रूप में 1795 को देखा गया। रोटी के लिए लोगों में बार-बार गडबडी मचती रही। यह स्थिति वर्ष 1840 तक चली।

एक और प्रक्रिया 'घेराबंदी' के कारण भी लोगों को कष्ट उठाना पडा। 1770 से छोटे किसानों को अपनी भूमि को शक्तिशाली जमींदारों के अधीन मिला देना पडा। इस कारण गरीब किसानों को अपनी आजीविका चलाने के लिए उद्‍योगों में काम करना पडा । उन सूती कपड़ा मिलों में यंत्रों का उपयोग होने के कारण श्रामिकों को काम से निकाल दिया गया और वे गरीब हो गये।

1790 से बुनाई वाले श्रामिक, कानूनन निर्धारित वेतन की माँग करने लगे। इस माँग को संसद ने अस्वीकार किया। जब श्रामिक हडताल पर उतरे तो, उन पर बल प्रयोग किया गया । विवश होकर, अपनी आजीविका खोने के कारण लंकाश्येर में सारे यंत्रों को ध्वंस कर दिया । यार्कशयर में मजदूर लोग भेडों की ऊन को हाथो से काटते थे, उसके स्थान पर यंत्रों का प्रयोग होने लगा तो, उन यंत्रों को ध्वंस कर दिया और भूसे से दान को अलग करने के यंत्रों के आगमन के कारण श्रामिक किसानों ने उन यंत्रों को तोड दिया और गडबड मचाने लगे। इनमें में नौ लोगों को फ्राँसी भेज दिया और 450 लोगों को अपराधी मानकर आस्ट्रेलिया भेज दिया ।

- यंत्रों को तोड़ने से मजदूरों को कहाँ तक सहायता मिली?
- सरकार ने यंत्रों को तोड़ने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाते हुए बड़ी सजाओं का प्रावधान किया। क्या आपको यह न्यायसंगत लगता है?
- कारखानों में नये यंत्रों के आने से कई कंपनियों में मजदूर बेरोजगार हो गये। आप को क्या लगता है कि यह क्यों हुआ होगा? क्या बिना बेरोजगारी के तकनीकी में सुधार लाकर मजदूरों की इस समस्या का हल किया जा सकता है?


## लुड्डीवाद (लाडवाद)

जनरल नेडलुद्द, एक जनाकर्षक नेता था, जिस के नेतृत्व में यह आंदोलन हुआ। इसीलिए इस आंदोलन को ''लाडवाद'' (1811-17) कहा गया। लाडवाद आंदोलन कर्ताओं की माँगे ये थी कि, निर्धारित वेतन, महिलाओं व बच्चों के लिए कम कार्य भार यंत्रों के द्वारा आजिविका खोने वाले श्रामिकों को नौकरी की माँग, अपनी माँगें पूरी करने के लिए श्रामिक संघों का गठन, अपने अधिकारों के लिए लडने वाले शक्तिशाली संघ के न होने के कारण मालिकों के यंत्रों, उत्पादित वस्तुओं के रखाव पर कूच करके अपनी माँगें पूरी करने का प्रयत्न किये। कई बार मालिक और श्रामिकों के बीच समझौता हुआ । उन्होंने काम के लिए बेहतर कार्य स्थिति देनी चाहा । कर्मचारी एवं कई मध्य वर्गीय व्यक्तियों जैसे दुकानदार और कलाकार को लगा कि मशीने अनावश्यक है। उन्हें लगने लगा कि मशीनों का उपयोग उनकी जीविका को छीन रहा है। उन्हें समाज का सहयोग प्राप्त था। कई स्थानों में जनरल लुद्‍द के नाम पर लगातार कर्मचारी कार्य करते थे और अन्य स्थानों पर गुप्त संस्थाएं योजनात्मक एवं सहकारी रूप से कार्य कर रही थी।



SCERT TELANGANA

## समाजवाद



चित्र 15.2: 1812 लाडवाद में फ्रेम ब्रेकिंग का बनाया चित्र

सरकार व सेना लाडवाद को दबा रही थी, बावजूद इसमें एक नयी विचारधारा विकसित हो रही थी, जिससे मजदूरों को नया सामाजिक लक्ष्य मिला । समाजवाद था । समाजवाद क्या है? यह एक सिद्धांत है, जिसमें संपत्ति और संसाधनों पर निजी स्वामित्व के बजाय जनता का स्वामित्व होता हैं। सामाजिक दृष्टिकोण के अनुसार, व्यक्ति न तो अकेला रहता या काम करता है बल्कि एक-दूसरे के सहयोग से जीता है। लोग सामाजिक दृष्टिकोण से जो भी वस्तु उत्पन्न करते हैं वह सामग्री के उत्पादन में सहयोग देते हैं, उस पर सबका अधिकार होता है। समाज समग्र रूप से इसके सभी सदस्यों के लाभ के लिए संपत्ति पर नियंत्रण करे और लाभ के लिए काम करता है।

इस तरह देखा जाये तो समाजवाद पूँजीवाद के मूलभूत विचार का खंडन करता है । जहाँ पूँजीवाद में निजी स्वामित्व व बाजार में क्या उत्पादित करना चाहिए और उसमें किसका हिस्सा होना चाहिए की छूट होती है। समाजवाद आरोप लगाता है कि पूँजीवाद आवश्यक रूप से धन के अन्याय व शोषण के प्रति बढ़ावा देता है, और धन कुछ ही लोगों के हाथों में होता है। धनी व्यक्ति अपनी संपत्ति व शक्ति का उपयोग समाज में वर्चस्व पाने के लिए करता है। चूँकि वे धनी होते हैं, अतः वे अपनी पसंद की जगह पर कहाँ और कैसे रहना है, का चयन करते हैं, ऐसी स्थिति में गरीब के लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं रहता। जिसके परिणामस्वरूप, व्यक्तिगत स्वतंत्रता तथा अवसर की समानता जैसे शब्द केवल पूँजीवादियों के लिए अर्थयुक्त रहते है। कामकाजी लोगों के लिए, जिन्हें अपने अस्तित्व को बचाये रखने के लिए पूँजीवादी लोगों द्वारा बनाये गये नियमों के अधिन जीवित रहना पड़ता है । सामाजिक दृष्टिकोण से वास्तविक स्वतंत्रता व वास्तविक समानता के लिए संसाधनों पर सामाजिक नियंत्रण की आवश्यकता है, जो कि समृद्ध समाज का आधार है।

समाजवादी यह भी विश्वास करते हैं कि संसाधनों के असमान वितरण से, वास्तविक प्रतिस्पर्धा की भावना नहीं रहती, चूँकि धनी जोड़-तोड़ से संतुलन को अपने पक्ष में कर ही लेता है।

समाजवादी तत्व के कई विचार कई चिंतकों में देखे जा सकते है, जैसे प्लूटो और थॉमस मूर। ये विचार तब मजबूत बन गये जब वे शक्तिशाली फ्रेंच आंदोलन विचार के संपर्क में आये। बेबफ व अन्य चिंतकों ने शिकायत करते की कि यह आंदोलन समानता, स्वतंत्रता व सौहार्दता की पूर्ति करने में विफल हुआ है। इस बात का समर्थन करते हुए बेबफ तर्क करते हैं कि ''समानता का मूल्यवान सिद्धांत है'', ''निजी संपत्ति व जनसामान्य द्वारा भूमि तथा उसके फल को उपभोग करने का उन्मूलन है ।'' सरकार को समाप्त करने साजिश में उसे मार डाला गया। हालांकि उसके विचारों ने कारखाना कलाशाला प्रणाली के विरुद्ध

SCERT TELANGANA





*चित्र 15.3: एक पत्रिका से लिया गया पोस्टर, जिसमें मजदूरों को एकजुट होने के लिए बताया गया है।*

सामाजिक विरोधी आंदोलन करने के लिए एक पीढ़ी को प्रेरित किया

एक अन्य फ्रांस के पूर्ववर्ती समाजवादी चिंतक सेंट साइमन, जिन्होंने उत्पादित संपत्ति पर जनसामान्य के स्वामित्व का पक्ष लिया। बल्कि उन्होंने संपत्ति पर केंद्रिय योजना द्वारा नियंत्रण करने के लिए कहा। इस योजना में वैज्ञानिक, उद्योगपति व अभियंता द्वारा सामाजिक आवश्यकताओं को पहचानकर उसकी पूर्ति के लिए समाज को कार्य करने पर जोर दिया। ऐसे चिंतक औद्योगिक आंदोलन के गढ़ इंग्लैंड में भी हुए। एक छोटे उद्योगपति, जिसका नाम ओवन था, वह मजदूरों की दशा व पूँजीवादियों के पास संपत्ति देखकर दंग रह गया। उसने सहकारिता गाँवों के निर्माण के लिए आवाज दी जहाँ सभी जनसामान्य के हों, लोग मिलजुलकर काम करें तथा अपने श्रम द्वारा बनायी सामग्री का साझा करें। हालांकि ऐसे विचारों को आदर्शवादी या काल्पनिक कहा गया और जनसामान्य भी आभास करते थे कि ऐसे विचार अच्छे तो हैं, किंतु आचरणयोग्य नहीं है, जबकि भारी मात्रा में औद्योगिक उत्पत्ति हो चुकी है।

कार्ल मार्क्स व फ्रेडरिक एंग्लस ने औद्योगिक पूँजीवादी उत्पादन की कार्यप्रणाली पर अध्ययन कर समाजवाद का नया सिद्धांत बनाया। उन्होंने तर्क किया कि पूँजीवाद जहाँ इतिहास में प्रगतिशील बन रहा है, वही एक ऐसी शोषक प्रणाली भी है जहाँ पूजाँवादियों व मजदूरों को उनकी सच्ची मानवता से अलग करती है। यह प्रगतिशील है, क्योंकि इसने संसार में औद्योगिक परिवर्तन किया, अतः इसने सामाग्री की आवश्यकता को सभी के लिए उन्मुक्त किया। यह शोषक इसलिए है कि पूँजीवाद का मजदूर पर बल होता है, जिससे वे लाभ कमाते हुए मजदूरों के जीवन को पीसते रहते हैं। मार्क्स विश्वास रखते हैं कि औद्योगिक उत्पादन जनसामान्य को छोटे से वेतन में रहने व कार्य करने के लिए दूभर कर देगा; उन्हें अपनी आवश्यक सामग्री के उत्पादन के लिए असंख्य लोगों के साथ कार्य करना होगा। अतः उत्पादन समाज को सभी व्यवहार का हिस्सा बन जाएगा न कि एक परिवार या गाँव का। इससे मनुष्य को अपना जीवन सुधारने की जबरदस्त शक्ति मिली । इससे वे सामूहिक रूचि से मिलकर कर सकते हैं।

मार्क्स और एंग्लिस ने यह तर्क भी किया है कि जो मजदूर कारखानों में उत्पादन करते हैं, के पास संपत्ति नहीं है, और जो कि उत्पादन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। चूँकि उनका शोषण हो रहा था, इसीलिए पूँजीवाद व्यवस्था लाभ कमाती जा रही थी । इस कारण मजदूरों को अपने वेतनों के लिए लड़ना होगा, जिससे पूँजीवाद व्यवस्था अपने आप समाप्त हो जाएगी। यदि मजदूर सभी कारखाने व अन्य संसाधन अपने हस्तगत कर लेते है, और जनसामान्य के लाभ के लिए चलाते हैं, तो समसमाज की स्थापना हो सकती है। वे तर्क करते हैं



कार्ल मार्क्स

कि सभी मजदूर एक हो जाएँ तो पूँजीवाद को समाप्त कर सकते हैं, जिस तरह फ्रेंच आंदोलन में जमींदारी व राजाओं को लोगों ने निकाल फेंका था। मजदूरों को चाहिए कि वे राज्य के उपकरण अपने अधीन कर लें तथा ऐसा मजदूरों का राज्य बनायें जहाँ सभी कारखाने उनके अधीन कार्य करते हुए सभी को लाभ पहुँचाए।



फ्रेड्रिक्स एंगिल्स

मार्क्स व एंगिल्स के विचारों ने 19वीं शताब्दी की समाप्ति तक कट्टरपंथी चिंतकों व कार्यकर्ताओं पर गहरा प्रभाव डाला तथा 20वीं शताब्दी में बृहत सामाजिक आंदोलनों के लिए प्रेरित किया। ठीक इसी समय ऐसे भी कट्टरपंथी चिंतक थे जो मार्क्स से कई मुद्दों पर असहमत थे, जिसके परिणामस्वरूप अराजकतावाद की उत्पत्ति हुई।

समाजवाद भारत में प्रारंभिक दिनों में ही आ चुका था। स्वामी विवेकानंद यूरोप व अमेरिका द्वीपों के दौरे पर गये थे, तो वहाँ लागू समाजवाद से काफी प्रभावित हुए। जैसे-जैसे यह राष्ट्रीय आंदोलन का रूप धारण करता गया वैसे-वैसे कई राष्ट्रवादी इससे प्रभावित होते गये। भारतीय राष्ट्रवादियों के लिए सन् 1917 का रूसी कम्युनिस्टवादी आंदोलन काफी प्रेरणादायक रहा, विशेषकर आंदोलनकारी सरकार द्वारा सभी राष्ट्रवादी समस्याओं को समर्थन देना। कई नेता जैसे एम. एन. रॉय, भगत सिंह, जवाहरलाल नेहरु आदि सभी उत्साही समाजवादी थे। जैसे कि भारतीय शहरों में कई कारखाना उत्पादन विकसित हुए, कई नेताओं ने मजदूरों में व्यवसायिक संघों का आयोजन किया। वे भी मार्क्सवादी विचारधारा से प्रभावित थे, जो आगे चलकर सन् 1920 में भारतीय वामपंथी दल की स्थापना के कारक बने।

- किस तरह मार्क्स का समाजवाद लडवाद से भिन्न था?
- मार्क्स ने कारखाना उत्पादन को सर्वोपरी व इच्छुक क्यों बताया?
- मार्क्स और पूर्ववर्ती समाजवादियों में मुख्य अंतर क्या था?

## महिला आंदोलन

मध्यकाल व आरंभिक आधुनिक युग तक महिलाओं पर यूरोप व संसार में पुरुषों का ही वर्चस्व रहा। उन्हें संपत्ति रखने या नागरिक अधिकार जैसे मतदान करने आदि का भी अधिकार नहीं था। वे अधिकतर गृह संबंधी कार्यों जैसे भोजन बनाना, बच्चों का पालन पोषण, बड़े-बूढ़ों की घर में सेवा करना तथा पुरुषों की सहायता करने आदि से जुड़ी थी। यह परिवर्तन आया औद्योगीकरण से, जिससे कारखानों में महिलाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिला। जैसे ही महिलाएँ परिवार से निकलकर काम करने और कमाने लगीं, उनकी अपनी अलग पहचान बनने लगी और समाज में भूमिका बढ़ने लगीं। उन्होंने सभी मनुष्यों में समानता के सिद्धांत पर जोर देना आरंभ किया, फिर चाहे वे पुरुष हों, या महिलाएँ।

1791 में जब फ्रेंच आंदोलनकारी पुरुषों के अधिकार का घोषणा पत्र बना रहे थे, कई फ्रांसिसी महिलाओं विरोध किया, जिसके फलस्वरूप महिलाओं के अधिकारों के बारे में अलग से रूपरेखा तैयार की गयी जिसमें घोषित किया गया कि - ''महिलाएँ स्वतंत्र जन्मी हैं तथा वे पुरुषों के साथ अधिकारों के लिए समान हैं। सामाजिक भेदभाव केवल आम उपयोगिता के आधार पर ही हो सकता है। सभी नागरिक जिसमें

SCERT TELANGANA

महिलाएँ भी शामिल हैं,वे सार्वजनिक स्थानों, कार्यालयों, व रोजगारों जो उनकी क्षमता के योग्य है, उनमें बिना किसी भेदभाव के, उनके गुण व बुद्धि के आधार पर प्रवेशयोग्य हैं।'' जरूर यह घोषणा पत्र फ्रेंच विधानसभा द्वारा पारित नहीं किया गया । हालांकि, ऐसे सिद्धांत जहाँ महिलाओं को पुरुषों के समान समानता मिलनी चाहिए, मतदान व सरकारी पदों पर आसन्न होने के द्वारा सरकार की ओर से अपनी भागीदारी अदा करना जैसे लक्ष्यों को लेकर महिलाओं ने यूरोप व अमेरिका में कई आंदोलन चलाये।

मत का अधिकार संबंधी आंदोलन ने 1830 से 1870 के बीच सभी वर्गों के लोगों को मत देने संबंधी मत ने तीव्र रूप धारण कर लिया। इंग्लैंड जैसे देशों में महिलाएँ भी बड़ी संख्या में बाहर आयीं और अपने मत के अधिकार के लिए आवाज बुलंद की। उन्हें 'महिला मताधिकारवादी' कहा गया। उन्होंने प्रदर्शन, बैठकें तथा समाचार पत्रों के माध्यम से संसद सभा से निवेदन किया। रूसी आंदोलन ही ऐसा पहला आंदोलन था जिसने सन् 1917 में महिलाओं को वैसे अधिकार दिलाये। सन् 1918 में इंग्लैंड में भी कुछ महिलाओँ को यह अधिकार मिले और 1928 तक सभी वयस्क महिलाओं को यह अधिकार दे दिया गया। धीरे-धीरे इसे संसार के प्रजातांत्रिक देशों द्वारा अपना लिया गया।

जैसे कि महिलाएँ सार्वजनिक मुद्दों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही थीं, तो उन्हों आभास हुआ कि अधिकांश क्षेत्रों में उनके साथ अन्याय हो रहा है, फिर चाहे वो शिक्षा हो, स्वास्थ्य, संपत्ति अधिकार या रोजगार। कई महिला लेखिकाओ जैसे वर्जिना वूल्फ ने लिखा कि किस तरह पुरुषों का महिलाओं पर वर्चस्व रहा और किस तरह महिलाएँ उनके वर्चस्व का माध्यम बनीं। दूसरे विश्व युद्ध के पश्चात महिला आंदोलन का नया चरण देखने में आया, जहाँ वे जीवन के सभी क्षेत्रों में समान अधिकार के लिए आंदोलन करने हेतु तैयार हुई। उन्होंने सांस्कृतिक और राजनीतिक असमानताओं के विरुद्ध आवाज तेज किया, उन्होंने पाया कि किस तरह ये दोनों अंश एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। इस आंदोलन ने महिलाओं को उनके अपने निजी व्यक्तिगत जीवन को राजनीति से जोड़ने, पुरुष और महिला के बीच सत्ता के असमान बंटवारे को समझने का भरपूर अवसर दिया। यदि प्रथम महिला आंदोलन मताधिकार के लिए चला तो वहीं दूसरा महिला आंदोलन अधिकांशतः समानता के मुद्दों पर चला, जिसका उद्देश्य शिक्षा व स्वास्थ्य से युक्त जीवन के सभी क्षेत्रों में भेदभाव को मिटाना था

आपने पढ़ा होगा कि किस तरह सामाजिक सुधारकर्ताओं ने 19वीं शताब्दी में भारत में चल रही कुप्रथाओं- सती प्रथा, जन्म के साथ ही कन्या शिशु को मार डालना, विधवाजीवन जीने के लिए मजबूर करना आदि को समाप्त करने तथा महिलाओं तक आधुनिक शिक्षा के विस्तार के लिए कार्य किया। महिलाओं में शिक्षा के विस्तार से कई महिलाओं को सार्वजनिक जीवन में भाग लेने तथा अन्य महिलाओं के समान स्वयं को बनाने की योग्यता प्राप्त हुई। इससे भारत में भी महिला आंदोलन को बढ़ावा मिला।

महिलाओं ने राष्ट्रीय आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा विशेषकर गाँधीजी जैसे नेताओं ने आंदोलन में महिलाओं की भूमिका को विशेष महत्व दिया। हजारो महिलाओं ने राष्ट्रीय आंदोलन में भाग लेकर राष्ट्रवादी विचारधारा को नया रूप दिया। जिसके फलस्वरूप स्वतंत्र भारत में महिलाओं को पुरुषों के समान वैध समानता प्राप्त हुई। यहाँ यह भी देखा गया कि उनके विरुद्ध संपत्ति कानूनों आदि में जो भेदभाव होते थे, वे भी समाप्त हो गये।

जबकि वैध समानता तो प्राप्त हो चुकी है, फिर भी वास्तविक समानता भारत सहित संसार भर में अब तक एक छल मात्र ही है तथा इसके लिए महिला आंदोलन कारणों का पता लगाकर इसे समझने का प्रयास कर रहा है जिससे वास्तविक व प्रभावी समानता मिल सकेगी।

SCERT TELANGANA

## मुख्य शब्द

1. समाजवाद
2. लडिज्म (लडवाद)
3. प्राच्यविद् (दार्शनिक)
4. महिलावाद
5. पूँजीवाद
6. आंदोलनकारी

## शिक्षा में सुधार

1. नीचे दिये गये कथनों में से औद्योगिक मजदूरों के बारे में कौन सा कथन सही हैं? तथा गलत कथन को सही करें। ($AS_1$)
   - मजदूर उद्योगों को नियंत्रित करते थे।
   - मजदूरों की जीवन स्थिति आरामदेह थी।
   - मजदूरों में असंतोष का एक कारण कम वेतन था।
   - औद्योगीकरण के चरण में संवेग व भावनाओं का विशेष प्रभाव था।
   - रोमांचकारी लेखकों तथा कलाकारों ने अपनी लोककथाओं व लोकगीतों में प्रकृति के प्रति सामिप्य के मूल्य को विशेष रूप से उभारा।
2. तत्कालीन मजदूरों को कैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था? सूची बनाइए। यदि वही समस्याएँ अब भी है? ($AS_4$)
3. पूँजीवाद व समाजवाद की विचारधारा की तुलना करते हुए एक अनुच्छेद लिखिए। वे कहाँ तक समान या भिन्न हैं? ($AS_1$)
4. महिला व मजदूरों के आंदोलनों द्वारा सामना की जाने वाली समानता की विचारधारा में क्या साम्यता या भिन्नता है? ($AS_1$)
5. मजदूर तथा महिलाओं के परिप्रेक्ष्य में ''स्वतंत्रता, समानता व न्याय'' की विचारधारा को दर्शाने वाला एक पोस्टर बनाइए। ऐसे संदर्भों की पहचान कीजिए जहाँ इन विचारधाराओं का उल्लंघन होता है। ($AS_6$)
6. संसार के मानचित्र में उन देशों को दर्शाइए जहाँ विरोधाभासी आंदोलन प्रारंभ हुए थे।($AS_5$)
7. पृष्ठ संख्या 195 के अंतिम दो अनुच्छेद पढ़कर टिप्पणी कीजिए। ($AS_2$)

## परियोजना कार्य

क्या आप अपने आस-पास कोई विरोधाभासी सामाजिक आंदोलन देखते हैं? उन आंदोलन के नेताओं का साक्षात्कार लेकर एक रपट बनाइए तथा अपनी कक्षा में प्रदर्शित कीजिए।

SCERT TELANGANA

अध्याय
16

# लेटिन अमेरिका, अफ्रिका और एशिया में उपनिवेशवाद

## यूरोप का विस्तार एवं आरंभिक उपनिवेशवाद

नीचे दिए गए विश्व के मानचित्र को देखिए। यह हमें बताता है कि *600* वर्ष पहले यूरोपियों के लिए विश्व ऐसा था।



*विश्व का मानचित्र गिनीस के अनुसार 1400 सीई में यूरोपियों की जानकारी के अनुसार*

लगभग 600 वर्ष पहले लोग बहुत कम यात्रा करते थे। वे लोग अधिकतर घोडे और ऊँट की पीठ पर सवार होकर या छोटी नाव और जहाजों की सहायता से समुद्री तटीय भागों में यात्रा करते थे। व्यापारी दूरस्थ स्थानों की यात्रा सुगंधित एवं रूचिकर वस्तुओं को खरीदने के लिए करते थे और अधिक कीमत पर बेचते थे। चीन में सिल्क और चीनी मिट्टी से बने बर्तन तथा भारत में इस्पात और गरम मसाले, अरब में फल और इत्र तथा यूरोप में शराब आदि सारे विश्व में प्रसिद्ध थे। व्यापारी उन्हें सोने और चाँदी के बदले में खरीदते और बेचते थे तथा अधिक लाभ कमाते थे। इसलिए कुछ व्यापारी तो राजा से भी अधिक धनी थे।

1400 शताब्दी के लगभग यूरोप और एशिया के अधिकतर समुद्री मार्गों पर इस्लाम साम्राज्य का अधिकार था, विशेषतः उन बादशाही साम्राज्यों को जो लगातार यूरोपीय ईसाई शक्तियों के साथ युद्धरत रहते थे। इटली निवासी अरब व्यापारियों से परिचित थे क्योंकि वे एशियाई वस्तुओं को अलेक्जांड्रिया लाते थे और इटली वासियों को बेचते थे। हालैंड, स्पेन, पूर्तगाल और इंग्लैड के व्यापारियों और सरकार को जब इस व्यापार का

- कौन से महाद्वीपों की जानकारी नही थी?
- कौन से ऐसे महाद्वीप है जिसे तटीय क्षेत्रों की जानकारी तो थी परंतु आंतरिक भागों की नही थी।

महत्व ज्ञात हुआ तो वे भारत और चीन जैसे देशो को सरल और जल्दी पहुँचने के मार्ग की खोज करने लगे। इटली व्यापारियों के अधीनस्थ क्षेत्रों से नही गुजरना चाहते थे। उदाहरण के लिए पुर्तगाली भारत पहुँचने के लिए मार्ग की खोज अफ्रिका का चक्कर लगाकर करना चाहते थे। स्पेन वासी चाहते थे कि क्या अन्ध महासागर को पार कर भारत पहुँचने का मार्ग ढुँढना संभव है? उन्होंने अधिक धन खर्च कर कई अनुभवी सैलानियों को जहाजों और अन्य संसाधन मार्ग खोज के लिए दिए। इसी कारण 1492में क्रिस्टोर कोलम्बस नें मध्य अमेरिका 1498 में वास्कोडिगामा ने अफ्रिका का चक्कर लगाकर भारत की खोज की। कोलम्बस स्पेन की रानी के लिए कार्य करते थे और वास्कोडिगामा पुर्तगाली राजा के लिए कार्यरत थे। जल्दी ही अंग्रेज और डच सरकार ने भी अपने सैलानियों को इन क्षेत्रों की ओर भेजा।

- आप ऐसा क्यों सोचते है कि इटलीवासी 1400 शताब्दी से एशिया में व्यापार जमाए हुए थे न कि अन्य यूरोपीय जैसे पुर्तगाली और स्पेन ?
- क्यो पुर्तगाली और स्पेनवासी एशिया को पहुँचने के लिए दूसरा मार्ग तलाशने में रुचि रखते हैं ?

## लेटिन अमेरिका में यूरोपीय उपनिवेशवाद

कोलम्बस जिसे आज हम वेस्टइंडीज के नाम से जानते हैं वहाँ पहुँचा - यह द्वीप दक्षिणी अमेरिका के तटीय क्षेत्र से दूर था। उसने सोचा कि वह भारत पहुँच चुका है और वहाँ के स्थानीय लोगो को भारतीय कहा। (इसी कारण आज वास्तविक अमेरिका के मूल निवासी प्रवासी भारतीय कहलाते हैं।) ये साधारण जनजाति के लोग थे जिन्होंने अतिथियों का सत्कार किया और उन्हें भोजन और आवास दिया। स्पेन वासियों ने उनका शोषण कर लूटा। उन्हें बंधुआ श्रमिक से बदल कर खाद्यान्न उगाने और सोने की खानों में काम दिया। दुर्भाग्य से सभी मूल निवासी या तो मर गए या मारे गए।

कोलम्बस के बाद स्पेन सरकार ने कई अन्य अन्वेषकों को अमेरिका पर विजय पाने तथा उसका शोषण करने भेजा था। उन्हें आशा थी कि कई सोने और चाँदी की खाने और बहुमूल्य कीमती धातु वहाँ के स्थानीय राजाओं की सहायता से खोजेंगे। स्पेनिश विजेता कोर्टेज अन्वेषक ने मैक्सिकों को लूटने और लोगों की हत्या के लिए जा पहुँचा। उसने वहाँ के क्षेत्रीय राजा की हत्या कर दी तथा मैक्सिको की स्वतंत्रता खत्म कर दी। उसी प्रकार पिंजारों नामक अन्य विजेता ने पेरू पर जीत प्राप्त कर उसे लूटा।


*Fig. 16.1: Columbus before the Queen, as imagined by Emanuel Gottlieb Leutze, 1843.*

अंग्रेज भी पीछे नहीं रहे। वे उत्तरी अमेरिका पहुँचे और अंग्रेजी किसानों के साथ पूर्वी तट पर उपनिवेश स्थापित करने लगे। वहाँ के मूल अमेरिकी




SCERT TELANGANA

निवासियों ने मित्रता दिखाई और यूरोपियों को सहायता और सहयोग भी दिया । यह उस समय की घटना है जब इंग्लैंड में जमींदारों ने छोटे किसानों की भूमि छीनना आरंभ किया था । कई किसान उत्तरी अमेरिका आ गए और उन्होंने वही अपना निवास स्थान बनाना चाहा । स्थानीय अमेरिकी वासियों से बलपूर्वक जमीने छीन, कर, हत्या कर, उन्हें आंतरिक भागो में खदेड़ दिया ।

जैसे ही यूरोप में अमेरिका के संसाधनों की जानकारी मिली भूमि भूखे लोगों की लहर अमेरिका की ओर चल पड़ी । उन्होंने स्थानीय लोगों को वहाँ से भगा दिया और उनकी भूमि पर अधिकार जमा लिया।

एक बार जब हत्याएँ, दमन एवं शोषण समाप्त हुआ तब यूरोपीय वहाँ बस कर वहाँ के प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार जमाने लगे । उन्हें शारीरिक श्रम करने वाले श्रमिकों की आवश्यकता होने लगी। उन्हें पता था कि अमेरिका के मूल निवासी आसानी से गुलाम नहीं बनाए जा सकते । इसीलिए उन्होंने कई अफ्रिकी गुलामों को वहाँ भेजना आरंभ किया जो कि यूरोपीय (विशेषकर पुर्तगाली) व्यापारियों और उनके दलालों द्वारा अफ्रिका के आंतरिक भागों से लाये गये थे । इन अफ्रिकी गुलामों को अमानवीय व्यवहार के साथ अमेरिका भेजा और उन्हें बड़ें जमींदारों और अन्य लोगों को बेच दिया । 15 से 20 लाख अफ्रिकी दास बलपूर्वक अमेरिका भेजे गए । उनसे गन्ने के खेतो, मकई के खेत, तंबाकू के खेत और कपास के खेतों में काम करवाया जाता था । उन उत्पादों को उनसे लेकर इंग्लैंड और फ्रान्स देशों में अधिक लाभ लेकर बेचा जाता ।




*चित्र. 16.2:292 दासो को जहाज में ले जाता हुआ चित्र*

## लेटिन अमेरिका

1500 से 1800 शताब्दी के 300 वर्षो से मध्य एवं दक्षिण अमेरिका पर स्पेन और पुर्तगाल का अधिकार हो गया था । स्पेनिश एवं पुर्तगाली भाषा लेटिन भाषा से ही निकली हुई थी, इसलिए इन देशो को लैटिन अमेरिका देश कहा जाने लगा । इस महाद्वीप के आधे से ज्यादा मूल निवासी मारे गए या यूरोपियों द्वारा लाई गई बीमारियो के शिकार बन गए । अधिक संख्या में यूरोपीय बस गए जो अफ्रीका से खरीदे गए दास थे । इन देशों के निवासी आज मूल भारतीय स्पनिश और पुर्तगाली और अफ्रिकी गुलामों के वंशज का मिश्रित रूप है। अधिक संख्या में लोग उन यूरोपीय अभिभावकों के वंशज है जिन्होंने भारतीय या अफ्रिकी से विवाह किया था।

- लगभग 1800 शताब्दी के दक्षिण अमेरिका के मानचित्र को देखिए और उन देशों को पहचानिए जिन पर विभिन्न शक्तियों का अधिकार था ।




*मानचित्र 2*
*दक्षिण अफ्रीका - 1800.*

हमने देखा कि अधिक संख्या में मूल भारतीय मारे गए । जब अन्य समुदायों पर स्पेन का अधिकार हो गया था तब छोटे जनजाति समुदाय जो घने जंगल में रहते थे वे जीवित थे । उन पर भारी कर लगाए गए तथा स्पेन के अधीन खेतों और खदानों में काम करने के लिए मजदूर बनना पड़ा । उनके अधिकांश मंदिरों को नष्ट कर दिया गया और रोमन कैथोलिक धर्म में परिवर्तित कर दिये गये । दक्षिण अमेरिका में 17 वीं और 18वीं शताब्दी में कई छोटे-बड़े भारतीय क्रांतिकारी उभरने लगे, लेकिन सेना और हथियार के अभाव के कारण निर्ममता से उन्हें दबा दिया गया जो कि स्पेन के पास थे ।

स्पेन द्वारा शासित की देशों के सभी अधिकार मेडरिक (स्पेन की राजधानी) में स्थित सर्वोच्च परिषद के अधीन थे। यह परिषद उच्च अधिकारियों और उच्च वर्ग के लोगों को स्पेन से नियुक्त कर उपनिवेश पर शासन करने भेजती थी । उपनिवेशो मे कैथोलिक गिरिजाघरों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी । इसके बाद स्पन निवासी भी थे जो इन देशों की भूमि और खाद्यान्नों पर अधिकार रखते थे। इनमे से कुछ बडें जमींदार होते थे जो इन देशों की भूमि और खदानों पर अधिकार रखते थे जिनके पास विशाल भूभाग होती थी, उसे 'हसियंडा' कहते थे । हसियंडा में हजारों एकड़ भूमि होती थी जिसमें सोने और ताँबे की खाने, कृषि भूमि और उपजाऊ भूमि और कारखाने होते थे। इसके मालिक बड़े जमींदार होते थे जो प्यून या भारतीय एवं अफ्रिकी गुलामों से वहाँ काम करवाते थे । इनके अतिरिक्त कुछ सामान्य स्पेनवासी जो छोटे किसान और पशु चारवाहा थे, वहाँ बस गए । वहाँ निवासित स्पेन वासियों को प्रशासन में कोई अधिकार प्राप्त नही था, वह सीधा स्पेन के अधीन था, जो यूरोप द्वारा संचालित था।

- आप क्या सोचते है कि उपनिवेशी सरकार ने स्पेनी निवासियों को कोई महत्वपूर्ण स्थिति प्राप्त नहीं होने दी ।

कुछ ही समय में स्पेन के भूपति और किसानो ने इन देशों के व्यापार और उद्योगों में प्रगति की और कृषि उत्पादों जैसे शक्कर, मांस के अलावा धातु जैसे ताँबा, टीन का विशाल मात्रा में निर्यात करने लगा।

स्पेन द्वारा इन उपनिवेशों की आर्थिकता पर अधिकार कुछ इस प्रकार स्थापित था जैसे सस्ते मजदूर और प्राकृतिक संसाधनों के साधनों की सेवा के अतिरिक्त इनका ध्यान आंतरिक विकास की ओर नही

SCERT TELANGANA

गया। इस स्थिति के कारण उपनिवेशी शक्तियों की आर्थिकता केवल एकाधिकार व्यापारिक संबंधों में स्थापित हुई। इन एकाधिकारी सुविधाओं की सुरक्षा के लिए उपनिवेशों की सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को बलपूर्वक आकार दिया गया।

इन उपनिवेशी देशों समय को बलपूर्वक वाणिज्य फसले जैसे गन्ना या तंबाकू या कपास उगाने पर विवश किया जाता था, जो कि प्रबल देशों मे सस्ते दामों में बेचा जाता था। उन्हें दूसरे देशों में कारखानें और व्यापार स्थापित करने की अनुमति नही थी। बाध्यित श्रमिकों के कारण विशाल स्तर पर कम कीमत पर वाणिज्य फसलों को उगाने का कार्य विशाल भू भाग पर संभव था। इन भूपतियों को फसल उगाने या उत्पादन की आधुनिक प्रक्रिया में कोई उत्साह नही थे, क्योंकि उन्हें बलपूर्वक सस्ते मजदूर मिल जाते थे।

अधिकांश लाभ का भाग आरामदायक वस्तुओ के प्रदर्शन में उच्च वर्गीय लोगों द्वारा खर्च कर दिया जाता था, न कि बचत और उत्पादन में इसे लगाया जाता था। इसके कारण असमान असामाजिक ढाँचा प्रबल रहा, इसका यह भी अर्थ है कि अधिक लोगों में संपूर्ण दरिद्रता पाई गई।

उपनिवेशवाद ने भी उपनिवेशी आर्थिकता पर अपना अंकुश स्थापित किया। उपनिवेशी देशों मे कडे नियम और सामाजिक अधिकार नियम स्थापित किए गए। कारखानों में उत्पादित छोटी से छोटी वस्तु जैसे किल का भी उत्पादन निषेध था। अप्राकृतिक रूप से पूरी तरह उपनिवेशी देशों को उपनिवेशिक देशों पर निर्भर करना पड़ता था। इस प्रकार उपनिवेशों में उपनिवेशी अधिकार ने बलपूर्वक अर्धविकसित स्थिती बनाई- उत्पादन के क्षेत्र में पूँजी लगाकर उन्हें उन्नति करने से रोक दिया।

- आपने कक्षा 8 में निजाम राज्यों में जमींदारी प्रथा को पढा था। निजाम राज्य की जमींदारी प्रथा एवं दक्षिण अमेरिका के हेचियनदास की तुलना कीजिए। इसमें समानता एवं असमानता का पता लगाए।
- लैटिन अमेरिका के उपनिवेशी देशों के निम्न लोगों के कष्ट निवारण के सुझाव बताइए।

  1.स्पनिश स्थाई निवासी जो हेचियनदास के मालिक थे।

  2. अमेरिका में बसे छोट स्पेनिस किसान

  3. मूलभूत अमेरिकी

  4. लैटिन अमेरिका में बसे अफ्रीकी दास

स्पेनिश उपनिवेशो के प्राचीन निवासी स्पेन के उच्च वर्गीय लोगों के उन पर अधिकार से नाराज थे और लैटिन अमेरिका मे 1810 से स्पेन के विरोध मे विद्रोह आरंभ हो गए। वे उत्तरी अमेरिका की स्वतंत्रता की घोषणा एवं फ्रांसिसी क्रांति से अधिक प्रभावित हुए। साईमन बोलिवर ने एक कांतिकारी सेना का नेतृत्व किया जिसमें काले गुलाामो और छोटे किसानों और यूरोप के कई लागों ने जो फ्रांसिसी क्रांतिकारी विचारों से प्रभावित थे, ने उनका साथ दिया। इस सेना ने वेननजुएला को स्वतंत्र करवाया जो आज कोलंबिया कहलाती है। एक और क्रांतिकारी सेना मार्टिन के द्वारा पेरू और अर्जेन्टाईना में 1817 तथा 1822 में ब्राजिल में जो पुर्तगालियों के अधीन था, स्वतंत्रता प्राप्त की। इस प्रकार दक्षिण अमेरिका के अधिक भागों में यूरोपीय उपनिवेशी शासन समाप्त हुआ।

1820 से संयुक्त राष्ट्र अमेरिका शक्तिशाली आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में संगठित हुए । वह सोंचने लगा कि दक्षिण अमेरिका का भू भाग प्रभावित है और सक्रियता से किसी भी यूरोपीय शक्ति का उस क्षेत्र में अधिकार स्थापित करने से रोकने लगा । संयुक्त राष्ट्र संघ के राष्ट्रपति जेम्स मुनरों ने मुनेरो नियम (Munroe Doctrine) आरम्भ किया जिसके अनुसार किसी भी यूरोपीय शक्ति को अमेरिकी महाद्वीप में उपनिवेश स्थापित करने की अनुमति नही है और संयुक्त राष्ट संघ को अन्य महाद्वीप में उपनिवेश स्थापित करने की अनुमति नही है और संयुक्त राष्ट्र संघ अन्य महाद्वीपों में स्थापित उपनिवेशों में हस्तक्षेप नहीं करेगा । 1823मे मुनेरो द्वारा दिए गए भाषण के सार को पढिए ।



*इस. 16.3: पेरू के वर्तमान माँचू पिंचू का स्थान जहाँ पूँजा की जाती है।*

"समय आ गया कि निश्चयता पूर्वक यह कहा जा सकता है कि संयुक्त राष्ट्र संघ के अधिकार एवं रूचि के उद्देश्य शामिल किए जाये, अमेरिकी महाद्वीप, स्वतंत्र एवं मुक्त स्थिति जो उन्हें प्राप्त एवं बनाई रखी,भविष्य में किसी यूरोपीय शक्ति द्वारा उपनिवेशों की स्थापना कोई महत्वपूर्ण विषय नही होगा ।''

आप यह नोट कर सकते हैं कि मुनरों ने अमेरिकी उपनिवेशों की स्वतंत्रता लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ के अधिकतर रूचियों को दृढ बनाए रखना था । यह निश्चित था कि कोई यूरोपीय शक्ति अमेरिकी देशों में उपनिवेश स्थापित नहीं कर सकते परन्तु अमेरिका उन देशों में उपनिवेश स्थापित कर सकता है ।

ब्रिटेन जो नौ सेना मे शक्तिशाली था, उसने मुनेरोडक्ट्रीन को समर्थन दिया । ब्रिटेन अच्छी तरह से जानता था कि अमेरिकी उपनिवेश किसी यूरोपीय शक्ति के राजनैतिक अधिकार के अधीन नही है, इसीलिए वे इंग्लैंड के साथ व्यापार करने में स्वतंत्र है और उनकी औद्योगिक वस्तुओं को खरीद सकते हैं ।

जबकि सीधे रूप से उपनिवेश शासन समाप्त हुआ, परन्तु प्राचीन उपनिवेशी शासन बने रहे । लेटिन अमेरिका के देशों में एक सामाजिक पद्धति थी जिसमें एक तरफ विशाल संख्या में जमींदार और दूसरी तरफ विशाल संख्या में श्रमिक, अर्ध श्रमिक और दरिद्र छोटे किसान थे । वहाँ गरीब भारतीय समुदायों के गाँव भी थे । उद्योग एवं व्यापार पर जमींदारों का अधिकार था जो उनके विकास में थोड़ी रूचि लेते थे क्योंकि श्रमिकों की जीविका शोषण द्वारा उन्हें संतोषजनक आय प्राप्त होती थी । इसीलिए लेटिन अमेरिका के देशों मे प्राचीन उपनिवेशवाद चलता रहा । ब्रिटेन एवं संयुक्त राष्ट्र अमेरिका जैसे

SCERT TELANGANA

- आप ऐसा क्यों सोचते हैं कि लेटिन अमेरिका के देश उपनिवेशी शासन से स्वतंत्र हो जाने पर भी अविकसित रहें ।
- मुनेरोडाक्ट्रीन ने किस प्रकार लेटिन अमेरिका की स्वतंत्रता को सुरक्षित बनाए रखा? क्या उसने स्वतंत्रता पर सीमा लगाई ?
- ब्रिटेन ने मुनेरोडाक्ट्रीन से कैसे लाभ उठाए।

उच्च स्तरीय औद्योगिक देशों में उच्च स्तरीय सामाजिक एवं आर्थिक असमानता थी और भूमिहीन होने के कारण दरिद्रता बनी रही जिससे ये देश अप्रगतिशील बने रहे ।

## एशिया में यूरोपीय देशों का उपनिवेशवाद

एशिया के विभिन्न देश जैसे भारत, चीन और जापान लैटिन अमेरिकी देशों से विभिन्न रूपों से भिन्न थे। एशिया के कई देशों में धनी जमींदारों एवं संपन्नों का घनत्व अधिक था और शक्तिशाली साम्राज्य की सेनाओं से सुरक्षित थे । इसीलिए जब यूरोपीय शक्तियों ने मुगल साम्राज्य पर आक्रमण किया तो लगातार वे मुगल सेना से पराजित होते रहे । किसी भी प्रकार से यूरोपीय कुछ महत्वपूर्ण बंदरगाहों जैसे गोआ पर नियंत्रण पाने में सफल हुए जहाँ से समुद्री व्यापार पर आधिप्त स्थापित किया जा सके । उदाहरण के लिए 16 वीं शताब्दी में पुर्तगालियों ने हिन्द महासागर पर समुद्री साम्राज्य स्थापित किया । जो भी जहाज अरब सागर या हिन्द महासागर या बंगाल की खाड़ी से यात्रा करते थे उन्हें पुर्तगालियों के विशेष भेंट (शुल्क) देना पड़ता था वरना वे लोग इन पर आक्रमण करते और उन्हें लूट लेते।

अंत में हालैंड और इंग्लैंड जैसे यूरोपीय देश इस नियंत्रण को तोड़ने में सफल हुए, वे भी भारत व्यापार के लिए पहुँचने लगे । एशियाई देशों के साथ व्यापार करने के लिए 1600 में हालैंड और इंग्लैंड ने अपनी निजी ईस्ट इंडिया कंपनी स्थापित की । यह कंपनियाँ एशियाई देशों में उत्पादित वस्तुएं जैसे कपास, रेशमी कपड़ा, गरम मसाले,इस्पात आदि खरीदने में रूचि रखती थी, क्योकि यूरोप में इनकी मांग अधिक थी और अधिक लाभ पाते थे। उदाहरण के लिए पुर्तगालियों ने प्रथम अन्वेषण द्वारा लागत पर 400 प्रतिशत लाभ कमाया ।

भारत और इंडोनेशिया के विभिन्न बंदरगाह शहरों में यूरोपीय देशो ने व्यापारिक केन्द्र स्थापित किए । उनमे से हालैंड ने इण्डोनेशिया के कुछ बंदरगाह शहरों में राजनैतिक नियंत्रण स्थापित किया ।

डच : हालैड के लोगों को डच कहा जाता है । आज हालैंड का कार्यकारी नाम नेदरलैंड है ।

शीघ्र ही इन कंपनियों की क्रियाओं पर यूरोप में प्रगति के लिए विरोध उत्पन्न होने लगे । वे लोग भारतीय वस्तुओं को विभिन्न कीमती धातु जैसे सोने और चाँदी देकर खरीदने लगे जबकि हालैंड और इंग्लैंड नें संपत्ति एकत्रित कर ली । यह अनुभव किया गया कि इस व्यापार के परिणाम स्वरूप भारत धनी देश बन जाएगा । इस कारण कंपनियों पर भारी दबाव डाला गया कि एशिया में व्यापार के लिए पूँजी नियोजन करें ।

डच कंपनी ने इसके बदले में विस्तृत भू-भाग अधिकार करना आरंभ किया जैसे इंडोनेशिया, वहाँ कोई शक्तिशाली साम्राज्य नही था । वे लोग स्थानीय लोगों पर उनके उत्पादनों को सस्ते दामों पर बेचने के लिए विवश करते थे जो एक प्रकार से एकाधिकार बन गया क्योंकि वे अन्य देशों को उनके साथ व्यापार करने नही देते थे। 1800 ई. में डच सरकार ने कंपनी को समाप्त कर इंडोनेशिया पर सीधे

शासन स्थापित किया । सरकार भी आर्थिक पतन से ग्रसित थी इसीलिए इंडोनेशिया को आय के रूप में उपयोग करना चाहती थी । उन्होंने स्थानीय लोगों को कॉफी, शक्कर और गरम मसाले कर के रूप में देने पर विवश किया । यह वस्तुएं सरकार द्वारा अधिक लाभ के साथ अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बेची जाने लगी । इस प्रकार लगभग डच सरकार के बजट में 25 प्रतिशत की बढोत्तरी हुई । यह स्थानीय लोगों की अनकही मेहनत थी जो आवश्यक खाद्यान्न भी नही उगा सकते थे या वाणिज्य फसलों की कम से कम कीमत भी नही पाते थे । संपूर्ण दरिद्रता एवं सूखा इसके परिणाम हुए । उन्होंने कई विद्रोह किए गए परन्तु कठोरता से दबा दिए गए । हालैंड के कई लोगों ने इस योजना की आलोचना की ।



*डच इंडिया कंपनी का प्रतिनिधित्व का काल्पनिक डच साम्राज्य का चित्र । 16.4: (1916 ) में सडक मार्ग बहुमूल्य आभूषण के रूप में*

1870 के अंत में सरकार ने उत्पादों को बलपूर्वक खरीदना बंद कर दिया । अब डच पूँजीपतियों ने इण्डोनेशिया में बागबानी पर पूँजी नियोजन करना आरंभ किया, जिसमें केवल एक फसल (जैसे रबड़, काली मिर्च या गन्ना) ही विस्तृत रूप से उगाई जाती थी जो डच मालियों के हाथ में ही था । डचों ने कॉफी, चाय, तम्बाकू कोको और रबड़ की जानकारी दी और विशाल भू-भाग पर बागवानी करने लगे । बागवानी का कार्य निरीक्षक के अंतर्गत अर्थदासो द्वारा किया जाता था। उसमें से कई लोगों को दूरस्थ देशों जैसे भारत से लाया जाता था। इन बागवानियों से उत्पादित पदार्थों को यूरोप के अंतर्राष्ट्रीय बाजारां में बेचा जाता था। उन्होंने टीन और पेट्रोलियम जैसे खनिजों में भी पूँजी लगाई। इन वस्तुओ के लिए यातायात को सरल बनाने के लिए सरकार ने रेलमार्ग और तारघरों आदि में भी पूँजी लगाई। डच ने इंडोनेशिया में विश्व आपूर्ति के लिए क्वीनी (quinine) और कालीमिर्च अधिक उत्पादित करता । 1/3 रबड़ 1/2 नारियल 1/5 चाय, शक्कर, काफी और तेल था । डच ईस्ट इंडीज ने लाभ में हालैंड मे कारखानों की प्रगति में सहायता की और विश्व का सबसे प्रसिद्ध उपनिवेशी शासन बना । द्वितीय विश्व युद्ध 1939-45 के समय जापान द्वारा इस शक्ति को समाप्त किया गया । भारत के साथ-साथ युद्ध के बाद इंडोनेशिया भी स्वतंत्र हो गया ।

## चीन

चीन भी भारत के समान विश्व प्रसिद्ध देश था और शक्तिशाली साम्राज्य था । भारत के पूर्व में स्थित होने के कारण से लेटिन अमेरिका या इंडोनेशिया के समान यूरोपीय यहाँ अधिकार स्थापित नहीं कर पाए । चीनी राजा चीन में यूरोपियों के साथ व्यापार के खतरे को जानते थे और उन्होंने केवल कुछ व्यापारियों के साथ एक ही शहर मे व्यापार करने की अनुमति दी । वे लोग साम्राज्य मे भ्रमण भी नही कर सकते थे और अपने निवास स्थानों में ही रह सकते थे । इस प्रकार यूरोपीय व्यापारियों के भय को

## भारत में उपनिवेश का विस्तार

पिछली कक्षाओं मे आपने भारत पर अंग्रेजों की जीत के बारे में पढा था। यह जीत कुछ महत्वपूर्ण स्तरों को याद करने में यह मदद करता है। 16 वीं शताब्दी के आरंभ में पुर्तगालियों ने कुछ बंदरगाहों जैसे गोआ पर नियंत्रण स्थापित किया। 15 वीं शताब्दी के अंतिम चरण से अन्य यूरोपीय देशों ने भारत के साथ व्यापार करने के लिए बाह्य व्यापारिक केन्द्र स्थापित किया। जब तक औरंगजेब जीवित था तब तक कोई भी यूरोपीय कंपनी भारत में राजनैतिक अधिकार प्राप्ति के बारे में सोच भी नही सकती थी। जैसे ही 1700 के पश्चात मुगल साम्राज्या का पतन हुआ यूरोपीय कंपनियों ने धीरे-धीरे तटीय भागों पर राजनैतिक नियंत्रण पाना आरंभ किया। दक्षिण भारत में मद्रास में अंग्रेज तथा पांडिचेरी पर फ्रांसिसियों ने अधिकार जमा लिया। भारत पर एकल अधिकार स्थापित करने के लिए वे आपस में युद्ध करते रहते थे। अंत में अंगरेजों ने बंगाल के नबाब को हराया और 1757 में बंगाल पर राजनैतिक अधिकार प्राप्त किया। इस प्रकार भारत में ब्रिटिश शासन स्थापित हुआ। कंपनी ने बंगाल द्वारा प्राप्त कर उपयोग भारत में खरीदी के लिए लगाना शूरु किया और भारतीय कलाकारों, कृषकों और व्यापारियों को सस्ते दामों पर वस्तुएं बेचने के लिए राजनैतिक अधिकारों के उपयोग द्वारा विवश करते थे। इससे कंपनी को अधिक लाभ होने लगा।

कुछ हद तक कम करना चाहा। यूरोपीय व्यापारी चीनी, रेशम और चाय से अधिक लाभ कमाते थे, परन्तु चीनी किसी यूरोपीय वस्तु को नहीं चाहते थे, वे केवल सोना और चाँदी ही भुगतान में चाहते थे। हमने पहले भी देखा है कि यूरोप में इस योजना का विरोध किया गया था क्योंकि इससे यूरोपीय बहुमूल्य धातुओं मे कमी आ जाएगी। यूरोपीय व्यापारियों ने चीन में अत्यधिक मांग वाली वस्तु अफीम जो भारत में उत्पादित होती, उस पर चोट पहुँचाई। अंग्रेजों ने भारतीय किसानों को अधिक से अधिक अफीम उगाने केलिए प्रोत्साहित किया और अति कम कीमत पर उनसे खरीदा। चीन में इसे अवैधानिक रूप से भेज कर बेचा गया। इसके बदले में यूरोपियो ने रेशम और चाय खरीद कर उसे यूरोप में बेचा इस प्रकार उन्हें चीनियों को चाँदी नही देना पडा। जैसे ही अफीम की तस्करी बढी चीनी अधिकारियों ने यूरोपीय व्यापारियों को केवल एक शहर में व्यापार करने की अनुमति को निष्कासित कर दिया। इसी के कारण 1840 में अफीम युद्ध चीन और इंग्लैंड के मध्य हुआ। इंग्लैंड की यूरोपिय शक्तियों ने सहायता की। इग्लैंड द्वारा चीन पराजित हुआ जिसमें उसे कई असमान संधियों पर हस्ताक्षर करनी पड़ी। इन संधियों के कारण इंग्लैंड बिना किसी रूकावट के चीन के साथ



चित्र. 16.5

व्यापार कर सकता था और इंग्लैंड अब चीन मे व्यापारिक तटबंदी स्थापित कर सकता था जहाँ केवल अंग्रेजी कानून चलते थे। इंग्लैंड ने चीन को अत्यधिक आत्मीय राष्ट्रीय व्यवहार करने पर मजबूर किया ताकि जब किसी दूसरे देश को कोई छूट दी जाए तो अपने आप इग्लैंड को भी मिल सके।



*चित्र. 16.6: 1840 में कागज पर जलरंग मकाओं दृश्य के शीर्षक में मकाओं चीन का एक बंदरगाह शहर था जहाँ यूरोपीय व्यापार करने की अनुमति थी*

इसी के साथ चीन की स्वतंत्रता खत्म होने लगी जबकि 1911 तक चीनी राजाओं का शासन चलता रहा। हम देख सकते है कि भारत या लेटिन अमेरिका के समान चीन पर यूरोपीय शक्तियों का सीधे राजनैतिक नियंत्रण स्थापित नही हुआ। चीन को यूरोपीय देशों को युद्ध का भारी हरजाना देना पड़ा। उन्हें मुक्त व्यापार करने का अधिकार, कम से कम आयात कर, चीनी मिट्टी (भूमि) पर यूरोपीय बस गए। जहाँ उन्हीं का कानून चलता था, न कि चीनी कानून। वैसे राजनैतिक प्रशासन का दैनिक कार्य चीनी सरकार के हाथ में था, परन्त अर्थ व्यवस्था यूरोपीय के हाथ में आ गई। चीन में वे अपनी वस्तुएँ भी बेच सकते थे। कम कीमत पर अपने कारखानों के लिए कच्चा माल खरीदते और उसी के साथ-साथ यह भी ध्यान रखते थे कि चीनी उद्योग में चीन में विकसित न हो सके।

आपको याद होगा केवल अकेला इंग्लैंड ही चीन के साथ व्यापार करना चाहते है, ऐसा नही है। अन्य यूरोपीय देश जैसे फ्रान्स, जर्मनी, रशिया आदि ने चीनी सरकार को चीन के कुछ क्षेत्रों की ओर ध्यान दिया जहाँ इन देशों का अधिक प्रभाव था, वहाँ किसी अन्य देश को प्रवेश की अनुमति थी। यह एक प्रकार का चीन का विभाजन था, जो वास्तविक रूप से नही होना चाहिए था। अब देश का अधिकार नही रहा बल्कि यूरोपीय देश एशिया में ही संगठित होने लगे। जापान 1861 में जापान में राजनैतिक विद्रोह और तीव्रता से औद्योगिकरण और आधुनिकीकरण की योजना आरंभ हुई। जापान भी उन उपनिवेशों की तलाश में था। जहाँ से उसे सस्ते दामों में कच्चा माल मिल सके और अपने औद्योगिक उत्पादनो को बेच सके। इसी के कारम 1894-95 में चीन के साथ युद्ध हुआ और चीन को उसके कुछ भाग और क्षतिपूति देने पर विवश किया गया।

- चीन को पश्चिमी देशो से आयात किये जाने वाले उत्पाद थे । __________.
- चीन को पश्चिमी देशो द्वारा बेचे जोने जाने वाले उत्पाद थे ।_______.
- ऐशियाई देशों में अपना प्रभाव स्थापित करना चाहा________.

इस प्रकार विभिन्न यूरोपीय शक्तियों और जापान ने चीन में अपना प्रभावी क्षेत्र स्थापित किया । इसीलिए चीन को अर्ध उपनिवेश माना जाता था यह किसी एक विशेष देश का संपूर्ण उपनिवेश नही था ।

## अफ्रिका में उपनिवेशवाद

19 वीं शती के मध्य तक यूरोपीय देशो ने अफ्रीका में उपनिवेश स्थापित करने में कम रूचि दिखाई । 16 वीं शताब्दी से 19 वीं शताब्दी के आरंभ तक वे अफ्रिका का उपयोग केवल वहाँ से अमेरिका में दासों को भेजने के लिए करते थे । कुछ शक्तियों ने जैसे इंग्लैंड ने अफ्रीकी तटीय क्षेत्र जैसे केप आफ गुड़ होप का उपयोग किया । इन शक्तियों की दृष्टि मे अफ्रीका उन्हें व्यापारके लिए बहुत थोड़ा उपलब्द करा सकता है।

अन्वेषण - यूरोपीय अफ्रिका को अन्ध महाद्वीप कहते थे, क्योंकि इन्हे इसके आंतरिक भागों की बहुत कम जानकारी थी। यह पूरा महाद्वीप एक उच्च पठारी क्षेत्र था जहाँ संकरा तटीय क्षेत्र था। अधिकतर नदियाँ पठारी भाग से बहती हुई तटीय भागों में संकरी बन जाती और ढलाऊँ झरने बहते । इसीलिए यूरोपीय व्यापारी इसके आंतरिक क्षेत्रों में जाने में रूचि नही रखते थे । पूरी 19 वीं शताब्दी विशेषकर 1850 के बाद यूरोपीय देशों ने अफ्रिका के आंतरिक भागों की खोज के लिए अन्नवेषक भेजे, इन स्थानो के मानचित्र बनाए गए , प्राकृतिक विशेषताएं जैसे नदियाँ और पर्वत, खनिज स्रोत, जंगल और उत्पादन और वहाँ रहने वाले लोग । इस महत्वपूर्ण जानकारी द्वारा वे लोग उस पर जीत प्राप्त करने तथा आंतरिक क्षेत्रों में उपनिवेश स्थापित करना चाहते थे । यूरोपीय अन्वेषकों मे से महत्वपूर्ण अन्वेषक डेविड़ लिविंड स्टान और एच. एम. स्टेनली दोनों ने इग्लैंड के लिए दक्षिण अफ्रिका एवं मध्य अफ्रिका के मानचित्र बनाए । अन्य अन्वेषण 1850 और 1860 में रिचर्ड बर्तन, जाँन स्पेक था जेम्स ग्रान्ट ने महान मध्य झील तथा नील नदी के स्रोतो को अंकित किया । 19 वी शताब्दी के अंत में नील का उसके स्रोतो के साथ आकार दिया। नाईजर, कांगो और जाम्बेजी नदी को चित्रित किया और अफ्रिका के विशाल संसाधनो को जाना । इस अन्वेषकों मे से कई अन्वेषकों के संबंध ईसाई गिरिजा घरों से थे जो अफ्रिका में ईसाई धर्म का प्रचार करना चाहते थे ।

यूरोप के विभिन्न देशों जैसे इंग्लैंड, फ्रान्स, बेल्जियम, जर्मनी,इटली आदि में औद्योगीकरण के पश्चात 1850 मे अफ्रिका मे अपने उत्पादनों को बेचने के लिए बाचार की तलाश की जाने लगी । उन्हें यह भी ज्ञात हुआ कि कई महत्वपूर्ण औद्योगिक कच्चा माल जैसे ताँबा, टीन, रबड, पाम तेल, कपास, चाय, कोको आदि अफ्रिका में उपलब्ध हैं । यूरोपीय उत्पादन कर्ता भी अपने उत्पादनों के लिए अफ्रिका की ओर ताकने लगे । इनमे से कई देश जैसे जर्मनी और इटली राष्ट्र निर्माण और औद्योगिकरण के लिए प्रवेश करते है और अपने देश को शक्तिशाली बनाने के लिए अन्य यूरोपीय देशों की अपेक्षा अधिक उपनिवेश स्थापित करना चाहते है । अफ्रिका ही एक जनसंख्या घनत्व वाला महाद्वीप था और यूरोप को उपनिवेश स्थापित करने के लिए प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध थे ।


SCERT TELANGANA

1913 के अफ्रीका के मानचित्र को देखिए अफ्रीका में 'यूरोपीय शक्तियों के उपनिवेशी विकास की श्रृंखला विस्तार को देखिए।

अफ्रीका के आधुनिक मानचित्र से इसकी तुलना कीजिए।

विशाल अफ्रीकी देशो की सूची बनाइए और उनके सामने उन देशों के नाम लिखिए जिनका वहाँ उपनिवेश स्थापित हुआ।

*मानचित्र 3: अफ्रिका - 1913*




| आधुनिक देश | 1913 में उपनिवेशवाद |
|---|---|
| दक्षिण अफ्रिका | |
| मिश्र | |
| नाइजीरिया | |
| घाना | |
| लीबिया | |
| अल्जेरिया | |
| आंगोल | |
| कांगों | |

अन्ततः 1870 से अफ्रिका का विभाजन आरंभ हुआ। 1870 मे अफ्रिका के 10 प्रतिशत भाग में ही उपनिवेश स्थापित हुए, परंतु चालीस वर्षों के भीतर ही संपूर्ण महाद्वीप में केवल इथोपिया और कुछ छोटे एक दो राज्यों को छोड़कर उपनिवेश शासन स्थापित हो गया। इथोपिया ने इटली की सेना को हराया। वह प्रथम अयूरोपीय देश था जिसमें यूरोपीय देश को हराया था।

*आफ्रिका के लिए प्रतिद्वंद :* आफ्रिकाई प्राँतों पर अधिकार पाने के लिए यूरोपीय देशों के प्रयास।

समय के साथ-साथ यूरोपीय देशो मे उपनिवेश और क्षेत्र विस्तार के लिए प्रतियोगिता आरंभ हो गई जो अधिक समय तक शांतिपूर्वक समझौते से प्रबंधित नही की जा सकी। तभी 1914 में प्रथम विश्व युद्ध फूट पडा जो अमानवीय व विनाशकारी था।

## उपनिवेशवाद का अनुभव

### कांगों



*लियोपाल्ड - II*

1869- 1874 तक राजा लियोपोल्ड द्वितीय ने गुप्त रूप से अन्वेषक स्टेनली को कांगों क्षेत्र भेजा, वहाँ कई अफ्रीकी प्रमुखो से उसने संधि कर ली और उन्हें अपने क्षेत्र देने पर विश्वास दिलाया। उसने इस क्षेत्र के साथ कटांगा के राजा की हत्या कर उसे भी मिला लिया। 1882 तक लियोपोल्ड, की अफ्रीकी संपत्ति 2,300,000 वर्ग कि.मी.



IN THE RUBBER COILS.

*Fig. 16.7: A cartoon published in 1906 in* Punch *showing Congolese man and Leopold - "In Rubber Coils". Rubber was a plant introduced into Congo under colonialism*

बेल्जियम से 75 गुणा बडी थी हो गई । इसे स्वतंत्र कांगो राज्य कहा जाने लगा । लियोपोल्ड द्वितीय ने इसे निजी संपत्ति बना लिया और हस्त दंत और रबड (चमडा) पाने का स्रोत बना लिया । उपनिवेशी लोगों पर कांगो स्वतंत्र राज्य द्वारा की गयी सामुहिक हत्याओं और बलपूर्वक श्रम का भय छाने लगा। गाँव के प्रत्येक व्यक्ति को रबड का कोटा देना पड़ता था जो यह कोटा नहीं देता था उसके हाथ काट लिये जाते थे । 1885 और 1908 में लगभग 16 लाख मूल निवासी मे से आठ से दस लाख लोग मारे गये । लियोपोल्ड ने यहाँ से प्राप्त धन द्वारा बेल्जियम में निर्माण कार्य को रूप दिया । इस कार्य को सारे विश्व में निंदा हुयी स्वयं बेल्जियम में भी । अतः बेल्जियम की सरकार ने राजा के शासन को कांगों में समाप्त करने पर विवश किया और शासन को बेल्जियम संसद के अधीन कर दिया गया ।

इसी प्राकर की स्थिति पडोसी फ्रेन्च कांगों मे भी उत्पन्न हुई। अधिकांश संसाधनो का लाभ इन कंपनियों के द्वारा उठाया जाता था, जिसके परिणामस्वरूप 50 प्रतिशत से अधिक प्रजा मारी गई।

## दक्षिण अफ्रिका

अंग्रेजों ने केप आफ गुड होप में जहाजों को ठहराने के लिए सैनिक चौकी स्थापित की । कुछ पुर्तगाली किसान वहाँ कृषि कर अपने उत्पादनों को उन गुजरने वाले जहाजों को बेचते थे। स्थानीय अफ्रिकी लोगों को उनकी भूमि से वे खदेड देना चाहते थे । इसलिए आपस में वैमनस्य उत्पन्न होने लगा । आफ्रिकन को वो बोयर्स कहते थे। जब अंग्रेजों का इन क्षेत्रो पर अधिकार बढने लगा तो बोयर्स असंतुष्ट रहने लगे और उन्हें दूसरे स्थान भेजा गया और स्वतंत्रत गणतंत्र की स्थापना कर दी । जब (1869 और 1886) सोने और हीरे की खोज वहाँ हुई तो यूरोप, अफ्रीका और भारत से कई लोग दक्षिण अफ्रिका में स्थानांतरण करने लगे और खादानों से अधिक धन पाना चाहते थे । अतः ब्रिटिस सरकार बोयर्स की स्वतंत्रता समाप्त कर खदानो के क्षेत्रो मे ब्रिटिश शक्ति स्थापित करना चाहती थी उसे पाने के लिए उन्हें दो कडे युद्ध करने पडे जिन्हें Boer Wars (बोयर युद्ध) कहते है वह उस क्षेत्र पर अधिकार चाहते थे जो आज दक्षिण अफ्रिका कहलाता है। 1902 में युद्ध समाप्त हुए और अंग्रेजों ने सभी अफ्रिकी क्षेत्रों को एक संघ बना दिया । दक्षिण अफ्रिका में सम्मिलित कर दिया । अभी तक दक्षिण अफ्रिका में यूरोपीय प्रवासियों की मिश्रित जाति (मुख्यतः अंग्रेज और डच) काले अफ्रीकी भारतीय और चीनी जनसंख्या थी। अंग्रेजों ने एक सरकारी व्यवस्था विकसित का जो यूरोपियों के पक्ष में थी (20 प्रतिशत गोरी जनसंख्या) की मत देने का नगरीक अधिकार प्राप्त था । यह कालों के प्रति (जनसंख्या का 75 प्रतिशत) और भारतीय (लगभग 5 प्रतिशत) के प्रति भेदभाव था । मूल अफ्रिकी लोगो पर भारी कर लगाया जाता था

SCERT TELANGANA

और अपरिचित छोटेसे क्षेत्र मे रहना पडता वे और किसी अन्य क्षेत्र में भूमि नहीं खरीद सकते थे जो गोरों के लिए निर्धारित होती थी । इस प्रकार गोरों के पास 90प्रतिशत भूमि होती थी। कालो और भारतीयों को खेतो और खानों में काम करने के संबंध में अनेक पक्षपाती कानून बनाए गए । उनके मूल अधिकार जैसे घूमने की स्वतंत्रता, सभा आयोजन, अपने कष्टों को व्यक्त करने की स्वतंत्रता आदि पर रोक लगा दी गई । यह पक्षपात पूर्ण नीति जो बहुसंख्यक लोगों पर थोपी गई थी उसे Apartheid Policy (रंग भेद नीति) कहते हैं। लगभग पूर्ण 20 वीं शताब्दी तक अफ्रिकी लोगों ने इसके विरोध में कई संघर्ष किए अंत 1994 में यह विरोध समाप्त हुआ ।



चित्र. 16.8: बोयर युद्ध.

आपने यह ध्यान दिया होगा कि लगभग 1400 के बाद अमेरिका, अफ्रिका, एशिया और आस्ट्रेलिया, लगभग यूरोप के अलावा सभी महाद्वीपों में यूरोपीय शक्तियों के उपनिवेश स्थापित हुये । उन्होंने राजनैतिक और आर्थिक नियंत्रण उन देशों और जनता पर स्थापित किया और उनके जीवन को बदल डाला । आपने देखा कि अमेरिका में किस प्रकार स्थानीय जनता मार दी गयी, शोषित की गई और दास बनाए गए, किस प्रकार यूरोपीय वहाँ बस गए। किस प्रकार उन्होंने दूसरे महाद्वीपों से जैसे अफ्रिका से लाखों लोगों को लाकर अमेरिका में दास बनाया। आपने देखा कि किस प्रकार उन्होंने भारत के लोगों पर अधिकार जमाया परन्तु भारतीयो की हत्या नही की, या गुलाम बनाया न ही बहु संख्या में उन्होने भारत में बसने की कोशिश की । इससे अधिक वे भारतीय प्राकृतिक संसाधनों पर व कृथि पर कर लगा कर नियंत्रण पाना चाहते थे, वे कम कीमत पर कच्चा माल खरीदते थे और उसी समय भारत में अपने औद्योगिक उत्पादनों को भी बेचते थे। यूरोपियों ने चीन पर भी संपूर्ण सत्ता स्थापित नही की परन्तु ऐसा क्षेत्र बना लिया कि स्वच्छंद व्यापार कर पाए ।

यूरोपीय शक्तियों ने जनता के आर्थिक एवं सामाजिक जीवन को इस प्रकार परिवर्तित किया कि वह यूरोपीय शक्तियों की आवश्यकतानुसार उचित हो । वे किसी भी प्रकास से स्वतंत्रता, प्रजातंत्र और राष्ट्रीयता के स्वतंत्र नवीन विचारो को रोक नही पाए जो उपनिवेशों मे फैल रहे थे । इन विचारों ने उपनिवेशी लोगों को नई शक्ति और पहचानी दी जिससे वे उपनिवेशवाद से संघर्ष कर सके और अंत में स्वतंत्रता प्राप्त कर सके।

SCERT TELANGANA

## मुख्य शब्द

1. उपनिवेश
2. लैटिन अमेरिका
3. ओटोमैन साम्राज्य
4. नए समुद्रीमार्गों की खोज
5. रंगभेद नीति
6. हसियंडा
7. मुनरो डाक्ट्रीन
8. अफीम युद्ध

## शिक्षा में सुधार

1. व्यापार ने उपनिवेशीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई? क्या आप इससे सहमत है, क्यों? ($AS_1$)
2. उपनिवेशीकरण ने किस तरह ओपनेशिक देश में रहने वाले लोगों को जीवन की प्रभावित किया - फसल उत्पादन, प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग, धर्म इसके विषय में अपने दो-दो विचार दिजिए । विशेष संदर्भ तीन महाद्वीप लेटिन अमेरिका, एशिया, आफ्रिका । ($AS_1$)
3. चीन, भारत और इंडोनेशिया के उपनिवेशी नियमों की तुलना कीजिए। इनके बीच क्या समानता और विविधता है? ($AS_1$)
4. विश्व मानचित्र में पोर्चगीस, डच, ब्रिटीश, फ्रेंच उपनिवेशों को पहचान कर उन में रंग भरिए। ($AS_5$)

## परियोजना कार्य

यदि आप इंग्लैंड के नागरिक होते तो क्या आप उपनिवेशवाद को अच्छा मानते? अपने उत्तर का कारण बताइए । यदि आप भारतीय होते तो क्या आप उपनिवेशवाद को स्वीकार करते या अस्वीकार? इस बारे में विस्तार से अपने विचार बताइए।

SCERT TELANGANA

अध्याय 17

# भारत में उपनिवेश वाद का प्रभाव

आठवीं कक्षा में हमने पढा है कि आन्ध्र प्रदेश के जंगलों में उपनिवेशी नीतियों का क्या प्रभाव हुआ था? इस अध्याय में हम देश के विभिन्न क्षेत्रों में आने वाले मनुष्यों के जीवन में जंगल, उद्योग एवं श्रमिक व्यवस्था पर प्रकाश डालेंगे ।

## ब्रिटिश शासन के पहले जंगल किस प्रकार उपयोगी थे ?

जहाँ तक स्मरण है आदिवासी और ग्रामवासी जंगलों में उसके आस-पास रहते थे और उनकी दैनिक आवश्यकता की पूर्ति के लिए वे जंगलों से कई चीजें प्राप्त करते थे । दूसरे अर्थों में वे जंगलों के मालिक थे। वे शिकार करने, कंद मूल, फल, फूल, पत्ते एकत्रित करने तथा पशु चरवाहे के लिए जंगलों का उपयोग करते थे। कुछ स्थानों में वे पेड़ों को काट कर जला देते और खेती करते थे ।लकड़ी काट कर घर बनाते और उपयोग करते। वे अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए चीजे लेते थे। यदि वे वन उत्पादनों को बेचते तो उन्हें बदले में बाजार से आवश्यकता की वस्तुएं जैसे नमक और लोहा खरीदते थे। लाभ कमाने के लिए वे वनों से प्राप्त लकड़ी को नही बेचते थे।



*चित्र. 17.1: तेलंगाना के जंगल*

जबकि अधिकतर वन्य प्रदेश खेती के लिए साफ कर दिया गया था और किसानों और जनजाति के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। अत्यधिक भू भाग वाले वनों से आच्छादित था। किसान एव आदिवासी जो इनका उपयोग करते थे, उनकी सुरक्षा करते थे। जब कभी उन्हें लकड़ी की आवश्यकता होती तो वे पुराने वृक्षों को ही काटते थे और नए पेड़ों को उगने देते । वे अंधाधुंध वन्य भाग को नही काटते थे, थोड़ा अंश काटते थे जिससे जंगल का नाश न हो ।

- ब्रिटिश शासन के पूर्व आदिवासियों की स्थिति एवं उनके द्वारा वनों के उपयोग पर चार वाक्य लिखिए ।

समय-समय पर वे राजाओं और सम्राटों को कीमती उपहार जैसे हाथी दाँत, पशु चर्म और शहद देते थे। जो लोग वन में खेती करते थे तो उन्हें कभी-कभी कर भी देना पड़ता था। कई आदिवासी स्थानांतरण कृषि करते थे जिसे झुमिग कृषि भी कहते थे । जब तक वन्य जाति राजाओं के साम्राज्य की सुरक्षा मं भय उत्पन्न नही करती तब तक राजा और सम्राट उन्हें अकेले छोड देते थे और उनके द्वारा वनों के उपयोग पर रोक वाले कोई कानून नही बनाते थे । कई शताब्दियों तक आदिवासियों ने वनों के साथ पैतृकता से जीवन बिताया, उनके अपनी दैनिक आवश्यकताएं पूरी करते थे और ध्यानपूर्वक उनकी देख-रेख करते रहें ।

## ब्रिटिश शासन के समय कैसे वनों का उपयोग किया गया



*चित्र 17.2: चितगाँव पहाड़ी क्षेत्र में कासालांग नदी में बंबु बहते हुए ।*

ब्रिटिश शासन के समय स्थिति बदल गई । उस समय मुंबई,कोलकत्ता जैसे बडे शहरों में हजारों किलोमीटर तक सरकार रेलमार्ग सारे देश में बिछा रही थी । बड़े-बडे जहाजों का निर्माण हुआ और खदाने खोदी गई। इन सभी के लिए अधिक मात्रा में लकड़ी की आवश्यकता होने लगी, लकड़ी व्यापार में तीव्र वृद्धि होने लगी ।

## रेलमार्ग में शयन व्यवस्था

1879 में भारत में लगभग8,000 कि.मी. रेल लाईन बिछाई गई । 1910 तक 50,000 कि.मी. से अधिक रेल लाईन बिछाई गई थी। इन नयी रेल्वेलाइनों के लिए प्रति वर्ष लगभग एक करोड़ लकड़ी के श्यनों की आवश्यकता होने लगी ।

इन स्लीपरों (श्यन) के लिए हिमालय एवं तराई क्षेत्रों के जंगलों से लकड़ी काटने लगे । इमारते, खदानों एवं जहाजों के लिए लकड़ी काटकर बेचने लगे । यह काम लकडी व्यापारियों और जंगल के ठेकेदारों ने श्रमिकों को पारिश्रमिक देकर करवाया।

> स्लीपरः रेल पटरियों के नीचे लकड़ी के पटरे बिछाना

इस व्यापार में अंग्रेजी सरकार और ब्रिटिश कंपनियों को अधिक लाभ हुआ। सरकार जंगलों को काटने के ठेके की निलामी करती । ठेकेदार अधिक धन देकर ठेका प्राप्त करना चाहते थे, इस प्रकार सरकार निलामी से अधिक लाभ कमाने लगी ।

## जंगल खतरे में और नए पेड़ों को लगाने की आवश्यकता

> - क्या आपने पुराने लकड़ी के स्लीपर को देखा है? आज उनके बदले में किसका उपयोग किया जा रहा है? इन परिवर्तित कारणों पर चर्चा कीजिए ।

जैसे ही लकड़ी व्यापार में प्रगति हुई ब्रिटिश सरकार चिंतित होने लगी । यदि इस प्रकार तेजी से वन काटे जाएंगे तो भविष्य में रेलमार्ग, जहाजों और मकानों के लिए लकड़ी



*चित्र. 17.3: 1897 मे छोटा नागपूर के सिंघभूम जंगल में साल लकडी के लट्टे को स्लीपर में बदलना ।*

*आदिवासियों को वन विभाग द्वारा वृक्षों को काटने के लिए किराए पर लिया जाता और नरम पेड़ों को लगाने, जो रेलवे में स्लीपर के लिए उपयोगी है, किराए पर लेते थे। अपने घर बनाने के लिए वे लकड़ी नही काट सकते थे ।*

कहाँ से प्राप्त करेगे । सरकार ने यह अनुभव किया कि निरन्तर लकड़ी के विषम प्राप्ति आश्वस्त होना चाहती थी ।

इसलिए काटे गए वृक्षों के स्थान पर नए पेड़ों को जंगल में लगाने का निर्णय किया गया। परन्तु सरकार उन वृक्षों को लगाने में रुचि नही रखती थे जो साधारण मनुष्य के लिए उपयोगी थे, जैसे आम, महुआ, नीम आदि। सरकार केवल उन वृक्षों को लगाना चाहती थी जो उन्हें अधिक लकड़ी प्रदान करे जो बाजार की मांग के अनुसार हो। चंदन एवं पाईन वृक्षों के जंगलों को काटकर उनके स्थान पर अन्य वृक्ष लगाने लगे ।

## सरकार ने वन विभाग को आरंभ किया

1864 में सरकार ने वन विभाग की स्थापना की । जो नए जंगल लगाए जा रहे थे, वन विभाग ने उनकी सुरक्षा के लिए नए कानून एवं नियम बनाए । इस कानून के अनुसार पुराने जंगल पूरी तरह समाप्त कर सावधानीपूर्वक काटे जाए। इन नियम और कानून द्वारा सरकार ने वनों पर नियंत्रण प्राप्त किया । वन विभाग ने यह अनुभव किया कि जंगल में रहने वाले या आस-पास रहने वाले लोग ही जंगल को सुरक्षित रख सकते हैं ।

## आदिवासी विद्रोह

ब्रिटिश काल में जंगलों में रहने वाले आदिवासी किसानों को दुर्दशा के बारे में हमने देखा है । मध्य प्रदेश की बैगा, मुरिया, गोण्ड, छत्तीसगढ़ की भील जाति, तेलंगाणा और आन्ध्र प्रदेश की कोया, रेड्डी और कोलम जानजाति, ओडीशा के सौरा आदिवासी दीर्घ काल तक अपनी प्राचीन कृषि पद्धति का अनुसरण नही कर सके । अब उन्हें ठेकेदार या वन विभाग के मजदूर बनना पड़ा। या फिर बाहर से आये हुए किसानों या साहुकारों के पास बंधुआ मजदूर बनना पड़ा ।

जिन स्थानों में सड़क एवं रेलवे लाईन पहुँच चुकी थी वहाँ पर बाहर से आने वाले के लिए रहने और भूमि पर कब्जा करने में आसानी हो गई । छोटी गलती पर दण्ड दिया जाना या मार पीट करना, जबरदस्ती उनके घरों में घुसकर उनका सामान जब्त कर लेते, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करना, रिश्वत लेना, निःशुल्क श्रम करवाना आदि उन लोगों द्वारा की जाने वाली साधारण बात हो गई ।

इन विपरिती परिस्थितियों में आदिवासियों ने कई स्थानों में विद्रोह किया । विद्रोह के समय उन्होंने कई पुलिस स्टेशन, वन विभाग, डाक घर और साहूकारों के घर जला डाले । कहीं-कहीं तो उन्होंने सारे जंगल को ही आग लगा दी। ऐसे विद्रोह 1856 में झारखंड संथाल आदिवासी 1880 और 1922, मे आन्ध्र

SCERT TELANGANA

प्रदेश के कोया आदिवासी 1910 में बस्तर के मारिया और मुरिया आदिवासी तथा 1940 में गोण्ड एवं कोलम आदिवासियों ने किए ।

## संथाल विद्रोह

झारखंड के संथाल ने आरंभ से ब्रिटिश शासन की अवज्ञा एवं विद्रोह किया ।1855-56 के तीव्र विद्रोह में संथाल जमींदार और साहूकारों को लूटा और मार डाला । संथाल ने घोषणा कर दी कि ब्रिटिश शासन अब समाप्ति पर है और वे संथाल का स्वतंत्र देश स्थापित करेंगे । संथाल की सेना के पास केवल तीर कमान ही थे इसीलिए वे बंदूकधारी ब्रिटिश सेना का सामना नही कर पाए । इस शक्तिशाली युद्ध का अंत 15,000 संथाल की मृत्यु से हुआ और इस विद्रोह को दबा दिया गया ।

## बिरसा मुण्डा का विद्रोह


1874 और 1901 में छोटा नागपूर पठार के मुण्डा आदिवासी जो आज झारखंड का भाग है, बिरसा के नेतृत्व में ब्रिटिश शासन को हटाने के लिए एक आंदोलन किया गया । बिरसा को लोग भगवान ईश्वर मानते थे और उसके प्रत्येक शब्द का पालन करते थे । वे जमींदारों और साहूकारों के बंधन से बचने के लिए ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेकना चाहते थे, क्योंकि उन लोगों के कानून के कारण मुण्डा को अपनी जीत एवं जंगल पर अधिकार को त्यागना पड़ा । अंत में बिरसा को जेल में डालकर मुण्डा के विद्रोह को दबा दिया गया । 1900 मे बिरसा मुण्डा की जेल में मृत्यु हो गई । परंतु सरकार को छोटा नागपूर के आदिवासियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने पर विवश होना पड़ा ।

## कुमाउँ में वन विद्रोह (1921-22)

उत्तराखंड के कुमाऊँ क्षेत्र में किसानों ने वन विभाग को सहयोग देने से इनकार कर दिया क्योंकि सरकार ने उनके वन्य भाग के अधिकार को उनसे छीन लिया था । उन्होंने खुलेआम वन विभाग के कानूनो को तोड़ा । ठेकेदारों द्वारा उपयोग किए जाने वाले जंगल को जलाने का प्रयास किया गया। लोगों ने वन विभाग में जबरन काम करने से इनकार कर दिया ।

इस विद्रोह के कारण ब्रिटिश सरकार को अपनी योजनाओं को बदलना पड़ा । कई भागों मे उन्होंने नियमों की थोड़ी छूट दे दी। कुछ भागों में उन्होंने नए कानून बनाए । जिसके अनुसार कोई भी बाहरी व्यक्ति आदिवासियों की भूमि को खरीद नही सकता था ।

## अल्लुरी सीता राम राजु



अल्लुरी सीता राम राजु का जन्म 4, 1897 में विशाखापट्टनम जिले के पंडरंगी गाँव में हुआ था । उनकी माता विशाखापट्टनम की थी और पिताजी भीमावरम के पास मोगल्लू के थे । जो राजमहेन्द्री के केन्द्रीय जेल में फोटोग्राफर थे। राजु जब स्कूल में थे तभी उनके पिता का देहांत हो गया और उनके चाचा रामचन्द्र राजु की देखरेख में वे बडे हुए ।

SCERT TELANGANA


1882 में मद्रास वन अधिनियम के पारित किए जाने के बाद जंगलों में आदिवासियों के स्वतंत्रता से घुमने पर प्रतिबंध लगा दिया गया और उनके पारंपरिक पोडु कृषि पद्धति पर भी रोक लगा दी। राजु ने आन्ध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी और विशाखापट्टनम के सीमावर्ती क्षेत्र में विद्रोह आरंभ कर दिया। बंगाल के राष्ट्रीय क्रांतियों से प्रभावित होकर राजु ने चिन्तपल्ली नरसिंपट्टनम और अन्नावरम में पुलिस स्टेशनों पर छापे मारे। राजु एवं उनके साथियों ने बंदुके एवं हथियार चुराए तथा कई ब्रिटिश सैनिक अधिकारियों को मार डाला। दमनपल्ली के पास स्काट कोवार्ड को भी मार डाला।

1922,दिसम्बर में संडर्स के नेतृत्व मे अंग्रेजों ने पेगाडेपल्ले के पास आसाम राईफल्स नामक सैनिक कंपनी की स्थापनी की । उस समय राजु लापता हो गया और चार महीने के पश्चात लौटकर उसके ग्राम मल्लु दोरा और गन्तम दोरा के नेतृत्व में जनजातियों को साथ ब्रिटिशों से युद्ध करता है।

ब्रिटिशों के साथ सैनिक विद्रोह लगभग एक वर्ष दिसम्बर 1922 तक चला। अंग्रेजों ने अंत में राजु को चिंतपल्ली के जंगलो में पकड़ कर मम्पा गाँव के कोय्यूरु नामक भाग में बंदूक से गोली मार दी।

## कोमरम भीम

कोमरम भीम का जन्म आदिलाबाद के संकेपल्ली गाँव में हुआ था। जब वह पंद्रह वर्ष के थे उनके पिताजी की मृत्यु वन विभाग के आक्रमण में हो गई। उनके बाद भीम का परिवार केरिमेरी मंडल के सरदापुर गाँव में चला गया।



जब वे झुमिंग कृषि द्वारा अपनी जीविका चला रहे थे सिद्दीकी जो कि निजाम का जागीरदार ने उसकी भूमि पर अधिकार कर लिया। क्रोध मे आकर उन्होंने सिद्यीकी को मार डाला और पुलिस से बचने के लिए आसाम में जा छिपे। पाँच वर्षो तक उन्होंने चाय, काफी के बागों में श्रमिक के रुप में काम किया। वहाँ उन्होंने श्रमिक विद्रोह को अनुभत किया। उन्होंने पढ़ना-लिखना सीख लिया और उनके इष्ट मित्रों कोमारम सा उन्हें आस-पास के गुप्त रुप से समाचार देते रहते थे। वे विशाखापट्टणम में अल्लुरी सीताराम राजू के तथा बिरसा के मुण्डा के विद्रोह से प्रभावित हुए और उन्होंने निजाम शासन का विरोध किया।

उस समय निजाम सरकार ने पशु चारा और भोजन बनाने के ईंधन इकट्टा करने के नाम पर बमबरम कर वसूल करना आरंभ कर दिया था। कोमावरम भीम के विचारों ''जल, भूमि और वन'' से आदिवासी प्रभावित होने लगे। कर का विरोध, जातिय स्वतंत्रता एवं अधिकार के लिए मांग करने लगे। लगभग आदिलाबाद के 12 गाँव भूमि के लिए लड़ने को तैयार हो गए। भीम ने गोण्ड और कोया युवकों की सहायता से गोरिल्ला सेना तैयार की। उन्होंने जनजाति लोगों को जमा कर प्रशिक्षण दिया, क्योंकि उनके पास हथियार नही थे।

जोदेघाट को उन्होंने गोरिल युद्ध का केन्द्र बनाया। आश्चर्य की बात यह थी कि निजाम ने आदिवासियों पर आक्रमण करने का प्रयास नही किया। अंत में जोदेघाट के जंगलों में सेना के विरुद्ध युद्ध में कोमारम भीम ने पूर्णिमा के दिन अंतिम साँस ली। उनकी मृत्यु के पश्चात निजाम ने आदिवासियों के जीवन पद्धति पर अध्ययन करने के लिए हैमनड्राफ-डू को नियुक्त किया।

## ब्रिटिश सरकार की औद्योगिक योजना


चित्र. 17.4: कलकत्ता के कुछ मारवाड़ी व्यापारियों का चित्र

1850' में कुछ भारतीयों ने कपड़ा मिल की स्थापना की, सबसे पहले मुंबई उसके बाद अहमदाबाद में । भारत में भी अब मशीनों से कपड़ा तैयार किया जाने लगा । कुछ शिक्षित लोगों एवं कारखानों के मालिकों के द्वारा ब्रिटेन से आने वाले कपड़े पर एक विशेष कर लगाने की मांग की गई जिससे भारत में बने हुए कपड़े को सुरक्षित बाजार मिल सके । इस विशेष कर के द्वारा ब्रिटिश कपड़ा कीमती हो गया और भारतीय कारखानों में बने वस्त्रों की बिक्री को प्रोत्साहन मिला।

आप जानते होंगे कि ब्रिटेन में सरकार ने भारतीय बुनकरों द्वारा बनाए गए कपड़े पर विशेष कर लगाया ताकि ब्रिटेन के कपड़ा उद्योग को सहायता मिल सके । परन्तु सरकार ने भारत में यही समान कर ब्रिटेन द्वारा बने कपड़े पर लगाने से इंकार कर दिया, जिससे कि भारतीय उद्योगों को सहायता मिल सकती थी । सरकार पर ब्रिटिश कारखानों के मालिकों तथा व्यापारियों का इतना दबदबा था कि वे उनकी रुचि के विरुद्ध कोई कार्य नही कर सकती थी ।

1896 में भारत की ब्रिटिश सरकार ने आय में अत्यधिक कमी का अनुभव किया । सरकार ने आय वृद्धि के उपायों पर सोंचना आरंभ किया। इसी के बाद इन कष्ट के क्षणों में ब्रिटेन से भारत आने वाले कपड़े पर साढे तीन प्रतिशत कर लगाया । लेकिन इससे ब्रिटेन कपड़े की बिक्री पर कोई हानि नही हुई, सरकार ने इसी प्रकार समान रुप से कर (साढे तीन प्रतिशत) भारत में बने कपड़े पर भी लगाया गया।

यह कर भारतीय लोगों और ब्रिटिश सरकार के मध्य दीर्घ समय तक चलने वाले संघर्ष का कारण बना। भारतीय कारखानों में बनी वस्तुओं पर लगाए गए कर का सरकार ने यह स्पष्टीकरण किया कि वे ब्रिटिश कारखानों की सुरक्षा मुख्य रुप से चाहते हैं । भारत में इस कर का जोर-शोर से विरोध किया गया और बलपूर्वक इसे हटाने का विरोध किया गया ।

- सुरक्षित बाजार का क्या अर्थ है ?
- भारतीयों ने भारत में आने वाली ब्रिटीश वस्तुओं पर कर लगाने की मांग की । क्या आप सोचते हैं कि यह माँग उचित थी? क्या सरकार ने ब्रिटिश वस्तुओं और भारतीय वस्तुओं के साथ समान व्यवहार किया था।

सरकार की सुरक्षा के बिना भारत के कारखानों में कपड़ा, धागा, शक्कर, पटसन, कागज, दियासलाई, सीमेंट आदि का उत्पादन होने लगा तथा 1914 के बाद इसके तीव्र प्रगति देखी गई ।

## प्रथम विश्व युद्ध के समय भारतीय उद्योग



*Fig. 17.5: An early sketch of Bankers in Delhi.*

प्रथम विश्व युद्ध के समय (1914 से 1918 तक) भारत में विदेशी वस्तुओं के आयात में कमी आई। इसका एक कारण यह भी था कि माल वाहक समुद्री जहाज युद्ध की ओर अग्रसर कर दिए गए और इसलिए जहाज़ों की संख्या कम हो गई। यूरोप के कारखानों में युद्ध आवश्यक वस्तुएँ बनाई जाने लगी - इसलिए भारतीय बाज़ारों में कम वस्तुएँ उपलब्ध होने लगी।

इन परिस्थितियों में भारत में स्थापित कारखानों द्वारा अधिक मात्रा में माल बेचा जाने लगा। इस प्रकार अधिक बिक्री के कारण उद्योगों में प्रगति आई। युद्ध के बाद भारतीय कारखानों द्वारा यूरोपीय मशीनें अत्यधिक मात्रा में खरीदी गई और नए कारखानें स्थापित किए गए। भारतीय उद्योगपतियों ने दृढ़ता पूर्वक सरकार को विदेशी वस्तुओं पर कर लगाने पर विवश किया ताकि भविष्य में भी भारतीय वस्तुओं की बिक्री निरन्तर बनी रह सके।

- प्रथम विश्व युद्ध के समय क्यों भारतीय उद्योगों में तीव्र प्रगति आई?

कई कारणों के कारण सरकार को उनकी माँगे स्वीकार करनी पड़ी। 1917 के बाद एक के बाद एक कई विदेशी वस्तुओं पर कर लगाए गए। इसके परिणाम स्वरूप भारत में स्थापित कारखानों तीव्रता से प्रगति करने लगे।

## स्वतंत्रता के समय भारतीय उद्योग की समस्याएँ

दीर्घ संघर्ष के बाद भातीय उद्योगों को अंग्रज़ी सरकार ने थोड़ी सहायता प्रदान की। अभी तक कारखानें, बेंक, जहाज़ आदि यूरोपीयों के हाथों में थे न कि भारतीयों के अधीन। इसीलिए यूरोपीयों को इससे कई लाभ मिलते थे। वे आसानी से अंग्रेज़ी सरकारी अधिकारियों और अधिपतियों की सहायता कर सकते थे, जबकि भारतीय यहाँ तक पहुँच भी नहीं सकते थे। सभी विदेशी व्यापार यूरोपीय कम्पनियों के अधीन थे, इसीलिए कभी उनके पास कोष का अभाव नहीं हुआ।

यूरोपीयों का प्रभाव होने पर भी भारतीय उद्योगपतियों ने लाभदायक उन्नति की, उदाहरण के लिए कपड़ा उद्योग में भारतीय उद्योगपतियों की सबसे उपलब्धि महत्वपूर्ण यह थी कि जमशेदपूर में



चित्र;. 17.6: भारतीय उद्योगपतियों के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति जे.एन.टाटा, आर.डी. टाटा, श्री आर.जे. टाटा और डी.जे. टाटा

उन्होंने इस्पात कारखाना जमशेद जी उद्योगपति के नाम पर स्थापित किया।

सरकार द्वारा विदेशी वस्तुओं पर लगाए गए कर, पर्याप्त भारतीय उद्योगपतियों को मिलने वाली सहायता महत्वपूर्ण थी परन्तु इनके लिये नहीं थी। कई संसाधन एवं सुविधाओं की आवश्यकता थी जैसे रेल मार्ग, सड़क मार्ग, विद्युत, कोयला और लोहा। ब्रिटिश सरकार ने इस क्षेत्र के विकास में विशेष ध्यान नहीं दिया ।

भारतीय उद्योगपतियों को सभी मशीनें विदेशों से ख़रीदनी पड़ती थी। मशीनें बनाने वाले कारखाने भारत में स्थापित नहीं किए गए थे।

कारखानों की उन्नति में वैज्ञानिक, इंजीनीयर और तकनीकों की सहायता की आवश्यकता थी। सभी स्तरों के लिए शिक्षित कर्मचारियों की आवश्यकता थी। परन्तु भारत में शिक्षा को महत्वपूर्ण स्थान नहीं दिया गया। औद्योगिक उन्नति के लिए विदेशियों पर विश्वास करना पड़ा क्योंकि भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनीयरों की संख्या बहुत कम थी।

भारतीय उद्योगं में रूचि विकसित करने के लिए ब्रिटिश शासन के समय से ही कई औद्योगिक संस्थाएँ स्थापित की गई। उनमें से एक महत्वपूर्ण थी भारतीय संघ वाणिज्य एवं उद्योग सभा (FICCI) ये संस्थाएँ सरकार के समक्ष उद्योगपतियों की समस्याएँ प्रस्तुत करते थे।

- ब्रिटिश शासन के समय भारत में कौन से उद्योग स्थापित किए गए ?
- स्वतंत्रता के समय भारतीय उद्योगों के विकास के समक्ष कौन सी समस्याएँ थी ?

भारत में ब्रिटिश शासन के अंत तथा भारतीयों द्वारा स्वतन्त्र सरकार की स्थापना के पश्चात् स्थिति में परिवर्तन आया। भारतीय सरकार ने उद्योगों की प्रगति के लिए एक प्रचलित योजना प्रस्तुत की।

## भारतीय उद्योगो में श्रमिक

### औद्योगिक शहर एवं श्रमिक समझौते

1850 के उपरान्त भारत में मशीनों पर आधारित उद्योगों की स्थापना आरम्भ हुई। सबसे बड़ा उद्योग कपड़ा क्षेत्र में जुलाहा एवं बुनकरों का था। 1905 में लगभग 2.25 लाख मज़दूर कपड़ा उद्योग में, 1.5 लाख पटसन उद्योग तथा लगभग 1 लाख कोयले की खानों में काम करते थे।

किसान, श्रमिक एवं कलाकार गाँवों से शहरों में रोज़गार की तलाश में लोग आने लगे। उनके साथ या उनके बाद उनके संबंधी, पड़ोसी और मित्र आने लगे। शहरों में मज़दूरों की संख्या

बढ़ने लगी। कारखानों के आस-पास झोपड़ियों और भवनों में श्रमिकों की संख्या बढ़ने लगी। भारत के कई शहर जैसे कानपूर, मुम्बई, अहमदाबाद, कोलकत्ता, चैन्नई आदि औद्योगिक शहर बनने लगे।

## कार्य स्थिति

आरम्भिक समय में कारखानों में कार्य का आरम्भ प्रतिदिन सूर्योदय से होता था तथा अंत सूर्यास्त के साथ होता था। सूर्य की किरण के पहले ही मज़दूरों की लम्बी कतार कारखानों की दिशा में जाती हुई नज़र आती थी - पुरुष एवं महिलाओं के साथ-साथ बच्चे भी होते थे।

एक बार मशीनों पर कार्य अगर आरम्भ कर दिया जाय तो किसी भी स्थिति में बंद नहीं किया जाता था। भोजन के लिए भी कोई निर्धारित समय नहीं था। काम के समय अपने साथी मज़दूर को 15-20 मिनिट काम सौंप कर जा कर भोजन करते थे। भोजन करने के लिए कोई अलग स्थान नहीं होता था।

पूरा दिन गर्मी, आर्द्रता, आवाज़, धूल और श्वास अवरोध वातावरण में व्यतीत करते थे। सूर्यास्त के बाद ही अंधेरे में कुछ दिखाई न देने की स्थिति में ही मशीनें बंद की जाती और काम बंद किया जाता।

यह कई महीनों तक चलता। साप्ताहिक छुट्टी भी कानूनी तौर पर नहीं होती थी। केवल महत्वपूर्ण त्यौहारों पर ही मिल मालिक उन्हें अवकाश देते थे।

किसी भी प्रकार से साल भर प्रति दिन काम करना असम्भव था। बीमारी एवं घर की जिम्मेदारियों को भी निभाना पड़ता था। लोग इस प्रकार के समान थकाने वाले कार्य से ऊब और थक जाते थे। लेकिन जिस दिन भी मज़दूर काम पर नहीं जाता तो उसे अपना वेतन खोना पड़ता।

उन दिनों उत्पादित वस्तुओं के प्रतिशत के आधार पर वेतन दिया जाता था। मालिक यह शर्त रखता था कि ''जितना तुम बनाओगे, उतना वेतन तुम पाओगे।'' कभी-कभी मशीनें भी ख़राब हो जाती थी, या कच्चा माल आने में देरी हो जाती या कम हो जाता था। जबकि इसमें श्रमिक की कोई गलती नहीं होती थी, परन्तु मिल मालिक उनकी मज़दूरी काट लेता था। इसीलिए प्रति महीने श्रमिकों का पारिश्रमिक निर्धारित नहीं होता था।

इतना ही नहीं, महीने के अन्त में भी मिल मालिक उन्हें पूरा भुगतान नहीं करते थे। अगले महीने के अंत तक वे कुछ पैसे देना बाकी रखते थे। इस परिस्थिति में अगर श्रमिक काम छोड़ कर जाना भी चाहता था तो वे पिछले महीने के पैसे मालिक के पास होने के कारण नहीं जा सकता था।

उन कर कई प्रकार के दण्ड़ भी लगाए जाते थे। मालिक श्रमिक पर छोटे-छोटे कारणों से उन पर जुर्माना लगाते थे - अगर वे देर से आते, कपड़े खराब होने पर, अगर मालिक को लगता कि श्रमिक ठीक प्रकार से काम नहीं कर रहा है - उन पर जुर्माना लगाते और उनके मासिक वेतन में से काट लेते।

सभी मजदूर - पुरुष महिलाएँ, बच्चे - गर्मियों में 14 घण्टे और सर्दियों में 12 घण्टे काम करना पड़ता था।

तब 1880 में कुछ नया घटित हुआ। कारखानों में बिजली बल्ब लगाए गए। जैसे ही रोशनी के घण्टे बढे, काम के घण्टे भी बढ़ा दिए गए। अब सूर्यास्त के साथ काम बन्द कर देना ज़रूरी नहीं था। अब यह सामान्य बात हो गई कि प्रत्येक श्रमिक को प्रतिदिन 15 घण्टे काम करना पड़ता था।

SCERT TELANGANA



*चित्र. 17.7: आदमी, औरतें मिल में काम करने के लिए जाते हुए*

उन्हें काम के समय अधिक मेहनत करनी पड़ती थी और इन सबसे उपर उन्हें रोज़गार में कोई सुरक्षा प्राप्त नहीं थी। अगर मिल में घाटा या फायदा होता तो मिल मालिक बिना कारण कुछ मज़दूरों को काम से निकाल देते थे और जो काम को निरन्तर करना चाहते थे तो उनके वेतन में कटौती कर दी जाती।

अगर कारखाने को लाभ होता, क्या मालिक उनका वेतन बढ़ाते नहीं यह कठिनई से कभी-कभार होता था।

आरंभिक युग में भारत के कारखाने :

- श्रमिकों के काम के और छुट्टियों के क्या नियम थे ?
- पारिश्रामिक संबंधी नियम क्या थे ?
- किन कारणों से श्रमिकों के पारिश्रमिक की कटौती की जाती थी ।

## मजदूरों का संघर्ष

श्रमिकों ने अपनी अत्याचार पूर्ण कार्य स्थिति के विरोध में संघर्ष किया। 1870 से मुम्बई में एक के बाद एक हड़तालें आरम्भ हो गई। इसे आरम्भ करने के लिए उनका कोई मज़दूर संघ या संगठन नहीं था। सभी मिल के मज़दूर एक साथ मिलकर हड़ताल करते थे और मालिकों पर दबाव ड़ालते थे।

उदाहरण के लिए 1892 में, मुम्बई के मिल मालिकों ने श्रमिकों के वेतन में कटौती करने की सोची। इस परिस्थिति में सभी मिल के श्रमिकों ने एक साथ मिलकर उसका विरोध करने के लिये तैयार हो गए। सरकार ने इन करखानों के निरीक्षण के लिए एक अधिकारी को नियुक्त किया। कारखाना निरीक्षक ने इसी कारण श्रमिकों के बारे में यह लिखा, ‘‘अगर वास्तव में वेतन में कटौती की जाएगी तो सारी मुम्बई में हड़ताल होने की सम्भावना है। जबकि श्रमिकों के संगठन का कोई संघ नहीं डै, अधकितर श्रमिक एक समान जाति, कुल, गाँव के होने के कारण आसानी से संगठित होकर कदम उठा सकते है।’’


यहाँ एक श्रमिकों द्वारा निजी रुचियों को बचाए रखने के लिए किए गए संघर्ष का उदाहरण दिखाया गया है। 1900-1901 में मुम्बई के 20% मिलों में श्रमिकों का पारिश्रमिक 12 तक कम कर दिया गया, तो 20,000 मिल मज़दूरों ने काम करना बंद कर दिया और हड़ताल करने निकल पड़े। 10 दिनों तक सभी 20 मिलें बन्द रही।

SCERT TELANGANA

उसी प्रकार 1919 में जब महँगाई बढ़ गई लेकिन श्रमिकों के वेतन में वृद्धि नहीं की गई तो मुम्बई के सभी मिलों के मज़दूर हड़ताल पर निकल पड़े और 12 दिनों तक मिलें बन्द रही।

मज़दूरों ने न केवल वेतन के लिए विद्रोह किया, अंग्रेज़ों से भारत की स्वतन्त्रता के लिए भी संघर्ष किया. 1908 में अंग्रेज़ों ने एक प्रसिद्ध भारतीय स्वतन्त्रता सेनानी लोक मान्य तिलक को 6 वर्ष के लिए भारत से देश निकाला दिया। कुछ ही क्षणों में मुम्बई के सभी मिलों के मज़दूर छः दिनों तक हड़ताल पर चले गए। इस प्रकार स्वतन्त्रता संघर्ष में श्रमिकों ने कई अवसरों पर हड़तालों द्वारा भागीदारी निभाई।

- मजदूर क्यों हड़ताल करते थे?
- मजदूर हड़ताल के अतिरिक्त कोई अन्य कार्य क्यों नही करते थे ?



चित्र; 17.8: मजदूर मीटिंग का चित्र

## मजदूरों की समस्याओं को दर्शाना

सबसे विलक्षण बात यह थी कि आरम्भ में कई शिक्षित भारतीयों का ध्यान श्रमिकों की समस्याओं पर नहीं गया। उनके मस्तिष्क में सर्वोच्च बात यह थी कि भारत में किस प्रकार उद्योग विकसित किए जाय। आरम्भिक स्तर पर श्रमिकों की कार्य स्थिति के बारे में अधिक नहीं सोंच पाए।

परन्तु इससे भी अधिक आश्चर्य की बात यह थी कि ब्रिटेन में कारखानें के मालिक, व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्त्ताओं ने भारतीय मज़दूरों की स्थिति पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने सक्रियता से सरकार का ध्यान इन समस्याओं की ओर आकर्षित किया।

ब्रिटेन के उद्योगपतियों एवं सामाजिक कार्यकर्त्ताओं ने ब्रिटेन के कानूनों के समान ही भारतीय मज़दूरो की स्थिति में सुधार लाने के लिए कानून बनाने के लिए दबाव डाला? इस दवाब के कारण सरकार ने गहराई से इस सम्बन्ध में श्रम घण्टों में कटौती करने और श्रमिकों की छुट्टियों के लिए कानून निर्माण करने के लिये विचार प्रारंभ किया ।

भारतीय उद्योगपति एवं शिक्षित वर्ग इस बात से नाराज हो गए। उन्होंने यह अनुभव किया कि अगर एक बार पारिश्रामिक निर्धारित कर दिया जाएगा या छुट्टियों की सुविधाएँ दी जायेगी तो कारखाने में उत्पादन कम हो जाएगा और मालिकों के व्यय अधिक बढ़ जायेंगे । कारखानों में उत्पादित वस्तुएँ भी खर्चीली हो जाएँगी । यदि ऐसा हो जायेगा तो ब्रिटेन से आयातित वस्तुएँ आसानी से बेची जाएगी और भारतीय उद्योग जहँ के वहाँ रह जाएँगे।

# श्रमिकों के कल्याण के लिए कानून

सरकार ने पहली बार 1881 में फैक्टरी अधिनियम लागू किया और विशेषकर कार्यकारी बच्चों के लिए कल्याणीकारी नियम बनाए :

- 7 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चें फैक्टरी में काम न करें।
- 7 से 9 वर्ष की उम्र वाले बच्चें प्रतिदिन 9 घण्टों से अधिक काम न करें और उन्हें प्रतिदिन एक घण्टे का अवकाश दिया जाय। प्रति महीने उन्हें अवकाश के लिए 4 दिन दिए जाए।

1891 में महिला श्रमिकों के हित में कानून बनाए गए जो विश्वास दिलाते हैं कि,

- महिला श्रमिक प्रति दनि 11 घण्टों से अधिक काम न करें।
- प्रतिदिन महिला श्रमिक को 1 1/2 घण्टे का अवकाश दिया जाए।
- प्रतिदिन बच्चों के श्रम घण्टों में 9 से 7 घण्टों की कटौती की गई।

कारखानों में पुरुषों की संख्या अधिक होती थी। 1911 तक उनके लिए कोई कल्याणकारी कानून नहीं बनाए गए। 1911 फैक्टरी कानून के अनुसार,

- प्रति दिन प्रत्येक वयस्क पुरुष श्रमिक 12 घण्टे से अधिक काम न करें।
- प्रति छः घण्टों के कार्य के पश्चात् आधे घण्टे का अवकाश दिया जाना चाहिए।

भारत और पाकिस्तान ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त की ।

सूचना अधिनियम अधिकार

शैक्षणिक अधिनियम अधिकार

1850
1860
1870
1880
1890
1900
1910
1920
1930
1940
1950
1960
1970
1980
1990
2000
2010
2020
2030

- आपका जन्म किस वर्ष में हुआ? समय रेखा पर इसे अंकित कीजिए। अपने माता-पिता और दादा-दादी, नाना-नानी या आपके अन्य पुराने रिश्तेदार जिन्हें आप जानते हैं के जन्म को भी अंकित कीजिए।
- पता लगाइए कि जिनका जन्म 1980 में आपने अंकित किया है, उन पर श्रमिक कानून का प्रभाव हुआ था।

- अंग्रेज़ उद्योगपति भारत में कारखानों की प्रगति के विरोधी थे, परन्तु उन्होंने भारतीय श्रमिकों का पक्ष लिया। क्यों?
- क्यों आरम्भ में भारतीय शिक्षित लोगों ने कारखाने के मज़दूरों के प्रति रुचि नहीं दिखाई?
- श्रमिक कानून के अनुसार बच्चे, महिलाएँ एवं पुरुषों के लिए कितने श्रम घण्टों का निर्धारण अपेक्षित है?
- अंग्रेज़ों के काल में कितने वर्ष से कम आयु वाले बच्चे श्रमिक नहीं बन सकते थे?
- वर्तमान कानून के अनुसार कम से कम क्या आयु निर्धारित की गई है, कितनी आयु से कम आयु वाले बच्चे श्रमिक के रूप में कार्य नहीं कर सकते?
- किस प्रकार श्रमिक कानून में उद्योगपतियों को प्रभावित किया?

SCERT TELANGANA

भारतीय उद्योगपतियों को यह सन्देह था कि अंग्रेज़ उद्योगपति भारतीय श्रमिकों के प्रति सहानुभूति केवल दिखाने के लिए कर रहे हैं। उनके मस्तिष्क में उनकी निजी रुचि भी हो सकती है।



Fig. 17.9: In 1931 these millworkers in Lancashire, England were happy to meet Gandhiji and express solidarity with the Indian freedom movement.

भारतीय बुद्धीजीवी यह भी विश्वास करते थे कि यदि श्रमिकों के हित में कानून बना दिए जाये तो भारत में उद्योग का विकास संभव नहीं है। 1875 में बंगाल के एक बड़े समाचार पत्र में यह कुछ पंक्तियाँ छपी जो उस समय की सोंच को दिखाती है, ''इन नए उद्योगों को नष्ट होने की अपेक्षा अधिक संख्या में मज़दूरों की मृत्यु अधिक उचित है....... एक बार हमारे उद्योग दृढ़ता से स्थापित हो जाएँगे तो हम हमारे श्रमिकों के हित की सुरक्षा करेंगे।''

उद्योगपतियों और शिक्षित लोगों के मस्तिष्क का यह भय न्यायसंगत नहीं था। भारत में स्थापित उद्योगों ने लाभ कमाना आरम्भ किया। हर समय नई मिल खोली जाती और कुछ श्रमिकों की आवश्यकता होती थी, खतरे की स्थिति में विकास हुआ क्योंकि औद्योगिक प्रगति श्रमिकों के हाथों में थी।

## श्रमिक संगठन

समय के साथ ही श्रमिकों की समस्याएँ पहचानी जाने लगी। कुछ शिक्षित लोगों ने श्रमिकों को सहयोग देना आरम्भ किया और उन्होंने समाचार पत्रों में लेख लिखकर उनकी समस्याओं को लोगों में उजागर किया। श्रमिकों के कल्याण के लिए छोटी संस्थाएँ भी गठित होने लगी।

हड़तालों के समय शिक्षित लोगों के साथ मिलकर उन्होंने स्वयं संस्थायें बनाना आरम्भ किया? ये श्रम संघ होते थे, हड़तालों का आयोजन करते थे और मिल मालिकों के साथ समझौते भी किए जाते थे। धीरे-धीरे ये संघ केवल हड़ताल के समय ही सक्रीय नहीं, बल्कि पूरे वर्ष, श्रमिकों के कल्याण एवं अधिकारों को प्रोत्साहन देते थे। 1920 से ऐसे संघ स्थापित होने लगे। सामाजिक विचारों से प्रभावित लोग इनमें प्रमुख बनने लगे। 1928 में प्रभावशाली मुम्बई हड़ताल के समय ''गिरनी कामगार संघ'' स्थापित किया गया। अहमदाबाद में गाँधीजी के प्रभाव के अन्तर्गत शक्तिशाली संघ ''मज़दूर महाजन'' का निर्माण किया गया।

श्रम संघों की स्थापना ने मिल मालिकों और सरकार को जिज्ञासु बना दिया। अब हड़तालों पर रोक लगाने संबंधी कानून बनाए जाने लगे। सरकार ने श्रमिकों के कल्याण के लिए श्रम

अधिकारियों को नियुक्त किया। सरकार ने श्रमिकों की समस्याएँ श्रम अधिकारियों द्वारा सुलझाने का प्रयास किया, न कि संघों की सहायता से।

- अंग्रेजों के शासन में भारत में कौन से दो बडे संगठनों की स्थापना हुई ।
- मजदूरों के लिए संघ अथवा मजदूर संगठन का क्या महत्व है। चर्चा कीजिए ।

परन्तु श्रमिकों ने इसे स्वीकृति नहीं दी। वे अपने हित को सुरक्षित रखने के लिए उनकी निजी संस्थाएँ स्थापित करना चाहते थे। इस प्रकार श्रमिक एक तरफ तथा सरकार और मिल मालिकों के दूसरी तरफ के मध्य संघर्ष चलते रहे संघों के निर्माण के पक्ष में और हड़ताल करने के अधिकार के सम्बन्ध में।

## मुख्य शब्द

| | | |
|---|---|---|
| 1. आरक्षितवन | 2. सुरक्षित वन | 3. नीलामी |
| 4. सामाजिक कार्यकर्ता | 5. उद्योगपति | 6. मारवाडी व्यापारी |
| 7. हडताल | 8. मजदूर संगठन | 9. औद्योगिक नगर |
| 10. मजदूर समझौते | | |

## शिक्षा में सुधार

1. अंग्रेज शासन से पूर्व लोग जंगलों का उपयोग किस प्रकार से करते थे ? उन दिनों जंगलों का पूर्ण रूप से सफाया कम खतरनाक क्यों था ? ($AS_1$)
2. किसके विरोध मे आदिवासियों ने विद्रोह किया । अपने क्रोध और विरोध प्रकट करने में वे कैसा प्रदर्शन करते थे । कुछ उदाहरण दीजिए । ($AS_1$)
3. अग्रेजों ने आदिवासियों के विद्रोह को कैसे दबाया ? ($AS_1$)
4. भारत के विभिन्न प्रांतों में हुए आदिवासी विद्रोहों को बताने वाला-समय तालिका बनाइए। ($AS_3$)
5. अंग्रेज सरकार से भारतीय उद्योगपतियों की क्या समस्याएँ थी । ($AS_1$)
6. अंग्रेज शासन के समय भारतीय उद्योग की तुलना में यूरोपीय उद्योग स्थापित करना क्यों सरल था? कुछ कारण बताइए । ($AS_1$)
7. श्रम विधियों का निर्माण सर्वप्रथम बाल श्रमिकों के लिए हुआ, फिर स्त्रियों के लिए, अंत में पुरुषों के लिए ये कानून इस क्रम में क्यों निर्मित किये गये । ($AS_1$)
8. शिक्षा,औद्योगिक विकास पर क्या प्रभाव डाल सकती है? कक्षा में चर्चा कीजिए । ($AS_6$)
9. $20^{th}$ वीं शताब्दी में बडे औद्योगिक नगरों की पहचान भारतीय मानचित्र पर लगाईए । ($AS_5$)
10. आदिवासी विरोध प्रदर्शन भारत के विभिन्न स्थानों में प्रकट हुआ। पता लगाईए ये संघर्ष कहाँ-कहाँ हुए और भारत के मानचित्र पर निशान लगाईए । ($AS_5$)
11. इस अध्याय का ''आदिवासी विद्रोह'' नामक अंश का अध्ययन कर, टिप्पणी कीजिए। ($AS_2$)

## परियोजना

1. वन विभाग कार्यालय जाईए और अधिकारी से साक्षात्कार द्वारा जानकारी प्राप्त कीजिए कि जंगलों को कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है । इसके अतिरिक्त उद्योग और क्षेत्रीय जनता के विवेकपूर्ण काम आ सकता है।
2. आपके घर के समीप किसी कारखाने को जाइए पता लगाईए कि ऐतिहासिक दृष्टिकोण तकनीकी में कैसे परिवर्तन आया, श्रमिक कहाँ से आते है, कर्मचारियों से बात कीजिए और उनके विचारों की जानकारी लीजिए।

SCERT TELANGANA

अध्याय 18

# प्रजातंत्र का विस्तार

आपने पिछले अध्यायों में यूरोप में होने वाली प्रजातांत्रिक क्रांतियों के विषय में पढ़ा जिसके कारण वहाँ पर प्रजातांत्रिक सरकारें बनी। ऐसे सरकारों की स्थापना करना जो जनता की आशाओं तथा उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करें। जिसमें सभी व्यक्ति पूरी स्वतंत्रता से भाग लें। जिसमें सभी प्रकार के व्यक्ति अपने लिए एक सम्मानजनक स्थान बना पाएँ एक सलाह है जिसके लिए आज भी लोग पूरे विश्व में प्रयत्न कर रहे हैं।

आज हम ऐसे दो देशों के उदाहरण देखेंगे जहाँ के लोगों ने प्रजातंत्र के अर्थ का विस्तार किया है। लिबिया एवं म्यांमार ।

- संसार के मान चित्र में लिबिया एवं मयनमार को निर्धारित करो। ये कौन से खंड में है?




चित्र. 18.1: *Peoples protest*

## लिबिया

लिबिया उत्तर आफ्रीका का एक निर्धन देश है। जिसमें इटली ने अपना साम्राज्यवाद फैलाया तथा लंबे संग्राम के बाद 1951 में स्वतंत्रता मिली। स्वतंत्रता के पश्चात् इटली ने प्रशासन का अधिकार राजा इडरिस को सौंप दिया जिसने देश का परिपालन कुछ धनवान एवं ताक़तवर परिवारों की सहायता से किया। वहाँ की जनता अधिकतर आदिवासी थी जो विभिन्न जातियों की थी और कृषि एवं रेगिस्तान में पशुपालन का व्यवसाय करती थी। इन जन-जातियों पर उनके परिवार के मुखिया का प्रभुत्व था। 1959 में लिबिया में विशाल मात्रा में पेट्रोलियम की उपलब्धि हुई जिसे बेच कर यह देश धनवान बन गया। राजा एवं कुछ धनवान परिवार के लोगों ने इसका अधिकतम भाग हासिल कर लिया। इसी समय उत्तर अफ्रीका में देश-प्रेम की एक नई जागृति आई जिसमें वहाँ के युवा लोग एक ऐसे आधुनिक राज्य की स्थापना करना चाहते थे जो जनता की भलाई के लिए कार्य करें और साम्राज्यवादी तत्त्वों के अधीन न रहें। ये युवा पीढी अपने देश में बदलाव भी चाहती थी महिलाओं के अत्यचार को बंद करना चाहती थी और विभिन्न जातियों में जो युद्ध होते थे उन्हें

रोककर देश में एकता एवं शाँति लाना चाहते थे। वे यह भी निश्चित करना चाहते थे कि पेट्रोलियम बेच कर जो धन अर्जित किया जा रहा था वो देश के सभी नागरिकों में बराबर में बाटा जाए। लिबिया के कई लोग इन विचारों से प्रभावित हो रहे थे।

सन् 1969 में मुयाम्मर गद्दाफी तथा उनके साथ 70 युवा सैनिक अफसरों ने लिबिया की सत्ता को अपने नियंत्रण में ले लिया। उन्होंने अपने संगठन का नाम ''फ्री अपीसर्स मूवमेन्ट (Free Officers Movement)'' रख लिया। राजा इडरिस गद्दी छोड़कर भाग गये। लिबिया में राजतंत्र समाहित हो गया और देश को ''सोशलिस्ट लिबियन अरब रिबब्लिक'' घोषित किया गया। सेना ने इसको पूरी तरह से अपना समर्थन दिया। यह संग्राम एक क्राँतिकारी संगठन (Revolutionary Command Council [RCC]) के आधीन था जिसमें 12 सदस्य थे जो सेना से थे। यह संगठन लिबिया को एक आधुनिक समानतावादी देश बना कर उसकी प्रगति करना चाहता था वही अपने मूल धर्म इस्लाम को भी अपनाना चाहता था जो वहाँ की अधिकतर जनता का धर्म था।

हमने ऊपर पढ़ा है कि लिबिया में अधिकतर लोग आदिवासी थे और उन पर परंमपरागत परिवार के मुखिया का परिपालन था। लोग केवल अपने जाति तथा उसकी सुरक्षा तथा सम्मान के विषय में सोचते थे। समस्त देश के लोगों के विषय में कोई भी नहीं सोंचता था। अधिकतर लोग गरीब जनजातियों के थे जो अशिक्षित थे एवं पशुओं की देखभाल का कार्य करते थे। महिलाओं को परदे में रखा जाता था और उन्हें किसी भी कार्य में भाग नहीं लेने देते थे।

- आपके विचार में इनसे एक प्रजातांत्रिक सरकार स्थापित करने में कौनसी समस्या आसकती है?

नई सरकार ने कई सारे संशोधन किए जिससे लिबिया की तेज़ी से प्रगति होने लगी। तेल भंडार का राष्ट्रीकरण किया गया. बंजारा जाति के लोगों को एक स्थान पर रखने के लिए उन्हें भूमि दी गई। बच्चों को निशुल्क प्राथमिक शिक्षा, महिलाओं को भी निशुल्क शिक्षा, सभी के लिए निशुल्क औषधियाँ इत्यादि, पेट्रोलियम से अर्जित आय में सभी को भाग, आवास योजनाएँ ऐसे कई कार्यक्रम सरकार ने जनता के लिए बनाए। औसतन जीवनावधी 50 वर्ष से 77 वर्ष हो गई। सबसे बड़ा परिवर्तन था महिलाओं को स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार दिया गया। महिलाओं को व्यापार करने का एवं संपत्ति रखने का भी हक दिया गया। वे सरकारी नौकरी भी कर सकती थी। आज लिबिया में स्त्री एवं पुरुष दोनों का साक्षरता दर 90% है। इसी कारण लिबिया को पूरे अफ्रीका में सामाजिक कल्याण क्षेत्र का सबसे ऊँचा स्थान प्राप्त हुआ है।

ऐसे देश में जहाँ आदिवासी लोग थे, बंजारा (घुमक्कड़) जाति के लोग थे, निरक्षरता थी तथा महिलाओं पर कई सारी पाबन्दियाँ थी, लोगों को प्रजातंत्र का भागीदार बनाना काफी कठिन था। नई सरकार ने आम जनता को सभी कार्यों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके लिए उन्होंने जन परिषद बनाए एवं केन्द्र में जनता की विधान सभा भी बनाई। प्रगति के कारण समाज में तेज़ी से बदलाव आए और समाज में एक नया वर्ग आया मध्यम वर्ग का। ये लोग समाज के कई संगठनों में भी भाग लेने लगे। किन्तु गद्दाफी सरकार इन प्रजातांत्रिक संगठनों पर विश्वास नहीं करती थी। उन्होंने एक समनांतर प्रकार की (Leadership) बनाई, जिसे ''क्राँतिकारी काऊन्सिल'' करते थे। जिन की देख-रेख का कार्य गद्दाफी और RCC करते थे। प्रजातांत्रिक संगठनों को इन अनिर्वाचित नेताओं के आदेश मानने पड़ते थे। इसके कारण जनता का इन पर से विश्वास उठ गया फिर भी सरकार उन्हें भाग लेने के लिए जबरदस्ती करती थी। RCC भी किसी प्रकार का विरोध

एवं आलोचना सहन नहीं करती थी। RCC अपने राजकीय विरोधियों को मौत के घाट उतारने के लिए, उन्हें बन्दी बनाने के लिए, एवं आत्याचार करने के लिए, क्रूर तरीके अपनाती थी। समाचार पत्रों की स्वतंत्रता छीन ली गई। स्वतंत्र संगठन जैसे व्यापारी संगठन या और कोई संस्थाओं को भी बनाने की आज्ञा नहीं थी। लिबिया में कोई राजकीय पार्टी को कार्य करने की अनुमती नहीं थी।

ऐसे निरंकुश कार्यों ने कुछ गिने चुने धनवान परिवार के सदस्यों को सरकार तथा RCC एवं सरकार द्वारा चलाई जाने वाली तेलकम्पनियों पर अपना प्रभुत्व बनाए रखने में सहायता प्रदान की। जनता में इनके प्रति घृणा पैदा हो गई किन्तु वे अपने दुःख एवं परेशानियों को किसी भी तरह से व्यक्त नहीं कर पा रहे थे।

तेज़ी से प्रगति शहरीकरण, नवीन आर्थिक अवकाश एवं नौकरियों का यही अर्थ था कि आदिवासी जीवन का अंत हो रहा था और विभिन्न जन-जातियों के लोग आपस में मिलजुल कर शहरों में रहने लगे थे। अधिकतर नौकरियाँ सरकारी क्षेत्र के अंतर्गत थी जो तेल संसाधनों, व्यापार तथा उद्योग पर अपना नियंत्रण बनाए हुए थी। लिबिया में एक नया वर्ग मध्यम वर्ग उभर कर आया जिसे व्यापार एवं उद्योग में काफी रुचि थी। किन्तु ऐसे सभी अवकाश बन्द थे क्योंकि उनपर सरकार तथा कुछ धनवान परिवारों का नियंत्रण था।

सन् 2010 के दूसरे भाग में अरब देशों में प्रजातंत्रिक सरकारों की स्थापना के लिए काफी प्रयत्न किए गए। यह एक छोटे से देश टुनिशिया से आरम्भ होकर, मिश्र, लिबिया, यमन, बहरम एवं सीरिया तक फैल गया। यह क्राँतिकारी लहर जिसमें सरकार के विरोध प्रदर्शन, तथा युद्ध भी थे अरब संसार में 18 दिसम्बर 2010 से आरम्भ हुए और अब ये ''अरब झरना'' (Arab spring) के नाम से लोकप्रिय है।



*चित्र. 18.2: लिबया में प्रजातंत्र के पक्ष में एक पोस्टर*

## लिबिया में बदलाव

जनवरी सन् 2011 में लिबिया के बेनगाजी नामक शहर में कुछ लोग शहर में हो रहे, राजनैतिक भ्रष्टाचार एवं आवास योजना के अन्तर्गत मकानों को बनाए जाने में देरी पर देश के उत्तरपूर्वीय भाग में विरोध प्रदर्शन करने लगे। यह शाँतीपूर्वक सड़को पर चलने से आरम्भ हुए। बायदा नामक शहर में जहाँ जनता को आम सुविधाएँ भी प्राप्त नहीं थी। बाद में यह एक अहिसात्मक प्रदर्शन का केन्द्र बन गया। पुलिस ने इन्हें कुचलने के प्रयत्न किए। शहर में अधिकतर लोग बेरोजगार थे एवं कई परिवारों के कोई निश्चित आय भी नहीं थी। देश के विभिन्न भागों के लोग आपस में इंटरनेट और मोबाईल फोन द्वारा बातचीत करने लगे और अपनी परेशानियाँ भी बाँटने लगे। किन्तु सरकार द्वारा नियंत्रित मीड़िया ने इन्हें रिपोर्ट प्रस्तुत करने से मना कर दिया।

फरवरी तक ये विरोध प्रदर्शन अहिंसात्मक होने लगे।बेनगाजी शहर के लोग पोलीस के विरोध में मोर्चा निकालने लगे। पोलीस ने गोलियाँ चलाई और अनेक लोग घायल हो गए। समाज के कुछ लोग अपने बन्दूक और गोलियाँ ले आए, इन प्रदर्शनकारियों में सेना छोड़कर आए सैनिक भी थे।

किन्तु अधिकतर लोग आम आदमी थे, वकील, कर्मचारी, इंजीनियर, अध्यापक, छात्र इत्यादि थे। गद्दाफी सरकार का विरोध करने वाले सभी संगठन एक हो गए। सेना ने इन पर गोली चलाई इन विरोधियों ने सरकारी इमारतों पर आक्रमण किया। उन्होंने स्थानीय रेडियो स्टेशन को भी अपने नियंत्रण में ले लिया। लोगों ने जिन चीज़ों की माँग की जैसे संविधान में संशोधन, से लेकर मिली जुली प्रजातांत्रिक सरकार का निर्माण। गद्दाफी सरकार ने भी अपने सभी सहायकों को जमा कर के प्रदर्शन करने का प्रयत्न किया। देश में गृह-युद्ध छिड़ गया। साधारण लोगों ने हथियार अपना लिए, जबकि सेना के कुछ सैनिक जनता के साथ मिल गए। गद्दाफी ने अपनी सेना तथा हवाई जहाज़ों द्वारा इन विद्रोहों को कुचलने का प्रयास किया। कई सारे लोग मारे गए।

संसार के कई शक्तीशाली देश जैसे उत्तर अमेरिका लिबया में हस्ताक्षेप कर गद्दाफी सरकार का अंत करना चाहते थे तथा वहाँ ऐसी सरकार बनाना चाहता थे जिससे उन्हें लाभ हो। ऐसा करके अमेरिका लिबया के तेल भंडारों पर कब्जा करना चाहता था । ये देश लिबया के कई विद्रोही संगठनों की सहायता करके लिबया को गृह-युद्ध की स्थिति तक पहुँचा दिए। संयुक्त राज्य संगठन (UNO) ने भी लिबिया की समस्या में हस्ताक्षेप करके विद्रोहियों का साथ दिया और लिबिया को ''उड़ान प्रतिबंधित क्षेत्र'' (No FLy Zone) घोषित किया ताकि की सरकार लोगों पर हवाई जहाज़ों द्वारा आक्रमण न । किन्तु गद्दाफी सरकार ने अपना हवाई युद्ध जारी रखा। तब फ्राँस, अमेरिका और ब्रिटेन ने मिलकर लिबया में अपने हवाई जहाज़ों द्वारा गद्दाफी के सरकारी क्षेत्रों पर आक्रमण किया। अंत में यह क्राँति सफल हुई और गद्दाफी मारे गए।

**Civil War**

एक देश में अलग-अलग लोगों के पक्ष या क्षेत्रों के बीच होने वाला युद्ध ।

नवम्बर सन् 2012 में लिबिया में चुनाव हुए जिसमें लग-भग 100 राजनैतिक दलों ने हिस्सा लिया। जिसमें लग-भग 200 प्रतिनिधी चुने गए। एक नई सरकार की स्थापना हुई। उन्होंने एक आंतरिक संविधान की भी व्यवस्था की। भविष्य में लिबया में प्रजातंत्र की स्थापना भी हो सकती है। लिबिया अंतराष्ट्रीय नजरों में है। सभी देखना चाहते है कि क्या लिबिया में प्रजातंत्र का सफलता मिलेगी। और क्या वे इसे और मजबूत बना पाएँगे?

- यूँ तो लोग गद्दाफी सरकार से काफी लाभान्वित हुए फिर भी उन्होंने उनके खिलाफ विद्रोह क्यों किया?
- गद्दाफी सरकार अपने आप को प्रजातंत्रिक सरकार बताती थी। उसमें प्रजातंत्र के कौन से तत्व नहीं थे? प्रजातंत्र के कौन से तत्व उसमें थे?
- प्रजातंत्र में नागरिक स्वतंत्रता क्यों महत्वपूर्ण है? लिबिया के अनुभव से बताइये।
- निरंकुश शासक T.V. एवं मीडिया पर अपना नियंत्रण रखना चाहते हैं? क्या आप ऐसे कोई और उपाय जानते हैं जिसके द्वारा लोग आपस में अपने विचार और जानकारियाँ बाँट सकते हैं?
- टुनीशिया में एक व्यापारी की मृत्यु के बाद विद्रोह प्रारम्भ हुए। इस विद्रोह को नेटवर्क के फेसबुक से काफी सहायता एवं शक्ति मिली। आपके विचार में सरकार को इस पर नियंत्रण रखना आसान क्यों नहीं है?

SCERT TELANGANA

## म्यांमार (बर्मा)

संसार के मानचित्र पर बर्मा को दर्शाओ (आधुनिक नाम मयनमार) भारत इस देश से अपनी सीमा रेखा बाँटता है। भारत की तरह ही बर्मा भी ब्रिटेन का एक उपनिवेश था। यह देश सागवान की लकड़ी चाँवल तथा टिन जैसे खनिज एवं कीमती पत्थर जैसे नीलम एवं माणिक इत्यादि की अपूर्ति करता था। भारत की आजादी के 5 महीनों बाद ही बर्मा को भी स्वतंत्रता मिल गई। उन्होंने भी हमरे देश की तरह संसद की स्थापना की जिसके दो सदन भी थे। 1951, 1956 और 1960 में वहाँ पर चुनाव भी हुए जिसमें विभिन्न राजनैतिक दलों ने भाग लिया। ऐसे लगा जैसे बर्मा भी भारत की तरह एक प्रजातांत्रिक देश बनकर उभरेगा। किन्तु बर्मा के पास उस समय कोई राजनैतिक दल नहीं था जो उन्हें उस समय मार्ग दिखा सके।

आपको याद होगा कि 1947 में भारत में बहुमूल्य मात्रा में प्रान्तीय राजकुमारों का शासन था जैसे हैदराबाद में निज़ाम का। इन सब को गणतंत्र भारत में जोड़ने के लिए कुछ वर्ष लग गए। इसी तरह बर्मा में भी कई प्रान्तीय राजकुमार थे तथा जाती पर आधारित एवं भाषा सम्बन्धी क्षेत्र भी थे।

सन् 1947 में औंग सान (Aung San) बर्मा के एक जाति समूह के नेता ने देश को स्वतंत्रता दिलाई (मयनमार के प्रस्तुत विरोधी दल की नेता औंग सानं सू की के पिता) एवं अनेक अलग जाति समूहों के नेताओं ने आपस में बातचीत करके समझौते किया जो उन्हें जाती सम्बन्धी अधिकार एवं दृढ़ आत्म संकल्प देगा तथा अल्पसंख्यकों को भी प्रजातंत्र में सम्मिलित होने देगा। किन्तु औंग सान की हत्या कर दी गई और बर्मा में वहाँ की सेना ने धीरे-धीरे कर उस पर जबरदस्ती कब्जा कर लिया। कई जाती समूहों ने हत्यार उठा लिए और अपने राज्यों को बचाने के लिए उन में स्वराज्य, जाती सम्बन्धी अधिकार एवं एक संयुक्त प्रजातंत्र की माँग करने लगे। बर्मा में ये जाती सम्बन्धी समस्याएँ बढ़ने लगी। 1962 में सेनाध्यक्ष, जनरल 'ने विन (Ne Win) ' ने सरकार का तख्ता पलट दिया और देश का शासन अपने हाथों में ले लिया। उन्होंने उद्योग एवं खनिज भंडारों का राष्ट्रीकरण करने की कोशिश की। निशुल्क विद्या एवं आम आदमी के स्वास्थ की सेवाएँ उपलब्ध की गई। 1962 और 1965 के मध्य बर्मा में जमीनदारों और सूदखोरों के लिए महत्वपूर्ण कानून बनाए गए। यह कानून गरीब किसानों के उनकी भूमि एवं संपत्ति के अधिकारों की सुरक्षा के लिए और उनकी भूमि किराए पर देने के लिए बनाए गए। इस प्रक्रिया में ऐसे कानून बनाए गए जिनके द्वारा किसानों को भूमि पर किराया नहीं देना पड़ेगा।

**स्वायत्तता**

एक देश के एक क्षेत्र या संगठन के लिए स्वतंत्रता अपना आप में स्वतंत्र रूप से नियंत्रित करने के लिए ।

इसी समय से बर्मा में सेनाध्यक्षों का शासन है। शासक ये जता रहे थे कि वे समाजवादी पद्धतियाँ अपना रहे हैं और उन्होंने उद्योग एवं खद्यानों का भी राष्ट्रीकरण कर दिया है। इस का यह परिणाम निकला कि देश के सभी संसाधनों का अधिकार सेना के हाथ में आ गया। जहाँ लिबया में सेना के शासन से देश की प्रगति एवं कल्याण हुआ वहीं बर्मा में कोई प्रगति नहीं हुई और बर्मा एक आर्थिक रूप से निर्धन देश बन गया जहाँ के किसानों को अपनी संतान सेना के हाथों बेच देना पड़ता था और इन्हें खद्यानों में निर्धनता की स्थिति में काम करना पड़ता था। जो सेना अधिकारी सरकार चल रहे थे उन पर मानव अधिकारों की उल्लंघन करने, एवं नागरिकों को जबरदस्ती दूसरों स्थानों पर भेजने का आरोप लगा। उन पर श्रमिकों से जोर-जबरदस्ती एवं बाल श्रमिकों से काम लेने के भी आरोप लगे।

बर्मा में अधिकतर छात्रों द्वारा ही विरोध प्रकट किया जाता था जिसे सेना द्वारा कुचल दिया जाता था। सन् 1988 में सेना के खिलाफ एक बड़ा विद्रोह किया गया जिसे सेना ने काफी निर्ममता से कुचल डाला। जिसमें हज़ारों प्रदर्शनकारी मारे गए। बर्मा में सेना के एक नए दल ने शासन संभाला जिन्होंने वहाँ पर निर्वाचन कराने का वचन दिया। इसी समय बर्मा में औंग सानं-सू-की ने देश में सामाजिक बदलवा के लिए दुपना युद्ध प्रारम्भ किया। तभी से आँग सान सू-की वहाँ के विद्रोह की एक महत्वपूर्ण तस्वीर बन गई है और बर्मा में प्रजातंत्र लाने के लिए अपना प्रयत्न जारी रखे हुए हैं।

बर्मा के शासकों ने 1990 में वहाँ पर चुनाव घोषित किए। इन चुनावों में बर्मा को एक नए राजनैतिक दल National League for Democracy (NLD) ने भारी मत से (80%) चुनाव जीता। जबकि उनकी नेता सू-की जेल में थी। सेना ने उन्हें रिहा करने से भी मना कर दिया और उनके दल को भी सरकार बनाने की अनुमती नहीं दी। उन्हें नज़रबन्द कर दिया गया (उन्हीं के घर में) वे अपने ही घर में बन्दी बना दी गई जहाँ वे न तो घूम सकती थी और न ही किसी से बात कर सकती थी। उन्हें उनके पति के अंतिम संस्कार में भी शामिल नहीं होने दिया गया, जिनकी कैंसर से मृत्यु हो गई थी। न ही उन्हें अपने दोनों बेटों से मिलने दिया गया।



*चित्र..3: आँग सान सू की*

पूरे विश्व में बर्मा की सैन्य सरकार पर ज़ोर डाला जा रहा है कि वे देश में सभी को नागरिक स्वतंत्रता दे और प्रजातांत्रिक सरकार की स्थापना करें। अंतराष्ट्रीय ज़ोर भी डाला ज रहा है कि बर्मा से इतर देश अपने व्यापारिक संबन्ध तोड़ दें। इस के कारण बर्मा न तो आयात कर सकता है और न निर्यात। इससे बर्मा के आम नागरिकों को नुक़सान पहुँच सकता है। फिर भी वहाँ के शासकों पर दबाव डालने के लिए यह ''आर्थिक स्वीकृति'' का उपयोग किया जा रहा है।

## बर्मा में बदलाव

सन् 2008 में बर्मा में कई तरह के बदलाव दिखाई दिए। जैसे कि प्रजातंत्र की स्थापना के लिए मत संग्राह का आदेश दिया गया। देश को नया नाम देना इत्यादि। फिर भी वहां पर सरकार जो बनती है, वह कुछ चुनाव द्वारा तो, कुछ सेना द्वारा नामांकित लोगों द्वारा बनती है। सन् 2010 में संयुक्त राष्ट्र की देख-रेख में बर्मा में चुनाव हुए। सू-की को नज़रबन्द ही रखा गया और इन्हें चुनाव में भाग भी नहीं लेने दिया गया। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही उन्हें घर से बाहर आने की आज्ञा मिली। उनकी पार्टी ने चुनाव में भाग लेने से मना कर दिया। इसका यह परिणाम निकला कि सेना द्वारा सहायता प्राप्त 'यूनियन सालिडारिटी एंड डेवलपमेन्ट पार्टी' (Union Solidarity and Development Party) ने यह चुनाव जीत लिया। उन पर चुनाव में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए। बर्मा में सेना का शासन समाप्त हो गया और वहाँ के नए राष्ट्रपति थेन-सेन (Thein Sein) बन गए। फिर भी वहाँ की सरकार पर सेना का ही नियंत्रण है।

SCERT TELANGANA

मयनमार की कहानी, लिबया की कहानी की तरह ही अभी अधूरी है। समाप्त नहीं हुई है। ऐसे दिखाई देता है कि बर्मा पूरी तरह से लोकतांत्रिक देश बन जाएगा और वहाँ पर भविष्य के चुनावों में अनेक दल भाग लेंगे।

### Nobel Prize Acceptance

सन् 1991 में सू-की को शाँति के लिए ''नोबल पुरस्कार'' दिया गया जबकि वो नज़रबन्द ही थी। उनके पुत्र ने यह भाषण दिया था। उसका कुछ अंश हम आगे पढ़ेंगे।

''वह नोबल पुरस्कार अपने लिए नहीं बल्कि अपने देशवासियों के नाम पर लेंगी।''

यह पुरस्कार भी उन्हीं का है और बर्मा में अनेक वर्षों से एक लंबा संग्राम जो चल रहा है शाँति, स्वतंत्रता एवं प्रजातंत्र के लिए उसमें उनकी जीत भी उन्ही की होगी।

मेरे अपने विचार में वे अपने समर्पण और त्याग की एक ऐसी निशानी बन गई है जिनके द्वारा आप बर्मा के नागरिकों की दुर्दशा देख सकते हैं। गाँवों में रहने वालों लोगों की दुर्दशा, युवा लोगों की परेशानियाँ जो बर्मा की आशा है, जो बर्मा के जंगलों में भाग कर छुप गए हैं और जिनकी मलेरिया से मौतें हो रही हैं। बौध भिक्षुक जिन्हें बुरी तरह से पीटा जाता है और अनादर किया जाता है। कैदियों का जिन्हें जेल में यातनाएँ दी जाती है।

अंत में वे कहती है ''बर्मा में प्रजातंत्र के लिए जो संग्राम हो रहा है वो वहाँ के लोगों का ऐसा संग्राम है जिसके द्वारा वे समुदाय एक संपूर्ण, और अर्थपूर्ण जीवन स्वतंत्रता और बराबरी से जीना चाहते हैं विश्व समुदाय में।''

- आपके विचार में बर्मा में स्वतंत्रता के बाद भी प्रजातंत्र की स्थापना क्यों नहीं हो सकी?
- आपके विचार में लिबया में स्वतंत्रता के बाद भी प्रजातंत्र की स्थापना क्यों नहीं हो सकी?
- बर्मा और लिबया दोनों देशों में वहाँ के छात्र तथा युवाओं का वहाँ पर प्रजातंत्र लाने में महत्वपूर्ण योगदान क्यों रहा?
- लिबया और बर्मा में घटी घटनाओं के मध्य आप कौन सी समानताएँ पाते हैं?
- इनका अन्तर दो - नेतृत्व, विद्रोह की प्रकृति, परिवर्तन की प्रक्रिया
- दोनों देशों में प्रजातंत्र के परिवर्तन की प्रक्रिया में क्या अंतर है?
- ऐसे वाक्यों को रेखांकित कीजिए जिनका सम्बन्ध राजनैतिक दल से या दोनों देशों में होने वाली चुनाव प्रक्रिया से है।
- बर्मा में एवं लिबया में होने वाले बदलाव सन् 2012 में कौन से हैं? नीचे लिखिए - दोनों देशों में ऐसे कौन से दो अंतराष्ट्रीय दबाव प्रयोग किए गए -

## प्रजातंत्र एवं निरंकुश शासन की कुछ विशेषताएँ

आपने वर्तमान में हुई दो प्रजातांत्रिक देशों के लिए संग्रामों के विषय में पढ़ा है। यूँ तो दोनों देश अलग-अलग है किन्तु वहाँ की प्रजा जो सरकार चाहती है उनके देश के लिए, उसमें काफी समानताएँ हैं।

SCERT TELANGANA

गद्दाफी और RCC ने ऐसी कल्याणकारी प्रदेश के लिए कार्य किया जिसमें जनता के मूल-भूत आवश्यकताओं को पूरा किया गया और उन्हें अपना जीवन स्तर शिक्षा एवं नौकरियों द्वारा सुधारने के अवकाश भी दिए गए। बर्मा में भी बर्मा जुन्टा ने आरम्भ में कुछ कल्याणकारी क़दम उठाए। भूमि सुधार के कानून भी बनाए किन्तु सेना की नियंत्रण भी बढ़ाते गए। सेना ने देश के संसाधनों का शोषण किया साथ में वहाँ के निवासियों का भी जिससे उन्हें असीम निर्धनता से गुज़रना पड़ा। दोनों देशों के शासक ऐसे थे जिन्हें सेना का पूरा सहयोग मिला। उन्होंने देश में स्वतंत्र चुनाव नहीं होने दिए और न ही स्वतंत्र राजनैतिक दल बनाने दिए। उन्होंने चुनाव में जीतने वालों को सरकार बनाने का भी अवसर नहीं दिया। उन्होंने विचारों को प्रकट करने की स्वतंत्रता नहीं दी, न ही किसी संस्था बनाने की आज्ञा दी। सरकार का विरोध करने की भी आज्ञा नहीं दी।

दोनों देशों के नेता चाहते थे कि उनके देश में ऐसी सरकार बने जो जनता द्वारा स्वतंत्र रूप से चुनी गई हो। दोनों देश के लोग अपने विचारों का प्रकट करने की स्वतंत्रता चाहते थे, किसी गलत चीज़ का विरोध करने की स्वतंत्रता चाहते थे। दोनों देशों के लोग उनके देश में अनेक राजनैतिक दल चाहते थे जो स्वतंत्र रूप से कार्य कर सके।

बर्मा, लिबया से अलग था। बर्मा में शासन प्रजातंत्र से प्रारम्भ हुआ और सेना के हाथों चला गया। वही लिबया में राजतंत्र से प्रारम्भ होकर सैन्य शासन लागू हो गया। दोनों देशों में एक स्वस्थ प्रजातंत्र के लिए कोई भी परीस्थिति नहीं थी। दोनों देश राजनैतिक एवं नैतिक रूप में गहराई से विभाजित थे जिसके कारण किसी मिलजुले राजनैतिक समझौते पर आना।

## प्रजातंत्र का अभियान

17 शताब्दि में इंग्लैंड में आधुनिक प्रजातंत्र के जन्म के साथ ही संसार में राजनैतिक प्रणाली में तेज़ी से बदलाव आने लगे जो प्रजातंत्र के विचारों के अनुकूल हो। प्रारम्भ में लोकतंत्र ने सामाजिक वर्गों की सहायता की जो जमीनदारी के और राजतंत्र के विरोध में थे। उन्होंने एक ऐसे नए सामाजिक वर्ग को प्रोत्साहन दिया जो जन्मसिद्ध शासन के अधिकारों को एवं शासन को दैवीय अधिकार मानने वालों के विरोध में थे। यूरोप और अमेरिका में 18 और 19 वीं शताब्दी में महान क्रांतियाँ हुई इन सभी बदलावों को पाने के लिए।

औद्योगिकरण एवं साम्राज्यवाद ने पूरे विश्व में ऐसी परिस्थितियाँ पैदा कर दी जो प्रजातंत्र के समर्थन में थी। विश्व के अनेक देशों में एक ऐसे शिक्षित मध्यम वर्ग का उद्भव हुआ जो प्रजातंत्र के विचारों से प्रभावित था । यूँ तो हर देश की अपनी पृथ्क सामाजिक प्रणाली एवं पृथ्क समस्याएँ थी प्रजातंत्र एक ऐसा मज़बूत ढाँचा था जो इन सभी समस्याओं को उचित समाधान दे सकता था। हर देश अपनी आवश्यकता के अनुसार अपने लिए एक आदर्श प्रजातांत्रिक प्रणाली को विकसित करने लगा ।

20 वीं शताब्दी में सभी उपनिवेशी देशों के विरोध में प्रजातंत्र एक नारा बन गया। एशिया एवं अफ्रीका में स्वतंत्र राष्ट्र बने जैसे भारत, श्रीलंका, एवं दक्षिण अफ्रीका। इनमें से कई देशों को स्वतंत्रता प्राप्त हो गई और वहाँ स्थाई प्रजातंत्र की स्थापना हो गई। फिर भी कई देशों में स्थाई प्रजातंत्र की स्थापना नहीं हो सकी (जैसे कि बर्मा और पाकिस्तान में) वहाँ पर सेना द्वारा निरंकुश शासन की स्थापना हो गई। पाकिस्तान में सेना द्वारा निरंकुश शासन और प्रजातांत्रिक शासन के



SCERT TELANGANA

मध्य द्वंद्व चलता रहता है । ऐसे अनेक देशों जो सैन्य शासन में है, वहाँ के लोग ऐसे आन्दोलन कर रहे हैं जिससे सच्चे लोकतंत्र की स्थापना हो सके। हमने बर्मा और लिबया का उदाहरण देखा जहाँ पर हाल ही में ऐसे बदलाव आए हैं।

20 वीं शताब्दी में ही एक और राजनैतिक प्रणाली का उद्भव हुआ जिसका नाम है ''साम्यवादी प्रणाली'' साम्यवादी यह सोचते थे कि इंग्लैंड में जो सांसदीय प्रणाली का प्रजातंत्र है वो केवल पूंजीवादियों की सहायता करता है देश को नियंत्रण में रखने के लिए, वह अपने देश के निर्धन श्रमिकों की वास्तविक रुचियों को प्रतिनिधित्व नहीं करता। उनके विचार में ये तभी हो सकता है जब शासन का अधिकार श्रमिकों के निरंकुश शासन द्वारा हो। इस निरंकुशतावाद की इस लिए आवश्यकता थी ताकि धनवान और शक्तिशाली जमीनार तथा पूँजीवादी लोगों को कोई अधिकार या अवसर न मिले अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए। ऐसे राजनैतिक प्रणालियाँ 'रूस मे' (USSR) 1917 में स्थापित हुई, पूर्वी यूरोप में 1945 के बाद, चीन में 1949 के बाद और वियतनाम तथा क्यूबा में 1960 के बाद। इन देशों नें सामाजिक आर्थिकता को स्थापित किया जिसमें सारी भूमि एवं कारखानें पर सरकार का अधिकार होगा और सभी को शिक्षा, स्वास्थ एवं उद्योग निश्चित रूप से दिए जाएँगे। इससे समानता की स्थापना हो ।

उन देशों ने किसी भी प्रकार से बहु दलों के चुनाव नहीं होने दिए और केवल एक ही दल कई शताब्दियों तक शासन करता रहता था। उन्होंने समाचार पत्रों पर भी सरकारी नियंत्रण लगा दिया और लोगों को भी स्वतंत्रता से संगठन बनाने की आज्ञा नहीं दी थे। सरकार के नीतियों के विरोध में हो। संक्षिप्त में कहें तो उन्होंने न तो सरकार की आलोचना करने की आज्ञा दी और न ही सरकार को बदलने के किसी प्रयासों को सफल होने दिया। वैसे तो वे दावा करते थे कि वे गरीबों के लिए कार्य कर रहे हैं और वास्तविक प्रजातंत्र को स्थापित करना चाहते हैं। लेकिन अंत में वे जनता की स्वतंत्रता ही छीन बैठे। सन् 1942 में USSR का साम्राज्य बिखर गया क्योंकी वहाँ के लोग पश्चिमी देश जैसे अमेरिका (USA) की तरह स्वतंत्रता और प्रजातंत्र की माँग करने लगे। इसके चलते USSR के कई छोटे देश जैसे रूस, यूक्रेन, एसटोनिया और अन्य पूर्वी युरोपीय देश जैसे पोलैण्ड और हंगरी में साम्यवाद का अंत हो गया और वहाँ पर संवैधानिक प्रजातंत्र की स्थापना हो गई। ये उनके लिए आसान नहीं था और कई देश वापस सैन्य शासन के अन्तर्गत चल गए।


आज विश्व के अनेक देशों के लोगों को पता चल गया है कि प्रजातंत्र, जो सभी की स्वतंत्रता और अधिकारों का आदर करता है और जो देश आज अनेक जटिल समस्याओं से गुज़र रहे हैं उनके लिए प्रजातंत्र को अपनाना कितना आवश्यक है। आज विश्व में एक नए प्रकार के प्रजातंत्र की स्थापना हो रही है, जिसमें एक निर्धन और सबसे अधिक असुरक्षित व्यक्ति की भी अपनी आवाज़ होती है और वह अपनी नीतियों से प्रभाव डाल सकता है और सभी के लिए न्याय और शाँति की सुरक्षा प्रदान कर सकता है।

**मुख्य शब्द**


1. खानाबदोश जानवर
2. नगरीकरण
3. राजनीतिक अपराध
4. नजरबंद
5. तानाशाही
6. राजा राजतंत्र
7. सामंतवाद

## सीखने में सुधार

मानचित्र 1: 1900-1905 में प्रजातांत्रिक सरकारें।




मानचित्र 2: 2011 में प्रजातांत्रिक सरकारें।




1(a). मानचित्रों के आधार पर किन्ही तीन देशों के पहचानों (कुछ विषयों में तीन देश नहीं भी मिल सकते हैं) जो नीचे दिए गए खंडों में इन वर्षों में प्रजातांत्रिक थे। नीचे के उदाहरण की तरह एक तालिका बनाओः ($AS_5$)

| वर्ष | अफ्रीका | एशिया | यूरोप | दक्षिण अमेरिका |
|---|---|---|---|---|
| 1900 | | | | |
| 2011 | | | | |

b) 2011 में कुछ अफ्रीकी प्रजातांत्रिक देशों को पहचानो।

c) ऐसे बड़े देशों की तालिका बनाओ जो 2011 में प्रजातांत्रिक देश नहीं थे।

2. बहुत सारे देश स्वयं आपने आपको लोकतांत्रिक चुनाव के अनुसार चलाना चाहते हैं। इस दृष्टि से आप म्यांमार और लीबिया के बारे में क्या सोचते हैं? ($AS_1$)

3. शासक संचार माध्यमों पर क्यों नियंत्रण रखना चाहते हैं? क्या आपके क्षेत्र में ऐसा हो रहा है? कैसे? स्पष्ट कीजिए। ($AS_4$)

4. लीबिया और म्यांमार के लोगों में बातचीत का एक काल्पनिक संवाद तैयार कीजिए जो अपने-अपने देश को लोकतांत्रिक बनाने के लिए कर रहे हैं? ($AS_6$)

5. साक्षरता और संचार के बारे अध्ययन व जागरूकता से लोकतंत्र को क्या लाभ होता है? ($AS_6$)

6. लोकतंत्र और तानाशाही में क्या अंतर है? स्पष्ट कीजिए। ($AS_1$)

7. म्यांमार में आँग सेन सू कि की डेमोक्रेसी में क्या योगदान है? ($AS_6$)

8. इस अध्याय का अंतिम पैरा पढ़कर निम्न प्रश्न का उत्तर लिखिए।
   आज किस प्रकार की नवीन लोकतंत्र जन्म ले रहा है? ($AS_2$)

## परियोजना कार्य

लीबिया और इजिप्ट या किसी अन्य देश के लोकतंत्र के लिए संघर्ष के बारे में जानकारी एकत्र कीजिए और लिखिए। इसके मुख्य अंश कक्षा में प्रदर्शित कीजिए।

SCERT TELANGANA

अध्याय
19

# प्रजातंत्र एक उन्नत उपाय



चित्र 19.1 अगर आप टैक्स देते हैं तो मत दीजिए



चित्र 19.2 अगर आप शिक्षित है तो मत दे सकते हैं ।



चित्र 19.3 यदि आप महिला है तो मत नहीं दे सकते है।

आपने 17 वीं 18 वी. शताब्दी के इंग्लैंड, यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका तथा फ्रांस इत्यादि देशों के स्वतंत्रता संघर्ष के विषय में पढा होगा कि इन देशों में प्रजातांत्रिक सरकरों का प्रारंभ कैसे हुआ ? तथा हाल ही में आपने लीबिया और म्यांमार के स्वतंत्रता आंदोलन के विषय में भी जानकारी होगी। प्रजातंत्र के विकास में कई उतार-चढाव देखने को मिलते हैं। कुछ देशों में यद्यपि लोकप्रिय सरकारे स्थापित भी हुई लेकिन उनके स्थान पर राजतंत्रीय सरकारे स्थापित हुई। लोकप्रिय सरकारों वाले देश में केवल कुछ लोग ही शासकों के चुनाव में भाग ले सकते थे। धीरे-धीरे समय के साथ प्रजातांत्रिक विचारों में व्यापक परिवर्तन आया। इस समय कई ऐसे प्रश्न उत्पन्न हो रहे थे जिनका उत्तर देना आसाना कार्य नही था। अब कुछ प्रश्नों और उनके अर्थ के विषय में विचार विमर्श करते हैं। ऐसे प्रश्नों की अपनी कक्षा तथा मित्रों और रिश्तेदारों के साथ चर्चा कीजिए।

## प्रजातंत्र का अर्थ है उत्तरदायी सरकार

(चुनी हुई सरकार जो जनता को उत्तर देने योग्य हो ) प्रजातंत्र वह व्यवस्था है जिसमें सरकार अपनी शक्ति (सत्ता) जनता से प्राप्त करती है तथा जो जनता को उत्तर दे सके। यह एक प्रकार की ऐसी सरकार है जिसमें तीन से पाँच वर्ष निश्चिय समय के अंतर से सरकार और नेताओं को चुना जाता है।


RCC आपने लीबिया के मामले मे यह देखा होगा कि अंतिम शक्ति आरसीसी अर्थात क्रांतिकारी कमांड कौसिल के पास उसे न तो जनता के द्वारा, न ही जनता के प्रतिनिधियों के द्वारा बल्कि स्वयं ने अपने आपको नियुक्त कर लिया है। यद्यपि उस समय लीबिया में चुनी हुई सभाएं थी लेकिन कोई निर्णय नही ले सकती थी। लेकिन उन्हें RCC के आदेशों का पालन करना पडता था। कौंसिल किसी के भी प्रति उत्तरदायी नही थी, केवल स्वयं के प्रति।

एक प्रजातांत्रिक देश में जनता के द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि दी सर्वोच्च होते है, न ही कोई अन्य व्यक्ति जो जनता के द्वारा प्रत्यक्ष रुप से न चुना गया हो वह अपनी शक्ति का प्रयोग इन पर नही कर सकता था।

जितनी भी चुनी हुई सरकार कार्य कर रही है वे कई तरीके से जनता के प्रति उत्तरदायी होती है। जैसे सबसे प्रथम ऐसी सरकारों में चुनी हुई

सभाएँ (लोकसभा, विधानसभा) कार्य कर रही जहाँ पर सरकार से उनके द्वारा किये गये कार्यो के प्रति प्रश्नों का समाधान करना पडता है तथा कार्यो के लिए योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जाती है। द्वितीय तरीका यह है कि कोई भी नागरिक सरकार से उनके द्वारा किये गये कार्यो के लिए कोई सूचना मांग सकते हैं और सरकार को ऐसी सूचनाओं को आवश्यक रुप से प्रदान करना पडता है। तृतीय एक निश्चित समय के पश्चात पुनः चुनाव आयोजित किये जाते हैं तथा जनता से सहयोग के लिए आशा की जाती है। यदि जनता के कार्यो से संतुष्ट नही है तो सरकार से उनके कार्यो के लिए जानकारी प्राप्त कर सकती है।

- क्या कई करोड़ लोग गरीब लोग यथार्थ में चुनी हुई सरकारों के कार्यों पर अपना नियंत्रण रख सकते हैं ? क्या प्रजातंत्र का यह अर्थ है जिसमें जनता के द्वारा चुने हुए व्यक्तियों के द्वारा शासन किया जाये? सरकार के दैनिक कार्यों में जनता के द्वारा किस प्रकार से भागीदारी की जा सकती है। इन प्रश्नों के विषय में अपनी कक्षा और घर में चर्चा कीजिए।



*चित्र 19.4 आप अपना मत नही दे सकते हैं क्योंकि आप काले रंग के हैं ?*



*चित्र 19.5 आप बहुत छोटे हैं इसलिए मत नही दे सकते हैं*

**समानता, सब के समन्वयीकरण पर ही प्रजातंत्र आधारित है :** जब हम यह कहते हैं कि प्रजातंत्र में जनता का शासन है अर्थात सभी मनुष्य जो व्यस्त है चाहे महिला अथवा पुरुष हो, गरीब अथवा अमीर हो, काले अथवा गोरे हो, ईसाई मुस्लिम अथवा नास्तिक हो वे एक या कई भाषाएँ बोलते है । इन सबको अपना महत्व बनाये रखने में काफी समय लगा है। चुनाव में मतदान के अधिकार को प्राप्त करना इसी का प्रतीक है। प्रारंभ में मतदान का अधिकार केवल उन लोगों को प्राप्त था जो संपत्ति वान हुआ करते थे। धीरे-धीरे यह अधिकार देशों के लोगों को गरीब, पुरुष अथवा महिला हो और यह अधिकार सभी धर्म और जाति के मनुष्यों को भी प्राप्त होता गया । अमेरिका में 1920 में श्वेत महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया । इसके पश्चात 1965 में काले लोगों को मतदान का अधिकार देकर भेदभाव को समाप्त किया गया । न्यूजीलैंड वह पहला देश है जिसने सबसे पहले 1893 में मतदान का अधिकार सभी मनुष्यों को बिना किसी भेदभाव के प्रदान किया। यद्यपि महिलाओं और काले व्यक्तियों को इस अधिकार को प्राप्त करने में काफी संघर्ष करना पडा । सोवियत संघ वह पहला देश है जिसने 1917 की रुस की क्रांति के पश्चात सार्वभौमिक मतदान का अधिकार प्रदान किया। वर्तमान समय में भी कई देशों की सरकारे विभिन्न समुदायों के भेदभाव को समाप्त करने के लिए कानून बना रही है।

- एस्टोनिया देश ने अपने नागरिकता के नियमों को इस तरह बनाया जिनकी वजह से रुसी अल्पमत समुदाय के लोगों को मतदान का अधिकार प्राप्त करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पडा ।


- फिजी की मतदान व्यवस्था में एक देसी फिजी के मत का मूल्य भारतीय फिजी व्यक्ति के मत से कही अधिक था । 2013 के चुनाव के समय सभी को मतदान का समान अधिकार लागू किया।

प्रजातंत्र समानता के इस मूलभूत सिद्धांत पर आधारित है जिसमें सभी को सम्मिलित किया जा सके ताकि प्रत्येक व्यस्क नागरिक के एक मत का एक मूल्य हो सके ।

SCERT TELANGANA

- वर्तमान में बहुत से देशों में उन लोगों का मतदान का अधिकार नही दिया गया है जो दूसरे देशों से आकर बस गये हैं। वास्तविकता यह है कि आज भी विश्व में कई करोड लोग इस प्रजातांत्रिक अधिकार के बिना जीवन व्यतीत कर रहे हैं । क्योंकि वे अवैध तरीके से दूसरे देशों में निवास कर रहे हैं । इन लोगों के साथ अवैध अप्रवासी की तरह व्यवहार किया जाता है। दक्षिणी अमेरिकन अप्रवासी जो अमेरिका में निवास कर रहे है तथा टर्की के अप्रवासी जो फ्रांस और जर्मनी में रहते है उनकी बेहद बुरी दशा है। ऐसे अप्रवासियों को न केवल विश्व मे बल्कि भारत में भी शरणार्थियों के नाम से जाना जाता है। क्या उन्हें प्रजातांत्रिक शासन शासित होने योग्य नही समझा जा सकता है।

**प्रजातंत्र के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है:** सामान्यतः प्रजातंत्र का यह अर्थ समझा जाता है कि चुनाव में मतदान के द्वारा शासकों को चुना जाना । लेकिन प्रजातंत्र का यह भी अर्थ है कि सरकार के नीति निर्माण कानून निर्माण और उन्हें लागू करने के लिए नागरिकों की सरकार में भागीदारी अवश्य होनी चाहिए। यह कैसे किया जाना चाहिए । यह संभव हो सकता है यदि सरकार द्वारा कानून और नीतियों को बनाये जाने के पूर्व जनता में इनकी व्यापक चर्चा हो । इस चर्चा के समय नागरिकों को अपने विचार और आवश्यकताओं के विषय में स्वतंत्र रुप से व्यक्त करने चाहिए । सरकार के द्वारा नीतियों और कानूनों को लागू करते समय स्वतंत्र नागरिकों की समिति का गठन



*नागरिको की शक्ति किस तरह इस शतरंज की स्थिति को बदल सकती है?*

किया जाना चाहिए । लेकिन नागरिकों को भागीदारी इतनी आसानी से प्राप्त नही होगी। बहुत से देशों में सरकार द्वारा जनता के इस कार्य के लिए प्रोत्साहित नही किया जाता है और न ही नागरिक अपनी रूचि दिखाते हैं वे अलग उदासीन बने रहते हैं। जैसे अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 2012 के समय 40 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने चुनाव में भाग नही लिया था ।

- लोग सरकार में भाग लेना क्यों नहीं चाहते हैं? क्या उन्हें इसकी समझ न होने के कारण, या रूचि न होने के कारण या फिर उनके अभिप्रायों को माने नहीं जाने के कारण?



SCERT TELANGANA

**प्रजातंत्र के लिए नागरिकों के अधिकार आवश्यक है:** .यदि नागरिकों को अपने विचारों को व्यक्त करने का, विषयों पर बहस करने या बातचीत करने, स्वतंत्रतापूर्वक समूह बनाने और प्रेस को अपने विचार बतलाने की स्वतंत्रता होगी तभी नागरिक सरकार के निर्णय लेने की प्रक्रिया में अपनी भागीदारी दे सकते हैं। इन सबको नागरिक स्वतंत्रता के नाम से जाना जाता है। सामान्य तौर पर ये अधिकार मनुष्यों को आसानी से प्राप्त नही हुए हैं । सरकार में विचारों को व्यक्त करने, स्वतंत्र रुप से विभिन्न संघों का निर्माण करने और सार्वजनिक मामले में जानकारी प्राप्त करने की कोई स्वतंत्रता नही थी । अधिकतर सरकारी निर्णयों को जनता से गुप्त रखा जाता था । इसी के साथ-साथ समाचार पत्रों और पुस्तकों के प्रकाशन पर प्रतिबंध लगा दिया जाता था या ऐसे हिस्सों को अलग कर दिया जाता था जो सरकार का विरोध करते हो । व्यक्तियों को अलग राजनीतिक दलों के गठन की स्वीकृति नही दी जाती थी। मजदूर संघों पर भी इसी प्रकार का प्रतिबंध लगाया गया था। राजनीतिक दल और मजदूर संघ को सरकार स्वीकृति प्रदान करती थी। उदाहरण के रुप में उपरोक्त सभी अधिकार सोवियत संघ रुस में नागरिकों को प्राप्त नही थे । यद्यपि वहाँ पर मतदान का सार्वभौमिक अधिकार समय-समय पर होने वाले चुनाव के समय दिया गया था। यही कारण है सोवियत संघ में लगभग ६० वर्षों तक एक ही दल का शासन रहा था। यद्यपि आज भी कई देशों के व्यक्तियों को ये अधिकार प्राप्त नही है। नागरिक स्वतंत्रताओं पर प्रतिबंध लगाने से सरकार सत्ता में कई दिनों तक कायम रह सकती हैं।

- अधिकांश सरकारे अपने व्यक्तियों (नागरिकों) को सभी नागरिक अधिकार प्रदान करती है, लेकिन उनकी सभी गतिविधयों पर अपनी सजग नजर और नियंत्रण भी रखती है, जैसे आज के समय में फोन टेप करना, पत्रों पर नियंत्रण रखना जासूसी करना इत्यादि, कई माध्यमों से गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। क्या आप यह समझते हैं कि यह सब न्यायपूर्ण है।

**प्रजांतंत्र के लिए समानता आवश्यक है:** अब तक हमने देखा है कि प्रजातंत्र के लिए राजनीतिक समानता का होना आवश्यक है। अर्थात प्रत्येक व्यक्ति का एक मत होना चाहिए। राजनीतिक समनता के लिए प्रभावी होने केलिए यह जरुरी हैकि सामाजिक और आर्थिक समानता को न्यायपूर्ण तरीके से स्थापित किया जा सके । यदि समाज मे दो असमान्य वर्ग गरीब और अमीर उच्च जाति और निम्न जाति तथा दलित वर्गों का अस्तित्व बना रहेगा तब तक राजनीतिक समानता अर्थहीन बनकर रह जायेगी । समाज में जो अमीर और उच्च वर्ग के व्यक्ति हैं वे आसानी से मतदान प्रक्रिया या वोट राजनीति को अपने पक्ष में कर सकते हैं। जिन परिवारों में सदस्यों की संख्या अधिक होती है वहाँ पर परिवार का प्रमुख (प्रधान) यह निश्चित करता है कि परिवार के सदस्यों (महिलाओं सहित) को अपना मत किसे देना चाहिए ।कई जगहो पर जहाँ पर शक्तिशाली जमींदार या कारखाने के मालिक, अपने श्रमिको को उनके द्वारा दिये गये निर्देश के अनुसार मत

**तालिका 1 कुछ देशों में आय की असमानता**

| देशों के नाम | राष्ट्रीय आय का भाग | |
|---|---|---|
| | उच्च स्तर 20 | निम्न स्तर20 |
| दक्षिण अफ्रिका | 64.8 | 2.9 |
| ब्राजील | 63.0 | 2.6 |
| अमेरिका | 50.0 | 4.0 |
| यूनाइटेड किंगडम | 34.5 | 9.6 |
| डेनमार्क | 34.5 | 9.6 |
| हंगरी | 34.5 | 10.0 |

- इस तालिका में प्रजातांत्रिक देशों की असमान आय के प्रतिशत को बताया गया है क्या ये प्रजातांत्रिक सरकारे अपने-अपने देशों के व्यक्तियों के हित के लिए कार्य कर रही है? अपने विचार बतलाइए।



SCERT TELANGANA

देने के लिए बाध्य करते हैं । इसके माध्यम से अर्थात धन और शक्ति के द्वारा प्रजातंत्र की प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप किया जा सकता है। अमेरिका जैसे देश में भी सभी प्रकार के संचार साधनों मीडिया पर अमीर उद्योग घरानो का नियंत्रण रहता है, जिन्हें मीडिया बैस या मीडिया के सामंत व्यापारी कहा जाता है। ये जनमत को प्रभावित करने या अपने पक्ष में परिवर्तित करने की अत्यधिक क्षमता रखते हैं । इनकी पहुँच विधानसभा सदस्य, संसद सदस्य यहाँ तक कि वे मंत्रियो को भी अपने कार्यक्रमों और नीतियों के अनुसार कार्य करने के लिए प्रभावित करते हैं । इसके विपरित समाज के व्यक्ति अशिक्षितऔर गरीब होते हैं उनके पास ऐसी कोई शक्ति नही होती है जिससे वे सरकार के सदस्यों को प्रभावित कर सके । यही कारण है कि अधिकतर देशों की सरकारी नीतियों में गरीब और अमीर व्यक्तियों की नीतियों मे व्यापक विरोधाभास देखने को मिलता है। इसीलिए यह कहा जा सकता है कि तभी सही अर्थों में प्रजातंत्र प्राप्त हो सकता है। जब राजनीतिक समानता के साथ सामाजिक और आर्थिक समानता सम्मिलित की जाय ।

- यदि कोई राजनीतिक दल लगातार सत्ता प्राप्त करता है तो क्या इसका अर्थ है कि जनता इस दल की सरकार चाहती है? या जनता के सामने और अन्य कोइ विकल्प नही है? या जनता को अन्य विकल्पों को मतदान देने नही दिया जाता ? इन प्रश्नों के उत्तर तीन प्रकरणों का अध्ययन पर आधारित किये गये हैं जैसे :

a. मेक्सिको देश 1930 मे स्वतंत्र हुआ तबसे वहाँ पर प्रत्येक छः वर्ष में राष्ट्रपति के चुनाव करवाये गये। तब तक यहां पर न तो सैनिक शासन या और न ही किसी प्रकार की तानाशाही थी। लेकिन 2000 तक प्रत्येक चुनाव पीआरआई (संस्थान क्रांतिकारी राजनीतिक दल ने चुनाव जीता) पीआरआई क्रांतिकारी राजनीतिक अर्थात क्रांतिकारी राजनीतिक दल मेस्किसों में अनैतिक और गलत साधनों से चुनाव जीतने के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ पर सरकारी स्कूलों के शिक्षक, छात्र छात्राओं के माता-पिता को पीआरआई को मत देने के लिए मजबूर करते हैं ।

b. जिम्बाम्बे ने 1980 में गोरी अल्मत सरकार से स्वतंत्रता प्राप्त की थी । तभी से देश ने जेएएनयू-पीएफ राजनीतिक दल ने शासन किया तथा तभी से वहाँ पर समयानुसार चुनाव हो रहे हैं जिसे जेएएनयू-पीएफ दल को विजय प्राप्त हो रही है,जो इस दल के हैं । लेकिन उन्होंने भी चुनाव के समय अनुचित खाद्यान्नों का उपयोग चुनाव में किया तथा चुनाव जीता था । चुनाव ने अपनी सरकार को शक्तिशाली बनाने के लिए संविधान में कई बार परिवर्तन किया। विरोधी दलों ने इसका विरोध किया लेकिन विरोधी दल के सदस्यों को अत्यधिक प्रताडित किया तथा उनकी बैठको मेंभी व्यवधान उत्पन्न किया । वहां पर राष्ट्रपति की आलोचना करने के अधिकार को भी सीमित कर दिया गया तथा टेलीविजन और रेडियों के प्रसारण पर नियंत्रण लगा दिया गया । अब वे केवल सरकारी अनुमति से ही सूचनाओं का प्रसारण कर सकते थे ।

c. चीन में देश की संसद के लिए प्रत्येक पाँच वर्ष में चुनाव होते हैं । इसे चीनी भाषा में नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के नाम से जाना जाता है । नेशनल पीपुल्स काँग्रेस को देश का राष्ट्रपति नियुक्त करने का अधिकार है । इसके लगभग 3,000 सदस्य को चुनाव में भाग लेने के पूर्व चीन के साम्यवादी दल की अनुमति लेना आवश्यक है। केवल चीन के साम्यवादी दल के सदस्य या आठ ऐसे छोटे दल जो कि साम्यवादी दल से संबंधित है। उन्हें 2002-03 के चुनावों में भाग लेने की अनुमति प्रदान की गई है। चाईना में हमेशा साम्यवादी दल की ही सरकार का शासन चलता है।

**प्रजातंत्र के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आवश्यक है :** यदि किसी देश के नागरिक अपनी सरकार में श्रेष्ठ व्यक्तियों या राजनीतिक दल को चाहते हैं तो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव अवश्य हाना चाहिए । चुनाव मे कोइ भी व्यक्ति या राजनीतिक दल भाग ले सकता है। लेकिन किसी भी राजनीतिक दल को अलग से विशेष लाभ नही दिया जा सकता है। आज भी अनेक देशों जैसे सौवियत रुस बर्मा (म्यांमार) लीबिया या अन्य ऐसे देश जहाँ पर चुनाव में केवल एक या दो राजनीतिक दल भाग ले सकते हैं वहाँ पर उन्हें मत देने के अलावा और कोई रास्ता नही है । कुछ देशो में जो राजनीति

दल सत्ता में रहता है या जो सरकार कार्य कर रही है वो भी अपने पक्ष मे मतदान करने के लिए लोगों को बाध्य करती है। इसके अलावा सत्ता पक्ष के लोग आपसी जोड तोड या सांठगाँठ करके विरोधी दल के उम्मीदवारों के नाम तक हटा देते हैं यहाँ तक कि विरोधी दलों को सहयोग देने वालों के नाम भी मतदान सूचियों में से हटा देते हैं। प्रजातंत्र के लिए इस तरह के चुनावों का आयोजन होना उचित नही है। ऐसी व्यवस्था के लिए चुनाव के लिए कोइ विकल्प अवश्य होना चाहिए । जहाँ तक संभव हो सके ऐसे शासकों को हटाये जाने की भी सुविधा होनी चाहिए । यदि हम प्रजातंत्र को सुरक्षित रखना चाहते है तो चुनाव के पूर्व और पश्चात मूल्यांकन अवश्य किया जाना चाहिए । यह तभी संभव है जब राज्य नागरिकों की स्वतंत्रताओं को सुरक्षित रखे । इसलिए प्रजातंत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होना अत्यंत आवश्यक है ताकि सत्ता सुरक्षित रह सके ।

**प्रजातंत्र के लिए अल्पमत समुदाय के कानूनों और अधिकारों का सम्मान आवश्यक है:** यद्यपि प्रजातंत्र में चुनी हुई सरकार सम्मिलित होती है लकिन इसका अर्थ यह नही है कि लोकप्रिय नेताओं को समर्थकों की इच्छानुसार शासन का कार्य करना पडता है। सभी प्रजातांत्रिक सरकारे कानूनों से बँधी हुई होती है तथा न्यायपालिका स्वतंत्र रुप से कार्य करती है। कार्यपालिका के अधिकारियों को भी कानूनों के अनुसार कार्य करना पडता है । प्रजातंत्र में सभी मनुष्यों के हितों को संरक्षित रखने का कार्य करना पडता है, जिनके पास देश का बहुमत होता है। सभी को अपने विचारों को व्यक्त करने उन्हें प्रचारित करने जनता के विचारों को अपनी तरफ प्रभावित करने तथा उनके विचारों का सम्मान करने का अवसर प्राप्त होता है, भले ही बहुमत उनके विचारो से सहमत नही हो या वे इन विचारों को हानिकारक बतलाये । आज प्रजातंत्र के समक्ष सबसे बडी चुनौती उन लोगों से है जिनके विचार प्रजातंत्र के विरुद्ध है या जो लोग यह सोचते हैं कि प्रजातंत्र के स्थान पर किसी प्रकार की तानाशाही सरकार को लाया जा सकता है। या ऐसे लोग जो यह सोचते हैं कि सत्ता या शक्ति केवल वर्ग विशेष के पास रहनी चाहिए या किसी विशेष धर्म या किसी नस्ल के लोगों के पास होनी चाहिए। आपके विचारों के अनुसार क्या ऐसे लोगों को अपने विचारों को प्रचारित करने की स्वीकृति देना चाहिए। ये सभी विचार प्रजातंत्र के इस दृष्टिकोण को समझाते हैं कि प्रजातांत्रिक सरकार को सीमा में रहते हुए संवैधानिक कानून और नागरिकों के अधिकारों के आधार पर ही शासन करना चाहिए।

**प्रजातंत्र और चुनाव पर कुछ प्रश्न**

यदि हम अपने देश के चुनाव का उदाहरण लेते हैं तो पता चलता है कि किसी एक क्षेत्र मे केवल 1000 व्यक्तियों को मत देने का अधिकार है। यह अनुमान लगाया जा सकता है कि ऐसा विशिष्ट स्थिति में लगभग 60% लोगों ने मतदान किया होगा । यह कल्पना करे कि चुनाव में 10 उम्मीदवारों ने भाग लिया तथा जीतने वाले पहले उम्मीदवार को 250 मत, द्वितीय उम्मीदवार को 200 मत कुछ उम्मीदवार को केवल 150 मत प्राप्त होते हैं । इस परिस्थिति मे केवल एक उम्मीदवार जिसे 250 मत प्राप्त हुए है। उसे विजयी घोषित किया जाना उचित होगा ? क्या वह उम्मीदवार अपने क्षेत्र के सभी निवासियों के हितों और विचारों का प्रतिनिधित्व करता है? वास्तविकता यह है कि वह केवल 1/4 मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करता है। क्या यह निष्पक्ष स्वतंत्र प्रजातांत्रिक व्यवस्था है। क्या मनुष्यों को किसी अन्य अच्छे तरीके से निर्णय लेने की संस्थाओं में उनका प्रतिनिधित्व प्राप्त किया जा सकता है?

## प्रजातंत्र बहुमत बनाम सभी सम्मिलित व्यक्ति

सामान्य रुप से प्रजातंत्र का अर्थ बहुमत को शासन से लिया जाता है। किसी भी देश मे विविध विचारों और संस्कृति के लोग निवास करते है, ऐसी स्थिति मे वैचारिक विभिन्नता का उत्पन्न होना अत्यंत स्वाभाविक है । ऐसे मे एक प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि क्या प्रजातंत्र में इन विभिन्नताओं को समाप्त करने के लिए कोई तरीका है? इसलिए यह निर्णय अधिकतर बहुमत के द्वारा किया जाता है।


SCERT TELANGANA

इसमें केवल यह ध्यान देने योग्य है कि मतदान में बहुमत प्राप्त करने वालों को सभी मनुष्यों से अधिकतम सहयोग प्राप्त हो सके। यह साधारण परिस्थितियों में काफी लाभदायक हो सकता है, लेकिन जटिल परिस्थितियों में काफी विरोधाभ्यास उत्पन्न कर सकता है क्योंकि सभी वर्गों और समुदायों के व्यक्तियों का एक विचार पर सहमत होना एक कठिन कार्य है। केवल इस स्थिति मे यह आवश्यक होगा कि सभी मनुष्यो के दृष्टिकोण या विचारों पर ध्यान देना आयवश्यक है, इससे बहुमत और अल्पमतसंख्यक समुदाय से सभी व्यक्तियों की आवश्यकताएं पूर्ण होगी। इस विषय में दो है जैसे-उदाहरण

## बेल्जियम और श्रीलंका

बेल्जियम यूरोप का एक छोटा सा देश है। इसकी कुल जनसंख्या का 59 प्रतिशत भाग फ्लोमिश क्षेत्र मे निवास करता है तथा डच भाषा बोली जाती है। दूसरे 40 प्रतिशत भाग के निवासी वालोमिया क्षेत्र मे निवास करते है और फ्रेंच भाषा बोलते हैं। शेष बचे हुए एक प्रतिशत मनुष्य बेल्जियम निवासी जर्मन भाषा बोलते हैं। बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स में 80 प्रतिशत व्यक्ति फ्रेंच भाषा और 20 प्रतिशत व्यक्ति डच भाषा बोलते हैं।

यहाँ पर फ्रेंच भाषा समुदाय के लोग जो अल्पसंख्यक हैं उनकी अन्य भाषा बोलने वाले मनुष्यों की तुलना की जाये तो वे ज्यादा अमीर है और शक्तिशाली है। यह देखते हुए डच समुदाय के लोगों ने इसका विरोध किया, जिसकी वजह से 1950-1960 में डच और फ्रेंच समुदाय के लोगोके बीच संघर्ष हुआ था लेकिन बुसेल्स में इन दोनों समुदायों के बीच आपसी संघर्ष ज्यादा गंभीर हो गया था। बुसेल्स के सामने एक विशेष समस्या थी जैसे डच भाषा बोलने वाले समुदाय ने देश में बहुमत प्राप्त कर रखा था लेकिन यह समुदाय देश की राजधानी में अल्पमत में था।




Communities and regions of Belgium

भारत के दक्षिण में श्रीलंका द्वीप समूह एक राष्ट्र है। श्रीलंका में विभिन्न प्रकार की जनसंख्या निवास करती है। यहाँ के सबसे प्रमुख सामाजिक वर्ग के 74 प्रतिशत भाग में सिंहाला भाषा बोली जाती है। तमिल भाषा बोलने वाले केवल 18 प्रतिशत है। सिंहाला भाषा बोलने वालों में ऐसे लोग अधिक है जो बौद्ध समुदाय के हैं तथा अधिकांश तमिल, हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के हैं।

यदि इन दोनों समुदायों के विचारों का विश्लेषण किया जाये तो दोनों समुदायों का बहुमत देखा जा सकता है। हमें यह देखना चाहिए कि इन दोनों देशों में क्या हुआ था।


## श्रीलंका में बहुमतवाद

1948 की श्रीलंका की स्वतंत्रता के पश्चात सिंहल वर्ग का सरकार मे बहुमत के आधार पर प्रभुत्व था। इसके परिणामस्वरुप श्रीलंका सरकार ने प्रजातांत्रिक आधार पर सरकार का चुनाव किया जो सिंहाला लोगो की सर्वोच्चता को बहुमत के विभिन्न तरीको के द्वारा स्थापित कर रही थी।

सिंहाला भाषा को अधिकृत रुप से सरकारी भाषा के रुप में घोषित किया जा चुका था, जिससे तमिल समुदाय ने स्वीकार नही किया। सरकारी नौकरियों मे भी सरकार ने ऐसी नीतियाँ लागू की जो सिंहाला भाषा बोलने वालों का समर्थन करती थी। इस समय एक नये संविधान को बनाया जाये जो राज्य में तेजी से विकसित हो रहे बौद्ध धर्म का संरक्षण कर सके। सरकार के द्वारा कई प्रकार के तरीके

एक के बाद अपनाये जा रहे थे जिससे श्रीलंका के तमिल समुदाय के लोग अलग हो रहे थे। इस वजह से श्रीलंका के तमिल और सिंहाला समुदायों के बीच तनाव उत्पन्न हो रहा था । इसे देखते हुए श्रीलंका के तमिल मनुष्यो समुदाय ने समान स्तर के लिए दलों को बनाया तथा संघर्ष प्रारंभ किया ताकि तमिल समुदाय को समान स्तर आदि स्वायतत्ता उन प्रांतों को प्राप्त हो सके जहाँ तमिल समुदाय के लोग अधिक हैं। लेकिन तमिल समुदाय की इन मांगों को लगातार अस्वीकृत किया गया ।

1980 में कुछ राजनीतिक संगठन बनाये गये जिन्होने यह मांग की थी कि श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी भाग के लिए एक अलग राज्य (तमिल एलम) बनाया जाये । इन दोनों समुदायों की अलग-अलग धारणाओं ने एक व्यापक संघर्ष का रुप ले लिया ।कुछ ही दिनो मे इस आपसी संघर्ष ने एक गृहयुद्ध का रुप ले लिया, जिससे एल.टी.टी.ई जो कि एक उग्रवादी संगठन था उसने इन प्रांतों पर शासन करना चाहा जिससे तमिल समुदाय के अधीक लोग निवास करते थे । इस गृहयुद्ध में श्रीलंका की सेना ने एल.टी.टी.ई को हराया था। एल.टी.टी.ईने उन प्रांतों के मनुष्यों पर अपना नियंत्रण स्थापित किया तथा उन लोगों के साथ निरंकुशता और बर्बरता व्यवहार किया और कई तमिल लोगो की हत्या की गई । कई लोगों को जबरदस्ती देश छोड़कर जाना पडा और कई व्यक्ति अपने जीवन यापन के साधनों को खो चुके थे। ऐसे व्यक्तियों को शरणार्थी के रुप में रहना पडा। इस गृहयुद्ध के पूर्व श्रीलंका एक समृद्धशाली देश था जिसकी आर्थिक प्रगति अत्यधिक थी, तथा शिक्षा और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी श्रीलंका प्रसिद्ध देश था। लेकिन इस गृहयुद्ध ने श्रीलंका के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक जीवन का विनाश कर दिया ।




## बेल्जियम में रियायत

बेल्जियम देश के नेताओ ने एक अलग व्यवस्था को अपनाया । उन्होंने बेल्जियम में जितनी भी क्षेत्रीय और सांस्कृतिक विभिन्ताएँ थी उन्हें समझकर 1970 और1993 में अपने देश से संविधान में चार बार संशोधन किया और यह तर्क प्रस्तुत किया कि यह प्रबंध इसलिए किया गया है ताकि बेल्जियम का प्रत्येक निवासी के साथ देश की सीमा मे निवास कर सके । बेल्जियम की सरकार का यह कार्य काफी लाभदायक सिद्ध हुआ तथा अनेक देशो की सरकारो ने इस प्रबंध को रचनात्मक प्रेरणादायक मानकर अपनाया । यहाँ पर कुछ बेल्जियम मॉडल के तत्व दिये जा रहें है ।

- संविधान में डच और फ्रेंचभाषा बोलने वाले दोनो के सदस्य और मंत्रियों की संख्या केन्द्रीय सरकार में एक समान रखी गई । बहुमत वर्ग और भाषा पर आधारित वर्ग के लिए कुछ विशेष कानूनो का प्रावधान रखा गया है, जिससे दोनों वर्गो को समर्थन मिल सके । कोई भी समुदाय एक पक्षीय निर्णय नही ले सकता है ।
- केन्द्रीय सरकार की अधिकांश शक्तियाँ राज्य सरकारों को भी प्रदान की गई है, जो जर्मनी के दो प्रमुख क्षेत्र है । राज्य सरकारे केन्द्रीय सरकार के अधीन नही है।
- ब्रुसेल्स में एक पृथक सरकार है जिसमें दोनों समुदायों के सदस्यों का समान प्रतिनिधित्व है। ब्रुसेल्स में फ्रेंच भाषा बोलने वाले लोगों ने समान प्रतिनिधित्व को स्वीकार किया है, क्योंकि केन्द्रीय सरकार में डच भाषा के लोगों ने समान प्रतिनिधित्व को स्वीकार किया है।

केन्द्र और राज्य सरकार के अतिरिक्त जर्मनी में एक तीसरे प्रकार की भी सरकार है । इसे ''समुदाय सरकार'' के नाम से जाना जाता है। इसका चुनाव डच, जर्मन और फ्रेंच समुदाय के लोगों के द्वारा भाषा आधार पर किया जाता है। इस सरकार को सांस्कृतिक, शैक्षणिक और भाषायी संबंधित विषयों पर निर्णय लेने का अधिकार है ।

SCERT TELANGANA

यदि आप बेल्जियम मॉडल का विश्लेषण करे तो यह अपने आप में अधिक जटिल है। लेकिन इन सब तत्वों ने अच्छी तरह से कार्य किया है जो अधिक लाभपूर्ण सिद्ध हुआ । इसका सबसे बडा लाभ दो विशेष समुदायों के आपसी संघर्ष को रोकने मं सहायक सिद्ध हुआ । जब यूरोप के कई देशों ने यूरोपीय संघ का गठन किया तब ब्रुसेल्स में संघ का प्रधान कार्यालय स्थापित किया गया, बेल्जियम जैसे देश के लिए यह एक बहुत बडा सम्मान था क्योंकि यूरोपियन समुदाय ने उन पर विश्वास किया और बेल्जियम की स्थिरता और निष्पक्ष न्याय को सम्मानजनक स्थान दिया ।

अब तक हमने दो अलग-अलग प्रजातांत्रिक देशों के बारे मे ज्ञान प्राप्त किया। यद्यपि देश सत्ता का प्रयोग अलग तरह से कर रहे थे । बेल्जियम जैसे देश के नेताओ ने यह महसूस कर लिया था कि देश की प्रगति तभी संभव है जब अपने क्षेत्र के निवासियो के हितो और भावनाओं का सम्मान करें । श्रीलंका जैसे देश ने अलग रचनात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है। जैसे अगर बहुमत समुदाय अपना प्रभुत्व दूसरों पर रखना चाहता है और सत्ता दूसरों को नही देना चाहता हो तब इससे देश की स्थिति और भी बिगडती तथा कई सौ वर्ष तक देश का आंतरिक संघर्ष और गृहयुद्ध का सामना करना पडेगा।

## नागरिकों की प्रतिष्ठा और स्वतंत्रता

विश्व मे जितनी भी सरकारें हैं उन सबमें प्रजातंत्र सबसे अधिक सर्वोत्तम शासन प्रणाली है, क्योंकि व्यक्तियों के गौरव और स्वतंत्रता के विकास मे अपना योगदान देती है । यद्यपि कई बार व्यक्तियो में आपसी संघर्ष उत्पन्न होता है क्योंकि उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार नही किया जाता है। स्वतंत्रता और सम्मान की भावना प्रजातंत्र का सबसे मुख्य आधार है । विश्व के सभी प्रजातांत्रिक देशों ने सैद्धांतिक रुप से इसे स्वीकार किया है। यद्दपि विभिन्न देशों ने अलग-अलग स्तर पर इसे प्राप्त किया है जो देश या समाज आज भी कई वर्षो से चले आ रहे अधीनता और आधिपत्य को मानते हैं, उससे यह निष्कर्ष निकलता है कि उन देशों में आज भी व्यक्तियों या मनुष्यों को एक समान नही समझा जाता है ।

यदि महिलाओ के मान-सम्मान के संबंध मे देखा जाये तो यह ज्ञात होता है कि अधिकांश समाज में या देशों पर पुरुषों ने अपना नियंत्रण प्रभाव बनाये रखा है। विश्व की महिलाओं ने समान सामाजिक स्तर प्राप्त करने के लिए वर्षो तक कठोर संघर्ष किया है, तब जाकर यह स्वीकार किया गया है कि समाज में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी प्रजातंत्र का एक आवश्यक भाग या हिस्सा है। जब एक बार इस तथ्य को सैद्धांतिक रुप से स्वीकार कर लिया गया, तब महिलाओं के लिए समान स्तर प्राप्त करना, अब वैधानिक और नैतिकता की दृष्टि से आसान हो गया है । जिन देशों मे प्रजातांत्रिक व्यवस्था नही है, वहाँ पर इसे वैधानिक रुप से स्वीकार नही किया गया है, क्योंकि ऐसे देशों में मनुष्यों की स्वतंत्रता और प्रतिष्ठा (मान सम्मान) के लिए कोई नैतिक और वैधानिक शक्ति नहीं है, जो बाध्य कर सके । जातिगत असमानता के लिए यही तथ्य सत्य है। भारत के प्रजातंत्र ने जातिवाद से प्रभावित लोगों को अनका समान स्तर और अवकर के अधिकार को और भी अधिक शक्तिशाली बना दिया है। वैसे तो जातिगत असमानता के कई उदाहरण देखने को मिलते हैं, लेकिन इनका कोई भी वैधानिक और नैतिक आधार नहीं है। शायद यही स्थिति एक साधारण नागरिकों को अपने प्रजातांत्रिक अधिकारों का मूल्य समझा सके ।

किसी भी प्रजातांत्रिक देश में प्रजातंत्र तभी सफल हो सकता है, जब प्रजातंत्र से जो आशाएँ रखी जाती है, वे एक परीक्षण के तौर पर कार्य करती हैं। प्रजातंत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है कि जैसे ही

एक परीक्षण पूर्ण होता है दूसरा प्रारंभ हो जाता है इससे प्रजातंत्र और मनुष्यों को लाभ होगा तथा प्रजातंत्र को और अधिक सक्षम बनाया जा सकेगा। इसलिए जब कभी भी मनुष्यो से प्रजातंत्र और कार्यों तथा सफलता के विषय में पूछा जाता है तब वे और भी अधिक आशा लेकर आते हैं तथा प्रजातंत्र के मूल्यों के विषय मे बतलाते हैं। वास्तविकता तो यह है कि सभी मनुष्य कमी महसूस कर रहे हैं कि प्रजातंत्र की सफलता के लिए कोई मापदंड अवश्य होना चाहिये। इससे यह पता चलता है कि व्यक्तियों मे योग्यता और जागरुकता विकसित हो चुकी है ताकि वे सरकार या सत्ताधारी व्यक्तियों के कार्यों का आलोचनात्मक परीक्षण कर सके। यदि प्रजातंत्र के प्रति मनुष्यों के द्वारा यह व्यक्त किया जाता है कि वे संतुष्ट नही है तो यह प्रजातंत्र की सबसे बडी सफलता होगी। यह एक साधारण व्यक्ति को नागरिक के रुप में परिवर्तित कर देती है। अधिकांश व्यक्ति यह सोंचते हैं कि उनके मतों से सरकार की कार्यप्रणाली मे अंतर आ सकता है ताकि वे अपने हितों के अनुसार सरकार से कार्य कर सके।

- सामाजिक, धार्मिक, भाषाई समन्वयीकरण के लिए इन दो देशों ने कौनसे मार्ग अपनाए हैं। चर्चा कीजिए।

## मुख्य शब्द

1. USSR (Union of Soviet Socialist Republic)
2. आम चर्चा
3. नागरिक स्वतंत्रता
4. सामाजिक व आर्थिक समानता
5. आंतरिक मतभेद

## शिक्षा में सुधार

1. प्रजातंत्र को किस प्रकार से सक्षम, वैध और उत्तरदायी सरकार बनाया जा सकता है? ($AS_1$)
2. ऐसी कौन सी शर्त या स्थितियाँ है जिनके द्वारा सामाजिक विभिन्नताओं को समाप्त किया जा सकता है।
3. निम्न तथ्यो के समर्थन या विरोध मे अपने तर्क प्रस्तुत कीजिए। ($AS_1$)
   A. औद्योगिक देशों में प्रजातंत्र आसानी से संचालित हो सकता है, लेकिन गरीब देश को अमीर बनने के लिए तानाशाही आवश्यक है। ($AS_1$)
   B. प्रजातंत्र विभिन्न नागरिकों के बीच आय के असमान वितरण को कम नही कर सकता है।
   C. गरीब देशों की सरकारो को गरीबी हटाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य पर कम खर्च करना चाहिए, इसकी बजाय उद्योगों और प्रबंध साधनों पर अधिक खर्च करना चाहिए।
   D. प्रजातंत्र में सभी नागरिकों का एक मत होना चाहिए। क्या इसका यह अर्थ है कि प्रभुत शक्ति का आधिपत्य तथा संघर्ष की कमी है?
4. प्रजातंत्र को सही समझने के लिए निम्न में कौन सा तथ्य सही अथवा गलत है। ($AS_1$)
   A. स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव B. व्यक्तियों का गौरव या प्रतिष्ठा
   C. बहुमत का शासन D. कानून के द्वारा समान व्यवहार
5. कई अध्ययन विवरण यह दर्शाते हैं कि प्रजातंत्र में राजनीतिक असमानता के लिए - ($AS_1$)
   A. प्रजातंत्र और विकास साथ-साथ होने चाहिए। B. प्रजातंत्र में असमानताएं उत्पन्न होती है।
   C. तानाशाही में असमानताएं उत्पन्न होती है। D. तानाशाही प्रजातंत्र से ज्यादा उत्तम है।

SCERT TELANGANA

6. यहाँ कुछ छः देशों के विषय में कुछ सूचनाएं दी गई है, दी गई सूचनाओं के आधार पर उन सूचनाओं को प्रत्येक देश के सामने लिखे - जैसे प्रजातांत्रिक, अप्रजातांत्रिक निश्चित नही है। ($AS_1$)

**देश A:** जो लोग देश का अधिकृत सरकारी धर्म स्वीकार नही करते है तो उन्हें मत देने का अधिकार नही देना चाहिए ।

**देश B:** केवल एक दल पिछले बीस वर्षो से चुनाव जीत रहा है।

**देश C:** सत्ताधारी दल पिछले उपचुनावों में हार चुका है।

**देश D:** संसद देश की सेना के लिए सेना के प्रमुख की स्वीकृति के बिना कोई कानून पारित नही कर सकती है ।

**देश E:** संसद न्यायपालिका की शक्तियो में कमी करने के लिए कानून पारित नहीं कर सकती है।

**देश F:** देश के सभी प्रमुख आर्थिक निर्णय के लिए सेंट्रल बैंक के अधिकारियों द्वारा लिये जाते है जिसे मंत्री भी परिवर्तित नही कर सकते हैं ।

7. निम्न प्रत्येक कथनों में से एक प्रजातांत्रिक और अप्रजातांत्रिक तत्व है प्रत्येक कथन के लिए दो कथन अलग से लिखिए । ($AS_1$)

   A. एक मंत्री का यह कहना था कि विश्व व्यापार संगठन के द्वारा निश्चित किये गये कुछ नियमों को लागू करने के लिए संसद द्वारा कुछ कानून पारित करने चाहिए ।

   B. चुनाव आयोग ने यह आदेश दिया था कि ऐसे चुनाव क्षेत्रो में दुबारा मतदान किया जाये जहाँ पर काफी अनियमितताएं हुई है ।

   C. संसद में अब तक महिलाओं 10 प्रतिशत से अधिक नही पहुँचा है । इसकी वजह से महिला संगठनों ने यह मांग रखी है कि महिलाओं के लिए कुल स्थानों में से एक तिहाई स्थान सुरक्षित रखे जाये।

8. निम्न तर्कों में प्रजातंत्र के विरुद्ध तर्क है उनके प्रति अपनी प्रतिक्रिया लिखिए । ($AS_4$)

   A. देश की सेना सबसे अधिक अनुशासित एवं भ्रष्टाचार से मुक्त संगठन है। इसलिए सेना को देश पर शासन करना चाहिए ।

   B. बहुमत के शासन का यह अर्थ है कि शासन से अनभिज्ञ व्यक्तियों का शासन के लिए आवश्यक है कि बुद्धिमान लोगों को शासन भले ही उनकी संख्या कम हो ।

   C. यदि हम चाहते हैं कि धार्मिक मामलों के लिए धार्मिक नेताओं की सलाह ली जाये तो हमे नीति नितिनिर्धारण के लिए सलाह लेनी चाहिए। देश पर धार्मिक नेताओ के द्वारा शासन किया जाना चाहिए।

9. विश्व मानचित्र में इन देशों को दर्शाइए। ($AS_5$)

   क. श्रीलंका ख. बेल्जियम ग. रूस घ. संयुक्त राज्य अमेरिका

10. 'नागरिक का सम्मान और स्वतंत्रता' का भाग पढ़िए और निम्न प्रश्नों क उत्तर दीजिए। लोकतांत्रिक देश में नागरिक का सम्मान और स्वतंत्रका के बारे में लिखिए। ($AS_2$)

11. लोगों के लोकतंत्र के लिए संघर्ष करने के क्या कारण हैं? ($AS_1$)

12. हमारी पाठशाला में प्रजातंत्र के अमलीकरण के कुछ उदाहरण दीजिए। ($AS_6$)

## परियोजना कार्य

अपने अध्यापक की सहायता से अपनी कक्षा के लिए एक प्रतिनिधि मतदान द्वारा नियुक्त कीजिए।

SCERT TELANGANA

अध्याय
# 20 मानव अधिकार और मौलिक अधिकार

पिछले अध्यायों में हम कई लोगों द्वारा किए गए संघर्षों के बारे में पढ चुके हैं, जिसमें अन्य लोगों के समान वे भी समानता चाहते थे। आज भी स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भी पूर्ण रूप से पक्षपात समाप्त नही हो पाया। भारतीय संविधान निर्माता शायद यह भली भाँति जानते थे कि सभी प्रकार के भेद-भावों को मिटा सकना इतना आसान नही है और इसलिए ऐसा संविधान विकसित किया जिसके द्वारा समूज की विभिन्न आवश्यकताएँ और लक्ष्य के लिए कानून अनुमति दे। संविधान ने समाज को संविधान के प्रारूप में लिखी सूची पर सोचने के लिए बाधित किया। कोई भी कानून जो प्रारूप का अपमान करता है उसे रद्द कर दिया गया।

- पिछले वर्ष पढे हुए संविधान के चार प्रमुख विशेषताओं को लिखिए।

## अधिकार क्या है?

अधिकार व्यक्तियों की उचित माँगे हैं। यह माँगे कानून द्वारा सुरक्षित है। हम सभी प्रसन्नतापूर्वक, बिना हीनता के जीना चाहते हैं। उसी के साथ-साथ यह हमारा उत्तरदायित्व होता है कि दूसरों को भी हम अधिकारों का उपभोग करने दे। आपके अधिकार इस उत्तरदायित्व के साथ मिलते हैं कि दूसरे व्यक्ति के अधिकारों को सुरक्षा और मान्यता दी जाए।


समानता के अधिकार के भाव बदलते रहते है। हमने कही यह देखा है कि सभी समयों पर प्रत्येक के साथ समान व्यवहार नहीं किया जाता था। कले लोगों के साथ गुलामों का व्यवहार किया जाता था। महिलाओं को संपत्ति का अधिकार या अन्य नही दिए जाते थे। परन्तु आज हमें इन्हें अन्याय और व्यक्ति के अधिकारों का शोषण मानते हैं।

प्रजातांत्रिक व्यवस्था में अधिकार भी महत्वपूर्ण संदर्भ रखते हैं। प्रजातांत्रिक व्यवस्था सभी के लिए आधार तैयार करती है। यह लोगों को विचार व्यक्त करने की अनुमति देती है और चयन का अधिकार भी लोगों के विश्वानुसार वे उनके प्रतिनिधि भी बना सकते है। इसी चयन को मत कहते हैं।

प्रजातंत्र केवल बहुसंख्यकों की ही नही बल्कि अल्पसंख्यकों के भी सुरक्षा देता है। प्रजातंत्र बहुसंख्यक और अल्पसंख्यकों को समान स्तर पर रखती है। भारतीय संविधान जाति, वर्ग, लिंग, धर्म और परम्परा में बिना भेद-भाव किए सुरक्षा प्रदान करता है। कुछ अधिकार ऐसे हैं जो व्यक्तिगत स्तर पर मौलिकता को संविधान में कानून के रूप स्थान दिया गया है। उन्हें मौलिक अधिकार कहते हैं।

यह अधिकार इतने महत्वपूर्ण अधिकार हैं कि विश्व के प्रजातांत्रिक राष्ट्रों ने इसे व्यक्त किया है और संयुक्त राष्ट्र संघ ने नियमों का निर्धारण किया और सर्वव्यापक मानव अधिकार घोषणा एक ऐसा दस्तावेज पत्र था जिसे कई आधुनिक राज्यों ने विशेष मान्यता दी और जितने भी मानव अधिकार दर्शाए गए उन्हें लागू करने का प्रयास किया।

SCERT TELANGANA




*चित्र.20.1: मौलिक अधिकार*

## भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार

भारतीय संविधान मे मौलिक अधिकारों को तृतीय भाग मिला। यह अधिकार लोगों को दमनकारी सरकार से सुरक्षित रखते है और सरकार पर कुछ कर्तव्य थोपे जाते हैं। वे अधिक महत्वपूर्ण होते हैं कि यदि सरकार द्वारा उसका उल्लंघन किए जाने पर कोई भी व्यक्ति निचली अदालतों की अपेक्षा सीधे उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय जा सकता है। कानून एक ऐसा अधिकार है जो अदालत को दिया गया है,जो सरकार को कई संवैधानिक अधिकारों को सुरक्षा या लागू करने का अधिकार देता है। न्यायपालिका को स्वाभाविक शक्ति है कि मौलिक अधिकारों के उल्लंघन की जानकारी मिलने पर न्यायपालिका मुकदमा स्वप्रेरणा (*sue motu*) ला सकती है।

## समानता का अधिकार

भारतीय संविधान समानता के अधिकार को सुरक्षा की गारंटी देता है। इसके अंतर्गत प्रमुख निम्न अधिकार आते हैं :

### 1. कानून की सुरक्षा में समानता

संविधान कहता है कि सरकार कानून के समक्ष किसी भी व्यक्ति की समानता या कानूनी सुरक्षा को नही छीन सकती है। इसका अर्थ है कि कानून सभी के लिए समान है, व्यक्ति की आय, स्तर या ऐतिहासिक आधार को कोई मान्यता नही दी जाती है। इसे कानून का शासन कहते हैं।

समानता का अधिकार सभी नागरिकों को देश के कानून द्वारा सुरक्षा की गारंटी देता है, चाहे वह कोई साधारण नागरिक, मंत्री, सरकारी अधिकारी या छोटा किसान ही क्यों न हो। सभी समान कानून के अधीन है। इसका अर्थ है कि राष्ट्र किसी के विरोध में भेद भाव और न ही किसी के साथ आत्मीय व्यवहार किसी भी भारतीय नागरिक के साथ जाति, कुल, संख्या, रंग,लिंग, धर्म, कार्यालय या जन्म स्थान के अनुसार भेद-भाव नहीं कर सकता।

प्रधानमंत्री को भी कानून की अदालत में आरोप लगाया जा सकता है और अपराध के आरोप में उन्हें भी साधारण व्यक्ति के समान न्यायपालिका मे प्रस्तुत होना पडता है उसे भी अन्य व्यक्ति के

SCERT TELANGANA

समान दंड दिया जाता है। किसी को भी कोई विशेष व्यवहार, स्त्री,पुरुष या ऐतिहासिक आधार पर नहीं दिया जाता है।

समानता का अधिकार न केवल सभाओं द्वारा पारित पक्षपाती कानून का विरोध करता है लेकिन कार्यपालिका द्वारा सोच समझ कर किए जाने वाले नियम विरुद्ध कार्यो पर भी रोक लगाता है। आधुनिक राष्ट्रों में सरकार की कार्यपालिका अधिक अधिकार युक्त है, स्थानीय सरकार द्वारा बनाए गए कानून, नियम, अधिनियम अन्य कार्यों के संदर्भ में। पक्षपात नीति की विरोधी होती है। उदाहरण के लिए व्यापार एवं व्यवसाय के लिए दिये जाने वाले अनुमति पत्र अयोग्य लाइसेंस न्याय संगत नही माना जाएगा लेकिन कानून और नियम को सैद्धांतिक आधार पर शर्तों पर लिखा जाना चाहिए, जिसके अनुसार एक लाइसेंस अधिकारी लाईसेंस प्रदान कर सके ।

**2. सामाजिक समानता**

इस अधिकार की दूसरी विशेषता सामाजिक समानता है। इनमें से किसी के आधार पर वंश, जाति, लिंग और जन्म स्थान के आधार पर किसी के साथ भेद भाव नही किया जा सकता है। इस प्रकार किसी भी तरह से किसी भी नागरिक को दुकान, सार्वजनिक होटल या कुएं, तालाब, सडक या जन उद्यान जो आंशिक या पूर्णतः सरकार द्वारा संचालित हो , उन सभी का उपयोग करने पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता । इस अधिनियम की यह विशेषता है कि राज्यों द्वारा धर्म, जाति , वंश या लिंग के आधार पर की  गई पक्षपात नीति का विरोध करता है।

इस अधिकार को लागू करने में दो महत्वपूर्ण आशाएँ जागृत होती हैं। इसमें से पहला महिला एवं बच्चों केलाभ के लिए विशेष कानून बनाने का अधिकार दूसरा पिछडी जाति, जनजाति या गिरिजन वर्ग के सामाजिक एवं शैक्षणिक उन्नति के लिए राष्ट्र को कोई भी सुविधा उपलब्ध कराने का अधिकार प्राप्त होता है। यह विशेष सुविधा समुदाय के द्वारा विशाल एवं दीर्घ रुचि के अनुसार महिलाओं  और बच्चों के लिए दी जाती है। इस अधिकार के अनुसार भी संयुक्त परिवार में संपत्ति देने के समर्थन में से अंश पाने का अधिकार देता है।

इस प्रकार संविधान में इस प्रकार की पक्षपात नीति को प्रतिक्रिया से शैक्षणिक संस्थाओं में सीटों के लिए आरक्षण और जनसेवा क्षेत्र में नियुक्ति एवं पद का आरक्षण भी किया जाता है। इस प्रकार के आरक्षण जनता, सामान्य जनता और राष्ट्र में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं । उदाहरण के लिए मेडिकल कालेज में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को प्रवेश पाने में आरक्षण दिया जाता है। आधुनिक राज्य सरकारे अपने कार्यकारी विस्तृत शक्तियों के आधार पर विभिन्न नियमों व उपनियमों के आधार पर इसके आचरण के लिये कटिबद्ध है ।

**3. अवसरों की समानता**

संविधान सभी नागरिकों को राष्ट्रीय कार्यालय में रोजगार एवं नियुक्ति पाने की गारंटी देता है। किसी भी नागरिक के साथ धर्म, जाति, वंश, लिंग, पैतृक, जन्म स्थान, निवास स्थान के स्तर पर राष्ट्र में रोजगार पाने के अवसर का समर्थन या पक्षपात नही किया जा सकता है।



SCERT TELANGANA

इस अधिकार में महत्वपूर्ण विस्तार यह हुआ कि राज्य सरकारें यह सुनिश्चित करे कि राजकीय पदों पर पिछडी, दलित जातियों को समूचित आरक्षण मिले व उनके सामाजिक स्तर में वृद्धि हो ।

### 4. अस्पृश्यता निवारण

संविधान के अस्पृश्यता को समाप्त करने के लिए इसके प्रकार के किसी कार्यो को अनुमति नही देता है। अस्पृश्यता प्रथा एक अपराध है और कोई भी व्यक्ति को ऐसा करने पर उसे दंड के रूप में जेल भी भेजा जा सकता है। नागरिक अधिकार नियम की सुरक्षा के अंतर्गत यदि किसी व्यक्ति को पूजा स्थलों पर जाने से रोका जाय या तालाब या कुएँ से पानी लेने से मना किया जाये तो उसे दंडित किया जाता है।

### 5. उपाधियों का समापन

अभिजात वर्ग व सेवावगीय धनी परिवारों की निरंकुशता एवं असमान वर्गीकरण को समाप्त करने के लिए एवं असमान वर्गीकरण को समाप्त करने के लिए दूसरा मार्ग संविधान किसी भी उपाधि को प्रदान करने पर रोक लगाता है। भारत में अंग्रेज सरकार ने रायबहादुर एवं खान बहादूर नामक कुलीन उपाधियों प्रदान की । यह उपाधियाँ भी समाप्त कर दी गई । भारतीय नागरिक विदेशियों द्वारा दी गई उपाधियों को अपना नही सकते सैन्य एवं शैक्षणिक पद जो भारतीय नागरिकों को दिया गया। कोई भी व्यक्ति भारत रत्न और पद्मविभूषण जैसी उपाधियों को ग्रहण कर सकता है और अवसर अनुसार संविधान इस पर रोक भी लगा सकता है।

- संविधान में समानता के अधिकार का निर्धारण कैसे किया है? उदाहरण दीजिए ।
- यदि आप सोंचते हैं कि निम्न सभी मौलिक समानता के अधिकार का उल्लंघन करते है तो चर्चा कीजिए । अगर आप इसे संविधैनिक स्तर पर उचित या अनुचित मानते है तो इस पर भी चर्चा कीजिए ।
  - सरकारी नलो से पानी भरते समय एक व्यक्ति का बर्तन दूसरे व्यक्ति के बर्तन से टकरा जाने पर आपत्ति होती थी ।
  - कुछ समुदायों को गाँव के कुछ भागों में रहने की अनुमति नही दी जाती थी बल्कि उन्हें बाहरी क्षेत्रो में रहना पडता था।
  - कुछ बच्चों को कुछ विद्यालयों में विशेष जाति के होने के कारण पानी पिलाने की अनुमति नही दी जाती थी ।
  - कुछ समुदाय के लोग पूजा स्थलों पर नही जाते थे क्योंकि उन्हें दुर्व्यवहार और पीटे जाने का भय होता था ।
- यदि संविधान में समानता का अधिकार नही होता तो क्या होता ? चर्चा कीजिए ।

SCERT TELANGANA

## स्वतंत्रता का अधिकार

भारतीय संविधान व्यक्तिगत अधिकार जो कि संवैधानिक निर्माताओं द्वारा मान्यता प्राप्त है इसकी गारंटी देता है। स्वतंत्रता का अधिकार निम्न छः स्वतंत्रताओं की गारंटी देता है।

1. **बोलने और विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता:** यह प्रति व्यक्ति को जन क्रियाओं में भाग लेने योग्य बनाता है। नागरिक अपने विचारों को कई प्रकारों से व्यक्त करने में स्वतंत्र है जैसे -सभाएं, प्रकाशन, नाटक, चित्रकारी आदि द्वारा यह अधिकार सीमित अधिकार है और जनआदेश, राष्ट्र की सुरक्षा, नैतिकता एवं सार्वजनिक वस्तुओं के आधार पर इसमें कटौती भी की जाती है। इसलिए चलचित्र सेन्सर बोर्ड द्वारा निदर्शित होते है जो भलमानसता, विनयशीलता और नैतिकता पर आधारित होते हैं ।

स्वतंत्र भाषण के लिए कई अधिनियम बनाए गए हैं । यद्यपि हमें भाषण की स्वतंत्रता प्राप्त है, इस अधिकार का उपयोग बिना विचार किए नही किया जा सकता। हमारा भाषण निंदात्मक,अनैतिक या अवैधानिक के भागों को प्रेरित करने वाला न हो ।

2. **निहत्थे, शांतिपूर्वक संगठित होने की स्वतंत्रता :** समप्रभुता एवं भारतीय एकता के हितों के आधार राष्ट्र इस पर उचित रोक लगा सकता है।

लोगों को एकत्रित होने या संगठित होने का अधिकार, कई कारणों जैसे अपने अधिकरों के लिए व्यापार एव समस्याओं पर चर्चा करने के लिए, विचारों के आदान-प्रदान और विचारों की भागीदारी के लिए सभा का आयोजन करने का अधिकार प्राप्त है।प्रत्येक व्यक्ति को शांतिपूर्वक प्रदर्शन, सार्वजनिक सभा एवं जुलूस निकालने का अधिकार है ।



*Fig. 20.2: A ralley*

इस अधिकार पर कुछ रोक लगाए गए हैं। उदाहरण के लिए बिना हथियार के कोई भी सभा का आयोजन किया जा सकता है। उसी प्रकार जुलूस निकालने या प्रदर्शन करने के पूर्व प्रशासनिक अनुमति लेना अनिवार्य होता है।

3. **संगठनों या संघों के निर्माण की स्वतंत्रता :** जनआदेश, प्रभुसंपन्नता एवं भारतीय एकता के संदर्भ में राष्ट्र, उचित रोक लगा सकता है।

जनता को विभिन्न संगठनों को स्थापित करने की स्वतंत्रता प्राप्त है। सांस्कृतिक समुह, व्यापारिक संगठन, व्यावसायिक संघ आदि। उदाहरण के लिए आपने सुना होगा कि कई कारखानों में श्रमिक संघ होते है। यह संघ समस्याओं पर चर्चा करने के लिए सभाओं का आयोजन करते हैं। वे कारखाने के अधिकारियों से मांग करते हैं। इस प्रकार संघ मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा करते हैं । सक्रीय कृषि श्रमिकों के संघ को मजदूर किसान संग्राम समिति कहते हैं,

SCERT TELANGANA

- आपके क्षेत्र में कौन से संघ हैं ?
- श्रमिक संघ क्यों बनाए जाते हैं ? वे किस प्रकार की समस्याओं का सामना करते हैं ?

4. **स्वतंत्रता पूर्वक घूमने का अधिकार :** कुछ उचित प्रतिबंद के साथ सारे भारतीय स्थानों मे यह अधिकार जनता के हित में लागू किया गया है, उदाहरण के लिए प्रवसन नियंत्रण के लिए उनके आवागमन या यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। कुछ देश की सरहदों के पास स्वतंत्र भ्रमण पर भी सरकार रोक लगाती है ताकि देश की सुरक्षा खतरे में न पडे ।

5. **भारत के किसी भी स्थान पर रहने और बसने का अधिकार :** यह विषय राष्ट्र द्वारा साधारण जनता की सुरक्षा करने योग्य है जैसे देश के निवासी और जनजाति को शोषण एवं जोर जबरदस्ती से बचाना, आदि पर उचित रोक द्वारा लागू किया जाता है।

- क्यो लोग देश के विभिन्न भागों में भ्रमण करना और रहना चाहते हैं ।
- जिन कर्मचारियों को शहरों में काम तो मिल जाता है परन्तु उचित रहने का स्थान नही मिलता । सरकार की उनके प्रति क्या जिम्मेदारी होती है।

6. **किसी भी व्यवसाय को अपनाना या किसी भी व्यापार एवं वाणिज्य को अपनाने का अधिकार :** इस पर देश ने उचित रोक जनता के हित में लगाई है। जैसे कि ऐसा व्यापार जो खतरनाक या अनैतिक हो उसे करने का अधिकार जनता को नहीं है। व्यवसाय कर्ता या तकनीकी योग्यता प्राप्त व्यक्ति कोई भी काम या व्यापार कर सकता है।

संविधान इन अधिकारों पर भी रोक लगाता है । सरकार इन छः स्वतंत्रताओं पर भारत की स्वतंत्रता, प्रभुत्व संपन्नता और एकता के आधार पर रोक लगाता है। नैतिकता एवं जन आदेशों हित सरकार इन पर रोक लगा सकती है। ये छः स्वतंत्रताएं अपने आप निषकासित या प्रतिबंधित कर दी जाती है, जब राज्य में आपातकालीन स्थिति लागू कर दी जाए । फिर भी जीवन का अधिकार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार निष्कासित नही किया जाता ।

सभी छः अधिकारो को निष्कासित किया जा सकता है, केवल जीवन व व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को निष्कासित नही किया जा सकता । चर्चा कीजिए ।

## 7. जीवन का अधिकार

संविधान जीवन के अधिकार एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है। इसके अंतर्गत-

अपराध के लिए दंड देने और सम्मान की सुरक्षा के लिए जीवन का अधिकार एवं वैयक्तिक स्वतंत्रता दी जाती है। किसी भी व्यक्ति को देश की न्यायपालिका द्वारा दी गई सजा से अधिक दंड देने का अधिकार नही होता है।

जीवन का अधिकार व्यक्तिक स्वतंत्रता की सुरक्षा व वैयक्तिक स्वतंत्रता के अधिकार को दर्शाता है। इसीलिए कोई भी नागरिक अपना जीवना एवं स्वतंत्रता को खत्म नही कर सकता, केवल कानून को छोड कर। इसका अर्थ है कि व्यक्ति का जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता केवल अपराध करने पर ही खतरे में पड सकती है। इसलिये इस प्रकार जो भी हो जीवन का अधिकार, मरने का अधिकार, आत्महत्या का अधिकार एक अपराध है।

2002 में प्राथमिक शिक्षा का अधिकार स्वतंत्रता का अधिकार का अंश बन गया , कहना है कि 6 से 14 वर्ष के बच्चे को निःशुल्क एवं अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा पाने की सुविधा देश प्रदान करे । अब यहाँ सरकार 6 से 14 वर्ष की आयु वाले निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है। सरकार के लिए यह आवश्यक हो गया है कि वह विद्यालय बनाए और अभिभावकों को उन्हें विद्यालय भेजने के लिए समझाए । यह अधिकार भी जोडा गया, क्योंकि सभी लोग अनुभव करने लगे कि सभी बच्चे पढने का अवसर प्राप्त कर सके। अपने आस-पास के विश्व को जाने, स्वयं को व्यक्त करने में कुशल हो और समाज में रचनात्मक योगदान दे और उनके भविष्य के लिए अनेक अवसर मिले।

- भाषण देने की स्वतंत्रता पर बने कानूनो के आधार पर अपने विचारानुसार एक वाद-विवाद आयोजित कीजिए।

1. किसी जाति समुह को चोट पहुंचाने के लिए लिखी गई पुस्तक ।
2. सभी चलचित्रों को सेन्सर बोर्ड से स्वीकृति लेनी पड़ती है।
3. 11:00 बजे रात्रि के बाद त्यौहारों और प्रार्थनाओं के समय किसी भी व्यक्ति को माइक्रोफोन उपयोग करने का आदेश न्यायापालिका देती है।

- आपको क्या याद है कि पुलिस और अदालत के मध्य क्या अंतर है?
- आपके क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के विद्यालय कौन-कौन से हैं? आप ऐसा क्यों सोचते हैं कि ये विभिन्न प्रकार के विद्यालय क्यों बनाए गए हैं ?

जीवन के अधिकार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार में साधारण स्थितियों में व्यक्ति के बंदी बनाए जाने के अधिकार की भी जानकारी दी गई है। किसी भी व्यक्ति को बंदी बनाए जाने के पीछे के कारणों को बताए बिना बंदी नहीं बनाया जा सकता है। यदि बंदी बनाया गया है दो उसे अपनी इच्छानुसार वकील का चुनाव कर मुकदमा लडने का अधिकार प्राप्त है।

## शोषण के विरुद्ध अधिकार

इस अधिकार के अंतर्गत सभी प्रकार के बलपूर्वक श्रम पर प्रतिबंध आता है।

आपने इतिहास के कुछ अध्यायों में वेट्टी, बेगार अर्थात अनैतिक कार्य करने पर विवश किया जाता था। यदि कोई भूपति या ठेकेदार बिना पारिश्रमिक के व्यक्ति को कार्य करने पर विवश करता है तो यह शोषण के विरुद्ध अधिकार का उल्लंघन करना होता है। ऐसा व्यक्ति न्यायालय में याचिका प्रस्तुत कर सकता है। उसी प्रकार यदि व्यक्ति को बंधुओ श्रमिक के रूप में कार्य करने के विवश किया जाये तो भी वह कानून का उल्लंघन है ।

## कारखानों में बालकों के रोजगार पर प्रतिबंध

संविधान कहता है कि 14 वर्ष से कम आयु वाला कोई भी बच्चा किसी कारखाने, खदान या खतरनाक रोजगार को नही कर सकता । उसके अनुसार कानून बच्चों को दियासलाई, बीडी और कारपेट या छपाई एवं रंगाई आदि के कार्यो को करने से मना करता है।

- क्या आप सोच सकते हैं कि आपके क्षेत्र के गाँव और शहर में ऐसे बच्चों को यह अधिकार प्राप्त है?
- अध्यापक की सहायता से अपने प्रदेश के निम्नतर वेतन के बारे में जानिए ।

SCERT TELANGANA

## धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

प्रत्येक व्यक्ति अपनी इच्छानुसार किसी भी धार्मिक क्रिया को अपना सकता है। व्यक्तिगत रूप से किसी भी व्यक्ति को अपने धार्मिक कार्यो को करने से कोई नही रोक सकता । इसका अर्थ यह भी है कि वह अपने धर्म निरपेक्षता को संरक्षण देता है। उदाहरण के लिए कई समुदायों में लडकी के जन्म के साथ ही उसको मार दिया जाता था। अगर कोई यह विवाद खडा करता था कि धार्मिक प्रथा के अनुसार उनकी लडकी को मार दिया गया है तो इसे नही माना जाता था । धर्म के नाम पर बालिका की हत्या करना अपराध माना जाता है। उसी प्रकार धार्मिक स्वतंत्रता के नाम पर सती प्रथा को भी मान्यता नही दी जा सकती ।



*Fig. 20.3: पूजा के स्थान और विभिन्न धर्मों के लोग*

संविधान के अनुसार सरकार का अपना कोई धर्म नही है। वह सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार करती है, जैसे पहले बताया जा चुका है। प्रारूप में दिए गए शब्द भारत धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है का यही अर्थ है।

- किस प्रकार सती प्रथा कानून का उल्लंघन करती है?
- क्या अपने अभिभावको के धर्म को ही मानना व्यक्ति के लिए अनिवार्य होता है।

## सांस्कृतिक व शैक्षणिक अधिकार

संविधान कहता है कि संभी अल्पसंख्यक चाहे वे भाषा या धर्म पर आधारित क्यों न हो, अपनी इच्छानुसार उन्हें शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना एवं प्रशासन का अधिकार प्राप्त है।

अल्पसंख्यकों को भाषा एवं धर्म के आधार पर गिना जाता है। किसी भी प्रकार से अल्पसंख्याक अपने निवास स्थान पर निर्भर करते हैं । उदाहरण के लिए तेलुगू भाषी अधिकतर आन्ध्र प्रदेश में बहुमत में है लेकिन पश्चिम बंगाल में वे अल्पसंख्या में होते हैं। पंजाब सिक्खों के बहुमत का क्षेत्र है परन्तु आंध्र प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा आदि में वे अल्प संख्यक हैं ।

उन्हें संस्थाओं की स्थापना और उन्हें चलाने का अधिकार प्राप्त होता है, जिससे वे अपनी संस्कृति और भाषा की सुरक्षा कर सके । उदाहरण के लिए तेलांगाणा में कन्नड भाषी कन्नड के माध्यम के विद्यालय चलाना चाहते हैं, जिससे वे अपनी संस्कृत और भाषा की सुरक्षा कर सके तो उन्हें कोई रोक नही सकता।

यदि वे अन्य शर्तो को पूरा करते हैं तो सरकार को भी उन्ही मान्यता और अनुदान देना पडता है। उपरोक्त उदाहरण के अनुसार अगर इस प्रकार के विद्यालय तेलंगाना प्रादेशिक बोर्ड को तथा उसकी शर्तो को पूरी करता है, तब अन्य सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के समान इस विद्यालय को भी अनुदान प्रादेशिक सरकार देती है।

SCERT TELANGANA

## संवैधानिक सुधार का अधिकार

यह भी बताया गया है कि यह अधिकार इतने अधिक महत्वपूर्ण होते हैं कि यदि संविधान द्वारा दिये गए मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है तो वह व्यक्ति उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय भी जा सकता है। जब इस प्रकार अधिकारों का उल्लंघन किय जाता है तो अदालत द्वारा उन्हें पुनः सुरक्षा एक विशेष निर्देश या आदेश के द्वारा दी जाती है। यह सरकार का उत्तरदायित्व होता है कि वह व्यक्ति के मौलिक अधिकारों के शोषण के विरुद्द सुरक्षा प्रदान करे। यदि सरकार इसे कर पाने में असफल होती है तो उसके विरुद्ध मुकदमा चलाया जा सकता है।

कई बार दरिद्र एवं औसतन वर्गीय समाज के लोग अदालत तक नहीं पहुँच पाते हैं। जबकि उनके अधिकारों का शोषण भी हो जाए। अदालतों ने इन अधिकारों को अर्थ पूर्ण बनाने के लिए पुनरावलोकन के द्वारा अदालत लोगों को पब्लिक इन्टरेस्ट लिटिगेशन या पीटीएल द्वारा प्रोत्साहित करती है। यह इसलिए कि यदि कुछ लोगों के समूह के अधिकारों को अस्वीकृत किया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत स्तर पर मुकदमा दायर नही करना पडता है। कोई एक व्यक्ति (या संस्था) सरकार के विरुद्ध इस समुह के हित में मुकदमा दायर कर सकते है। इस प्राकर के मुकदमे पीटीएल कहलाते हैं। अब इसके विस्तार में अन्य जनता के हित की सुविधाएं जैसे वातावरणीय विषम पारदर्शिता और सरकार की जांच करना,बंदियों के साथ किया जाने वाला व्यवहार आदि।

### पीटीएल का एक उदाहरण

यदि सरकार नदी पर बाँध बनाने का निर्णय लेती है। मान लीजिए वहाँ 50 हजार किसानों के खेत बाँध बनाए जान पर बाढग्रस्त हो जाते है। वे अपनी भूमि और जीविको साधन खो देगी। इसका उनके जीवन स्तर पर गहरा प्रभाव पडेगा। यह उनके मौलिक अधिकारों का शोषण कहलाता है, जैसे जीवन की स्वतंत्रता, देश के किसी भी भाग में रहने की स्वतंत्रता या अपनी पसंद की कोई भी व्यवसाय को अपनाना। इस स्थिति में ऐसे लोगों का मुकदमा सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल किया जा सकता है,जहाँ उनके मौलिक अधिकारों की सुरक्षा हो सके। 50,000 लोगों के लिए एक ही मुकदमा दायर किया जा सकता है।

## मौलिक अधिकारों का भविष्य

संविधान द्वारा दिये गये मौलिक अधिकारों में समय के साथ संशोधन भी किया जाता है। अधिकतर इनमें नए अधिकार जोडे जाते हैं जैसे शिक्षा के अधिकार की हमने पहले चर्चा की थी कि प्रत्येक अधिकार संविधान में मौलिक अधिकार नही होता है। संसद द्वारा इसे बदलाव किया जाता है। या सर्वोच्च न्यायालय यह न्याय सुनाती है कि उस विशेष अधिकार के अर्थ में विस्तार किया जाय। उदाहरण के लिए भोजन का अधिकार विस्तार जीवन का अधिकार के रूप में किया गया

## अन्य संस्थाएं एवं अधिकार

वैश्विक स्तर पर अधिकार के विचार से लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है। इंग्लैंड के मगना कर्ता और फ्रांसिसी क्रांति जहाँ व्यक्ति एवं नागरिक के अधिकारों की घोषणा की गई थी, का अनुकरण ही अधिकार है। विश्व युद्धों के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना इस उद्येश्य से की गई




*Fig. 20.4 : बाल अधिकार का पोस्टर*

है कि अब विश्व में कोई महायुद्ध नही होगा । संयुक्त राष्ट्र संघ ने संसार के विभिन्न नौ राष्ट्रों से जिन्होंने 30 अधिनियम बनाए थे, उन लोगों के समुह के साथ हस्ताक्षर किये । 1948 में साधारण सभा ने इसे पारित किया और यह सर्वव्यापक मानव अधिकारों की घोषणा कहलाया । संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर पर जिसने हस्ताक्षर किये वे उसके सदस्य कहलाए और कुछ कानूनी आधार पर यह अधिकार प्राप्त हुए । यह कानूनी विवशता नही होते हुई भी इन अधिकारों का उल्लंघन किया जाये द्वारा अस्वीकार्य पर विचार तथा कोई मामलों में अन्य देशों द्वारा प्रतिबंधों को आमंत्रित करता है ।

## मानव अधिकार आयोग

संयुक्त राष्ट्र संघ लोगो के मूलभूत अधिकारों की सुरक्षा करता है और इसे प्रोत्साहित करने के लिए अन्य सदस्य देशों को भी कहा जाता है। 1993 में भारतीय सरकार ने परिषद में मानव अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक अधिनियम पारित किया। मानव अधिकारों के लिए एक आयोग का गठन किया गया उसे राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग कहा जाता है। संपूर्ण देश में विस्तृत करने के लिए आयोग दीवानी अदालतो को अधिकार देती है। सरकार को अन्य संस्थाएं भी इन्हें चलाने और अधिकारों के उल्लंघन की स्थिति को जानने के लिए स्थापित करना पडता है। इस प्रकार हमारे पास विभिन्न संस्थाएं है जैसे महिलाओं के लिए राष्ट्रीय आयोग, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग और प्रांतीय मानव अधिकार आयोग ।



*मानव अधिकार का चिह्न*
*(संयुक्त राष्ट्र)*

NHRC को जानकारी पाने का अधिकार होता है। suo motu मुकदमा स्व प्रेरणा या किसी प्रार्थी द्वारा किसी और के लिए। यदि न्यायपालिका में कोई मुकदमा कई दिनों से ऐसे ही दायर किया हुआ हो तो न्यायपालिका की अनुमति प्राप्त करके यह आयोग हस्तक्षेप कर सकता है। यह संविधान द्वारा दिये गये मानव अधिकारों की सुरक्षा के लिए नए कानून बना सकता है या उसका पुनःनिरीक्षण भी कर सकता है।

अंतराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने एक संस्थागत समिति मानव अधिकार के लिए स्थापित की है जो अंतर्राष्ट्रीय विषयों के उल्लंघनों को सुलझाती है।

SCERT TELANGANA

## मानव अधिकारों का उल्लंघन

पुलिस का आधिपत्य, गैरकानूनी ढंग से बंदी बनाना, सूचना देने का अधिकार में आना कानी करना,भ्रष्टाचार , लैंगिक हनन और महिलाओं के साथ बलात्कार, अपराध के संबंध में की जाने वाला जाँच मे विलम्ब बालिकाओं की हत्या धन के लिए अपहरम महिला बच्चे एवं श्रमिक वर्ग की दुर्दशा, परिवार में महिलाओं के साथ पक्षपात नीति घरेलू नौकरों के साथ कठोर व्यवहार आदि कुछ कानून का उल्लंघन माना जाता है। यह सभी उल्लंघन इसलिए बिना जाँच के रह जाते हैं, क्योकि लोग उनके मानव अधिकारों के बारे में जानते ही नही है । मानव अधिकारों की सुरक्षा करने का कार्य राष्ट्र का होता है। किसी भी प्रकार के उल्लंघन की शिकायते भी प्रान्तीय या राष्ट्रीय आयोग में ही की जाती है ।

- क्या आपके प्रान्त में प्रान्तीय मानव अधिकार आयोग है? उनके कार्यों की जानकारी प्राप्त कीजिए ।
- कुछ कानून उल्लंघन के उदाहरण दीजिए ।
- यदि आपक आपके क्षेत्र में किए गए मानव अधिकार का उल्लंघन को जानते हैं तो एनएचआरसी को एक याचिका लिखिए ।

### मौलिक अधिकार

जिस प्रकार हमें अधिकार दिए गए है उसी प्रकार हमारे कुछ उत्तरदायित्व भी होते है । यह उत्तरदायित्व उन लोगो के प्रति होना है जो हमारे आस-पास रहते हैं ।

"भारत के प्रत्येक नागरिक के यह कर्तव्य होते हैं :

क. राष्ट्रीय गान या राष्ट्रीय पताका को कोई अपमानित न करे ।

ख. उन प्रसिद्ध नेताओं की प्रसिद्धि के लिए जिन्होंने राष्ट्रीय संघर्ष कर स्वतंत्रता दिलाई, उनका अनुकरण करे ।

ग. भारत की एकता एवं प्रभुसंपन्नता को बनाए रखे।

घ. देश की सुरक्षा करें ।

ड. विभिन्न भाषा एवं धर्म के लोगो में शान्ति एवं संपन्नता लाए और महिलाओं का आदर करे ।

च. वातावरणीय सुरक्षा एवं विकास में अपना योगदान प्रदान करें ।

छ. हमारी मिश्रित सभ्यता एवं संस्कृति के मूल्यों को सुरक्षित रखे ।

ज. वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानवता और जिज्ञासा एवं जागृति को विकसित करे ।

झ. जन संपत्ति की सुरक्षा करे ।

ञ. सभी क्षेत्रों में कुशलता प्राप्त करे ।

ट. अपने बच्चों को शिक्षित करे ।

### मुख्य शब्द

1. मौलिक अधिकार
2.मानव अधिकार
3. मुकद्दमा विवाद
4. उपाधियाँ
5. मनमना

SCERT TELANGANA

## शिक्षा में सुधार

1. मौलिक अधिकारों को लागू किए जाने में कौन सा निम्न विशेष उदाहरण नहीं है? ($AS_1$)

   क. बिहार के कर्मचारी, पंजाब के खेतों में काम करने जाते हैं ।

   ख. धार्मिक अल्पसंख्यकों द्वारा विद्यालयों की श्रृंखला स्थापित करना ।

   ग. महिला एवं पुरुष सरकारी नियोक्ता को समान वेतन मिलता है।

   घ. अभिभावकों की संपत्ति पर उनकी संतान का अधिकार होता है।

2. निम्न में से कौन सी स्वतंत्रता भारतीय नागरिक को प्राप्त नही है। ($AS_1$)

   क. सरकार की निंदा करने की स्वतंत्रता

   ख . सैन्य विद्रोहों में भाग लेने की स्वतंत्रता

   ग. सरकार को बदलने के लिए आंदोलन को चलाने की स्वतंत्रता

   घ. संविधान के केन्द्रीय मूल्यों को बदलने की स्वतंत्रता ।

3. इन कथनों में से प्रजातंत्र और अधिकारों के मध्य संबंधों को मान्यता प्राप्त है? अपने विचारों से कारण बताईए। ($AS_1$)

   क. प्रत्येक प्रजातंत्र देश अपने नागरिकों को अधिकार देता है।

   ख. प्रत्येक वह देश जो अपने नागरिकों को अधिकार देता है वहाँ प्रजातंत्र है।

   ग. अधिकार देना अच्छी बात है, परन्तु यह प्रजातंत्र के लिए आवश्यक नही है।

4. स्वतंत्रता के अधिकार पर लगाए गए प्रतिबंध क्या न्यायोचित है? आपके उत्तर के लिए कारण दीजिए। ($AS_2$)

   क. सुरक्षा के कारण से भारतीय नागरिक को देश के सीमांत क्षेत्र में जाने के लिए अनुमति की आवश्यकता है।

   ख. बाहरी लोगों को कुछ क्षेत्रों में संपत्ति खरीदने का अधिकार वहाँ रहने वाले लोगों की रुचि में नही होती।

   ग. सरकार उन पुस्तकों के प्रकाशन पर रोक लगा देती है जो सत्ताधारी दल के विरूद्ध में अगले चुनाव के लिए किया जाता है।

5. इस अध्याय एवं पिछले अध्याय को देखिए और संविधान के छः मौलिक अधिकारों की सूची बनाइए। ($AS_1$)

6. प्रत्येक निम्न कारणों के कारण क्या मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया जाता है ? यदि हाँ तो कौन सा मौलिक अधिकार या अन्य अधिकार ? आपके सहपाठियों से चर्चा कीजिए । ($AS_1$)

SCERT TELANGANA

क. यदि किसी व्यक्ति को बताए बिना किस कानून को तोडने के अपराध में उसे ४ दिन से जेल में रखा गया है ।

ख. यदि आपके पडोसी आपकी भूमि पर अधिकार पाना चाहते हैं ।

ग. मान लीजिए आपके अभिभावक आपको विद्यालय नही भेजना चाहते है । उसके स्थान पर वे आपसे दियासलाई के कारखाने में काम करवाना चाहते है, क्योकि वे आपको उपयुक्त आहार उपलब्ध कराने मेंअसमर्थ है।

घ. मान लीजिए कि आपका भाई आपको आपकी पैत्रिक संपत्ति का हिस्सा न दे तो आप क्या करेंगे?

7. मान लीजिए आप एक वकील हैं। आप निम्न कारणों से आये लोगों की दलील किस प्रकार से प्रस्तुत करेंगे। ($AS_4$)

हमारे क्षेत्र की नदी कारखानों के धूएँ से, अवशिष्ट से प्रदूषित हो रही है । जिससे गाँव के लोग बीमार हो रहे है, प्रदूषित जल के विषय में हमने सरकार से शिकायत की । परंतु सरकार की ओर से कोंी कदम नहीं उठाये गये यह हमारे मौलिक अधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है ।

8. 'उपाधियाँ का समापन' नामक शीर्षक वाला विषय पढ़कर इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। ($AS_2$)

उपाधि प्राप्त व्यक्ति उसको अपनी-उपाधि के शीर्ष के रूप में न मानों क्यों?

9. कभी आप के संग किसी अधिकार का उल्लंघन हुआ हो तो उस पर टिप्पणी कीजिए। ($AS_6$)

## परियोजना कार्य

1. किसी सीनियर वकील को अपनी कक्षामें बुलाइए और उससे साक्षात्कार लेकर निम्न जानकारी प्राप्त कीजिए।
   - मौलिक अधिकारों का हनन और परिणाम
   - बाल अधिकार का हनन
   - लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए संघर्ष का तरीका
   - अन्य कोई समस्या जो मौलिक अधिकारों से संबंधित हो

SCERT TELANGANA

अध्याय 21

# महिला सुरक्षा अधिनियम

- *क्या आपने कभी बाल विवाह देखें है?*
- *क्या आपने कभी बालिकाओं और महिलाओं पर होते अत्याचार और हिंसा देखी है?*
- *क्या आपने कभी घरेलू हिंसा एवं नित्य जीवन में किसी को महिलाओं को डराते धमकाते देखा है?*
- *हम महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति होती हुई इस हिंसा को कैसे रोक सकते हैं?*

सारी दुनिया में लड़कियों और महिलाओं को छेड़-छाड़ और प्रताड़ना और हिंसा का सामना करना पड़ता है। इसका प्रभाव उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। अधिकतर महिलाएं आजादी से घूमने फिरने का साहस नहीं कर सकती, इसलिए लड़कियाँ भी विद्यालय जाने से संकोच करती हैं। शाब्दिक छेड़छाड उत्पीड़न और अपमान हमारे जीवन में जैसे सामान्य घटनाएं हैं। ऐसे समाचार हम प्रायः समाचार पत्र और दूरदर्शन में देखते हैं। इस तरह की घटनाएँ बाल और महिला अधिकारों का उल्लंघन है।

यद्यपि केन्द्रिय और राज्य सरकारों ने इन अधिकारों के उल्लंघन की रोकथाम के लिए कई कानूनों का निर्माण किया है किन्तु समस्या यह है कि सामान्य जनता इन कानूनों के प्रति जागृत नहीं है, यहाँ तक कि हिंसा के शिकार लोग भी यह नहीं जानते कि किससे शिकायत की जाए या मदद ली जाए।

लड़कियाँ जो भविष्य की महिला होती हैं, इन कानूनों के प्रति जागृत होना चाहिए। इस तरह वे दुर्व्यवहार व हिंसा से सुरक्षित रह सकती हैं।

लड़कियों और महिलाओं के लिए क्या कोई ऐसा तंत्र जो इनकी परेशानियों को गुप्त रुप से सुलझा सके। यदि है तो कहाँ और कैसे ?

इस अध्याय में चर्चा करते हैं।

विश्व भर में बच्चों और महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन अभी भी निरंतर चल रहा है। इस कारण बाल और मलिहा सुरक्षा कानून अस्तित्व में आये हैं। ये एक्ट हैं- 1. बाल विवाह प्रतिबंध अधिनियम-2006, अवैध व्याभिचार (रोकथाम) अधिनियम-1956, 3. दहेज प्रतिबंध अधिनियम-1961, 4. लैंकिक उत्पीड़न से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम (POCSO) एक्ट-2012, 5. किशोर (जूवेनाइल) न्याय अधिनियम-2015 ये अधिनियम बच्चों और महिलाओं को प्रताड़ना, शोषण, हिंसा, लैंगिक दुर्व्यवहार और उत्पीड़न से बचाते हैं। 6. बाल मज़दूर (प्रतिबंध व नियंत्रण) संशोधन अधिनियम-2016

सन् 1989 ई. मे संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार पत्र पर 191 देशों ने हस्ताक्षर किये। इनमें हमारा देश भी शामिल है। ये अधिकार किसी भेद-भाव के बिना सब पर लागू है। इनमें से कुछ महत्वपूर्ण अधिकार ये हैं :

## बच्चों के अधिकार

1. 18 की आयु के भीतर लिंग भेद के बिना सब बालक हैं।
2. बाल अधिकारों की सुरक्षा सरकारों पर निर्भर है।
3. जीने का अधिकार
4. जहाँ तक संभव हो माता-पिता के साथ रहने का अधिकार।
5. रेडियो, समाचार पत्र और दूरदर्शन द्वारा संसार के प्रति जागृति और ज्ञान प्राप्त करने का अधिकार।
6. हिंसा और घातक दुर्घटनाओं से सुरक्षा का अधिकार।

7. विकलांग बालक उन्नति के लिए विशेष देख-रेख पाने के अधिकारी हैं ।
8. अच्छा स्वास्थ्य और चिकित्सा सुविधा का अधिकार ।
9. मातृ भाषा,धर्म और परम्परा को निभाने का अधिकार ।
10. कुछ समय के लिए खेलने का अधिकार ।
11. बालकों की शिक्षा और स्वास्थ्य को क्षति पहुँचाने से बचने का अधिकार ।
12. हानिकारक औषधियों के प्रयोग निर्माण और खरीदी से बचने का अधिकार।
13. उपेक्षित बच्चों को मदद पाने का अधिकार ।

न केवल बच्चे,बड़े बल्कि हर किसी को संयुक्त राष्ट्र संघ के बाल अधिकार राजपत्र (चार्टर) के प्रति जागृत होना चाहिए । सरकार भी जनता में इसका प्रचार करे ।

## बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006




जो बालक 21 वर्ष आयु से कम और बालिका 18 वर्ष से कम हो उन्हें बच्चों के रुप में परिभाषित किया जाता है।

अगर बालक ने 21 वर्ष पूरा न किया हो और अगर बालिका जिसने 18 वर्ष पूरा न किया हो और विवाह हो जाये तो उसे बाल विवाह कहते हैं ।

यहि 21 वर्ष आयु से अधिक पुरुष बाल विवाह करता है तो उसे दो वर्ष कारावास दंड अथवा एक लाख तक जुर्माना देना पड़ता है। इतना ही दंड उन्हें भी भोगना पडेगा जिन्होंने विवाह के आयोजन में प्रत्यक्ष रुप से योगदान दिया । यदि विवाह अमान्य या रदद् हो जाता है तो लड़के के ओर से लडकी को 18 वर्ष की आयु तक जीवन निर्वाह राशि देना पड़ेगा । यदि लड़का अवयस्क है तो उसके अभिभावक निर्धारित पोषण राशि देगा । दहेज और भेंट स्वरुप राशि विवाह रद्द होने की स्थिति में वापिस करना होगा। जिन बच्चों के विवाह अमान्य घोषित हो जाते हैं उनके पालन पोषण की जिम्मेदारी सरकार की भी है।

### बाल विवाह के दुष्परिणाम

• अवयस्क गर्भ धारण • लड़कियों के गैर-कानूनी व्यापार को बढावा देना। • अपरिपक्व लड़के-लड़कियों पर पारिवारिक बोझ लादना । • गर्भपात की संख्या में वृद्दि, प्रसवपूर्ण जन्म के फलस्वरूप न केवल शिशु में विसंगति होती है बल्कि माता की मृत्यु दर भी बढती है। • विकलांग अथवा मृत बच्चों का जन्म । • मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि। • अध्ययन में अवरोध • शारीरिक विकास में अवरोध (विशेष रुप से लड़कियों में) • पारिवारिक निर्वाह के लिए बाल श्रमिकों की वृद्धि ।

बाल यौन उत्पीडन सुरक्षा अधिनियम - 2012 POCSO

POCSO अधिनियम यौन उत्पीडन, यौन व्याभिचार, भ्रूमहत्या आदि के लिये विशेष अदालतों का आयोजन किया गया जिसमें त्वरित सुनवाी के आधार निर्णय लिये जाते है ।

कानून प्रत्येक दिशा में बालक के शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास के लिये कटिबद्ध है ।

यह कानून इसे अमान्य करता है : अ) बालक द्वारा कोी गौर प्रावधानिक यौन कार्य करवाना । आ) बालक, बालिकाओं द्वारा वेभ्यागम या अनैतिक यौन कार्य करवाना । इ) भ्रमात्मक व भयात्मक यौन उत्पीडन रूप में सामग्री का प्रायोजन ।



SCERT TELANGANA

## बाल विवाह का रोकथाम- एक सार्थक कथा

राविराल्ला कविता एक बाहर वर्ष की कन्या है। इसके पिता का नाम नांचारय्या है, वे महबूबनगर जिले के रंगारेड्डी गाँव के निवासी हैं । सरिता अपने गाँव के उच्च प्राथमिक स्कूल में सातवीं कक्षा में पढ़ती है।एक फरवरी 2013 से वह स्कूल नहीं आ रही है। अनुपस्थिति का कारण यह है कि 13 फरवरी 2013 को उसका विवाह निश्चित हुआ है।

गाँव के पुजारी ने उसके विवाह की सूचना मामड़ीपूडी वेंकटा रंगय्या फाउंडेशन को दी । फाउंडेशन के अधिकारियों और अल्प स्वयं सेवक कविता के घर पहुँचकर शादी के संबंध में पूछ-ताछ की। माता-पिता से पता चला कि सरिता किसी गाँव गई हुई है। उन लोगों ने परिवार के बडे बुज़ुर्गो से बात की और फिर गाँव में स्थित बाल विवाह निषेद समिति के सदस्यों से संपर्क किया । गाँव का सरपंच इसके अध्यक्ष और आंगनवाड़ी अध्यापक संयोजक है। एएनएम आशा कार्यकर्ता, ग्राम समिति अध्यक्ष, वीआरओ, पंचायत सचिव., आदर्श रैतु, साक्षर भारत संयोजक, एक अधिकारी और कुछ अध्यापक इसके सदस्य है। जैसे ही एमवीएफ के स्वयं सेवकों ने समिति के सदस्यों को सूचित किया एक बैठक में सब लोगों ने विचार विमर्श किया। इन लोगों ने सबसे पहले गाँव के पुजारी, काज़ी और पादरी से भेंट की। उन्होंने यह बताया कि बाल विवाह कानून के विरुद्ध है, इस तरह विवाह निश्चित करना और संपन्न करना अपराध है। गाँव के पुजारी से पूछने पर उन्होंने जवाब दिया कि जब सरिता के माता-पिता ने विवाह की तिथि निश्चित करने का अनुरोध किया तो उन्होंने  जन्मपत्र की मांग की । उन्होंने बताया कि सरिता स्कूल नहीं जाती है, फिर पुजारी ने राशन कार्ड मंगवाया किन्तु वह भी नहीं दिखा सके । ये सारी बाते उन्होंने एमवीएफ के अधिकारी को फोन पर बतायी।

वर, रामय्या के पुत्र 23 वर्षीय दामेरला चिन्नसत्यम्। वह उच्च प्राथमिक शिक्षा भी पुरी नहीं कर पाए है । एमवीएफ के स्वयं सेवक 5 फरवरी को गाँव पहुँचे । इस बीच कविता के परिवार के लोग घर की रंगाई और मंडप आदि लगवाने की तैयारी में लगे रहें। बाल विवाह निषेध समिति के सदस्य भी उपस्थित थे । उन लोगों ने समझाया कि यह कविता की पढाई की आयु है न कि शादी की। कविता के पिता ने कहा कि आप लोग कुछ भी कह देते हैं, किन्तु मुझे और एक बेटी है, उनकी शादी भी करनी है। यह सब मुझे करना है, यह आपका काम नहीं है। स्वयं सेवको ने अपने अनुभव के आधार पर कई उदाहरणों के द्वारा समझाने का प्रयास किया किन्तु कविता के परिवार के सदस्यों ने उनके साथ अशिष्ट व्यवहार किया ।

जब वे नही माने तो स्वयं सेवकों ने 7 फरवरी को तहसीलदार और सब-इंस्पेक्टर को इसकी सूचना दी । ये अधिकारी कविता के विद्यालय जाकर स्कूल रिकार्ड की छानबीन की । यह देखकर गाँव के लोग इकट्ठा होने लगे । इन लोगों ने कविता के माता पिता को भी बुलवाया । कविता के पिता फिर उसी तरह अशिष्ट बातें करने लगा। वरपक्ष के लोग भी पहुँच गए और कहने लगे - हमने काफी पैसे खर्च करके शादी की तैयारियाँ पूरी कर ली है और आप कहते हैं कि शादी मत करो । सब-इंस्पेक्टर ने समझाते हुए कहा -हमें इसकी चिंता नही कि तुमने कितना खर्च किया शादी के समय भी हम रुकवा देते क्यों कि यह अपराध है और जो इसका प्रोत्साहन करता है वह भी दंडनीय है। सभी लोगों ने दोनो परिवार के लोगों को विवाह न करने के लिए सहमत करा लिया । अब कविता स्कूल जाने लगी है।

- 15 वर्ष में बाल विवाह निश्चित करते है। हम ऐसे बालविवाह कैसे रोक सकते हैं? हमारी मदद कौन करेंगे?

### क्या आप जानते हैं?

किये गये अपराधों की शीघ्र सुनवाई के लिए टटली फ्री नंबर, भूमिका हेल्पलाईन **1800 425 2908**। बाल विवाह की रोकधाम या गृहहिंसा, मित्र, पड़ोसी, अध्यापक इस संदर्भ में कोई भी शिकायत या सूचना उपर्युक्त अधिकारियों को दे सकता है।

बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला स्तर पर नगर जिलाधीश, विभागीय स्तर पर विभागीय अधिकारी, मंडल स्कर पर तहसीलदार या आईसीडीएस अधिकारी और ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत सचिव जिम्मेदार है। बाल विवाह के संदर्भ में कोई भी शिकायत या सूचना उपयुक्त अधिकारियों को दे सकता है। कभी-कभी न्यायालय भी आधिकारिक सूचना के आधार पर अपने आप की याचिका दायर करके अपराधी को दंड देते हैं ।

## अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 और संशोधन 2006

युवतियाँ व महिलाओं को अधिकतर नौकरी, सुनहरे भविष्य व चलचित्र में भूमिका आदि के नाम पर नगरों व महानगरों पर लाया जाता और वेश्यावृत्ति में धकेल दिया जाता उनके आदेश को मानने के लिये शारीरिक रूप से बाधित भी किया जाता है ।

बालिकाओं को बेचना, वेश्यावृत्ति के लिये बाधित करना, अपनी ईच्छा के अनुसार अनैतिक कार्य करवाना यह अपराध माना जायेगा ।

### अवैध व्यापार के विभिन्न रुप

1. यौन उत्पीड़न
   a. वेश्यावृत्ति वृत्ति के लिए बाध्य
   b. सामाजिक और धार्मिक वेश्यावृत्ति
   c. अश्लील, अमर्यादित लेखन और चित्र
2. कानून के प्रतिकूल गतिविधियाँ
   a. भीख पर जीवन निर्वाह करवाना, शारीरिक अंगों को भंग करना
   b. मानव शरीर अंगों की बिक्री
   c. अवैध नशीले पदार्थ का व्यापार
3. श्रमिक
   a. बँधुआ मजदूर या बलपूर्वक श्रम
   b. गृह श्रमिक
   c. खेतीहार मजदूर
   d. भवन निर्माण मजदूर
4. पर उत्पीडन में आनंद
   a. मनोरंजन के लिए ऊटों की दौड़ में छोटे बच्चों को ऊँटों पर बाँधना।
   b. इच्छा के विरुद्ध बलपूर्वक विवाह संपन्न कराना ।

बलपूर्वक वेश्यावृत्ति एक अपराध है। ऐसी वेश्याओं को यौन व्यवसायी कहते हैं। इनकी सुरक्षा व्यवस्था के कई कार्य प्रचलित हैं। पूछ-ताछ के नाम पर इन्हें मारने या दंड देने का पुलिस को भी अधिकार नही है। यौन व्यवसायी के साथ वेश्यालय के संरक्षकों को भी 2 से 3 वर्ष का कारावास और 10,000/ रुपये का जुर्माना भरना पडेगा ।

यौन व्याभिचार के लिए किराये पर आवास देना भी अपराध है और किसी के अनिच्छा के विरोध संभोग भी दंडनीय माना जायेगा ।

SCERT TELANGANA

इस प्रकार के क्रिया -कलाप की रोकथाम के लिए और पीडित की सुरक्षा के लिए किसी भी स्थानीय पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की जा सकती है। संबद्ध अधिकारी अपराध को सुनिश्चित करने के लिए बिना अधिपत्र (वारंट) के भी पूछताछ कर सकता है।

पीड़ित को सुरक्षा प्रदान करने के बाद आवश्यकतानुसार चिकित्सा आदि की पूर्ति के उपरांत न्यायालय के सम्मुख प्रस्तुत किया जाना चाहिए । तथा किसी महिला पुलिस अधिकारी या गैर सरकारी संस्था (एनजीओ) द्वारा पूछताछ की जानी चाहिए और सुरक्षा की व्यवस्था की जानी चाहिए । अगर पड़ित अव्यस्क है तो उसे बाल सदन भेज देना चाहिए ।

इस प्रकार के अवैध व्यापार के दोषी को 7 वर्ष से जीवन पर्यत कारावास के साथ जुर्माना भी निर्धारित है ।

## दहेज प्रतिबंध अधिनियम 1961

यदि कोई व्यक्ति दहेज लेता है या देता है या प्रोत्साहित करता है तो वह न्यूनतम पाँच वर्ष कारावास के लिए दंडनीय है इसके साथ कम से कम 15 हजार रुपये या दहेज राशि या मूल्य जो भी ज्यादा हो देय होगा ।




कई बार विवाहपरांत वर की ओर से वधु को सताना, डाँटना अपशब्द कहना, मारना यहाँ तक कि मौत के घाट उतार दिया जाता है या आत्महत्या के लिए प्रेरित किया जाता है। ये सारे अपराध इस कानून की परिधि में आते हैं । लेकिन माता-पिता किसी के दबाव में न रहकर, अपनी इच्छा के अनुसार कुछ भी दे सकते हैं। लेकिन देने वाली वस्तुएँ (भेंट) भी अधिनियम के आधीन में हो।

१) भेंट (तोहफा) तालिका रहें।

२) भेंट की वस्तुएं माँगनी नहीं चाहिए।

३) वधु को दी जाने वाली वस्तुएँ सम्प्रदाय अनुसार हों। उन वस्तुओं का मूल्य अभिभावकों की क्षमता से अधिक न रहे।

- क्या आपने कभी अपनी बस्ती में ऐसी महिलाओं को देखा है जे दहेज के लिए हिंसा की शिकार हुई हो। इसकी रोकथाम के लिए आप क्या सुझाव देंगे ।

इस तरह की हिंसा के विरुद्ध लड़की स्वयं उसके माता-पिता, भी संबंधी कोई भी पुलिसस्टेशन में शिकायत दर्ज कर सकते है ।

## घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 द्वारा महिलाओ को सुरक्षा

हमारे संविधान ने सभी नागरिकों को गौरवपूर्ण जीने का अधिकार प्रदान किया है। महिलाएँ भी देश के नागरिक है। गौरवपूर्ण जीवन का मतलब है कि महिलाओं के साथ अपमान, निंदा या दुर्व्यवहार न किया जाए । ऐसी स्थिति का निर्माण किया जाए कि महिलाएँ सम्मान के साथ अपने अधिकारों का उपयोग करें। साधारणतः महिलाओं के मान-सम्मान का भंग होना घर परिवार से ही शुरु होता है। परिवार में होने वाली हिंसात्मक क्रियाएँ उनके विकास में बाधा डालती हैं।

गृह हिंसा के प्रकार व मात्रा में विविधता पायी जाती है। लेकिन यह संसार भर में स्त्री विकास के विरुद्ध एक बडी समस्या बन बैठी है। गृह हिंसा केवल वैयक्तिक/पारिवारिक ही नहीं इसके पीछे राजनीतिक इतिहास है । इस विचार को लेकर स्त्री आंदोलन गत 20 वर्षों से चल रहा है। इन आंदोलनों के कारण महिलाओं की सुरक्षा के लिए कुछ विशेष अधिनियम बनाए गये है फिर भी इन अधिनियमों का आचरण सही रूप से नहीं हो रहा है। इन नीतियों की सही तरीके अमलवारी के लिए संवेदन शीलता, जागरूकता महिलाओं में लाने की जरूरत है।

राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय सरकारें महिलाओं पर होने वाली हिंसा को पहचान कर इसके रोक थाम के लिए कुछ घोषणाएँ बनाए हैं। ये महिलाओं के विकास के लिए, सरकार द्वारा बनाये गये है। इस विषय में सभी देशों के संग भारत भी हस्ताक्षर कर चुका है।

- प्रायः घरेलू हिंसा की घटनाएँ घटित होती रहती है। धीरे-धीरे यह एक आदत बन चुकी है। हिंसा से और अधिक हिंसा भड़कती है । इसे कैसे रोका जा सकता है, कौन सहयागे देगा ?

**मुख्य प्रस्ताव :**

- विवाह, पारिवारिक संबंधों के मामले में महिलाओं के संग किसी प्रकार का भेद न किया जाए।
- स्त्री पुरुष दोनों के लिए (धन, मान और अधिकारों में) बराबर का अधिकार रहे।

**बीजिंग समझौते की घोषणाएँ :-**

- समाज में पुरुष से स्त्री का स्थान कम रहने का कारण यह है कि, उन पर होने वाली हिंसा। अनेक संदर्भों में महिलाओं पर हिंसा, घर, परिवार में होती है, लेकिन यह बात बाहर नहीं आती। इसलिए इस बात का पता नहीं चलता।
- अगर यह बात की पहचान की गयी तो भी, शोषित को बचाकर अपराधी को दण्ड देने में सरकार असफ़ल हो रही हैं।
- हिंसाग्रस्त महिलाओं को खानूनन् और न्यायसम्मत रक्षा के मामले में सभी प्रकार की व्यवस्था हो। इन विषयों से संबंधित समाचार का प्रचार अधिक हो।

हर वर्ष लाखों महिलाएं गृहहिंसा के कारण उपचार पा रहे हैं। इस विषय को चार दीवारी की बात मान कर दबा दिया जाता है।

SCERT TELANGANA

**गृह हिंसा :- भ्रम, वास्तव**

भ्रम : कभी कभार माता-पिता बच्चों को पीटते हैं तो, यह साधारण सी बात है।

वास्तव : गृह हिंसा की शुरूआत ऐसे ही होती है, धीरे-धीरे इसका रोक-धाम न किया जाए तो, यह एक आदत सी हो जाती है। बार-बार पिटने से आत्म भंग होकर उनके विकास में रुकावट आ जाती है।

भ्रम : मध्यपान का व्यसन हिंसा का मुख्य कारण है।

वास्तव : मध्यमान एक बहाना है, स्त्रीयों के पीटने वाले पुरुष (४० प्रतिशत) मध्यपान का सेवन ही नहीं करते। ऐसा आंकड़ों का बुनाना हैं।

भ्रम : महिलाएँ अपनी संतान के लिए हिंसा का सहन करती हैं।

वास्तव : हिंसा से ही और हिंसा जन्म लेती है। हिंसात्मक माहोल में पलने वाली संतान भी हिंसात्मक ही होती है।

**घरेलू हिंसा के रूप**

- यौन उत्पीड़न (बलपूर्वक संभोग, अश्लील फिल्म दर्शन)
- शारीरिक उत्पीड़न (शारीरिक क्षति या पीड़ा पहुँचाने वाला व्यवहार)
- मौखिक और भावात्मक उत्पीड़न (अपमान, उपहास या अभद्र नाम से बुलाना)
- मानसिक उत्पीड़न (क्षति पहुँचाने की धमकी, बच्चों को स्कूल जाने से रोकना, नौकरी में बाधा उत्पन्न करना।)
- आर्थिक उत्पीड़न ( आर्थिक या वित्तीय स्रोतों से वंचित करना, स्त्री धन का दुरुपयोग, उनकी संपत्ति को इच्छा के विरुद्ध बेचना )

**किससे शिकायत करें ?**

घरेलू हिंसा से पीड़ित व्यक्ति को पुलिस अधिकारी से शिकायत करनी चाहिए या न्यायिक अधिकारों जैसे प्रथम श्रेणी के न्यायाधीश से व्यक्तिगत, फोन, ई-मेल द्वरा )

इस प्रकार की शिकायत याचिका दायर कर सकते हैं, जबकि घरेलू हिंसा घटित हो चुकी हो, हो रही हो अथवा होने वाली हो ।

यदि पीड़ित घायल है तो उसे चिकित्सा सहायता प्रदान की जानी चाहिए फिर इसकी सूचना पुलिस स्टेशन या न्यायाधीश को पहुँचानी चाहिए ।

## यौन शोषण और छेड़खानी

पिछले दिनों यौन उत्पीड़न और यौन शोषण की रोकथाम हेतु सुझावों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा न्यायाधिश जे.एस.वर्मा समिति का गठन किया गया था । 2 फरवरी 2013 को माननीय राष्ट्रपति ने उन सुझावों के आधार पर एक अध्यादेश जारी किया 3 अप्रैल 2013 को निर्भया अधिनियम जारी किया गया। इस अध्यादेश की कुछ मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैः

- न्यूनतम 20 वर्ष कारावास का दंड
- प्रभावित महिला से शिकायत प्राप्त करने के लिए महिला पुलिस की नियुक्ति ।



SCERT TELANGANA

- पीड़ित महिला का व्यक्तिगत रुप से पुलिस अधिकारी के सम्मुख उपस्थित होना अनिवार्य नहीं।
- स्त्री पर तेजाब द्वारा आक्रमण के दौरान और संघर्ष के समय अपराधी मर जाता है तो उसके लिए कोई दंड नही ।
- पीड़ित स्त्री के आग्रह पर शिकायत और न्यायप्राप्त क्रिया के अवसर पर वीडियो द्वारा चित्रांकन की संभावना है ।

## लोक अदालत

कानून की दृष्टि से सब समान है। आर्थिक और अन्य निर्बलताओं के कारण अपने अधिकारों और न्याय से वंचित रह जाने वाले नागरिकों के लिए लोक अदालत की व्यवस्था है। 1976 में केंद्र सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 39 (अ) में संशोधन किया । यह राज्य सरकारों के न्यायिक सहयता के निर्देश देता है।

इस अधिनियम के अनुसार समाज में मुफ्त न्यायिक सहायता निम्न स्तर वालों को मिलता है। यह अधिनियम बनाया गया है ताकि समाज के सभी लोगों को न्याय मिलना चाहिए, निर्धनता व अन्य कारणों की वजह से कोई भी न्याय से वंचित न हो। सभी को न्यायाधिकार मिलने के लिए लोक अदालतों का आयोजन किया जाना चाहिए।

### न्यायिक सहायता पाने के योग्य कौन है?

- अनुसूचित जनजाति नागरिक
- अनैतिक मानव व्यापार के प्रभावित भिखारी, महिलाएं, बच्चे, मानसिक रोगी और शारीरिक विकलांग।
- प्राकृति आपदा से प्रभावित, कृषि और उद्योग श्रमिक
- ऐसे नागरिक जिनकी मासिक आय 50,000 रुपये से कम हो ।

### इन्हें न्यायिक सेवा हाई कोर्ट द्वारा इस पते पर प्राप्त होसकती हैं :-

1. सेक्रटरी (सचिव)
   जिला स्तरीय सेवा अधिकारी
   प्रदेश कोर्ट सीमा
   .................................................. जिला

2. सचिवालय सदस्य
   प्रदेशस्तीय सेवा अधिकारी
   हाई कोर्ट सीमा, हेदराबाद - 500 066

सहायता पाने के इच्छुक व्यक्ति जिला या उच्च न्यायालय में न्यायिक सेवा अधिकारी से प्रार्थना कर सकते हैं । शिकायतकर्ता और प्रतिवादी दोनों न्यायिक सहायता पाने के योग्य हैं, लड़किया, युवतियाँ, महिलाएँ भी उपयुक्त सुरक्षा पा सकते हैं ।

### न्यायिक सहायता की विधि

- वकील द्वारा मुफ्त न्यायिक सुझाव दिया जाता है।
- याचिका की स्थिति की जाँच के बाद यदि आवश्यकता हो तो शिकायतकर्ता के बदले में वकील को नियुक्त किया जा सकता है , जो याचिका को न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है।
- न्यायालय का खर्च और न्यायालय शुल्क वहन करना ।
- जो न्यायिक सहायता प्राप्त करते हैं, उन्हें निर्णय की प्रतिलिपि मुफ्त प्रदान की जाती है।

इस कार्य को उचित ढंग से लागू करने के लिए पूर्ण रूप से समझ और जागृति की आवश्यकता है। तब भी मानव अधिकार की उपयोगिता सिद्ध होगी और हम सब लाभान्वित होंगे ।



SCERT TELANGANA

## मुख्य शब्द

1. दहेज
2. घरेलू हिंसा
3. लोक अदालत
4. यौन अपराध
5. बलपूर्वक वेश्यावृत्ति

## शिक्षा में सुधार

1. बाल विवाह के क्या परिणाम हो सकते हैं ? ($AS_1$)
2. घरेलू हिंसा क्यों सामान्य क्रिया बन चुकी है ? इसके कारण बताइए । ($AS_1$)
3. बालिकाओं और महिलाओं की समस्याओं के बारे में आप पढ़ चुके हैं। क्या आप के शहर या गाँव में भी एक ऐसी कोई समस्या है? यहि हाँ तो इसके समाधान के लिए क्या किया जाना चाहिए । ($AS_4$)
4. सरकार की ओर से कई प्रयास किए गए । उचित ढंग से लागू करने के लिए आपके सुझाव क्या है? ($AS_4$)
5. महिलाओं के सम्मुख जो सामान्य समस्याएं है उन पर एक लेख लीखिए । ($AS_6$)
6. कल्पना कीजिए कि आप तहसीलदार हैं, बाल विवाह की रोकथाम के लिए आप क्या करेंगे ? ($AS_4$)
7. महिलाओं को किन-किन समस्याओं का सामना करना पढ रहा है। इसकी एक सूची बनाइए। ($AS_6$)
8. इस अध्याय में दिये गये विषय ''अत्याचार, यौन शोषणा'' का अध्ययन कर एक टिप्पणी कीजिए। ($AS_2$)

## चर्चा

1. लडकी की आयु १८ वर्ष से कम, और लडके की आयु २१ वर्ष से कम वाले विवाह हो रहे हैं। ऐसा कोई बाल विवाह आप के प्रांत में, अगर हुआ हो तो, इस पर चर्चा दीजिए। इसका प्रभाव लड़कियों पर कैसा होता है। क्या आप बाल विवाह का समर्थन करेंगे? क्यों उपचारात्मक मार्ग सूचित कीजिए।
2. गृह हिंसा किन-किन प्रकारों से हो रही है? आप के प्रांत में ऐसी कोई घटना हुी हो तो, कक्षा-कक्षा में इस पर चर्चा कीजिए। इसके क्या कारण हो सकते है। गृह हिंसा का प्रभाव परिवार पर, अन्य व्यक्तियों पर किसप प्रकार होगा। गृह हिंसा के रोक-थाम के लिए कुछ उपाय सूचित कीजिए।
3. आज के दौर में नशाबंदी एक व्यसन बना हुआ है। बहुत लोग नशबंदी के गुलाम हो रहे हैं। आप के प्रांत में किसी परिवार की स्थिति ऐसी हो तो, इस पर चर्चा कीजिए। नशाबंदी का प्रभाव उस परिवार के बच्चों और अन्य व्यक्तियों कैसा होगा। ऐसे परिवार के सदस्य अगर आप होंगे तो क्या करोगे?

## परियोजना

सरकार द्वारा गरीब लोगों को व्यायायिक सहायता प्रदान की जाती है किसी न्यायविध (लायर) से प्राप्त करे ।

SCERT TELANGANA

अध्याय
22

# आपदा प्रबंधन

## मानव प्रेरित आपदा

कितना प्राकृतिक है प्राकृतिक संकट ?क्या तुमने कभी की कोशिश इस सवाल के विश्लेषण का? चलिए हम एक उदाहरण ले मुंबई में बाढ का । कितने अधिक मात्र में जीवन और संपत्ति की हानि हुई? इस अनिश्चित विनाश का कारण केवल भारी वर्षा है। उक्त अतिशय विध्वंस के अनेक अन्य कारण हैं। उनमें से कुछ की सूची हम देखें ।

a. नगर की अनियोजित वृद्धि b. जल निकास की उचित सुविधा का न होना ।

c. जनसंख्या वृद्धि का बढना ।

अगर हम इन कारणों को देखते हैं तो उनमें सभी मनुष्य द्वारा उत्प्रेरित है और अगर हम उनका ध्यान रखते हैं तो बहुत सी आपदा को रोक सकते हैं । इसलिए हम कह सकते हैं कि प्राकृतिक संकट हमेशा प्राकृतिक नहीं होता है । लेकिन इनके होने में मानव की प्रमुख भूमिका है।

इस आपदा का कारण मनुष्य की उपेक्षा और व्यक्तिगत एवं समूहगत मानव समुदाय द्वारा निर्मित आपदा है, जिसमें मानवजाति अपनी जिंदगी तक खो देता है और देश की आर्थिक उत्पादन क्षमता भी क्षतिग्रस्त होती है।

चलिए हम देखें मनुष्य द्वारा आपदा का विस्तृत विवरण

### दुर्घटना संबंधी आपदा

सड़क, रेल, वायु दुर्घटना आदि कुछ ऐसी आपदा है जिसे हम प्रत्येक दिन झेलते हैं । एक दूसरे को जोड़ने के लिए तीव्र गति से सड़को का जाल बनाया गया है । तत्कालीन कुछ वर्षों में सडक दुर्घटना और विनाशक मृत्यु में वृद्धि हुई है।

भारत में 80 हजार व्यक्ति सडक पर टकराकर कुचल कर प्रतिवर्ष मरते हैं जो पूरी दुनिया में विनाशक मृत्यु का 13 प्रतिशत है । उनमें से आधे जो 15-44 वर्ष के होते हैं । अक्सर अपने परिवार के लिए रोजी रोटी जुटाने वाले होते हैं, उनमें से आधे यातायात में कुचल कर मरते हैं । इनमें से ज्यादातर कुचलने की घटना लापरवाही ड्राइविंग, गाडियों का ठीक ढंग से रख-रखाव न होना और पैसेंजर और खराब मौसम की स्थितियाँ आदि की वजह से होती है। ये सभी दुर्घटनाएं विनाशक मृत्यु के बढ़ने में जोड़े जा सकते हैं । 2000 में किये गये आंकलन के अनुसार लगभग 3 प्रतिशत से अधिक Gross Domestic Product (GDP) में हानि अंकित की गयी इसलिये इन दुर्घटनाओं की हानि से बचने यातायात सुरक्षा शिक्षा अनिवार्य है सड़क सुरक्षा सप्ताह प्रतिमाह जनवरी में पूरे देश में मनाया जाता है 2006 में सड़क सुरक्षा सप्ताह का विषय (प्रकरण) ‘सड़क सुरक्षा व दुर्घटना रहित’ ।

SCERT TELANGANA

यहाँ पाठशाला जाते समय क्या करना चाहिए और क्या नहीं, दिया गया है।
यह मायने नहीं रखता है कि आपकी आयु क्या है सुरक्षा नियम जानना आवश्यक है ।

| **करना** | **नही करना** |
|---|---|
| ड्राइव तभी करो जब कानूनी लाइसेंस हो और उम्र 18 वर्ष हो । | रोड पर हडबड़ाहट में नही रहो और दौड़ो मत। |
| हमेशा फुटपाथ पर चलो, जहाँ फुटपाथ नही हो वहाँ सड़क के बिल्कुल दायी तरफ चलो । | कभी भी सड़क मोड या घुमाव से पार करने की कोशिश मत करो क्योंकि मोटर सवार टर्न लेते समय आपको देख नहीं पाएगा । |
| केवल जेब्रा क्रासिंग से सड़क पार करो। जहाँ टैफिक सिग्नल और अन्य कोइ सुविधा नहीं हो तो सुरक्षित जगह सड़क के दोनों तरफ देखकर पार कीजिए । | बस या रिक्शा पकड़ने के लिए दौड़िए मत, क्योंकि तुम गिर सकते हो । घर से सही समय में निकलो । |
| रोड सिग्नल के बारे में जानकारी प्राप्त करो एवं उनका पालन करो । | स्कूल बस के अलावा किसी अन्य बस में न सवार हों । |
| बस पडाव पर 5 मिनट पहले पहुँचे और बस के रुकने के बाद ही उस पर चढे । | बस में शोर न करे क्योंकि इससे चालक का ध्यान भंग हो सकता है। |
| अगर आपको खड़े रहकर सफर करना पड़ रहा हो तो बस की रेलिंग को अच्छी तरह पकड़ ले । | बस के फुटबोर्ड पर न बैठे |
| साईकिल चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करें । | चलती गाडी के बाहर सिर या हाथ न निकाले। |
| यातायात नियमो का पालन करो । | अगर बस के नीचे कुछ गिर गया हो तो चालक को कहकर उसे निकलवाएँ । |
| बस से उतरते समय ध्यान रखें कि कपडों के खुले धागे व बैग के फीते दरवाजें में न फँसे । | गाडी के सामने से पार न करें । |

**लोगो को गाड़ी चलाने ने दे, अगर उन्होंने -**

- शराब पी रखी हो ।
- थके हों, जिससे उनकी क्षमता प्रभावित होती है।
- बीमार या जख्मी हों ।
- नाराज या क्रोधित हो ।
- ड्रग्स या क्षमता प्रभावित करने वाली दवाओं का सेवन किया हो ।

SCERT TELANGANA

## रेल दुर्घटना

1820 के अंत मे रेल यातायात की शुरुआत हुई । बाल्टीमोर एवं ओहायो रेलवे अमेरिका की प्रारंभिक रेल कंपनी थी । धीमी रफ्तार यातायात के कम घनत्व के कारण रेलवे उस समय काफी सुरक्षित माना गया था।

दुनिया के सबसे बडे रेल नेटवर्क के साथ हादसे भी कई गुणा बढे हैं । रेल हादसों में सबसे सामान्य आम गाडियों का पटरियों से उतर जाना है। रख-रखाव की कमी, पुराने पुर्जे या मानवीय त्रुटियाँ इसके मुख्या कारण है । इससे जान माल का काफी नुकसान होता है। भारी ज्वलनशील पदार्थों जैसे कोयला, पेट्रोलियम कारण भी कई हादसे होते हैं ।

बिहार में हुए एक रेल दुर्घटना में भागलपुर में 150 साल पुरानी अल्प पुल रख-रखाव की कमी के कारण हावड़ा जमालपुर सुपरफास्ट के ऊपर गिर गया । इससे 1 दिसम्बर 2006 को 35 लोग मारे गयें।

ऐसी दर्दनाक कहानियों के बारे में हम हमेशा सुनते रहते हैं । चलिए कुछ सुरक्षा इंतजामो को जाने जिससे इनमें कमी की जा सकती है।



*चित्र. 22.1: रेल दुर्घटना*

| क्या करें | क्या न करें |
|---|---|
| रेलवे क्रासिंग पर सिग्नल व बैरियर पर ध्यान दें । | सिग्नल बैरियर को नीचे से पार ना करें । |
| मानव रहित क्रासिंग पर गाडी से उतर कर दोनों तरफ देखकर पटरी पार करें । | गाडी को किसी ऐसे पुल या सुरंग में न रोके जहाँ से निकाष संभव न हो ।<br>ज्वलनशील पदार्थों को अपने साथ न ले जाएं । |
| | चलती ट्रेन से दरवाजे के बाहर ने झाँके । |

| | |
|---|---|
| | ट्रेन में धूम्रपान न करे एवं अगर कोई और ऐसा करे तो उन्हे भी रोकिए । |
| | प्लैटफार्म बदलने के लिए ऊपरी पैदल पुल का इस्तेमाल करें । |
| | संवेदनशील वस्तुओं को न छुएं । पटरियों पर यार्ड में न खेले, गाड़ियों के अकस्मात आवाजाही से आप जख्मी हो सकते हैं । |
| | ट्रेन के बाहर कुछ न फेकें, इससे किसी की जान जान जा सकती है। |

## हवाई दुर्घटना

23 जून1985 को बम फटने के कारण एयर इंडिया का 182 कनिष्क विमान हवा में ही विस्फोट हो गया जिसमें 307 यात्री एवं 22 क्रू की मौत हो गई । यह विमान मांट्रियल दिल्ली- बाम्बे के अपने चरण में था । जब आयरलैड के तट के पास इसमें विस्फोट हुआ । विमान अटलांटिक महासागर में गिर गया ।



Fig. 22.2: Air Accident.

विश्व व भारत मे हवाई दुर्घटनाएँ होती ही रहती है। कई मानदंड विमान में लोगो की सुरक्षा को ध्यान में रखते हैं । जैसे कि विमानों की संख्या में वृद्धि, तकनीकी खराबी, आगजनी, लैडिंग में दिक्कतें एवं हाइजैक के समय हवाई पत्तन की सुरक्षा ।

कुछ सुरक्षा मानदंड जिनका पालन करना चाहिए, नीचे दिए गए हैं ।

विमान में चढते वक्त इन बातो का ध्यान रखना चाहिए ।

- विमान क्रू के सुरक्षा पर ध्यान दें ।
- सीट की जेब में रखे गए सुरक्षा कार्ड को ध्यान से पढें ।
- सीट की जेब में रखे गए सुरक्षा कार्ड को ध्यान से पढें ।
- अपने नजदीकी आपातकालीन निकास की जानकारी रखें ।

**अगर आप किसी दुर्घटना में फँस गए हो तो निम्नलिखित बातों को जरुर याद रखें ।**

- शांति बनाए रखे । क्रू की बातों को ध्यान से सुने । क्रू के लिए सबसे जरुरी काम आपकी मदद कर सकता है ।
- आपातकालीन निकास खोलने के पहले बाहर देख ले, अगर बाहर आग लगी हो तो द्वार न खोंले।
- धुआं ऊपर की तरह उठता है। इसलिए ऐसी परिस्थिति में फर्श पर लगे आपातकालीन लाइट की तरफ चले, वे निकास की तरफ जाते हैं । एक कपड़े से अपने नाक व मुँह को ढक लें ।

## आगजनी (Fire Accidents)

2004 में कुंबकोणम, तमिलनाडु के एक विद्यालय में लगी आग से विद्यालयों में आग से सुरक्षा पर सवाल उठे थे । 93 मासूम बच्चो को अपनी जान गँवानी पडी थी । इस आगजनी का मुख्य कारण बच्चों व शिक्षको में आपदा से निपटने के लिए जागरुकता की कमी, तैयारी की कमी व पाकठालाझी का कक्षाओं के समीप होना था परंतु इस तरह के हादसे नए नही थे ।

इन सभी हादसों में यह पता चलता है कि, जान-माल का यह नुकसान मानवीय अवहेलना व जागरूकता के कमी के कारण हैं ।



*चित्र. 22.3: आग.*

**आगजनी के समय क्या करें और क्या ना करें** (At the time of Fire Accidents)

| क्या करें | क्या ना करें |
|---|---|
| अगर तुम धुँआ या आग देखते हो तो अलार्म बजाओ । | बिल्डिंग में किसी खिलौने या पालतू जानवर के लिए पुनः मत जाओं अग्निशामक कर्मचारी ढूँढ सकते हैं शीघ्रताशीघ्र । |
| अगर संभव हो तो भवन के बाहर चले जाईए अपने आप को ढक कर कारीडोर से निकलने. की कोशिश कीजिए । | अलमारी या बिस्तर के नीचे छुपने की कोशिश. न करे एलार्म बजते ही आपको बाहर चले जाना चाहिए । |
| 101 नं पर फोन कीजिए और फायर ब्रिगेड वाले को अपना पता नम्रतापूर्वक और स्पस्ट बताइए । | |



SCERT TELANGANA

| | |
|---|---|
| अगर निकास अवरुद्ध हो तो कमरे के अंदर खिडकी से जाइए । दरवाजे के आस-पास वस्तुएँ रखे आग को रोकने के लिए तथा खिड़कियाँ खोल दें ताकि धुआँ बाहर निकले, फिर सहायता के लिए आवाज दें । | |
| बंद दरवाजा आग को नीचे-नीचे फैला देता है आग को कम करने के लिए जरूरी है कि दरवाजे को बंद किया जाय । | |
| सभी इलेक्ट्रानिक वस्तुओं का स्विच ऑफ कर दे ।. सबसे अच्छा होगा कि कोई एक मुख्य स्विच बोर्ड को ऑफ कर दें । | |
| कटे-फटे केबल आदि को जाँच ले । आप उन्हें बदल दीजिए क्योंकि वे खतरनाक है। अगर प्लग प्वाइंट बेहद नीचे है तो उस पर टेप चिपका दे, खासकर विद्यालय के प्राथमिक अनुभाग में जिससे बच्चे उंगली अंदर रखकर दुर्घटना को जन्म न दें । | |
| | केबल, कारपेट या मैट्रस के अंदर ना रखे। नहीं तो वे कट -फट सकते हैं । अधिकतर यह विद्यालय के प्रबंधन इकाई में देखा जाता हैं । |
| स्कूल में खतरनाक तारों को बदलवाएं एवं सीलनवाली दीवारों की मरम्मत करवाएं । | ज्वलनशील चीजों के पास दीप न रखें । प्रयोगशाला में ज्वलनशील चीजे ताप स्रोत के पास न रखें एवं ध्यान दे, कि कमरे में पर्याप्त रोशनदान हो । ज्वलनशील चीजों को नियम से सही तरीके से नष्ट कर दें । |

SCERT TELANGANA

## आतंकवाद का खतरा

**क्रिया कलाप**

अपने नजदीकी अग्निशमक केन्द्र से सुरक्षा मानदंड की सूची बनाइए । आपको क्या करना चाहिए क्या नही करना चाहिए, उसका पालन कीजिए।

एक शताब्दी पहले महात्मा गाँधी या हमारे प्यारे बापू ने परिस्थितियों से निपटने के लिए सत्य व अहिंसा की शिक्षा दी थी । जैसे -जैसे विज्ञान व तकनीकि विकसित होती गई वैसे-वैसे मानव में लालच बढता गया एवं विभिन्न दलों में मन मुटाव बढता गया । विकास के परिमाणस्वरूप वैश्विक सद्भावना के विरुद्ध युद्ध व गृह युद्ध फैलते गए जिससे लोगों को काफी तकलीफ हुई है। चित्र में हुए वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले को दर्शाया गया है जिसमें ३००० लोगों की जान गई थी ।

आतंकवाद आज समस्त विश्व एवं भारत के कुछ हिस्सो में अब जीवन का अंग बन चुका है । इन क्षेत्रों में हिंसा व हमलों के डर से बच्चे हमेंशा सहमे रहते हैं। तथा सामान्य जीवन प्रभावित होता है।



*चित्र. 22.4: मुंबई के ताज होटल पर आतंकी हमले*

अगर आपके क्षेत्र में आतंकीवादी हमला हो तो इन बातों को ध्यान दें ।

- संयम व शांति बनाए रखें ।.
- स्थानीय आपातकाल अधिकारियों की सलाह को माने ।
- रेडियो व टीवी पर प्रकाशित किए गए निर्देश का पालन करे ।
- अगर आपके आस पास कोई दुर्घटना हुई हो तो घायलों की जाँच करे व गंभीर रूप से घायल लोगों की सहायता करें ।

SCERT TELANGANA



*चित्र. 22.5: दिलसुख नगर में बम विस्फोट हैदराबाद -2013*

**क्रियाकलाप**

भारत में हाल ही में हुए आतंकवादी कार्यों को पहचानिए और बच्चों पर होने वाले उसके प्रभावों के बारे मे॑ चर्चा कीजिए ।

- अपने पालतू जानवरों को सुरक्षित करें ।
- अपने पड़ोसियों, बुजूर्गों व विकलांगों की स्थिति की जाँच कीजिए ।

**सावधान रहिए, जाँच कीजिए, और सुरक्षित रहिए .....**

1. अगर आप कोई संदिग्ध वस्तु देखते हैं जैसे बैग, सुटकेस आदि तो तुरंत पुलिस को खबर कीजिए। सार्वजनिक स्थलों पर ये संदिग्ध वस्तुएँ विस्फोटक हो सकती हैं ।
2. पुलिस कंट्रोल रूम को 100 पर फोन करें । यह आपका अधिकार है ।
3. पुलिस को सूचित करने के बाद संदिग्ध वस्तु पर नजर रखे व लोगों को उससे दूर रखें ।
4. किसी भी संदिग्ध गाडी व व्यवहार से सतर्क रहें ।

नागरिक इन सभी सावधानियों द्वारा सुरक्षित रह सकते हैं । अलग-अलग एजेंसियों द्वारा सुरक्षा हेतु जागरुकता भिन्न-भिन्न मानक ग्रहण किए जा रहे हैं, दिल्ली पुलिस ने आतंकवाद के विरुदध लडने और सुरक्षित जीवन जीने के लिए पोस्टर जारी किए हैं । उन्हें ध्यान पूर्वक पढे और कोशिश करें उन निर्देशो का जीवन में पालन करे ।

**अभिभावकों के लिए**

- प्रथम और प्रमुख विषय है कि डरावनी घटनाओं का बच्चों के संपूर्ण जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डालना ।
- कल्पना से वास्तविकता को अलग करने में बच्चों की सहायता करें।
- वयस्कों को चाहिए कि उनकी जिज्ञासा को शान्त करने के लिए उनके साथ चर्चा कीजिए ।

SCERT TELANGANA

## मुख्य शब्द

1. विश्व समुदाय
2. आतंकवाद

## शिक्षा में सुधार

1. प्राकृतिक आपदायें विनाश का कारण बनती हैं, समझाइए। ($AS_1$)
2. आंतकवाद क्या है? आतंकवाद विकास के तत्व क्या है। ($AS_1$)
3. आग दुर्घटनाओ से बचने के लिए कौन से सुरक्षा के कदम उठाए जाने चाहिए। ($AS_1$)
4. सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण क्या है? हम सड़क दुर्घटनाओं को कैसे कम कर सकते हैं। ($AS_1$)
5. आतंकवादी आक्रमण से हम कैसे अपना बचाव कर सकते हैं ? वे कैसे जीवन को प्रभावित करते है ? ($AS_4$)
6. रेल दुर्घटनाओं के कारणो को पहचानिए। ($AS_1$)
7. आपके घर, विद्यालय या गांव में हुई किन्ही खतरनाक घटनाओं की सूची बनाइए। ($AS_4$)
8. आतंकवादियों ने निम्न शहरों पर आक्रमण किया है। इन शहरों की पहचान भारत के मानचित्र में कीजिए। ($AS_5$)

   अ) मुंबाई आ) हैदराबाद इ) भागलपूर ई) कुंभकोण उ) बैंगलूर
9. आप किसी दुर्घटना के बारे में जानते हैं, तो उसके बारे में लिखिए। ($AS_6$)
10. इस अध्याय के पृष्ठ 274 पर 'आगजनी' अंश को पढ़ कर उस पर टिप्पणी कीजिए। ($AS_2$)

## साक्षात्कार

आप के प्रांत में कोई सडक दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति हो, तो उस व्यक्ति को आपकी पाठशाला में आमंत्रित कीजिए। और उस व्यक्ति को किन दिक्कतों का सामना करना पड रहा है, पता लगाइए। निवारण हेतु मार्ग के बारे में साक्षात्कार कीजिए।

## परियोजना

1. आपके प्रदेश मे गत वर्षों मे हुए मानव विनाशकारी कार्यो की सूची समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं से एकत्रित कीजिए। भविष्य मे इन खतरों से बचने के लिए क्या उपाय किए गए।
2. आतंकवाद से होने वाली हानियों की सूची बनाइए।

SCERT TELANGANA

अध्याय 23

# यातायात शिक्षा

चक्र के आविष्कार से यातायात के क्षेत्र में अनेक परिवर्तन हुए बढ़ती आबादी, औद्योगीकरण, शहरीकरण, वैश्वीकरण के द्वारा वाहनों की संख्या भी बढ़ गयी। इसलिये यातायात को सुलभ बनाने के लिए क्रमबद्ध करने की आवश्यकता है। क्रमबद्ध करने का अर्थ, सडक के नियमों का अनुसरण सभी अनिवार्य रूप से करना। सडक का उपयोग करने वाले हर व्यक्ति का यह दायित्व है।

### ट्राफ़िक का अर्थ

एक स्थान से दूसरे स्थान को जाने को ही ट्राफिक कहते हैं। इसी प्रकार वाहन एक स्थल से दूसरे स्थल को सडक पर जाने को ही रोड ट्राफिक कहते हैं।

### ट्राफ़िक नियमों का अर्थ

ट्राफ़िक नियमों के बारे में सरलता से, स्पष्ट रूप से (ज्ञान पाना) बताया जाना ही, ट्राफ़िक अध्ययन है। क्या आपने कभी सडक पर हुई दुर्घटना को देखा है? अगर देखा है तो उस दुर्घटना में लोग कैसे घायल हुए हैं? वह दुर्घटना क्यों हुई है, विचार करके बताइए।

**दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति - आयु**

| आयु | दुर्घटनाएँ | आयु | दुर्घटनाएँ |
|---|---|---|---|
| 00-05 | 24 | 50-55 | 207 |
| 05-10 | 58 | 55-60 | 138 |
| 10-15 | 40 | 60-65 | 113 |
| 15-20 | 152 | 65-70 | 57 |
| 20-25 | 345 | 70-75 | 49 |
| 25-30 | 380 | 75-80 | 13 |
| 30-35 | 254 | 80-85 | 12 |
| 35-40 | 294 | 85-90 | 0 |
| 40-45 | 226 | 90-95 | 0 |
| 45-50 | 215 | 95-100 | 0 |

- आपको किस आयुवर्ग में अधिक दुर्घटनाएँ दिखाई देती है? क्या आप बता सकते हैं? क्यों?
- २०-२५, एवं २५-३० की आयु वर्ग में कितनी दुर्घटनाएँ दिखाई देती है?

## यातायात अध्यापन का महत्व और आवश्यकता

वैसे नौजवान लोग ज्यादा स्वतंत्र हो रहे हैं और बाहर खुले में इन पर संकट बढता जा रहा है। विशेषकर 15-20 वर्ष तक के बच्चे मुख्यतया सडक का अधिक उपयोग करते हैं। अधिकतर यातायात ज्ञान से अनजान होते हैं । सडक दुर्घटनाएं ही सबसे बडी कारण है मृत्यु की । इसलिए सभी को सड़क सुरक्षा नियमों की शिक्षा आवश्यक हो गई है जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके ।

SCERT TELANGANA


## ट्रैफिक दिक्कतें

अगर आप स्कूल जा रहे है तथा ट्रैफिक जाम होने के कारण आप कक्षा में देर से पहुँचते हैं और आपके अध्यापक के द्वारा आपको दंड दिया जाता है तो आप क्या करेंगे ?

छात्र, नौकरीकर्ता, सेवक, शिक्षक, चिकित्सक, सभी यातायात जाम से प्रभावित होते हैं। फूटपाथ पैदल चलने के लिए होते हैं ऐसा माना जाता है। किन्तु कभी-कभी वाहन चालक इस पर वाहन चलाते हैं । सड़कों पर रहने वाले जानवर, फल और सब्जियाँ बेचने वाले , निजी वाहन जैसे कार, आटोरिक्शा, उन जगहों पर ठहराए जाते हैं जहाँ नो पार्किंग का बोर्ड लिखा होता है। यही क्षेत्र यातायात जाम का मुख्य कारण होते हैं। जनसंख्या मे जैसे-जैसे बढोत्तरी हो रही है वाहनों का उपयोग भी बढता ही जा रहा है, जिससे बहुत तेजी से सड़कों पर यातायात बढ़ता जा रहा है । दुर्घटनाओं से बचने के लिए प्रत्येक को निर्देशित किये गये नियमों की जानकारी होनी चाहिए ।

*Hyderabad City*

Accidents: Accused vehicles




Total accidents - 2577

Accidents figures for the year 2012.

- Discuss the data relating to the accidents-accused vehicles in your classroom?
- Which type of vehicles are accused of more accidents? Can you think of the reason for this?
- What are Traffic Rules and regulations? Discuss in your class room.

## वाहन चलाने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता

किसी भी व्यक्ति को लाईसेंस के बिना वाहन नही चलाना चाहिए ।

## वाहन चालक लाइसेंस के प्रकार

**1. वाहन चलाने सीखने का लाईसेंस :** यह लाइसेंस अस्थाई होता है और केवल छः महीनो के लिए इसे वाहन सीखने के लिए दिया जाता है।

**2. स्थाई लाईसेंस :** वाहन चलाने सीखने के लाइसेंस दिये जाने के एक महीने के बाद ही हर कोई स्थाई लाइसेंस को लेने का अधिकारी हो जाता है।

**1. अस्थाई लाईसेंस के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र**

- निवास पहचान पत्र (निम्नलिखित पंजीकरण के साथ)
- राशन कार्ड
- इलेक्ट्रिसिटी बिल/ कर रसीद
- जीवन बीमा पॉलिसी
- मत पत्र पहचान कार्ड
- पासपोर्ट
- आधार कार्ड

**2. आयु पहचान पत्र निम्नलिखित पंजीकरण के साथ**

- विद्यालय प्रमाण पत्र
- पासपोर्ट
- जन्म प्रमाणपत्र
- स्वयं का पहचान पत्र
- पैन या आयकर प्रमाण पत्र

## नियम के अनुसार कुछ महत्वपूर्ण प्रावधान

- बिना ड्राइवरी लाइसेंस के वाहन चलाने पर

- 50 सी.सी तथा उससे उपर की वाहन चलाने के लिए आयु सीमा 18 वर्ष होने चाहिए।
- यातायात वाहनों के लिए आयु सीमा 25 वर्ष होना चाहिए ।

**जमा करने का फार्म :** 1,1A,2 और 3 फार्मो के साथ निर्देशित विवरण पासपोर्ट फोटोस जमा करना चाहिए । सभी प्रमाण पत्रो की जाँच के बाद, सीखने के लिए परीक्षा, वर्णआंधता (colour blindness) परिक्षा ली जाती है । निर्देशित परिक्षाओं में योग्यता प्राप्त होने पर आवेदक को अस्थाई लाईसेंस दिया जाता है।

- वाहन चालक को क्यों अनिवार्य रूप से वाहन चालत का लाइसेंस लेना चाहिए?

**स्थायी लाईसेंस:** स्थाई लाइसेंस उन्हीं लोगो को दिया जाता है जिनके पास मान्य अस्थाई लाईसेंस होता है। अस्थाई लाइसेंस मिलने के 30 दिन के भीतर स्थाई लाइसेंस के लिए आवेदन देना चाहिए। एक और मुख्य चीज ये है कि हर किसी को ट्रैफिक की व्यवस्था और नियमों की जानकारी होनी चाहिए।

## मदिरा पीकर वाहन चलाना

**पीकर वाहन चलाना:** अट्ठाईस वर्षीय पी. किरण कुमार को दोस्तों के साथ सप्ताह के अंत में दावत के लिए बाहर जाना अच्छा लगता था । पर दावत के बाद देर रात को घर लौटने की चिंता होती थी। गली के किनारे पोलिस को देख कर वह कांप जाता था। यह घटना केवल पी. किरण कुमार ही नही, अपितु अधिकरतर मदिरापान करने वाले आजकल रात में दावत में जाने से पहले दो बार विचार करते हैं ।




*Fig. 23.1 What are the policemen doing?*

**श्वास परीक्षा यंत्र किस प्रकार कार्य करता है :** जब कोई व्यक्ति मदिरापान करता है तो वह रक्त में मिल जाता है और पूरे शरीर में फैल जाता है। जैसे ही यह रक्त फेंफड़ों में पहुँचता है और श्वास के बाहर छोडते ही इसके उसे एक यंत्र द्वारा मापा जाता हैं । बाहर निकाली गई वायु में कार्बन-डाई-आक्साईड के साथ अल्कोहल की सूक्ष्म से सूक्ष्म में मात्रा को भी पकड़ लिया जाता है।

### पीकर वाहन चलाने पर दंड

- शराबी का वाहन जब्त करने का अधीक्षक को अधिकार है ।
- चालक को अदालत में जाकर लागू किये जुर्माने की राशि भरना ।

## ड्राइविंग लाइसेंस का रद्दीकरण

- क्षेत्रीय यातायात अधिकारी को यह अधिकार है कि वह उन लोगों के लाईसेंस अयोग्य घोषित करे या रद्द करे यदि व्यक्ति :

SCERT TELANGANA

a) क्या वह पारंपरिक अपराधी या शराबी है ?
b) क्या वह किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का आदि है ?
c) क्या वह वाहन को कमीशन के लिए प्रयोग करता है ?
d) क्या वाहन खतरनाक ढंग से चलाता है ?
e) क्या वाहन बिना पंजीकरण का है?
f) क्या वह पुलिस को आवश्यक जानकारी देने में असमर्थ है?
g) क्या वह घायल को जो उसी के वाहन से दुर्घटनाग्रस्त हुआ हो, निकट के अस्पताल नही ले जा रहा हो।
h) क्या पुलिस के मांगने पर निम्न प्रमाण पत्र नही दे रहा हो। -

- बीमा प्रमाण पत्र - पंजीकरण प्रमाण पत्र
- चालक लाईसेंस - प्रदूषण प्रमाण पत्र

## ट्रैफिक चिन्ह


1. आदेश सूचक चिन्ह 2. सूचना चिन्ह 3. सावधान चिन्ह

**MANDATORY SIGNS- Red circle instructs what should not be done.**



| Straight Prohibitedor no entry | One way signs-vehicles prohibited in one direction | Vehicles prohibited in both direction | All vehicles prohibited |
|---|---|---|---|

**INFORMATION SIGNS - Signs in the Blue rectangle informs.**




| First aid post | Public telephone | Petrol pump | Hospital | Resting place |
|---|---|---|---|---|

**CAUTIONARY SIGNS - Signs in the Triangle is for cautions.**



| Right hand curve | Left hand curve | Right hair pin bend | Left hair pin bend | Right reverse bend |
|---|---|---|---|---|

- कुछ अन्य ट्राफिक चिह्नों की जानकारी प्राप्त कीजिए। शिक्षक की सहायता से कक्षा में प्रदर्शन कीजिए।



SCERT TELANGANA

**चालको को सलाह**

- सड़के के बायी ओर से लगे-लगे चहिए और दाई ओर का भाग तेजी से आ रहे ट्रैफिक के लिए छोड़ दें ।
- किसी भी वाहन के बाई ओर से कभी भी नही निकलना चाहिए ।
- सुरक्षित यात्रा के लिए हेलमेट पहनिए ।
- कम कार्बन मोनोआक्साईड निकलने वाले वाहनों का उपयोग करे ।
- हार्न का उपयोग बिना जरुरत के न करें ।
- भारी और बडे वाहनो का उपयोग करना है तो सीट बेल्ट को अवश्य लगायें ।
- यातायात संकेतों को लांघना नही चाहिए ।
- अपने वाहन को हमेशा अच्छी अवस्था में रखिए ।

कुमारी एक छात्रा है जिसने इंटरमीडिएट की परीक्षा 95% अंकों से उत्तीर्ण की है। उसके पिताजी उसे दो पहिया वाहन उपहार मे देना चाहते हैं । वे उस क्षेत्र के सड़क यातायात अधीक्षक कार्यालय से वाहन पंजीकरण और चालक लाईसेंस के विषय में जानकारी प्राप्त करने गये । अधिकारियों की सलाह पर उन्होंने कुमारी को कार चालक स्कूल मे सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों, जिनके बारे में हम पहले जान चुके हैं, के साथ प्रवेश करवाया । उसे पहले अस्थाई लाईसेंस प्राप्त हुआ, तत्पश्चात स्थाई लाईसेंस मिला। सडक यातायात अधीक्षक अधिकारी ने उसके पिताजी को समझाया कि किस प्रकार वाहन का पहले अस्थाई पंजीकरण किया जाता है तथा बाद मे स्थाई लाईसेंस का पंजीकरण होता है।

## पंजीकरण की आवश्यकता

किसी को भी बिना पंजीकृत वाहन को सार्वजनिक स्थानों तथा अन्य स्थानों पर नही चलाना चाहिए।

**पंजीकरण कैसे कराना चाहिए?**

**अस्थायी पंजीकरण:** नये वाहन खरीदने पर पंजीकरण के लिए निम्न प्रमाण पत्र आवश्यक हों

1. बिक्री प्रमाण पत्र की प्रति
2. सड़क टैक्स प्रमाण पत्र की प्रति
3. प्रामाणिक बीमा प्रमाण पत्र की प्रति
4. प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र की प्रति
5. स्थाई निवास पहचान पत्र

**स्थाई पंजीकरण**: वाहन के पंजीकरण के लिए अस्थाई पंजीकरण की तिथि के 7 दिन के बाद ही सभी प्रमाण पत्रों के साथ फिर से पंजीकरण अधीक्षक कार्यालय मे आवेदन पत्र देना चाहिए ।

## सड़क निर्देशित चिन्ह

आप आपने शिक्षक की सहायता से सडक पर सूचित किये गये चिहनों को, RTA अधिकारी। ट्राफ़िक पुलीस से प्राप्त किये गये विविध चिहनों के द्वारा होने वाले लाभ के बारे में अपनी कक्षा में चर्चा कीजिए।

सड़क सतही चिन्हो का उपयोग चालकों और पैदल लोगों के मार्ग दर्शन और सूचना के लिए सडकों पर लगाये जाते हैं। चिह्नों में इसलिये समानता रखी जाती है कि चालक की व्याकुलता व अनिश्चिता को दूर करे ।

SCERT TELANGANA

## सड़को के भाग

**1. फुटपाथ:** पैदल चलने के लिए यह सड़क के दोनो ओर बनाये जाते हैं। यह लगभग दो-दो मीटर के बनाये जाते हैं।

**2. सड़क विभाजक:** सड़क को सीमेंट की शिलाओं द्वारा दो भागों में बाँटा जाता है।

**3. जिब्रा क्रासिंग:** यह भीड़ वाले स्थानो पर बनाये जाते हैं जहाँ पैदल यात्री सड़क पार करते हैं।

## यातायात संकेत



यातायात बत्ती, यातायात संकेत या रुकने वाली बत्ती एक ऐसा सूचक साधन है जो सड़क के चौराहे के बीच लगाया जाता है, जो यह दर्शाता है कि आप कब सुरक्षित जा सकते हैं। चौराहों पर हमेशा ट्रैफिक संकेतों का पालन करना चाहिए।

लाल बत्ती - वाहन को रोकना

पीली बत्ती - वाहन चलाने के लिये तैयार

हरी बत्ती - वाहन चलाओ

## सड़क सुरक्षा

विश्व में भारत एक ऐसा देश है जिसमें दूसरा सबसे बडा सड़क जाल फैला है। परंतु सडक का उपयोग करने वाले लोग ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरुक नही है इसलिए दुर्घटनाग्रस्त मौत के पीड़ित संख्या में अधिक हैं।

**सड़क सुरक्षा में बाधाएँ**

1. आम जनता की लापरवाही
2. सड़कों की दयनीय अवस्था
3. वाहनों का असुरक्षित आकार
4. सडक सुरक्षा मानकों को लागू करने में कमी
5. कानून व्यवस्था लागू करने में कमी
6. आकस्मिक सेवाओं में कमी

**Slogans**

▲ जीयों और जीने दो सुरक्षा नियमों का पालन करो

▲ सडक पर सुरक्षित व आश्वस्त रहे यातायात नियमों का पालन करे।

### पैदल यात्रियो के लिए नियम

1. फुटपाथ पर पैदल चलिए और यदि फुटपाथ खाली नही है तो सड़क के दाहिने से सामने से आने वाली वाहनों को देखते हुए चलिए।
2. रात के समय पैदल जाना हो तो अंधेरे में दिखाई देने वाले कपडे पहनें।
3. रात के समय हमेशा टार्च साथ रखें।
4. सुरक्षित स्थान से सड़क पार कीजिए। और अपने बाँये और दाँये ओर देखते हुए ट्रैफिक की आवाज सुनिए।
5. दोनों दिशाओं से आने वाली ट्रैफिक को जाने दीजिए।
6. सड़क पर तेजी से चलिए, जब सड़क खाली हो तो, देखते और सुनते हुए चलते रहिए।
7. सड़क पार करने के लिए जिब्रा क्रांसिग का उपयोग करें।
8. सड़क पर चलते समय व पार करते समय चरवाणी का उपयोग गाने सुनने या किसी तरह से भी न करे।

SCERT TELANGANA



*Fig. 23.2 : Dangerous to drive with overload*

9. सडक पर करते समय ट्राफिक पुलिस की सहायता लो।
10. नशे में दुत्त होकर सडक पर नहीं चलना चाहिए।

**मोटर साईकिल चालकों के लिए नियम :**

- वाहन चालक लाईसेंस (अनुमति पत्र) वर्तमानकालिक होना चाहिए ।
- सडक पर कार या मोटर साईकिल निकालने से पहले अपने बीमा पॉलिसी साथ में रखें ।
- मोटर साईकिल चालक सही तरह का हेलमेट पहने।
- पीछे एक ही आदमी को बैठायें, जो सही ढंग से बैठ सके।

## मुख्य शब्द

1. वाहन पंजीकरण
2. श्वास परीक्षा उपकरण
3. मुख्य चिहन
4. यातायात शिक्षा
5. ड्रैविंग लैसेंस (चालक अनुज्ञापती)

## शिक्षा में सुधार

1. गाड़ी चलाते समय चालक को अपने पास कौन-कौन से कागजात रखने चाहिए? ($AS_1$)
2. सिगनल जंप यानी बिना हरी बत्ती जले पार करना किस प्रकार खतरनाक हो सकता है? समझाइए। ($AS_1$)
3. समाज में सुरक्षित यातायात के लिए किस प्रकार की जागरूकता आवश्यक है? समझाइए। ($AS_4$)
4. यातायात के अनिवार्य नियमों, चेतावनियों और सूचनाओं व चिह्नों के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए। ($AS_1$)
5. कमला एक नयी गाड़ी खरीदना चाहती है, उसे वाहन पंजीकरण के समय कौन-कौन से कागजात प्रस्तुत करने होगें? ($AS_1$)
6. रामू अपनी गाड़ी दूसरे के साथ बदलना चाहता है। क्या यह सही है या गलत? कारण सहित बताइए। ($AS_6$)
7. सड़क सुरक्षा की आवश्यकता के बारे में बताइए। ($AS_1$)
8. ''दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति - आयु'' तालिका का अध्ययन कर, सर्वधिक दुर्घटनाएँ किस आयु के लोगों में हुई हैं पहचान कर, इसका एक बार - आरेख चित्र बनाइए। ($AS_3$)
9. ''ट्राफ़िक दिक्कते'' वाला अंश पढ़कर, इस पर एक टिप्पणी कीजिए। ($AS_2$)

## परियोजना

1. आप के आस-पास वाले प्रांत में ट्राफिक पुलीस/RTA अधिकारी है, तो उनसे निम्न विषयों का संग्रहण कीजिए।

माह :                    गाँव/शहर का नाम :

दर्ज किये गये केसों की संख्या :

| बिना हेलमेट के चालक | बिना लाइसेंस के | बिना पंजीकरण के | सडक नियमों का पालन न करने वाले | दुर्घटना ग्रस्त वाहनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

इस समाचार के आधार पर आप के प्रांत की ट्राफिक स्थिति के बारे में कक्षा-कक्ष में चर्चा कीजिए।

SCERT TELANGANA


# Appendix

This additional information and the maps are to be used wherever necessary.



# ऐशिया का राजनीतिक चित्र







SCERT TELANGANA

# आफ्रिका राजनीतिक चित्र




NORTH AMERICA
ARCTIC OCEAN
66 ½° North Latitude
Arctic Circle
BEAUFORT SEA
BERING STRAIT
NORTH PACIFIC OCEAN
ALASKA
CANADA
Hudsan Bay
BAFFIN BAY
Davis Strait
Greenland
LABRADOR SEA
NORTH ATLANTIC OCEAN
Ottawa
UNITED STATES OF AMERICA (USA)
Washington
MEXICO
GULF OF MEXICO
CUBA
WEST INDIES
JAMAICA
23 ½° NORTH LATITUDE
TROPIC OF CANCER
Guatemala
PANAMA CANAL
Caribbean Sea
N



South America
PANAMA CANAL
Caracas
VENEZULA
COLUMBIA
GUYANA
SURINAME
FRENCH GUINEA
NORTH ATLANTIC OCEAN
N
0° LATITUDE
EQUATOR
ECUADOR
PERU
Lima
BRAZIL
BOLIVIA
Lapaz
Brasilia
PARAGUAY
CHILE
23 ½° South Latitude
TROPIC OF CORPRICORN
Santiago
ARGENTINA
URUGUAY
Buenos Aires
SOUTH ATLANTIC OCEAN
PACIFIC OCEAN
MAGELLAN STRAIT
SOUTHERN OCEAN

# विश्व बाह्य रेखा चित्र





SCERT TELANGANA

# भारत का राजनैतिक मानचित्र




SCERT TELANGANA

# तेलंगाणा का राजनैतिक मानचित्र




SCERT TELANGANA

# The new 200 rupee note

Obverse (Front)




Reverse (Back)




The Reserve Bank of India is introducing new design banknotes in the denomination of ₹ 200 as part of **Mahatma Gandhi(New) Series.** The new denomination has motif of the *Sanchi Stupa* on the reverse, representing the cultural diversity of India.

The base colour of the note is yellowish orange. The note has other designs, geometric patterns aligning with the overall colour scheme, both on the obverse and the reverse. The size of the new note is 66mm x 146mm.

भारतीय रिज़र्व बैंक

**Reserve Bank of India**

India's Central Bank

SCERT TELANGANA